जैन सिद्धान्त भास्कर

भाग २२ किरण १

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. XXI No. I

Edited by

Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
Prof. Jyoti Prasad Jain M A., LL. B
Sri. Kamata Prasad Jain, M.R.A.S., D.L.
Pt. K. Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.
Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotishacharya.

Published by
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
(JAIN SIDDHANTA BHAVANA)
ARRAH (Bihar) India

Annual Inland Rs. 3. Single Copy Rs. 1/8

JUNE, 1955

जैन–सिद्धान्त–भास्कर

जैन-पुरातत्त्व सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग २२   जून १९५५   किरण १

सम्पादक :

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये. एम. ए., डी. लिट्

प्रोफेसर ज्योति प्रसाद जैन एम. ए.. एल. एल. बी.

बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस.. डी. एल.

श्री पं० के. भुजबली शास्त्री. विद्याभूषण.

पं० नेमिचन्द्र जैन शास्त्री. ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न.

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३)   एक प्रति का १॥)

विषय-सूची

जैन पुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षण्मासिक पत्र

भाग २२ } जून, १९५५। ज्येष्ठ, वीर नि० सं० २४८१ { किरण १

हस्तिमल्ल के पूर्ववर्ती जैन संस्कृत नाटककार

[श्रीयुत् अगरचन्द नाहटा]

जैन साहित्य बहुत ही विशाल एवं वैविध्यपूर्ण है। पर अभीतक उसकी पूरी जानकारी प्रकाश में नहीं आई। जो कुछ जानकारी प्रकाश में आई है, उससे भी समुचित लाभ नहीं उठाया जाता। साम्प्रदायिक भेद-भाव के कारण जैनेतर विद्वानों की ही तो बात ही क्या जैन विद्वानों की भी आज स्थिति यह है कि श्वेताम्बर विद्वानों को दिगम्बर साहित्य का अधिक परिचय नहीं है और दिगम्बर विद्वानों को तो श्वेताम्बर साहित्य की जानकारी और भी कम है। वास्तव में देखा जाय तो श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों का साहित्य एक दूसरे का पूरक है। बिना दोनों सम्प्रदायों के साहित्य की सम्मिलित जानकारी के जैन साहित्य की विशालता और महत्व ठीक से जाना ही नहीं जा सकता। अतः हमें अब प्रत्येक विषय पर लिखने से पूर्व दोनों सम्प्रदायों के साहित्य की जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए और तटस्थतापूर्वक दोनों सम्प्रदाय के विद्वान् के ग्रन्थों का अध्ययन अध्यापन कर ज्ञान वृद्धि करते रहना चाहिए।

दिगम्बर साहित्य बहुत महत्त्व का होने पर भी उसकी पूरी जानकारी देनेवाला कोई भी "दि० साहित्य का इतिहास" प्रकाशित नहीं हुआ। अतः उसकी जानकारी प्राप्त करने में बड़ी ही असुविधा होती है पर श्वेताम्बर साहित्य की जानकारी प्राप्त करने में वैसी कठिनाई नहीं है। क्योंकि जैन साहित्य महारथी स्व० मोहन लाल दलीचन्द देसाई ने २५ वर्ष की निरन्तर साधना द्वारा ४ महान् ग्रन्थ प्रकाशित कर दिये हैं। जिनसे श्वेताम्बर साहित्य की जानकारी बहुत अच्छे रूप में मिल जाती है। यद्यपि कोई भी साहित्य का इतिहास समूचे साहित्य की जानकारी नहीं दे सकता। क्योंकि प्रकाशित ग्रन्थों की अपेक्षा अप्रकाशित ग्रन्थ ही अधिक होते हैं और उनकी

प्रतियाँ जहाँ तहाँ इतने अधिक स्थानों और व्यक्तियों के पास फैली हुई होती हैं कि उन सबकी सूची बनाना भी कम ही संभव है। नित्य नये नये संग्रह जानने को मिलते हैं और उनमें प्रायः अज्ञात ग्रन्थ मिलते ही रहते हैं। इसलिए वैसे तो देसाई द्वारा संकलित चार ग्रन्थों में उल्लिखित रचनाओं की अपेक्षा श्वेताम्बर साहित्य बहुत अधिक विशाल है। फिर भी मुख्य-मुख्य भण्डारों की सूचियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं या बन चुकी हैं उनमें से जितने अधिक संग्रहालयों की सूचियों का उपयोग वे कर सकते थे या करना संभव हुआ, देसाई ने बहुत ही लगन, धैर्य, परिश्रम और प्रयत्नपूर्वक अधिक से अधिक जानकारी देने का भरसक प्रयत्न किया है। और जहाँ तक बन सका है प्रतियों को स्वयं देखकर जाँच पड़ताल कर और दूसरे प्रामाणिक उल्लेखों के उपयोग द्वारा अपने इन ग्रन्थों को भूल भ्रांतियों से बहुत ही बचाया है। इसलिए उनकी शुद्धता व प्रमाणिकता बहुत अधिक है वैसे इसके बाद प्रोफेसर हरीदामोदर वेलनकर का 'जिन रत्नकोष' नामक महत्वपूर्ण ग्रन्थ (सूची) भाण्डार कर प्राच्यविद्या संशोधन, पूना से सन् १६४४ में प्रकाशित हुआ और उसमें वेलनकर ने १२१ सूचियों एवं रिपोर्टों के आधार से अपने इस ग्रन्थ को तैयार किया है, इसमें भी श्वेताम्बर साहित्य का विवरण ही अधिक आ पाया है यद्यपि उन्होंने दिगम्बर ग्रन्थों की जानकारी देने का भी प्रयत्न किया है। पर वास्तव में दिगम्बर भण्डारों की सूचियाँ उन्हें बहुत ही कम प्राप्त हुई अतः अधिक विवरण नहीं आ सका। जिन रत्नकोष रिपोर्टों व सूचियों के आधार से तैयार हुआ है स्वयं ग्रन्थ कम ही देखे गये हैं अतः उसमें भूल भ्रांतियाँ काफी रह गई हैं।

देसाई के श्वेताम्बर साहित्य सम्बन्धी ४ ग्रन्थों को प्रत्येक जैन विद्वानों को मँगाना और देखते रहना चाहिए। जैन रफरेन्स (संदर्भ) ग्रन्थों में इनका स्थान बहुत ही ऊँचा व महत्व का है। इन ग्रन्थों के नाम है जैन साहित्य नो संक्षिप्त इतिहास और ८-३-४ जैन गुर्जर कवियो भाग १-२-३। इनमें से पहला ग्रन्थ १२५० साढ़े बारहसौ पृष्ठों का है जिसका मूल्य केवल ६) रुपये है। संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और राजस्थानी, गुजराती के श्वेताम्बर जैन साहित्य का ही इतिहास नहीं पर इसमें श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय के ढाई हजार वर्षों का संक्षिप्त इतिहास भी दे दिया गया है। सन् १६३१ में यह प्रकाशित हुआ। लेखक के २०-२५ वर्ष के संशोधनों का यह नवनीत है। करीब १० वर्ष तो इस ग्रन्थ की तैयारी व लेखन में लगे हैं। इसमें लगभग ६० चित्र यथा स्थान दिये गये हैं और चित्रों का परिचय भी विस्तार से ६० पृष्ठों में दिया गया है। इस ग्रन्थ में ८ विभाग हैं और प्रत्येक विभाग के कई प्रकरण हैं। ११६५ पैराग्राफ हैं और ५७७ (फुटनोट) हैं जो ८३२ पृष्ठों में हैं। इसके बाद २३ परिशिष्टों के १८८ पृष्ठ केवल नामों की सूची के हैं इसीसे इस ग्रन्थ के निर्माण में कितना श्रम किया गया है और यह ग्रन्थ कितना महत्वपूर्ण है इसका अनुभव पाठक खुद करें; लेखक ने निवेदन के पृष्ठ

१६ में बड़ा ही मार्मिक लिखा है कि "इस ग्रन्थ के तैयार करने में मैंने रात दिन श्रम किया है और अपनी ओर से कोई भी कसर नहीं रहने दी है"। उनकी आर्थिक स्थिति साधारण थी, वे हाईकोर्ट के वकील थे इसीसे अपने परिवार का पोषण करते थे फिर भी साहित्य का रस उन्हें इतना जबरदस्त लगा था कि रात को जब सारा परिवार सो जाता, वे जागृत होकर काम करने में डट जाते और जहाँ तक नींद बेचैन न कर दे, काम करते ही रहते। अपने व्यावहारिक कामों से तनिक भी अवकाश मिला कि लिखने पढ़ने में जुट गये। छुट्टियों के दिनों में वे अपने खर्च से कभी कहीं कभी कहीं जा कर नई-नई सामग्री एकत्रित करते। प्रूफ देखने वाला तक भी उनका कोई सहायक नहीं था। उन्होंने लिखा है कि "इनमें पाछल दिन रात श्रम लेनामा में कचास राखी न थी। समय नो पोताने खर्चें जुदे स्थले जबू पुस्तक भण्डारो जोई, तपासी आवा, तेमांनी मलेला तमाम साधनों ने प्राप्त करी संग्रह करी, तेमांथीनोंधी-टाचणों करिलेवा, तेरथी प्रमाणों आदि प्रकरणों लखवा, भावा मोकलवां तेतानु प्रूफ शोधन करी, तेने पाछा मंगावि सुधारवना प्रेसवौं, तेनी विस्तृत अव मणिका कर वेगेरे एकले पंडे कोईनी पण मदाय वगर एक प्रूफ रीडर जेवानी पण मदद बगर करीने आ पुस्तक में गुजरात ने चरणे सादर धर्यों छुः"।

उनका दूसरा ग्रन्थ जिसमें १३ वीं शताब्दी से २० वीं तकके श्वेताम्बर जैन कवियों और गद्य लेखकों के गुजराती, राजस्थानी व हिन्दी गद्यों का आद्यन्त विवरण है जैन गुजर कवियों नामक ३ भागों में ४००० पृष्ठों का है। ऐसे महान् साहित्य सेवी के सामने किसका सिर न झुकेगा। जिस कार्य के लिए बीसों विद्वान् और हजारों रुपये खर्च के चाहिए कि उसे एक विद्वान ने अपनी निरन्तर की लगन और साधना से सम्पन्न कर दिया। यह कितने महान् गौरव की बात है। दूसरे विद्वानों को उनका अनुसरण करना चाहिये।

दिगम्बर साहित्य की जानकारी प्रकाश में लाने का कार्य कुछ वर्ष पूर्व वीर सेवा मन्दिर ने आरंभ किया था पर अब उसके नियमित व व्यवस्थित कराने का कार्य महावीर तीर्थ कमेटी जयपुर करवा रही है पर उनके पास भी कस्तूरचन्द कासलीवाल एक ही व्यक्ति है। कार्य की गुरुता को देखते हुए ५-१० विद्वान् इस कार्य के लिए नियुक्त किये जाने चाहिए, अन्यथा दिगम्बर जैन समाज व विद्वान् खूब ध्यान रखें कि दिगम्बर साहित्य का इतिहास जो लिखा जा रहा है वह बहुत ही अपूर्ण रहेगा। सैकड़ों महत्व के ग्रन्थ उसमें उल्लखित नहीं हो सकेंगे। सबसे पहला काम समस्त दिगम्बर ग्रन्थ भण्डारों की सूची बनाने का है। बिना सूची बने साहित्य का इतिहास पूर्ण और अच्छे रूप में लिखा जा ही नहीं सकता।

अब मैं लेख के मूल विषय पर आता हूँ। वीरवाणी के १८ नवम्बर १९५५ के अंक में पंडित चैनसुखदासजी का सम्पादकीय अग्र लेख "महाकवि हस्तिमल्ल और उनका विक्रान्त कौरव नाटक" शीर्षक छपा है। उसके दूसरे पैराग्राफ में जैन संस्कृत नाटकों की कमी और हस्तिमल्ल

को पहला जैन नाटककार बतलाते हुए लिखा है "जैन कवियों ने भी संस्कृत भाषा में नाटकों की रचना की है। किन्तु महाकवि हस्तिमल्ल के पहले के किसी भी जैननाटककार का पता अभी तक नहीं चला। संभवतः ये पहले जैन कवि हैं जिन्होंने जैन साहित्य नाटकों पर अपनी कलम चलाई और सफल हुए। हाँ इनके कुछ पहले मोहपराजय नामक प्रतीक नाटक के लेखक कवि यशपाल अवश्य हो गये हैं। जैनों का अधिकांश संस्कृत साहित्य नष्ट कर दिया अथवा नष्ट हो गया है इसलिए आज हम यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि हस्तिमल्ल के अतिरिक्त भी कोई नाटककार हुए हैं या नहीं" ?

दि० नाटककार हस्तिमल्ल का समय विक्रम संवत् १३४७ के लगभग का बतलाया गया है। वास्तव में पंडित चैनसुखदासजी जैन संस्कृत साहित्य के बड़े ही प्रेमी विद्वान् हैं और साथ ही उनमें साम्प्रदायिक संकुचित वृत्ति न होकर उदार और विशाल भावना है इसलिए उन्होंने जो उपर्युक्त शब्द लिखे हैं वे किसी साम्प्रदायिक वृत्ति के कारण नहीं पर हमलोगों का सामाजिक और धार्मिक ढाँचा ही ऐसा है कि हम अपने सम्प्रदाय से भिन्न सम्प्रदाय के ग्रन्थों की जानकारी ही प्रायः नहीं रखते तो अध्ययन का तो अवकाश ही कहाँ ?

वास्तव में पंडित चैनसुखजी का उपर्युक्त कथन श्वेताम्बर जैन संस्कृत नाटक ग्रन्थों की अजानकारी का द्योतक है। हस्तिमल्ल के पहले श्वेताम्बर विद्वानों ने करीब बीस नाटक बनाये जिनमें से १०-१२ तो आज भी प्राप्त हैं। उनका परिचय कराना ही इस लेख में अभीष्ट है।

राजस्थान और गुजरात में १२ वीं १३ वीं शताब्दी में देव मन्दिरों में देवों या मन्दिरों की वर्षगाँठ, वसंतोत्सव, यात्रा महोत्सव आदि प्रसंगों में नाटक खेलने का खूब प्रचार था। श्वेताम्बर जैन कवियों का प्राचीन रास, फागु, चार्चरी आदि अपभ्रंश और लोक भाषा की प्राचीन रचनाएँ प्रायः ऐसे प्रसंगों में नृत्य, अभिनय, गायन के लिए ही बनाई गयी थीं। संस्कृत भाषा का भी उन दिनों बहुत अच्छा प्रचार था। महाराजा भोज के शासन-प्रदेश और राज्यकाल के लिए तो यह प्रसिद्ध है कि उस समय संस्कृत भाषा उन दिनों विद्वान् भोज ही नहीं, जन साधारण में भी प्रचलित थी। ऐसे समय के आसपास में उपर्युक्त माङ्गलिक उत्सवों में संस्कृत नाटक भी अधिकतया खेले जाने स्वाभाविक थे। गुजरात के प्रतापशाली और साहित्य प्रेमी महाराजा सिद्धराज जयसिंह के समय से मंत्रीश्वर वस्तुपाल तेजपाल के समय तक तो संस्कृत नाटकों का खूब ही प्रचार रहा और ये सब श्वेताम्बर नाटककार दि० हस्तिमल्ल के पूर्ववर्ती हैं अतः इनका संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया जा रहा है—

महाराज सिद्धराज जयसिंह की विद्वत् सभा में दिगम्बर विद्वान् कुमुदचन्द्र के साथ श्वेताम्बर वादिदेव सूरि का शास्त्रार्थ संवत् ११८१ में हुआ था उस प्रसंग का बहुत ही सरस वर्णन यशश्चन्द्र रचित मुद्रित कुमुदचन्द्र प्रकरण में मिलता है। इस नाटक के रचयिता यशचन्द्र (सपाद लक्षी

सांभर नागौर अजमेर आदि प्रदेश) के राजा के आश्रित व मोढ़ जातीय थे। इनका दूसरा नाटक राजीमति प्रबोध है जिसकी प्राचीन प्रति बीकानेर के चम्पालालजी के संग्रहालय में लिखी हुई प्राप्त है। उसकी प्रस्तावना में सूत्रधार के मुख से कहलाया गया है कि यशश्चन्द्र ने दो महाकाव्य और चार नाटक लिखे थे पर उनके वे दो महाकाव्य और उनके वे नाटक अभीतक अप्राप्य और अज्ञात हैं "मुद्रित कुमुदचन्द्र" बहुत प्रसिद्ध है और प्रकाशित हो चुका है।

श्वेताम्बर जैन नाटककारों और नाट्यशास्त्र विशेषज्ञों में महाकवि रामचन्द्र का स्थान सबसे ऊँचा व प्रधान हैं। ये कलिकाल सर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्र के पट्टधर महान् विद्वान् शिष्य थे। इन्होंने अकेले ही ११ संस्कृत नाटकों की रचना की है। जिनमें से नल विलास, सत्य हरिश्चन्द्र, निर्भय भीम व्यायोग और कौमुदी मित्रानन्द ये चार नाटक छप भी चुके हैं। सत्य हरिश्चन्द्र नाटक सन् १६१३ में इटालिन अहनत्तर से भी प्रकाशित हो चुका है। अगले सात नाटक ये हैं। रघुविलास, यदुविलास, मल्लिका मकरन्द प्रकरण, प्रयागाविदय, रोहिणी मृगयांक प्रकरण, वनमाला नाटिका और यदवाभ्युदय। इनमें से कई तो प्राप्त भी नहीं हैं।

रामचन्द्र नाटककार होने के अतिरिक्त नाट्यशास्त्र के महान आचार्य थे। अपने गुरुभाई के साथ इन्होंने "नाट्यदर्पण" नामक वृत्ति सहित नाट्यशास्त्र का महत्व पूर्ण ग्रन्थ बनाया। अपने विषय का यह बहुत ही सुन्दर और मौलिक ग्रन्थ है। इसमें ४४ संस्कृत नाटकों के अवतरण हैं जिनमें से बहुत से आज अप्राप्य हैं। इनमें विशालदत्त के देवीचन्द्र गुप्त नाटक, जिसके अनेक अवतरण नाट्यदर्पण में पाये जाते हैं जो गुप्तकाल के इतिहास पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालता है। इसके अवतरणों में जो बचे खुचे अंश मिले हैं उनके आधार से कन्हैयालाल मुन्शी ने "ध्रुव स्वामिनी देवी" नामक ग्रन्थ की रचना की है।

रामचन्द्र का उल्लेखनीय विशेषण प्रबन्ध शतकर्तृ है। इस प्रबन्धशत ग्रन्थ में एक प्राचीन सूची के अनुसार द्वादश रूपक नाटक आदि स्वरूप की जानकारी ५ हजार श्लोक परिमित थी; १२ रूपकों के सम्बन्ध में इतना बड़ा विवेकात्मक ग्रन्थ यह अद्वितीय था। पर खेद है अब प्राप्त नहीं होता। रामचन्द्र का "नाट्य दर्पण" ग्रन्थ गायकवाड़ ओरियन्टल सिरिज से प्रकाशित हो चुका है।

आचार्य हेमचन्द्र के एक दूसरे शिष्य देवचन्द्र के चन्द्रलेखा विजय प्रकरण नामक ऐतिहासिक नाटक की ताड़पत्रीय प्रति जैसलमेर के भण्डार में है। महाराजा कुमारपाल ने सपादलक्ष के राजा अर्णोराजा को हराया था। कुमारपाल के उस वीरत्व का वर्णनवाला यह प्रशंसात्मक नाटक है। इसकी नायिका "चन्द्रलेखा" विद्याधरी हैं डा० भोगीलाल सांडेसर के मतानुसार यह चन्द्रलेखा अर्णोराज की बहन जलहणा देवी थी जिसका विवाह कुमारपाल से हुआ। यह नाटक पाटन के कुमार विहार ने अजितनाथ यात्रा महोत्सव के प्रसंग में कुमारपाल की सभा के परितोष के लिए खेला था। संवत् १२०७ के लगभग इसकी रचना हुई।

देवचन्द्र के "मानमुद्रा भंजन" नामक नाटक का उल्लेख मिलता है पर वह अब प्राप्य नहीं।

कुमारपाल के गद्दीधर अजयपाल के मंत्री यशपाल का "मोहराज पराजय नाटक" एक रूपक है। जो संवत् १२२६ से १२३२ के बीच रचा गया है। कुमारपाल ने कृपासुन्दरी से संवत् १२१६ मगसिर सुदी २ को विवाह किया अर्थात् कुमारपाल इस तिथि को पूर्णतः जैनी बने उन्होंने राज्यभर में पशु वध और सप्त व्यसन का निषेध किया, अपुत्रीय के धन को जब्त करने का कानून बन्द किया इत्यादि महत्त्व की बातों का इसमें निर्देश है। इस नाटक का मुख्य विषय कुमारपाल के द्वारा मोहराजा के पराजय का है। यह नाटक भी छप चुका है। यह नाटक भी वीर यात्रा महोत्सव प्रसंग में खेला गया था।

महाराजा सिद्धराज के इष्ट मित्र प्रज्ञाचक्षु महाकवि श्रीपाल के पौत्र विजयपाल का 'द्रौपदी स्वयंवर' नाटक मुनिजिनविजय जीने सम्पादितकर प्रकाशित कर दिया है इसकी रचना संवत् १२५१ से १२५१ के बीच में हुई थी। इसमें प्रधानतः वीर व अद्भुत रस हैं।

जैन मुनि रामभद्र का प्रबुद्धावीर रौहिणेय नामक छंदकी नाटक संवत् १२५६ में महाराजा यशोपाल और जयपाल के बनाये मन्दिर के यत्रोत्सव में खेला गया था। इसमें भगवान् महावीर से प्रतिबुद्ध रोहिणेय चोर की रोचक आश्चर्यकारी कथा है।

धौलका के राणावीर धवल के मंत्री सुप्रसिद्ध वस्तुपाल ने संवत् १२७७ में शत्रुञ्जय तीर्थ का संघ निकाला। उस संघ के परितोष के लिए यात्रामहोत्सव में कवि बालचन्द्र रचित करुणवज्रायुध नाटक खेला गया। जिसमें वज्रायुद्ध चक्रवर्ती ने एक कबूतर की रक्षा के लिए अपने प्राणों के बलिदान कर देने की तैयारी की कथा है।

मंत्रीश्वर वस्तुपाल ने गुजरात पर चढ़ाई करके आये हुए दक्षिण के राजा सिंघण और उत्तर के सुलतान अल्तमस को एक साथ हरा दिया। इसके ऐतिहासिक प्रसंग का बड़ा ही सुन्दर निरूपण जयसिंहसूरि के हमीर मदमर्दन नाटक में है। इसकी रचना संवत् १२७६ से ८५ के बीच हुई है। यह नाटक भी प्रकाशित हो चुका है। खंभात में वस्तुपाल के पुत्र जयन्त सिंह की आज्ञा से भीमेश्वर के यात्रा के प्रसंग पर खेला गया था।

इसके अतिरिक्त मेघ प्रभाचार्य का धर्माभ्युदय नाटक का उल्लेख मिलता है जिसमें दशार्णभद्र राजर्षि का चरित्र है।

मंत्रीश्वर वस्तुतेजपाल बड़े ही उदार, धर्मनिष्ठ और विद्या प्रेमी थे। उनके आश्रय में अनेक जैनेतर कवियों ने गीत काव्य आदि बनाये। जिनमें से वीरधवल के राज पुरोहित और वस्तुपाल के इष्ट मित्र कीर्ति कौमुदी तथा सुरथोत्सव के कर्त्ता कवि सोमेश्वर ने उल्लाघराघव नामक नाटक बनाया, जो द्वारिका के जगत मन्दिर में प्रबोधनी एकादशी के दिन खेला गया था। उल्लाघराघव में राम कथा है।

सोमेश्वर के सुरथोत्सव की प्रशस्ति में कहा गया है कि सोमेश्वर ने भीमदेव की सभा को यामर्द्ध में एक नाटक बनाकर हर्षित किया। यह नाटक उल्लाघराघव से भिन्न होना चाहिए पर अब अप्राप्य है उल्लाघराघव को सोमेश्वर ने पुत्रभल शर्मा की प्रार्थना से बनाया था।

वस्तुपाल के आश्रित सुभट कवि ने दूतांगद नाटक पाटण में कुमारपाल स्थापित शिवमूर्ति के दोलोत्सव के प्रसंगपर त्रिभुवनपाल की आज्ञा से खेला था। अतः १२५८ से १३०० में यह लिखा गया। इस प्रकार हस्तिमल्ल के पूर्व वर्ती श्वेताम्बर जैन नाटककारों और जैनाश्रित दो कवियों के नाटकों का संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया गया है। मेरे मित्र डा० भोगीलाल सांडेसरा के गुजरात में संस्कृतनाटक नामक लेख से मुझे बड़ी सहायता मिली है, इसलिए मैं उनका आभारी हूँ।

दिगम्बरों और श्वेतम्बरों के समस्त जैन नाटक साहित्य का अध्ययन कर विशेष प्रकाश डाला जाना आवश्यक है। इन नाटकों की शैली, भाषा के साथ ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टि से भी बड़ा महत्त्व है। हस्तिमल्ल के बाद जैन नाटक साहित्य थोड़ा ही लिखा गया प्रतीत होता है, पर जो भी हो उसकी खोज की जाकर प्रकाश डाला जाना वांछनीय है।

यहाँ एक विशेष विचारणीय प्रश्न होता है कि संस्कृत में जब नाटकों का इतना प्रचार रहा तो अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी, गुजराती में जैन नाटक क्यों नहीं मिलते? पर जैसा कि पहले कहा गया है। १२ वीं से १४ वीं तक जैन रास, फागु चरचरी आदि लोक भाषा के काव्य ही उस समय अभिनीत होते थे। युगप्रधानाचार्य गुर्वावली और प्रचीन रास आदि में इसका स्पष्ट उल्लेख है। डांडिया रास अर्थात् लकुटि रास और ताला रासक उस समय काफी प्रसिद्ध थे ताला रास अर्थात् तालियों के साथ गाया जाने वाला रास बहुत ही प्रसिद्ध था। १५ वीं शताब्दी से यह मन्दिरों और गुरुआगमनोत्सवों आदि की नाट्य परम्परा बन्द सी हो गई। इसके बाद बड़े २ चरित्र काव्य रूप रास बनने लगे और वे गाकर ही सुनाये जाते थे। इस समय के बीच नाटकों की क्या स्थिति रही! अन्वेषणीय है। १६ वीं शताब्दी से रव्यटन खेल और तमाशे खूब प्रचलित हुए। पर जैन मुनियों ने उसकी रचना में भाग नहीं लिया, जैनेत्तर सैकड़ों खयाल आदि रचनाएँ प्राप्त होती हैं व वे खूब प्रसिद्ध हैं।

स्वतन्त्र नाटक निर्माण के साथ श्वेताम्बर जैन विद्वानों ने जैनेतर नाटक ग्रन्थों की टीकाएँ भी बनाई हैं। उदाहरणार्थ अनर्घ राघव की टिप्पण वृत्ति प्राप्त है, मलधारी देव प्रभाचार्य ने अनर्घ राघव रहस्यादर्श नामक टीका ७५०० श्लोक की और उनके शिष्य नरचन्द्र आचार्य ने २५०० श्लोक परिमित टिपन लिखा और तपा गच्छ के जयचन्द्र सूरि के शिष्य ने अनर्घ राघव वृत्ति बनाई। इसी प्रकार कर्पूर मंजरी नामक प्राकृत नाटक पर धर्मचन्द्र रचित टीका प्राप्त है। अनर्घ राघव सुप्रसिद्ध मुरारि का प्रसिद्ध नाटक है और गुजरात में उसका अच्छा प्रचार रहा मालूम होता है। कर्पूर मंजरी नाटिका राजशेखर की वृत्ति है। इनके अतिरिक्त जयचन्द्र सूरि की रम्भा मंजरी नाटिका, पद्मसुन्दर का ज्ञानचन्द्रोदय नाटक, अमरचन्द की वनमाला नाटिका आदि का उल्लेख जैन ग्रन्थावली में है।

"जोधपुर संग्रहालय की अज्ञात कुछ जैन धातु-मूर्तियां"

[श्रीयुत् रत्नचन्द्र अग्रवाल, एम० ए०]

'रेवाराउसोदा' (पर्वतसर, जोधपुर डिविजन, राजस्थान) नामक स्थान से प्राप्त ६ धातुमूर्तियाँ जोधपुर संग्रहालय में प्रदर्शित हैं तथा संग्रहालय के रजिस्टर की २३२४ संख्या के अन्तर्गत अङ्कित हैं। इन जैन मूर्तियों के पीछे मध्यकाल के लेख देवनागरी लिपि में उपलब्ध हैं। इन लेखों के अध्ययन द्वारा यह स्पष्ट हो सकता है कि कुछ लेख तो ऐसे हैं जो उसी तिथि की कुछ धातुमूर्तियों पर भी अङ्कित हैं परन्तु वे धातुमूर्तियाँ जोधपुर विभाग के एक दूरस्थ स्थान "बालोतरा" के श्री शीतलनाथ जी के जैन मंदिर में विद्यमान होने का उल्लेख है। श्री पूर्णचन्द्र नाहर[1] द्वारा उनके लेख पढ़े भी गये हैं परन्तु जोधपुर संग्रहालय की मूर्तियों द्वारा प्रस्तुत विवरण कहीं २ भिन्न भी है। यह खोज करने की बात है कि बालोतरा के उक्त मंदिर की उक्त मूर्तियाँ वहां आज भी विद्यमान हैं या नहीं। कहीं ऐसा तो नहीं हुआ कि वे ही कालान्तर में किसी कारण वश पर्वतसर ले जायी गईं। अभी तो इस दिशा में कुछ अधिक कहना कठिन ही है। प्रस्तुत निबन्ध में तो जोधपुर संग्रहालय के अन्दर रखी हुईं कुछ मूर्तियों का विवेचन करने का विचार है।[2]

(१) संवत् १२३४ की मूर्तिः—

ऊंचाई ७ इञ्च तथा चौड़ाई ५ इञ्च। पीछे लेख[3] उत्कीर्ण है अर्थात्:—"संवत् १२३४ जेष्ठ सुदि ११ सा० जसदेवभार्या जेऊ तत्पुत्रवीरदेव सात''''वाहड़ वीरदे श्रेयार्थमकारि प्र० देवसूरिभिः।

इस प्रतिमा में द्विबाहु तीर्थङ्कर बद्धपद्मासन मुद्रा में तथा बद्धाञ्जलि स्थिति में विराजमान हैं। सिर के ऊपर नागफण वितानाच्छादित है तथा सर्प के ७ फण हैं। देवता के दोनों ओर दो दो विद्याधर माला धारण किये; उनके नीचे स्थानकमुद्रा में एक एक चंवर धारण किये व्यक्ति तथा नीचे एक ओर एक पुरुष तथा दूसरी ओर एक स्त्री आसीन हैं। जिनासन के नीचे विपरीत दिशोन्मुख दो सिंह प्रदर्शित हैं। जिन भगवान् के वक्षस्थल पर श्री वत्सचिन्ह अंकित है। यहां जिन भगवान् का लाञ्छन उत्कीर्ण नहीं है।

---

१ जैन लेख संग्रह, भाग १, कलकत्ता, १९१८, पृ० १७४ तथा आगे।

२ श्री बालाराम कविकिङ्कर ने इन मूर्तियों का अध्ययन करने में पर्याप्त सहायता प्रदान की है। इसके लिये मैं उनका अतीवाभारी हूँ।

३ तुलना हेतु द्रष्टव्य नाहर, उपर्युक्त, भाग १, पृ० १७७, लेख ७२८।

(२) संवत् १५०१ की मूर्तिः—

ऊँचाई ६ इंच तथा चौड़ाई लगभग ३½ इंच। आकार में यह प्रतिमा पहली से छोटी है। यहाँ सर्पफण अविद्यमान है। शेष भाव पूर्ववत् उत्कीर्ण है। इस मूर्ति में देवलाञ्छन अविद्यमान है परन्तु लेख[1] द्वारा यह स्पष्ट है कि यह मूर्ति 'श्रेयांसनाथ' की है यथाः—

"संवत् १५०१ वर्षे माघवदि ६ बुधे उपकेशज्ञातौ[2] आ......णागगोत्रे सा० कान्ह पु० वीलहाभार्या देवी ही आत्मश्रेयसे श्रीश्रेयांस बिंबं कारितं श्री उकेशग० ककुदाचार्य संताने प्रतिष्ठितं श्रीकक्कसूरिभिः।

इस लेख द्वारा उपकेशगच्छीय श्री ककुदाचार्य कक्कसूरि का भी बोध होता है। प्रथमलेख में श्री देवसूरि जी का नाम तो उपलब्ध हुआ है परन्तु उनके गच्छ का नहीं।

(३) संवत् १५०४ की मूर्तिः—

ऊँचाई ७½ इंच तथा चौड़ाई लगभग ५½ इंच। यहाँ पर आसनदेव के ऊपर सातफणोंवाले सर्प का वितान विद्यमान है। आसन के नीचे तथा पूर्व वर्णित सिंहों के मध्य में सर्पलाञ्छन भी विद्यमान है। 'श्री पार्श्वनाथ' की यह मूर्ति सुन्दर है। इसके अतिरिक्त जिन भगवान् के ऊपर दोनों ओर तीर्थङ्कर ध्यानस्थमुद्रा में प्रदर्शित हैं तथा विद्याधरों का अभाव है। इनके भी ऊपर गज प्रदर्शित हैं। मूर्ति के पृष्ठ भाग पर उत्कीर्ण लेख[3] इस प्रकार है:—

"संवत् १५०४ वर्षे वैशाख स० ७ दिन श्री उकेशवंशे सा० डोडापुत्र सा० नाथ श्रावकेण तथा स० दूदा स० (स्यायरा) सहितेन सुपुण्यार्थं श्री पार्श्वजिनबिंबं कारितं। श्री खरतरगच्छे श्री जिनभद्रसूरिभिः। शुभमस्तु।

प्रस्तुत लेख द्वारा खरतरगच्छीय श्री जिनभद्रसूरि का भी उल्लेख हुआ है। यहाँ पर पार्श्वनाथ की उक्त मूर्ति पुण्यार्जन हेतु बनायी गयी। इससे पूर्व की, अर्थात् श्रेयांस प्रतिमा, तो आत्मकल्याण हेतु बनायी गयी थी।

(४) संवत् १५०९ की मूर्ति :—

ऊँचाई ७ इंच तथा चौड़ाई लगभग ५½ इंच। यहाँ सर्पवितान अविद्यमान है। यहाँ नीचे जिनदेव लाञ्छन तो उत्कीर्ण है परन्तु अस्पष्ट है। लेख[4] द्वारा यह ज्ञात होता है कि मूर्ति 'श्री सुमतिनाथ जी' की है:—

---

१ तुलना हेतु द्रष्टव्य, वही, पृ० ४७, लेख संख्या २११; वही, भाग २, पृ० २३७, लेख संख्या १६३३।

२ वर्तमान ओसियाँ, जोधपुर से ३६ मील दूर। इस स्थान के अन्य नाम उकेश, ऊकेश... इत्यादि भी उपलब्ध हैं।

३ तुलना हेतु द्रष्टव्य, वही, भाग १, पृ० १७५, लेख संख्या ७३१

४ तुलना हेतु द्रष्टव्य, वही, भाग १, पृ० १७५, लेख संख्या

"(स्वस्तिचिन्ह)। संवत् १५०६ वर्षे मागशिर सु० ७ ऊकेशवंशे बहरागोत्रे सा० सुत सा० हरिपालभार्या राजलदे पुत्र सा० गागाकेन युतं "...सा० ......श्री सुमतिना० बिंबं कारितं श्री खरतरगच्छे श्री जिनराजसूरिपट्टे श्री जिनचन्द्रसूरिभि प्रतिष्ठितं शुभं भवतु।

यहाँ पर खरतरगच्छीय आचार्य श्री जिन चन्द्रसूरि का उल्लेख है।

(५) संवत् १५०६ की मूर्ति :—

ऊँचाई लगभग ७½ इंच तथा चौड़ाई लगभग ५½ इंच। यह मूर्ति पार्श्वनाथ की उपर्युक्त प्रतिमा की भाँति की है परन्तु यहाँ जिन भगवान् के सिर के ऊपर सर्पफणवितान अविद्यमान है। नीचे लाञ्छन भी उत्कीर्ण है परन्तु स्पष्ट नहीं जान पड़ता। लेख[1] द्वारा बोध होता है कि यह मूर्ति श्री वासुपूज्य' की है यथाः—

"संवत् १५०६ वर्षे कार्तिक सुदि १३ गुरौ ऊकेशवंशे व्यवहारीगोत्रे सा० जाजण पुत्र हरपालभार्या राजलदे पुत्र सा० धरमा भा० धनाईपुत्र सा० सहजाकेन स्वपितृपुण्यार्थ श्री वासुपूज्य बिंबं कारितं। श्री खरतरगच्छे श्री जिनराजसूरिपट्टे श्री भद्रसूरि युग प्रधानगुरुभिः प्रतिष्ठितं।"

यहाँ पर युगप्रधानाचार्य खरतरगच्छीय श्री जिनभद्रसूरि का उल्लेख किया है। इस मूर्ति की प्रतिष्ठा स्वपितृपुण्यार्थ हुई थी।

(६) संवत् १५३७ की मूर्ति :—

ऊँचाई ५½ इंच तथा चौड़ाई ४ इंच। यहाँ पर भी सर्पफण अथवा लाञ्छन अविद्यमान हैं परन्तु लेख[2] द्वारा यह स्पष्ट है कि यह प्रतिमा 'श्री धर्मनाथ की है अर्थात् :—

"संवत् १५३७ वर्षे बेशाख[3] सुदि ७ दिने श्री ऊकेशवंशे विद्गरागोत्रे अभयसी[4] संताने सा० ऊनाभार्या लखमादे पुत्र सा० डूंगर सुश्रावकेण भा० पूराई पुत्र मेरा जावादेवादि युतेन श्री धर्मनाथ बिंब का० श्री खरतरगच्छे श्री जिनभद्रसूरि पट्टे श्री जिन समुद्रसूरिभिः।

यहाँ पर खरतरगच्छीय श्री जिनभद्रसूरि जी का उल्लेख है।

उक्त मूर्तियों के लेखों द्वारा जिन-प्रतिमाओं को पहचानने में पर्याप्त सहायता मिली है। इसी प्रकार की कुछ मूर्तियाँ सांचोर (सत्यपुर, जोधपुर) से प्राप्त हुई थीं तथा जोधपुर संग्रहालय में सुरक्षित हैं। इन में से कुछ पर लेख उत्कीर्ण नहीं है। अध्ययनोपरान्त शीघ्र ही उनको भी प्रकाश में लाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

---

१ तुलना हेतु द्रष्टव्य, वही, पृ० १७५ लेख संख्या ७३२।

२ तुलना हेतु द्रष्टव्य, वही पृ० १७६ लेख संख्या ७३५

३ यहाँ 'ष' द्वारा 'ख' का भाव व्यक्त किया है।

४ अर्थात् 'अभय सिंह'।

देवगढ़ और उसकी कला के

[प्रो० ज्योति प्रसाद जैन एम. ए.; एल-एल. बी., लखनऊ]

देवगढ़ चिरकाल पर्यन्त जैनों का एक प्रसिद्ध सांस्कृतिक केन्द्र रहा है। वर्तमान में इस नाम का एक छोटा सा गाँव उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में बेत्रवती (बेतवा) नदी के कूल पर तथा ललितपुर की पहाड़ियों के अन्तिम छोर पर घने जंगल के बीच बसा हुआ है। यह ग्राम देहली से बम्बई जाने वाली सेन्ट्रल रेलवे के ललितपुर स्टेशन से १९ मील तथा उसीके जाखलौन स्टेशन से लगभग ८ मील दक्षिण-पश्चिमोत्तर स्थित है। इस समय उसकी जनसंख्या लगभग दो ढाई सौ है जिसमें जैनियों और सवर्णों की ही संख्या अधिक है। गाँव के निकट तक पहुँच जाने पर भी सामान्य दर्शकों को कोई विशेष आकर्षक वस्तु दृष्टिगोचर नहीं होती, किन्तु उसके चहुँ ओर जंगल में यत्र तत्र बिखरी हुई अनगिनत प्राचीन खंडित मूर्त्तियाँ एवं भवनों के प्रस्तर खण्ड कल्पनाशील यात्रियों को इस प्रदेश के अतीत गौरव की मूक गाथा सुना ही देते हैं।

देवगढ़ का प्राचीन चतुष्कोण दुर्ग गाँव के निकट ही एक गोलाकार पहाड़ पर बना हुआ है जो उत्तर दक्षिण लगभग एक मील लम्बी और पूर्व पश्चिम लगभग पौन मील चौड़ी है। पहाड़ की चढ़ाई सुगम और सीधी है। उसपर चढ़ने के लिये पश्चिम की ओर एक मार्ग बना हुआ है। मैदान में बने हुए एक प्राचीन सरोवर को पार करने के उपरान्त पहाड़ पर चढ़ने के लिये प्रस्तरनिर्मित सीढ़ियोंदार एक प्राचीन विस्तृत सड़क मिलती है जिसके दोनों ओर करधई, खैर और साल के घने वृक्ष अपनी सुदीर्घ शाखाओं द्वारा सतत शीतल छाया किये रहते हैं। पर्वत के उपर पहुंचने पर एक भग्न तोरण द्वार मिलता है जो पर्वत की परिधि को आवृत करने वाले दुर्गकोट का प्रमुख द्वार प्रतीत होता है। इसे कुंज द्वार भी कहते हैं। इसकी कारीगरी दर्शनीय है। इस द्वार को पार करने पर एक के बाद एक दो जीर्ण कोट और मिलते हैं। इन्हीं भीतरी दोनों कोटों के भीतर अधिकांश जैन मन्दिर अवस्थित हैं। इन कलापूर्ण प्राचीन देवालयों के कारण ही देवगढ़ की इतनी प्रसिद्धि है पर्वत के दक्षिणी पश्चिमी छोर पर वैष्णव सम्प्रदाय का बराह मन्दिर है जो नष्टप्राय: है। प्राय: ऐसी ही ध्वस्त दशा में वह प्राचीन विष्णु मंदिर है जिसे दशावतार मंदिर भी कहते हैं जिसने पुरातत्त्वज्ञों एवं कलामर्मज्ञों का ध्यान विशेषरूप से आकर्षित किया है। किले के जिस ओर बेतवा बहती है उस ओर पहाड़ की ऊँची दीवार को काट कर बनाये गये तीन घाट या घाटी हैं जिनमें से नाहर घाट और [illegible] घाट अधिक प्रसिद्ध हैं। इन घाटों के आस पास कई कृत्रिम अकृत्रिम गुप्त मन्दिर भी हैं।

देवगढ़ जिस स्थान में स्थित है वह भूभाग प्राकृतिक शोभा की दृष्टि से अत्यन्त मनोरम एवं अप्रतिम है। यहाँ बेत्रवती एक सकरी घाटी में से होकर विन्ध्य पर्वत माला में प्रवेश करती है

और तदुपरान्त एक चौड़ी धारा के रूप में देवगढ़ दुर्ग को तीन ओर से आवृत्त करती हुई प्रसार पाती है। विन्ध्य पर्वत श्रेणी को काट कर बेतवा ने यहाँ कुछ एक अत्यन्त चित्ताकर्षक दृश्य निर्माण किये हैं। पहाड़ की विकट घाटी में बहती हुई सरिता सहसा पश्चिम की ओर घूम जाती है और इस प्रकार दृश्य को और अधिक सुन्दर बनादेती है। दक्षिण दिशा में देवगढ़दुर्ग की सीढ़ियां नदी के जल को स्पर्श करती हैं। इसी ओर देवमूर्तियों एवं अन्य कलाकृतियों से युक्त कतिपय गुहा मंदिरों को अपने अंको में लिये हुए नाहरघाटी एवं राजघाटी अवस्थित हैं। इस स्थान पर गिरते हुए जल की कलकल ध्वनि ऊपर लटकती हुई चट्टानों पर दूरदूर तक सुनाई देती है। इन चट्टानों के किनारे किनारे बेतवा के दाहिने तट पर मैदान पर्याप्त ढालू होगया है, और इस ढाल के निकट ही मैदान के पश्चिमी सिरे पर दक्षिण की ओर से पर्वतमालाओं तथा पश्चिम एवं पूर्व दिशा में छोटे छोटे पहाड़ी-टीलों से घिरा हुआ उक्त ढाल का आकर्षणकेन्द्र दशावतार मंदिर अत्यन्त रमणीक दीख पड़ता है। वैतहाउस, फर्ग्यूसन, बरजेस आदि कलामर्मज्ञों ने यह अनुभव किया है कि अपने तीर्थस्थान एवं सांस्कृतिक केन्द्र स्थापित करने के लिये प्राकृतिक सौन्दर्य से पूर्ण स्थलों के चुनने में जैनाजैन सदैव बेजोड़ रहे हैं। देवगढ़ इस तथ्य को भली प्रकार चरितार्थ करता है। प्रकृति की सुषमापूर्ण गोद में सुप्त देवगढ़ का वैभव आज भी अपनी प्राकृतिक एवं कलात्मक द्विविध सौन्दर्य राशि से दर्शकों को सौन्दर्यानुभूति के लिये अनुपम प्रेरक बना हुआ है। विविध जातीय वन्य पशुओं एवं पक्षियों के कलरव से गुंजायमान हरीभरी घनी बनस्थली के मध्य अपने शिरपर दुर्ग रूपी मुकुट धारण किये हुए सुखद हरीतिमा से वेष्टित देवगढ़ पर्वत अत्यन्त सुरम्य एवं मनोरम प्रतीत होता है।

इस स्थान के भग्नावशेषों को देखकर इसमें तनिक भी सन्देह नहीं रहता कि किसी समय चिरकाल पर्यन्त वह एक सुन्दर सुदृढ़ दुर्ग से युक्त भरापूरा विशाल रमणीक नगर एक धर्म और संस्कृति का महत्त्वपूर्ण केन्द्र रहा होगा। इधर कई शताब्दियों से अवश्य ही वह निर्जन वनस्थली के मध्य एक उपेक्षित—प्रायः विस्मृत सा ही जीवन व्यतीत करता आ रहा है। कैप्टन चार्ल्स स्ट्रेहम के शब्दों में 'देवगढ़ के निकट आकर वन उसके चहुँ ओर अत्यन्त घना हो गया है और उसके नीचे बहनेवाली बेतवा भी दोनों किनारों पर स्थित पहाड़ियों के कारण दूर से अदृश्य ही बनी रहती है। देवालयों से पूरित ये पहाड़ियाँ आकर्षण का केन्द्र थीं और आज भी उनके भग्नावशेष प्राचीन भारतीय रूप शिल्प का कोषागार बने हुए हैं। किन्तु अब ये खंडहर चहुँओर उगे घने वृक्षों की चोटियों को भेदकर दूर से दीख भी नहीं पड़ते।" तथापि इससे भी कुछ लाभ ही हुआ। जहाँ लोक की उपेक्षा ने उन्हें झाड़झंखाड़ और वन्य पशुओं का आवास बना दिया तथा काल के प्रकोप से वे शनैः शनैः भूमिसात् एवं विनष्ट होते रहे, वहाँ आततायी मूर्ति मंदिर विध्वंसकों की कुदृष्टि से भी उनकी रक्षा हुई। फलस्वरूप

देवगढ़ के अवशेष आज भी प्राचीन भारतीय कला और उसके विकास के अध्ययन के लिये प्रचुर सामग्री प्रदान करते हैं। किन्तु स्वयं देवगढ़ का इतिहास प्रायः अन्धकाराच्छन्न है।

यह स्थान प्राप्त अवशेषों, शिलालेखों तथा अन्य ऐतिहासिक साधनों से ऐसा प्रतीत होता है कि अत्यन्त प्राचीन काल में इस प्रदेश पर अर्धसभ्य शबर जाति का निवास था। महाभारत काल में यह भूभाग दशार्ण देश का अंग था और पाण्डवों की राज्यसीमा के भीतर पड़ता था। शबरों या सहरियों का निवास बहुत पीछे तक रहा, उनसे गौड़ लोगों ने इसे छीन लिया। महावीरोत्तर मगध के शैशुनाक-नन्द-मौर्य साम्राज्य का भी यह प्रदेश अंग रहा। संभवतया इसी युग में किसी समय गौड़ लोगों ने यहाँ सर्व प्रथम दुर्ग और नगर का निर्माण किया। गौंडों से इस प्रदेश के गुप्तनरेशों ने जीता और इसी काल से देवगढ़ का वास्तविक अभ्युदय प्रारंभ हुआ। उस समय यह एक प्रसिद्ध राजमार्ग पर स्थित था और गुप्त साम्राज्य का एक प्रमुख जनपद था और संभवतया तत्प्रदेशीय भुक्ति का केन्द्रीय स्थान था। गुप्तकाल के कई जैन वैष्णव देवालय, मूर्त्तियाँ तथा भवनों के अवशेष उस काल में इसका एक समृद्ध नगर होना सूचित करते हैं। गुप्तों के उपरान्त हूणों और फि॰ मालवे के यशोधर्मन और तदुपरान्त कन्नौज के वर्धन वंश का इस प्रदेश पर अधिकार रहा। ८ वीं से १० वीं शताब्दी पर्यन्त प्रथम भिन्नमाल और फिर कान्यकुब्ज के गुर्जर प्रतिहारों का देवगढ़ पर प्रभुत्व रहा। इन गुर्जर सम्राटों के काल में यह नगर एक महत्त्वपूर्ण प्रान्तीय केन्द्र और एक महासामन्त की राजधानी था। इसी काल में देवगढ़ अपने वैभव और कला की उन्नति के चरम शिखर पर पहुँचा। ऐसा प्रतीत होता है कि गुप्तों और गुर्जर प्रतिहारों के मध्य की शताब्दियों में इस स्थान पर किसी जैन राज्यवंश या उपराज्यवंश का शासन रहा, उन्होंने ही इस सुरम्य पर्वत पर यह सुन्दर सुदृढ़ त्रिकुट दुर्ग निर्माण कराया और उसे अनेक जैन देवालयों एवं कलाकृतियों से अलंकृत किया। पर्वत के ऊपर और दुर्गकोट के भीतर अन्य किसी धर्म के या उसके देवालयों आदि के अवशेष नहीं मिलते। इसके विपरीत ६ वीं शती ई॰ के मध्य के एक शिलालेख से सिद्ध होता है कि उसके पूर्व भी यह दुर्ग और उसके भीतर कई प्रमुख जिनमंदिर विद्यमान थे। एक विद्वान् का अनुमान है कि ८-६ वीं शती ई॰ में यहाँ किसी देववंश का शासन रहा है। संभव है देवगढ़ के तत्कालीन शासक उपरोक्त जैन राज्यवंश का ही यह नाम रहा हो। किन्तु इतिहास में इस वंश का कोई पता नहीं चलता। गुर्जर प्रतिहार सम्राट् स्वयं जैनधर्म के प्रति अत्यन्त सहिष्णु और उसके प्रश्रयदाता थे। उनके उपरान्त १० वीं से १३ वीं शती ई॰ पर्यन्त जेजाकभुक्ति के चन्देल नरेशों का इस स्थान पर अधिकार रहा। उनके राज्य की यह एक उपराजधानी ही थी। चन्देल नरेश भी जैनधर्म के अत्यधिक प्रश्रयदाता थे। उनके शासन में देवगढ़ के लौकिक धार्मिक एवं कला वैभव की अभिवृद्धि ही हुई। यहाँ के अधिकांश महत्त्वपूर्ण अवशेष

प्रतिहार चन्देल काल के ही हैं। १३ वीं शती ई० में मुसल्मानों का इस प्रदेश पर अधिकार हो गया, किन्तु मुस्लिम काल में यह स्थान प्रमुख राजपथ से दूर पड़ गया और धीरे-धीरे घने वन से वेष्टित होने लगा, फलस्वरूप उनकी कुदृष्टि देवगढ़ के देवालयों पर न पड़ पाई और विधर्मियों द्वारा विध्वंस किये जाने से उनकी रक्षा हो गई। १७ वीं शताब्दी से मुगल सम्राटों के अधीनस्थ बुन्देले राजपूतों का इस सम्पूर्ण प्रदेश पर अधिकार हुआ और इसी कारण विन्ध्यभूमि का यह सम्पूर्ण भाग बुन्देलखंड कहलाने लगा। इस काल में देवगढ़ का राजनीतिक महत्त्व कम होता गया और धार्मिक महत्त्व ही अवशिष्ट रहता गया। फिर भी १६ वीं शताब्दी के प्रारंभ तक देवगढ़ का दुर्ग एक सुदृढ़ एवं सुरक्षित दुर्ग था। सन् १८११ ई० में जब महाराजा सिंधिया की ओर से उसके सेनापति कर्नल बैपरिस्टो फिलोज ने बुन्देलों से देवगढ़ को छीनना चाहा तो वह लगातार तीन दिन तक युद्ध करने के उपरान्त ही उस पर अधिकार कर पाया। देवगढ़ पर सिन्धिया का अधिकार कुछ ही काल रहा। सिन्धिया ने चन्देरी के बदले में उसे अंग्रेजी सरकार को दे दिया और तब से स्वातन्त्र्य प्राप्ति पर्यन्त वह अंग्रेजी शासन के अन्तर्गत संयुक्त प्रान्त के झाँसी जिले की ललितपुर तहसील का एक भाग रहता आया है। वर्तमान में विन्ध्यभूमि का यह भूभाग उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग के उसी जिले की और तहसील का एक अंग है।

देवगढ़ का प्राचीन नाम लुअच्छगिरि था। कम से कम ६ वीं शताब्दी ई० के मध्य तक यह स्थान इसी नाम से प्रसिद्ध था। ११ वीं शताब्दी के अन्त में चन्देलनरेश कीर्तिवर्मन के मन्त्री वत्सराज ने इस स्थान पर एक नवीन दुर्ग निर्माण कराके, अथवा प्राचीन दुर्ग का ही जीर्णोद्धार कराकर इसका नाम अपने स्वामी के नाम पर कीर्त्तिगिरि रक्खा। ये दोनों ही नाम विस्मृति के गर्भ में विलीन हो गये और शताब्दियों से यह स्थान देवगढ़ नाम से ही प्रसिद्ध रहता आया है। श्री पूर्णचन्द्र मुखर्जी ने ललितपुर तहसील की अपनी पुरातत्त्विक खोज के विवरण में सन् ८५० ई० से ६६६ ई० पर्यन्त इस नगर पर किसी देववंश का अधिकार होने की कल्पना की है जिसके कारण इस स्थान का नाम देवगढ़ पड़ा। इतिहास में ऐसे किसी वंश का उल्लेख नहीं मिलता और इस काल प्रतिहार नरेशों का प्रभुत्व इस नगर पर था यह बात असंदिग्ध है। संभव है उनके जो महासामन्त इस प्रदेश के प्रान्तीय शासक थे उनका अपना वंश देववश कहलाता हो। किन्तु उन्हीं सम्राटों एवं महासामन्तों के काल के सन् ८६२ ई० के शिलालेख में इस दुर्ग का नाम लुअच्छगिरि दिया हुआ है। हो सकता है कि गुप्तों के उपरान्त और प्रतिहारों के पूर्व जिस जैन राज्यवंश का शासन और अधिकार इस नगर पर रहा और जिसने इस पर्वत पर अनेक भव्य जिनालयों से युक्त त्रिकुट दुर्ग का निर्माण कराया उसका नाम देववंश रहा हो। सन् ८६२ ई० का उपरोक्त शिलालेख जिस जैन मानस्तम्भ पर अंकित

है उसके प्रतिष्ठापक आचार्य कमलदेव के शिष्य आचार्य श्रीदेव थे। संभव है वे देवसंघ के आचार्य हों और इस स्थान पर अपनी भट्टारकीय गद्दी स्थापित की हो तथा यहाँ के प्रसिद्ध धर्माचार्य रहे हों, उनके अपने या उनके संघ के नाम से यह दुर्ग देवगढ़ कहलाने लगा हो इस प्रदेश में प्रचलित एक जन श्रुति भी है—प्राचीन काल में किसी समय देवपत और खेमपत नामके दो जैनधर्मावलम्बी भ्राता इस नगर में रहते थे। देवकृपा से उन्हें पारसपथरी प्राप्त हो गई, जिसके प्रभाव से वे विपुल धन ऐश्वर्य के स्वामी बन गये। उस धनका सदुपयोग इन भ्राताद्वय ने इस स्थान पर अनेक भव्य जिनायतनों का निर्माण कराने तथा दुर्ग एवं नगर का सौन्दर्य तथा वैभव बढ़ाने में किया। तत्कालीन राजा ने उन पर आक्रमण करके वह पथरी उनसे बरबस छीनना चाही, किन्तु देवपत ने उक्त पथरी को इसके पूर्व ही बेतवा के गंभीर जल में विसर्जित कर दिया। कहा जाता है कि इस स्थान के महान निर्माता उक्त देवपत के कारण ही यह स्थान देवगढ़ कहलाया। यह भी संभव है कि अनगिनत देव मूर्त्तियों एवं देवायतनों के कारण ही उसका देवगढ़ नाम प्रसिद्ध हुआ। कम से कम जैनों की दृष्टि में तो अपने बहुसंख्यक प्राचीन देवमंदिरों एवं देव प्रतिमाओं के कारण वह एक सच्चा देवगढ़ बना चला आया है और किसी तीर्थङ्कर की कल्याणक भूमि या कोई अतिशयक्षेत्र अथवा किसी शलाका पुरुष का जन्म स्थान न होते हुए भी एक पवित्र धर्मतीर्थ के रूप में दर्शनीय एवं वन्दनीय रहता आया है।

देवगढ़ के पुरातत्त्वावशेषों में से अधिकांश जैन मन्दिरों, मूर्त्तियों और भवनों के ही भग्न अभग्न अवशेष है, और उनमें से भी अधिकांश उसके केन्द्रीय स्थान दुर्ग कोट के भीतर ही हैं। इन जैन मन्दिरों में कुछ बहुत छोटे छोटे धर्मायतनों को छोड़कर शेष लगभग ३०-३१ भव्य जिन मन्दिरों के स्पष्ट चिन्ह मिलते हैं, और इनमें भी लगभग १६-१७ बहुत कुछ अच्छी हालत में हैं। इन मन्दिरों में से अधिकांश ८ वीं से १२ वीं शताब्दी के मध्य बने प्रतीत होते हैं। कुछ एक गुप्तकाल जितने प्राचीन भी प्रतीत होते है जबकि कई मन्दिर १५ वीं से १८ वीं शती के मध्य भी निर्मित हुए हैं। दूसरे कोट के भीतर केवल दो मन्दिर है जिनमें से एक तो सोलह स्तंभों पर आधारित सुन्दर मंडप से युक्त विशाल एवं भव्य जिनालय का खंडहर है। मंडप के अवशिष्टांश में पूर्वाभिमुख पद्मासन एवं खड्गासन जिन मूर्तियां, चमरवाहक यक्षयक्षी, पुष्पवृष्टि आदि विविध लक्षणों से युक्त दो पंक्तियों में उत्कीर्ण हैं। मंडप की बाहिरी दीवार में भी कई मूर्त्तियाँ उत्कीर्ण हैं, उनके सामने ही एक छोटा सा मानस्तम्भ बना हुआ है। कुछ छोटी छोटी मूर्त्तियाँ मन्दिर के सामने भी विराजमान हैं। दूसरा मन्दिर अधिक जीर्ण शीर्ण दशा में हैं, इसमें भी कलापूर्ण पद्मासन एवं खड्गासन मूर्त्तियाँ विद्यमान हैं इस मन्दिर के बाहिर दक्षिण की ओर खंडित मूर्त्तियों का एक ढेर लगा हुआ है। इनके अतिरिक्त शेष समस्त मन्दिर तीसरे कोट के भीतर हैं।

तीसरे कोट के मन्दिरों में सर्वाधिक विशाल एवं महत्त्वपूर्ण मन्दिर १६ वें तीर्थङ्कर भ० शान्तिनाथ का है। मन्दिर के गर्भगृह में भ० शान्तिनाथ की १२ फुट ३ इंच की खड्गासन प्रतिमा अत्यन्त चित्ताकर्षक है। शान्तिनाथ ही देवगढ़ के अधिष्ठाता देव प्रतीत होते हैं, यह प्रतिमा भी पर्याप्त प्राचीन है। गर्भगृह के आगे लगभग ४२ फुट लम्बा चौड़ा वर्गाकार मण्डप है जो छः छः स्तंभों की छः पंक्तियों पर आधारित है मण्डप के मध्य एक विशाल वेदिका पर कई मूर्त्तियाँ विराजमान हैं जिनमें से एक बाहुबलि की है। यह मूर्त्ति गोम्मटेश्वर बाहुबलि की दाक्षिणात्य मूर्त्तियों से कई अंशों में विलक्षण है। बामी, कुक्कुटसर्प, लता आदि के अतिरिक्त इस मूर्त्ति पर बिच्छू, छिपकली आदि अन्य जन्तु भी रेंगते हुए अंकित किये गये हैं और साथ ही इन उपसर्गकारी पदार्थों एवं जन्तुओं का निवारण करते हुए देव युगल का दृश्य भी अंकित है। बाहुबलि की ऐसी एक मूर्त्ति चन्देरी में भी विद्यमान बताई जाती है। मन्दिर के सामने १६-१७ फुट की दूरी पर चार सुन्दर खंभों पर आधारित एक अन्य भव्य मण्डप है। इन्हीं स्तम्भों में से एक पर सन् ८६२ ई० का गुर्जर प्रतिहार सम्राट् भोजदेव के समय का प्रसिद्ध लेख उत्कीर्ण है। शान्तिनाथ के इस मन्दिर में तीन अन्य दस दस फुट ऊँचो खड्गासन प्रतिमाएँ भी मूल प्रतिमा जैसी विराजमान हैं, छोटी बड़ी अन्य अनेक प्रतिमाएँ भी हैं। इस मन्दिर के आस पास अन्य अनेक छोटे बड़े मन्दिर विद्यमान हैं। इनमें से एक लाखो मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है। एक अन्य मन्दिर अपने कलापूर्ण प्रवेश द्वार के लिये दर्शनीय है। उसके नीचे की ओर करों में जलपात्र और सिरपर नागफण धारण किये हुए संभवतः गंगा जमुना की मनोमा युगल मूर्त्तियाँ हैं। १००८ जिन मूर्त्तियों से युक्त पाषाण का एक सुन्दर सहस्रकूट चैत्यालय यथावत अवस्थित है। एक अन्य मन्दिर सहस्रकूट मानस छत्र की रचना प्रकट कर रहा है। एक मन्दिर की दीवार पर भगवान की माता की पांचफुट उत्तुंग मनोहर मूर्त्ति उत्कीर्ण है। एक स्थान पर पार्श्वनाथ की मूर्त्ति के शिर पर नागफण न बनाकर उसके बगल में दोनों ओर विशालकाय सर्प बना दिये हैं। तथा ऋषभदेव की मूर्त्ति के शिर पर जटाएँ दिखाई हैं। एक मन्दिर में चरण चिन्ह ही हैं। एक दूसरे में तीर्थङ्कर मूर्त्तियों के अतिरिक्त मुनि अर्जिका आदि की मूर्त्तियाँ भी उत्कीर्ण हैं। एक मन्दिर बाहिरी बरामदे में विराजमान चतुर्भुजा सरस्वती की, षोडशभुजा गरुडवाहना चक्रेश्वरी की, अष्टभुजा वृषभवाहना ज्वालमालिनी की एवं कमलासना पद्मावती की मूर्त्तियाँ अत्यन्त कलापूर्ण एवं चित्ताकर्षक हैं। इनमें से एक पर वि० सं० १२२६ उत्कीर्ण है, संभव है ये चारों मूर्त्तियाँ एक ही कलाकार की कृति हों। शान्तिनाथ के उपरोक्त बड़े मन्दिर के मण्डप की एक दीवार पर भी २४ शासन देवियों में से २० की सुन्दर मूर्त्तियाँ उनके नाम सहित उत्कीर्ण हैं जो रा० ब० दयाराम साहनी के मतानुसार उत्तरभारत में प्राप्त यक्षि मूर्त्तियों से सर्वथा विलक्षण एवं अद्वितीय हैं। कहीं कहीं गृहस्थ श्रावक श्राविकाओं की मूर्त्तियाँ भी पाई जाती हैं।

देवगढ़ ही एक स्थान है जहाँ 'अरिहन्त' 'सिद्ध' 'आचार्य' 'उपाध्याय' और 'साधु' पाँचों ही परमेष्ठियों की मूर्त्तियाँ अनेक उपलब्ध होती हैं। तीर्थंकरों में से तो चौबीसों ही तीर्थंकरों की मूर्त्तियाँ यहाँ मिलती हैं। कई स्थानों में विशेषकर अजितनाथ और चन्द्रप्रभु के आठ आठ या चार चार अन्य जिनमूर्त्तियों से युक्त पट भी दर्शनीय हैं। कहीं कहीं एक वृक्ष के नीचे गोद में एक एक बच्चा लिये हुए दम्पत्ति युगल की मूर्त्तियाँ उत्कीर्ण हैं। श्री दयाराम साहनी के मतानुसार ये दृश्य भोगभूमि के हैं जिनमें कल्पवृक्ष के नीचे तिष्ठते हुए युगलिया सन्तान युक्त प्रसन्न युगल प्रदर्शित किये गये हैं। देवगढ़ के समस्त जैन प्रस्तराङ्कनों का विधिवत अध्ययन करने से उनमें अनेक अनुश्रुतियों एवं पौराणिक आख्यानों का चित्रण मिलने की संभावना है।

देवगढ़ के दुर्ग के भीतर जैनधर्म के अतिरिक्त अन्य किसी सम्प्रदाय की मूर्त्तियाँ प्रायः नहीं पाई जातीं। सभी मूर्त्तियाँ प्रस्तरनिर्मित हैं या प्रस्तराङ्कनों के रूप में हैं। अधिकांश खड्गासन हैं, जिनकी ऊँचाई दो ढाई फुट से लेकर बारह फुट तक है। मूर्त्तियों के केशों की बनावट भिन्न-भिन्न प्रकार की है, कहीं कहीं उन पर बौद्धकला की छाप भी प्रतीत होती है, विशेषकर अभय या वरदमुद्रा युक्त आचार्य मूर्त्तियों में। सभी मूर्त्तियों की बनावट सुन्दर सुडौल एवं कलापूर्ण है। इन प्रतिमाओं का रूपशिल्प तत्कालीन जैनकला की उत्कृष्टता का परिचायक है। अपनी प्रशान्त वीतराग कायोत्सर्ग मुद्रा से यहाँ की अप्रतिम जिनमूर्त्तियाँ दर्शकों के मन को हर लेती हैं और वे तद्रूप वीतरागता के भाव उदित करने में समर्थ हैं।

> प्रशमरस निमग्नं दृष्टियुग्मं प्रसन्नवदनं,
> कमलमंकः कामिनीसंगशून्यः।
> करयुगमपि धत्ते शस्त्रसम्बन्धबन्धं,
> तदसि जगतिदेवो वीतरागस्त्वमेव ॥

महाकवि धनपालोक्त जिनमूर्त्तियों का यह आदर्श देवगढ़ की प्रतिमाओं में पग पग पर भली प्रकार चरितार्थ होता है। अरहन्तों एवं मुनियों की दिगम्बर प्रतिमाओं के अतिरिक्त सरागी देवी देवताओं एवं गृहस्थ स्त्री पुरुषों की भावभंगी, परिधान, अलङ्करण आदि के चित्रण में कलाकार ने कमाल किया है। अनेक जैन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रतीक यत्र तत्र उत्कीर्ण मिलते हैं और लोक जीवन के दृश्य भी उपलब्ध हैं। इस प्रकार देवगढ़ का रूप शिल्प न केवल धार्मिक एवं कलात्मक दृष्टि से ही वरन् सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण हैं।

देवगढ़ के जिन मंदिरों का निर्माण उत्तर भारत में विकसित नागर अथवा आर्य शैली में हुआ है। इसे पंचरत्न शैली भी कहते हैं और यह दक्षिण भारत में प्रचलित द्राविड शैली से भिन्न है। देवगढ़ के शिखरबंद मंदिर उक्त नागर शैली के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। शान्तिनाथ आदि मंदिरों के शिखर अत्यन्त सुन्दर हैं। सभी मंदिर प्रस्तरनिर्मित हैं और उनका कटाव और

कारीगरी दर्शनीय है। मंदिरों के गर्भगृह प्रायः अन्धकार मय हैं और उनके द्वार बहुत छोटे छोटे हैं। किन्तु गर्भ गृहों के आगे के सभा मंडप खुले और विशाल हैं। जिन स्तंभों पर वे आधारित हैं उनकी तथा छतों एवं दीवारों की कारीगरी और उन पर उत्कीर्ण मूर्त दृश्य एवं अलङ्करण चित्ताकर्षक हैं। मंदिरों के तोरणद्वार भी सुन्दर एवं कलापूर्ण हैं। चरणचिन्हों से युक्त शिखरबंद खुली छतरियाँ भी हैं और जिनमूर्तियों एवं मंगल प्रतीकों से अलङ्कृत कई सुन्दर उत्तुंग मानस्तम्भ भी हैं। स्वयं दुर्गकोट, उसका तोरणद्वार, घाट और सीढ़ियाँ, विशाल पाषाण में काट कर बनाई बावड़ी आदि भी प्राचीन स्थापत्य के अच्छे नमूने हैं। वस्तुतः उपरोक्त नागर शैली के स्थापत्य का विकास गुप्त काल से और वह भी मुख्यतया देवगढ़ के जिनायतनों द्वारा ही प्रारंभ हुआ प्रतीत होता है यही कारण है कि देवगढ़ और उसके उपरान्त खजुराहो, चन्देरी, अजयगढ़, महोबा, अहार, पपौरा आदि के प्राचीन जैन मंदिर प्राग्मुस्लिम कालीन सम्पूर्ण भारतीय कला का सफल प्रतिनिधित्व करते हैं। गुप्त, गुर्जर, प्रतिहार और चन्देल वंशों के परम सहिष्णु नरेशों के आश्रय में उत्तरभारत की धर्माश्रित कला विशेष कर जैनों के प्रयत्न से खूब फली फूली।

भारतीय इतिहास का वह स्वर्णयुग धार्मिक सद्भाव से परिपूर्ण था। साम्प्रदायिक विद्वेष एवं धर्मान्धता से शून्य उस युग में जैनों, वैष्णवों एवं शैवों ने निर्विरोध साथ ही साथ भारतीय कला और संस्कृति को समृद्ध एवं विकसित किया था। यही कारण है कि अनेक मनोहर जिनमंदिरों, तीर्थंकर प्रतिमाओं, अन्य परमेष्ठियों तथा देवी देवताओं, मूर्तियों, जैन प्रतीकों एवं पौराणिक दृश्यों के प्रस्तराङ्कनों और अन्य जैन कलाकृतियों के साथ ही साथ अन्य सम्प्रदायों के देवी-देवताओं की मूर्तियाँ एवं धर्मायतन भी पाये जाते हैं। सप्तमातृका देवियों की मूर्तियाँ तो अनेक यत्र तत्र मिलती हैं, इन देवियों की मान्यता जैन और वैष्णव दोनों ही सम्प्रदायों में समान रूप से पाई जाती है। इनके अतिरिक्त नाहर एवं राजघाट की कतिपय गुफाओं में जिनमें से एक सिद्ध गुफा कहलाती है; स्पष्टतः हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियाँ पाई जाती हैं। एक में शिवलिंग स्थापित है। एक में सूर्य भगवान और गणेश की मूर्तियाँ हैं। एक स्थान में पंच पांडव उत्कीर्ण हैं दुर्ग के नीचे एक ओर वराहवतार का भग्न प्राचीन मंदिर तथा उक्त देव की खंडित मूर्ति विद्यमान है। हिन्दू कला-कृतियों में सर्वाधिक आकर्षक एवं महत्त्वपूर्ण वह सुप्रसिद्ध दशावतार मंदिर है जो गुप्तकाल में निर्मित हुआ अनुमान किया जाता है। श्री माधवस्वरूप वत्स के मतानुसार यह मंदिर उत्तर भारत में प्रचलित पंचरत्न शैली का सर्वप्राचीन उपलब्ध उदाहरण है। इस समय वह अत्यन्त जीर्ण शीर्ण दशा में है फिर भी उसके अवशेष उसकी अनुपम स्थापत्य एवं मूर्तकला का परिचय देने के लिये पर्याप्त है। स्मिथ आदि कलामर्मज्ञों के मत से इस मंदिर के प्रस्तराङ्कनों में कई एक ऐसे हैं जो भारतीय मूर्त्तिकला एवं रूप शिल्प के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण कहे जा सकते हैं। मंदिर की दीवारों पर अंकित लक्ष्मी द्वारा पदचापित अनन्तशायी विष्णु की मूर्ति

गजेन्द्र मोक्ष का दृश्य, नरनारायण की मूर्ति, रामायण और महाभारत के अनेक भावपूर्ण दृश्य अत्यन्त कलापूर्ण और मनोहारी हैं। कलाकार ने मूर्तियों की भावभंगी दर्शाने में, उनके अलङ्कार विशेष कर परिछेद वस्त्रों के अङ्कन में तथा उत्कीर्ण व्यक्तियों के क्रियाकलापों को गतिमान एवं सजीव बना देने में अपनी कलाकी पराकाष्ठा कर दिखाई है। इस मंदिर के कलात्मक प्रस्तराङ्कनों ने ही कलामर्मज्ञों एवं पुरातत्त्वज्ञों का ध्यान देवगढ़ की ओर सर्वाधिक आकृष्ट किया है। देवगढ़ के उपरोक्त हिन्दू धर्मायतन और कलाकृतियाँ इस तथ्य के परिचायक हैं कि यह स्थान किसी समय जैन एवं हिन्दू धर्मों तथा संस्कृतियों का प्रमुख सन्निवस्थल था। दोनों ही परम्पराओं के अनुयायी यहाँ सद्भाव एवं सहयोगपूर्वक फले फूले थे और दोनों ने ही भारतवर्ष के सांस्कृतिक भंडार को समृद्ध करने में अभूतपूर्व योगदान दिया था।

शिलालेखीय सामग्री की भी देवगढ़ में प्रचुरता है। उत्तर भारतीय पुरातत्त्व विभाग की सन् १६१८ ई० की वार्षिक रिपोर्ट में इस स्थान से प्राप्त लगभग २०० शिलालेखों की सूचना हुई थी। उसके बाद भी लगभग एक सौ और लेख दृष्टिगोचर हुए हैं। फिर भी देवगढ़ में तथा उसके आस पास जंगल में यत्र तत्र बिखरी हुई खंडित अखंडित अनेक जैन प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण सभी लेखों का अभी तक संग्रह और सूचना नहीं हो पायी है। रिपोर्ट में सूचित लेखों में से लगभग डेढ़ सौ लेख ऐतिहासिक महत्त्व के हैं, कुछ एक तो अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। उपलब्ध लेखों में अधिकांश जैन लेख हैं, और लगभग साठ लेख ऐसे हैं जिनमें उनके अंकित किये जाने की तिथि का भी उल्लेख है। ये लेख प्रायः वि० सं० ६१६ से १८७६ पर्यन्त के हैं। ये शिलालेख न केवल देवगढ़ के तत्कालीन जैनधर्मावलम्बियों के धार्मिक जीवन, सामाजिक संगठन तथा तत्सम्बन्धी इतिहास ज्ञान के लिये ही उपयोगी नहीं हैं, वरन् भारतवर्ष के सामान्य राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास पर पुष्कल प्रकाश डालते हैं। साथ ही नागरी अक्षरों एवं लिपि के क्रमिक विकास का अध्ययन करने के लिये भी ये लेख अत्यधिक उपयोगी हैं।

प्रमुख शिलालेखों में समय और महत्त्व की दृष्टि से दशावतार मंदिर का वह खंडित लेख सर्व प्रथम है जो रा० ब० दयाराम साहनी ने वहाँ सन् १६१७ में देखा बताया गया है और जिसके अनुसार किन्हीं भगवत गोविन्द ने उक्त मंदिर के अधिपतिदेव के लिये एक स्तम्भ प्रदान किया था। अनुमान किया जाता है कि ये भगवत गोविन्द संभवतया गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के कनिष्ठ पुत्र तथा सम्राट् कुमारगुप्त प्रथम के अनुज महाराजकुमार परम भागवत गोविन्दगुप्त थे। इसी लेख के आधार पर उक्त मन्दिर का निर्माण काल ५-६ ठी शताब्दी ई० माना जाता है और इस मंदिर को गुप्तकालीन कहा जाता है। दूसरा लेख नाहरघाटी की एक गुफा में प्राप्त हुआ है और सं० ६०६ (सन् ५५२ ई०) का बताया जाता है। इसमें सूर्यवंशी स्वामिभट्ट का उल्लेख है। यह लेख भी गुप्तकालीन है। इनके

उपरान्त कन्नौज के गुर्जर प्रतिहार नरेश वत्सराज आम के प्रपौत्र और नागावलोक या नागभट्ट द्वितीय के पौत्र महाराजाधिराज परमेश्वर श्री भोजदेव के समय का जैन स्तम्भलेख है। इस लेख के अनुसार उक्त सम्राट् के पंच महाशब्द प्राप्त महासामन्त श्री विष्णुराम के शासन में आचार्य कमलदेव के शिष्य आचार्य श्रीदेव ने इस लुअच्छगिरि के प्राचीन शान्त्यायतन (शान्तिनाथ के मंदिर) के निकट गोष्ठिक वाजुआगंगा द्वारा मानस्तम्भ निर्माण कराकर विक्रम संवत् ६१६ शककाल ७८४ की आश्विन शुक्ल चतुर्दशी बृहस्पतिवार को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रतिष्ठापित किया था।

अपने ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व के अतिरिक्त सन् ८६२ ई० के इस अभिलेख की सब-से बड़ी विशेषता यह है कि इसमें विक्रम एवं शक दोनों ही संवतों के एक साथ उल्लेख का प्रायः सर्व प्राचीन उदाहरण मिलता है। उत्तर भारत में स्थित देवगढ़ में विक्रम संवत् का ही प्रचलन था, किन्तु उक्त स्तम्भ के प्रतिष्ठापक आचार्य दक्षिण भारत के निवासी रहे प्रतीत होते हैं, अतः लेख में उन्होंने दोनों ही संवतों का उल्लेख कराना उचित समझा। और संयोग से इतिहासकारों के लिये उक्त दोनों संवतों के परस्पर सम्बन्ध एवं अन्तर का एक प्राचीन स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत कर दिया। यह लेख देवगढ़ से प्राप्त स्पष्ट तिथि युक्त लेखों में सर्व प्राचीन है। शान्तिनाथ के इसी मंदिर की उत्तरी दालान में एक ज्ञानशिला अंकित है। यह विचित्र शिलालेख अठारह विभिन्न भाषाओं एवं लिपियों में उत्कीर्ण है। प्राचीन ब्राह्मी लिपि से लेकर पूर्वमध्यकालीन विभिन्न आर्य एवं द्राविड़ लिपियों तथा भाषाओं का इसमें समावेश है। हाँ, तुर्की, अरबी, फारसी आदि भाषाओं या लिपियों का इसमें कोई चिन्ह नहीं है, अतः यह लेख मुसल्मानों के भारत प्रवेश से पूर्व का ही होना चाहिये। कहा जाता है कि आदि तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव की पुत्री ब्राह्मी ने उक्त अठारह लिपियों का सर्व प्रथम आविष्कार किया था। इसी मंदिर के निकट एक अन्य जैन मंदिर में ११-१२ वीं शती की लिपि में एक लेख है जिसमें एक दानशाला के बनाये जाने का वर्णन है।

राजघाटी पर एक शिलालेख संवत् ११५४ (सन् १०९७ ई०) का चन्देलनरेश कीर्त्तिवर्मन के मन्त्री वत्सराज का है जिसमें उसके द्वारा यहाँ एक दुर्ग बनवाने तथा इस स्थान का नाम कीर्त्तिगिरि रखने का उल्लेख है। सन् ११०७ के एक शि० ले० में एक जैन मंदिर के निर्माण का वर्णन है। सन् १२८८ के शि० ले० में राजा वीर द्वारा गढ़कुण्डार की विजय का उल्लेख है। सन् १४३६ ई० के शि० ले० से किन्हीं सिंघई द्वारा एक जैन मन्दिर के निर्माण कराने का पता चलता है। इससे बुन्देलखंड के जैनियों की सिंघई जैसी पदवी की प्राचीनता भी सिद्ध होती है और यह भी पता चलता है कि मुसल्मानी शासनकाल में भी देवगढ़में जैन मंदिर बनते रहे और यहाँ जैनियों की अच्छी बस्ती बनी रही। इस लेख के उपरान्त समय के भी अनेक

जैन मूर्ति एवं शिलालेख यहाँ प्राप्त हुए हैं। अन्तिम लेख वि० सं० १८७६ (सन् १८१६ ई०) का है। इस समय यह स्थान बुन्देलों से छिनकर मरहठा सरदार सिन्धिया के अधिकार में आ चुका था।

सन् १६१८ ई० की पूर्वोक्त राजकीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में सूचित जैन शिलालेखों में जिन विभिन्न जैनाचार्यों, साध्वियों, विद्वानों, श्रावक श्राविकाओं, राजा महाराजाओं आदि के नाम आये हैं वे इस प्रकार हैं—जैनाचार्य कमलदेव, श्रीदेव, शुभदेव, कीर्त्याचार्य, वीरनंदि, गुणनंदि, भावनंदि, धर्मनंदि, प्रसिद्ध व्याख्याता माघनन्दि, लोकनन्दि, आचार्य जयकीर्त्ति, यशःकीर्त्ति, सहस्रकीर्त्ति, देवेन्द्रकीर्त्ति, त्रिभुवनकीर्त्ति, महीचन्द्र, आचार्य नागसेन, माधवचन्द्र, अजित सिंह, भुवन सिंह, आदि।

आर्यिकाएँ—धर्मश्री, इन्दुश्रा, नवाछो, आदि।

विद्वान्—पं० अजित सिंह, पं० ललित सिंह, पं० शुभङ्करदेव, प० लालदेव, पं० माधवनन्दि आदि। इनमें से कुछ एक भट्टारक या भट्टारकीय पंडित भी हो सकते हैं।

श्रावक—महीन्द्रसिंह, साहसिंह, श्रीसिंह, जसदेव, नेमिचन्द्र, विस्व या इन्द्र, जुगराव, राजपाल, प्रभाकर, कल्हन, चसदेव और उसका पुत्र कल्याणसिंह, पाहस और उसका पौत्र केशव, गोष्ठिक बाज या जाजु और उसका भाई गंगा या गङ्ग, शिवदेव, केशव और उसका पुत्र गोमिल, नन्हे सिंघई, आदि।

श्राविका—साविनी, सलाखी, जुगराव की पत्नी संघश्री, राजपाल की पत्नी लवनासारी, लालसा, सदिया, श्रीमती और उसकी भगिनी धनिया, आदि।

शासकगण—महाराजाधिराज भोजदेव, महासामन्त श्री विष्णुराम, महासामन्त उदयपाल, महाराजाधिराज उदयसिंह पालीगढ़नरेश, महाराजाधिराज देवीसिंह और उनके पुत्र दुर्गासिंह, उदेतसिंह, छत्रसाल, कुशलसिंह, तेजसिंह आदि।

इन लगभग सत्तर नामों में कई नाम ऐसे हैं जो कई बार आये हैं। उल्लिखित राजा महाराजाओं, सामन्तों आदि में से कई ऐसे हो सकते हैं जो जैनधर्म के भक्त रहे हों। इस सूची में त्यागी और गृहस्थ सभी वर्गों के स्त्री पुरुषों के नाम हैं। इससे विदित होता है कि देवगढ़ चिरकाल पर्यन्त एक प्रसिद्ध जैन केन्द्र रहा है जिसके धार्मिक वातावरण को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ाने में जैनों के समग्र चतुर्विध संघ का स्तुत्य योगदान रहा है। देवगढ़ के उदार जैनधर्म का उपयोग सभी वर्गों के स्त्री पुरुष समान भाव से करते थे। देवगढ़ की, उपरोक्त यशस्वी निर्माताओं द्वारा निर्मित चित्ताकर्षक एवं बहुसंख्यक कलाकृतियाँ उनकी धार्मिकता, दानशीलता, विद्वत्ता, कलामर्मज्ञता एवं लौकिक समृद्धि की भी परिचायक हैं।

इस प्रकार अपने आकर्षक प्राकृतिक वातावरण एवं भौगोलिक स्थिति, असंख्य अप्रतिम कलाकृतियों, सैकड़ों ऐतिहासिक शिलालेखों, धार्मिक प्रेरणाओं, आदि के लिये देवगढ़ सामान्य दर्शकों, कलाप्रेमियों, पुरातत्त्वज्ञों, इतिहास के विद्यार्थियों तथा धार्मिक जनसाधारण सभी के लिये एक दर्शनीय एवं अध्ययनीय स्थल है। प्राचीन भारत का वैभव देवगढ़ आज भी भारतीय राष्ट्र का गौरव है। किन्तु इस अपूर्व स्थान के स्मारकों, पुरातत्त्वावशेषों एवं कलाकृतियों आदि के समुचित संरक्षण, सुरक्षा, जीर्णोद्धार एवं खोज-शोध और अध्ययन की दिशा में जनता एवं राज्य द्वारा ही नहीं स्वयं जैन समाज द्वारा भी जो कुछ कार्य अभीतक हुआ है वह नितान्त अपर्याप्त और असंतोषजनक है। इस दिशा में अभी बहुत कुछ और व्यवस्थित ढंग से किये जाने की आवश्यकता है अन्यथा अन्य अनेक स्थानों की भाँति हमारा यह महत्त्वपूर्ण निधिकोष भी विकराल काल के विनाशकारी जबड़ों में शनैः शनैः विलीन होता चला जायगा।

महावीर संवत्

[श्री पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण, मूडबिद्री]

"'जैन सिद्धांत-भास्कर' भाग २१, किरण २ में 'महावीर संवत्' शीर्षक लेख 'भास्कर' के सहयोगी सम्पादक मित्रवर पं० नेमिचंद्र जी शास्त्री, ज्योतिषाचार्य का एक लेख प्रकाशित हुआ है। उस लेख में बताया गया है कि गौतम बुद्ध की मृत्यु भगवान् महावीर के निर्वाण लाभ के १४ वर्ष पहले हुई थी। शास्त्री जी ने अपनी इस बात के समर्थन में बौद्ध ग्रंथ 'दीघनिकाय' के प्रकरण को उद्धृत कर अपनी बात को यों स्पष्ट किया है। "मंत्री वैदेही पुत्र, मगधपति राजा अजात शत्रु से बोला—'महाराज, ये निर्ग्रन्थ नातपुत्त आगये ये संघ और गण के स्वामी हैं, गण के आचार्य और प्रख्यात कीर्तिमान् तीर्थंकर हैं, सज्जन मान्य और बहुत लोगों के श्रद्धास्पद होने के उपरान्त ये चिर दीक्षित और अवस्था में अधेड़ हैं।' इस उद्धरण से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि अजात शत्रु के राज्य के प्रथम वर्ष में ही भगवान् महावीर का आगमन मान लिया जाय तो उस समय बुद्ध की अवस्था ७२ वर्ष की ठहरती है क्योंकि अजात शत्रु के राज्यत्वकाल के ८ वें वर्ष में वे ८० वर्ष की अवस्था में निर्वाण को प्राप्त हुए थे। इस प्रसंग में महावीर को अर्धवय कहा गया है। अतः इससे स्पष्ट है कि महावीर की अवस्था उस समय ५० वर्ष की रही होगी। 'दीघनिकाय' के उल्लेखानुसार भगवान महावीर का निर्वाण अजात शत्रु के राज्यकाल के २२ वें वर्ष में हुआ; क्योंकि इनकी संपूर्ण आयु ७२ वर्ष की थी। इस हिसाब से बुद्ध के निर्वाण के लगभग २४ वर्ष पीछे महावीर का निर्वाण हुआ होगा।"

परंतु बौद्ध ग्रंथ 'सभियसुत्तं में सभिय नामक एक परिव्राजक का उल्लेख आया है। उसमें लिखा है कि एक बार उस परिव्राजक ने निर्वाण निगंठ नातपुत्त महावीर आदि तत्कालीन छह प्राज्ञों से कतिपय प्रश्न पूछे और जब उनसे उक्त प्रश्नों का समुचित उत्तर सभिय को नहीं मिला, तब उसने गौतम बुद्ध के पास जाकर उनसे पूर्वोक्त उन्हीं प्रश्नों का जवाब मांगा। इस प्रकरण में उपर्युक्त महावीर आदि छह प्राज्ञों का जिण्णा, बुड्ढा, महल्लका, अद्धगता, वयो अनुप्पत्ता और थेरा ये ६ विशेषण दिये गये हैं। इसी प्रकार बुद्ध के लिये 'समणो हि गोतमो दहरो चेव जातिया नवोन पब्बज्जाय' कहा है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि श्रमण गौतम उन प्राज्ञों से अवस्था में छोटे और प्रव्रज्या में उनसे नवीन थे। इतना ही नहीं; इससे यह भी निःसंदेह स्पष्ट होता है कि बुद्ध और महावीर समकालीन और बुद्ध महावीर से अवस्था एवं आश्रम में कम से कम १०-२० वर्षों के लिये छोटे थे।

इसी प्रकार पूर्वोक्त सूत्र में महावीर की तरह बुद्ध भी 'श्रमण, संघी, गणी, गणाचारियो, तित्थकरो, साधुसम्मत्तो बहु जनस्स, आदि सम्मान सूचक शब्दों के द्वारा स्मरण किये गये हैं।

साथ ही साथ सूत्र के प्रारंभ में गौतम बुद्ध को स्पष्ट भगवां (भगवान्) कहा है। इससे यह अनुमान लगाना भी नियुक्तिक नहीं है कि बुद्ध इससे कुछ समय पूर्व ही सही, बोधिज्ञान को प्राप्त करके श्रमण अवस्था में धर्मोपदेश देना प्रारंभ कर चुके थे।

बौद्ध ग्रंथ का यह मंतव्य या उल्लेख शास्त्री जी के द्वारा उपस्थित किये गये पूर्वोक्त मंतव्य का प्रतिस्पर्धी है। ऐसी परिस्थिति में गौतम बुद्ध की मृत्यु भगवान् महावीर के निर्वाणलाभ के २४ वर्ष पहले हुई थी यह बात विचारणीय है। बल्कि इसके लिये पुष्ट प्रमाणों को संग्रह करने की नितांत आवश्यकता है।

भगवान् महावीर का निर्वाण बुद्ध के निर्वाण से १४ वर्ष पूर्व हुआ था, इस अपनी बात को पुष्ट करने के लिये शास्त्री जी ने एक और उल्लेख दिया है। वह इस प्रकार है।

"डा० विनसेंट स्मिथ ने 'पासाहिक सुत्तंत' के एक उल्लेख से महात्मा बुद्ध को जीवित दशा में महावीर का निर्वाण होना स्वीकार किया है परन्तु इस सम्बन्ध में 'भगवती सूत्र' से एक प्रकाश मिलता है। बताया गया है कि मंखलिगोशालक ने महावीर के ऊपर तेज लेश्या का प्रयोग किया था, जिससे जनता ने भ्रमवश उन्हें अस्वस्थ समझा और उनके दर्शन के लिये लोग गये। जब जनता मेडियाग्राम के निकट पहुंची तो बालुकाकच्छ के पास तपश्चरण करते हुए महावीर के शिष्य सिंह मुनि का ध्यान टूट गया और प्रभु महावीर की अनिष्ट की आशंका से वह रो उठा, जिससे जनता में महावीर के निर्वाण का असत्य समाचार फैल गया। यही समाचार बुद्ध तक उनके शिष्य आनंद ने पहुँचाया, इसीका उल्लेख 'पासाहिक सुत्तंत' में है। अतः यह स्पष्ट है कि भ० महावीर का निर्वाण बुद्ध के निर्वाण से १४ वर्ष पूर्व हुआ और तभी से यह संवत् प्रचलित है।

शास्त्रीजी के द्वारा ऊपर उधृत भगवतीसूत्र के उल्लेख में मंखलि गोशालक के द्वारा महावीर के ऊपर तेजलेश्या का प्रयोग किया जाना उससे भ्रमवश महावीर को अस्वस्थ समझ कर उनके दर्शन के लिये लोगों का जाना, लोगों के मेडिय ग्राम के निकट पहुँचने पर बालुकाकच्छ के पास तपश्चरण करनेवाले महावीर के शिष्य सिंहमुनि का ध्यान टूट जाना, प्रभु महावीर के अनिष्ट की आशंका से सिंहमुनि का रो उठना और इससे जनता में महावीर के निर्वाण का असत्य समाचार फैलना आदि बातों में सहसा विश्वास नहीं जमता।

क्या एक सामान्य तपस्वी मंखलिगोशालक के द्वारा दीर्घतपस्वी, अप्रतिहतशक्तिधारी, तेजःपुञ्ज सर्वज्ञ भगवान् महावीर के ऊपर तेजलेश्या का प्रयोग किया जाना संभव है? महावीर पर किया हुआ गोशालक का वह प्रयोग जैन सिद्धान्तानुसार क्या फलकारी हो सकता है? इससे महावीर को अस्वस्थ समझनेवाले लोगों में कोई भी विचारशील व्यक्ति नहीं रहा होगा? बालुका-कच्छ के पास तपश्चरण करनेवाले महावीर के शिष्य सिंहमुनि का ध्यान टूट जाना, प्रभु

महावीर के अनिष्ट की आशंका से मुनि का रो उठना और इससे जनता में महावीर के निर्वाण का असत्य समाचार फैलना आदि बातें भी इसी तरह मन में नहीं बैठतीं। मान लीजिये यही असत्य समाचार बुद्ध तक उनके शिष्य आनन्द ने पहुँचाया। क्या थोड़े समय के बाद ही सही, बुद्ध को सही समाचार नहीं मिला होगा? बाद जब उन्हें सत्य समाचार मिला तो वे पूर्वश्रुत असत्य समाचार को अपने सूत्र में कैसे स्थान देते?

अब शास्त्रीजी के द्वारा संकेतित 'पासादिकसुत्तंत' के पद्य को उधृत करना भी आवश्यक है। बल्कि वह पद्य इस सूत्र में ही नहीं, 'सामगाम' सूत्र में भी ज्यों का त्यों मिलता है। पद्य यह है—

एकं समयं भगवा सक्केसु विहरति तेन खोपन समयेन।
निगंठो नातपुत्तो पावायां अधुना कालकतो होति॥'

अर्थात्—एक समय भगवान् बुद्ध जब शाक्य नगर में विहार कर रहे थे, तब निगंठ नातपुत्त—महावीर के उसी समय पावापुर में निर्वाण प्राप्त करने की सूचना उन्हें मिली। इस पद्य से महावीर बुद्ध के जीवन काल में ही पावापुर में निर्वाण को प्राप्त हुए थे यह बात निःसंदेह सिद्ध होती है। पद्य का अर्थ स्पष्ट है। पौर्वात्य एवं पाश्चात्य विद्वानों ने भी इस पद्य का यही अर्थ लगाया है। इसलिये शास्त्रीजी से साग्रह अनुरोध है कि वे इस विषय पर फिर एकबार विचार करें।

एक बात और है। भद्रबाहुकृत कल्पसूत्र, पूज्यपादकृत निर्वाणभक्ति, सकलकीर्तिकृत वर्धमान चरित्र और आशाधरकृत कल्याणमाला आदि में भगवान् महावीर का निर्वाण कार्तिक अमावस्या की रात्रि के अन्तिम प्रहर में स्वातियोग में हुआ बतलाया है। किन्तु वीरसेनकृत धवलाटीका, गुणभद्रकृत उत्तरपुराण, असगकृत वर्धमान चरित्र और श्रुतकीर्तिकृत हरिवंशपुराण में भगवान् का वही निर्वाण कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी को रात्रि के अंतिम प्रहर में स्वातियोग में कहा है। अब यह शंका उठती है कि वस्तुतः महावीर का निर्वाण अमावस्या में हुआ है या चतुर्दशी में? कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अंतिम प्रहर में जबकि अमावस्या का आरंभ हो चुका था। स्वातिनक्षत्र का योग रहता तो इस शंका के लिये स्थान ही नहीं था। इस विषय में मित्रवर श्रीमान् गोविन्द पै का कहना है कि निर्वाणतिथि को अमावस्या मानने पर ही स्वाति-नक्षत्र का योग मिलता है और वह शुभ मुहूर्त ई० पू० ५२७, सितम्बर १३ सोमवार को आया था। इसके पूर्व दिन चतुर्दशी की रात्रि अर्थात् सितम्बर १२ आदित्यवार की रात्रि में चन्द्रमा स्वातिनक्षत्र में नहीं था। किन्तु पूर्ववर्ती चित्रा नक्षत्र में रहा। इस विषय पर खासकर शास्त्रीजी अवश्य प्रकाश डालें। क्योंकि वे ज्योतिष के मर्मज्ञ विद्वान् हैं। बस, आज इतना ही लिखना था।

अहिंसा और पाँच जैनाचार्य

[पं० नेमिचन्द्र शास्त्री]

जैनाचार्यों ने अहिंसा धर्म का जितना विस्तृत विवेचन किया है, संभवतः अन्यत्र नहीं मिलेगा। श्रावकधर्म और मुनिधर्म का विवेचन करते हुए पूर्ण अहिंसा एवं आंशिक अहिंसा के विश्लेषण के साथ, अहिंसा की मर्यादा, क्षेत्र प्रभृति बातों का बड़ी सूक्ष्मता के साथ निरूपण किया गया है। प्रस्तुत निबन्ध में स्वामी समन्तभद्र, अमितगति, अमृतचन्द्र, आशाधर और शुभचन्द्राचार्य के अहिंसा विषयक वचनों का संकलन किया जायगा। पाठक देखेंगे कि श्रावक धर्म के निरूपण में इस विषय का साहित्य किस प्रकार उत्तरोत्तर विकसित हुआ है। जहाँ चरित्र पाहुड, भाव संग्रह आदि ग्रन्थों में अहिंसा की व्याख्या एवं श्रावक और मुनि की पदमर्यादा के अनुसार अहिंसा की सीमारेखा निर्धारित की गयी है, वहाँ उत्तरवर्ती आचार्यों ने इस धर्म की विस्तृत समीक्षाएँ भी की हैं। तत्त्वार्थ सूत्र के टीकाकार पूज्यपाद[1], अकलंकदेव[2], विद्यानन्दी[3], प्रभृति[4] ने भी

---

१ प्रमादः सकषायत्वं तद्वानात्मपरिणामः प्रमत्तः प्रमत्तस्य योगः प्रमत्तयोगः तस्मात् स प्राणिनोदुःखहेतुत्वादधर्महेतुः। प्रमत्तयोगादिति विशेषणं केवलं प्राणव्यपरोपणं नाधर्मायेति ज्ञापनार्थम्। उक्तं च—वियोजयति चासुभिर्न च वधेन संयुज्यते इति। उक्तं च उच्चालिदंमि पादे इरियासमिदस्स णिग्गमट्ठाणे। आवादेज्ज कुलिंगो मरेज्ज तं जोगमासेज्ज॥ णहि तस्स तण्णिमित्ते बन्धोसुहुमोवि देसिदो समये। मुच्छापरिग्गहोत्ति य अज्झप्पपमाणदो भणिदो॥ ननु च प्राणव्यपरोपणाभावेऽपि प्रमत्तयोगमात्रादेव हिंसेष्यते। उक्तं च मरदु व जियदु व जीवो अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा। पयदस्स णत्थिबन्धो हिंसामित्तेण समिदस्स॥ इति, नैष दोषः। अत्रापि प्राणव्यपरोपणमस्ति भावलक्षणम् तथा चोक्तम्—स्वयमेवात्मनाऽऽत्मानं हिनस्त्यात्मा प्रमादवान्। पूर्वं प्राण्यन्तराणान्तु पश्चात्स्याद्वा नवावधः॥—सर्वार्थसिद्धिः पृ० २३०-२३१

२ अनवगृहीतप्रचारविशेषः प्रमत्तः; अभ्यन्तरीकृतेवार्थो वा, पंचदशप्रमादपरिणतो वा……।

—तत्त्वार्थराजवार्तिक पृ० २७५

३ हिंसा हि द्वेधा भावतो द्रव्यतश्च। तत्र भावतो हिंसा प्रमत्तयोगः सन् केवलस्तत्र भावप्राणव्यपरोपणस्यावश्यंभावित्वात्। ततः प्रमत्तस्यात्मनः स्वात्मघातित्वात् रागाद्युत्पत्तेरेव हिंसात्वेन समये प्रतिवर्णनात्। द्रव्यहिंसा तु परद्रव्यप्राणव्यपरोपणं स्वात्मनो वा तद्विभाविनः प्रायश्चित्तोपदेशो भावप्राणव्यपरोपणाभावात् तदसंभवात् प्रमत्तयोगः स्यात् तद्धि पूर्वकस्य यतेरप्यवश्यंभावात्।

—तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृ० ४६२

४ जह ते ण पियं दुक्खं, तहेव तेसिं पि जाण जीवाणं।
एवं णच्चा अप्पो वमिओ जीवेषु होहि सदा॥
सव्वेसिमासमाणं हिदयं गब्भो ह सव्व सत्थाणं।
सव्वेसि वदगुणाणं, पिण्डो सारो अहिंसा॥—भगवती आराधना गा० ७८०, ७९१

अहिंसा का विवेचन जी खोलकर किया है। इसी प्रकार भगवती आराधना, मूलाचार[1] आदि में भी अहिंसा का सविस्तार निरूपण किया गया है।

स्वामी समन्तभद्र—

विक्रम संवत् की ३-४ थी शती में स्वामी समन्तभद्र ने विपुल परिमाण में जैन साहित्य का प्रणयन किया है। आपने गृहस्थाचार पर रत्नकरण्ड श्रावकाचार नामक ग्रन्थ लिखा है, इसमें गृहस्थाचार का विस्तृत वर्णन है। गृहस्थ वही हो सकता है, जो आठ मूल गुणों का पालन करे। मूलगुणों को धारण किये बिना कोई भी व्यक्ति श्रावकपद नहीं पा सकता है। स्वामी समन्तभद्र ने पंचाणुव्रतों को मूलगुणों में स्थान देकर आरम्भिक श्रावक को ही आंशिक अहिंसा को सम्यक्तया पालन करने के लिए बाध्य कर दिया है। जिस प्रकार मजबूत जड़ के बिना वृक्ष की स्थिति संभव नहीं अथवा गहरी मजबूत नींव के बिना दीवाल की दृढ़ता संभव नहीं; उसी प्रकार अहिंसाणुव्रत, सत्याणुव्रत, अचौर्याणुव्रत, ब्रह्मचर्याणुव्रत और परिग्रहपरिमाणुव्रत के पालन के साथ मद्य, मांस और मधुकात्याग[2] किये बिना गृहस्थ की स्थिति संभव नहीं। अहिंसक और सात्त्विक होने पर ही व्यक्ति यथार्थ में गृहस्थ होता है। जो दयालु है, समस्त जीवों के प्रति जिनके हृदय में अपनत्व की भावना जाग्रत हो गयी है, ऐसा व्यक्ति ही धर्म के उपदेश को सुनने का अधिकारी है। अहिंसा धर्म का पालन करनेवाला श्रावक अपनी इच्छा और वासनाओं को भी संयमित बनाता है तथा इस धर्म के पालने के लिए झूठ, चोरी, कुशील और अधिक संचय की वृत्ति का त्याग करता है। प्राणिमात्र के साथ उसकी सहानुभूति और मित्रता हो जाती है।

स्वको पहचानने तथा आत्मानुभूति में दर्शनमोहनीय का उदय अधिक बाधक है। जब आत्मा में सम्यक्त्व—स्व-स्वरूप का विश्वास हो जाता है तो आत्मा धर्म की ओर प्रवृत्ति करने लगती है। अहिंसा पर विश्वास भी तभी होता है, जब आत्मा में दर्शनमोह के उपशम, क्षय या क्षमोपशम होने पर धर्म धारण की योग्यता उत्पन्न हो जाय। स्वामी समन्तभद्र ने इसी कारण सबसे प्रथम श्रावक को सम्यग्दृष्टि बनने पर जोर दिया है। पाप के कारण हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और अति संचय या अमर्यादित संचय का त्याग करना चारित्र बताया है।

अहिंसाणुव्रत

संकल्पात्कृतकारितमननाद्योगत्रयस्य चरसत्वान्।
न हिनस्ति यत्तदाहुः स्थूलवधाद्विरमणं निपुणाः ॥—रत्न० श्लो० ५३

---

१ एइंदियादिपाणा पंचविधावज्जभीरुणा सम्मं।
ते खलु ण हिंसिदव्वा मणवचिकायेण सव्वत्थ॥—मूलाचार पंचाचार अ० गा० २८९

२ मद्यमांसमधुत्यागैः सहाणुव्रतपञ्चकम्।
अष्टौ मूलगुणानाहुर्गृहिणां श्रमणोत्तमाः॥—रत्न० श्लो० ६६

अर्थ—मन, वचन, काय और कृत, कारित, अनुमोदना से संकल्प कर त्रसहिंसा—द्वीन्द्रियादि जीवों की हिंसा का त्याग करना अहिंसाणुव्रत है।

इस व्रत का समुचित पालन करने के लिए पाँच अतीचारों का भी त्याग करना आवश्यक है।

अतीचार—

छेदनबन्धनपीडनमतिभारारोपणंव्यतीचाराः ।

आहारवारणापि च स्थूलवधाद्व्युपरतेः पंच ॥—रत्न श्लो० ५४

अर्थ—छेदन—पशुओं या मनुष्यों के नाक, कान आदि अंगों का काटना; बन्धन—पशुओं को रस्सी आदि से बाँधना, पीडन—किसी को भी कोड़ा, लाठी आदि से पीटना, अतिभारारोपण—शक्ति से अधिक बोझ लादना; और आहारवारण—आहार-पानी का रोकना अथवा समय पर आहार-पानी का न देना; ये पाँच अहिंसाणुव्रत के अतीचार हैं।

अमितगति—

विक्रम की ११ वीं शती में आचार्य अमितगति ने अनेक ग्रन्थों का निर्माण किया है। इनमें श्रावकाचार प्रसिद्ध ग्रन्थ है; इसमें आचार्य ने अहिंसा धर्म का वर्णन बड़े सुन्दर ढंग से किया है। अहिंसा की परिभाषा, गृहस्थ के लिए अहिंसा की मर्यादा, हिंसा के कारण, देव-मंत्र-औषध आदि के लिए हिंसा का निषेध एवं अहिंसा की महत्ता का सविस्तार निरूपण किया है।

अहिंसाणुव्रत की परिभाषा—

स्थूल हिंसा के त्याग को अहिंसाणुव्रत बतलाया है। विश्व में दो प्रकार के प्राणी हैं—त्रस और स्थावर। जो गृहस्थ त्रस जीवों की हिंसा का पूर्णतया त्याग कर देता है तथा मद्य, मांस मधु और अभक्ष्य का त्यागी होता है, वही अहिंसाणुव्रत का पालन करता है। अहिंसाणुव्रत के पालन करनेवाला का संयतासंयत रूप होता है, अतः उसे इन्द्रियों के विषयों से भी विरक्ति रखनी होती है। संसार, शरीर और भोग इन तीनों से भी विरक्त होना आवश्यक है।

द्वेधा जीवा जैनैर्मतास्त्रसस्थावरप्रभेदेन ।

तत्र त्रसरक्षायां तदुच्यतेऽणुव्रतं प्रथमम् ॥

स्थावरघाती जीवस्त्रससंरक्षी विशुद्धपरिणामः ।

योऽक्षविषयान्निवृत्तः सः संयतासंयतो ज्ञेयः ॥ —अमि० श्रा० अ० ६ श्लो० ४-५

अर्थ—जीव दो प्रकार के हैं—त्रस और स्थावर। त्रस जीवों की रक्षा करना अहिंसाणुव्रत है। यद्यपि शक्त्यनुसार स्थावर जीवों की हिंसा का भी अणुव्रती त्यागी होता है; परन्तु पूर्णरूप से स्थावर जीवों की रक्षा करने में गृहस्थ असमर्थ रहता है। अतएव त्रस हिंसा का पूर्ण त्यागी, विशुद्ध परिणामों का धारी, इन्द्रियों के विषयों से विरक्त श्रावक देशव्रती कहलाता है।

हिंसा की परिभाषा—

प्राणी प्रमादकलितः प्राणव्यपरोपणं यदा धत्ते ।
सा हिंसाऽकथि दत्तैर्भववृक्षनिषेकजलधारा ॥—अमि० श्रा० अ० ६ श्लो० २४

अर्थ—प्रमाद से युक्त होकर अन्य जीवों के प्राणों का घात करना हिंसा है। हिंसा करने से संसाररूपी वृक्ष की मर्यादा बढ़ती है—हिंसा संसाररूपी वृक्ष का सिंचन करने के लिए जल की धारा के समान है।

हिंसा के कारण और भेद—

संरंभसमारंभैर्योगकृतकारितानुमतैः ।
सकषायैरभ्यस्तैस्तरसा संपद्यते हिंसा ॥
त्रित्रित्रिचतुः संख्यैः संरंभाद्यैः परस्परं गुणितैः ।
अष्टोत्तरशतभेदा हिंसा संपद्यते नियतम् ॥—अमि० श्रा० अ० ६ श्लो० १२-१३

अर्थ—संरम्भ—कषाय युक्त होकर हिंसा करने का विचार करना; समारम्भ—हिंसा की साधन सामग्री जुटाना; आरम्भ—हिंसा करने का उपक्रम; कृत—स्वयं हिंसा करना; कारित—दूसरे से हिंसा कराना; अनुमोदन—कोई हिंसा करता हो तो उसकी प्रशंसा करना; मन—मन में हिंसा की भावना लाना; वचन—हिंसक वचन बोलना; काम—हिंसा की क्रिया करना तथा क्रोध, मान, माया और लोभ कषाय के आवेश से हिंसा करना; इस प्रकार एक सौ आठ कारणों से हिंसा होती है—हिंसा के १०८ भेद हैं। प्रत्येक कार्य के संरंभ, समारंभ, आरंभ के भेद से ये ३ तीन भेद हुए; पश्चात् मन, वचन, काय इन तीन योगों से युक्त किया तो ३×३=नौ भेद हुए। इन नौ के साथ कृत कारित और अनुमोदन का संयोग किया तो ९×३=२७ भेद हुए। इनके साथ क्रोध, मान, माया और लोभ कषाय का योग किया तो २७×४=१०८ भेद हुए।

हिंसा-अहिंसा की व्यवस्था—

म्रियतां मा मृत जीवः प्रमाद बहुलस्य निश्चिता हिंसा ।
प्राणव्यपरोपेऽपि प्रमाद हीनस्य सा नास्ति ॥ —अमि० श्रा० अ० ६ श्लोक २५

अर्थ—हिंसा और अहिंसा की व्यवस्था प्राणों के घात या प्राणों की रक्षा के ऊपर अवलम्बित नहीं है। किन्तु जहाँ कषाय-रागादि युक्त हिंसक परिणाम होते हैं, वहां अवश्य हिंसा होती है। संयम रूप प्रवृत्ति रखने पर—बचाव की भावना रखने पर सावधान व्यक्ति को प्राणी का घात हो जाने पर भी हिंसा नहीं होती। उदाहरण के लिए यों कह सकते हैं कि एक व्यक्ति सावधानी पूर्वक देख-देखकर चल रहा है। उसके पैर उठाने पर कोई क्षुद्र जन्तु अकस्मात् कुचल जाने से मर जाता है, तो उस व्यक्ति को हिंसा का पाप नहीं लगता। इसी प्रकार एक

व्यक्ति असावधानी से मार्ग चलता है, जीवरक्षा का उसको ध्यान नहीं है, ऐसी अवस्था में किसी प्राणी का घात हो या न हो; पर उसे हिंसा का पाप लगेगा। अतः यत्नाचार—सावधानी पूर्वक प्रवृत्ति करना अहिंसा है और अयत्नाचार—असावधानी पूर्वक प्रवृत्ति करने का नाम हिंसा है।

मन्त्रौषधादि के लिए भी हिंसा का त्याग—

देवातिथिमंत्रौषधिपित्रादिनिमित्ततोऽपि संपन्ना।
हिंसा धत्ते नरके किं पुनरिह नान्यथा विहिता ॥—अमि० श्रा० अ० ६ श्लो० २९
आत्मवधो जीववधस्तस्य च रक्षात्मनो भवति रक्षा।
आत्मा न हि हन्तव्यस्तस्य वधस्तेन मोक्तव्यः ॥—अ० ६ श्लो० ३०

किसी-किसी का मत है कि धर्म मंत्रौषधादि के निमित्त से हुई हिंसा पाप का कारण नहीं है, किन्तु पुण्य का कारण है। आचार्य इसी प्रश्न का उत्तर देते हुए कहते हैं कि हिंसा त्रिकाल और त्रिलोक में कभी भी पुण्योत्पादक नहीं हो सकती है। देवी-देवताओं के नाम पर हिंसा करना, अतिथि सत्कार के लिए हिंसा करना, मन्त्र सिद्धि के लिए हिंसा करना, औषध निर्माण में हिंसा का प्रयोग करना तथा पितरों को सन्तुष्ट करने के लिए हिंसा करने से नरक गति की प्राप्ति होती है। क्योंकि जीव हिंसा करना आत्मवध और जीवरक्षा करना आत्मरक्षा है, अतएव सभी प्रकार की हिंसा का सदा त्याग करना चाहिए।

अहिंसा की महिमा—

जीवत्राणेन विना व्रतानि कर्माणि नो निरस्यंति।
चन्द्रेण विना नक्षत्रैर्हन्यन्ते तिमिरजालानि ॥
तिष्ठन्ति व्रतनियमा नाहिंसामन्तरेण सुखजनकाः।
पृथिवीं न विना दृष्टास्तिष्ठन्तः पर्वताः क्वापि ॥
निघ्नानेनाहिंसामात्मधारां निपात्यते नरके।
स्वाधारां न हि शाखां छिंदानः किं पतति भूमौ ॥अमि० श्रा० अ०६ श्लो० १४-१६

अर्थ—जीव दया के बिना व्रत-उपवास भी कर्मों की निर्जरा का साधन नहीं होते हैं—अहिंसा पूर्वक ही व्रतों के पालन करने का फल प्राप्त होता है। जिस प्रकार चन्द्रमा के बिना नक्षत्र समूह अन्धकार का विध्वंस नहीं कर सकता है, उसी प्रकार अहिंसा के अभाव में केवल व्रत-उपवास कर्मों की निर्जरा नहीं कर सकते हैं। सुखोत्पादक व्रत और नियम अहिंसा के बिना कभी भी संभव नहीं है, जिस प्रकार पृथ्वी के बिना पर्वतादि की स्थिति संभव नहीं; उसी प्रकार अहिंसा की पृष्ठभूमि के बिना कोई भी शुभ कृत्य नहीं हो सकता है।

आत्मा का आधारभूत धर्म अहिंसा ही है, इसके अभाव में जीव नरक जाता है। जिस प्रकार जिस वृक्ष की शाखा पर बैठा हो, उसीको काटनेवाला व्यक्ति पृथ्वी पर गिरता है उसी

प्रकार समस्त धर्म और क्रियाओं का आधारस्तम्भ अहिंसा है, इसके बिना धारण किये प्राणी भी नरक जाता है।

हिंसक जीव की हिंसा करना भी अविधेय है—

केचिद्वदन्ति मूढा हन्तव्या जीवघातिनो जीवाः।
परजीवरक्षणार्थं धर्मार्थं पापनाशार्थम्॥
युक्तं तन्नैवं सति हिंस्रत्वात्प्राणिनामशेषाणाम्।
हिंसायाः कः शक्तो निषेधने जायमानायाः॥—अ० ६ श्लो० ३३-३४

अर्थ—पर प्राणियों की रक्षा के लिए, पापनाश करने के लिए एवं धर्म की रक्षा के लिए हिंसक सिंहादि का घात करना विधेय है; क्योंकि हिंसक प्राणी जबतक जीवित रहेंगे तबतक हिंसा करते रहेंगे। अतः हिंसा की परम्परा को नष्ट करने के लिए दुष्ट पापी प्राणियों का घात करना अच्छा है। यह शंका या प्रश्न ठीक नहीं है; क्योंकि जिस प्रकार सिंहादि अन्य प्राणियों का वध करने के कारण वध्य हैं, उसी प्रकार सिंहादि की हिंसा करनेवाला भी वध्य है; पुनः इसी प्रकार उसकी हिंसा करनेवाला भी वध्य हो जायगा। अतः यह परम्परा अनन्तकाल तक चली जायगी, कहीं भी शान्त नहीं होगी। अतएव हिंसक जीव भी अवध्य है; अहिंसक मानव किसी की हिंसा नहीं करता है। सबके साथ प्रेम और बन्धुत्व का व्यवहार रखता है। अहिंसक प्राणी की आत्मशक्ति के प्रभाव से हिंसक प्राणियों की क्रूरता नष्ट हो जाती है, उनकी आत्मा भी अहिंसक बन जाती है। अतः अहिंसा के द्वारा ही हिंसक को अहिंसक बनाया जा सकता है। हिंसा के द्वारा हिंसक का अन्त नहीं किया जा सकता।

पापी की हिंसा भी अविधेय है—

पापनिमित्तं हि वध. पापस्य विनाशने न भवति शक्तः।
छेदनिमित्तं परशुः शक्नोति लतां न वर्द्धयितुम्॥
हिंस्राणां यदि घाते धर्मः संभवति विपुलफलदायी।
सुखविघ्नस्तर्हि गतः परजीवविघातिनां घाते॥
यस्माद्गच्छन्ति गतिं निहता गुरुदुःखसंकटां हिंस्रां।
तस्माद्दुःखं ददतः पापं न भवति कथं घोरम्॥—अ० ६ श्लो० ३६-३८

अर्थ—पाप के लिए की गयी हिंसा पाप का मोचन नहीं करा सकती है। लता को काटने के लिए प्रयुक्त कुल्हाड़ी लता का संवर्द्धन नहीं कर सकती। यदि हिंसक जीवों की हिंसा को महान् फलदायक समझते हैं तो यह भारी भूल है; क्योंकि हिंसा स्व-पर सुख का विघातक होने के कारण कभी भी सुखदायक नहीं हो सकती है। अतएव हिंसक सदा नरकादि गतियों को प्राप्त करता है। पापी और हत्यारे का सुधार दण्ड या हिंसा से नहीं हो सकता है। उसका

सुधार भी सहानुभूति और सहृदयता से ही हो सकता है। आत्मा का स्वभाव अहिंसामय है, इसीके प्रयोग द्वारा पापी, दुराचारी और लंपट का सुधार या उत्थान किया जा सकता है। अहिंसा में इतनी बड़ी शक्ति है कि उसके द्वारा संसार से पाप, दुराचार को दूर भगाया जा सकता है। अतः संसार में हिंसा के द्वारा पापी का सुधार संभव नहीं है।

सुखी और दुःखी जीव को मारना भी वर्ज्य है—

दुःखवतां भवति वधे धर्मो नेदमपि युज्यते वक्तुम्।
मरणे नरके दुःखं घोरतरं वार्यते केन॥
सुखितानामपि घाते पापप्रतिषेधने परो धर्मः।
जीवस्य जायमाने निषेधितुं शक्यते केन॥—अ० ६ श्लो० ३९-४०
मनसा वचसा वपुषा हिंसां विदधाति यो जनो मूढः।
जन्मवनेऽसौदीर्घे दीर्घं चंचूर्यते दुःखी॥—अ० ६ श्लो० ४४

अर्थ—इसका दुःख जल्द दूर हो जाय, इसीलिए दुखी को मारने में पुण्य है, पाप नहीं। यह भी गलत है; क्योंकि मारते समय महान् संक्लिष्ट परिणाम मरने और मारनेवाले दोनों के होते हैं, जिससे नरक में जन्म लेना पड़ता है। इसी प्रकार सुखी जीवों को इस ध्येय से मारना ये अवशेष सुख का भोग अगले जन्म में करेंगे; गलत है; क्योंकि मरने और मारनेवाले दोनों के संक्लेश परिणाम होने से दोनों को कुगति की प्राप्ति होती है। जो मन, वचन और काय से हिंसा करता है, वह बहुत काल तक संसार में जन्म-मरण के कष्ट उठाता रहता है।

अहिंसाणुव्रत के अतीचार—

भारातिमात्रव्यपरोपघातछेदान्नपानप्रतिषेधबंधाः।
अणुव्रतस्य प्रथमस्य दक्षैः पंचापराधाः प्रतिषेधनीयाः॥—अ० ७ श्लो० ३

अर्थ—अति भारारोप—अधिक बोझा लादना, उपघात—लाठी, कोड़ा आदि से मारना, छेद—नाक-कान आदि का छेदना, अन्नपाननिरोध—अन्न जल का रोकना; और बंध—बांधना ये पंच अतीचार हैं।

अमृतचन्द्राचार्य—

अहिंसा का जितना व्यापक और व्यावहारिक विवेचन १२ वीं शती में आचार्य अमृतचन्द्र सूरि ने किया है, उतना पूर्व या परवर्ती किसी भी आचार्य ने नहीं। गृहस्थ को किस प्रकार के अहिंसा धर्म का पालन करना चाहिये, उसकी अहिंसा-मर्यादा कहाँ तक रहनी चाहिये, आदि बातें इनके ग्रन्थ 'पुरुषार्थ सिद्ध्युपाय' से जानी जा सकती हैं।

हिंसा का लक्षण —

यत्खलुकषाययोगात्प्राणानां द्रव्यभावरूपाणाम्।
व्यपरोपणस्य करणं सुनिश्चिता भवति सा हिंसा ॥—पु० सि० श्लो० ४३

अर्थ—कषायरूप परिणत हुए मन, वचन और काय से द्रव्य और भाव प्राणों का घात करना हिंसा है। अभिप्राय यह है कि कषायवश होकर अपने या परके भाव प्राण और द्रव्य प्राण का घात करना हिंसा है।

प्राणघात का नाम हिंसा नहीं है, अपितु रागादि का नाम हिंसा है

अप्रादुर्भावः खलु रागादीनां भवत्यहिंसेति।
तेषामेवोत्पत्तिर्हिंसेति जिनागमस्य संक्षेपः ॥—४४

अर्थ—राग, द्वेष, मोह, क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, भय, शोक, जुगुप्सा और प्रमादादि विभावों को उत्पन्न न होने देना अहिंसा है और इन विभावों की उत्पत्ति होना हिंसा है।

युक्ताचरणस्य सतो रागाद्यावेशमन्तरेणापि।
न हि भवति जातु हिंसा प्राणव्यपरोपणादेव ॥ ४५ ॥

अर्थ—सावधानी पूर्वक आचरण करने वाले सन्त पुरुष के रागादि भावों के बिना केवल प्राणपीड़न से हिंसा नहीं होती है।

व्युत्थानावस्थायां रागादीनां वशप्रवृत्तायाम्।
म्रियतां जीवो मा वा धावत्यग्रे ध्रुवं हिंसा ॥ ४६ ॥

अर्थ—जो प्रमादी जीव कषायों के वशीभूत होकर गमनादि क्रिया यत्नपूर्वक नहीं करता है, उसके 'जीव मरे या न मरे' हिंसा अवश्य होती है। क्योंकि असावधानी और कषाययुक्त भावना का नाम हिंसा है।

यस्मात्सकषायः सन् हन्त्यात्मा प्रथममात्मनात्मानम्।
पश्चाज्जायते न वा हिंसा प्राण्यन्तराणां तु ॥ ४७ ॥

अर्थ—जीव कषाय भाव सहित होने से अपने द्वारा आपको घातता है, फिर पीछे से अन्य जीवों की हिंसा हो अथवा न हो। तात्पर्य यह है कि हिंसा का अर्थ घात करना है, यह घात दो प्रकार का है एक आत्मघात और दूसरा परघात। जिस समय आत्मा में कषाय भावों की उत्पत्ति होती है, उस समय आत्मघात हो जाता है, पीछे यदि अन्य जीवों की आयु पूरी हो गयी अथवा पाप का उदय आया हो तो उनका भी घात हो जाता। आयु के रहते हुए कदाचित् प्राणी की हिंसा नहीं भी हो सकती है; परन्तु कषाय भाव होने के कारण अपनी आत्मा का घात अवश्य हो जायगा।

हिंसा के त्याग क प्रतिज्ञा बिना घात नहीं करने पर भी हिंसा—

हिंसाया अविरमणं हिंसापरिणमनमपि भवति हिंसा ।
तस्मात्प्रमत्तयोगे प्राणव्यपरोपणं नित्यम् ॥ ४८ ॥

हिंसा दो प्रकार की होती है—अविरमणरूप और परिणमन रूप। पर घात में प्रवृत्त न होने पर भी हिंसा त्याग की प्रतिज्ञा के बिना होने वाली हिंसा अविरमणरूप हिंसा कहलाती है। क्योंकि अहिंसा की प्रतिज्ञा के बिना अन्तरंग में हिंसा का सद्भाव रहता है, अतः प्रतिज्ञा के अभाव में हिंसा नहीं करने पर हिंसा होती है। परघात में मन, वचन, काय से प्रवृत्त होने पर परिणमन रूप हिंसा होती है। इसमें भी प्रमाद रहता है अतएव प्रमाद को दूर करने के लिए पर जीवों की हिंसा के त्याग की दृढ़ प्रतिज्ञा होनी चाहिये।

हिंसा का कारण परिग्रह है—

सूक्ष्मापि न खलु हिंसा परवस्तुनिबन्धना भवति पुंसः ।
हिंसायतननिवृत्तिः परिणामविशुद्धये तदपि कार्या ॥ ४९ ॥

अर्थ—निश्चय कर आत्मा पर वस्तु का कारण नहीं है, अतः सूक्ष्म हिंसा भी नहीं होती है। फिर भी परिणामों की निर्मलता के लिए हिंसा के कारण परिग्रह का त्याग करना उचित है। तात्पर्य यह है कि रागादि कषाय भावों का होना हिंसा है, पर वस्तु का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है; परन्तु रागादि परिणाम परिग्रह के निमित्त से होते हैं, अतः परिणामों की विशुद्धि के लिए परिग्रह का त्याग करना आवश्यक है।

कोई व्यक्ति ऐसा कहे कि मेरे अन्तरंग परिणाम शुद्ध हैं, इसलिए बाह्य आरम्भ—हिंसा करते हुए तथा परिग्रह रखते हुए भी मुझे कोई पाप नहीं लगता; यह ठीक नहीं है। परिग्रह आदि के कारण परिणाम कदापि शुद्ध नहीं रह सकते; क्योंकि उसके ये सब कार्य बुद्धिपूर्वक पुरुषार्थ करने से ही होते हैं। इसी भाव को आचार्य ने बतलाया है—

निश्चयमबुध्यमानो यो निश्चयतस्तमेव संश्रयते ।
नाशयति करणचरणं स बहिःकरणालसो बालः ॥ ५० ॥

अर्थ—जो जीव यथार्थ निश्चय के स्वरूप को न जानकर उसको ही निश्चय श्रद्धान से अंगीकार करता है, वह मूर्ख बाह्य क्रिया में आलसी है और बाह्य क्रिया रूप आचरण को नष्ट करता है।

हिंसाफल की व्यवस्था—

अविधायापि हिंसा हिंसाफलभुग् भवत्येकः ।
कृत्वाप्यपरो हिंसा हिंसाफलभाजनं न स्यात् ॥ ५१ ॥

अर्थ—जिसके परिणाम हिंसा रूप हो गये हैं, ऐसा जीव हिंसा न करके भी हिंसा का फल भोगने का पात्र होता है। परिणामों में हिंसा न आने पर हिंसा करके भी जीव हिंसा का फल भोगने का पात्र नहीं होता।

एकस्याल्पा हिंसा ददाति काले फलमनल्पम्।
अन्यस्य महाहिंसा स्वल्पफला भवति परिपाके ॥ ५२ ॥

अर्थ—एक व्यक्ति थोड़ी हिंसा करके अधिक हिंसक परिणामों के कारण उदयकाल में अधिक फल प्राप्त करता है और दूसरा व्यक्ति बड़ी भारी हिंसा करके भी परिणामों की निर्मलता के कारण उदयकाल में स्वल्प फल को पाता है।

कषायों की तीव्रता और मन्दता के कारण फलव्यवस्था—

एकस्य सैव तीव्रं दिशति फलं सैव मन्दमन्यस्य।
व्रजति सहकारिणोरपि हिंसा वैचित्र्यमत्र फलकाले ॥ ५३ ॥

दो आदमी मिलकर हिंसा करें तो जिसके परिणाम तीव्र कषाय रूप हुए हैं, उसे उदयकाल में अधिक फल और जिसके परिणाम मन्दकषाय रूप हैं, उसे अल्पफल भोगना पड़ता है।

प्रागेव फलति हिंसा क्रियमाणा फलति च कृतापि।
आरभ्य कर्तुमकृतापि फलति हिंसानुभावेन ॥ ५४ ॥

किसी को हिंसा करने के पहले ही, किसी को करते समय, किसी को हिंसा कर चुकने पर, किसी को हिंसा आरम्भ करने पर और किसी को हिंसा न करने पर अपने कषायभावों की तीव्रता या मन्दता के कारण फल प्राप्त होता है।

एक हिंसा करता है फल अनेक पाते हैं और अनेक हिंसा करते हैं फल एक पाता है—

एकः करोति हिंसां भवन्ति फलभागिनो बहवः।
बहवो विदधति हिंसां हिंसाफलभुग् भवत्येकः ॥ ५५ ॥

एक व्यक्ति हिंसा करता है, पर फल भोगनेवाले अनेक होते हैं, इसी प्रकार हिंसा बहुत से व्यक्ति करते हैं, पर फल एक व्यक्ति को मिलता है। तात्पर्य यह है कि जीव को मारते देखकर जो अच्छा कहते हैं और प्रसन्न होते हैं, वे सभी हिंसा के फल भागी हैं, इसीसे एक करता है और अनेक फल भोगते हैं। इसी प्रकार संग्राम में हिंसा तो अनेक करते हैं, परन्तु उनको आज्ञा देने वाला सेनापति या अन्य स्वामी उसके फल का भागी होता है।

कस्यापि दिशति हिंसा हिंसाफलमेकमेव फलकाले।
अन्यस्य सैव हिंसा दिशत्यहिंसाफलं विपुलम् ॥ ५६ ॥

किसी पुरुष को तो हिंसा उदयकाल में एक ही हिंसाफल को देती है और किसी को वही हिंसा बहुत से अहिंसा के फल को देती है।

हिंसा द्वारा अहिंसा फल और अहिंसा द्वारा हिंसा फल--

हिंसाफलमपरस्य तु ददात्यहिंसा तु परिणामे।
इतरस्य पुनर्हिंसा दिशत्यहिंसाफलं नान्यत् ॥ ५७ ॥

किसी को अहिंसा उदयकाल में हिंसा के फल को देती है तथा अन्य व्यक्ति को हिंसा अहिंसा के फल को देती है, अन्य फल को नहीं। अभिप्राय यह है कि कोई व्यक्ति किसी जीव के बुरा करने का यत्न कर रहा हो, परन्तु उस जीव के पुण्योदय से कदाचित् बुरे की जगह पर भला हो जाय, तो भी बुराई का यत्न करने वाला बुरा फल प्राप्त करेगा। इसी प्रकार कोई डाक्टर किसी रोगी का आपरेशन करे, कदाचित् रोगी की मृत्यु हो जावे तो भी डाक्टर की भावना निर्मल है। अतः उसे अहिंसा का फल प्राप्त होगा।

अनेक नयों से हिंसा का स्वरूप समझ कर त्यागना—

अवबुध्य हिंस्यहिंसकहिंसाहिंसाफलानि तत्त्वेन।
नित्यमवगूहमानैर्निजशक्त्या त्यज्यतां हिंसा ॥ ६० ॥

संवर में तत्पर पुरुष को हिंस्य—जिनकी हिंसा की जावे, ऐसे अपने या पर जीव के द्रव्य प्राण और भाव प्राण अथवा एकेन्द्रियादि जीव; हिंसक हिंसा करने वाला जीव; हिंसा प्राणपीड़न या प्राणघात की क्रिया और हिंसाफल—हिंसा से प्राप्त होने वाले नरक निगोदादि फलों को विचार कर अपने शक्त्यानुसार हिंसा का त्याग करना चाहिये।

असत्यादि हिंसा रूप होने से त्याज्य हैं--

आत्मपरिणामहिंसनहेतुत्वात्सर्वमेव हिंसैतत्।
अनृतवचनादिकेवलमुदाहृतं शिष्यबोधाय ॥ ४२ ॥

आत्मा के शुद्धोपयोगरूप परिणामों के घातक होने से असत्य, चोरी आदि हिंसा रूप हैं। शिष्यों को समझाने के लिए इनका विशेष वर्णन किया गया है।

हिंसा की पर्यायें—

अभिमानभयजुगुप्साहास्यारतिशोककामकोपाद्याः।
हिंसायाः पर्यायाः सर्वेऽपि च सरकसन्निहिताः ॥ ६४ ॥

अभिमान, भय, ग्लानि, हास्य, रति, अरति, शोक, काम, क्रोध आदि हिंसा के पर्याय या भेद हैं। और ये सभी भाव व्यसन सेवन से उत्पन्न होते हैं।

मद्य, मांस, मधु, नवनीत और पंचोदम्बर फलभक्षण में त्रसजीवों की हिंसा होती है, अतएव

इनके सेवन का त्याग करना परमावश्यक है। सूखे उदम्बर फल खानेमें दोष नहीं मानना चाहिए, आचार्य इसी का उत्तर देते हैं—

यानि तु पुनर्भवेयुः कालोच्छिन्नत्रसाणि शुष्काणि।
भजतस्तान्यपि हिंसा विशिष्टरागादिरूपा स्यात् ॥ ७३ ॥

सुखाकर पांच उदम्बर फलों के भक्षण करने से राग की अधिकता रहने के कारण हिंसा होती है। तात्पर्य यह है कि अहिंसक व्यक्तियों को अपना रहन-सहन और खान-पान भी अहिंसक ही रखना चाहिए।

गृहस्थ के लिए त्याज्य हिंसा—

धर्ममहिंसारूपं संश्रृण्वन्तोपि ये परित्यक्तुम्।
स्थावरहिंसामसहास्त्रसहिंसां तेऽपि मुञ्चन्तु। ७५ ॥
स्तोकैकेन्द्रियघाताद्गृहिणां सम्पन्नयोग्यविषयाणाम्।
शेषस्थावरमारणविरमणमपि भवति करणीयम् ॥ ७७ ॥

जो गृहस्थ स्थावर हिंसा का त्याग करने में असमर्थ हैं, उन्हें त्रस हिंसा का अवश्य त्याग करना चाहिए। स्थावर हिंसा में भी अल्प एकेन्द्रिय घात के अतिरिक्त अवशेष स्थवर जीवों की हिंसा का भी त्याग करना योग्य है।

धर्म के नाम पर होने वाली हिंसा का त्याग—

सूक्ष्मो भगवद्धर्मो धर्मार्थं हिंसने न दोषोऽस्ति।
इति धर्ममुग्धहृदयैर्न जातु भूत्वा शरीरिणो हिंस्या ॥ ७६ ॥

भगवान् द्वारा निरूपित धर्म बहुत सूक्ष्म है, अतएव धर्म के निमित्त से हिंसा करने में कोई दोष नहीं है, यह मान्यता गलत है; क्योंकि हिंसा कभी धर्म नहीं हो सकती है।

देवता के लिए हिंसा करना भी पाप है—

धर्मो हि देवताभ्यः प्रभवति ताभ्यः प्रदेयमिह सर्वम्।
इति दुर्विवेककलितां धिषणां न प्राप्य देहिनो हिंस्याः ॥ ८० ॥

धर्म देवताओं से होता है, अतएव इस लोक में मांसादि की बलि देना उचित है; यह मानना भी भ्रान्त है; क्योंकि प्राणियों की बलि देने से महान् पाप होता है। देव हिंसा प्रिय नहीं होते। हिंसा से कभी भी पुण्य या धर्म नहीं हो सकता है।

अतिथि के लिए हिंसा करना अनुचित है—

पूज्यनिमित्तं घाते छागादीनां न कोऽपि दोषोऽस्ति।
इति संप्रधार्य कार्यं नातिथये सत्त्वसंज्ञपनम् ॥ ८१ ॥

पूज्य पुरुषों के लिए बकरा आदि जीवों का घात भी नहीं करना चाहिये; क्योंकि शिष्ट पुरुष जीव हिंसा को सदा पाप समझते हैं।

कोई-कोई कहते हैं कि शाक तथा अन्न के भक्षण करने की अपेक्षा एक जीव का मांस भक्षण करने में अल्प पाप है; क्योंकि जीव जीव समान है। अतएव अनेक एकेन्द्रिय जीवों की हिंसा न कर एक त्रसजीव का घात करना ज्यादा अच्छा है। आचार्य इसी शंका का समाधान करते हैं।

बहुसत्त्वघातजनितादशनाद्वरमेकसत्त्वघातोत्थम्।
इत्याकलय्य कार्यं न महासत्त्वस्य हिंसनं जातु ॥ ८२ ॥

बहु प्राणियों के घात से उत्पन्न हुए भोजन से एक जीव के घात से उत्पन्न हुआ भोजन अच्छा है, यह मानना मिथ्या है। अतः विचारशील व्यक्तियों को हिंसा नहीं करनी चाहिए। कारण स्पष्ट है कि अन्तरंग ज्ञान प्राण और बाह्य शारीरिक प्राणों के घात की अपेक्षा एकेन्द्रिय की हिंसा से दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय आदि की हिंसा में असंख्यात गुणा पाप और निर्दयता है।

दुष्ट जीव को मारने में हिंसा—

रक्षा भवति बहूनामेकस्यैवास्य जीवहरणेन।
इति मत्वा कर्त्तव्यं न हिंसनं हिंस्रसत्त्वानाम् ॥ ८३ ॥

सर्प, बिच्छू, सिंह, व्याघ्र आदि हिंसक जीवों की भी इस अभिप्राय से हिंसा नहीं करनी चाहिये कि इन दुष्ट जीवों के मर जाने से सहस्रों की रक्षा होगी; क्योंकि जो हिंसा करता है, वही उसके पाप का भागी होता है। अतः किसी भी प्राणी की हिंसा करके व्यर्थ पाप का अर्जन नहीं करना चाहिए।

बहुसत्त्वघातिनोऽमी जीवन्त उपार्जयन्ति गुरु पापम्।
इत्यनुकम्पां कृत्वा न हिंसनीयाः शरीरिणो हिंस्राः ॥ ८४ ॥

बहु घाती जीव जीते रहेंगे तो अधिक पाप करेंगे, ऐसा सोचकर हिंसक जीवों की हिंसा नहीं करना चाहिये।

दुःखी जीव को मारना भी पाप है—

बहुदुःखासंज्ञपिताः प्रयान्ति त्वचिरेण दुःखविच्छित्तिम्।
इति वासनाकृपाणीमादाय न दुःखिनोऽपि हन्तव्याः ॥ ८५ ॥

रोग अथवा दारिद्र्य आदि पीड़ित दुःखी जीवों की हिंसा भी इस अभिप्राय से नहीं करनी चाहिये, कि घात करने से ये दुःख से छूट जायेंगे। क्योंकि शरीर त्याग करने से कोई भी जीव दुःख से छुटकारा नहीं पा सकता है। बल्कि संक्लिष्ट परिणामों से मृत्यु होने पर अधिक पाप का बन्ध होता है तथा मारने वाले को भी पाप बन्ध होता है।

अगले जन्म में सुख प्राप्त होगा, इस उद्देश्य से सुखी को भी नहीं मारना

कृच्छ्रेण सुखावाप्तिर्भवन्ति सुखिनो हताः सुखिन एव।
इति तर्कमण्डलाग्रः सुखिनां घाताय नादेयः ॥ ८६ ॥

सुख की प्राप्ति कष्ट से होती है, इसलिए मारे हुए सुखी जीव सुखी ही होंगे, इस कुतर्क का आश्रय लेकर सुखियों का घात नहीं करना चाहिये।

समाधिस्थ की हिंसा करना भी वर्जित है—

उपलब्धिसुगतिसाधनसमाधिसारस्य भूयसोऽभ्यासात्।

स्वगुरोः शिष्येण शिरो न कर्तनीयं सुधर्ममभिलाषिता ॥ ८७ ॥

सत्य धर्म के अभिलाषी शिष्य द्वारा अधिक अभ्यास से ज्ञान और सुगति प्राप्त करने में कारण समाधि प्राप्त करनेवाले गुरु का शिरच्छेदन नहीं करना चाहिये; क्योंकि शिरच्छेदन करनेवाला प्राणपीड़ा जनित हिंसा का भागी होगा।

हिंसा करने से कदाचित् सुख प्राप्त हो तो भी हिंसा त्याज्य है—

अमृतत्वहेतुभूतं परममहिंसारसायनं लब्ध्वा।

अवलोक्य बालिशानामसमञ्जसमाकुलैर्न भवितव्यम् ॥ ७८ ॥

किसी जीव को हिंसा करते हुए सुख-साता युक्त देखकर और आपको अहिंसा धर्म पालते हुए भी दुःखी जानकर अथवा आपको अहिंसा धर्म साधते देख तथा अन्य मिथ्यादृष्टियों को हिंसा में धर्म ठहराते हुए व पुष्ट करते हुए देखकर धर्मात्मा पुरुषों को विचलित न होना चाहिए। अहिंसा ही जीव के लिए समस्त सुखों को देनेवाली है।

आशाधर—

पण्डित प्रवर आशाधर जी ने अपने अनागार और सागार धर्मामृत में मुनि और श्रावक दोनों की अपेक्षा से अहिंसा धर्म का विस्तृत विवेचन किया है। आपने भी प्रमाद के सम्बन्ध से होनेवाले प्राणघात के त्याग पर जोर दिया है।

हिंसा की परिभाषा और व्यवस्था—

सा हिंसा व्यपरोप्यन्ते यत् त्रस स्थावराङ्गिनाम्।

प्रमत्तयोगतः प्राणा द्रव्यभावस्वभावकाः ॥

रागाद्यसङ्गतः प्राणव्यपरोपेऽप्यहिंसकः।

स्यात्तदव्यपरोपेऽपि हिंस्रो रागादिसंश्रितः ॥—अना० धर्मा० अ० ४ श्लो० २२-२३

प्रमत्तयोग से त्रस और स्थावर जीवों के यथा संभव द्रव्य और भाव प्राणों का, जो व्यपरोपण होता है, उसको हिंसा कहते हैं।

यदि जीव राग-द्वेष-मोह रूप परिणामों से युक्त नहीं है तो प्राणघात हो जाने पर भी अहिंसक है। राग-द्वेषादि से युक्त होने पर प्राणाघात न होने पर भी हिंसक होता है।

परं जिनागमस्येदं रहस्यमवधार्यताम्।

हिंसारागाद्युत्पत्तिरहिंसा तदनुद्भवः। —अनागार अ० ४ श्लो० २६

जिनागम का यही रहस्य या सार है कि राग-द्वेष, मोह रूप परिणामों का उत्पन्न होना हिंसा है और इनका उत्पन्न न होने देना अहिंसा है।

अहिंसाणुव्रत की परिभाषा—

शान्ताद्यष्टकषायस्य संकल्पैर्नवभिस्त्रसान्।

अहिंसतो दयार्द्रस्य स्यादहिंसेत्यणुव्रतम्॥—सागार अ० ४ श्लो० ७

अनन्तानुबन्धी और अप्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया और लोभ के शान्त—उपशम होने पर मन, वचन, काय और कृत, कारित अनुमोदना से जिस दयालु ने त्रस जीव की हिंसा का त्याग कर दिया है, उसके अहिंसाणुव्रत होता है।

हिंसा के चार भेद करके आशाधरजी गृहस्थ से संकल्पी हिंसा का त्याग कराते हैं।

संकल्पी, उद्योगी, आरम्भी और विरोधी, ये चार हिंसा के भेद हैं। बिना अपराध के जानबूझ कर किसी की हिंसा करना संकल्पी; जीवन निर्वाह के लिए व्यापार, खेती आदि में होनेवाली हिंसा उद्योगी; सावधानी रखते हुए भी भोजन बनाने, पानी भरने आदि में होनेवाली हिंसा आरम्भी और अपनी या दूसरों की रक्षा के लिए जो हिंसा करनी पड़ती है, वह विरोधी कहलाती है। आशाधरजी ने प्रधानतः आरम्भी और अनारम्भी ये दो हिंसा के भेद किये हैं।

इमं सत्वं हिनस्मीति हिन्धि हिन्ध्येष साध्विमम्।

हिनस्तीति वदन्नाभिसन्दध्यान्मनसा गिरा॥

वर्तेत न जीववधे करादिना दृष्टिमुष्टिसन्धाने।

न च वर्तयेत्परं तत् परे नखच्छोटिकादि न च रचयेत्॥

—सागार अ० ४ श्लो० ८-६

इस जीव को मैं मारूँगा, इसे तुम मारो, इसने इसे मारा अच्छा किया आदि का मन, वचन और काय से त्याग करना चाहिये। मन्त्र, रस्सी आदि के द्वारा भी प्राणियों का बन्धन नहीं करना चाहिये तथा प्राणियों के नखादि के काटने की क्रिया भी नहीं करनी चाहिये।

अहिंसक के लिए आवश्यक व्यवहार—

इत्यनारम्भजां जह्याद्धिंसामारम्भजां प्रति।

व्यर्थस्थावरहिंसावद्यतनामावहेद्गृही॥—सागार अ० ४ श्लो० १०

आसन, शय्या, खान-पान आदि सम्बन्धी हिंसा का उचित त्याग करना चाहिये। आरम्भ-जनित कार्यों में भी व्यर्थ स्थावर जीवों की हिंसा नहीं करनी चाहिये।

सन्तोषपोषतो यः स्यादल्पारम्भपरिग्रहः।

भावशुद्ध्येकसर्गोऽसावहिंसाणुव्रतं भजेत्॥—सागार अ० ४ श्लो० १४

अहिंसक को सन्तोषपूर्वक अल्प आरम्भ और अल्प परिग्रह रखना चाहिये; क्योंकि अधिक आरम्भ और अधिक परिग्रह हिंसा का कारण है। मनकी शुद्धि रखना तथा सदा आर्त्त और रौद्र ध्यानों से अपनी रक्षा करना आवश्यक है।

अहिंसाणुव्रत के स्वीकार की विधि—

हिंस्यहिंसकहिंसा तत्फलान्यालोच्य तत्त्वतः।
हिंसां तथोज्झेन्न यथा प्रतिज्ञाभङ्गमाप्नुयात्॥
प्रमत्तो हिंसको हिंस्या द्रव्यभावस्वभावकाः।
प्राणास्तद्विच्छिदा हिंसा तत्फलं पापसंचयः॥—सागार अ० ४ श्लो० २०-२१

हिंसा, हिंसक, हिंस्य और हिंसा फल का पूर्णतः विचार करके अहिंसाणुव्रत को स्वीकार करना चाहिए। प्रमादी होना हिंसक है, द्रव्य-भाव प्राणों का धारी प्राणी हिंस्य और प्राणों का घात करना हिंसा है तथा हिंसा का फल पापसंचय करना है।

अहिंसाव्रत की निर्मलता के लिए विधेय—

कषायविकथानिद्राप्रणयाक्षविनिग्रहात्।
नित्योदयां दयां कुर्यात् पापध्वान्तरविप्रभाम्॥
अहिंसाव्रतरक्षार्थं मूलव्रतविशुद्धये।
नक्तं भुक्तिं चतुर्धाऽपि सदा धीरस्त्रिधा त्यजेत्॥—सागार० अ० ४ श्लो० २२,२४

अहिंसाणुव्रत को निर्मल करने के लिए कषाय, विकथा, निद्रा, स्नेह, रात्रिभोजन एवं मोह-ममता का त्याग करना आवश्यक है।

शुभचन्द्राचार्य—

पंचमहाव्रतों के निरूपण में आचार्य शुभचन्द्रदेव ने अहिंसा धर्म का विस्तृत विवेचन किया है। ज्ञानार्णव में अहिंसा का स्वरूप और उसकी महत्ता पर पूरा प्रकाश डाला गया है।

अहिंसा की परिभाषा—

वाक्चित्ततनुभिर्यत्र न स्वप्नेऽपि प्रवर्त्तते।
चरस्थिराङ्गिनां घातस्तदाद्यं व्रतमीरितम्॥—ज्ञानार्णव सर्ग ८ श्लो० ८

मन, वचन और काय से त्रस और स्थावर जीवों के घात का सर्वदा के लिए त्याग करना अहिंसाव्रत है।

प्रमाद से हिंसा होती है, प्राणघात से नहीं—

मृते वा जीविते वा स्याज्जन्तुजाते प्रमादिनाम्।
बन्ध एव न बन्धः स्याद्धिंसायाः संवृतात्मनाम्॥—ज्ञाना० सर्ग ८ श्लो० ६

जीवों के मरते या जीते प्रमादी पुरुषों को निरन्तर ही हिंसा का पापबन्ध होता है और जो संवर सहित अप्रमादी हैं, उनको जीवों की हिंसा होते हुए भी हिंसा रूप पाप का बन्ध नहीं होता।

हिंसा के भेद—

संरम्भादित्रिकं योगैः कषायैर्व्याहतं क्रमात्।
शतमष्टाधिकं ज्ञेयं हिंसाभेदैस्तु पिण्डितम् ॥—ज्ञा० स० ८ श्लो० १०

संरम्भ, समारम्भ और आरम्भ इस त्रिक को मन, वचन, काय की तीन-तीन प्रवृत्तियों से तथा क्रोध, मान, माया, लोभ इन चार कषायों एवं कृत, कारित, अनुमोदना से क्रम से गुणा करने पर हिंसा के १०८ भेद होते हैं। अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान और संज्वलन कषायों से उत्तरोत्तर गुणा करने पर ४३२ भेद भी हिंसा के होते हैं।

अतः प्रमादमुत्सृज्य भावशुद्ध्याङ्गिसन्ततिम्।
यमप्रशमसिद्ध्यर्थं बन्धुबुद्ध्या विलोकय ॥—ज्ञा० स० ८ श्लो० ११

उपर्युक्त संरम्भादि हिंसा परिणामों के १०८ या ४३२ भेद हैं। अतः प्रत्येक व्यक्ति को प्रमाद का त्याग कर भावशुद्धि के लिए समस्त अन्य प्राणियों को बन्धुवत् देखना चाहिये।

हिंसा सदा दुःखदायक है—

सौख्यार्थे दुःखसन्तानं मङ्गलार्थेऽप्यमङ्गलम्।
जीवितार्थे ध्रुवं मृत्युं कृता हिंसा प्रयच्छति ॥—ज्ञा० स० ८ श्लो २२

सुख के लिए की गयी हिंसा दुःख-परिपाटी करती है, मंगलार्थ की हुई हिंसा अमङ्गल करती है तथा जीवनार्थ की हुई हिंसा मृत्यु को प्राप्त कराती है। इस बात को निश्चय समझना चाहिये।

चरुमन्त्रौषधानां वा हेतोरन्यस्य वा क्वचित्।
कृता सती नरैर्हिंसा पातयत्यविलम्बितम् ॥—ज्ञा० स० ८ श्लो० २७

देवता की पूजा के लिए रचे हुए नैवेद्य तथा मन्त्र और औषध के निमित्त अथवा अन्य किसी भी कार्य के लिए की हुई जीवों की हिंसा जीवों को नरक ले जाती है।

अहिंसा की महिमा—

अहिंसैव जगन्माताऽहिंसैवानन्दपद्धतिः।
अहिंसैव गतिः साध्वी श्रीरहिंसैव शाश्वती ॥
अहिंसैव शिवं सूते दत्ते च त्रिदिवश्रियं।
अहिंसैव हितं कुर्यात् व्यसनानि निरस्यति ॥—ज्ञा० स० ८ श्लो० ३२-३३

अहिंसा जगत् की माता है; क्योंकि समस्त जीवों का प्रतिपालन करनेवाली है। अहिंसा ही आनन्द की सन्तति है, अहिंसा ही उत्तम गति एवं शाश्वती लक्ष्मी है। जगत् में जितने उत्तम गुण हैं, सब अहिंसा में ही निवास करते हैं।

अहिंसा ही मोक्ष, स्वर्ग आदि के वैभव को देती है और अहिंसा ही आत्मा का हित करती है तथा समस्त कष्टरूप आपदाओं को नष्ट करती है।

जैनाचार्यों ने अहिंसा पर पर्याप्त विस्तारपूर्वक लिखा है। उनका मत है कि आत्मा की चैतन्य शक्ति की अपेक्षा एकेन्द्रिय से पञ्चेन्द्रिय पर्यन्त वनस्पति, जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी, कीड़े-मकोड़े, चींटी, मक्खी, पशु, पक्षी, मनुष्य आदि सभी जीव समान आत्मशक्तिवाले हैं। अतः सब आपस में भाई-भाई हैं, ऐसी अवस्था में किसी भी जीव का वध करना भ्रातृवध के समान महा पापबन्ध का कारण है। झूठ बोलना, चोरी करना, कुशील सेवन करना और अधिक संचय करना हिंसा है। अहिंसक के लिये अपने मन, वचन और काय की समस्त प्रवृत्तियों को शुद्ध रखना अत्यावश्यक है। राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, विषय-कषाय आदि सभी हिंसा के रूपान्तर हैं। अहिंसक को विचारों को शुद्ध रखने के लिए स्याद्वाद सिद्धान्त का आश्रय लेना भी आवश्यक है तथा आहार-विहार को भी पूर्ण शुद्ध बनाना रखना पड़ता है। मद्य, माँस, मधु का त्याग, अभक्ष्य भक्षण का त्याग, रात्रि भोजन का त्याग, बिना छने जल का त्याग, अमार्यादित भोजन का त्याग भी अहिंसक को करना चाहिये। समस्त प्राणियों के प्रति दयालु होना, समताभाव रखना, ईर्ष्या-घृणादि का त्याग कर विश्वबन्धुत्व की भावना को अपनाना प्रत्येक अहिंसक का परम कर्त्तव्य है।

प्रमुख दि० जैनाचार्यों का विवरण

यह विवरण हमें पूज्य आचार्यश्री महावीरकीर्त्तिजी के एक गुटके में लिखा मिला है। इतिहास के परिज्ञान के लिए आचार्यों की वंशावली, उनका दीक्षाकाल, उनका समय परिज्ञान कितना महत्वपूर्ण होता है, यह सभी इतिहास विशारद जानते हैं। अभीतक दि० जैनाचार्यों की पट्टावलियों और वंशावलियों का अन्वेषण ऐतिहासिक दृष्टि से हुआ ही नहीं है। इस दिशा में प्रयास करने की अत्यन्त आवश्यकता है। हस्तलिखित ग्रन्थों की प्रशस्तियों के दो तीन संग्रह भी दिगम्बर सम्प्रदाय में प्रकाशित हो चुके हैं तथा इतिहासविज्ञ प्रेमीजी और मुख्तार सा० के कई निबन्ध संग्रह में प्रकाशित हैं। शिलालेखों के संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं। अतः इस सामग्री के आधार पर तथा नवीन अन्वेषणों के आधार पर दिगम्बर जैनाचार्यों का एक प्रमाणिक इतिहास लिखे जाने की बड़ी भारी आवश्यकता है। साधन सामग्री इस समय वर्तमान है। आजका समय इतिहास लिखने के लिए बहुत उपयोगी है। सभी प्रकार के संभव साधन सामने प्रस्तुत हैं। अधिकांश हमारा साहित्य मुद्रित अवस्था विद्यमान है। अतएव इतिहासविज्ञों को इस ओर शीघ्र प्रयास करना चाहिए। यों तो 'दि० जैन साहित्य' का इतिहास भी वर्णी दि० जैन ग्रन्थमाला काशी के तत्त्वावधान में समाज के लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों द्वारा तैयार हो रहा है। आरम्भ में तो इतिहास की चर्चा पर्याप्त थी, पर इधर लगभग एक वर्ष से वह चर्चा शान्त सी मालूम हो रही है। उस दिशा में कार्य शीघ्र होना चाहिए। समाज के धनिक श्रीमानों को इस आवश्यक और उपयोगी कार्य के लिए मुक्तहस्त से दान देना चाहिए। वर्णीग्रन्थमाला के अधिकारियों को भी इस ओर अधिक से अधिक प्रयत्न करने की आवश्यकता है। दि० जैन साहित्य और उसके निर्माताओं के इतिहास की अत्यन्त आवश्यकता है। बड़े से बड़े दि० आचार्य का प्रामाणिक जीवनवृत्त ऐतिहासिक ढंग से अभीतक लिखा ही नहीं गया है। अतएव इस ओर समाज का ध्यान शीघ्र ही आकृष्ट होना चाहिए।

प्रस्तुत विवरण में आचार्यों का संवत्, दीक्षातिथि, जाति, गृहस्थ वर्ष, दीक्षा वर्ष, पट्ट वर्ष, अन्तर दिन और सर्व वर्षायु दी जा रही है। इन विवरणों में कहाँ तक प्रामाणिकता है, यह तो इतिहास मनीषी ही जान सकेंगे। यदि कोई ऐतिहासिक विद्वान् आचार्यों के इन विवरणों में संशोधन प्रस्तुत करेंगे, तो भास्कर उसका भी स्वागत करेगा। अतः इस विषय पर अधिक प्रकाश डालने की आवश्यकता है, जिससे इतिहास के निर्माण के लिए प्रामाणिक सामग्री प्रस्तुत की जा सके।

—नेमिचन्द्र शास्त्री

नं०	संवत्	तिथि	आचार्य नाम	जाति	गृहस्थ वर्ष	दीक्षा वर्ष	पट्टवर्ष	अंतर दिन	सर्व वर्षायु
१	४	चैत्रसुदी १४	श्री भद्रबाहु	पंवाररजपूत	२४	३०	२२-१०-२७	३	७६-११-०
२	२६	फाल्गुनसुदी १४	गुप्तगुप्तिश्री	पंवार	२२	३४	९-६-२५	५	६५-७-०
३	३६	आश्विनसुदी १४	श्री माघनन्दी	जैसवाल	२०	४४	४ ४-२६	४	६८-५-०
४	४०	फाल्गुनसुदी १४	श्री जिनचन्द्र	चोमरवा पोरवाड	२४-९-०	३३-३-०	८-९-६	३	६५-९-९
५	४९	पौषवदी ९	श्री कुन्दकुन्द	पल्लीवाल	११	५१-१०-१०	०	५	९५-१०-१५
६	१०१	का० सु० ८	उमा स्वामी	अयोध्यापुरी श्रावक	१९	२५	४०-८-१	५	८४-८-६
७	१४२	आषाढ़ सु० १४	लोहाचार्य	लमेंचू	२१	३८	१०-१०-२७	६	६९-१०-२६
८	१५३	ज्येष्ठ सु० १०	यशकीर्ति	जैसवाल	१२	२१	५८-८-१०	५	९१-८-१५
९	२११	फा० व० १०	यशोनन्दि	जैसवाल	१६	१७	४६-४-९	४	७९-४-१३
१०	२५८	आषाढ़ शु० ८	देवनन्दी	पोरवाल	१०-५-०	१५-१७-०	४९-१०-२८	४	७५-११-२
११	३०८	ज्येष्ट सु० १०	श्री० पूज्यपाद	पद्मावती पोरवाल	१५	११-७-०	४४-११-२२	७	७१-६-२९
१२	३५३	ज्येष्ठ सु० ६	गुणनन्दि	गोला पूरब	१४	१३-५-०	१३-३-१	४	४०-८-५
१३	३६४	मा० सु० १४	जम्बूनन्दि	×	१९	१६-३-०	२२-५-१	४	५७-८-५
१४	३८६	फाल्गुन व० ४	कुमारनन्दि	सहालवाल	१६	१०-२-०	४०-२-२०	९	६६-४-२९
१५	४२७	ज्येष्ठ व० ३	लोकचन्द्र	लमेंचू	१८	१६	२६-३-१६	१०	६०-३-२६
१६	४५३	मा० सु० १४	श्री प्रभाचन्द्र	पंचम श्रावक	९	२४	२५-३-१५	१६	५८-५-२६
१७	४७८	फाल्गुनसु० १०	श्री नेमिचन्द्र	नैगम श्रावक	१०	२२	८-६-१	९	४०-९-१०

नं०	संवत्	तिथि	आचार्य नाम	जाति	गृहस्थ वर्ष	दीक्षा वर्ष	पट्ट वर्ष	अन्तर दिन	सर्वंवर्षायु
१८	४८७	पौष वदी ५	भावनन्दि	ईसर	११	१५	२१-७-२४	१२	४६-१-६
१९	५०८	माघ सु० ११	हरिनन्दि	श्री० मालसीकसरा	६	१५	१६-१७-१५	१४	४०-७-२६
२०	५२५	आसौज सु० १०	वसुनन्दि	वघनौरा	१०	३०	६-२-२२	६	४६-३-१
२१	५३१	पौष सु० ११	श्री वीरनन्दि	लमेंचू	६	१३	३०-०-१४	१०	५२-०-२४
२२	५६१	माघ सु० ५	श्री रतनकीर्ति	अग्रवाल	८	१२	२३-४-७	११	४३-५-१८
२३	५८५	आषाढ़ व० ८	,, माणिक्यनन्दि	अग्रवाल	१०	१९	१६-५-१०	१५	४५-५-२५
२४	६०१	पौष व० ३	,, मेघचन्द्र	खंडेलवाल	२४-३-३६	६-७-१३	२५-५-३०	१२	५६-६-२
२५	६२७	आसौ० व० ५	,, शान्तिकीर्ति	सहलवाल	७	१०	१५-०-२५	२०	३२-१-१५
२६	६४२	आ० सु० ५	मेरुकीर्ति	सहलवाल	८	११	४४-३-१६	१३	६३-३-२६
२७	६८६	मगसिर सु० ४	,, महाकीर्ति	सहलवाल	६	१२	१७-११-५	१५	३५-११-२०
२८	७०४	मगसिर व० ६	,, विजयनन्दि	बागडा	७	१४	१२-४-०	१५	४२-४-१५
२९	७२६	चैत्र सु ०	,, भूषण	सहलवाल	१४	८	६	२६	३१-०-२६
३०	७३५	वैशा० सु० ५	,, चन्द्र	श्रीवाल	६	१२	१४-३-४	११	३२-४-५
३१	७४६	मा० सु० १०	,, नन्दकीर्ति	नागदहीं	१५	२०	१५-६-४	१३	५०-६-१७
३२	७६५	चै० व० १२	,, देशभूषण	श्रीमाल	१८	२४	०-६-६	७	४२-६-१३
३३	७६५	आसौ० सु० १०	,, अनन्तकीर्ति	पोरवालशाखा	११	१३	१९-६-२५	१०	४३-१०-५
३४	७८१	श्रावण सुदी	,, धर्मनन्दि	नागडा	१३	१८	२२-६-२५	५	५३-१०-०

नं०	संवत्	तिथि	आचार्य नाम	जाति	गृहस्थ वर्ष	दीक्षा वर्ष	पट्टवर्ष	अंतर दिन	सर्ववर्षायु
३५	८०८	ज्येष्ठ सु० १५	श्री वीरचन्द्र	बघेरवाल हरसोरा	१३	२५	३२-०-४	८	७०-०-१२
३६	८४०	आषाढ़ व० १२	,, रामचन्द्र	पंचम श्रावक	८	११	१६-१०-०	६	३५-१०-०
३७	८५७	पौ० सु० ३	,, रामकीर्ति	लमेंचू	१४	१६	२१-४-२६	११	५१-५-७
३८	८७८	आसौज सु० १०	,, अभयचन्द्र	अयोध्यापुरी श्रावक	१८	१०	१७-०-२७	४	४५-१-१
३९	८९७	का० सु० ११	,, नरचन्द्र	नैगम श्रावक	१५	२१	१८-६-०	६	५४-६-६
४०	९१८	भादो व० ५	,, नागचन्द्र	बागडा	२१	१३	२३-२-३	१०	६७-०-१३
४१	९३९	भादो सु० ३	,, नैयानन्दि	हूमर	८	१०	८-९-११	९	२६-९-२०
४२	९४८	आसाढ़ व० ८	,, हरिचन्द्र	बघेरकल हरवोल	८-४-०	१४-८-०	२६-१-८	८	४९-१-२६
४३	९७४	श्रा० शु० ९	,, महीचन्द्र	धाकडा	१४	१८-११-०	१६-६-०	५	४१-५-५
४४	९९०	मा० सु० १४	,, माघचन्द्र	पद्मावती पोरवाल	१३	२०	३२-०-२४	६	६५-३-३
४५	१०२३	ज्येष्ठ व० २	,, लक्ष्मीचन्द्र		११	२५	१४-४-३	१०	४९-११-१३
४६	१०३७	आसौ० सु० १	,, गुणनन्दि	नगौलवाल	१८	२०	१०-१०-२९	१४	४८-११-१३
४७	१०४८	भादों सु० १४	,, गुणचन्द्र	गोलादूस	१०	२२	१७-८-७	१०	४९-८-१७
४८	१०६६	ज्येष्ठ सुदी १	,, लोकचन्द्र	सहलवाल	१५	३०	१३-३-३	४	५८-३-७
४९	१०७९	भाद्रपद सु० ८	,, श्रुतकीर्ति	सचाणु श्रावक	१३	३२	१५-६-६	६	६०-६-१२
५०	१०९४	चैत्र व० ५	,, भावचन्द्र		१२	२५	२०-११-२५	५	५८-०-०
५१	१११५	चैत्र व० ५	,, महीचन्द्र	श्रीमाली	१०	२६	२५-६-१०	५	६१-५-१५

नं०	संवत्	तिथि	आचार्य नाम	जाति	गृहस्थ वर्ष	दीक्षा वर्ष	पट्टवर्ष	अंतर दिन	सर्वायु
५२	११४०	भादों सु० ११	श्री माघचन्द्र	पंचम श्रावक	१४	१३	४-३-१७	७	३१-३-२४
५३	११४४	पौष व० १४	,, वृषभनन्दि	बघनौरा	७	३७	३-४-१	४	४७-४-५
५४	११४८	वै० सु० ४	,, शिवनन्दि	सहलवाल	६	३६	७-६-७	१४	५५-७-१
५५	११५५	म० सु० ५	,, वसुचन्द्र	बघनौरा	११	४०	०-७-२८	३	५१-८-१
५६	११५६	श्रा० सु० ६	,, सहनन्दि	सचाणु श्रावक	७	३२	४-[illegible]-२४	५	४०-०-२६
५७	११६०	भा० सु० ५	,, भावनन्दि	हुम्मड श्रावक	११	३०	७-२-०	३	४८-२-३
५८	११६७	का० सु० ८	,, देवनन्दि	धाकड श्रावक	११	३०	७-२-०	३	४४-३-१३
५९	११७०	फा० व० ५	,, विद्याचन्द्र	बागड	१४	३८	५-५-५	१४	५७-५-१६
६०	११७६	श्रा० सु० ६	,, सूरचन्द्र	नरसिंहपुरा	१०	३५	८-१-२६	२	५३-२-१
६१	११८५	आसो० सु० १०	,, माघनन्दि	चतुर्थ श्रावक	३-३-०	३२-२-०	४-१-१६	५	५०-६-२१
६२	११८८	मग० सु० १	,, ज्ञानकीर्ति	गंगरी श्रावक	१०	३४	११-०-३	७	५५-०-१०
६३	११९९	मग० सु० ११	,, अंगकीर्ति	×	१३	३३	७-२-८	१०	५३-२-१८
६४	१२०६	फागु० व० १४	,, सिंहकीर्ति	नरसिंहपुरा	८	३७	२-२-१५	११	४७-३-१
६५	१२०९	ज्येष्ठ व०	,, हेमकीर्ति	हुमवड	१३	२४	७-३-२७	१६	४४-४-३
६६	१२१६	आसो० सु० ३	,, सुन्दरकीर्ति	सहलवाल	६-६-०	१९-३-०	६-६-२०	१०	३२-७-०
६७	१२२३	वै० सु० ३	,, नेमिचन्द्र	नागदुहा	७	१९	७-७-२९	९	३५-९-८
६८	१२३०	मा० सु० ११	,, नाभिकीर्ति	नैगम श्रावक	५	३५	१-११-२६	४	४२-०-०

नं०	संवत्	तिथि	आचार्य नाम	जाति	गृहस्थ वर्ष	दीक्षा वर्ष	पट्ट वर्ष	अन्तर दिन	सर्व वर्षायु
६६	१२३२	मा० सु० ११	श्री नरेन्द्रकीर्ति	नागदुहा	१४	१३	६-०-२८	१२	३६-१-०
७०	१२४१	फा० सु० ११	,, श्रीचन्द्र	बघेरवाल	७	२५	६-३-२४	७	३८-४-१
७१	१२४८	आ० सु० १२	,, पद्मकीर्ति	पोरवाल	१०	२२	४-११-२५	६	३७-०-१
७२	१२५३	आ० सु० १३	,, वर्द्धमान	बघनीरा	१८	५	२-११-२८	३	२६-०-१
७३	१२५६	आ० सु० १४	,, अकलंकचन्द्र	अवशाखा पोरवाल	१४	३३	१-३-२४	७	४८-४-१
७४	१२५७	का० सु० १५	,, ललितकीर्ति	लमेंचू	१३	२४	४-०-०	५	४१-०-५
७५	१२६१	मगसिर व० ५	,, केशवचन्द्र	लमेंचू	११	३५	०-६-१५	६	४६-६-२१
७६	१२६२	ज्येष्ठ सु० ११	,, चारुकीर्ति	पंचम श्रावक	१३	२२	२-३-१	७	४६-३-८
७७	१२६४	आषाढ़ व० २	,, अभयकीर्ति	अठशाखा पोरवाल	११-२-०	३०-५-०	०-४-१०	७	४१-११-७
७८	१२६४	माघ सु० ५	,, वसन्त कीर्ति	शाहगोत्र	१२	२०	१-४-२२	८	३३-५-०
७९	१२६६	आसौ० सु० ५	,, प्रख्यात कीर्ति	पंचम श्रावक	११	१५	२-३-३६	४	२८-३-२३
८०	१२६८	का० व०	,, शान्ति कीर्ति	छावडा गोत्र	१८	२३	२-६-७	८	४३-६-१५
८१	१२७१	श्रा० सु० १५	,, धर्मचन्द्र	सेठी गोत्र	१६	२४	२५-०-५	८	६५-०-१३
८२	१२९६	भा० व० १३	,, रत्नकीर्ति	नागदुहा	१६	२५	१४-४-१०	६	५८-४-१६
८३	१३१०	पौ० सु० १४	,, प्रभाचन्द्र	पद्मावती पोरवाल	१२	१२	७४-११-१५	८	६८-११-२३
८४	१३८५	पौ० सु० ७	,, पद्मानन्दि	,,	१०-७-०	२३-५-०	६५-०-१८	१०	६१-०-२८
८५	१४५०	मा० सु० ५	,, शुभचन्द्र	अग्रवाल	१६	२४	५६-३-४	११	६६-३-१५
८६	१५०७	ज्येष्ठ व० ५	,, जिनचन्द्र	अग्रवाल	१२	१५	६४-८-१७	१०	६१-८-२७

श्री वीसतीर्थङ्करों के नाम, चिन्ह व माता, पिता और नगरी के नाम

नं०	नाम	चिन्ह	पिता के नाम	माता के नाम	नगरी के नाम
१	श्री सीमंधरजी	वृषभ	श्रेयांस	सत्य देवी	पुण्डरीकणी
२	,, युगमंधरजी	हाथी	सुदृढ़रथ	सुतारा	सुसीमा
३	,, बाहुजी	मृग	सुग्रीव	विजया	अयोध्या
४	,, सुबाहुजी	कपिल	निशाटिल	सुनन्दा	अलकापुरी
५	,, संजातकजी	सूरज	देवसेन	सेना	विजया
६	,, स्वयंप्रभजी	चन्द्रमा	मित्रभूत	सुमंगला	सुसीमा
७	,, ऋषभाननजी	हरि	कीरत	वीरसेना	अयोध्या
८	,, अनन्तवीर्यजी	गज	मेघ	सुमंगला	विजया
९	,, सूर्यप्रभजी	सूर्य	नागराय	भद्रा	पुण्डरीकणी
१०	,, विशालकीर्तिजी	चन्द्रमा	विजय राय	विजया	सुसीमा
११	,, वज्रधरजी	शंख	पद्मरथ	सरस्वती	पुण्डरीकणी
१२	,, चन्द्राननजी	वृषभ	वाल्मीकि	पद्मावती	विनीता
१३	,, चन्द्रबाहुजी	पद्म	देवनन्दी	सुरेणुका	विजया
१४	,, भुजंगमजी	चन्द्रमा	महाबल	महिमा	सुसीमा
१५	,, ईश्वरजी	सूर्य	गलसेन	ज्वाला	अयोध्या
१६	,, नेमिप्रभुजी	वृषभ	वीरसेन	सेना	पुण्डरीकणी
१७	,, वीरसेनजी	ऐरावत	(भुवपाल) भोपाल	सुभानमती	विजया
१८	,, महाभद्रजी	चन्द्रमा	देवराज	उमा देवी	सुसीमा
१९	,, यशकीर्तिजी	साथिया	श्रवभूत	गंगा देवी	अयोध्या
२०	,, अजितवीर्यजी	पद्म	सुबोध	कनका	अयोध्या

मूलसंघ भट्टारक गुरु नामावली

[श्री अगरचन्द नाहटा]

जैन इतिहास के अनेकानेक साधनों में पट्टावली, गुर्वावली, स्थविरावली आदि संज्ञाओंवाली, आचार्य परम्परा की नामावली व इतिहास को प्रकाशित करनेवाली रचनाओं का अपना विशिष्ट स्थान है। वास्तव में देखा जाय तो जैन इतिहास की यह मूलभूत सामग्री है। क्योंकि भगवान् महावीर के बाद जैन शासन का नेतृत्व उन कुशल आचार्यों के हाथ में ही रहा, जिनका वर्णन इन रचनाओं में मिलता है। अतः भगवान महावीर के बाद कौन-कौन आचार्य हुए? उनकी गुरु परम्परा क्या रही? वे कब और कहाँ रहे? कहाँ-कहाँ विचर कर जैन शासन की क्या सेवा की? किन-किन राजाओं पर उनका प्रभाव व सम्बन्ध था? उन्होंने किन-किन ग्रन्थों की रचना की? किन-किन को जैन धर्म में प्रतिबोधित किया और उनसे क्या-क्या धार्मिक कार्य करवाये? कहाँ-कहाँ के मन्दिर और मूर्तियों की प्रतिष्ठा की? तीर्थयात्रा की, व संघ निकलवाये, वादियों को शास्त्रार्थ कर उन्हें पराजित किया? इत्यादि अनेकानेक घटनाएँ इन पट्टावलियों आदि में पायी जाती हैं।

प्राचीन काल के मुनियों का जीवन अध्यात्मपूर्ण था, इसलिए वे अपनी प्रसिद्धि तनिक भी नहीं चाहते थे। उन्होंने लोकोपकार के लिए बड़े-बड़े और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का निर्माण किया। पर उनमें से बहुत से ग्रन्थों में तो रचयिताओं ने अपना नामोल्लेख तक नहीं किया। परवर्ती कुछ ग्रन्थकारों ने अपने नाम का निर्देश मात्र कर दिया पर अपना परिचय कुछ भी नहीं दिया। कई ग्रन्थकारों ने तो अपनी रचनाओं को पूर्ववर्ती आचार्यों के नाम पर प्रसिद्ध कर दिया अर्थात् वे इतने निस्पृह थे कि उनके उपदेश पूर्वाचार्यों की परंपरा से प्राप्त हुए हैं, इसलिए हमें अपने नाम बतलाने की आवश्यकता नहीं व पूर्व महर्षि जनता के अधिक श्रद्धा भाजन हैं। अतः उनके नाम से रचित ग्रन्थों का लोकमानस पर अधिक अच्छा प्रभाव पड़ेगा, बस इसीमें उन्होंने रचना के उद्देश्य की सफलता समझी। क्योंकि जिस जनता के लिए उसका निर्माण हुआ है, उनपर उसका अधिक से अधिक प्रभाव पड़े, तो रचना का उद्देश्य सफल हो गया।

क्रमशः लोकैषणा—नाम और यश की कामना बढ़ती गयी। इसलिए ग्रन्थकार अपना परिचय विस्तार से देने लगे; इतिहास के लिए तो यह प्रयत्न बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ अन्यथा बहुत से प्राचीन ग्रन्थों के रचना काल और रचयिता का निश्चय अन्य उल्लेखों और अनुमान के आधार से किया जाता है, वह संदिग्ध ही रहता है।

प्राचीन राजाओं और आचार्यों की परम्पराओं का कुछ उल्लेख ग्रन्थान्तरों में मिलता है। जैसे पुराणों में अनेक राजवंशों की नामावलियाँ प्राप्त होती हैं। वैसे ही कतिपय जैन ग्रन्थों में

भी राजाओं और आचार्यों की वंशावली उनके शासन काल के समय के साथ दी हुई मिलती हैं। उदाहरणार्थ जैसे षट्खंडागम, तिलोय-पण्णत्ति में वीर निर्वाण ६८३ वर्ष तक के आचार्यों का और शक राजाओं के राज्यकाल का उल्लेख प्राप्त होता है। ऐसे ही कई श्वेताम्बर ग्रन्थों में उल्लेख हैं जिनके आधार से जैन काल गणना के सुनिश्चित करने का प्रयत्न मुनि कल्याण विजय जी ने अपने 'वीर निर्वाण संवत् और जैन काल गणना' नामक बृहत् निबन्ध में किया है।

जैसा कि मैंने अपने अन्य लेखों में लिखा है कि ऐतिहासिक साधन दिगम्बर समाज की अपेक्षा श्वेताम्बर समाज के अधिक प्राप्त होते हैं। कारण भी स्पष्ट है कि दिगम्बर आचार्यों को नग्न आदि रहने से वन एवं गुफाओं में ही अधिक रहना पड़ा। फलतः उनका आध्यात्मिक झुकाव अधिक रहा। जबकि श्वेताम्बर मुनि नगरों और जन साधारण के सम्पर्क में अधिक आये, क्रमशः वे चैत्यों में निवास करने लगे। राजाओं आदि के सम्पर्क में वे अधिक आये अतः उनका आध्यात्मिक झुकाव कम हो जाना स्वाभाविक था।

वीराब्द ६८० में श्वेताम्बर आगम देवर्द्धिगणि ने लिपि बद्ध किये। तब उस समय तक की आचार्य-परम्परा को बताने के लिए स्थविरावलियों का निर्माण हुआ। जिनमें से एक प्राकृत गाथाबद्ध संक्षिप्त स्थविरावली नन्दीसूत्र में पाई जाती है और दूसरी विस्तृत गद्य स्थविरावली कल्पसूत्र के साथ जोड़ी गई है। इनके आधार से हम वीरनिर्वाण तक की १००० वर्षों तक भी अनेक इतिहास की कड़ियों को व्यवस्थित कर सकते हैं। नन्दीसूत्र की स्थविरावली में तो केवल आचार्य परम्परा के नाम देकर उनका गुणोत्कीर्तन किया है पर कल्पसूत्र की स्थविरावली में उन आचार्यों के अनेक शिष्यों के नाम और उनके द्वारा प्रसिद्धि में आये कुल, गण और शाखाओं आदि की जानकारी मिल जाती है। मथुरा की कई प्राचीन मूर्तियों के शिलालेखों में जो गणों आदि का उल्लेख है उनका कल्पसूत्र की स्थविरावली में विवरण मिलता है। तीसरी स्थविरावली हेमवंत स्थविरावली के नाम से प्रसिद्ध है जो मूलरूप में प्रकाशित होने से पूर्व उसका हिन्दी अनुवाद कल्याण विजय जी ने अपने महानिबन्ध के परिशिष्ट में प्रकाशित कर दिया है। इसके बाद कई शताब्दियों तक कोई स्थविरावली या पट्टावली रची हुई नहीं मिलती। इसीलिए छठी शताब्दी से दसवीं शताब्दी के बीच की आचार्य परम्परादि का जैसा वर्णन चाहिए, नहीं मिलता। १२ वीं शताब्दी में फिर कुछ रचनाएँ रची जानी चालू होती हैं जिनमें गणधर सार्द्धशतक, गणधरसत्तरी आदि उल्लेखनीय हैं। १३ वीं शताब्दी से हम ऐतिहासिक साधनों की प्रचुरता पाने लगते हैं। इस समय पूर्व इतिहास का संकलन और नवीन ऐतिहासिक व्यक्ति सम्बन्धी ग्रन्थों का निर्माण जारी हुआ। प्रबन्ध संग्रह आदि कई ग्रन्थों की परंपरा यहीं से प्राप्त होने लगती है। हाँ, संवत् १३३४ में रचित प्रभावक चरित्र में जो कई पूर्वाचार्यों के प्रबन्ध

हैं उनका मूल आधार कई प्राचीन प्रबन्ध संग्रह हैं जो अब मूलरूप में प्राप्त नहीं हैं। कुछ आचार्यों के प्रबन्धों की पाटण में ताड़-पत्रीय प्रतियाँ हैं और अन्य कई प्रबन्धों का संग्रह मुनि जिन विजय जी ने अपने "पुरातन प्रबन्ध संग्रह" में प्रकाशित किया है। इसमें सं० १२९० में जिनभद्र रचित 'नाना कथानक प्रबन्धावली' आदि का उल्लेख है। १४ वीं शताब्दी से तो, जहाँतक पट्टावलियों का सम्बन्ध है, कुछ विशिष्ट पट्टावलियाँ प्राप्त होने लगती हैं। सं० १३०५ में रचित जिनपालोपाध्याय की युगप्रधानाचार्य गुर्वावली, अद्वितीय ऐतिहासिक ग्रन्थ है। इसमें अस्सी वर्षों का इतिहास तो संवतानुक्रम से दिया हुआ है। शायद इस पद्धति से लिखा जानेवाला यह सर्व प्रथम ऐतिहासिक ग्रन्थ होगा। इसकी परंपरा पीछे भी चलती रही फलतः सं० १३९३ तक का तो संवतानुक्रम से लिखा इतिवृत्त हम इस गुर्वावली में पाते हैं। इसके बाद सं० १३४३ का उपकेश गच्छ प्रबन्ध इस गच्छ की गुरु परंपरा का उत्तम परिचय हमें देता है। इसके बाद १५ वीं शताब्दी में रचित मुनि सुन्दर सूरि की तपागच्छ गुर्वावली और मेरुतुङ्ग सूरि की 'अंचलगच्छ पट्टावली' प्राप्त होती है। १६ वीं शताब्दी से तो अनेक गच्छों की पट्टावलियाँ संस्कृत और लोक भाषा में लिखित प्राप्त हैं। जिनमें से कुछ का संग्रह खरतर गच्छ पट्टावली संग्रह, पट्टावली समुच्चय भाग १, २ और विविध गच्छीय पट्टावली संग्रह (मुनिजिन विजय द्वारा संपादित पर अभी अप्रकाशित) में हुआ है। कई पट्टावलियों को मूल व साररूप में हमने भी प्रकाशित किया है। कई अन्य मुनियों ने भी प्राप्त सामग्री के आधार से नये ग्रन्थ लिखकर प्रकाशित किये हैं। कुछ पट्टावलियों का सार 'जैन गुर्जर कवियों भाग २, ३' के परिशिष्ट में भी प्रकाशित हुआ है।

जहाँ तक दिगंबर पट्टावलियों का प्रश्न है, प्राचीन विस्तृत पट्टावलियाँ तो जानने में नहीं आईं। जैसा कि पहले लिखा गया है षट्खण्डागम के वेदना खण्ड में और तिलोय पण्णत्ति में वीरात् ६८३ वर्ष तक के पूर्वधर और अंगधर आचार्यों की नामावली मात्र मिलती है। उसके पश्चात् आचार्य जिनसेन के 'हरिवंश' में वि० सं० ८४० तक की अविच्छिन्न गुरु परम्परा प्राप्त होती है। वीरात् ६८३ वर्ष तक के आचार्यों की नामावलि के बाद ६२७ वर्षों में हुए २९/३० आचार्यों का इसमें वर्णन है। तदनन्तर दर्शन सार में हम कुछ संघ एवं गणों आदि की जानकारी पाते हैं। पर पट्टावलियों के रूप में लिखा कोई प्राचीन ग्रंथ अभी तक देखने में नहीं आया। कुछ फुटकर संक्षिप्त पट्टावलियां जानने में आई हैं वे बहुत परवर्ती रचना प्रतीत होती हैं। इसलिए उनमें दिये हुए प्राचीन आचार्यों के समय आदि संदिग्ध ही लगते हैं। उन सब में प्राचीन कौनसी हैं? इसे तो शोध प्रेमी कोई दिगंबर विद्वान् ही बता सकते हैं। इस संबंध में मेरी जानकारी सीमित होना स्वाभाविक ही है। फिर भी अपने विशाल अध्ययन के बल पर जो थोड़ा बहुत लिख जाता हूँ वह दिगंबर विद्वानों के लिए प्रेरणा दायक होना चाहिये। एक श्वेताम्बर व्यक्ति बार-बार उन्हें अपने ऐतिहासिक साधनों और ग्रंथ-सूची प्रकाशित करने के लिए

प्रेरणा करता है, फिर भी कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाया जाता यह अवश्य ही विचारणीय है; दिगंबर समाज में पैसों की कमी नहीं। शांति प्रसाद जी जैसे उदार व मुक्त हस्त व्यक्ति से अच्छे कार्यों के लिए जब जितना चाहें पैसा मिल सकता है और विद्वानों की भी दिगम्बर समाज में कमी नहीं। आप उनकी सूची बनाने लगेंगे तो सैकड़ों की संख्या पहुंच जायगी। फिर भी अभी तक दिगम्बर जैन इतिहास के मूल भूत साधनों के संग्रह ग्रंथ तेजी से प्रकाशित नहीं हो रहे हैं, यह बहुत ही लज्जा जनक स्थिति है। प्रतिमा लेखों के संग्रह को ही देखिये, श्वेताम्बर समाज के पन्द्रह-बीस ग्रंथ बहुत बड़े २ और महत्वपूर्ण प्रकाशित हो चुके हैं। तब दिगम्बर समाज में प्रेमी जी की प्रेरणा से प्रकाशित "जैन शिलालेख संग्रह" के दो भाग ही उल्लेखनीय है बाकी की छोटी २ पुस्तकें तो नाम मात्र की हैं। इसी तरह ऐतिहासिक काव्य, रास गीत, पट्टावलियाँ, आदि का कोई संग्रह प्रकाशित नहीं हुआ। केवल दो "प्रशस्ति संग्रह" अवश्य उल्लेखनीय हैं।

जैन तीर्थों की इतिहास संबंधी सामग्री भी दिगम्बर विद्वानों की रचित बहुत कम मिलती है। कुछ संक्षिप्त 'निर्वाण भक्तियाँ' प्राप्त होती हैं, उनका भी संग्रह होना चाहिये माना कि बड़े-बड़े ऐतिहासिक काव्य, बड़ी २ पट्टावलियाँ और दिगम्बर जैन जातियों की उत्पत्ति के प्राचीन साधन, विशिष्टाचार्यों और श्रावकों के किये हुए धर्मकृत्यों आदि का प्राचीन वर्णन श्वेताम्बर समाज की अपेक्षा कम मिलता है, पर जो कुछ भी सामग्री है, उसको संग्रहित कर शीघ्र ही प्रकाश में लाना चाहिये। अन्यथा सामग्री के अभाव में जैन इतिहास का लेखन ठीक से हो नहीं सकता। अधिकांश सामग्री बिखरी हुई है और वह बहुत छोटे २ रूप में है। इसलिए जहां तक उनका संग्रह प्रकाशित न हो वहां तक उसका उपयोग किया जाना संभव नहीं। कुछ वर्षों पूर्व तो मेरी यह धारणा थी कि दिगम्बर भण्डारों में ऐतिहासिक सामग्री का ही अभाव है पर अब नागौर आदि के भण्डारों के अवलोकन से वह धारणा बदल चुकी है। वास्तव में जो थोड़ी बहुत सामग्री है, वह भट्टारकों के भण्डारों में सुरक्षित है और उनके भण्डारों का सूक्ष्मता से अवलोकन बहुत ही कम किया गया है क्योंकि जब दिगम्बर समाज में कविवर बनारसी दास जी के पश्चात् तेरह पंथ नामक सुधारक पार्टी ने जोर पकड़ा तो भट्टारकीय परम्परा से उसका संघर्ष हुआ। भट्टारकीय परम्परा में श्रावकों में विद्वान् कम हुए, क्योंकि वैसी आवश्यकता नहीं थी। उनको धर्म-साधना कराने वाले भट्टारक और उनके शिष्य थे ही। इसी पराश्रित अवस्था के कारण श्वेताम्बर समाज में भी श्रावक-विद्वान् कम हुए। आवश्यकता ही अविष्कार की जननी है। इधर दिगम्बर तेरह-पंथ में शास्त्रों का पठन-पाठन और समस्त क्रियाकाण्ड श्रावकों को खुद ही करना पड़ा क्योंकि शुद्ध व ऊँचे आचार वाले भट्टारकों की कमी रही और भट्टारकों के क्रियाकाण्ड के वे विरुद्ध थे। अतः उनसे मेल खा नहीं सकता था। धर्म-संरक्षण और साधना का भार स्वयं पर आ पड़ने से श्रावकों को तैयार होना पड़ा। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर जन साधारण के लिए गद्य और पद्य में

उनका लोक भाषा में अनुवाद किया और प्राचीन ग्रंथों के आधार से बहुत से मौलिक ग्रंथ भी बनाये। शास्त्रीय ज्ञान में भट्टारकों से टक्कर लेने के लिए उन्हें बहुत कुछ श्रम करके आगे बढ़ना पड़ा।

भट्टारकों ने अपनी सामग्री को दूसरों को दिखाने व देने में अनुदारता ही रक्खी। इधर सुधारक पार्टी में पंडित अधिक थे पर विरोधी होने के कारण उनके लिए उस सामग्री का दर्शन दुर्लभ-सा था। बीस पंथी भट्टारक परंपरा वालों ने भी अपने गुरुओं के भण्डारों से विशेष लाभ नहीं उठाया। इस तरह वह सामग्री अज्ञात अवस्था में ही पड़ी रही।

इधर जब आमेर के भट्टारकीय भण्डार की सूची प्रकाश में आई और जयपुर जाने पर उस संग्रह के कुछ ग्रंथ स्वयं भी देखे तो ऐसा लगा कि जहाँ तक इन भट्टारकों के भण्डारों का अवलोकन पूर्ण रूप से नहीं किया जायगा, जैन साहित्य का इतिहास अपूर्ण ही रहेगा; उसके बाद मुनि पुण्य विजय जी आदि के नागौर पधारने के प्रसंग से वहां गया और भट्टारक जी से मिलकर उनके भण्डार के अवलोकन की व्यवस्था की तो मेरी वह पूर्व धारणा और भी दृढ़ हो गई। दो दिनों में हमने उस भण्डार को छान डाला। तो उस भण्डार में सैकड़ों अन्य अप्राप्य ग्रंथ हमारे जानने में आये और कई ग्रंथों की बहुत लम्बी २ लेखन प्रशस्तियाँ देखने को मिली। साथ ही कुछ गुटकों आदि में कई भट्टारकों आदि के संबंधित ऐतिहासिक गीत भी मिले जिनके संबंध में इससे पूर्व मुझे कोई भी जानकारी न थी। गुटकाकार संग्रह प्रतियों का इसमें बहुत बड़ा संग्रह है और कई गुटकों में मुझे मूल संघ के नंदी शाखा के बलात्कार गण की गुरुनामावलि देखने को मिली। समयाभाव से इच्छा होने पर भी उसकी उस समय नकल न कर सका। बीकानेर आकर सूची बनाने के लिए नियुक्त पंडित जी से उस नामावलि की नकल भेजने के लिए लिखा गया। और उनसे जो ३५ श्लोकों वाली पट्टावली उपलब्ध हुई वह यहाँ प्रकाशित की जा रही है।

भट्टारक जी से वार्तालाप होने पर विदित हुआ कि उनके पास कई राजाओं और बादशाहों से प्राप्त पट्टे परवाने भी हैं। उनके शासन के अन्य कई स्थानों में भी अच्छे ज्ञान-भण्डार हैं। इनके पास अन्य विस्तृत पट्टावलियाँ भी होनी चाहिये। पर मैं इस सामग्री को देख नहीं पाया। मेरी यह धारणा जरूर बन गई है कि जिस प्रकार श्वेताम्बर समाज में यति की पूज्यों के पास ऐतिहासिक सामग्री अधिक मिलती है। उसी प्रकार दिगम्बर भट्टारकों के पास भी चाहे थोड़ी ही हो पर कुछ काम की सामग्री है जरूर, जिसका हमारे विद्वान् अलगाव वृत्ति के कारण कुछ भी लाभ नहीं उठा सके हैं, भट्टारकों से काम लेने के लिए विनय-व्यवहार में कुशल होना चाहिये।

'जैन सिद्धान्त भास्कर' के प्रथम वर्ष में सेन-गण की ऐसी ही एक संस्कृत पद्य बद्ध लघु पट्टावली भाषानुवाद के साथ प्रकाशित हुई थी। अन्य गणों की भी पट्टावलियाँ मिलती होंगी। ग्रंथ प्रशस्तियों और शिलालेखों के द्वारा उनको संशोधित व प्रामाणिक बनाकर प्रकाशित कराना चाहिये।

एक दो पट्टावलियाँ मैंने ऐसी देखी जो विशेष प्राचीन नहीं पर उनमें पूर्वाचार्यों के वंश, समय आदि का निर्देश किया हुआ था। उसमें से कुछ प्राचीन लेख तो कल्पित से लगे, उनकी जांच अन्य साधनों से की जानी चाहिए।

यथा जयपुर या उदयपुर के म्यूजिम में मैंने एक दिगम्बर शिल्प-पाषाण-खण्ड देखा था। जिसमें बहुत सी छोटी २ मूर्त्तियाँ उत्कीर्णित थीं और उनके नीचे दि०-आचार्य-परम्परा की विस्तृत नामावली खुदी हुई थी। इसी तरह कई दिगम्बर भट्टारकों की पादुकाएं, मूर्तियाँ आदि भी लेख सहित प्राप्त होती हैं। हमारे संग्रह में भी एक ऐसी पीतल की पादुका है, जिसमें सोलहवीं शताब्दी के किसी भट्टारक की पादुका होने का लेख खुदा हुआ है। भट्टारकों के निवास संस्कारादि के स्थानों की पादुकाओं के लेख भी संग्रहीत करने चाहिए। इससे भी पट्टावलियों को शुद्ध करने में मदद मिलेगी।

पट्टावली:—

श्रीमानशेषनरनायकवंदितांघ्रिः,
श्रीगुप्तिगुप्त इति विश्रुत नामधेयः।
यो भद्रबाहू मुनिपुङ्गवपट्टपद्मः,
सूर्यः स वो दिशतु निर्म्मल संघवृद्धिम्॥ १॥
श्रीमूलसंघे जनि नन्दिसंघस्तस्मिन् बलात्कारगणोतिरम्यः।
तत्रावतौ पूर्वपदांश वेदी श्रीमाघनंदीनरदेववंद्यः॥ २॥
पट्टे तदीये मुनिमान्यवृत्तौ जिनादिचन्द्रः समभूदतंद्रः।
ततो भवत्पंचसुनामधामा श्रीपद्मनन्दी मुनिचक्रवर्त्ती॥ ३॥
आचार्यः कुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामतिः।
एलाचार्यो गृद्धपिछः पद्मनन्दीति तन्यते॥ ४॥
तत्त्वार्थसूत्रकर्त्तृत्वप्रकटीकृत सन्मतः।
उमास्वामि पदाचार्यो मिथ्यात्वतिमिरांशुमान्॥ ५॥
लोहाचार्यस्ततो जातोजातरूपधरो नरैः।
सेवनायः समस्तार्थ विबोधनविशारदः॥ ६॥
ततः पट्टद्वयी जाता प्राच्य वाच्युपलक्षणात्।
तेषां यतीश्वराणांस्युर्नामिनीमानित कृत्तः॥ ७॥
यशः कीर्त्तिर्यशोनन्दी देवनन्दी महामतिः।
पूज्यपादापराख्ये यो गुणनन्दी गुणाकरः॥ ८॥

अजनन्दी वज्रवृत्तिस्तार्किकाणां महेश्वरः ।
कुमारनन्दी लोकेन्दुः प्रभाचन्द्रो वचोनिधिः ॥ ९ ॥
नेमिचन्द्रो भानुनन्दी सिंहनन्दी जटाधरः ।
वसुनन्दी वीरनन्दी रत्ननन्दी रतीशभित् ॥ १० ॥
माणिक्यनन्दी मेघेन्दुः शान्तिकीर्त्तिमहायशाः ।
मेरुकीर्त्तिर्म्महाकीर्त्ति विष्णुनन्दी विदांवरः ॥ ११ ॥
श्रीभूषणः शीलचन्द्रः श्रीनन्दी देशभूषणः ।
अनन्तकीर्त्ति धर्म्मादिनन्दी नंदितशासनः ॥ १२ ॥
विद्यानन्दी रामचन्द्रो रामकीर्त्तिरनिन्द्यवाक् ।
अभयेन्दुर्नरचन्द्रो नागचन्द्रः स्थिरव्रत; ॥ १३ ॥
नयनन्दी हरिश्चन्द्रो महीचन्द्रो मलोज्झितः ।
माधवेंदुर्लक्ष्मीचन्द्रो गुणकीर्त्तिर्गुणाश्रयः ॥ १४ ॥
गुणचन्द्रो वासवेंदु र्लोकचन्द्रः श्रुतत्त्ववित् ।
त्रैविद्यः श्रुतकीर्त्याख्यो वैयाकरणभास्करः ॥ १५ ॥
भावचन्द्रो महाचन्द्रो माघचन्द्रः क्रियाग्रणीः ।
ब्रह्मनन्दी शिवनन्दी विश्वचन्द्रस्तपोधनः ॥ १६ ॥
सैद्धान्तिको हरिनन्दी भावनन्दी मुनीश्वरः ।
सुरकीर्त्तिर्विद्याचन्द्र सुरचन्द्रश्रियांनिधिः ॥ १७ ॥
माघनन्दी ज्ञाननन्दी गंगकीर्त्तिमहत्तमः ।
सिंघकीर्त्तिर्हेमकीर्त्तिश्चारनन्दी मनोज्ञधीः ॥ १८ ॥
नेमिनन्दी नाभिकीर्त्ति नरेन्द्रादियशः परम् ।
श्रीचन्द्र पद्मकीर्त्तिश्च वर्द्धमान मुनीश्वरः ॥ १९ ॥
अकलंकश्चन्द्रगुरुर्ललितकीर्त्तिरुत्तमः ।
त्रैविद्यः केशवश्चन्द्रश्चारुकीर्त्ति सुधर्म्मणी ॥ २० ॥
सैद्धान्तिकोभयकीर्त्तिर्वनवासी महातपाः ।
वसंतकीर्त्तिर्व्याघ्राहिसेवितः शीलसागरः ॥ २१ ॥
तस्य श्रीवनवासिनस्त्रिभुवनप्रख्यातकीर्त्तेरभु,
च्छिष्योनेक गुणालयः शमयमध्यानापगासागरः ।
वादीन्द्रः परवादि वारणगणे प्रागल्भ विद्रावणे,
सिंहः श्रीमतिमंडयेति विदितस्त्रैविद्यविद्यास्पदम् ॥ २२ ॥

विशालकीर्त्तिर्वरवृत्तमूर्त्तिस्ततो महात्माश्रुतकीर्त्तिदेवः।
एकान्तराद्युग्रतपो विधाता धाता बसन्मार्गविधे विधाने ॥ २३ ॥
श्रीधर्म्मचन्द्रो जनि तस्य पट्टे हम्मीरभूपालसमर्च्चनीयः।
सैद्धान्तिकः संयमसिन्धुचन्द्रः प्रख्यात माहात्म्य कृतावतारः ॥ २४ ॥
तत्पट्टे जनि रत्नकीर्त्तिरनघः स्याद्वादविद्याम्बुधि-
र्नाना देश विवृत्त शिष्यनिवहः प्राच्यांघ्रि युग्मोगुरुः।
धर्म्माधर्म्म कथास्वसक्तधिषण पापप्रभावाधको,
बालब्रह्मतपः प्रभावरहितः कारुण्य पूर्णाशयः ॥ २५ ॥
पट्टे श्रीरत्नकीर्त्तिरनुपमतपसः पूज्यपादीय शास्त्र,
व्याख्या विख्यातकीर्त्तिगुणगणनिलयः सक्रियसार चंचुः।
श्रीमानानन्दधामा प्रतिबुधनुतमामानसंहापिवादो,
जीयादाचन्द्रतारं नरपतिविदित श्रीप्रभाचन्द्रदेवः ॥ २६ ॥
हंसो ज्ञानभरालिकासमसमाश्लेषप्रभूताद्भुता,
नन्दः क्रीडतिमानसेति विशदे यस्यानिशंसर्द्धतः।
स्याद्वादामृतसिंधुवर्द्धनविधोः श्रीमत्प्रभेन्दु प्रभोः,
पट्टे सूरिमतल्लिका स जायतात् श्रीपद्मनन्दीमुनिः ॥ २७ ॥
महाव्रति पुरंदरः प्रशमदग्धरागांकुरः,
स्फुरत्परमपौरुषः क्षितिरशेषशास्त्रार्थवित्।
यशोभर मनोहरी कृत समस्त विश्वम्भरः,
परोपकृतितत्परो जयति पद्मनन्दीश्वरः ॥ २८ ॥
स्याद्वादामृतसिंधुवर्द्धनकरः सौम्यैर्गुणैर्वल्लभः,
षट् तर्कागम जैनशासन महालब्धप्रतिष्ठोत्सवः।
पट्टे श्रीमुनि पद्मनन्दि विबुधः कल्याणलक्ष्मीकरः,
सोयं श्री शुभचन्द्रदेव मुनियो भव्यैर्जनैर्वंदितः ॥ २९ ॥
पट्टे श्री शुभचन्द्रदेवगणिनः श्रीपद्मनन्दीश्वरः,
स्तर्क्कव्याकरणादिग्रन्थकुशले विख्यात कीर्त्तिर्गणी।
श्रीमांश्रीजिनचन्द्रसूरिरभवद्रत्नत्रयालंकृतो,
हेयादेयविचारमार्गचतुरश्चारित्रचूडामणिः ॥ ३० ॥
प्रकटित जिनमार्गोध्वस्त मोहान्धकारो,
जितनयपरवादि सप्तभङ्गेद्धबोधः।

विधुतविषयसंगस्वीकृतात्मप्रसंगो,
जयतु सततधामा श्रीजिनेन्द्रर्यतीन्द्रः ॥ ३१ ॥
तत्पट्टोदयभूधरे जनि मुनि श्रीमत्प्रभेन्दुर्वशी,
हेयादेयविचारणैकचतुरो देवागमालंकृतो ।
मेयं भोजदिवाकरादि विविधे तर्के च चंचुश्चणो,
जैनेन्द्रादिक लक्षणप्रणयने दक्षोनुययोगेषु च ॥ ३२ ॥
त्यक्त्वा सांसारिकीं भूतिं किंपाकफलसन्निभं,
चिन्तारत्ननिभां जैनीं दीक्षां स प्रापत च चित् ॥ ३३ ॥
पद्मनन्दी गुरुर्जातो बलात्कारगणाग्रणी ।
पाषाणघटिता येन वाहिता श्रीसरस्वती ॥ ३४ ॥
ॐ ह्रीयन्त गिरौ तेन गच्छः सारश्वतो भवेत् ।
अतस्तस्मै मुनीन्द्राय नमः श्री पद्मनन्दिने ॥ ३५ ॥

इति श्री मूलसंघे भट्टारक श्री भद्रबाहूवादिगुरुणां नामावली समाप्तः ।

॥ इति ॥

कल्पित कथा समीक्षा

भगवान महावीर स्वामी के अवतार के विषय में श्वेताम्बर और दिगम्बरों में बड़ा ही मत भेद है। श्वेताम्बर सम्प्रदाय मानता है कि भगवान महावीर स्वामी का गर्भ परिवर्त्तन हुआ। श्वेताम्बर कल्प सूत्र पृ० १० वें पर बतलाया गया है कि महावीर स्वामी पहले नीच गोत्र के उदय से ऋषभदत्त ब्राह्मण की देवनंदा ब्राह्मणी के गर्भ में आये थे। फिर इन्द्र ने हरिणगवेसी देव को भेजकर भगवान महावीर स्वामी को ८२ दिन के पीछे देवनन्दा के पेट में से निकलवाकर त्रिशला रानी के पेट में रखवा दिया और उसकी गर्भस्था पुत्री को देवनंदा के पेट में रखवा दिया।

श्री महावीर स्वामी के गर्भ में आने के पहले देवनंदा को १४ शुभ स्वप्न दीखे थे और ८२ दिन के पीछे त्रिशला रानी के पेट में पहुंचने के पहिले वैसे ही १४ शुभ स्वप्न त्रिशला रानी को भी दिखलाई दिये। इस प्रकार भगवान महावीर स्वामी का गर्भ परिवर्त्तन होना श्वेताम्बर ग्रन्थों में माना गया है जिसमें से कुछ छोड़कर श्री अगरचंदजी नाहटा ने कल्पसूत्र के आधार पर "जैनसिद्धान्त भास्कर" भाग २० किरण १ जून सन् १९५३ पृष्ट ३९ वें पर लेख प्रकट किया है। परन्तु ऐसी असम्भव बात को एक दम से मान लेना विद्वानों का काम नहीं है। इसलिये इसे युक्ति की कसौटी पर कसकर पाठकों के सम्मुख रखते हैं। ऐसा असम्भव लेख बिना टीका—टिप्पणी के प्रकट कर देना खटकता है। इसलिये खुलासावार यह लेख भेजा जा रहा है।

१ क्या इन्द्र में गर्भ बदलने की शक्ति है? यदि है तो जिस प्रकार त्रिशलारानी की गर्भस्थ पुत्री को देवनंदा के गर्भ में और देवनंदा के गर्भस्थ पुत्र को (महावीर स्वामी को) त्रिशला रानी के पेट में पहुँचाया; उसी प्रकार १९ वें तीर्थंकर जिसको श्वेताम्बर मत में स्त्री के रूप में माना गया है उस मल्लिनाथ तीर्थंकर को किसी लड़केवाली स्त्री के पेट से निकाल कर मल्लिनाथ की माता के पेट में पहुँचाता और मल्लिनाथ की माता के पेटवाली लड़की को उस स्त्री के गर्भ में पहुंचाता जिससे १९ वें तीर्थंकर को किसी प्रकार का दोष न लगता; परन्तु इन्द्र ऐसा न कर सका क्योंकि बात असम्भव थी। अतः महावीर स्वामी के गर्भ हरणवाली बात मिथ्या है।

२ इन्द्र ने भी परिश्रम उठाकर क्या किया श्वेताम्बर ग्रन्थों के कथनानुसार महावीर स्वामी की आत्मा का शरीर ब्राह्मण के वीर्य तथा ब्राह्मणी के रज से बन गया। अब उस बने हुए तथा ८२ दिन बाद ब्राह्मणी के रस रक्त से वृद्धि पाये हुए पिंड को इन्द्र चाहे जहाँ उठाकर रख देवे पिंड बदल नहीं सकता। इस कारण इन्द्र का परिश्रम व्यर्थ समझना चाहिये।

३ हरिणगवेसी देव ने महावीर स्वामी का गर्भ देवनंदा ब्राह्मणी के मुख से निकाला? या उदर से निकाला? अथवा योनि मार्ग से निकाला? मुख से तो इस कारण नहीं निकल

सकता कि गर्भ औदारिक शरीर के रूप में था उस स्थूल औदारिक शरीर को बिना उदर आदि फाड़े उदर तथा मुख मार्ग से निकलना असम्भव है। यदि उस देवने गर्भ को योनि-मार्ग से निकाला तो कहना चाहिये कि ब्राह्मणी के यहाँ ही महावीर स्वामी ने जन्म ग्रहण किया क्योंकि गर्भस्थ बालक का अपनी माता की योनि से बाहिर निकलना ही जन्म लेना कहलाता है।

४ लोक में किसी साधारण पुरुष को भी दो पिताओं का पुत्र कहना अपमान जनक माना जाता है फिर श्री महावीर स्वामी तीर्थंकर सरीखे लोक वन्दनीय महापुरुष को ऋषभदत्त ब्राह्मनी और सिद्धार्थ राजा का पुत्र कहना कितना घोर पापजनक वचन है।

५ देवनंदा ब्राह्मणी के पेट में श्री महावीर स्वामी के आते समय देवनंदा को १४ स्वप्न दिखलाई दिये थे तदनुसार उसके घर गर्भकल्याणक हुआ होगा। और त्रिशला रानी के पेट में पहुँचने पर उसको भी १४ स्वप्न दिखलाई दिये तब उसके यहां भी गर्भ कल्याणक हुआ होगा। इसलिये श्री महावीर स्वामी के दो कल्याणक हुए। यदि किसी एक ही स्थानपर गर्भ कल्याणक हुआ तो प्रश्न यह है कि दूसरे स्थानपर क्यों नहीं हुआ ? क्योंकि नियम है कि तीर्थंकर की माता के पेट में आने पर ही गर्भ कल्याणक होता है।

६ श्री महावीर स्वामी के माता-पिता असल राजा रानी थे ? या ब्राह्मण ब्राह्मणी थे ? यदि यह कहा जाय कि राजा रानी थे तो ब्राह्मण ब्राह्मणी क्यों नहीं, जिनके रज-वीर्य से महावीर स्वामी के शरीर का पिंड बना और ८२ दिन तक ब्राह्मणी के पेट में उसके रस-रक्त से पालन हुआ ? यदि यह कहो कि ब्राह्मण ब्राह्मणी थे तो राजा रानी क्यों नहीं जिनके यहां गर्भ में ६ मास रहकर निर्वाह हुआ।

इत्यादिक अनेक प्रबल अनिवार्य दोष उपस्थित होने से निष्कर्ष निकलता है कि महावीर स्वामी का गर्भ हरण नहीं हुआ गर्भ हरणवाली बात सर्वथा असत्य एवं कल्पित है।

कर्म सिद्धान्त भी इस कल्पित बात को बहुत बलपूर्वक सर्वथा असत्य सिद्ध करता है क्योंकि देखिये नीच गोत्रकर्म की उत्कृष्ट स्थिति २० कोड़ा कोड़ी सागर है। यदि मारीच ने अधिक से अधिक संक्लेश परिणाम रक्खे थे तो उसको २० कोड़ा कोड़ी सागर की स्थिति वाला कर्मबन्ध होगा। यह २० कोड़ाकोड़ी सागर की स्थिति वाला कर्म सिद्धान्त के नियमानुसार दो हजार वर्ष पीछे ही अपना आबाधा काल टालकर उदय में अवश्य आना चाहिये और तदनुसार दो हजार वर्ष पीछे ही मारीच का जन्म नीच घर में नीच गोत्र के उदय से बराबर २० कोड़ा कोड़ी सागर तक नीच कुल में ही होना चाहिये था। किन्तु ऐसा हुआ नहीं क्योंकि जिस समय उसके नीच गोत्रकर्म का बन्ध हुआ बतलाया जाता है उस समय से लेकर करोड़ों वर्ष तो केवल उसी उच्च कुलीन मनुष्य शरीर में रहा। दो हजार वर्ष के स्थान पर दो वर्ष समझ लीजिये उच्च गोत्र ही होता रहा। कभी किसी स्वर्ग का देव, कभी कहीं का राजा, कभी कहीं

ब्राह्मण हुआ। इस प्रकार उच्च कुल में ही उत्पन्न होता रहा। यदि मारीच के भव में उसने महावीर स्वामी के भव में रह सकने योग्य बड़ी स्थिति वाले नीच गोत्र कर्म का बन्ध किया था तो बीच-बीच में ऐसे उच्च गोत्रीय भाव कदापि नहीं मिलते थे। बीच-बीच के जन्म में तो नीच गोत्र कर्म का उदय आया नहीं किन्तु महावीर स्वामी के भव में उस नीच गोत्र कर्म का उदय आ गया। यह बात स्वयं श्वेताम्बरीय कर्मग्रन्थ रचयिता विद्वानों के लेख से बिल्कुल असत्य साबित होती है।

श्वेताम्बर ग्रन्थकारों को इतने पर ही संतोष नहीं आया और भी कई प्रकार के दोष लगाये गये हैं। आजन्म ब्रह्मचारी महावीर स्वामी का विवाह होना और सन्तान होना। गला सड़ा फेंकने लायक भोजन मुनि अवस्था में खाना और केवलज्ञान होने के बाद उनके शरीर में पेचिश का रोग होना और उसके दूर करने को औषध का सेवन करना। इत्यादि—

श्वेताम्बरीय ग्रन्थों में भगवान् महावीर स्वामी का विवाह होना और उनके सन्तान होना भी माना गया है।

परन्तु "आवश्यक निर्युक्ति" ग्रन्थ का कर्त्ता यह भी बतलाता है—

"वीर' अरिट्ठनेमि पास' मल्लि च वासपुज्ज' च।
ए ए मुत्तणजिणे अवसेसा आसि रायणो॥ २२१॥
राय कुलेसु बिजाया विशुद्ध वसेसु खत्तिय कुलेसु।

'णय इत्थि अभिसेआ' इस पदकी टिप्पणी में लिखा है कि—

"स्त्रीपाणिग्रहण राज्याभिषेकोभय रहित्ता इत्यर्थं।

अर्थात्—महावीर, अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ, मल्लिनाथ और वासुपूज्य ये पाँच तीर्थङ्कर ऐसे हुए कि न तो इनका पाणिग्रहण हुआ और न राज्याभिषेक। ये क्षत्रिय राजकुलोत्पन्न थे, कुमारावास से ही प्रव्रजित हो गये थे।

उक्त ये दोनों ही ग्रन्थ श्वेताम्बरीय हैं एक भगवान् महावीर स्वामी का विवाह होना बतलाता है तो दूसरा विवाह का निषेध करता है। इसलिये दोनों ग्रन्थ अमान्य हैं? क्योंकि "कल्पसूत्र" बतलाता है कि ऋषभदत्त ब्राह्मण की ब्राह्मणी के गर्भ में आये "आवश्यक निर्युक्ति" ग्रन्थ क्षत्रिय कुल में उत्पन्न बतलाता है—१९ वें तीर्थङ्करी मल्लिकुमारी को भी 'मल्लिनाथ' लिखा है। अतः नाथ शब्द पुरुष वाचक है।

"भगवान् महावीर स्वामी का जीवन आदर्श" यह एक बड़ा लम्बा चौड़ा पोथा है और इसके लेखक स्थानकवासी साधु चौथमलजी हैं। पृष्ठ २८५-२८६ वें पर बतलाते हैं कि—

"फिरते फिरते भगवान् एक गृहस्थ के घर पहुँचे उसका नाम 'आनन्द' था, उस समय उस गृहस्थ की एक दासी जिसका नाम बहुला था भोजन के पात्रों को साफ करके उन्हें मलना

(माँजना) चाहती थी, और उसके जरा पहले उन्हीं बर्तनों को पोंछ-पाँछ करके उनमें लगे हुए ठंडे और बुसे हुए चावलों को निकाल कर वह फेंकने में ही थी कि इतने में एक भिक्षुक रूप में अपने द्वार पर खड़े हुए भगवान् को उसने देखा वह उसी समय उनसे बोली, इन ठंडे बुसे चावलों को मैं फेंकना चाहती हूँ अगर आप चाहें तो इन्हें ले लें। प्रभु ने बिना किसी प्रकार की जरा भी किसी प्रकार की अरुचि या उदासी के भाव दिखलाये, प्रसन्न चित्त से उन्हें लेने के लिये दासी के सामने हाथ पसार दिये और उससे ग्रहण कर वहीं खड़े-खड़े आहार किया। फिर प्रभुने यष्टिक ग्राम से विहार कर दिया"।

बात समझ में नहीं आती—क्योंकि जानवर मनुष्य के मल-मूत्र का भी भक्षण करते हैं, गंदी से गंदी, अपवित्र से अपवित्र वस्तु खा जाते हैं फिर ऐसा सबसे खराब पदार्थ कौनसा शेष रहा जो फेंकने योग्य हो जिसे जानवर भी न खा सके। और फिर ऐसी कौनसी लाचारी आगई कि पशुओं के भी न खाने योग्य वे चावल भगवान ने खाये।

देखिये—और एक गजब की बात। जबकि भगवान महावीर स्वामी को केवलज्ञान हो गया उस केवलज्ञान होने के बाद बतलाया जाता है कि किसी गोशाल नाम के व्यक्ति ने उन पर तेजो लेश्या छोड़ी जिसके दाह से भगवान महावीर स्वामी को पेचिस के दस्त हो गये, उन दस्तों के बन्द करने के लिये भगवान ने सीहा नाम के मुनि द्वारा गृहस्थ के घर से लेकर औषध का सेवन किया।

श्वेताम्बरीय "भगवती सूत्र" पृष्ट १२६६ से १२७२ तक जो लिखा है उसके पहले सूत्र में यों बतलाया है—

> "तं गच्छहणं तुम सीहा मठियगामं णयरे रेवती ए गाहाव—
> यणीये गिहे तथणं रेवतीए गाहावयणीये मम अट्ठाए दुवे
> कवोय शरीरा उवखडिया तेहिं णो अट्ठो अत्थि। से अयणो प—
> रियासि मज्जार कडए कुक्कुड मसए तमाहाराहिं, तेण अट्ठो।"

इसकी संस्कृत छाया यों इसके नीचे लिखी है—

> "तद्गच्छ त्वंसिंह ? मंठिकग्रामे नगरे रेवत्या, गृहपतिप—
> त्न्या गिहे, तत्र रेवत्या गृहपतिपत्न्या ममार्थं द्वे कपोत शरीरे
> उपस्कृते ताभ्यां नैवार्त्थोस्ति अथान्यं परिवासिनं मार्जार कृतं
> कुक्कुर मंसकं तमाहार (आनय) तेनार्त्थोऽस्ति।

यह कथन बीच वाली गाथाओं में दिया है जो विस्तार के भय से यहां नहीं लिखा है। आगे पृष्ठ १२७२ पर जो गाथा है उसमें यह बतलाया गया है कि—

"तं एणं समणस्स भगवओ महावीरस्स तमाहारं अहारियस्स
समणस्स विपुल रोगायं के खिप्पामेव उवसने, हट्ठे जाए आरोगो
बलियशरीरे तुट्ठा, श्रमणं." ॥ इत्यादि
संस्कृत—तहा समणस्स भगवओ महावीरस्स तमाहारमाहार्थं
मानस्य विपुल रोगातङ्क क्षिप्रमेवोपशान्तः हृष्टो जान आरोग्यो
बलवच्छीशरीरः तुष्टाः श्रमणाः। इत्यादि

अर्थात्—तब उस आहार को करने वाले श्रमण भगवान महावीर स्वामी का प्रबल रोग व्याधि तुरन्त शान्त हो गई। भगवान महावीर प्रसन्न हुए, उनका शरीर नीरोग हुआ। सब साधु सन्तुष्ट हुए।

उपसंहार

१—जैन साधु संघ की अतीत कालमें—अंतिम श्रुतकेवली श्री आचार्य भद्रबाहु से पहले भगवान महावीर, पार्श्वनाथ, नेमिनाथ, आदिनाथ तीर्थंकर के शासन में भी पूर्ण अचेलक-नग्न परंपरा रही है, मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त के शासन काल में बारह वर्षीय अकाल पड़ा था, तब नग्न परीषह को कुछ साधुओं ने छोड़ करके कुछ वस्त्र लेने प्रारम्भ किये। इससे पहले एक भी जैन साधु रंचमात्र भी सचेल नहीं रहा।

२—भगवान महावीर माता त्रिशला के ही गर्भ में आये—किसी ब्राह्मणी के गर्भ में नहीं आये, वे आजन्म ब्रह्मचारी रहे, तपः काल में कान में कीले ठोकने आदि का उपसर्ग नहीं हुआ, न केवली अवस्था में पेचिस का रोग हुआ, न उसके उपशम के लिये उनको औषधि सेवन करना पड़ा।

३—सबसे प्रथम षट्खण्डागम, कषायपाहुड, समयसार, पंचास्तिकाय, प्रवचनसार आदि दिगम्बरी ग्रन्थों की पुस्तक रूप में रचना हुई है। फिर इन ग्रन्थों का आधार लेकर श्री उमास्वामीने तत्त्वार्थ सूत्र बनाया और लगभग ५०० वर्ष पीछे वीर सं० ९८० में वल्लभीपुर में देवर्द्धिगणीजी ने आचारांग आदि नाम रखकर श्वेताम्बरीय आगम ग्रन्थों की रचना की। जिनमें कि अनेक प्रकार की शिथिलाचारी बातें वर्त्तमान हैं।

४—भद्रबाहु आचार्य (अन्तिम श्रुतकेवली) ने कोई ग्रन्थ नही लिखा और उनका समाधिमरण श्रवणबेलगोला में चन्द्रगिरि पहाड़ी पर हुआ।

नोट—भगवान् महावीर की जीवनी के सम्बन्ध में श्वेताम्बर और दिगम्बर आगम में पर्याप्त अन्तर है। किसी अज्ञात नामक कृपालु लेखक ने यह निबन्ध भास्कर में प्रकाशित करने के लिए भेजा था यह लेखक भास्कर के नियमित पाठक हैं, यह इनके लेखन से स्पष्ट है। इसके लिखे जाने का कारण यह है कि आजकल स्कूल और कॉलेज की इतिहास विषयक पुस्तकों में भगवान् की जीवनी पायी जाती है। यह जीवनी प्रायः श्वेताम्बर आगमों के आधार पर रहती

है; जिसमें बहुत सी असंभव और कल्पित बातें जोड़ी गयी प्रतीत होती हैं। विचारक व्यक्ति उन बातों को स्वीकार नहीं करेगा। कुछ दिन पहले की बात है कि हमारे एक मित्र भगवान् महावीर स्वामी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित सभा में भाषण करनेवाले थे। उन्होंने भाषण करने के पूर्व कहा कि 'भाई साहब आपके यहाँ भगवान् के गर्भापहरण की अनर्गल घटना कैसे जोड़ दी गयी है? मैंने उन्हें उत्तर दिया कि यह केवल एक सम्प्रदाय की मान्यता है। वास्तव में भगवान् का गर्भापहरण नहीं हुआ। इसे कोई भी समझदार स्वीकार नहीं करेगा। इसी प्रकार विवाह और सन्तान का होना, केवली अवस्था में रोगी होना तथा औषधि का सेवन करना; अभक्ष्य भक्षण करना आदि ऐसी बातें हैं, जो बुद्धिसंगत नहीं हैं। इन बातों को यदि प्रक्षिप्त मान लिया जाय तो आगम क्षति नामक दोष नहीं आयेगा। बौद्ध साहित्य की देखादेखी ही ये ऊट-पटांग बातें श्वेताम्बर सम्प्रदाय में चली आई हैं। इन्हीं पुरानी कुछ मान्यताओं के आधार पर आज अनेक अन्वेषक विद्वान् परम अहिंसक जैनधर्म में भी माँसाहार और मदिरापान की झाँकी पाते हैं। अतएव अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर के जीवनवृत्त में से असंभव और आगम विरोधी बातों को निकाल उभय सम्प्रदाय की ओर से एक ऐसा प्रामाणिक जीवनवृत्त प्रकाशित हो, जो सबके लिए मान्य हो। श्वेताम्बर आगम में बहुत सी बातें अच्छी हैं तथा दिगम्बर आगम में भी भट्टारकीय ग्रन्थों में बहुत सी बातें असंगत हैं; अतः दोनों सम्प्रदायों के आगम ग्रन्थों की चर्चा उठाना तो हृदय पर चोट करना ही कहा जायगा। पर इस तथ्य से कोई भी विचारक व्यक्ति इन्कार नहीं कर सकता है कि भगवान् महावीर के जीवनवृत्त में मनगढ़न्त बातों को स्थान नहीं देना चाहिए।

भगवान् महावीर वैशाली के क्षत्रियकुण्ड ग्राम के गणतन्त्राधिपति महाराज सिद्धार्थ की रानी त्रिशला के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध होने के कारण इन्द्र ने इनके गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण ये पाँचों कल्याणक सम्पन्न किये थे। भगवान् आजन्म बाल ब्रह्मचारी रहे। यह इकलौते पुत्र थे। ३० वर्ष की अवस्था तक घर में रहे। पश्चात् दिगम्बर दीक्षा लेकर बारह वर्ष तक मौन होकर घोर तपश्चरण किया। अनन्तर केवल ज्ञान प्राप्त कर ३० वर्षों तक जनता को धर्मोपदेश देते रहे। केवलज्ञान के पश्चात् शरीर के परम औदारिक हो जाने से आहार और निहार का निरोध हो जाता है। ७२ वर्ष की आयु में पावापुरी में कार्त्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अवसान और अमावास्या की प्रातः वेला में भगवान् का निर्वाण हुआ। तीर्थंकर जरा, जन्म, मरण, रोग, शोक, क्षुधा, तृषा, भय, आश्चर्य, आतंक, राग, द्वेष और मोह आदि अठारह दोषों से रहित होते हैं। अतः भगवान् महावीर में भी उपर्युक्त दोषों में से कोई भी दोष नहीं था। ये ३४ अतिशय, ८ प्रातिहार्य और ४ अनन्तचतुष्टय से युक्त थे। अतः भगवान् की जीवनी एक सर्व सम्मत और प्रामाणिक निकलनी चाहिए।

—नेमिचन्द्र शास्त्री

साहित्य-समीक्षा

संस्कृत साहित्य में आयुर्वेद:—लेखक श्री अत्रिदेव विद्यालंकार; भूमिका लेखक: डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी, डी० लिट्; प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ काशी; मूल्य तीन रुपये; पृष्ठ संख्या: २४०; साइज: डबल-क्राउन सोलहपेजी।

संस्कृत साहित्य अगाध समुद्र है, इसमें सभी प्रकार के विषय लिखे गये हैं। साहित्यिक ग्रन्थों का निर्माण मनीषी कवियों ने सहस्रों शास्त्रों का मन्थन करके, प्रकृति के सौन्दर्य का पान करके एवं मानव हृदय की छोटी से छोटी बात को भी बड़ी सूक्ष्मता से निरीक्षण करके किया। यह सत्य है कि वन, पर्वत, नदी, नाले, निर्झर, नक्षत्र खचित आकाश अनादिकाल से मानव को अपनी ओर आकर्षित करते आ रहे हैं। मानव की राग-तन्त्री उक्त निरीक्षणों से झन-झना उठती है, जिससे कविता कामिनी का जन्म हो जाता है। संस्कृत काव्य ग्रन्थों में छल-छलाते काव्य रस के साथ ज्योतिष, आयुर्वेद, भूगोल, इतिहास, मूर्त्तिकला, चित्रकला, वास्तुकला, संगीतकला, धर्मशास्त्र, दर्शन आदि विषय फुटकररूप में प्रचुर परिमाण में आये हैं। लेखक ने पाणिनी, भास, अश्वघोष कालिदास, विष्णुशर्मा, हाल, भारवि, शूद्रक, विशाखदत्त, दण्डी, बाणभट्ट, भवभूति, माघ, त्रिविक्रमभट्ट, श्रीहर्ष और पण्डितराज जगन्नाथ के काव्य ग्रन्थों का अनुशीलन कर आयुर्वेद के अनेक सिद्धान्तों का विवेचन किया है। रोगों के निदान, उनकी स्थिति, उनकी औषधि, जीवन को स्वस्थ और सबल बनाने के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का विवेचन किया गया है। भोजन स्वास्थ्य का कारण है, इसके अभाव में हम अधिक दिन तक जीवित नहीं रह सकते, इसी प्रकार भोजन का गलत प्रयोग भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। उचित और उपयुक्त मात्रा में भोजन का प्रयोग करने पर भोजन अमृत का कार्य करता है और गलत ढंग से तथा अनुपयुक्त भोजन कर लेने से जीवन संकट में पड़ जाता है। इस भोजन के सिद्धान्त को संस्कृत के कवियों ने सुन्दर ढंग से निरूपित किया है।

कवियों के काव्यग्रन्थ में आये हुए आयुर्वेद के सिद्धान्तों के विवेचन के अनन्तर अक्ष, अगस्ति, अगुरु, अतिमुक्तलता, अपराजिता, अर्घ, अर्जुन, अरिष्ट, अलक्तक, अशोक, आम, इक्षु, एला, कदली, कमल, करवीर, कर्णिकार, कचनार, किंशुक, कुंकुम, कुटज, कुरबक, कुश, क्रमुक, केसर, खदिर, गुग्गुलु, चन्दन, जामुन, जाती, ताम्बूल, तिल, तिलक, देवदारु, नागकेशर, बिल्व, बीजपूरक, भूर्ज, मन्दार, मालती, मुस्ता, लवंग, लाजा, लोध्र, शाल्मली, शिरीष, शैवाल, शोभाञ्जन, सप्तपर्ण, सरसों और हरिद्रा वनस्पतियों का विवेचन संस्कृत के काव्य ग्रन्थों के आधार पर किया है। कवियों ने इन वनस्पतियों के विवेचन में काव्य के सौन्दर्य के साथ, इनके गुणों का भी विवेचन किया है। प्रकृति प्रेमी कवि आम, केला, कचनार को केवल उपयोगिता की

दृष्टि से नहीं देखता वह तो उनमें मानवीय भावनाओं का दर्शन करता है। इन वनस्पतियों को वह मानव की तरह उल्लास, विषाद में डूबते हुए पाता है। आयुर्वेद के शोधक विद्वान् श्री अत्रिदेवजी ने काव्यग्रन्थों से उक्त वनस्पतियों की उपयोगिता का अच्छा विश्लेषण किया है। इस सम्बन्ध में एक बात यह कहनी है कि कवि वृक्ष और लताओं का वर्णन काव्य के रसको गति देने के लिए करता है, उपयोगिता गुण उसकी दृष्टि में नहीं रहता। शोधकर्त्ता ने इस छिपे हुए उपयोगिता गुण का आयुर्वेद की दृष्टि से विश्लेषण नहीं किया। एकाध स्थल पर तो ऐसा ही लगा कि उद्धरणमात्र एकत्र कर दिये गये हैं।

इस संकलन में एक कमी यह भी है कि जैन कवि और जैन काव्यों की पूर्णतः उपेक्षा की गयी है। जबकि यशस्तिलक, धर्मशर्माभ्युदय, पुरुदेव, जीवन्धरचम्पू, गद्यचिन्तामणि आदि श्रेष्ठतम काव्य ग्रन्थों में उक्त आयुर्वेद के विषयों की भी कमी नहीं है। हमारा कहना इन ग्रन्थों के सम्बन्ध में इसलिए नहीं है कि ये किसी सम्प्रदाय विशेष के ग्रन्थ हैं, अतः इनका समावेश होना ही चाहिए था; बल्कि इसलिए है कि ये काव्यग्रन्थ संस्कृत साहित्य में बेजोड़ है। हमें आश्चर्य इस बात का है कि भारतीय ज्ञानपीठ काशी की परम्परा यह है कि उनके यहाँ कोई भी ग्रन्थ उनकी ग्रन्थमाला के सम्पादक की स्वीकृति के बिना मुद्रित नहीं होता। सम्पादक भी प्रत्येक पंक्ति का अवलोकन कर ही स्वीकृति देते हैं, फिर क्यों उन्होंने लेखक का ध्यान इन उपेक्षित ग्रन्थों की ओर आकृष्ट नहीं किया। अस्तु,

विद्वान् लेखक ने एक नयी दिशा शोध करनेवालों के लिए प्रदान की है, अतः वह धन्यवाद के पात्र हैं। छपाई-सफाई, गेट-अप आदि अत्युत्तम है।

और खाई बढ़ती गई:—लेखक : भारतभूषण अग्रवाल; प्रकाशक भारतीय ज्ञानपीठ, काशी; मूल्य ढाई रुपया; पृष्ठ संख्या १५०।

प्रस्तुत रचना में लेखक के आठ रेडियो नाटक संग्रहीत हैं। इस संग्रह में 'और खाई बढ़ती गई' यह तीसरा नाटक है। इसीके नामकरण पर पुस्तक का नाम रखा गया है। यह तीसरा नाटक रेडियो टैकनिक की दृष्टि से अच्छा है तथा लेखक ने किशोर और उसके पिता के चित्रण द्वारा समाज के दोनों वर्ग—उदार और अनुदार का अच्छा चित्र प्रस्तुत किया है। विचार और आदर्शों की भिन्नता ही पिता-पुत्र को अलगकर देती है। समाज में किशोर के पिता जैसे रुपये की तीन अठन्नी बनाने वालों की कमी नहीं। ये शोषण करने में जब अपनी सन्तान को नहीं छोड़ सकते हैं, तो अन्य व्यक्ति को क्या छोड़ेंगे। किशोर का यह स्वगत कथन कितना मार्मिक है—"मुझे यह रहस्य साफ-साफ दिखाई देने लग गया कि जिस व्यक्ति के लिए जीवन का सारा तत्त्व तिजोरी में भरा है, वह भावनाओं की कोमलताओं से ठीक उसी तरह अपरिचित है, जिस तरह नेत्रहीन व्यक्ति प्रकाश के रंगों से।" इससे स्पष्ट है कि समाज में लालची, तृष्णावान् व्यक्ति

अपने हृदय के टुकड़े सन्तान का भी अहित करते हुए नहीं छोड़ता है। उसकी दृष्टि में एक मात्र चाँदी के खनखनाते, प्रशासक की मुद्रा से सुशोभित टुकड़े ही सबकुछ होते हैं। इनके लिए वह अपनी इज्जत, आबरू का भी ख्याल नहीं करता। वह उसी कार्य के लिए पैसे खर्च करता है, जहाँ से लाभ की संभावना हो। मरते समय तक वह दूसरों को धोखा देता है और अपना उल्लू सीधा कर लेना चाहता है। 'और खाई बढ़ती गई' नाटक में किशोर का पत्र है जिसे उसने नाटकी ढंग से अपने पिता के पास लिखा है। नाटककार ने इसमें समाज का सुन्दर चित्राङ्कन किया है।

इस नाटक संग्रह का प्रथम नाटक है—'महाभारत की साँझ' लेखक ने इसमें महाभारत की एक सन्ध्या का चित्र प्रस्तुत किया है। सेना के तितर-बितर हो जाने पर दुर्योधन भागकर जा छिपता है और युधिष्ठिर तथा भीम उसे ढूढ़ते हुए आते हैं। दुर्योधन धर्म की दुहाई देकर युधिष्ठिर से युद्ध की तय्यारी के लिए समय माँगता है। इस पर युधिष्ठिर उत्तर देते हैं—'अरे पामर! तेरा धर्म तब कहा चला गया था, जब एक निहत्थे बालक को सात-सात महारथियों ने मिलकर मारा था, जब आधा राज्य तो दूर, सुई की नोक बराबर भी भूमि देना तुझे अनुचित लगा था। अपने अधर्म से इस पुण्यलोक भारत भूमि में द्वेष की ज्वाला धधकाकर अब तू धर्म की दुहाई देता है। धिक्कार है तेरे ज्ञान को! धिक्कार है तेरी वीरता को!!

दुर्योधन—"एक निहत्थे, थके हुए व्यक्ति को घेरकर वीरता का उपदेश देना सहज है, युधिष्ठिर! मुझे खेद है, मैं उसके लिए तुम्हारी प्रशंसा नहीं कर सकता, पर सच कहता हूँ तुमसे, इस नर हत्याकाण्ड से मुझे विरक्ति हो गई है। इस रक्त रंजित सिंहासन पर बैठकर राज्य करने की मेरी कोई इच्छा नहीं है। तुम निश्चिन्त मन से जाओ और राज्य भोगो। सुयोधन तो वन में जाकर भगवद्भक्ति में दिन बिताएगा"।

इन वार्तालापों से विजयी और पराजयी की भावनाओं का पता सहज में लगाया जा सकता है। घायल दुर्योधन युधिष्ठिर से कहता है—"मैं तो सबकी सार बात जानता हूँ कि तुम्हारी महत्वाकांक्षा ही इस नरसंहार का इस भीषण रक्तपात का मूल कारण है। मैं तो एक निस्सहाय, विवश व्यक्ति की भाँति केवल जूझ मरा हूँ, तुम्हारे चक्रान्त में मेरे लिए यही पुरस्कार निर्धारित किया गया है।" दुर्योधन का यह कथन कहाँ तक सत्य है यह तो पाठकों पर ही छोड़ा जायगा। किन्तु युधिष्ठिर की महत्वाकांक्षा पर क्या युद्ध का दायित्व नहीं है। घायल दुर्योधन को लज्जित करने के लिए युधिष्ठिर का जाना आदि प्रश्न ऐसे हैं, जिन पर पाठकों को रुककर विचार करना पड़ता है। लेखक के ये नाटक व्यंग्य और विनोद के साथ समाज का स्वस्थ चित्र भी प्रस्तुत करते हैं। आज समाज के नव निर्माण की कितनी आवश्यकता है, यह किसी से छुपा नहीं। अतएव वर्त्तमान में इस प्रकार के नाटकों की विशेष आवश्यकता है। लेखक ने साहित्य के एक रिक्त स्थान को पूर्ण करने का आयास किया है।

क्या मैं अन्दर आ सकता हूं [वैयक्तिक शैली के शृङ्खलाबद्ध लेखों की एक माला]:—लेखक: श्री रावी; प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ काशी; मूल्य: ढाई रुपया; पृष्ठ संख्या: १६० ।

हिन्दी में वैयक्तिक शैली के निबन्धों का प्राय: अभाव है श्री रावी ने इस शैली के निबन्ध लिखकर माँ भारती के भाण्डार को समृद्ध शाली बनाया है। वैयक्तिक निबन्धों का लेखक अपनी व्यापक अनुभूति के आधार पर समाज का सच्चा चित्र प्रस्तुत करता है। इस विषय के लेखक की अनुभूति जितनी गहरी होती है, निबन्ध उतने ही प्रभावोत्पादक होते हैं। प्रस्तुत निबन्ध संग्रह के निबन्ध दो खण्डों में विभक्त हैं—प्रथम और द्वितीय। प्रथम खण्ड में १३ निबन्ध और द्वितीय खण्ड में १० निबन्ध हैं। प्रथम खण्ड के प्रथम निबन्ध में 'मुझे कुछ कहना है' शीर्षक में ही लेखक ने अपने उद्देश्य की ओर संकेत कर दिया है। 'सवाल बनाम सिगरेट' में बड़ा ही सुन्दर संकेत किया है कि आज के व्यस्त जीवन में रोटी-रोटी रहने तक अधिकार एवं अबाध भोगेच्छा की तृप्ति की ही प्रधानता है, जिससे संस्कृति, धर्म, ज्ञान और कला के सम्बन्ध में किसी को भी विचार करने की आवश्यकता नहीं। समाज के विकार रूपी रोगों की चिकित्सा, कला, साहित्य और संस्कृति में है। जीवन की नीरस घड़ियों में रस का संचार इन्हीं के द्वारा हो सकता है। चिन्तनशील लेखक ने बड़े ही सुन्दर ढंग से स्वस्थ प्रेम, कला और संस्कृति के ऊपर प्रकाश डाला है। लेखक ने 'माला यों फेरिये' शीर्षक में लिखा है—"समाज के बीच रहते हुए सुखपूर्वक बढ़ने के लिए शायद यह आवश्यकता पड़ेगी कि आप अपने विचारों में पूरी और समाज के बीच व्यवहारों में आंशिक, केवल उतनी स्वच्छन्दता का प्रयोग करें जितने से आपके सुख में बाधा न पड़े। व्यवहारों में जिस स्वच्छन्दता के बरतने से समाज को और आपको अस्वास्थ्यकर चोट लगे, उसका न बरतना ही बुद्धिमानी भी जान पड़ती है।"

"विचारों में पूर्ण स्वतन्त्रता और कर्मों में समाज द्वारा नियन्त्रित—कुछ इसी आशय का किसी बड़े व्यवस्थाकार का भी कहना है।

इससे स्पष्ट है कि लेखक ने समाज निर्माण के लिए अपने चिन्तनपूर्ण इन निबन्धों द्वारा स्वस्थ और सबल मौलिक सिद्धान्तों का प्रयोग किया है। इन निबन्धों से व्यक्ति और समाज दोनों ही जीवन कला का पाठ सीख सकते हैं। जीवनोत्थान की पर्याप्त सामग्री इनमें वर्तमान है।

गीत संगम [सन १९४९ से सन १९५५ तक के कतिपय गीतों का संग्रह]:—रचयिता: श्री रञ्जनसूरिदेव; मिलने का पता: लता प्रकाशन: पटना ३।

श्री रंजनजी विचारक विद्वान् और कवि हैं। संस्कृत, प्राकृत, पाली आदि प्राचीन भाषाओं का अध्ययन और परिशीलन भी आपने किया है। यही कारण है कि इस संग्रह के सभी गीतों की भाषा ललित और प्राञ्जल है। इस संग्रह के सभी गीत तीन भागों में विभक्त हैं—आशा, कामना

और वेदना। सभी गीतों में स्वाभाविक गीत धारा का अक्षुण्ण प्रवाह है, ये सौन्दर्य स्रोत में मानव के अन्तस् को डुबा देने की पूर्ण क्षमता रखते हैं। इनमें संगीत का अनुबन्ध है, पर इससे भावात्मकता में वृद्धि ही हुई है। गीतों में मार्मिकता और स्नेहसिक्त रसधारा इतनी अधिक गहरी और शीतल है, जिससे उसके पावन शैत्य का समाहित प्रभाव मानवीय वृत्ति पर पड़े बिना नहीं रह सकता। यद्यपि इन गीतों में वैयक्तिक सुख, दुःख, हर्ष, शोक, राग, द्वेष एवं हास-अश्रु विद्यमान हैं, तो भी कवि ने अपनी भावनाओं को विश्वजनीन बनाने के लिए पूरा आयास किया है। आत्मचेतना की जागृति एवं लयपूर्ण भाषा में आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति सर्वत्र वर्तमान है। निम्न पंक्तियों में कल्पना के साथ रागतत्त्व का कितना घनिष्ठ सम्बन्ध है, इसका पाठक स्वयं अनुभव कर सकेंगे।

ऊषा की नीलम शय्या पर—
बिखरे हैं जावक-अरुण राग
धरती के श्यामल अंचल पर—
झर रहे रश्मियों के पराग,

आगे ५६ संख्यक गीत में कल्पना, विचार और भावना की त्रिवेणी में निमज्जन करता हुआ कवि क्लान्त एवं त्रस्त विश्व में विश्वास खोजता शान्ति का मार्ग ढूंढ़ रहा है। अतः जगत् के राग-विरागों के गंगायमुनी संगम पर खड़ा होकर कहता है—

वश्व खोजता चलता हूँ।
पता नहीं, मुझको जग छलता या मैं ही जग को छलता हूँ?
तिमिर-पंथ पर भटक रहा है
शूलित-कीलित-सा नवयौवन;
आतप-म्लान मृदुल किसलयसा
सूख रहा भावों का उपवन,
पता नहीं, मुझ से जग जलता या मैं ही जग से जलता हूं?

इस प्रकार इस संग्रह के सभी गीत सरस और सुन्दर हैं, वैयक्तिक अनुभूति में सामाजीकरण है। हम नवयुवक कवि की उन्नति की कामना करते हैं और साथ ही उनसे अनुरोध करते हैं कि उनकी अन्य रचना हमें शीघ्र ही पढ़ने को प्राप्त होगी। इस सरस रचना का पाठकों को रसास्वादन करना चाहिए। गेट-अप, जिल्द, छपाई आदि नयनभिराम हैं।

—नेमिचन्द्र शास्त्री

THE JAINA ANTIQUARY

VOL. XXI JUNE, 1955. No I

Edited by

Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
Prof. Jyoti Prasad Jain, M. A., LL. B.
Sri, Kmata Prasad Jain, M. R. A. S., D. L.
Pt. K. Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.
Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotisacharya

THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY.
ARRAH, BIHAR, INDIA.

Annual Inland Rs. 3. Single Copy. Rs 1/8

CONTENTS.

ॐ

JAINA ANTIQUARY

" श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥ "
[अकलंकदेव]

Vol. XXI No I — ARRAH (INDIA) — JUNE 1955.

JĪVAKA CHINTĀMAṆI.

Muktialambakam—Chapter on Liberation.

By
Prof A. Chakravarti, M.A., I.E.S., (Rtd)

Section I—Vijayā Devī's Renunciation.

The facts narrated below relate to the period of Jīvaka's reign. He conquerred all his enemies and regained the Kingdom lost by his father. Once again he established peace and propserity. By his generosity, he spent his wealth liberally for the welfare and happiness of his subjects. To satisfy the desire of his Queen Mother, he

[The Jīvaka Chintāmaṇi is the foremost of the five Mahākāvyas and is undoubtedly 'the greatest existing Tamil literary monument.' It remains unrivalled in Tamil literature for its grandeur of conception, elegance of literary diction and beauty of description of nature. Professor A. Chakravarti is well-known for his devoted studies in Tamil literature, and his excellent monograph 'Jaina Literature in Tamil' was published through the pages of the Jaina Antiquary. It is very good of him that he is giving to us an exhaustive Summary of the Chapter on Liberation from the Jīvaka Chintāmaṇi. The Tamil classic has its ideological and cultural characteristics; and it deserves to be studied in comparison with similar classics, dealing with the life of Jīvaka, in Sanskrit, Kannada and other languages. For such a study Professor Chakravarti's resume is of great value. Editor.]

raised a huge and grand temple near an Aśoka tree for the Ominicient Lord who destroyed the 8 kinds of Karma and who realised the 8 divine qualities. A village surrounded by fertile paddy fields was set apart as a gift to the temple for the performance of daily pūjā and celebrating the annual festival for the Omnicient Lord. In memory of all those who protected and helped Jīvaka from the day of his birth upto his victory, the Queen Mother dedicated all the happy results of these good deeds to them, because these great souls will not accept any material reward as a mark of her gratitude. When she landed near the cremation ground and gave birth to a child, the goddess of the place, took care of her and after delivery, carefully led her to Āśrama of Tāpasīs. In grateful remembarance of this goddess, she had another temple raised at that place in the name of the goddess. The peacock vehicle in which she escaped from the Capital and which safely brought her down to land, she did not forget. She had a portrait of that always in her chamber. The child Jīvaka was brought up by great merchant Kandukaḍan who secured as companions for his adopted child 504 children. The Queen Mother arranged with her brother Govinda to feed 505 children every day with the pure cow's milk and also to feed them with rich food. It was only then that the Queen Mother got rid of her anxiety and care.

Sunandā, the adopted mother of Jīvaka, one day approached the Queen Mother. She was embraced with joy by Queen Mother and was praised for the service rendered to Kuru dynasty for saving and nursing the child Jīvaka. Then she called the 8 queens of Jīvaka with great affection and told them as if communicating a secret as follows :—"You, 8 queens, represent the 8 garlands over the crown of the State which I saw in my dream. May God bless you with children. May you all have unswearving faith in the Lord."

After meeting her 8 daughters-in-law, she called her son, the King, to come near her. The King approached her humbly, worshipped the Queen Mother with the flowers and bowed before her touching her feet with the crowned head. After respectfully hailing his mother, he was asked to sit by herself. The Royal Mother addressed her son as follows :—

"You must have heard from others all that had happened to your father. Now, My Dear Worshipful Jīvaka, I will tell you all that has happened to the great King, your father. Please listen to me. The King who was enjoying the royal prosperity was unfortunately clouded by lust and sensual pleasures like the beautiful moon at the time of eclipse. So he became a slave to sensual pleasures. He did not care about the disrespectful remarks of his people. He would not accept the wise advice of his learned Ministers. He spent his life like a mad elephant beyond the control of its Mahout. His Ministers realising that their presence would be of no use, left their services. Just as the sea breaks the protective embankments and submerges the coastal city, all the protective advice rendered by his Ministers was of no use to protect the king from being drowned in the mere sensual pleasures. He forgot all his kingly duties. All his friends and relations went away in disgust leaving him alone. This helpless situation is but the result of his own conduct. You plant a castor seed but you cannot expect a hard and weighty "Acha" tree to grow out of that seed. Realising the helplessness of the King, the treacherous Army Commander, Kaṭṭiyaṅgāran, to whom he delegated all his powers, undermined the King's sovereignity and usurped all the powers to himself. The king realised too late the dangerous situation. In order to save the unborn prince —yourself—he put me on the peacock vehicle and bade me to quit safely. After my escape, the King unprotected, faced the situation and became a victim in the hands of the treacherous commander. This tragic end is but the result of the King's own conduct. When you sow evil seeds, you cannot harvest good. Oh! My Son, the ruler, I narrate all these to you so that you must beware of sensual pleasures. How the time is ripe for me to renounce the world and spend my time in a holy monastery." Hearing these sad words of his mother, the king was shocked and swooned. At once, his queens and the women servants of the Royal Household sprinkled rose-water on his face and gently fanned him. Then he got up as if waking from his sleep and asked the Queen Mother to communicate her message to him. Then she addressed him in the following words.

"We are all deeply immersed in the desire to live. We never know the exact period of life that we are likely to have from birth

to the end. But at the end when death overtakes us, we feel helpless to save our life from the jaws of Death. At that time, the only thing left to us is to feel sorry for uselessly wasting our life. We cannot get back all those wasted days with the hope of spiritual regeneration. That is impossible for us. Death will necessarily swallow us as the glutton swallows rich food. The end is certain In spite of such a life, marked by birth and inevitable end, we are fortunate enough to be born as men in happy circumstances. Born in such a happy environment, you must take advantage of the situation and sincerely make effort for your spiritual development by walking the path of righteousness. Instead of walking this path of righteousness, if we live immersed with the pleasure in the midst of wife and children, we are sure to be frustrated. Persons who are brought together by the tie of family affection will all get dispersed at the critical moment, just like rain drops get dispersed by strong wind. Hence, I advise you not to become a slave of environment. The way of desire for sensual pleasure, family affection etc.— all these things prevent your spiritual development. Hence, I advise you not to show affection for your dear ones because such an affection is an impediment to spiritual development. Take courage to forget that I am your Mother and let me have freedom to adopt my own way of ascetic life."

Again the Queen Mother addressed the following words on the importance of virtue. "Instead of being intoxicated with sensual pleasures in the company of beautiful maiden utterly blind to the value of virtue before old age overtakes you, my dear friends, attend to Tapas and Dharma—penance and piety. Body is but an abode of painful diseases. It serves as a delicious food for death. Before the body loses its health and becomes decrepit, try to share your food with the needy and cultivate noble qualities achievable through the instrument of human body. After all, body is but a cart and man is its driver. Life in the body is the axle of the cart. If by long and constant use, the cart becomes worn out and dilapidated, there is no possibility of reconditioning it by introducing a new life, a fresh axle. But body gets abandoned finally as useless. In some cases, the body, instead of lasting till the end of the date of the age, may get destroyed even earlier by getting struck in the stream of

खगेन्द्रमणिदर्पण दोलु पोड शाक्तिक रं समातम्" —(खगेन्द्रमणिदर्पणे मंगल:)

१४ 'पूज्यपादमुनिगलु पेल्द कल्याण कारक वाइड सिद्धान्तकदिष्ट" —(चित्र कविमार)

१५ "यो देवनन्दि प्रथमाभिधानो बुद्धया महत्या स जिनेन्द्र बुद्धिः ।
श्री पूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगपदीयं ॥
जैनेन्द्र निजशब्द भाग मतुलं सर्वार्थसिद्धिःपरा ।
सिद्धान्ते निपुणत्वमुद्ध कविता जैनाभिषेकः स्वकः ॥
छन्दः सूक्ष्मधियं समाधिशतकं स्वास्थ्यं यदीयं विदा ।
माख्यातीह स पूज्यपाद निरः पूज्योमुनिनांगुणैः ॥
(Sr Belgola Insc 40 (64) s. 1085)

१६ "सुखि.....न्याय कुमुद चन्द्रोदय कृते नमः, शाकटायनकृत्सूत्र कर्ते ब्रतीन्दवे ।
न्यासं जैनेन्द्र संज्ञं सकल बुधनुतं पाणिनी यस्य भूयो,
न्यासं शब्दावतारं मनुजतति हितं वैद्यशास्त्रं च कृत्वा ।
यस्तत्त्वार्थस्य टीकां व्यरचय दिह तां भात्यसौ पूज्यपाद,
स्वामी भूपाल वंद्यः स्वपर हितवचः पूर्णदृग्बोधवृत्तः ॥"—(E. C. VIII Nr 46)

१७ प्रागभ्यधायि गुरुणा किल देवनन्दी, बुद्धया पुनर्विपुलया स जिनेन्द्र बुद्धिः ।
श्री पूज्यपाद इतिचैषबुधैः प्रचख्ये यत्पूजितः पदयुगे वनदेवताभिः ॥
(S B.G.no 105 (254) of s. 1320)

१८ श्री पूज्यपादोद्धृत धर्मराज्यस्ततो सुराधीश्वर पूज्यपादः ।
यदीय वैदुष्य गुणानिदानीं वदन्ति शास्त्राणि तदुद्धृतानि ॥
धृत विश्वबुद्धिरयमत्र योगिभिः कृतकृत्य भावमनुबिभ्रदुच्चकैः ।
जिनवद्बभूव यदनङ्ग चापहृत्स जिनेन्द्रबुद्धिरिति साधुवर्णितः ॥

तथा

"श्री पूज्यपाद मुनिर प्रतिमौषधर्द्धि र्जीयाद्विदेह जिन दर्शन पूतगात्रः ।
यत्पाद धौतजल संस्पर्श प्रभावात् कालायसं किलतदा कनकीचकार ॥
SBG. no. 108 (258) of S. 1355)

१९ सर्व व्याकरणे विपश्चिदधिपः श्री पूज्यपादः स्वयम्— in praise of Meghchandra Travidyadeva—(SBG. nos. 47, 50).

२० जैनेन्द्रे पूज्यपाद :— for Jinachandra (SBG. no. 55).

२१ शब्दावतार कार देवभारती-निबद्ध-बृहत्पथाः — for Ganga King Durvinita (E.C. XII Tm. 23 p. 7).

२२ जीयात्सोऽत्र जिनः समस्त विषयः श्री पादपूज्योऽमलो ।
भव्यानन्दकरः समाधिशतक श्रीमत्प्रभेन्दुः प्रभुः ॥—(समाधितंत्र टीकायां प्रभाचन्द्रः)
etc. etc.

JAINA GURUS OF THE NAME OF PŪJYAPĀDA
(Conclusion)

By

(Prof. Jyoti Prasad Jain, M.A., LL. B)

Thus we have seen that some two dozen references and allusions in literature and epigraphical records, to the Jaina gurus known by the name of Pūjyapāda when boiled down leave us with about sixteen apparently unconnected Pūjyapādas. But a further and closer examination of all the data available shows that they can easily be further resolved into atleast four quite distinct Jaina gurus of that name, namely Pūjyapāda Devanaṇdi (circa 450-500 A.D.), Pūjyapāda Bhaṭṭa-Aklaṃka-dēva (circa 600-675 A. D.), Pūjyapāda Yogi the Siddha (circa 1300 A.D.), and Pūjyapāda Bhattaraka of Karkala (circa 1500 A.D.)

It is quite possible that besides these four some other guru or gurus with the same name may yet be found out, but as to the existence and distinctly separate identities of the above mentioned four Pūjyapādas there is absolutely no doubt It is also obvious that they themselves have often been confused with one another, and it is not a new thing nor an only instance. Bhadrabahu, Padmanaṇdi, Kālaka, Samantabhadra, Siddhasēna, Guṇanandi, Aklaṃka, Vidyānand, Anantvirya, Jinasēna, Vādiraja, Prabhāchandra, Nēmichandra, Dharmabhūṣaṇa, Śubhachandra, Sakalakirti are some of the more important Jaina gurus and eminent authors who each had several later namesakes of his own, which circumstance has ever led to considerable confusion and misunderstanding in the minds of historians and scholars both old and new. The mixing up of different, many a time quite unconnected traditions without analysing them scientifically has often played havoc. And it has been mostly due to similarity of names.

In this particular case of the Pūjyapādas the reasons for such a confusion are quite obvious. For example, (1) they find mention under the identical name, Pūjyapāda. But it should now he evident that in the case of the first guru, that is Devanandi, this term has

been applied to him as a title which he had won by his Yogic-cum-mystic powers and which later tradition believed was due to the fact that his feet had been worshipped by the forest deities (वनदेवताभिः) In the case of Aklamka this term was used simply as a mark of respect meaning that his feet were worth worshipping, as is often done by many people for their predecessors, gurus, parents or respected elders. Although in his case the term never seems to have become much popular, still its use is known to have persisted for several centuries after him It is why the authorship of his Sārasangraha (or Pramāṇa sarasangraha) and Nyayakumudchandra (i.e. Laghiyastriya) was attributed to Devanandi. The third and fourth Pujyapadas had this term for their real and proper name and not as a title or mere mark of respect. By that time the name had become so popular that it began to be adopted as a first name.

(2) Both Devanandi and Aklamka were mentioned by some later writers simply by the term Dēva. But while it was the first part or a short form of the original name of Devanandi, it denoted the Sangha of the latter and was also used simply out of reverence for him (i.e. Aklamka) by his successors, admires and commentators who were zealous students of his own school of Jaina logic. (3) Both of them were famous for their mastery over Sanskrit grammar, and if Devanandi was the author of the masterful work Jainendra, probably of the Sabdavatara Nyasa on Panini's work also and was regarded as an authority in that branch of learning, we have reason to believe that Aklaṃka might also have written some valuable work on grammar. (4) Both of them wrote their respective commentaries, the Sarvārthasiddhi and the Tattwārtharājavārtika on the Tattwārthādhigama Sutra of Umāswamin, and both these works equally held in high esteem by posterity were generally referred to by their generic name Tattwartha Bhasya. (5) Prabhāchandra (980-1065 A.D.) wrote a vrtti on the Jainendra of Devanandi Pūjyapāda and the Nyayakumudchandra Tika on an important work of Pujyapāda Aklamka, and he also wrote a Nyāsa on the grammar of Śākaṭāyana junior. Hence in later times he also became a source of confusion between the first two Pujyapadas It is also likely that this Prabhachandra *himself might also have been alluded to by some later admirers of his by the term Pujyapada. In that case the number of the known*

Pujyapadas will go up to five, and in that case some of the work viz. Pratishthapatha, Upasakachara etc. might also be his creations.

(5) There is ample evidence to prove that Devanandi was also a reputed master of the science of medicine and had also written some work or works on that subiect. At the same time, Pujyapāda III was also a famous physician and alchemist who seems to have written some books on medicine He was also a Siddha and a Yogi and both these qualifications are ascribed to Devanandi as well. Then Nagarjuna the famous Buddhist scholar is known to have flourished comparatively close to the times of Devanandi, but another Nagarjuna, the famous Siddha of South India, who is regarded as one of the great early Acharyas of the Siddha school of South Indian medicine, is said to have been the disciple and sister's son of Pujyapāda yogi, presumably that of circa 1300 A. D (6) A Buddhist scholar, Jinendrabuddhi wrote a Nyasa on the Kasikavrtti and since Devanandi also had Jinendrabuddhi as another of his names, these two scholars have also often been confused (7) Aklamkadeva and the Pujyapada no. 4, of Karkal, both have been called Bhattarakas. But while the former was so called simply out of respect, the latter was a regular Bhattaraka, a distinct class of the Digambara Jaina gurus of later times. (8) There are many inferior and later compilations on medicine, Pratishtha ceremonies, Sravakachāra, etc. which must have been the creations of the later Pujyapadas and which have generally been believed to have been the works of either of the first two Pujyapadas.

From the foregoing discussions, atleast one fact is clear and it is that the history of the Jaina Sangha is still in the making, and although everyday fresh and valuale light is being thrown on its different phases and aspects, there is yet much which requires to be properly done.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम

१ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' हिन्दी षाण्मासिक पत्र है, जो वर्ष में दो बार प्रकाशित होता है।

२ 'जैन-एन्टीक्वेरी' के साथ इसका वार्षिक मूल्य देश के लिये ३) है, जो पेशगी लिया जाता है। १॥) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा रहेगी।

३ इसमें केवल साहित्य-संबन्धी या अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। प्रबन्धक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं। मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में परिवर्तन की सूचना भी तुरन्त आरा को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि 'भास्कर' प्राप्त न हो तो इसकी सूचना शीघ्र कार्यालय को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर अर्वाचीन काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्ति-विज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म, साहित्य, दर्शन प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना आदि सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णत: अथवा अंशत: स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकों को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास बिना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' कार्यालय आरा के पते से ही भेजनी चाहिये।

PRINTED AT SHREE SARASWATI PRINTING WORKS, LTD.
ARRAH

जैन-सिद्धान्त भास्कर

भाग २१ किरण १

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. XX No I

Edited by

Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
Prof Jyoti Prasad Jain M A., LL. B.
Sri. Kamata Prasad Jain, M.R.A.S., D.L.
Pt. K Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.
Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotishacharya,

Published by
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
(JAIN SIDDHANTA BHAVANA)
ARRAH (Bihar)

Annual Inland Rs 3. Single Copy Rs. 1/8

JUNE, 1954.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग २१ | जून १९५४ | किरण १

सम्पादक :

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम. ए., डी. लिट्

प्रोफेसर ज्योति प्रसाद जैन एम. ए., एल. एल. बी.

बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस., डी. एल.

श्री पं० के. भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण.

पं० नेमिचन्द्र जैन शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न.

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३) | एक प्रति का १॥)

विषय सूची

जैन पुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षण्मासिक पत्र

भाग २१ } जून, १९५५। आषाढ़, वीर नि० सं० २४८१ { किरण १

राजस्थान में जैन-देवी सच्चिका पूजन

[लेखक—श्रीयुत रत्नचन्द्र अग्रवाल, एम० ए०]

१ सचिया माता का सुविख्यात देवालयः—

जोधपुर नगर से लगभग ३८ मील दूर स्थित ओसियाँ[1] (प्राचीन उपकेश व ऊकेश) का 'सचियामाता का मन्दिर' एक ऊँची पहाड़ी पर निर्मित है। यह सचियामाता उसी देवालय के मध्यकालीन शिलालेखों की 'सच्चिका' व 'सच्चिका' ही है। मारवाड़ में 'सचिया' के इस पवित्र स्थान की बहुत मान्यता है तथा सैकड़ों मील से यात्री यहाँ अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने आते हैं। ओसवाल जैन बन्धु तो इस देवालय को बहुत महत्त्व प्रदान करते हैं। सचिया के उपासकों के विषय में यह कहा जाता है कि यदि वे ओसियाँ आवें तो माता के दर्शन तो अवश्य करें परन्तु दर्शनोपरान्त उन्हें एक भी रात्रि वहाँ नहीं ठहरना चाहिए। उन्हें यह भय रहता है कि वहाँ एक रात्रि भी रहने से कहीं देवी क्रुद्ध न हो जावे।

२ जैन शिलालेखों में सच्चिकाः—

(१) सचियामाता के उपर्युक्त देवालय में स्वयं गर्भगृह के बाहर की ताकों में प्रमुख तीन ताकों में तो चामुण्डा, महिषासुरमर्दिनी तथा शीतला की मूर्तियाँ उत्कीर्ण

---

१ ग्राम से लगभग १ मील दूरी पर इसी नाम का रेलवे स्टेशन जोधपुर–फलोदी–पोकरन रेलवे लाइन पर स्थित है।

२ द्रष्टव्य–आर्कियॉलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, ऐनुवल रिपोर्ट, १९०८–९, पृ० १०९–११०

हैं। देवी के इस भवन के प्रमुख गर्भगृह के पीछे संवत् १२३४ चैत्रशुदि १० गुरुवार का एक शिलालेख उत्कीर्ण है, जिससे यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि इस देवगृह में चण्डिका, शीतला, सच्चिका, क्षेमंकरी[१] तथा क्षेत्रपाल की मूर्तियाँ स्थापित हुई थीं। शिलालेख का महत्त्वपूर्ण अंश[२] इस प्रकार है:—

"सच्चिकादेवि प्रासाद—कर्मणि चंडिका-शीतला-श्रीसच्चिकादेवी-क्षेमंकरी-श्री क्षेत्रपाल-प्रतिमाभिः सहितं जंघाघरं आत्मश्रेयार्थं कारितम्"। इसी लेख के पास प्रधान ताक की मूर्ति महिषमर्दिनी की है।

(२) इस वृत्त तथा उपर्युक्त ताकों की मूर्तियों में पूर्ण साम्यता प्रतीत होती है। सच्चिका का सम्बन्ध महिषासुरमर्दिनी, चण्डिका आदि तान्त्रिक देवियों से था। जैनधर्म के विशाल दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप तान्त्रिक विचारधारा के अन्तर्गत कतिपय देव-देवियों की अभिव्यक्ति चित्र एवं मूर्तिकला द्वारा सिद्ध हो चुकी है[३]। मारवाड़ राज्यान्तर्गत जूना नामक स्थान के संवत् १३५२ (=१२९५ ई०) के लेख[४] द्वारा यह ज्ञात होता है कि श्री आदिनाथ के प्राचीन देवालय में विघ्नमर्दन क्षेत्रपाल, चाउण्डराज...... आदि की मूर्तियाँ विद्यमान थीं। इतना ही नहीं ब्राह्मण तथा जैन मतावलम्बियों का तो बहुत प्रेम का व्यवहार नाडोल के संवत् १२२८ (=११६१ ई०) के लेख[५] द्वारा और भी स्पष्ट हो जाता है क्योंकि यहाँ लेख के प्रारंभ में ही ब्रह्मा—विष्णु तथा महेश की 'जिन' नाम से स्तुति की गई है अर्थात्—ओं स्वस्ति श्रियै भवन्तु वो देवाः ब्रह्मश्रीधरशङ्कराः सदा विरागवन्तो ये जिनजगति लोके विश्रुताः[६]।

(३) ओसियाँ के सचियामाता मन्दिर के एक अन्य लेख में भी सच्चिका देवी के पवित्र गृह का उल्लेख है। विक्रम संवत् १२३६ कार्त्तिक शुदि १ बुधवार का यह

---

१ वसन्तगढ़ (सिरोही, राजस्थान) से प्राप्त संवत् ६८२ (=६२५ ईसवी) के लेख में इस भूभाग में क्षेमार्या क्षेमंकरी के देवालय की विद्यमानता का बोध होता है।

२ पूर्णचन्द नाहड़ कृत 'जैन लेख संग्रह', भाग १, कलकत्ता, १९१८, पृष्ठ १९८, लेख संख्या ८०५।

३ जर्नल यू० पी० हिस्टोरिकल सोसाइटी, भाग २३, १९५०, पृ० २१८-२७; जर्नल इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरिएन्टल आर्ट, भाग १५, १९४७, पृ० ११४-१७७; बी० सी० भट्टाचार्य कृत 'जैन आइकानोग्राफी १९३९, लाहौर, पृ० १२८-९, १७०-१, १८०-१, इत्यादि, डॉ० एच० गोएत्ज, आर्ट एण्ड आर्कीटैक्चर आफ बीकानेर स्टेट, १९५०, आक्सफोर्ड, पृ० ५.०।

४ ऐपिग्राफिया इण्डिका, भाग ११, पृ० ५९—६०। ५ वही भाग ९, पृ० ६७-८।

६ द्रष्टव्य मेरा लेख, जर्नल इण्डियन म्यूजियम्स, भाग १०, १९५४—जोधपुर संग्रहालय की एक योगनारायण प्रतिमा पर जैन प्रभाव।

लेख इस प्रकार है:—"अद्येह श्री केल्हणदेव महाराज राज्ये·····तद्भुक्तौ श्री उपकेशीय श्री सच्चिकादेवि देवगृहे श्री राजसेवक······धारावर्षेण सच्चिकादेवि भक्तिपरेण श्री सच्चिकादेवि गोष्ठिकान् भणित्वा······श्री सच्चिकादेवि कोष्ठागारात् मुग मा १० । घृतकर्ष १ भोजकेभ्यो दिनं प्रति दातव्यः [नाहड़, उपर्युक्त, पृ० १६८, लेख संख्या ८०४] । इस लेख द्वारा सच्चिका देवी का ओसियाँ (उपकेश) नगर के साथ सम्बन्ध सुस्पष्ट है ।

(४) लोद्रवा (जैसलमेर से लगभग १०-१२ मील) के प्राचीन पार्श्वनाथ मन्दिर में रक्खी हुई गणेशप्रतिमा की चरण चौकी पर वि० संवत् १३३७ (= १२८० ई०) के लेख[1] द्वारा भी ईसा की १३ वीं शताब्दि में सच्चिका पूजन पर प्रकाश पड़ता है। यहाँ यह बताया गया है कि इस देवी की मूर्ति अजमेर दुर्ग पर स्थापित हुई तथा पूजी गईः—"अजयमेरुदुर्गे गत्वा द्विपंचासत जिनबिम्बानि सच्चिकादेवि गणपति सहितानि कारितानि प्रतिष्ठितानि"। जैन बन्धुओं द्वारा गणेशपूजन[2] भी सर्वज्ञात ही है ।

३. सच्चिका देवी का स्वरूपः—

अब यह निर्धारित करना आवश्यक है कि जैन देवी सच्चिका का क्या स्वरूप था ? ओसियाँ के शिलालेखों व सचिया माता के देवगृह की प्रधान ताकों द्वारा तो यह ज्ञात होता है कि सच्चिका तान्त्रिक देवी ही थी । इस दिशा में अधिक ज्ञान 'उपकेशगच्छ पट्टावली'[3] द्वारा प्राप्त है । यहां सच्चिका के भोजन, रौद्र एवं अहिंसात्मक पूर्व रूप इत्यादि के विषय में प्रचुर सामग्री उपलब्ध है । इस पट्टावलि में यह वर्णित है कि सच्चिका देवी प्रथम महिषासुरमर्दिनी रौद्र रूपा थी तथा श्री रत्नप्रभसूरि के प्रभाव से हिंसाभाव त्याग कर जैनधर्म में प्रविष्ट हुई । प्रारंभ में हिंस्र देवी होने के कारण यह जैन बन्धुओं द्वारा न पूजी जाती थी । रत्नप्रभसूरि के मुख से निकले हुए वाक्य के अनुसार तो "सच्चिका के देवभवन में नहीं जाना चाहिए क्योंकि यह देवी निर्दय हृदया है; अस्थिभञ्जन क्रिया द्वारा प्रसन्न होने वाली है; महिषादि जन्तुओं को खाने वाली है; इसके मन्दिर का फर्श रक्तरञ्जित रहता है···इत्यादि [अतः आचार्येण प्रोक्तः-भो यूयं श्राद्धा तेषां देवीनां निर्दयचित्ताया महिष-बोत्कटादिजीववधास्थिभंगशब्द श्रवण कुतुहल-

१ नाहड़, उपर्युक्त, भाग ३, पृ० १७२ लेख संख्या २५६५ ।

२ द्रष्टव्य भट्टाचार्य, उपर्युक्त, पृ० १८१-२ ।

३ पट्टावली समुच्चय, भाग १, वीरमगाम, १९३३, पृ० १८७ तथा हर्नले द्वारा अनूदित अंश, इण्डियन एण्टीक्वेरी, १८९०, भाग १९, पृ० २३७—२३८ ।

प्रियया अविरतायाः रक्ताङ्कितभूमितले आर्द्रचर्म्मवद्धवंदनमाले निष्ठुरजनसेवितं धर्मध्यानविघ्नापके महाबीभत्सरौद्रे श्री सच्चिकादेविगृहे गंतुं न बुध्यते]। भला सत्य एवं अहिंसा के परमोपासक जैनाचार्य इस प्रकार की देवी का पूजन क्यों कर करते ?

उक्त पट्टावलि में यह भी वर्णित है कि रत्नप्रभसूरि ने यह प्रयत्न किया कि लोग सच्चिका के मन्दिर में प्रवेश तक न करें परन्तु लोगों को सदैव यह भय बना रहता था कि वह घोररूपा कहीं उन्हें सकुटुम्ब ही न मार डाले [आचार्यैः वचः श्रुत्वा ते प्रोचुः—प्रभोयुक्तमेतत् परं रौद्रा देवी यदि छलिस्याम तदा सा कुटुम्बान् मारयति]। इसी पट्टावली के अगले संदर्भ में यह उल्लेख है कि रत्नप्रभसूरि के समक्ष प्रकट हुई तथा कुछ भक्ष्य पदार्थ मांगे। इस पर निरामिष आचार्य ने यथाप्राप्य मिष्टान्नादि भेंट किये परन्तु पशुबलि की इच्छुक उस देवी को वह सब स्वीकार न था। स्वयं रत्नप्रभसूरि कहने लगे कि "वह तो पशुबलि चाहती है जिसको भेंट करना मेरे लिये कठिन है [आचार्यैः प्रोक्तं—त्वया वधो याचितः स तु लातुं दातुं न बुध्यते]। तदनन्तर सच्चिका ने रौद्ररूप का त्याग कर जैनधर्म की दीक्षा ग्रहण की।

४ सच्चिका की एक महत्त्वपूर्ण पाषाण-प्रतिमाः—

उपकेशगच्छपट्टावलि द्वारा प्रस्तुत विवरण की पुष्टि तो जोधपुर संग्रहालय की एक खण्डित पाषाणप्रतिमा द्वारा हो जाती है। इस मूर्ति को सर्वप्रथम प्रकाश में लाने का श्रेय इस लेख के लेखक को ही है! जोधपुर संग्रहालय की सी मूर्ति अभी तक तो अन्यत्र कहीं नहीं मिली है—ऐसा कहने में संकोच नहीं है। सम्भव है भविष्य में इस आशय की प्रतिमाएँ प्रकाश में आवें। जोधपुर संग्रहालय की इस अज्ञात मूर्ति में देवी का ऊपर का भाग सर्वथा खण्डित एवं अविद्यमान है। केवल दोनों टांगें तथा दोनों पैर विद्यमान हैं तथा टांगों पर धोती पहनी हुई है। टांगों के नीचे पड़ा हुआ महिष तथा उस पर वेग से झपटता हुआ सिंह सर्वथा स्पष्ट हैं। सिंह ने महिष की पूंछ को अपने मुख में पकड़ लिया है तथा वेदना के परिणामस्वरूप महिष की जिह्वा बाहर निकल आयी है। श्वेतसंगमरमर की बनी इस प्रतिमा के नीचे चौकी पर विक्रम संवत् १२३७ का एक लघुलेख उत्कीर्ण है जिससे यह सिद्ध हो जाता है कि महिषासुरमर्दिनी देवी का नाम सच्चिका भी था तथा इसकी प्रतिष्ठा एक गणिनि (जैन भिक्षुणियों के गण की अग्रणी) द्वारा सम्पन्न हुई थी। प्रस्तुत लेख में इस गणिनी के गुणकर्मशीलस्वभाव तथा गच्छ पर भी प्रकाश पड़ता है। संवत् १२३७ की यह कलाकृति अतीव महत्त्वपूर्ण है। इसकी चरणचौकी का शिलालेख इस प्रकार है:—

(१) संवत् १२३७ फाल्गुन सुदि २ मगलवारे
(२) श्रीमदूकेशगच्छीया सव्वदेवमहत्तरा (आशा
(३) त्) लोकविख्याता सत्यशीलक्षमा...स्या
(४) विनेयिका गणिनी चरणमत्या......म्मेला
(५) तेनेयं कारिता देवीसच्चिकाम्ना..... यसे।
(६) ....॥ प्रति (ष्ठिता) श्रीकक्कु.......॥

यह मूर्ति मारवाड़ान्तर्गत जसवन्तपुरा परगने के ग्राम रेवाड़ा (व हरसवाड़ा) से प्राप्त हुई है। यहाँ लेख जूना (मारवाड़) स्थित सिचियाय माता के मन्दिर में भी उत्कीर्ण है [द्रष्टव्य, पुरुषोत्तम प्रसाद गौड़ कृत 'प्राचीन शिलालेख संग्रह' जोधपुर, पृ० २]। ओसियाँ के वि० सं० १६५५ के लेख द्वारा भी स्पष्ट हो जाता है कि सच्चिका तथा चामुण्डा समानार्थक शब्द हैं। ["चामुण्डा को सिचियाय करी रत्नप्रभसुर जी ने" —अर्थात् रत्नप्रभसूरि जी ने चामुण्डा को सच्चिका रूप में परिणत किया था]। सम्भव है जोधपुर संग्रहालय वाली मूर्ति जूना के देवालय से ही रेवाड़ा पहुँची हो।

राजस्थान के इस भूभाग में ईसा की १२-१३ वीं शताब्दियों में सच्चिका-पूजन अतीव महत्वपूर्ण है तथा दो संस्कृतियों के समन्वय का द्योतक है। प्रस्तुत निबन्ध में प्रथम प्रयास द्वारा अल्प सामग्री को विद्वद्वर्ग के समक्ष समुपस्थित किया जा रहा है। आशा है शीघ्र ही अज्ञात एव यत्र तत्र बिखरी पड़ी एतद्विषयक अन्य मूर्तियाँ प्रकाश में आवेंगी जिससे राजस्थान के इस प्रदेश में सच्चिकोपासना पर अधिक प्रकाश पड़ सके। डॉ० शाह ने मुझे बताया है कि कतिपय जैन देवालयों में अभी भी महिषमर्दिनी की पूजा होती है। यह सब वास्तव में महिषमर्दिनी के सच्चिका रूप में अङ्गीकार भाव के परिणाम स्वरूप ही सम्भव हो सका है।

मध्यकालीन जैन साहित्य में मुद्रा सम्बन्धी सामग्री

[श्रीयुत् रत्नचन्द्र अग्रवाल, एम. ए.]

जैन साहित्य के सम्यक् अध्ययन द्वारा मुद्रा के क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश पड़ सकता है। जैन साहित्य में तो बहुत सी विदेशी [1] मुद्राओं का भी उल्लेख उपलब्ध है। यथा—पणिणक, पायङ्क, सतेरक, साभरक, खत्तपक, दीनार, केवडिका अथवा केतर……… इत्यादि। इनमें कुछ तो ऐसे शब्द हैं जो जैन ग्रन्थों द्वारा ही प्रकाश में आ सके हैं। सम्भव है भविष्य में अन्य बहुमूल्य सामग्री हमारे वर्तमान ज्ञान में अत्यधिक वृद्धि कर सके। प्रस्तुत लेख में ६ वीं शताब्दि तथा उसके उपरान्त के कुछ ग्रन्थों द्वारा ज्ञात सामग्री का संक्षेप में ही विवेचन किया जायगा।

१. सतेर

ईसा पूर्व की तृतीय एवं चतुर्थ शताब्दि के उपरान्त यूनानी सम्पर्क के प्रभाव से तद्देशीय मुद्रा का प्रचार भारतवर्ष में हुआ तथा ग्रीक स्वर्णमुद्रा स्टेटर का उल्लेख तक्षशिला से प्राप्त खरोष्ठी लिपि के लेखों में उपलब्ध है[2]। यही शब्द छठी शताब्दि के एक अप्रकाशित जैन ग्रन्थ में 'सतेरक' रूप में उपलब्ध है यथाः— सतेरको त्ति तं सव्वं पुण्णाम ममादिसे [3]। ईसा की ६ वीं शताब्दि के जैनाचार्य महावीर ने 'गणितसार संग्रह' में सतेर का उल्लेख करते हुए यह दर्शाया है कि १ सतेर =२ दीनार[4] अर्थात्ः—

संकेत चिह्नः—

जर्नल = जर्नल न्यूमिस्मैटिक सोसाइटी ऑफ इण्डिया, बम्बई।

शोध = शोधपत्रिका, उदयपुर।

ना० प्र० = नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ५२, अंक ४, संवत् २००७, पृ० २६५-८०।

पृ० = पृष्ठ संख्या।

वही = जिसका ठीक ऊपर उल्लेख किया गया है।

उपर्युक्त = जिसका पहले उल्लेख हो चुका है।

१ द्रष्टव्य, ना० प्र०, पृ० २७५ तथा आगे; जर्नल, भाग १२ का द्वितीयाङ्क, पृ० १६८ तथा आगे; जर्नल, भाग १४, पृ० १०७—११०; जगदीशचन्द्र जैन कृत लाइफ इन ऐन्शैयट इण्डिया ऐज़ डिपिक्टेड इन जैन कैनन्ज़, बम्बई, १९४७, पृ० १२० तथा जर्नल यू० पी० हिस्टोरिकल सोसाइटी, १८, पृ० ६६ तथा आगे। इस क्षेत्र में डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल, डॉ० जगदीशचन्द्र जैन तथा डॉ० उमाकान्त शाह के लेख विशेषरूपेण उपयोगी हैं।

२ द्रष्टव्य मेरा लेख जर्नल, १५, पृ० १५३—४।

३ वही, १४, पृ० ११०; अङ्गविज्जा, पुण्णामपटल, अध्याय ९।

४ द्रष्टव्य मेरे लेख, जर्नल १५, पृ० १५३-४; वही १४, पृ० १०३-४।

द्रम्मो भागषट्केन दीनारोऽस्माद्विसंगुणः।
द्वौ दीनारौ सतेरं स्यात् प्राहुर्लोहेऽत्र सूरयः [१] ॥

यही भाव यशोमित्र कृत अभिधर्मकोशव्याख्या (टोक्यो संस्करण, भाग २, १९३२, पृ० ३६८) में भी व्यक्त किया गया है :—

दीनार सतेरवच्च। यथापूर्वको दीनारो द्वितीयेन सह
सतेरो भवति तथा हि लोके एक दीनार मूल्येन
द्वितीयं दीनारं दीनारमूल्यं वा तेन पूर्वकेण दीनार-
मूल्येण सहाधिकमपेक्ष्य कश्चित् वक्ता भवेत्।
दीनार सतेरो मया लब्ध इति दीनारद्वयं मया लब्धमित्यर्थः।

प्राचीन शक 'सतेर', अर्मेनियन 'सतेर' सौग्डियन 'स्तिर', कूचियन 'सतेर', प्राचीन खोतानी 'सतीर'.........इत्यादि सब ग्रीक स्टेटर से ही निकले हैं [२]। उपर्युक्त गणितसारसंग्रह की एक अन्य प्रति (गवर्नमेन्ट ओरिएण्टल लाइब्रेरी, मद्रास) में 'सतेगरव्यं' पंक्ति भी सतेर शब्द के प्रयोग पर प्रकाश डालती है।

२ द्रम्म

यूनानी (ग्रीक) 'ड्रैक्म' से ही संस्कृत व जैन साहित्य का 'द्रम्म' (अथवा 'दम्म') बना है। इसीका अपभ्रंश रूप दाम (मूल्य तथा अकबर के काल में रुपये का चालीसवां भाग) है तथा रूपान्तर दमड़ी, दमड़े, ध्रमड़............इत्यादि [३]। जैन ग्रन्थ 'पुरातन-प्रबन्ध-संग्रह' (सिंघी जैन ग्रन्थमाला, १९३६, कलकत्ता) में दाममूड़ा (पृ० ५३ नोट) तथा 'द्रम्ममूडा' [४] (पृ० ५२) रूप भी उपलब्ध हैं। इसी ग्रन्थ के पृ० ८० पर वर्णित 'मूढ़कशत १८' की पादटिप्पणी में यह उल्लेख मिलता है कि जगडु सेठ ने दुर्भिक्ष के समय पर निम्न प्रकार से दान दिया, अर्थात् ८००० मूड तो वीसलदेव के लिये; १६ हजार हम्मीर के लिये तथा २१ हजार सुलतान के लिये [अट्ठयमूड-सहसा वीसलदेवस्स सोल हम्मीरा। एक वीसा सुलताणा पयदिन्ना जगडु दुकाले]। मूड़ या मूढ़क की व्याख्या अभी तक अस्पष्ट है। आशा है विद्वद्वर्ग इस ओर कुछ प्रकाश डालने का प्रयत्न

१ श्री रङ्गाचार्य द्वारा सम्पादित गणितसारसंग्रह, १९१२, मद्रास, अध्याय १, श्लोक ४३।

२ बुलेटिन ऑफ स्कूल ऑफ ओरियण्टल एण्ड एफ्रिकन स्टडीज़, लन्दन विश्वविद्यालय, १३, पृ० १२८-९; एम० एन० ढल्ला कृत ज़ोरोस्ट्रियन सिविलिज़ेशन, न्यूयार्क, १९२२, पृ० ३५७; एण्टीक्विटीज़ ऑफ इण्डिया (बार्नेट कृत), १९१३, लन्दन, पृ० २०७; मेरा लेख, गंगानाथ झा रिसर्च सोसाइटी, प्रयाग, १०, पृ० १३४ ह; जी० आर० केये द्वारा सम्पादित, दि० बख्शाली मैन्यूस्क्रिप्ट, १९२७, कलकत्ता, भाग १-२, पृ० १३०, ६४, ६७-८ इत्यादि।

३ द्रष्टव्य मेरा लेख शोध०, दिसम्बर १९५३, पृ० २-३। 'दम्म' रूप के लिये द्रष्टव्य अर्द्धमागधी-कोश पाइअ-सद्द-महण्णवो', कलकत्ता।

४ पृ० ५२ पर 'द्रम्ममूडा' भी तथा पृ० १३२ पर 'सामुद्रमा'; पृ० ६५ पर 'कोडिद्दाम दयड'.........इत्यादि।

करेगा। इतना तो निश्चित ही है कि ये शब्द तत्कालीन मुद्राविशेष के अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं [द्रष्टव्य मेरा लेख, शोध, दिसम्बर १६५३, पृ० ८]।

३. भीमप्रिय द्रम्म

मारवाड़ के एक लेख (विक्रमसंवत् १३५२) में भीमप्रिय द्रम्मों से सम्बन्धित 'भीमप्रियदशविंशोपक'[1] का उल्लेख हुआ है। इस दिशा में पुरातन-प्रबन्ध-संग्रह में भी कुछ उल्लेख उपलब्ध हैं यथाः—

(अ) भीम प्री० (—पृ० ६५)
(ब) भीम प्री द्राम ६८ लक्ष (—पृ० ३३)
(स) भीमपुरी द्राम (—पृ० ३३ फुट नोट ६)
(द) भीम प्री (य) द्रम्म लक्ष (—पृ० ३४)
(य) राजमहाराज श्री (भी) मसेन द्रम्म लक्षत्रय दाने (—पृ० ६५)।

सम्भव है कि महाराजा भीमसेन द्वारा चलाई गई मुद्रा को ही भीमप्रियद्रम्म नाम से सम्बोधित किया जाने लगा हो। ठक्कुर फेरुकृत 'द्रव्यपरीक्षा' ग्रन्थ में 'भीमपुरी' मुद्रा का उल्लेख आया है [जर्नल ८, भाग २, पृ० ६५]

४. लोह द्रम्म

पुरातन प्रबन्ध संग्रह के पृ० ६५ पर एक स्थान पर 'लोहे के बने' द्रम्मों का भी उल्लेख हुआ है अर्थात् —१४ लोहडिआ अथवा इका आगला द्राम। इसी ग्रन्थ के पृ० १५३ पर 'लोहटिक' की 'लोहडिय द्रम्म" कह कर परिभाषा की है। श्रीधर के 'गणितसार' की टीका में द्रामि २० लोहडीआ,[2] द्वारा सम्भवतः इसी वर्ग के द्रम्मों का बोधक प्रतीत होता है।

५. निष्क

'प्रबन्धचिन्तामणि' (सिंघी जैन ग्रन्थमाला, कलकत्ता, पृ० ७ फुटनोट ८) में एक प्राचीन भारतीय मुद्रा 'निष्क'[3] का वर्णन किया गया हैः—निष्काणां परिनिष्पके मम सदाकोटिर्मदाशा कोशाधीश .... इत्यादि। स्कन्द पुराण के श्रीमालमहात्म्य में भी एक लाख निष्कों के दान का वर्णन है। श्री भास्कराचार्य कृत 'लीलावती' नामक गणित ग्रन्थ के प्रारम्भ [अध्याय १, श्लोक २] में ही यह बताया गया है कि १६ द्रम्मों का १ निष्क होता हैः—

१ ऐपिग्राफिया इण्डिया, ११, पृ० ५९-६०; पूर्णचन्द्र नाहड़ कृत जैनलेख संग्रह, १, पृ० २४४।

२ द्रष्टव्य जर्नल, ८, १६४६, पृ० १४० तथा आगे। द्रम्मों का उल्लेख प्रबन्धचिन्तामणि, युगप्रधानाचार्य गुर्वावलि, प्रबन्धकोश........इत्यादि अन्य जैन ग्रन्थों में उपलब्ध है। पुरातन-प्रबन्धसंग्रह, (पृ० ५०) में केवल 'लोहटिक' का भी उल्लेख है यथा—लोहटिकं विना यामि।

३ निष्क के लिये द्रष्टव्य जर्नल १५, पृ० ११ तथा आगे; वही, १२, पृ० १६१ तथा आगे।

वराटकानां दशकद्वयं यत्सा काकिणी, ताश्च पणश्चतस्त्रः ।
ते षोडशद्रम्म इहावगम्यो, द्रम्मैस्तथाषोडशभिश्च निष्कः ॥

यह निष्क एक स्वर्णमुद्रा ही थी ।

६. टङ्क

संस्कृत साहित्य में सर्वप्रचलित शब्द टङ्क से ही आधुनिक हिन्दी शब्द 'टका' बना है। जैन ग्रन्थ प्रबन्धकोश (सिंघी जैन ग्रन्थमाला, पृ० २६) में सोने के बने हुए 'सौवर्णटङ्कों' का उल्लेख हुआ है अर्थात्—सपादलक्षेण सौवर्णटङ्कैर्निष्पन्न इति । 'श्राद्धदिनकृत्य सूत्रवृत्ति' (१२) तथा 'सुपासनाहचरिअ' (५१३) में भी टंक उपलब्ध है तथा 'प्राकृतपिङ्गल' के अनुसार एक टङ्क परिमाण में ४ माषे के बराबर होता है[१] । पुरातनप्रबन्धसंग्रह (पृ० १२३) में वर्णित पंक्ति 'उंदरटंका २०' भी महत्वपूर्ण है । इस प्रकार के टंकों के विषय में विशेष विवेचन की परमावश्यकता है ।

७. गदहिया मुद्रा

डॉ० भण्डारकर[२] ने यह विचार प्रगट किया था कि द्रम्म शब्द रजतमुद्रा का सूचक है तथा 'गधैया-का-पैसा[३] ताम्रमुद्रा का । इस दिशा में जैनग्रन्थ उपकेशगच्छपट्टावलि द्वारा यह प्रतीत होता है कि यह मुद्रा भीनमाल (प्राचीन श्रीमाल, मारवाड़) से सम्बन्धित थी तथा चांदी की बनी थी । यहां इसका नाम 'गदहिया मुद्रा'[४] मिलता है अर्थात् :— तत्पट्टे संवत् ११०८ वर्षे ·········ततो गुरूपदेशेन ज्वलितानि छगणानि रुप्यमयानि भवन्ति । ततो तेन रुप्येन गदहिया मुद्रा पातिता ···········सवालक्ष मुद्रिका दत्ता । ततो गर्दभयानि भारयत्वा पत्तने जगाम··········तद्धनं देशे सत्क्षेत्रे व्ययो कृतः ।

८. विंशोपक

कुछ विद्वानों का विचार है कि द्रम्म के बीसवें भाग का नाम विंशोपक है [एपिग्राफिया इण्डिका, ११ पृ० ४१; वही, १, पृ० १६६; वही, १०, पृ० १६ नोट ३] परन्तु डॉ० भण्डारकर इस मत के पक्ष में नहीं हैं (लैक्चर्ज·······, पृ० १८८-६) । १४ वीं शताब्दि के ग्रन्थ गणितसार की टीका में विंशोपक का पर्यायवाची 'वीसा' था जिसे एक ताम्रमुद्रा कहा गया है [जर्नल, ८, पृ० १४३] । द्रम्मों के साथ सम्बन्धित कई प्रकार के विंशोपकों का शिलालेखों में भी पर्याप्त उल्लेख मिलता है ।

---

१ पाइअसद्दमहण्णवो, भाग २, पृ० ४५९ ।

२ लैक्चर्ज ऑन ऐन्शैण्ट इण्डियन न्यूमिस्मैटिक्स, १९२१, कलकत्ता, पृ० २०७ ।

३ श्री रैप्सन ई० जे० (इण्डियन कौइन्ज, १८९८, स्ट्रैसबर्ग, पृ० ३४) ने तो इस मुद्रा को 'वड्बोहिकद्रम्मों' से सम्बन्धित किया है । द्रष्टव्य जर्नल, १२, पृ० २०२ ।

४ श्री पट्टावलिसमुच्चयः, भाग १, १९३३, वीरमगाम, पृ० १९१ ।

जैन ग्रन्थों में भी विंशोपक का प्रयोग उपलब्ध है यथा:—(१) पञ्चविंशोपकानर्जयित्वा प्रबन्धचिन्तामणि, पृ० ६६); (२) विंशोपक[१] (पुरातनप्रबन्धसंग्रह, पृ० १३२) इत्यादि। प्राकृत[२] ग्रन्थों का विसोवग (व विसोवग) भी विंशोपक से ही निकला है।

९. नाणक

मृच्छकटिक (अंक १, दृश्य १) तथा याज्ञवल्क्य-स्मृति में 'नाणक' मुद्रा का उल्लेख मिलता है। मृच्छकटिक के अनुसार ये कुषाणकालीन सिक्के थे[३] [डॉ० अग्रवाल का अध्यक्षीय भाषण], कुषाणों की मुद्राओं पर विदेशी देवी नाना (Nana) का प्रदर्शन भी उपलब्ध है। डॉ० रायचौधरी[४] के उल्लेखानुसार 'नाणक' मुद्रा सम्भवतः इसी 'नाना' देवी के नाम पर चली हो। कालान्तर में तो नाणक शब्द मुद्राविशेष के अर्थ में न प्रयुक्त हो, साधारण मुद्रा (अर्थात् सिक्का) के अर्थ में ही प्रयोग में आने लगा। मराठी, गुजराती तथा राजस्थानी लोकोक्तियों द्वारा यह शब्द आजतक सुरक्षित है। एक राजस्थानी लोकोक्ति में कहा गया है कि पैसे रुपये द्वारा काणे व्यक्ति का भी विवाह सम्भाव्य है अर्थात् "नकद नाणों बींद परणीजे काणों"। जैन साहित्य में नाणक के कुछ अपभ्रंशरूप उपलब्ध हैं यथा:—

(१) णाणं (अंगविज्जाग्रन्थ-उपर्युक्त) यथा:—तधोणाणं च मासको।

(२) णाणक (अभिधानराजेन्द्र, जैन प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम; पाइअसद्द महण्णवो, भाग २, पृ० ४७७)।

कुछ जैनग्रन्थों में तो 'नाणक' शब्द पर पर्याप्त प्रकाश पड़ा है। यथा:—

(१) रूप्यनाणक (प्रबन्धचिन्तामणि, पृ० ७७)—रजतमुद्रा का निर्देशक है।

(२) बृहत्कल्पभाष्य की टीका (श्लोक १९६९) करते हुए विक्रम संवत् १३३२ के जैन विद्वान् श्री क्षेमकीर्त्ति ने देशी-विदेशी मुद्राओं (नाणक) का विशद विवेचन किया है यथा:[५] —

---

१ इसी पृष्ठ पर 'सासु द्रमा ३' पंक्ति कुछ अस्पष्ट प्रतीत होती है।

२ पाइअसद्दमहण्णवो, ४, पृ० १००७; द्रष्टव्य मेरा लेख, शोध, दिसम्बर १९५३, पृ० ५-७; हथुण्डी (मारवाड़) के वि० सं० १०५३ वाले लेख में प्रयुक्त विंशोपक शब्द परिमाण-सूचक भी है [जैनलेखसंग्रह, श्रीपूर्णचन्द्रनाहरकृत, भाग १, पृ० २३७]।

३ जर्नल, १२, पृ० १९८। द्रष्टव्य लैक्चर्ज ...., पृ० १६१;

४ पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ ऐन्शैयट इण्डिया, कलकत्ता, ५ संस्करण, पृ० ४७५ फुटनोट ४

५ जर्नल १४, पृ० १०९; बृहत्कल्पभाष्य, भाग २, पृ० ५७३—श्री पुण्यविजय जी द्वारा सम्पादित। यहाँ पर क्षेमकीर्ति ने प्रत्येक नाणक का विशेष नाम, प्रचलन क्षेत्र तथा उसकी धातु का स्पष्ट उल्लेख किया है।

श्री बैजनाथपुरी का यह विचार है कि कुषाणमुद्रा पर अंकित 'नाना' को भारतीय अम्बा स्वीकार करना चाहिए (इण्डियन कल्चर, कलकत्ता, भाग ७, नं० ४, पृ० ४९२-३)।

"कपर्दकादयो मार्गयित्वा तस्य दीयन्ते। ताम्रमयं वा नाणकं यत् व्यवह्रियते, यथा दक्षिणापथे काकिणी। रूपमयं वा नाणकं भवति यथा भिल्लमाले द्रम्मः। पीतं नाम सुवर्णं तन्मयं वा नाणकं भवति, यथा—पूर्वदेशे दीनारः। केवडिका नाम यथा तत्रैव पूर्वदेशे केतराभिधानो नाणक-विशेषः"।

(३) कपर्द्दका मालवदेशीय नाणकम् (पुरातनप्रबन्धसंग्रह, पृ० २१)।

इस प्रकार निम्नमुद्राओं का बोध होता है:—

(अ) ताम्रमुद्रा, काकिणी—दक्षिणापथ की;

(ब) रजतमुद्रा, द्रम्म—भिल्लमाल की;

(ज) सुवर्णमुद्रा, दीनार—पूर्व देश की;

(द) केवडिका अथवा केतर—पूर्व देश की;

(य) कपर्द्दक—मालव देश की।

१०. केवडिका, केतर अथवा केदार

पूर्व देश में प्रचलित 'केवडिका' अथवा 'केतर' नामाभिधेय नाणक विशेष का ऊपर उल्लेख किया गया है। 'रूप्य' शब्द की व्याख्या करते हुए स्वयं काशिकाकार ने 'केदार' मुद्रा का उल्लेख किया है यथा—"आहतं रूपमस्य रूप्यो दीनारः, रूप्यः केदारः, रूप्यं कार्षापणम्"। जैन साहित्य का 'केतर' तथा काशिका का 'केदार' पर्यायवाची प्रतीत होते हैं[1]। यह मुद्रा 'किदार-कुषाण' नामक विदेशी राजाओं द्वारा चलाई गई थी। ऐसे सिक्के पर्याप्तमात्रा में मिले भी हैं जिन पर 'किदार' शब्द अङ्कित है[2]। यह स्मरण रखना आवश्यक होगा कि केतर मुद्रा गुप्तकाल में प्रचलित थी तथा इसे आहतमुद्रा नहीं कहा जा सकता। इसी प्रकार दीनार के विषय में काशिकाकार की पूर्वोक्त पंक्ति ठीक नहीं जंचती [जर्नल, १५, पृ० ३८]।

प्रादेशिक मुद्रा सम्बन्धी अवशिष्ट सामग्री

दक्षिणापथ, मालवा, पूर्वदेश, भीनमाल (मारवाड़)..........इत्यादि की मुद्रा पर प्रकाश डाला जा चुका है। उसी टीकाकार (क्षेमकीर्ति) ने बृहत्कल्पभाष्य के कुछ श्लोकों (३८६१-२) की टीका करते हुए लिखा है कि:—

"द्वीपं नाम सुराष्ट्राया दक्षिणस्यां दिशि समुद्रमवगाह्य यद्वर्तते तदीयौ द्वौ साभरकौ रूपकौ स उत्तरापथे एको रूपको भवति। द्वौ च उत्तरापथरूपकौ पाटलिपुत्रक एको रूपको भवति

---

१ जर्नल, १२, पृ० १९९; वही १४, पृ० १०६; लैक्चर्ज........., पृ० १३३; जर्नल १५, पृ० ३७-८; शाह, जर्नल एम० एस यूनि० ओरियण्टल इन्स्टीटयूट, बड़ौदा, मार्च १९५४, पृ० ५१ फटनोट १९।

२ हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पटना, १९५३, पृ० ५४ फुट नोट ३; ए न्यू हिस्ट्री ऑफ इण्डियन पीपल्ज, भाग ६, १९४६, लाहौर, पृ० २३; लैक्चर्ज.........पृ० २०५।

॥ १८६१ ॥ दक्षिणापथौ रूपकौ काञ्चीपुर्यां द्रविडविषय प्रतिबद्धया एकः नेलकः रूपको भवति। सः काञ्चीपुरी रूपको द्विगुणितः सन् कुसुमपुरनगरसत्को एको रूपो भवति! कुसुमपुरं पाटलिपुत्रमभिधीयते"[1] । यहाँ पर कुछ अवशिष्ट मुद्राओं का पारस्परिक सम्बन्ध प्रस्तुत किया गया है तथा ये सब चाँदी के ही सिक्के हैं—

२ साभरक रूपक=१ उत्तरापथ रूपक।

२ उत्तरापथरूपक=१ पाटलिपुत्र (या कुसुमपुर) रूपक।

२ दक्षिणापथरूपक=१ नेलक जो द्रविड़ राज्यान्तर्गत काञ्चीपुरी में प्रचलित था।

२ नेलक=१ पाटलिपुत्र (या कुसुमपुर) रूपक।

उल्लिखित वृत्त से यह ज्ञात होता है कि भारतवर्ष के भिन्न भिन्न प्रदेशों की मुद्रा का आपस में घना सम्बन्ध था तथा एक दूसरे के मूल्य एवं अनुपात से परिचय का भाव सर्वथा विद्यमान था। यहाँ यह कहना कठिन है कि उत्तरापथ तथा पाटलिपुत्र के रूपक किस प्रकार के थे तथा उनका क्या क्या परिमाण था। सम्भव है भावी खोजों द्वारा इस दिशा में कुछ प्रकाश पड़ सके।

साभरक द्वीप की स्थिति सुराष्ट्र के दक्षिण में थी तथा वहां की मुद्रा का भी उत्तरापथ की मुद्रा से सम्बन्ध भली भांति ज्ञात था। ११६० ईसवी के प्रवचनसारोद्धार[2] ग्रन्थ की टीका करते हुए सिद्धसेन ने यह भी दर्शाया है कि सुराष्ट्र तथा साभरक द्वीप के मध्य केवल १ योजन का अन्तर था [द्वीपश्च यः सुराष्ट्रामण्डले दक्षिणस्यां दिशि योजनमात्र समुद्रमवगाह्य तिष्ठति सोऽत्र गृह्यते]। डॉ० मोतीचन्द्र के विचार में साभरक-रूपक पूर्व मुस्लिम युग के 'सेबिअन' [Sabean] सिक्के ही हैं[3] । 'पाइअसद्दमहण्णवो' के सम्पादक के अनुसार (भाग ४, पृ० १११४) तो १ साभरक सिक्का =१ रुपया व सोलह आना।

भीनमाल की मुद्रा

बृहत्कल्पभाष्य टीका में वर्णित "रूपमयं वा नाणकं भवति यथा भिल्लमाले द्रम्मः" का उल्लेख किया गया है। यही उल्लेख निशीथचूर्णि (पृ० ६१६) में भी उपलब्ध है[4] । अतः यहां पर यह स्पष्ट है कि भीनमाल (मारवाड़) की मुद्रा चांदी की बनी हुई थी तथा इसे "श्रीमालीय द्रम्म" या "पारौपथ द्रम्म" नाम से सम्बोधित किया जाता था। इस दिशा में 'लेखपद्धति' नामक ग्रन्थ द्वारा

१ जर्नल, १४, पृ० १०६; बृहत्कल्पभाष्य, उपर्युक्त, भाग ४, पृ० १०६६।

२ जर्नल, १४, पृ० ११०; पाइअसद्दमहण्णवो, ४, पृ० १११४।

३ जर्नल, १४, पृ० ११०, फुटनोट २; वही, १२, पृ० २००-१; जगदीशचन्द्र जैन, लाइफ........., उपर्युक्त पृ० २८१, १२०।

४ जर्नल, १२, पृ० २०१-२ [—डॉ० अग्रवाल का भाषण]।

पर्याप्त सामग्री उपस्थित की गई है अर्थात् उस समय के उधार–पत्रों में निम्न पंक्तियों का वर्णन विशेषाकर्षक है:—

अ (१) श्री श्रीमालीयखरटङ्क शालाहत त्रिःपरीक्षित हट्ट व्यवहार जीर्णविश्वमल्ल'प्रिय द्र० [पृ० २०]

(२) श्रीश्रीमालीयखरटङ्कशालाहत त्रिःपरीक्षित हट्टव्यवहारिक्यप्रचरत् श्रेष्ठद्विवल्लक्य वीसल-प्रिय द्र० [पृ० ४२]

ब (१) श्रीश्रीमालीयखरटङ्क शालाहत त्रिःपरीक्षितहट्टव्यवहारिक्य प्रचलित श्रेष्ठश्रीमत्पारोपथ रौक्य गृहीत द्र० [पृ० ३४]

(२) श्रीश्रीमालीयखरटङ्क शालाहत त्रिःपरीक्षित हट्टव्यवहारिक्य प्रचरत् श्रेष्ठश्रीमत्पारु-पथकगृहीत द्रम्म [पृ० ४३]

श्री दलाल (पृ० ११४, ११८) का यह विचार है कि "पारोपथ (व पारूपथक) सिक्के व्यक्ति विशेषों के नाम पर सम्बोधित हुए हैं यथा बाबाशाही, महम्मुदी"। अभी यह कहना कठिन है कि इनका यह नाम कैसे पड़ा। इतना तो निश्चित है (उपर्युक्त उल्लेख द्वारा) कि ये सब सिक्के श्रीमाल नगर की टंकशाला (टकसाल) में तीन बार परखे गये; बिना मिलावट के तथा रोकड़ लिये हुए थे। यहां पर इस वर्ग के लिये 'आहत' विशेषण प्रयोग में आया है। गत वर्ष मुझे स्वयं भीनमाल नगर में पुरातत्त्व सम्बन्धी खनन [Archaeological Excavations] करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था परन्तु एक भी मध्यकालीन मुद्रा की प्राप्ति न हो सकी। श्रीमाल नगर तो एक स्वतन्त्र टकसाल थी तथा इस प्रदेश में खनन द्वारा इस वर्ग के सिक्कों की प्राप्ति की पूर्णाशा थी। इस दिशा में श्रीमाल की प्राचीन मुद्रा की सर्वदा प्रतीक्षा बनी रहेगी। अभी तक भीनमाल नगर से चांदी के बने गधैया सिक्कों की ही और वह भी अल्प संख्या में प्राप्ति ज्ञात है।

कोंकण देश के शक संवत् ११८२ के लेख में पोरुत्थ;[२] अपरादित्य के लेख[३] में (शक संवत् ११०६) पोरुथि द्र, पारुत्थ द्र, पारुथि व पारुत्थि' "इत्यादि का उल्लेख भी महत्वपूर्ण है। श्री एलैक्ज़ैण्डर किड तो इन्हें खुरासनी व पार्थियन मुद्रा से सम्बन्धित करने का प्रयत्न करते हैं[४]। उनका विचार है कि ये 'तातरिय व तहिरियेह व खुरासनी दिरहम' ही हैं।

१ जर्नल, १२, पृ० २०२। इन द्विवल्लक द्रम्मों में २ वाल (=६ रत्ति) का खोट मिला होता था [लेखपद्धति, सी० डी० दलाल द्वारा सम्पादित, १९२५, बड़ौदा, पृ० ११८]; युगप्रधानाचार्य गुर्वावलि में इन्हें केवल 'द्विवल्लक द्रम्म' नाम से सम्बोधित किया गया है [जर्नल, १२, पृ० २०२]।

२ ऐपिग्राफिया इण्डिका, २३, पृ० २८०।

३ जर्नल बिहार रिसर्च सोसाइटी, पटना, भाग २६, अंक ४, पृ० २११, २१३, २१५; इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, २०, १९४४, पृ० ९९।

४ गज़ैटियर बॉम्बे प्रौविन्स, १८९६, भाग १, खण्ड २, पृ० २०, पृ० २१ नोट ६; मेरा लेख, शोध, दिसम्बर १९५३, पृ० ८-९।

उपर्युक्त द्रम्मों के विषय में जैन साहित्य द्वारा पर्याप्त सामग्री उपस्थित की गई है अर्थात्:—

(१) मालवा के परमार नरवर्मन (१०९७–११११ ईसवी) ने, जिनवल्लभ सूरि से प्रसन्न हो, उन्हें ३ ग्राम या ३००,००० पारुत्थ द्रम्म लेने को कहा परन्तु जिनवल्लभसूरि ने दोनों को ही ठुकरा दिया। इसके विपरीत उन्होंने यह इच्छा प्रकट की कि नरवर्मन् महोदय चित्तौड़ की चुँगी के नाके (Customs House) से इन दो खरतर मन्दिरों के निमित्त प्रतिदिन दो पारुत्थ–द्रम्मों के दान की व्यवस्था कर दें तो उत्तम हो[1]।

(२) पुरातनप्रबन्ध संग्रह में इन द्रम्मों के भिन्न २ रूपों का उल्लेख किया गया है यथा:—

पाड़ (र) थक या पारूथक (पृ० ५३), पारुथक[2] (पृ० १२८), पारूथा[3] (पृ० ७८)··· इत्यादि। इतना ही नहीं यहां यह भी बताया गया है कि १ पारूथक द्रम्म=८ साधारण द्रम्मों के [पृ० ५३]:—सुरत्राणेन लक्ष ३६ द्रम्माणां याचिता। वापडेनोक्तम् वयं द्रम्मान् न जानीमः। पाडू (र) थकान् दास्यामः। पार्श्वस्थैरुक्तम्—देव! मन्यताम्। एकस्मिन् पारूथकेऽष्टौ द्रम्मा भवन्ति।

जालोर के राव उदय सिंह के मंत्री द्वारा व्यक्त यह उक्ति आश्चर्यजनक प्रतीत होती है कि "हम द्रम्मों को नहीं जानते" [वयं द्रम्मान् न जानीमः]; अपितु उन्होंने पारूथक द्रम्मों के प्रति ही जानकारी प्रकट की। इससे यह निष्कर्ष निकालना अनुचित न होगा कि जालोर–भीनमाल के क्षेत्र में ही पारूथक द्रम्मों का प्रचार था यद्यपि राजकीय सभासद इन द्रम्मों का साधारण द्रम्मों के साथ सम्बन्ध से पूर्णतया परिचित ही थे। उपर्युक्त लेखों से भी यह विदित होता है कि ये द्रम्म कोंकण तथा मालव आदि प्रदेशों तक प्रचलित थे। इस स्थिति में यह भी कहना कठिन है कि यह मुद्रा भीनमाल–जालोर (वर्तमान जालोर जिला) तक ही सीमित थी। इस दिशा में विशेषानुसन्धान की आवश्यकता है।

दीनार अथवा दीणार

रोम देश की मुद्रा 'डिनेरियस' (Denarius) का जैन साहित्य में प्रयोग प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यहां इसके भिन्न २ रूप (अर्थात् दीणार, दीनार) मिलते हैं। उपर्युक्त अङ्गविज्जा (छठी शताब्दि ई०) ग्रन्थ में वर्णित 'दीणार[4] मासक' (=दीनारमापक) तो तृतीय शताब्दि ई० के नागार्जुनी–कोण्डा के लेख में वर्णित 'दीनारिमसक'[5] ही प्रतीत होता है। महावीराचार्य के गणितसारसङ्ग्रह ग्रन्थ में एक सुवेर का दो दीनारों के बराबर होने का उल्लेख ऊपर किया जा

१ इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, १९५०, भाग २६, पृ० २२४, डा० अग्रवाल (जर्नल, पृ० २०१–२) ने इन द्रम्मों का पाठ "पारूथ" द्रम्म किया है तथा खरतरगच्छपट्टावलि की तिथि १०१०–१३३६ ईसवी निर्धारित की है।

२ अर्थात्—२८ लक्षपारुथकद्रम्मान्।

३ अर्थात्—पारुथाद्रम्माश्चतुर्विंशतिसहस्रा रूप्यका।

चुका है[४]। क्षेमकीर्ति की बृहत्कल्पभाष्यटीक (श्लोक १९६९) के अनुसार दीनार नामक स्वर्ण-मुद्रा पूर्वदेश में प्रचलित थी:—पीनं नाम सुवर्णं तन्मयं वा नाणकं भवति यथा पूर्व देशे दीनारः। श्री भद्रबाहु कृत कल्पसूत्र[१] (भावनगर संस्करण, १९१५, द्वितीयक्षण, संख्या ६३) में दीणार रूप उपलब्ध है। इस मुद्रा का उल्लेख पउमचरिय[२] तथा बृहत्कथाकोश[३] में भी किया गया है। संस्कृत व बौद्धसाहित्य तथा भारतीय शिलालेखों में भी दीनार सम्बन्धी सामग्री भरी पड़ी है।

(१) लगभग ७ वीं शताब्दि में रचित 'निशीथचूर्णि' (पृ० ८४१) में 'मयूराङ्कित दीनार' का उल्लेख अतीव महत्वपूर्ण है। डॉ० मोतीचन्द्र (जर्नल, १६, भाग १, १९५४, पृ० ३) का विचार है कि यह दीनार विशेष गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त प्रथम की मयूरवर्गवाली मुद्रा का द्योतक प्रतीत होता है। वास्तव में जैन साहित्य में प्रारंभिक युग की मुद्राओं (अर्थात् खत्तक, सतेरक, पायङ्क, मयूराङ्कित–दीनार.........इत्यादि) का उल्लेख अति महत्वपूर्ण है।

(२) हरिभद्रसूरि कृत प्रशस्तियों में पाटन के आरंभिक चालुक्य नृपवर्ग (अर्थात् मूलराज, चामुण्ड, वल्लभ, दुर्लभराज) की मुद्राओं का उल्लेख अतीव महत्वपूर्ण है। इनसे यह भी ज्ञात हुआ है कि उल्लिखित शासकों की टंकशाला के अध्यक्ष वीर नामक अधिकारी ने इन सब मुद्राओं पर लक्ष्मी की आकृति अङ्कित करवाई थी। [द्रष्टव्य श्री उमाकान्त शाह के लेख का सारांश, अखिल भारतीय प्राच्य सम्मेलन के हेतु प्राप्त निबन्धों का सारांश-संग्रह, १९५३, अहमदाबाद, पृष्ठ १७२]। राजस्थान के जैन शिलालेखों द्वारा भी 'वीसलप्रिय द्रम्म' तथा 'भीमप्रिय दशविंशोपक', 'रूपक' आदि सिक्कों पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। [द्रष्टव्य पूर्णचन्द्र नाहर, जैन लेख संग्रह, १, पृष्ठ २४४, २४६.............इत्यादि; मेरा लेख, शोध-पत्रिका, उदयपुर, दिसम्बर १९५३, पृष्ठ १—६]।

---

४ जर्नल, १४, पृ० ११०।

५ दिनेशचन्द्र सिरकार कृत 'सक्सैस्सर्ज आफ दि सातवाहनाज', कलकत्ता, १९३९, पृ० २६-७; एपिग्राफिया इण्डिया, २०, पृ० २९; द्रष्टव्य लैक्चर्ज ....पृ० १८३-४।

१ यही भाव यशोमित्र कृत अभिधर्मकोशव्याख्या में भी उपलब्ध है। द्रष्टव्य मेरा लेख, जर्नल १५, पृ० १५३-४।

२ द्रष्टव्य कल्पसूत्रानुवाद, श्री जैकोबी कृत, सेक्रेड बुक्स आफ दी ईस्ट सीरीज़, २२, पृ० २; अर्धमागधीकोश, श्री रत्नचन्द्र महाराजकृत, भाग ३, १९३०, पृ० १७२; अभिधान—राजेन्द्र, पृ० २५४० इत्यादि। पुरातन-प्रबन्ध संग्रह में भी दीनार का उल्लेख मिला है [पृ० ५, ६, ३३, ११७ इत्यादि]

३ श्री विमलसूरिकृत। द्रष्टव्य विण्टरनीत्ज़ कृत हिस्ट्री आफ इण्डियन लिटरेचर, भाग २, पृ० ४७७ फुटनोट ३।

४ १४३ ४२। द्रष्टव्य जर्नल यू० पी० हिस्टोरिकल सोसाइटी, १९, पृ० ८६।

(३) द्रम्म का उल्लेख आवश्यकचूर्णि (७ वीं शताब्दि) में उपलब्ध हुआ है यथा 'नउलओ द्रमएन थवितो'। इस ग्रन्थ में द्रमअ तथा द्रमक रूप मिलते हैं [जर्नल ऑफ एम० एस० यूनि० बड़ौदा, मार्च १९५४, पृ० ५६-७]। वैसे तो मारवाड़ान्तर्गत गोठ मंगलोद नामक स्थान से प्राप्त ७ वीं शताब्दि के शिलालेख में भी द्रम्मों का वर्णन किया गया है [द्रष्टव्य ऐपिग्राफिया ११ पृ० २९९ तथा आगे]।

उल्लिखित अल्पवृत्त द्वारा यह विदित होता है कि जैन ग्रन्थ तो मुद्रा के क्षेत्र में एक अमूल्य भण्डार हैं। इस दिशा में अधिक सामग्री को प्रकाश में लाने की नितान्त आवश्यकता है। आशा है विद्वद्वर्ग जैन साहित्य का भारतीय व विदेशी मुद्रा के दृष्टिकोण से अधिक मात्रा में मन्थन कर ज्ञानवृद्धि के प्रशस्त कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे। जैन साहित्य द्वारा प्रस्तुत कुछ सामग्री का तो संस्कृत एवं बौद्ध साहित्य में सर्वथा अभाव ही दिखाई देता है। सम्भव है भावी खोजों द्वारा और अधिक बहुमूल्य सामग्री की प्राप्ति हो सके।

जैन सम्राट् कुमारपाल सोलङ्की

[श्रीयुत् प्रो० ज्योतिप्रसाद जैन, एम० ए०, एल-एल० बी०, लखनऊ]

सिद्धराज जयसिंह की मृत्यु के उपरान्त उसकी इच्छानुसार उसका दत्तक पुत्र गुर्जर साम्राज्य का अधिकारी न हो सका। प्राचीन गुजराती इतिहास ग्रन्थों से पता चलता है कि सिद्धराज के मन्त्रियों ने उक्त दत्तक पुत्र का हक मारकर कुमारपाल को अन्हिल-बाड़े के सिंहासन पर बैठाया था। इसमें सन्देह नहीं कि उसके बहनोई कन्हदेव तथा आश्रयदाता कैलम्बराज उसके प्रधान सहायक थे, आचार्य हेमचन्द्र भी उसीके समर्थक थे और स्वयं राजपुरोहित देवश्री ने अपने हाथों से उसका राज्याभिषेक किया। स्यात् ऐसा करके इन लोगों ने बुद्धिमानी का ही काम किया, क्योंकि अपने तीस वर्ष (सन् ११४३–११७३ ई०) के राज्यकाल में उसने न केवल गुर्जर साम्राज्य को उसके अनेक विभिन्न शत्रुओं से ही सुरक्षा की वरन् उसकी सर्वतोमुखी उन्नति एवं अभिवृद्धि भी की। उसके समय में साम्राज्य की सीमाएँ सर्वाधिक विस्तार को प्राप्त हो गई थीं। स्वयं आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार उसने चेदि, दशार्ण, मालव, महाराष्ट्र, अपरान्त, कुरु, सिन्धु आदि अनेक देशों को विजय किया था और उसके साम्राज्य की सीमा उत्तर में तुरुष्क देश पर्यन्त, पूर्व में गंगा तट तक, दक्षिण में विन्ध्याचल तक और पश्चिम में समुद्र पर्यन्त थी। उत्तरवर्ती प्रबंधकारों के अनुसार उसके साम्राज्य में अठारह देशों का समावेश था। उसके राज्यकाल में देश ने अभूतपूर्व समृद्धि और प्रजा ने अद्वितीय शान्ति और सुख का उपभोग किया था। किसी भी प्रकार का स्वचक्र या परचक्र संबंधी उपद्रव नहीं हुआ, लक्ष्मी के समान प्रकृति भी देश पर प्रसन्न थी, पूरे राज्यकाल में एक भी दुर्भिक्ष नहीं पड़ा। साथ ही ज्ञान, विज्ञान और कला की महत्ता की अभिवृद्धि हुई और धार्मिकता के प्रवाह से भी जनता व्याप्त हो गई। इसमें सन्देह नहीं कि जैन सम्राट् कुमारपाल के समय में अन्हिल बाड़े के सोलङ्कियों का गुर्जर साम्राज्य अपनी सर्वतोमुखी उन्नति के चरम शिखर पर था, और तत्कालीन भारतवर्ष का सर्वाधिक समृद्ध, शक्तिशाली, उदार एवं सुसंस्कृत साम्राज्य था।

कुमारपालके इतिहास की सामग्री के प्रधान साधन उसके गुरु हेमचन्द्राचार्य रचित 'संस्कृत द्वयाश्रय' काव्य के अन्तिम पांच सर्ग, 'प्राकृत द्वयाश्रय' के आठ सर्ग, 'त्रिषष्टिशलाका पुरुष 'चरित्र' के अन्तिम भाग, 'महावीर चरित्र', कुमार पाल के उत्तराधिकारी अजयपाल के मन्त्री यशःपाल द्वारा रचित 'मोहराज पराजय' नामक नाटक, कुमारपाल की मृत्यु के ११ वर्ष पश्चात् सोमप्रभसूरि कृत 'कुमारपाल प्रतिबोध

तथा राजपुरोहित सोमेश्वर कृत कीर्त्ति कौमुदी नामक समकालीन कृतियों में, चित्तौड़ आदि के शिलालेखों में तथा 'कुमारपाल प्रबंध', कुमार पाल चरित्र', 'प्रबंध चिन्तामणि', 'प्रभावक चरित्र', चतुर्विंशति प्रबंध' आदि उत्तरकालीन रचनाओं में उपलब्ध होते हैं।

कुमार पाल का जन्म सन् १०९३ ई० में दधिस्थली (देथली) नामक स्थान में, जो कि उसके पिता की जागीर थी, हुआ था। मुनि जिन विजय जी के मतानुसार[1] जो मेरुतुंग के कथन पर आधारित है 'भीमदेव प्रथम का ज्येष्ठ पुत्र क्षेमराज था, जो अपने छोटे भाई कर्ण को राज्य देकर तपस्वी हो गया था। उसके पुत्र देवपाल ने भी अपने पिता का ही अनुकरण किया और भोगपरायण कर्ण की मृत्यु होने पर जीते-जी चिता में प्रवेश कर गया। उसका पुत्र त्रिभुवनपाल था, जो एक धर्मपरायण क्षत्रिय था, उसके सदाचारी एवं नीति परायण जीवन का प्रभाव सिद्धराज की स्वच्छन्दता पर अंकुश का काम करता था और सिद्धराज भी उसका आदर करता था। कुमारपाल इसी त्रिभुवन पाल का पुत्र था, जिसे अपने पूर्वजों से सदाचार, नीतिमत्ता, धार्मिकता आदि अमूल्य गुणों की निधि मिली थी; किन्तु एक अन्य मत के अनुसार कुमारपाल का पितामह हरपाल भीम प्रथम की उपपत्नी चौला देवी से उत्पन्न हुआ था, कदाचित् इसी कारण ज्येष्ठ होते हुए भी वह राज्य सिंहासन न पा सका और निराश होकर मंडुकेश्वर तीर्थ में जाकर तपस्या करने लगा। हरपाल के पुत्र त्रिभुवन पाल ने काशमीरी देवी से विवाह किया था और उसके तीन पुत्र तथा कन्याएँ उत्पन्न हुईं। इनमें कुमारपाल ज्येष्ठ था। उसकी बड़ी बहिन प्रमिला जयसिंह के एक सेनापति कण्हदेव के साथ विवाही गई थी। अपने संकटकाल में कुमारपाल अपनी स्त्री को प्रमिला के आश्रय में छोड़कर प्रवास में गया था और अन्ततः अपने दूसरे बहनोई कण्हदेव की सहायता से ही वह राजा हो पाया। उसकी दूसरी बहिन देवल का विवाह सपादलक्ष के स्वामी अर्णोराज के साथ हुआ बताया जाता है[2]। किन्तु यह कथन भ्रमपूर्ण है। वास्तव में अर्णोराज का विवाह जयसिंह सिद्धराज की एकमात्र कन्या कञ्चन कुमारी के साथ हुआ था, कुमारपाल की बहिन देवल के साथ नहीं।

सपादलक्ष भी उस समय का एक प्रसिद्ध राज्य था और उसमें पंजाब प्रान्तस्थ हांसी, अजमेर, जोधपुर से ६ मील उत्तर में स्थित मारवाड़ की प्राचीन राजधानी मन्दोर, मेवाड़ का मांडलगढ़ आदि स्थान सम्मिलित थे। अर्णोराज अर्थात् अनाजी चौहान ने ही अजमेर में प्रसिद्ध अनासागर झील का निर्माण कराया था। खरतरगच्छ

१—राजर्षि कुमार पाल–पत्रिका न० २२, J. C. R. S.

2—Kumar pala Chalukya-U. S. Tauh, J. G. May 1914, pp 181-188

की पट्टावलि के अनुसार वह जिनदत्तसूरि का मित्र था और उनके लिये अजमेर में एक जैन मंदिर निर्माण कराने के लिये उसने भूमि प्रदान की थी। उसकी राजधानी शांकुभरी अर्थात् सांभर थी। ये चौहान राजे जैन धर्म के प्रति अत्यधिक सहिष्णुता एवं आदर का भाव रखते थे और उक्त वंश के अनेक व्यक्ति जैनधर्म के भक्त भी थे। अजमेर का प्रसिद्ध सोनीवंश उस समय भी विद्यमान था और उन्होंने हस्तिनागपुर आदि दूरस्थ तीर्थों के लिए दिगम्बर जैन मूर्त्तियां निर्माण कराकर प्रतिष्ठित कराई थीं[1]। राज्य में दिगम्बर-श्वेताम्बर उभय सम्प्रदाय के साधुओं का विहार होता था।

कुमारपाल का पिता त्रिभुवनपाल अपने पिता, पितामह की भाँति संसार त्यागी तो नहीं हुआ; किन्तु वह सदाचारी और नीतिपरायण था। राजा सिद्धराज उसका आदर करता था और उसने उसे एक जागीर भी प्रदान की थी। ऐसा प्रतीत होता है कि सिद्धराज के राज्यकाल के उत्तरार्ध में राजा के कोई पुत्र संतान न होने के कारण और उसकी आगे भी कोई संभावना न होने से त्रिभुवन पाल के मन में यह आशा उदित हुई कि सिद्धराज की मृत्यु के उपरान्त वह स्वयं अथवा उसका पुत्र कुमारपाल सिंहासन प्राप्त कर सकता है। इस आकांक्षा से प्रेरित होकर संभवतया उसने सिद्धराज के जीवन काल में ही अपने लिये उत्तराधिकार सुरक्षित करने के लिए प्रयत्न करने शुरु कर दिये थे। सिद्धराज को उनकी सूचना जैसे ही मिली उसने त्रिभुवनपाल की हत्या करवा कर इस कंटक को दूर कर दिया। कुमारपाल उस समय पूर्ण युवा था और अपने पिता से कहीं अधिक महत्त्वाकांक्षी था। यह बात सिद्धराज से छिपी न रही, अतः उसने पिता की भांति पुत्र को भी नष्ट करने का उपाय किया। किन्तु कुमारपाल अपनी चतुराई, भाग्य और सहायकों की कृपा से बच निकला। अपने जीवन की रक्षा के लिये उसे वर्षों तक इधर उधर मारे मारे फिरते और छिपते रहना पड़ा। उसकी सारी युवावस्था इसी संकटापन्न दशा में बीती।

अस्तु, जयसिंह सिद्धराज की मृत्यु के पश्चात् सन् ११४३ ई० में कुमारपाल ही अन्हिलवाड़े के सिंहासन पर आसीन हुआ। उस समय उसकी आयु लगभग पचास वर्ष की थी। राज्य प्राप्त करने के उपरान्त ही उसने अपने सभी समर्थकों एवं संकट काल के सहायकों को उदारतापूर्वक सन्तुष्ट किया। महामन्त्री उदयन के सुयोग्य पुत्र बाहड (वाग्भट्ट) को उसने अपना प्रधान मन्त्री बनाया। कुम्भकार अलिंग को राजसभा का प्रमुख सदस्य बना दिया और पुरोहित देवकी आदि को विपुल द्रव्य प्रदान किया। किन्तु राज्य के कुछ पुराने सामन्त सर्दारों को उसका यह व्यवहार नहीं रुचा,

१—हमारी पुस्तक—'हस्तिनापुर'

उनकी स्थिति को धक्का पहुंचा था, अतः वे उसके शत्रु हो गये और उसकी हत्या करने के लिये षड्यन्त्र रचने लगे। किन्तु भेद खुल गया और समस्त षड्यन्त्र कारियों को कठोर दण्ड दिया गया। राजा होने के थोड़े समय बाद ही उसका अपने परम सहायक कण्हदेव के साथ भी मनमुटाव हो गया। संभवतया इन दोनों के बीच अधिकाधिक शक्ति प्राप्त करने का द्वन्द्व चला। कण्ह ने राजा की अवहेलना की और उसके नीचकुलोत्पन्न होने का प्रचार किया तथा उसके राज्याधिकार औचित्य का भी प्रश्न उठाया। स्वाभिमानी कुमारपाल इसे सहन न कर सका। कण्हदेव उसका बहनोई था और राज्य प्राप्ति में प्रधान सहायक था, अतः राजा ने पहले तो उसे चेतावनी दी, किन्तु इस पर कण्ह ने कोई ध्यान नहीं दिया। विवश होकर कुमारपाल ने उसे बन्दी किया और अन्धा करवा दिया, तत्पश्चात् सिद्धराज के दत्तक पुत्र चाहड के कारण अर्णोराज के साथ उसके भीषण युद्ध हुए। किन्तु बावजूद गृहद्रोह एवं विश्वासघातों के कुमारपाल ने अपनी वीरता एवं अद्भुत सैन्य संचालन पटुता के कारण उन दोनों को करारी हार दी और बन्दी बना लिया। तिसपर भी अर्णोराज को उसने फिर से मुक्त कर दिया और चाहड को भी क्षमा करके अपने दरबार में ही एक पद दे दिया। चाहड की चालाकी से मालवापति बल्लालदेव ने भी उसी समय गुजरात पर आक्रमण करने की तैयारी कर दी थी। कुमारपाल का एक विश्वास वीर सेनापति कालभट द्रुतवेग से बल्लालदेव के ऊपर चढ़ दौड़ा और उसका शिरश्छेद करके उसने कुमारपाल की विजय पताका उज्जयिनी के राजमहल पर फहरा दी। जिस समय राजा अर्णोराज के विरुद्ध सेना लेकर जा रहा था तो आबू के निकट पहुंचने पर उसीके एक सामन्त, चन्द्रावती के महामंडलेश्वर विक्रमसिंह ने उसकी हत्या करने का षड्यन्त्र रचा। कुमारपाल सावधान था और इस बार से भी बाल बाल बच गया। विक्रमसिंह की जागीर जप्त कर ली गयी और वह उसके भतीजे यशोधवल को दे दी गयी। मालवा और मारवाड़ दोनों को सिद्धराज ही विजय कर चुका था, किन्तु कुमारपाल के राज्य होनेपर उन दोनों ने ही गुजरात की पताका को उखाड़ फेंकने का प्रयत्न किया, किन्तु अपनी राजनीतिक विचक्षणता एवं अतुल पराक्रम से कुमारपाल ने उन दोनों को ही फिर से भली प्रकार पराभूत किया। उसने पंजाब पर भी आक्रमण किया और चित्तौड़ विजय किया। जिस साजन कुम्भकार ने एक बार काँटों के ढेर में छिपाकर उसकी सिद्धराज के सैनिकों से रक्षा की थी उसे इस चित्तौड़ प्रदेश के सातसौ ग्रामों की वार्षिक आमदनी का पट्टा लिख दिया। इन सब बातों का उल्लेख सन् ११५० के चित्तौड़ के शिलालेख में मिलता है। एक बार

फिर वह सपादलक्ष की ओर झुका और चाहड के सेनापतित्व में ही अर्णोराज पर आक्रमण करके उसे बुरी तरह हराया तथा विपुल धनराशि—सातकरोड़ स्वर्ण मुद्राएँ और सातसौ अश्व प्राप्त किये।

गुजरात की दक्षिणी सीमापर कोङ्कण-राज्य था जिसकी राजधानी ठाणापत्तन में शिलाहारवंशी राजा मल्लिकार्जुन, जिसका कि विरुद्ध 'राजपितामह' था, राज्य करता था। कोकेण के दक्षिण में गोपालपट्टन (गोआ) में कर्णाटक के कदम्बवंशियों का राज्य था। सिद्धराज की माता मयणल्ला देवी इसी राजवंश की कन्या थी अतः गुजरात और कदंबों को इस गाढ़ मैत्री के कारण बीच में धँसे हुए शिलाहार भी सोलङ्कियों के मित्र बने रहे। किन्तु कुमारपाल के राज्य होते ही और मालवा एवं मारवाड़ को उसके विरुद्ध उठते देख मल्लिकार्जुन ने भी गुजरात पर आक्रमण करने की तैयारी की। यह घटना लगभग सन् ११५६ ई० की है। कुमारपाल की अधिक भाग सेना मारवाड़, मालवा के युद्धों में फँसी थी, फिर भी उसने मन्त्रीराज उदयन के पुत्र दण्डनायक आँम्रभट्ट को एक सेना लेकर कोंकण चक्रवर्ती का दर्प चूर्ण करने के लिए तुरत रवाना किया। जिस समय यह सेना नदी पार कर रही थी तो मल्लिकार्जुन ने उस पर अचानक आक्रमण करके उसे तितर बितर कर दिया। किन्तु कुमारपाल इस असफलता से निराश नहीं हुआ और उसने तुरन्त नवीन तैयारी के साथ आँबड को फिर से भेजा। इस बार वीर आँबड ने शिलाहार नरेश को बुरी तरह हराया और उसका सिर काटकर अपने राजा के पास अन्हिलवाड़े भेज दिया। कोंकण गुर्जर साम्राज्य में मिला लिया गया। कुमारपाल की राज्यसत्ता दक्षिण में भी दूर तक फैल गई और सह्याद्रि के सुदूर शिखर तक गुजरात को ताम्रचूड विजय ध्वजा फहराने लगा। आँम्रभट्ट को इस सेवा के उपलक्ष में राजा ने निहत शिलाहार नरेश का विशद 'राजपितामह' प्रदान किया। विन्ध्यअटवी को पददलित करनेवाले, गजयूथों को शिक्षित करके अन्हिलवाड़े की हस्तिशालाओं को अजेय बना देनेवाले तथा धनुर्विद्या प्रवीण दण्डनायक लहर भी जैन ही थे।

वस्तुतः कुमारपाल मिथ्या महत्त्वाकांक्षी नहीं था। फिर भी वह एक प्रतापी एवं पराक्रमी नरेश था, विविध राज्योचित गुणों का उसके व्यक्तित्व में भली प्रकार समावेश था। उसकी सहज सफलता का एक यह भी प्रधान कारण है कि राज्यारूढ़ होते ही उसने जिन मन्त्रियों, सेनापतियों और राज्य कर्मचारियों को नियुक्त किया था वे सभी अत्यन्त सुयोग्य, विश्वासी एवं प्रभुभक्त सिद्ध हुए। अतः सिंहासन पर बैठने के छः सात वर्ष के भीतर ही वह समस्त आन्तरिक द्रोह, विरोध एवं षड्यन्त्रों

का दमन करने में सफल हुआ, तथा आगामी छः सात वर्षों में ही उसने अपनी उपरोक्त चमत्कारी दिग्विजय भी सम्पन्न कर ली। अवशेष लगभग १५ वर्ष उसे देश की समृद्धि बढ़ाने, शासन व्यवस्था को सुचारुरूप देने, ज्ञान और कला को प्रोत्साहन देने, धर्मसाधन करने तथा ऐसे ही अन्य शान्तिपूर्ण कार्यों के सम्पादन के लिये मिल गये।

अपने प्रारंभिक जीवन में प्रत्युत सिंहासन पर बैठने के भी कुछ समय बाद तक कुमारपाल अपने पूर्वजों की नाईं धर्म से शैव था। वह पशुबलि में भी विश्वास करता था और मद्यमांसादि का भी सेवन करता था। रक्तपात करने एवं विनाशकारी युद्धों के छेड़ने में भी उसे कोई हिचक न होती थी। किन्तु आचार्य हेमचन्द्र सूरि के संसर्ग में आने के उपरान्त धीरे धीरे उसमें सद्धर्म की भावना जागृत होने लगी। उनके उपदेशों के प्रभाव से वह शनैः शनैः जैनधर्म का परमभक्त हो गया। सन् ११५९ में उसने प्रकट रूप से जैनधर्म अंगीकार कर लिया। इस धर्म परिवर्तन के कारण उसका जीवन ही बदल गया। उसने श्रावक के बारह व्रत धारण किये, मद्यमांसादि सेवन का सर्वथा त्याग कर दिया, राज्य विस्तार के लिए युद्ध करने छोड़ दिये, अपने निर्बल पड़ोसी राज्यों के अधिकारों का भी आदर किया, मृत्यु दण्ड बन्द कर दिया, जीव हिंसा की बन्दी के लिए राज्य भर में अमारि घोषणा करवादी, देवी देवताओं के उपलक्ष से होने वाली पशुबलि का भी निषेध कर दिया, मदिरादिक मादक द्रव्यों की बिक्री बन्द करवादी और द्यूत क्रीड़ा के विरुद्ध कानून पास किये। उसने निस्सन्तान विधवाओं को पीछे छोड़ जाने वाले मृत व्यक्तियों की सम्पत्ति को राज्य द्वारा जप्त किये जाने की प्राचीन प्रथा का अन्त कर दिया, भले ही इससे राज्यकोष को एक करोड़ रुपये वार्षिक से अधिक धन की हानि हुई। उसकी आकांक्षा संघपति बनने की थी, अतः गुरु हेमचन्द्र के उपदेश से उसने अपने समस्त परिवार, मन्त्रियों, व्यापारियों, मुनियों एवं आर्यिकाओं आदि से युक्त विशाल चतुर्विध संघ सहित शत्रुञ्जय, गिरनार तथा काठियावाड़ के अन्य तीर्थस्थलों की भक्ति पूर्वक यात्रा एवं वन्दना की।

कुमारपाल निर्माता भी अद्भुत था। परम्परानुसार प्रायः सर्व अज्ञात मूल जिन मन्दिरों एवं अन्य धर्मायतनों के निर्माण का श्रेय मौर्य सम्राट् सम्प्रति के पश्चात् उसीको दिया जाता है। कहा जाता है कि उसने १४४० नवीन जिनालय निर्माण कराये और १६०० प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, राजधानी में उसने अपने पिता की स्मृति में भ० नेमिनाथ का त्रिभुवन विहार नामक मनोरम जिनालय बनवाया। एक बार अपने प्रवासकाल में वह तीन दिन का भूखा था, करम्भा नामक

एक दीन स्त्री ने उसपर तरस खाकर उसे अपने घर भोजन कराया था, अतः राजा होने पर उस देवी के प्रति कृतज्ञता प्रकाशनार्थ उसने उसके नाम पर करम्भा विहार नामक मंदिर बनवा दिया। खम्भात के उस मन्दिर का, जिसमें हेमचन्द्रसूरि की दीक्षा हुई थी, जीर्णोद्धार कराकर उसमें बहुमूल्य रत्नमयी प्रतिमाएँ प्रतिष्ठित कराईं। हेमचन्द्र द्वारा समर्थित गोड़ बृहस्पति के प्रस्ताव पर सोमनाथ के जीर्ण-शीर्ण मन्दिर का भी पुनरुद्धार किया। मारवाड़स्थ जालोर के दो मन्दिर भी उसी के बनवाये हुए कहे जाते हैं। गिरनारपर्वत पर उसने सीढ़िया बनवाईं। उसने अन्हिलपुर में पार्श्वनाथ के लिए कुमार विहार बनवाया तो शिव के लिए उसी के पड़ौस में कुमार पालेश्वर का भी निर्माण कराया। ऐसी उत्कट धार्मिक सहिष्णुता के विरले ही उदाहरण मिलेंगे।

जब सिंहासन पर बैठा तो कुमारपाल नितान्त निरक्षर था किन्तु मन्त्री कपर्दिन के आग्रह से उसने पढ़ना लिखना प्रारम्भ किया और एक वर्ष में ही तीन काव्यों को व्याख्यासहित पढ़ डाला। उसे विद्वानों की संगति तथा उनके वाद-विवादों में अत्यधिक आनन्द आता था। कवि पंडित और चारण सभी उसके दरबार की शोभा बढ़ाते थे और सम्मान तथा आश्रय प्राप्त करते थे। श्रीपाल उसकी सभा का राजकवि था और सोलक संगीताचार्य। अन्य अनेक जैन-अजैन विद्वान् उसकी राजधानी को शोभित करते थे, और इसी कारण कुमारपाल के गुजरात को विवेक बृहस्पति का विरुद्ध प्राप्त हुआ। इस राजा ने २१ शास्त्र भंडार स्थापित किये और प्राचीन ग्रंथों एवं लेखों की प्रतिलिपि कराने के लिये एक विशाल कार्यालय खोला।

कुमारपाल आदर्श एक पत्नीव्रत का पालक था, अपनी एकमात्र महिषी भोपला देवी से वह अत्यन्त प्रेम करता था। उसकी मृत्यु के उपरान्त भी शायद उसने दूसरा विवाह नहीं किया। आचार्य हेमचन्द्र का यह प्रिय शिष्य एक आदर्श जैन नरेश था। भारत के अन्य महान् नरेशों चन्द्रगुप्त, मौर्य, अशोक, सम्प्रति, खारवेल, विक्रम, हर्ष, अमोघवर्ष, अकबर आदि की भाँति यह प्रतापी जैन सम्राट् एक सच्चे साधु की उदारता और त्याग के साथ साथ एक निपुण राजनीतिज्ञ की बुद्धिमत्ता से युक्त, रण कुशल शूरवीर और सहृदय एवं प्रजा वत्सल था। उसका व्यक्तिगत जीवन भी बहुत शुद्ध, सरल एवं धार्मिक था। वह उदार चेता सर्वधर्मसमभावी, दूरदर्शी, निष्पक्ष न्यायप्रिय, कर्त्तव्य परायण, गुण ग्राहक, परिश्रमशील, मितव्ययी एवं सरल प्रकृति का व्यक्ति था। उसकी दिनचर्या एक आदर्श धार्मिक नरेश की दिनचर्या है। धर्म की प्रभावना तथा अन्य अनेक लोकोपयोगी एवं लोक रंजन के कार्यों से वह सर्व

प्रिय होगया था। अपने उपरोक्त गुणों के कारण सम्राट् कुमारपाल को 'परम आर्हत' राजर्षि, जीवदाता, दीनोद्धारक, शरणागत वज्रपञ्जर, विचार चतुर्मुख, परनारी सहोदर इत्यादि अनेक समुपयुक्त उपाधियों एवं विरुद प्राप्त हुए थे। गुर्जरेश्वरों के राज-पुरोहित नागर श्रेष्ठ महाकवि सोमेश्वर के शब्दों में (कीर्त्तिकौमुदी काव्य) इस चौलुक्य चक्रवर्ती जैन सम्राट् कुमारपाल ने 'अपने बाणों से समरांगण में अनेक राजाओं को ही नहीं जीता था वरन् अपने लोकप्रिय गुणों से अपने पूर्वजों को भी जीत लिया था।"

कुमारपाल के कोई पुत्र नहीं था, केवल एक कन्या थी जिसका पुत्र प्रतापमल्ल था। राजा का एक भतीजा अजयपाल गद्दी का दावेदार था, किन्तु सिद्धराज की ही भाँति कुमारपाल भी अपने दौहित्र को ही उत्तराधिकारी बनाना चाहता था। उसे वह अजयपाल की अपेक्षा श्रेष्ठ भी समझता था। हेमचन्द्र तथा उसका दल भी प्रतापमल्ल का ही समर्थक था। उत्तराधिकार के प्रश्न की यह समस्या चल ही रही थी कि हेमचन्द्र अकस्मात् रोग ग्रस्त हो गये और सन् ११७२ में उनकी मृत्यु हो गई। राजा अपने प्रिय गुरुदेव का वियोग सहन न कर सका और छः महीने बीतते-बीतते उसकी भी सन् ११७३ मृत्यु हो गई।

एक मत के अनुसार, हेमचन्द्र की मृत्यु के ३२ दिन बाद ही स्वयं अजयपाल ने विष देकर कुमारपाल को मार डाला था। हेमचन्द्र का ही एक शिष्य, बालचन्द्र अजयपाल का पक्षपाती था और उसने रामचन्द्र आदि के विरोध एवं गुप्त अभिप्राय की सूचना अजयपाल को दे दी थी। उस काल के श्वेताम्बर यति राजनीति में तो प्रायः प्रकट भाग लेते ही थे, उनमें से कुछ एक ऐसे भी थे जो गुप्तकालीन बौद्ध साधुओं की भाँति कूटनीति से भी काम लेते थे, दलबन्दियों में पड़ते थे और राज्य के आन्तरिक षड्यन्त्रों में भी पूरा योग देते थे।

कुमारपाल के मरते ही अजयपाल ने सिंहासन हथिया लिया और अपने आपको सम्राट् घोषित कर दिया। उसने प्रतापमल्ल के सहायकों और समर्थकों से बुरी तरह बदला लिया और मृत सम्राट् के साथियों पर अमानुषिक अत्याचार किये। उसके द्वारा निर्मित देवालयों तक को नष्ट कर दिया। मन्त्री कपर्दि को गिरफतार करके बन्दीगृह में डाल दिया। हेमचन्द्र के पट्टधर कवि रामचन्द्र को गरम तवे पर बैठा कर मार डाला महादण्डनायक आंबडभट्ट से मृत्यु या आधीनता दोनों में से किसी एक को पसन्द करने के लिये कहा गया, परन्तु उस वीर केसरी ने गरज कर उत्तर दिया कि "इस जन्म में तो अर्हत भगवान ही मेरे देव हैं, हेमचन्द्र ही मेरे गुरु और कुमार पाल ही मेरे स्वामी

हैं, अन्य कोई नहीं हो सकता।" इस पर राजा ने सेना सहित उसके घर पर आक्रमण किया और वह शूर वीरता पूर्वक लड़ता हुआ वीर गति को प्राप्त हुआ। अजयपाल एक निकम्मा और अत्याचारी शासक था, किसी धर्म तथा व्यक्ति का आदर करना वह नहीं जानता था। प्रजा में कोई भी व्यक्ति उससे सन्तुष्ट नहीं था। उसके जैन मन्त्री यशःपाल जो 'मोहराज पराजय' नामक नाटक का रचयिता भी था, तथा आभड़ आदि बड़े बड़े राज्य मान्य जैन सेठ भी उसकी मति फेरने में असमर्थ रहे। अतः तीन वर्ष बीतते-बीतते एक द्वारपाल द्वारा पेट में छुरा भोंक दिये जाने से सन् ११७७ ई० में दुष्ट अजयपाल की तत्क्षण मृत्यु हो गई।

उसका मित्र गुरुद्रोही एवं गुरुभाई का हत्यारा यति बालचन्द्र भी सुखी न रह सका "यह अपने ही गोत्र की हत्या कराने वाला है", ऐसा कहकर ब्राह्मणों ने बालचन्द्र को अजयपाल के मन से भी उतार दिया। इससे लज्जित होकर वह मालवे की ओर चला गया और वहीं उसकी मृत्यु हुई।

अजयपाल के पश्चात् भीम द्वितीय गद्दी पर बैठा। वह इस समय बालक ही था। उसका सज्जन नामक एक जैन सेनानायक था जो नियम से प्रातः सायं सामायिक करता था। युद्ध भूमि में भी हाथी के ऊपर बैठे बैठे ही आने समय पर वह एकाग्र चित्त से दो घड़ी अपने इस आध्यात्मिक कृत्य का सम्पादन कर लेता और फिर शत्रु संहार की रणभेरी फूंककर अपने क्षात्रधर्म का पालन करता। उसीके सेनापतित्व में आबू की तलहटी में शहाबुद्दीन गोरी जैसे प्रचंड विजेता को भी पराजित होना पड़ा था। मुसलमान इतिहासकार भी इसे स्वीकार करते हैं।

भीम द्वि० के पश्चात् मूलराज द्वि० और त्रिभुवनपाल क्रमशः इस वंश के राजा हुए। किन्तु कुमारपाल के बाद सोलङ्की साम्राज्य का पतन प्रारम्भ हो गया था, यह ह्रास काल था और इस अवनति का प्रधान उत्तरदायित्व इन दुर्बल नरेशों पर ही है। फिर भी इस ह्रास काल में भी गुजरात के गौरव एवं प्रतिष्ठा की भरसक सुरक्षा जैन वीरों ने की। इन जैन वीरों में वस्तुपाल, तेजपाल बन्धु युगल सर्वाधिक स्मरणीय हैं। ये दोनों भाई आदर्श जैन थे। मन्त्रीश्वर वस्तुपाल ने गुजरात के स्वराज्य को नष्ट होने से बचाने के लिये अपने जीवन में त्रेसठ बार युद्ध भूमि में गुर्जर सैन्य का सञ्चालन किया था। इस प्रचंड वीर में स्वाभिमान भी इतना उग्र था कि सामान्य जैन साधु के अपमान का दण्ड देने के लिये उसने स्वयं गुर्जरेश्वर के मातुल का हाथ कटवा डाला था। वह निर्माता भी अद्भुत था। आबू का विश्वविद्यालय जैन कलाधाम-भ० नेमिनाथ का मन्दिर उसने सन् १२३२ ई० में करोड़ों रुपये के

व्यय से बनवाया, सेरिसा में पार्श्वनाथ का भव्य मन्दिर निर्माण कराया, तथा अन्य अनेक स्थानों में नवीन जिनालय बनवाये और पुरानों का जीर्णोद्धार कराया। जैन धर्मायतनों के अतिरिक्त उसने सोमेश्वर, भृगुक्षेत्र, शुक्लतीर्थ, वैद्यनाथ, द्वारिका, काशी, प्रयाग, गोदावरी आदि अनेक हिन्दू तीर्थस्थानों की पूजा अर्चा के निमित्त लाखों का दान दिया, शैव एवं वैष्णव मन्दिर बनवाये, सैकड़ों ब्रह्मशाला एवं ब्रह्मपुरियों का निर्माण किया। अनगिनत कुंए खुदवाये, वाटिकाएँ लगवाईं, सरोवर बनवाये, विद्यापीठ स्थापित किये, अरक्षित स्थानों में दुर्गों का निर्माण किया, सैकड़ों शिवालयों का पुनरुद्धार किया, वेदपाठी ब्राह्मणों को वर्षासन दिये, यहाँ तक कि मुसलमानों के लिये भी मस्जिदें बनवा दीं और संगमर्मर का एक कलापूर्ण सुन्दर तोरण बनवाकर मक्का शरीफ भिजवाया। ऐसा असाधारण सर्वधर्म समदर्शी एवं महादानी महामात्य तथा वीर सेनानायक जैनधर्म ने ही गुजरात को भेंट किया।

सोलङ्कीवंश का अन्तिम राजा त्रिभुवनपाल धोलका के सामन्त बीसलदेव द्वारा सन् १२४३ ई० में निष्कासित कर दिया गया और सोलङ्कियों के स्थान में बघेले अब गुजरात के स्वामी हुए। बीसलदेव बघेले के समय में भी मन्त्रीश्वर वस्तुपाल अपने पद पर प्रतिष्ठित रहे। सन् १२९८ तक इस प्रान्त पर बघेलों का ही राज्य रहा। बीसलदेव के समय सन् १२५७ में गुजरात में भीषण दुष्काल पड़ा उस समय जगडूशाह नामक जैनधनिक ने अन्न एवं धन से दुष्कालपीड़ितों को जीवन दान दिया था।

अन्त में, अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति उलुगखाँ एवं नसरतखाँ ने गुजरात पर भीषण आक्रमण किया और कर्ण बघेले को पराजित करके उसकी स्त्री कमला देवी और पुत्री देवल देवी को पकड़ कर दिल्ली पहुंचा दिया। शनैः शनैः गुजरात पर मुसलमानों का राज्य स्थापित हो गया। किन्तु अलाउद्दीन के इन प्रलयंकारी आक्रमणों के समय में गुजरात की आक्रान्त जनता की अद्भुत सेवा पाटण के जैनबन्धुयुगल शाह समरा और सालिग ने की थी। उन्होंने अपनी असाधारण राजकीय पहुँच के कारण सैकड़ों जैन एवं हिन्दू मन्दिरों को मुसलमानों द्वारा विध्वंस होने से बचा लिया, नष्ट-भ्रष्ट हुए देवालयों का पुनरुद्धार किया व कराया। हजारों लोगों को मुसलमानों के कैदखानों से मुक्ति दिलाई, जनता को सर्व प्रकार आश्वासन एवं सहायता प्रदान की।

वस्तुतः, चावड़े गये, सोलङ्की गये, बघेले गये और मुसलमान आये, परन्तु गुजरात की जैन वणिक् शक्ति प्रायः पूर्ववत् बनी रही। स्वदेशी स्वधर्मी राजाओं के समय जो राजकार्य, सेना आदि में उनकी प्रधानता थी वह तो नहीं रही, जैन युद्ध वीरों

एवं मन्त्रियों का तो प्रायः अभाव हो गया किन्तु व्यापार और नागरिक जीवन में उनका प्राधान्य पूर्ववत् बना रहा। जैन साधुओं और विद्वानों को भी कोई बाधा नहीं हुई अतः धार्मिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रगति में विशेष रुकावट नहीं आई। गुजरात के इस उत्कर्ष का लोभ इतिहास की स्मृति का संरक्षण भी सबसे अधिक जैनों ने ही किया है। तत्कालीन इतिहास के सर्वाधिक महत्त्व पूर्ण साधन जैन रचनाएँ ही हैं।

अस्तु इसमें सन्देह नहीं कि यदि मध्यकाल के उस पूर्व मुस्लिम राजपूत युग में गुजरात प्रान्त में जैनधर्म का अभूतपूर्व प्रचार एवं उन्नति हुई तो फलस्वरूप उक्त प्रदेश का राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भी चरमोत्कर्ष हुआ और उस उत्कर्ष के साधन में जैन जनों का ही सबसे अधिक एवं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था।

शासनदेवी अम्बिका और उनकी मान्यता का रहस्य ।

[श्रीयुत कामता प्रसाद जैन, D L., M. R. A. S.]

भारतवर्ष में देवी देवताओं की मान्यता प्राचीन काल से चली आ रही है। मोहनजोदड़ो के पुरातत्त्व से भी देवी-देवताओं की मान्यता सिद्ध होती है। ब्राह्मणों के वैदिक साहित्य में भी उनका अभाव नहीं है। जैनों के यहाँ भी तीर्थंकरों की शासन देवियां और देवता प्रसिद्ध हैं। मथुरा कंकालीटीला से एक कुशान कालीन मूर्ति मिली है, जिसे तीर्थंकर की माता बताया जाता है। (चित्र नं० १) जिन माता की पूजा का विधान शास्त्रों में मिलता है[1]। इससे स्पष्ट है कि जैनों में ईस्वी पूर्व की शताब्दियों से किंवा पहले से किसी रूप में देवी-देवताओं की मान्यता प्रचलित थी ! प्रस्तुत लेख में हमें शासनदेवी अम्बिका के विषय में विचार करना अभीष्ट है।

अम्बिका देवी की मान्यता जैनों और ब्राह्मणों में समान रूप से मिलती है। हम दोनों ही मान्यताओं पर क्रमशः विचार करेंगे।

जैन मान्यता—

पहले ही जैन मान्यता को लीजिये। जैन मान्यता में शासन देवताओं की स्थिति नितान्त अर्वाचीन तो नहीं भासती; क्योंकि उनकी मूर्तियां ईस्वी की प्रारंभिक शताब्दियों की मिली हैं। यों तो चौबीस तीर्थंकरों के शासन देवता अलग-अलग हैं, परन्तु उनमें अम्बिका देवी की मान्यता प्रमुख और प्राचीन है। उनका सम्बन्ध प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के साथ भी जोड़ा जाता है[2]। यद्यपि अम्बिका वास्तव में २२ वें तीर्थंकर नेमिनाथ की शासनदेवी मानी गई हैं। अम्बिका देवी की उत्पत्ति के विषय में जैनों के दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायों में एक कथा प्रचलित है, जिसे यहाँ संक्षेप में उपस्थित किया जाता है।

दिगम्बर कथा—

दिगम्बर जैनों में यद्यपि अम्बिका का उल्लेख प्रतिष्ठा ग्रन्थों में हुआ है, परन्तु उनकी उत्पत्ति विषयक कथा 'पुण्याश्रव कथाकोष' की एक प्राचीन प्रति में 'यक्षीकथा' के शीर्षक से मिलती है। यह प्रति जिनकांची के भट्टारक जी के भंडार में है। प्रो० टी० एन० रामचन्द्रन्[3] ने इसके आधार

१—संभवतः चक्रेश्वरी को ही अम्बा कहा गया होगा।

२—अंबाः सर्वाः सविन्ध्य[illegible]दधिपति प्रासपूजाधिकारा अत्रागत्याध्वरोर्व्यां व्यजनकुलमिह स्वावरेण वृणंतु । अध्वर्यूपत्निका ना घनतनुकुलयोर्दोषहीनां प्रकल्प्य यादिस्रोदोषपूर्वं विहितयमवर्मा भूषयेत्पुण्यमूर्तिम् ॥७१८॥

—श्री जयसेन प्रतिष्ठा पाठ

3—Tiru paruthi Kuṇṛam and its Temples, pp. 157-160.

से अम्बिका की कथा का सार लिखा था, जिससे प्रगट है कि गिरिनगर में सोमशर्मन् नाम का ब्राह्मण रहता था। अग्निला उसकी पत्नी थी। शुभंकर और प्रभंकर उसके दो पुत्र थे। सोमशर्मा ने पिता का श्राद्ध किया। ब्राह्मणों को न्योता। किन्तु उनके पहले ही वरदत्त मुनि उधर आ निकले। अग्निला ने उनको पड़गाह कर विधिवत् आहार दिया। उसके पति को यह असह्य हुआ। उसने उसे घर से निकाल दिया। वह अपने दोनों पुत्रों और एक दासी को साथ लेकर ऊर्जयन्त पर्वत पर वरदत्त मुनि के पास गई और वहीं आम्रवन में रहने लगी। इसके आगे की कथा वैसी ही है जैसी एक दिगम्बर कथा में मिलती है जो वादीचन्द्रजी की रची हुई है।

श्री वादीचन्द्रजी कृत अम्बिका कथा का सार श्री अगरचंदजी नाहटा ने 'अनेकान्त' (वर्ष १३ किरण ४-५ पृ० १०७-१०८) में इस प्रकार दिया है:—

भारत के सौराष्ट्र प्रान्त के जूनागढ़ के राजा भूपाल थे। उनकी रानी का नाम कनकावती था। इस नगरी में राजपुरोहित सोमशर्मा रहता था। जो कुलीन होने पर भी मिथ्यादृष्टि था। इसकी अग्निला नाम की बुद्धिमती पत्नी थी। वह जैनधर्मानुयायी थी। पति शैव और स्त्री जैन थी। इस धार्मिक भेद के कारण कुछ वैमनस्य रहना स्वाभाविक था। एक बार पितृश्राध्य के दिन सोमने ब्राह्मणों को निमंत्रित किया। संयोगवश ब्राह्मणों के आने से पूर्व ही जैन मुनि ज्ञानसागर जी उसके घर भिक्षार्थ पधारे, अग्निला ने हर्षपूर्वक उन्हें प्रासुक आहार दिया। मुनि आहार कर रैवताचल की गुफा में धर्मसाधन करने लगे। उधर किसी ईर्षालु ब्राह्मण ने अग्निला को मुनि को आहार देते देखा था। उसने निमंत्रित ब्राह्मणों के समक्ष द्वेष बुद्धि से उसे अनौचित्यपूर्ण बतलाया। ब्राह्मणों के भोजन से पूर्व मुनि को आहार दिया गया। इसलिए ब्राह्मण बिना भोजन किए ही गाली देते हुए चले गए, सोमशर्मा निमन्त्रित ब्राह्मणों को इस तरह भूखे जाते देख अग्निला पर कुपित हुआ। वह उसे मारने को दौड़ा— इससे भयभीत होकर अग्निला अपने शुभंकर और प्रभंकर दोनों पुत्रों को एक कमर में और एक को हृदय में लेकर रैवताचल को चली। वहां ज्ञानसागर मुनि विराज रहे थे। उन्हें नमस्कार कर बैठ गई। मुनि ने उससे भयभीत होने का कारण पूछा, पर बतलाने पर कुल व पति की निन्दा होगी जानकर कुछ भी न कहा।

"इधर उसके पुत्र क्षुधावश रोने लगे। वहाँ वह उन्हें क्या दे? बड़ी चिन्ता हुई। पर इसी समय मुनिदान के पुण्य-प्रभाव से निकटवर्ती आम्र-वृक्ष अकाल में ही फलों से परिपूर्ण हो गया। उसकी लुम्बिकायें नीचे लटकने लगीं। जिनमें पके हुए फल थे। अग्निला ने उन आम्रों से पुत्रों की भूख शान्त की। (श्लोक ३२) इधर कुपित भूखे ब्राह्मणों ने अपने घर जाकर पत्नियों से जाकर भोजन मांगा। पर उन्होंने निमंत्रण के कारण भोजन नहीं बनाया था, अतः कहा ठहरिये—

भोजन अभी बना देती हैं। संयोगवश इसी समय आग लगी और क्षण भर में अग्निला के घर को छोड़ नगर के सब घर जल गये। तब वे ब्राह्मण धनधान्य घर से हीन होकर भूखे और थके हुए सोम के घर वापिस पहुँचे, उन्होंने सोम से कहा कि तुम्हारी भार्या धन्य है; और उसकी प्राप्ति से तुम भी धन्य हो। मुनि-दान के प्रभाव से तुम्हारा घर बच गया। यदि भोजन तैयार हो तो हमें दो। सोम ने आगत सब ब्राह्मणों को भर पेट भोजन कराया, फिर भी वह अक्षय भंडार हो गया (श्लोक ४३) सोम शर्मा अपनी गुणवती पत्नी के सत्कार्य को याद कर उसे मनाने को रैवताचल की ओर चला, अग्निला ने उसे रैवताचल की ओर आते देख, कि वह मारने को आ रहा है—अब क्या करूँ? उसके हाथ से मारे जाने की अपेक्षा स्वयं मर जाना अच्छा है। वह झट से ऊँचे शिखर पर चढ़कर नेमिनाथ का ध्यान करते हुए कूद पड़ी। जिनेश्वर के शुभ ध्यान से मर कर, वह अम्बिका नामक नेमिनाथ की यक्षिणी हुई। जिसके स्मरण से आज भी विघ्न दूर होते हैं। (श्लोक ४८)

उसका पति ढूंढता हुआ वहां पहुँचा; और उसे मरा हुआ देख विषाद करने लगा। इतने में अग्निला देवी के रूप में पुत्रों को लिए हुए दिखाई दी। सोम ने कहा—घर चलो। अग्निला ने कहा—कि मैं तुम्हारी पत्नी नहीं, देवी हूँ। सोम पत्नी के विरह से दुःखी होकर झम्पापात करके मर गया और मर कर सिंहरूप देवी का वाहन हो गया। अम्बिका उस पर बैठ कर घूमती है।

सोमशर्मा का भाई शिवशर्मा वहाँ आया तो देवी ने अपने दोनों पुत्रों को धन के साथ सौंप दिया, पर पुत्र मन्दबुद्धि वाले थे; इसलिये पढ़ने का प्रयत्न करने पर विद्वान् नहीं बन सके। वे दुखित होकर पहाड़ पर पहुँचे और अम्बिका को याद किया तो अम्बिका ने उन्हें शारदा मंत्र दिया और भादो सुदी १ से ११ तक उपवास सहित जाप करने से बुद्धिमान बनोगे—कह उन्होंने वैसा ही किया और विद्वान् हो गये। शुभंकर ने द्वारिका में बौद्ध पण्डित को जीता, ज्ञान प्रभाव देख कामदेव (प्रद्युम्न) ने कन्याओं द्वारा उनकी पूजा की।

कुछ काल बाद नेमिनाथ वहाँ पधारे, उनसे यह जानकर कि द्वारिका का विनाश होने वाला है, प्रद्युम्न आदि ने दीक्षा ली। शुभंकर और विभंकर ने भी दीक्षा लेकर परम पद प्राप्त किया।

इस प्रकार अम्बिका देवी की उत्पत्ति की यह कथा है। चूंकि भ० नेमि के समय में यह घटना घटी और उनके तीर्थ के लोगों को अम्बिका देवी ने उपकृत किया, इसलिये वह शासन देवी मानी गई। उनकी मूर्तियां भी बनने लगीं। पंडित प्रवर आशाधर जी (१३ वीं शताब्दि) ने अपने 'प्रतिष्ठासार' नामक ग्रन्थ में अम्बिका देवी की आराधना का विधान इस अपेक्षा से ही किया है; यथाः—

'सव्येकद्युपगप्रियंकरसुतुकृप्रीत्यै करे बिभ्रतीं
दिव्याम्रस्तवकं शुभङ्कर करश्लिष्टान्यहस्ताङ्गुलिम्।
सिंहे भर्तृचरे स्थितां हरितभामाम्रद्रुमच्छायगां
वदारूं दशकार्मुकोच्छ्रयजिनं देवीमिहाम्नां यजे ॥१७६॥

भावार्थः-देवी आम्रा (= अम्बिका) का यजन करते हैं क्योंकि वह उन जिनेन्द्रकी भक्त है जिनका शरीर दस धनुष प्रमाण ऊँचा है—वह देवी गहरे हरित आभावाली है; वह आम्रवृक्ष की छाया में रहती है; वह सिंह पर सवारी करती है, जिसका जीव पूर्वभव में उनका पति था; वह अपने बायें हाथ में दैवी आम्रफलों का गुच्छा अपने प्रियंकर पुत्र के संतोष के लिए लिये हुए है, जो उनके वामभाग की गोद में बैठा हुआ है; और उनके सीधे हाथ की अङ्गुलियों को शुभङ्कर पकड़े हुए है।

पं० आशाधर के पश्चात् रचे हुए प्रतिष्ठा पाठों में भी शासन देवियों का उल्लेख है;[1] परंतु आचार्य जयसेन कृत सर्व प्राचीन प्रतिष्ठा पाठ में उनका उल्लेख नहीं है। श्री जयसेन जी ने मंडपविधान में चारोंनिकाय के देवों का आह्वान अवश्य किया है, जिन में भवनवासी देव भी हैं। इसमें यक्ष आह्वान के साथ यक्षी के लिए कोई पृथक उल्लेख नहीं है; परंतु यक्षों में ही उनका आह्वान गर्भित माना जाता हो तो आश्चर्य नहीं। देवियों में जिनमाता का 'अम्बा' रूप में और इन्द्राणी एवं दिक्कुमारियों का उल्लेख उन्होंने किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि समयानुसार उक्त यक्षादि आह्वान के आधार से ही यक्ष-यक्षीरूप शासन देवता नियत किये गये। यह एक विषय है जो खोज की अपेक्षा रखता है।

जो हो दिगम्बर कथानक से स्पष्ट है कि अम्बिका देवी तीर्थङ्कर नेमिनाथ की शासन देवी—यक्षी थीं; जो पूर्वभव में उनकी परम भक्त और उपासिका रहीं। देवपर्याय में भी वह जिनेन्द्र भक्ता मिलतीं हैं।

श्वेताम्बर कथा—

श्वेताम्बर जैन साहित्य में अम्बिका का सर्व प्राचीन उल्लेख श्री बप्पभट्टिसूरि (वि० सं० ८०० —८६५) विरचित 'चतुर्विंशतिका' की भ० नेमिनाथ की स्तुति में निम्नलिखित दो श्लोकों में मिलता है:—

१—नेमिचन्द्र जी (१६ वीं शती) ने 'प्रतिष्ठा तिलक' (७/२२) में अम्बिका का उल्लेख किया है: "धत्ते वामकटौ प्रियंकर सुतं वामे करे मञ्जरी, आम्रस्यान्यकरे शुभङ्कर तुजौ हस्तं प्रशस्ते हरौ। आस्ते भर्तृचरे महाम्रविटपिच्छायं श्रिताऽभीवृदा, याऽसौ तां नुतनेमिनाथपदयोर्नम्रामिहाम्रां यजे ॥"

"जिनवचसि कृतार्थो संश्रिता कम्रमाम्रं
समुदितसुमनस्कं दिव्य सौदामनीरुक्।
दिशतु सततमम्बा भूतिपुष्पात्मकं नः
समुदितसुमनस्कं दिव्यसौदामनीरुक् ॥८८॥
सिंहेऽसिं हेलयाऽलं जयति खरनखैर्वीतनिष्ठेऽतनिष्ठे
शुक्ले शुक्लेशनाशं दिशति शुभकृतो खण्डितेऽखण्डिते खम्।
याते या तेजसाढ्या तडिदिव जलदे भाति धीराऽतिधीरा
पत्यापत्यापनीयात्सुदित समवराद्वैयाधमं बाधमम्बा ॥८९॥

यहां उनके शरीर की आभा दिव्य-सौदामिनी के समान श्वेत लिखी है और उनके नख शत्रु के खड्ग को भङ्ग करने में समर्थ बताये हैं। इसी पुस्तक में (पृ० १४८–१५०) अम्बिका देवी कल्प और उसका गुजराती अनुवाद भी दिया हुआ है। उसकी कथा इस प्रकार है:—

"सौराष्ट्र देश में कोडीनार नगर था। उसमें वेदपाठी ब्राह्मण सोम रहता था। उसकी पत्नी का नाम अम्बिका था, जिससे उसके दो पुत्र सिद्ध और बुद्ध नामके हुए थे। सोम ने पिता का श्राद्ध किया और ब्राह्मणों को न्योता। रसोई तैयार हुई। अम्बिका की सास स्नान करने गई थी। इतने में एक मासोपवासी जैन साधु भिक्षार्थ पहुँचे। अम्बिका ने विधिवत् उनको आहार दिया। सास ने लौटकर रसोई में प्रवेश किया और जाना कि साधु को भिक्षा दी गई तो वह गुस्सा हो बोली कि "अग्रशिखा साधु को क्यों दी? पहले पिण्ड भरना थे।" उसने सोम से भी सर्व वृत्तान्त कहा। वह आग बबूला हो गया—उसने माना कि उसकी पत्नी स्वच्छन्द है इसलिए उसे घर से निकाल दिया। अम्बिका ने दुखी होकर सिद्ध पुत्र की उंगली पकड़ी और बुद्ध को गोदी ले एक ओर को चल दी। मार्ग में पुत्र तृषातुर हुए तो उसके शील प्रभाव से सूखा सरोवर जल से लहलहा उठा। उसने पुत्रों को शीतल जल पिलाया। पश्चात् लड़के क्षुधातुर हुए तो सामने का सूखा आमका पेड़ हरा भरा हो गया। उसके फल पुत्रों को दिए और उसी आम के वृक्ष तले वे आराम करने लगे। उधर अम्बिका के सासरे में एक कौतुक हुआ कि एक स्त्री ने अपने बालकों को भोजन कराकर उच्छिष्ट भोजन बाहर फैंका तो देवों ने शील धर्म का प्रभाव जतलाने के लिए उसको सोने मोती का कर दिया। अग्निशिखा पर्वतों से बात करने लगी—इतनी ऊँची उठ गई। यह सब देखकर सास को प्रतीत हुआ कि यह सब कुछ उसकी सुलक्षणी बहू का पुण्य प्रभाव है और पुत्र से बोली कि बहू को वापस लिवा लाओ। तदनुसार सोम लिवाने चला। अम्बिका ने दूर से आता देखा तो भयातुर हुई। समझी मारने आ रहा है। चारों ओर देखा तो एक कुंआ दिखाई पड़ा। वह उसी में जा गिरी और शुभपरिणाम से मरकर सौधर्मकल्प से चार योजन नीचे स्थित कोहंड विमान में अम्बिका नामकी महर्द्धिका देवी हुई। विमान के नामकी अपेक्षा वह

'कोहण्डी' भी कहलाई। सोमने अपनी महासती पत्नी को कुये में गिरा देखा तो वह भी गिरा और मरकर उसी विमान में अभियोगिक देव गति में उत्पन्न हुआ। अपने कर्मानुसार वह देवसिंह का रूप रखकर अम्बिका देवी के वाहन का काम करता था। इन भगवती अम्बिका देवी के चार हाथ हैं। दो हाथों में वह आमों की डाली और पाश ग्रहण करती हैं तथा शेष दो हाथों में अंकुश और पुत्र रखती हैं। उनके शरीर का वर्ण तपाए सोने जैसा है। वह नेमिनाथ भगवान की शासन देवी हैं और गिरिनार की शिखर पर बसती हैं। सम्यग्दृष्टियों के विघ्नों को दूर करतीं हैं।"

इसके अतिरिक्त 'प्रभावक चरित्र' एवं अन्य ग्रंथों में भी यह कथा मिलती है। उसका सार नाहटा जी ने यों लिखा है:—

"कणाद मुनि के स्थापित काशहृद नगर के सर्वदेव ब्राह्मण की देवी सत्य देवी थी। उसकी पुत्री अम्बा कोटिनगर के सोमभट्ट को विवाही गई। विभाकर और शुभंकर दो पुत्र हुए। एक समय नेमिनाथ के शिष्य सुधर्मसूरि के आज्ञावर्ती दो मुनि अम्बिका के घर पधारे, अम्बिका ने उन्हें आहार कराया। इतने में ही सोमभट्ट आ पहुंचा और उसने बिना महादेव के भोग लगाये भोजन का स्पर्श क्यों किया गया कहा और आक्रोशवश उसे मारा। वह दोनों पुत्रों को एक गोद में और एक अंगुली पकड़ कर रैवताचल पहुँची। नेमिनाथ को वन्दना कर आम्रवृक्ष के नीचे विश्राम किया। भूखे बच्चों को आम्रफल देकर पुत्रों सहित शिखर पर झम्पापात किया। नेमिनाथ के स्मरण से देवी हुई। इधर विप्र का क्रोध शान्त हुआ। वह भी रैवताचल को आया। और उन्हें मरा देख पश्चाताप करता हुआ स्वयं भी कुण्ड में पड़कर मर गया। व्यंतर होकर देवी का वाहन सिंह बना। अम्बा देवी अब भी गिरि पर नेमिनाथ के भक्तों की सहाय करती हैं।"

श्री हेमचन्द्राचार्य जी ने 'त्रिषष्ठिशलाका पुरुष चरित्र' (९।३८५) में, श्री शोभनमुनि ने 'स्तुतिचतुर्विंशतिका' (८८ व ९६ श्लोक) इत्यादि ग्रन्थों में भी अम्बिका देवी को नेमिनाथ की शासन देवी लिखा है।

कथाओं की समानता-

उक्त सभी कथायें भ० नेमिनाथ के समय में घटित घटना को चित्रित करती हैं। सभी से प्रगट है कि उस समय वैदिक मत का प्राबल्य था-स्त्री के व्यक्तित्व का कुछ मूल्य न था-जैन साधुओं को ब्राह्मण वर्ग सम्माननीय दृष्टि से नहीं देखता था। इनमें जो कुछ अन्तर है वह नगण्य है। श्वेताम्बर और दिगम्बर कथाओं में शरीर के वर्ण और अग्निला के नाम सम्बन्ध में अन्तर है। एक बड़ा अन्तर यह है कि दिगम्बर अम्बिका को यक्षपर्याय का बताते हैं और श्वेताम्बर सौधर्म कल्प की देवी। किन्तु सभी एक स्वर से उन्हें भ० नेमि की शासन देवी स्वीकार करते हैं।

अम्बिका देवी की मूर्तियां-

जब अम्बिकादेवी शासनदेवता मान्य हुई और लोगों को यह विश्वास हुआ कि उनकी आराधना से विघ्न बाधाएँ दूर होती और इच्छित फल की प्राप्ति होती है, तो उन्होंने उनकी मूर्तियां भी बनाई।

अम्बिका देवी की मूर्तियां ईस्वी प्रारंभिक शताब्दियों तक की मिली हैं। उनका सुन्दर विवेचन और संकलन श्री उमाकान्त प्रे० शाह ने अपने एक लेख में किया है, जिससे अम्बिका की मूर्तियों का अच्छा परिचय मिलता है। पहले जो मूर्तियां बनीं वे बिल्कुल मनुष्यनी रूप में दो हाथोंवाली थीं। ऐसी सर्व प्राचीन मूर्तियां मथुरा, नवमुनि गुफा उदयगिरि खंड गिरि (उड़ीसा) और काठियावाड़ में ढंककी गुफाओं से उपलब्ध हुई हैं। ये मूर्तियां ईस्वी द्वितीय से सातवीं शताब्दी के मध्यवर्ती काल की हैं। मथुरा कंकालीटीला की मूर्ति गुप्तकालकी है। इसमें अम्बिका के दो हाथ हैं, जिनसे एक में आम्रलुम्बिका और दूसरे से बालक को लिये है। (चित्र सं० २) ढंक की मूर्ति भी ऐसी ही है। (चि० सं० ३)

दक्षिण भारत में भी अम्बिका देवी की मूर्तियां उपलब्ध हैं। श्री टी० एन० रामचन्द्रन्‌जी ने जिनकांची के दिगम्बर जैन मठ की दीवालों पर अम्बिका की एक विलक्षण मूर्ति चित्रित देखी है। यह चित्राङ्कण 'पुण्याश्रव' की यक्षीकथा के अनुरूप किया गया है। वह पद्मासन में चार हाथों सहित चित्रित है। दो अधिक हाथों में पाश और अंकुश है। शेष दो अभय और वरद मुद्रा में हैं। किन्तु मैसूर स्टेट के अन्तर्गत अङ्गडि नामक स्थान की जैन बस्ती में अम्बिका की एक बड़ी ही सुन्दर कलामय मूर्ति दो हाथों वाली है। वह खड़ी हुई है और उसकी त्रिभंग की कमनीयता दर्शनीय है। उसके एक हाथ में आम्रलुम्बिका और दूसरे में बालक है।

देवगढ़ के दि० जैन मंदिर से प्राप्त अम्बिका की मूर्तियां भी कला के सुन्दर नमूने हैं। उनके मस्तक के ऊपर भ० नेमिनाथ की मूर्ति बनी हुई है।

श्वेताम्बर जैनों ने भी अम्बिका की दो एवं चार हाथोंवाली मूर्तियां बनाई हैं। आबू की विमलवसही में अम्बिका की लीलतासन मुद्रा में दर्शनीय मूर्ति है। बड़ौदा, सेरिसा (कलोल) आदि स्थानों के श्वेताम्बर जैन मंदिरों में भी उनकी मूर्तियां मिलती हैं।

उपलब्ध मूर्तियों से पता चलता है कि पहले-पहले अम्बिका देवी की मूर्तियां दो हाथों वाली बनाई गई और वह उनकी उत्पत्ति विषयक मूल कथानक को देखते हुए ठीक भी थी, परन्तु उनके हाथों की संख्या बढ़ती गई। और अब उनकी मूर्ति दो हाथोंवाली के अतिरिक्त चार, आठ और बीस हाथोंवाली भी मिली है। इस प्रकार की मूर्ति का नमूना आबू की विमलवसही की एक छत में अंकित मिलता है। उनकी मुद्रा भयंकर है और वह हाथों में खंग, शक्ति, गदा,

अंकुश सर्प, फरसा, कमंडलु, कमल आदि लिये हुए हैं[1]।

अलंकृत रूप का रहस्य—

अम्बिका देवी की उत्पत्ति विषयक कथा को देखते हुए उनकी मूर्तिका सुन्दर, सौम्य और स्वाभाविक स्वरूप दो हाथों वाला ही होना चाहिये, क्योंकि मूल रूपमें वह मनुष्य ही थीं। उपरान्त उनके चार, आठ और बीस हाथ बनाये गये, वह रहस्य से खाली नहीं है।

हम जानते हैं कि प्राचीन काल में अलंकृत भाषा का प्रयोग होता था। रहस्यमय रूपकों द्वारा आध्यात्मिक तथ्यों का निरूपण किया जाता था। बैरिस्टर चम्पतराय जी ने 'असहमत-संगम' में बताया है कि वेद, अवस्था, इंजील आदि धर्मग्रन्थ अलंकृत-भाषा में लिखे हुए हैं। मंत्र-तंत्र वाद में भी अलंकृत भाषा का प्रयोग हुआ है। अतः यह प्रतीत होता है कि मध्यकाल में जैनी भी इस अलंकृत भाषा से प्रभावित हुए और उन्होंने वैदिक ब्राह्मणों की देखादेखी अम्बिका देवी की दो से अधिक हाथों वाली मूर्तियां बनाईं। इसका आधार अलंकृत-काव्य-शैली ही प्रतीत होती है।

अम्बिका भ० नेमि की शासन देवी हैं—मनुष्यभव में भी वह उनकी भक्त थीं। भक्त होनेका अर्थ है आराध्यदेव के बताये मार्ग पर चलना उनके प्रशस्त मार्ग को प्रकाशित करना—अम्बिला अथवा अम्बिका ने भ० नेमि के शासन को इस प्रकार से ही प्रभावित किया था। तीर्थङ्कर अज्ञान को मिटाने के लिये अहिंसक और आध्यात्मिक क्रान्ति को जन्म देते हैं जिससे मानव समाज की कायापलट जाती है—वह मानव बनकर आगे आता है। भ० नेमिने भी एक ऐसी ही क्रान्ति को जन्म दिया और उसे सफल बनाया। उनके समय में निम्नलिखित बड़ी बड़ी बुराइयाँ फैली हुई थीं जिनको उन्होंने आमूलचूल मिटाया—

(१) **हिंसामय** युद्धों का ताँता बँधा हुआ था। यादव-जरासंध, यादव-चेत्र आदि युद्धों के पश्चात् कौरव-पाण्डवों का महाभारत हुआ। विचारशील और प्रज्ञावान युवक नेमिने अनुभव किया कि हिंसा का अन्त होना चाहिये। अहिंसा जीवन-नौका की पतवार होना चाहिये।

(२) **माँस-मदिरा** का बहु प्रचलन ही हिंसक वृत्ति को पनपा रहा था—वासना थिरक रही थी। युवक नेमिने इसकी निर्ममता का दृश्य अपने विवाह के समय देखा। उनका मन क्रान्ति की ज्वाला से धधक उठा। उन्होंने विवाह का कंगन तोड़ डाला और मौरमुकट उतार फेंका। वह आध्यात्मिक क्रान्ति लाने के लिये गिरिनार की शिखर पर साधना करने के लिये चले गये और सर्वज्ञ बनकर उन्होंने अज्ञान की धज्जियाँ उड़ा दीं।

१—अम्बिका देवी की मूर्तियों के विषय में विशेष परिचय पाने के लिए डॉ० उमाकान्त पी० शाह का 'Iconography of the Jaina Goddess Ambikā' नामक जर्नल ऑव दी यूनीवर्सिटी ऑव बाम्बे, भा० ६ खंड २ में देखिये।

(३) असमता और अज्ञानता समाज में फैल रही थी। स्त्री और शूद्रों का कोई व्यक्तित्व ही न था। द्रौपदी जैसी सती का अपमान खुले दरबार में हो सकता था—क्षीरकदम्ब जैसा प्रखर बुद्धि इसलिये ही ब्राह्मण का शिष्यत्व नहीं पा सकता था कि वह नीचकुल में जन्मा था। ब्रह्मचर्य का अनादर हो रहा था। पुत्र के बिना सद्गति का मिलना असंभव समझा जाता था—यदि पुत्र न हो तो श्राद्धतर्पण कौन करे? किन्तु भ० नेमिने इस विषमता को मिटाया—समाज में समता और विवेक को जागृत किया। अम्बिका के जीवन में उनकी यह क्रान्ति व्यवहारिक रूप धारण किये हुए मिलती है। इसलिये ही वह शासन देवता हुई है।

हमारे विचार से अम्बिका देवी का रूप भ० नेमि की इस क्रान्ति की सफलता का द्योतक है। अम्बिका अहिंसा की प्रतीक है—वह अम्बा अहिंसा है—उनका वाहन सिंह हिंसा का प्रतीक है। जब हिंसा अहिंसा के आधीन रहेगी तब मानव जीवन में विषमता आ ही नहीं सकती—भ० नेमिने यह स्पष्ट बताया था। दूसरे इससे मातृत्व की विशिष्टता भी स्पष्ट होती है—स्त्र का सम्मान होना ही चाहिये। हिंसा अहिंसा के इङ्गित पर चले, इसके लिए मानव को फलाहारी होना आवश्यक है। मानव का स्वाभाविक और आदि आहार फल ही है। एक हाथ में आम की डाली यही बताती है। अम्बिका का दूसरा हाथ शुभंकर पुत्र के ऊपर है और विहंकर पुत्र उनकी गोद में छाती-से सटा हुआ अङ्कित है—यह चित्रण बताता है कि वस्तुतः कौन से पुत्र मानव की सद्गति के लिये आवश्यक हैं! हाड़माँस के औरस पुत्रों के होने अथवा न होनेपर मानव का आत्मकल्याण निर्भर नहीं है। वह निर्भर है मानव की अहिंसावृत्ति की सन्तति पर! द्रव्यरूप में अहिंसा का पालन शुभंकर होता ही है—इसीलिये अम्बिका से शुभंकर पुत्र अलग अङ्कित हुआ मिलता है। वह बाह्य प्रवृत्ति का द्योतक है। दूसरा पुत्र विहंकर गोद में इसलिये है कि भावों की शुद्धि ही जीव के लिये कल्याणकर है—वह अन्तर की वृत्ति है और मानव को पूर्ण, शुद्ध और सुखी बना देती है। इस प्रकार अम्बिका की मूर्ति का आध्यात्मिक रहस्य है—वह भ० नेमि द्वारा सफलीकृत मानव क्रान्ति की सजीव प्रतिमूर्ति—प्रतीक है!

उपरान्त उनके चार, आठ और बीस हाथ बनाये गये वह आध्यात्मिक शक्तियों को लक्ष्य करके रक्खे गये प्रतीत होते हैं। चार कषायों को मिटाने के लिये चार हाथ चाहिये—ज्ञानका अंकुश और संवर की पाश जीवन साफल्य के लिये आवश्यक ही है। आठ हाथ आठ कर्मों को विध्वंस करके आठ गुणों को प्राप्त करने के लिये बनाये गये प्रतीत होते हैं। सारांश यह कि शासन देवी के रूप में उन तीर्थङ्कर द्वारा किये हुए सफल कार्यों का अलंकृत चित्राङ्कण हुआ प्रतीत होता है जिनके शासन की वह देवी है। इस विषय में खोज करने की आवश्यकता है। अम्बिका देवी का अलंकृतरूप तो यही बताता है। इस रूप में उनकी आराधना आत्मगुणों की आराधना के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

वैदिक मान्यता में—

वैदिक मान्यता में आदि देवता इन्द्र, वरुण, सूर्य आदि हैं। देवियों के लिये ऋग्वेदादि में प्रायः कोई स्थान है ही नहीं, फिर भी ऋग्वेद में उषा का देवी रूप में उल्लेख मिलता है; यथा—

'उपमा पेपिशत्तमः कृष्णं व्यक्तमस्थित। उषऋणेव यातय ॥ ७॥

'हे उषा! हे रात्रि की अधिष्ठात्री देवी! सब ओर फैला हुआ यह अज्ञानमय काला अन्धकार मेरे निकट आ पहुँचा है। तुम इसे ऋण की भाँति दूर करो; जैसे धन देकर अपने भक्तों के ऋण दूर करती हो, उसी प्रकार ज्ञान देकर इस अज्ञान को भी हटा दो।

—ऋग्वेद मं० १० अ० १० सू० १२७ मंत्र १७

इसमें उषा को एक शक्तिमयी देवी के रूप में आह्वान किया गया है जो अज्ञानान्धकार को मेटती है। उषा से अन्धकार मिटता ही है—वह काल सफल और पुण्यमयी माना गया है। अज्ञान दूर करने के लिये अन्तस् में सम्यक् सम्बोधिका उदय होना आवश्यक है—यह सम्बोधि ही उषा करके उल्लेखित की गयी हो तो आश्चर्य नहीं; परन्तु ऋग्वेद की उषा का सम्बन्ध अम्बिका से कुछ भी प्रतीत नहीं होता!

हमारे मित्र श्री श्रीनिवासजी वर्मा का कहना है कि यजुर्वेद और सामवेद में भी देवियों का कोई उल्लेख नहीं मिलता। उन्होंने अथर्ववेद और पुराणों से देवियों के विषय में कुछ उद्धरण भेजे हैं, जिनके लिये हम उनके आभारी हैं। 'अथर्ववेद' में देवी का एक उल्लेख निम्न प्रकार किया गया है—

"ॐ सर्वे वै देवा देवीमुपतस्थुः कासि त्वं महादेवीति ॥ १ ॥
साब्रवीत्—अहं ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृति पुरुषात्मक
जगत्। शून्यं चाशून्यं च ॥२॥ अहमानन्दानानन्दौ अहं
विज्ञानाविज्ञाने। अहं ब्रह्मा ब्रह्मणी वेदितव्ये। अहं पञ्च-
भूतान्यपञ्चभूतानि। अहमखिलं जगत् ॥३॥ वेदाऽहमवेदा
ऽहम्। विद्याहमविद्याहम्। अजाहमनजाहम् अधश्चो-
र्ध्वं च तिर्यक्चाहम् ॥४॥" (देव्यथर्व शीर्षम्)

अर्थ-ॐ सभी देवता देवी के समीप गये और नम्रता से पूछने लगे कि हे महादेवि! तुम कौन हो? ॥१॥ उसने कहा—मैं ब्रह्मस्वरूप हूँ। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप असद्रूप जगत् उत्पन्न हुआ है ॥२॥ मैं आनन्द और आनन्दरूपा हूँ। अवश्य जानने योग्य ब्रह्म और अब्रह्म मैं ही हूँ। पञ्चीकृत और अपञ्चीकृत महाभूत भी मैं ही हूँ। यह सारा दृश्य जगत् मैं ही हूँ ॥३॥ वेद और अवेद मैं हूँ। विद्या और अविद्या भी मैं, अजा और अनजा भी मैं; नीचे ऊपर अगल बगल भी मैं ही हूँ ॥४॥ अथर्ववेद के इस देव्यथर्वशीर्षम् में २६ श्लोक इसी प्रकार के हैं। इनमें

देवी को शक्तिरूप में चित्रित किया है—मूल में वह ब्रह्मस्वरूप है, इसलिए आन्तरिक अध्यात्म-शक्ति ही है। जैनाचार्य समन्तभद्रस्वामी भी अहिंसा-शक्ति को ब्रह्मरूप बताते हैं। (अहिंसाभूतानां ब्रह्मपरमं) यह अन्तर्स्थित ब्रह्म ही लोक में नाना प्रकार के विकसित रूप में दृश्य हो रहा है, इसी लिये शक्ति रूपी देवी के नाना रूप बताये हैं। यहां अलंकृत भाषा का रहस्य स्पष्ट है।

किन्तु अम्बा अथवा माता के रूप में देवी का रूप पौराणिक काल में ही मिलता है। श्री मार्कण्डेय पुराणान्तर्गत 'सप्तशती' में देवी की उत्पत्ति का वर्णन निम्न प्रकार लिखा है:—

"इत्थं निशम्य देवानां वचांसि मधुसूदनः।
चकार कोपं शम्भुश्च भ्रुकुटी कुटिलाननौ॥
ततोऽतिकोपपूर्णस्य चक्रिणो वदनात्ततः।
निश्चक्राम महत्तेजो ब्रह्मणः शङ्करस्य च॥
अन्येषां चैव देवानां शक्रादीनां शरीरतः।
निर्गतं सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत॥
अतीव तेजसः कूटं ज्वलन्तमिव पर्वतम्।
ददृशुस्ते सुरास्तत्र ज्वालाव्याप्तदिगन्तरम्॥
अतुलं तत्र तत्तेजः सर्वदेव शरीरजम्।
एकस्थं तदभून्नारी व्याप्तलोकत्रयं त्विषा॥
यदभूच्छाम्भवं तेजस्तेनाजायत तन्मुखम्।
याम्येन चाभवन् केशा बाहवो विष्णुतेजसा॥ इत्यादि"

पूर्वकाल में देवताओं और असुरों में पूरे सौ वर्षों तक घोर संग्राम हुआ था, इसमें असुरों का स्वामी महिषासुर था और देवों के नायक इन्द्र थे। उस युद्ध में देवताओं की सेना महाबली असुरों से परास्त हो गई। सम्पूर्ण देवताओं को जीतकर महिषासुर इन्द्र बन बैठा। तब पराजित देवता प्रजापति ब्रह्माजी को आगे करके उस स्थान पर गये जहां शङ्कर और विष्णु विराजमान थे। यह उक्त श्लोकों का प्रसंग है। देवताओं ने अपनी पराजय और असुरों के पराक्रम का यथावत् वृतान्त उन दोनों देवेश्वरों से कहा और रक्षा की याचना की। तब देवताओं के वचन सुनकर भ० विष्णु और शिव ने दैत्यों पर बड़ा क्रोध किया। उनकी भौंहें तन गईं और मुंह टेढ़ा हो गया। तब अत्यन्त कोप से भरे हुए चक्रपाणि श्री विष्णु के मुख से एक महान् तेज प्रगट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा, शङ्कर तथा इन्द्र आदि अन्यान्य देवताओं के शरीर से भी बड़ा तेज निकला। वह सब मिलकर एक हो गया। महान तेज का वह पुञ्ज जाज्वल्यमान पर्वत-सा जान पड़ा। देवताओं ने देखा, वहां उसकी ज्वालाएँ समस्त दिशाओं में व्याप्त हो रही थीं। सम्पूर्ण देवताओं के शरीर से प्रगट हुए उस तेज की कहीं तुलना नहीं थी। एकत्रित होने पर वह एक नारी के रूपमें

परिणत हो गया और अपने प्रकाश से तीनों लोकों में व्याप्त जान पड़ा। भगवान शङ्कर का जो तेज था उससे उस देवी का मुख प्रगट हुआ। इसी प्रकार प्रत्येक देवता, विष्णु, वरुण, चंद्र, सूर्य, ब्रह्मा, यम आदि के तेज से उस देवी के अङ्गप्रत्यङ्ग बन गये। इस प्रकार अन्यान्य देवताओं के तेज से उस कल्याणमयी देवी का आविर्भाव हुआ—वह जगन्माता हुई। अम्बा देवी की उत्पत्ति की यह कथा अध्यात्म रहस्य से खाली नहीं है। यह अलंकृत भाषा का सुन्दर रूपक है। अम्बिका की मूर्त्ति का रूप और आकार प्रकार भी इसी आधार से बना। अतः उसकी उपासना आध्यात्मिक शक्तियों की ही उपासना है।

वेद और पुराणों में बाह्य घटनाओं का जिक्र प्रायः नहीं के बराबर है। वे आध्यात्मिक ज्ञान कराने के लिये अलंकृत काव्यशैली की अनूठी रचनाएँ हैं। उनको शब्दार्थ में पढ़ना ही नहीं चाहिये—यही कारण है कि उनको गुरुमुख से पढ़ने का विधान था। गुरु पात्र शिष्य को ही उनका आध्यात्मिक रहस्य बताता था। वैदिक ऋषियों ने सभी अध्यात्मशक्तियों के रूपक गढ़ने में कमाल किया है और उन सभी का पुञ्ज अम्बिका देवी का रूपक है।

इस दृष्टि से वैदिक देवता, इन्द्र, सूर्य, अग्नि, आदि कोई व्यक्ति विशेष न रहकर अध्यात्म-शक्ति अथवा परमब्रह्म परमात्मा के ही विविध गुणों को व्यक्त करनेवाले रूप हैं। विद्वानों ने सूर्य को सर्वज्ञता का प्रतीक, इन्द्र को संसारी जीवात्मा का प्रतिरूप, और अग्नि को तप का रूपक सिद्ध किया है। वशिष्ट ऋषि अलंकृतरूप में श्रुति के प्रतीक हैं और विश्वामित्र मनन के। उनके पारस्परिक संघर्ष तर्क और श्रद्धा के संघर्ष की ओर इशारा करते हैं। श्रुति ही श्रेष्ठ है—इसलिए वशिष्ट सर्वत्र विजयी होते हैं। सृष्टि रचना का भाव मानस में अध्यात्म भावों का सिरजन करने से है। संरक्षण आध्यात्मिक विकास का द्योतक है और संहार आसुरी प्रवृत्तियों को नष्ट करने का इंगित है। अतएव ब्रह्मा अध्यात्म बुद्धि का रूपक है, जो मानस को व्यवस्थित करके उसमें अध्यात्म-भावरूपी व्यक्तियों का सिरजन करता है। विष्णु संरक्षक के रूप में धर्मभाव के प्रतीक हैं—वह ब्रह्मा द्वारा सिरजे हुए अध्यात्मभावों का संरक्षण करते हैं और शिव अथवा महेश वैराग्य के प्रतिरूप हैं, जो सभी दुष्कर्मों का नाश कर देता है। इन सभी देवताओं का रहस्यमयीरूप बड़ा ही बोधप्रद है। आवश्यकता है कि यह रहस्य खोज निकाला जावे। अम्बिका देवी में इन सभी देवताओं अथवा आत्मशक्तियों का होज केन्द्रीभूत किया गया है। इसीलिए अम्बिका की मान्यता विशेष है।

जैन और वैदिक मान्यता की तुलना।*

जैन और वैदिक मान्यता की तुलना करने पर हम उनको एक दूसरे से सर्वथा विभिन्न पाते हुए भी उन्हें अति निकट पाते हैं; क्योंकि उन दोनों का भाव एक है। अवश्य ही जैनमान्यता

* विशेष के लिए बैरिस्टर चम्पतराय कृत 'असहमत संगम देखिए।

एक ऐतिहासिक घटना के आधार पर टिकी हुई है—तो उधर देवासुर संग्राम भी एक घटित घटना मानी जाती है। जो हो, दोनों मान्यताएँ एक ही दिशा की ओर इंगित करती हैं और वह दिशा है अध्यात्मवाद की! दोनों ही यह घोषित करती हैं कि मानव को हिंसादि आसुरी वृत्तियों को अहिंसादि आत्मगुणों का विकास करके पराजित कर देना चाहिये। अम्बिका इन आत्मगुणों का जाज्वल्यमान प्रतीक है। उनके भक्त उन्हें उनके असलीरूप में पहिचानें और उनसे दया एवं आत्मबल का पाठ पढ़कर आत्मविजयी बनें। उनकी मान्यता का यही रहस्य है!

अथ मोहरम गुरालिख्यते, मतिचन्द्रिका

दोहा

रूपरेष अवसेष नहि, निराकार आकार ।
गुन अस्थित निर्गुन वही, सकल जगत आधार ॥१॥
सवै इन्द्र ब्रह्माण्डको, पोषन भरन सुभाइ ।
फतेसिंघ है तुव सरन, प्रथमहि बन्दौं ताय ॥२॥
प्रभु गुरु सरसुती भास्कर, उमानन्द गनेश ।
वेद व्यास कमला जसहि, रक्षा करहू महेस ॥३॥
फतेसिंघ तुव सरन है, जोतिक मति अनुसार ।
भाव सहित दूषन रहित, तू निरवाहन हार ॥४॥
पातसाहि नैसेरवा, आदिल महा उदार ।
युजु रूचिमोहि रउजीरमा, सर्वसास्त्र हुसियार ॥५॥
साह कहि जासों तवे, ऐसो करौ विचार ।
आवै भलि बुरी बरस, जानि परै निरधार ॥६॥
कवि पंडित सब जोरतिहि, आगम जाननहार ।
प्रथम हती वह पारसी, सो मत देकै साषि ॥
पुरमसाहि प्रताप तै, बरनत भाषा भाषि ।
दस अरू आठ विचारि सत तेरह ऊपर जान ॥
तब याकौ समुझै वहै पढ़ौ पारसी जान ॥
फतेसिंघ भाषा करी, मुनि समझैसब कोइ
दस अरू आठ विचारि सत, तेरह ऊपर जान ॥
दास आपनौ जानि कै, सातुक मत उर धारि ।
भूल चूक सब माफ कर, लीजौ हृदय विचारि ॥
यह मतिचन्द्रविसाल, अति बांचै सुनै जो कोइ ।
बरस दिनाकौ आगमन, षबदार सो होइ ॥

चौपाई

मास मोहरम को इम जानौं, सुनौ भेद ताकौ जु बषानौ ।
हाय होस तरकन कौ होई, मुहरमा मासु जानिये सोई ॥

दोहा

मासु मुहरम तीज सुदि, आन परै जिहिवार
ता दिन तै वा बरसके, फल अफल निरधार

चौपाई

जौन वार वह तीजु जु होई, ताके फल जाने सब कोई
भली बुरी वरस जो आवै, यातें सब भेदनको पावै

दोहा

पसु पंछीकौ नर आदिदै, जैसी होनी होइ
काल चाल वरसा सकल, यातै समुझौ सोइ

अथ रविवार फल—

जौ वह तीज परै इतवारी, तौ नीकी सब वरस विचारी।
परजा देस सुखी सब होई दूवंद फिसाद उठे नहि कोई
पानी मनकौ चीतौ वरसै, सस्ते अन्न उनादि सरसै
फले अधिक ब्रछादिक भले पंथी सुखी गैल जे चले
पसु पंछीकौ महा अनंद, है कपास कौ थोरो दुद
अधिक फरैं मातु दिल होई, यैसो या जानैं सब कोई
चौपिवन दूधहोइ अधिकारी, सोदागिर कौ नफा सवारौ
गोहू अधिक होइगे भले, भांति यहै परबूजा चलै
राजा रंक सुखी सब कोई, कुन असिन्न के पकि है सोई
तिल अरू अन अधिकारे जानौ, येसःस्त्र पुनि भेद बखानौ
सुरज ग्रहन वरस वह पडै, आडौं घटि सोवी सुख करै
रवि की तीजु यही फल होई, फतेसिंघ कहि दीनौ सोई
यति श्री मतिचंद्रकाय रवि फलाफल वर्ननं
फतेसिंघ विरचितायां प्रथमो तात

तिथि वार भेद दूसरी

दोहा

जौ मुहरम की तीज सुदि, सोमवार कौ होइ
ताको फल यैसो कहत, कहत वरनसुनाउ सोइ

चौपइ

पातसाहघट पोरिष होई, वरसै अछो सोई
अंन अन्नादि सब सस्ते जानौ, बड़े बड़े को मृत्यु बखानौ
राह बाट सब नीकै चलै, वैपारी सौदा में फलै
चौपिन दूध बहुत सौ होई, ब्रछन फल फरिहै इमि सोई

लोग लुगाई रोगिल होई, व्याधि कष्ट बहु विधि ते रोई
षेती और काम सबनीके, पुजवे राम मनोरथ जीके
रूई तिली उजिल पुनि जानो, ऊष होय बहु घायह मानो
पंछिन कौं कछु बेडरूनाही, नहीं फिसाद वरस उहिमांही
अन बहुतें पै पवन झकोरैं, ब्रछन मूल डार तैं टोरैं
बहुत तेज आगि पुन करै, रोग बहुत पें नाही मरैं
चौपिन छेरिनको उसवास, मनभरि राषौ बहु विस्वास
चंद्रवार वह तीज जु परै, सो वा ऐसे फलको करै

इति श्री मतिचंद्रिकाया चंद्रवार फलाफल वर्ननं फतेसिंघ विरचितायां दुतियौ वृतान्त

चौपही

जौ वह तीज मंगली परै, नैचेया पुनि दंगल करैं
मंगल होय ग्रहन को राज, विनसै रईयत सव दुषिन समाज
पानी वेसम यें पुनि वरसे, रोवे रईयत सव दुष सरसै
वोही वरस काल बहु परै, दुषी होय परजा थरहरै
राह वाट में डसै अधिकाई, राजन आपुसमा जल राई
मीर अमीर मवे बे लरै, आपु समझ विग्रहू करै
चोपै बहुत सोजै है मारै, ब्रछ फरे घटि मेवा वारै
चौपिन तरे दूध बहु नाही, होकै महगे अन्न विकाही
रूई ऊष तिल महगे महा, बडो काल कछु जाय न कहा
दासी दास पुत्र अरु नाती, छाडी भगै सब भांति न भाती
येक न येक कवि डारत ठाढे, येकन वालक वरतें काढे
घात छीन मानस की होई, अदल निसाफ करै न कोई
बहुधा सृष्टि मरै वह जानो, अमीरन के छूटे जु ठिकानौ
अपनी अपनी वाट सव गहै, कोउ पूरव कोउ उत्तर है
आग तेज वेहर अधिकाई, सो पुनि ब्रछन टोरौ घाई
सूरज ग्रहन परै वह साल, टाडी अरू सुवरन तें काल
हैं मोंडो लवरस यह भाई, वने पहिल सौ वरसै सोई
कछु वस्तु पुनि घटिती गनियै, समय न मेघ न वरसे सोई
मेवा आदि ब्रछन हि फरे, तीज मंगली यह गुनि करै

वाची सुनी जथा प्रति भाषी, फते सिंघ पारसी दे साषी
इति श्री मतिचंद्रिकायां भौमवार फल वर्नन फतेसिंघ
विरचितायां तृतीयो तात

दोहा

जो मेहरम की तीज सुदि, बुधवार कौं होई
फल अफल वरनन करौं, सुनि समुझै सब कोई

चौपई

राजा बुध ग्रहन कौ होवरस, तासमै दूध न होई
धरती हिंदुस्तानग सोई, वे समयै पुनि वरषा आही
कारज सुफल लटे पुनि जानौ, पातसमहिसौ जूझ बषांनौ
हक जै है दौलत के काम, आई वरस जु महा निकाम
तिल गोहूँ महगें जु बिकाई, रूई उन पुनि मिलती नाही
डरू मानसकौ नेक न होई, नाज षरीद होई बहु सोई
सृष्टि दुषीवरस उही जानौ, राह वाट में विग्रह मांनौ
बेपारी कछु नफा न पावै, ग्रहन परै चंद्रमा सतावै
टाडी आवै जानौ घनी, मीर अमीर न लगिगी ठनी
मरि हैं जूझ जूझ कै सोई, आपु समाझ भगे नहि कोई
बाघे बहुत होई परवजा, देस हाथ और के सूजा
जांनी हिन्दुस्तान के साहू, आपु समाज करै बहु चाहू
चौंपिनकी घटती पुनि जानौ, बारबार बहु आग वषांनौ
घनु घारिनकौ रोग सतावै, बुध तीजके ये गुन गावै
लिषी पारसी वाची जैसी, फतेसिंह बरनत हौं तैसी
यामै कहौ होत हैं जैसो, जानि परै सब भलौअ नैसो
इति श्री मतिचंद्रिकायां बुधवारफलाफल वर्ननं
फतेसिंह विरचितायां चतुर्थों तात ४

तीज बृहस्पति मुहरम सुदि, आनि परैसुनि ताकी विदो
गुरौ राज ग्रहन को करै, वरसै नीर अधिक छित भरै
प्रथीमै विग्रह नहि करै, पातसाहि निहचल हो रहै
भले काम सबही के सरस, घनु घारिनकौ नीकी वरस
सुषी चौकी हायौ सब पंछी, है गरीबकौ बहुधा अछी

रोग बहुत लरकनको आवे, उपजैघटिक पास इमि जानौ
वेहर आग जो बहुत बखानौ, तीज बृहस्पति यह फल जानौं
फतेसिंह यह भेद बषांनौ

इति श्री मतिचंद्रिकायां गुरुवार फलाफल वर्ननं फतेसिंह विरचितायां पांचमो तात

जो मुहरम की तीज सुदि सुक्रवारी, ग्रहन राज सुकुमार बिचारी
सस्ते अन्न होय उहिलासा, गौंहू करै अधिक प्रतिपाला
पातसाहि घटि पोषिय जानौं, मानस दुवा नितदार बषांनौ
चोरी तैं बची है सब कोई, आनन्द बहुधा प्रगटै सोई
सब सस्ते अछी पुनि कही, पेतीक है माफक सही
जाड़ौ महा अधिक पुनि सरसै, बरखा समयौ पुनि बरसै
तदपि गौहू नीकैं जानौ, मीठौ दूध होई रस मानौ
मानस रहै सात दिल सोई, नफा बनिज में माफक होई
बहुत राग मानसको कहियै, तीज सुक के या फल लहियै
प्रथम पारसी यामति सही, फतेसिंह भाषा कर कही

इति श्री मतिचंद्रिकायां सुक्रवार फलाफल वर्ननं फतेसिंह विरचितायां षष्टमो तात

जौ वह तीज सनीचरी परै, राज ग्रहन को सनिइकु करै
द्वंद फिसाद बहुत अधिकाई, साहिन आपुसमाझ लड़ाई
रइयत होउ दुषी अधिकारी, राह बाट पुनि जैहै मारी
नौपिजनको षतरा है सही, बनजमाझ कछु नफा न कही
पंछिनकों कछु बरस न नीको, आनि परै नौंनिके जीको
मारे जाहि रोग पुनि मारे, येक विष लागन बहुधा करै
मृत्यु लोक उहिसालि घनेरो, अह राजासन होइ अनेरो
अवधौ योर करै या करता, जानै जो पालक है हरता
फतेसिंघ जथा प्रति साषी, प्रथम हिदै पारसी मति साषी
छूटि जाइ सबई मतिकाचे, राम नामतिहिकौ जो वांचै

दोहा

षुरम साह प्रताप तैं, बरनत भाषा भाषे
कौच नग्र सुभ स्थान में, फारसी मति दे साषि

संवतु आदिजु अंत ही, मास वही पुनिमान
सुदि अष्टमी गुरूवार को, पूरन प्रति बनि जानि
जो याको बांचै सुनै, फल पावे ततकाल
आगम जाने बरसको, व्यापै काल न चाल

इति श्री मतिचंद्रिकायां सनिवार फलाफल वर्ननो नाम सप्तमो वार।
फलाफल वर्ननं फतेसिंघ विरचितायां मोहुरम गुरा संपूर्णं।
सुभं भवतु मंगलं ददातु । श्री श्री।

हनसोगे

[ले०—विद्याभूषण पं० के० भुजबली शास्त्री मूडबिद्री]

हनसोगे ग्राम मैसूर जिलांतर्गत कृष्णराज नगर तालुक में सालिग्राम से लगभग पाँच मील दूरी पर अवस्थित है। हाँ, इस समय यह ग्राम दो भागों में विभक्त है। एक का नाम चिक्क (छोटा) हनसोगे और दूसरे का नाम दोड्डु (बड़ा) हनसोगे। पर संभवतः बहुत पहले यह अविभक्त रूप में ही रहा होगा। क्योंकि कई स्थलों में—ग्रन्थों एवं शिलालेखों में—चिक्क या दोड्डु इस विशेषण को न लगाकर सिर्फ हनसोगे के ही रूप में इसका उल्लेख पाया जाता है। इसका एक प्रमाण और है कि मुनियों में प्रचलित प्रसिद्ध हनसोगे 'बलि' जो है, इसके साथ चिक्क या दोड्डु कोई भी विशेषण लगाया हुआ मेरे देखने में नहीं आया। साथ ही साथ विभक्त इन दो ग्रामों में विशेष अन्तर भी नहीं है। दोनों पास ही पास हैं। पूर्व में इसके अभ्युदय के काल में ये दोनों अविभक्त रहकर प्रायः इसकी अवनति के काल में गृह संख्या एवं जन संख्या की कमी से ग्राम दो भागों में विभक्त हो गया होगा। ऐसी दशा में दोनों गाँवों के बीच में, बाद खेतों का बन जाना स्वाभाविक है। इसके लिये प्राचीन स्थानों के कई उदाहरण दिये जा सकते हैं।

यह अनुमान मैं उस स्थान को देखकर कह रहा हूँ। १० अक्टूबर, १६५४ को 'चिक्क हनसोगे श्री आदीश्वरस्वामी-देवालय जीर्णोद्धारसंघ' सालिग्राम के सुयोग्य कार्यदर्शी श्री एल० पी० पार्श्वनाथ बी० ए० इस महत्त्वपूर्ण प्राचीन स्थान को दिखलाने के लिये वहाँ पर मुझे लिवा ले गये थे। मैं इसके लिये पार्श्वनाथजीका हृदय से आभारी हूँ। पार्श्वनाथजी वर्तमान वातावरण से परिचित एक धर्मश्रद्धालु, उत्साही नवयुवक हैं। खैर, अब मैं प्रस्तुत विषय पर आ जाता हूँ।

चिक्क हनसोगे में इस समय एक त्रिकूट जिनालय मौजूद है। इसमें तीन जिन मूर्तियाँ विराजमान हैं। इन मूर्तियों में यों तो कोई चिन्ह देखने में नहीं आता है। फिर भी लोगों का कहना है कि बीच की प्रधान मूर्ति आदिनाथ की और शेष दोनों में से एक पार्श्वनाथ की और दूसरी नेमिनाथ की। इसमें संदेह नहीं है कि यह मन्दिर प्राचीन और कला की दृष्टि से सुन्दर है। अनुमानतः ११ वीं शताब्दी का यह जिनालय वीर राजेन्द्र नन्नि चंगाल्वदेव द्वारा पुनः प्रतिष्ठापित होकर प्रायः 'राजेन्द्रचोल जिनालय' के नाम से प्रसिद्ध है।

मन्दिर के दरवाजे पर पड़े हुए पत्थरों पर के लगभग ई० सन् १०६० के एक कन्नड शिलालेख से विदित होता है कि उत्तरीय नहर से सींची गई सारी जमीन सर्वप्रथम ताम्बे के शासन (लेख) पूर्वक रावण के संहारक रामचन्द्र के और बाद विक्रमादित्य के द्वारा इस मन्दिर के लिये जो दान दी गई थी, उस पूरी जमीन को मारसिंहदेव ने फिर दान किया और पहले की ही तरह

इसका रक्षण भी किया[1]। इस लेख से इतना तो अवश्य सिद्ध होता है कि यह मन्दिर वस्तुतः बहुत प्राचीन है। साथ ही साथ कला की दृष्टि से भी महत्त्व का है। यहाँ पर और भी कई लेख हैं। इन लेखों से मालूम होता है कि एक जमाने में यह स्थान विशेष प्रसिद्ध रहा। यहाँ के प्राप्त कतिपय लेखों में कुछ मुनियों की परंपरा भी दी गई है। जनश्रुति है कि प्राचीन काल में यहाँ पर एक विशाल जैन मठ और आसपास बहुत से जैन मन्दिर विद्यमान थे। बल्कि आज भी यत्र तत्र (जहाँ तहाँ) इसके बहुत से चिन्ह दृष्टिगोचर होते हैं। सुना है कि आजकल भी आसपास के कुछ मन्दिरों में पूजादि की व्यवस्था है और प्रायः जैनेतर जनता भी इसमें विशेष दिलचस्पी लेती है।

इस समय दक्षिण कन्नड जिलांतर्गत कारकल में जैनों का जो प्रसिद्ध मठ मौजूद है, वह इस हनसोगे मठ का ही शाखा-मठ है। इसके लिये अनेक शिलालेखीय एवं ग्रांथिक प्रमाण मौजूद हैं। कारकल में मठ के ठीक सामने 'चतुर्मुखबसदि' के नाम से एक विशाल, कलापूर्ण सुन्दर जैन मन्दिर जो वर्तमान है, तत्सम्बन्धी शिलालेख में भी मन्दिर निर्माण काल के स्थानीय गुरु ललितकीर्ति को पनसोगे अर्थात् हनसोगे के देशीय गणीय स्पष्ट बतलाया है। कवि चंद्रम कृत 'गोम्मटेश्वरचरितो' में भट्टारक ललितकीर्ति के गुरुदेव कीर्ति को पनसोगे पूर्वाद्रि के अनुपम सूर्य घोषित किया है। 'जिनयज्ञफलोदय' के कर्ता मुनि कल्याणकीर्ति जी कारकल के तत्कालीन मठाधीश ललितकीर्तिजी के शिष्य थे। इनका समय शा० श० १३५० है। यह कल्याणकीर्तिजी कारकल में बाहुबली स्वामी की विशालकाय सुन्दर मूर्ति को (ई० सन् १४३१-३२) स्थापित कर अपने नाम को अमर करनेवाले वीरपाण्ड्य भैरवरसओडेय के समकालीन हैं। मुनिजी के गुरु उपर्युक्त ललितकीर्तिजी भैरव राजवंश के क्रमागत राजगुरु थे। आज भी कारकल मठ की गद्दी पर बैठनेवाले भट्टारकों का वही परंपरागत ललितकीर्ति नाम चला आता है। कल्याणकीर्तिजी ने अपने 'जिनयज्ञफलोदय' में भी गुरु ललितकीर्तिजी को मूलसंघ, कुन्दकुन्दान्वय, देशीयगण, पुस्तकगच्छ, देवकीर्ति के शिष्य, पनसोगे वंश के रत्न, चरित्रवान्, शीलवान् आदि बतलाया है[2]।

पनसोगे ग्रामवासी मुनि रविचन्द्रजी के द्वारा 'आरा धनासमुच्चय' नामक श्रावकाचार सम्बन्धी एक लघु कलेवर ग्रन्थ भी रचा गया है, जो कि अभी अप्रकाशित है। इस ग्रन्थ के अन्त में यह पद्य मिलता है—"श्रीरविचन्द्रमुनीन्द्रैः पनसोगेग्रामवासिभिर्ग्रंथः रचितोऽयमखिलशास्त्रप्रवीण-

१ एपिग्राफिका कर्णाटिका भा० IV नं० २५

२ "श्रीमूलसंघे मुनिशीलतुंगे श्रीकौन्दकुन्दे वरसूरिवृन्दे।
वंशे च देशीयगणे गुणाढ्ये मध्याभतुच्छे घनपुस्तगच्छे ॥४११॥
आसीदसीमापनसोगेपूर्वो वल्यम्बुराशिगु णरत्नराशिः।
तस्मादभूच्चन्द्र इव यतीन्द्रः श्रीदेवकीर्तिर्जितमारमूर्तिः ॥४१२॥

विद्वन्मनोहारो"। यह भी इनसोगे के महत्त्व को प्रकट करने में सहायक है। अस्तु, अब इस लेख के कलेवर को बढ़ाना मुझे इष्ट नहीं है। अतः जैन समाज से इस अवसर पर इतना निवेदन कर देना चाहता हूँ कि चिक्क इनसोगे में इस समय जो जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है, इसमें प्रत्येक धर्मप्रेमी यथाशक्ति अवश्य सहायता कर दें। क्योंकि प्राचीन क्षेत्रों सम्बन्धी यह एक आवश्यक उपयोगी धर्मकार्य है।

सद्गोत्रजस्तदनुवृत्तरथाधिरूढः सच्छीलवाजिरखिलाश्मसुखप्रवृत्तिः।
दोषाकराक्रमणचारुकरप्रचारो हंसोऽप्यसौ ललितकीर्तिरभूदहंसः ॥४१३॥
श्रीललितकीर्तियतिमहदुदयगिरेरभवदागममयूखः।
कल्याणकीर्तिमुनिरविरखिलधरातलबोधनसमर्थः ॥४१४॥
स्वसंपादित 'प्रशस्ति-संग्रह' ४४-१७)

सिद्धराज सोलङ्की का दत्तक पुत्र तथा सम्राट् कुमारपाल का प्रतिद्वन्द्वी

[श्रीयुत्— प्रो० ज्योतिप्रसाद जैन, एम० ए०, एल-एल० बी०, लखनऊ]

गुजरात के इतिहास में सोलङ्की नरेशों का शासनकाल स्वर्णयुग कहलाता है, जो अनेक दृष्टियों से उचित ही है। उक्त स्वर्णयुग के निर्माण का श्रेय तद्वंशीय जिन नरेशों को है उनमें चालुक्य चक्रवर्ती महाराज सिद्धराज जयसिंह (१०६४—११४३ ई०) का विशिष्ट स्थान है। यह राजा इस वंश का छठा नरेश था और महमूद गजनवी के समकालीन गुर्जरराज भीम प्रथम का पौत्र तथा उदयवराहकर्ण का पुत्र था। कर्ण एक भोगपरायण व्यक्ति था और गजनवी के दुर्दान्त आक्रमण से देश को पहुँचने वाली क्षति की पूर्ति करने की न उसमें क्षमता ही थी और न उसने उस ओर कोई प्रयास ही किया। विलासिता, शिथिलाचार, ह्रास और अवनति ही उसके शासनकाल की विशेषताएँ रहीं। किन्तु उसके पुत्र एवं उत्तराधिकारी जयसिंह सिद्धराज ने अपने पचास वर्ष के राज्यकाल में अन्हिलवाड़े के सोलङ्की राज्य की न केवल शक्ति, समृद्धि, विस्तार और प्रतिष्ठा ही बढ़ाई वरन् अपने सुयोग्य जैन मन्त्रियों की सहायता से शासन को भी सुसंगठित किया और ज्ञान एवं कला को भी विपुल प्रोत्साहन दिया।

अपने अन्तिम जीवन में सिद्धराज को एक ही दुःख था, उसके कोई पुत्र नहीं था। केवल एक पुत्री को छोड़ कर संभवतः उसके अन्य कोई सन्तान ही नहीं हुई। स्ववंश में उसका कोई निकट आत्मीय भी ऐसा नहीं था जो उसका उत्तराधिकारी हो सके। जो थे वे उसके पितामह भीमदेव की उपपत्नी की सन्तति में से थे। इनमें से त्रिभुवन पाल और उसका पुत्र कुमारपाल प्रमुख थे। सिद्धराज नहीं चाहता था कि उसकी मृत्यु के उपरान्त इन लोगों के हाथ में उसका राज्य चला जाय। विशेषकर जब उसे राज्य प्राप्ति के लिये इनके द्वारा किये जाने वाले षड्यन्त्रों और घातों का पता चला तो वह इनसे अत्यन्त असन्तुष्ट हो गया। त्रिभुवनपाल को तो उसने मरवा ही डाला और उसका पुत्र कुमारपाल बड़ी कठिनाई से अपने प्राण बचाकर भाग निकला। अतः सिद्धराज ने इन लोगों से अपनी राज्य की सुरक्षा करने तथा अपनी मृत्यु के उपरान्त होने वाले उत्तराधिकार के द्वन्द्व को मिटाने के लिये चाहड नामक एक युवक को गोद ले लिया और उक्त दत्तक पुत्र को ही अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया।

किन्तु सिद्धराज के इस दत्तक पुत्र का व्यक्तित्व बहुत रहस्य पूर्ण है। निश्चित रूप से यह कहना कि वह कौन था, कठिन है। गुजरात के तत्कालीन इतिहास के प्रधान साधन उसी प्रदेश में तथा प्रायः उसी काल में अथवा उसके कुछ शतकों के भीतर ही रचे गये अनेक जैन

ग्रन्थ हैं। ये ग्रन्थ किन्हीं अंशों में धार्मिक एवं साम्प्रदायिक होते हुए भी मुख्यतः ऐतिहासिक ही हैं और ऐसे व्यक्तियों द्वारा रचे गये हैं जिन्हें उक्त इतिहास की जानकारी थी अथवा उसके साधन सुलभ थे! बिना इन ग्रन्थों की सहायता और समुचित उपयोग के उक्त प्रान्त का, विशेषकर मध्यकालीन इतिहास यथार्थतः एवं शृंखलाबद्ध रूप में न जाना ही जा सकता है न लिखा ही। तथापि इन्हीं ग्रन्थों में सिद्धराज के उक्त दत्तक पुत्र के सम्बन्ध में कुछ ऐसे परस्पर विरोधी एवं उलझन में डालने वाले कथन हैं जिनके कारण उस व्यक्ति का ऐतिह्य अन्धकाराच्छन्न हो गया और ऐतिहासिकों के लिये एक पहेली बन गया। श्री एस० बनर्जी ने अपने एक महत्त्वपूर्ण निबंध में इस समस्या को सुलझाने का तथा गुजरात के जैन सम्राट् कुमारपाल के इस प्रबल प्रतिद्वन्द्वी की वास्तविकता पर प्रकाश डालने का अच्छा प्रयत्न किया है[1]।

वस्तुतः हेमचन्द्राचार्य ने अथवा सिद्धराज या कुमारपाल के समकालीन अन्य किसी लेखक ने अपनी किसी कृति में सिद्धराज द्वारा किसी व्यक्ति को दत्तक पुत्र बनाने का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। कुमारपाल के समर्थकों और पक्षपातियों द्वारा वैसा किया जाना संभव भी न था। फिर भी उस प्रतिद्वन्द्वी के स्पष्ट अथवा अस्पष्ट संकेत और उनके प्रबल विरोध एवं विद्रोह की सूचनाएँ तत्कालीन कृतियों में भी मिलती हैं। किन्तु गुजरात के इतिहास से सम्बंधित जिन प्राचीन ग्रन्थों में यह कथन पहले पहल मिलता है कि महाराज सिद्धराज जयसिंह के मन्त्रियों ने उसके दत्तक पुत्र का अधिकार अपहरण करके कुमारपाल को अन्हिलपुर पट्टन के सिंहासन पर आसीन कर दिया था और इस घोर अन्याय से क्षुब्ध होकर मृतमहाराज के उस न्याय्य उत्तराधिकारी ने सपादलक्ष (अजमेर) के राजा आनक (अर्णोराज) से सहायता की याचना की, वे ग्रन्थ यद्यपि हैं जैन लेखकों की ही कृतियाँ, किन्तु कुमारपाल की मृत्यु के पर्याप्त समय पश्चात् रचे गये थे। इन ग्रन्थों में भी उक्त व्यक्ति के भिन्न भिन्न नाम मिलते हैं। कुमारपाल प्रबंध के अनुसार उसका नाम 'चारभट' था, प्रभावक चरित्र के अनुसार 'चारुभट', कुमारपाल चरित्र के अनुसार 'छाहड' तथा चतुर्विंशति प्रबन्ध के अनुसार 'चाहड'।

इनमें से 'चारभट' और 'चारुभट' में तो कोई अन्तर ही नहीं है, इसी प्रकार चाहड और छाहड में भी विशेष अन्तर नहीं है, और चाहड स्वयं चारभट का ही रूपान्तर है। 'प्रबंध चिन्तामणि' की एक हस्तलिखित प्रति में उसका नाम चाहड लिखा है किन्तु एक अन्य प्रति में 'बाहड' उपलब्ध होता है उसका मन्त्रीराज उदयन के तन्नाम पुत्र (बाहड अथवा वाग्भट) के साथ एकीकरण कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रतिलेखकों की कृपा से 'चाहड' का रूपान्तर 'बाहड' हो गया और एक प्रति में बाहड नाम देखकर पश्चाद्वर्ती लिपिकारों ने सिद्धराज के प्रसिद्ध जैन अमात्य श्रीमालवंशी वणिक उदयन के उसी नाम के पुत्र के साथ उसका अभिन्नत्व प्रतिपादन

1 'Identity of Chahad'—Proceedings I. H. C. (VII session), Madras, p. 357.

कर दिया। मुनि जिनविजय जी द्वारा सम्पादित प्रबंध चिन्तामणि के एक अनुच्छेद का अन्त 'उदयन देवस्य' के साथ तथा दूसरे का प्रारंभ 'वाहडनामाकुमार' के साथ हुआ है[1]। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उस व्यक्ति का नाम वास्तव में 'चाहड' ही था।

हेमचन्द्राचार्य अपने 'संस्कृत द्वयाश्रय काव्य' में उसका उल्लेख स्पष्टतया चाहडरूप में ही करते हैं। इस काव्य के १६ वें सर्ग में एक गुप्तचर महाराज के पास यह समाचार लाता है कि उसके कुछ सदार अर्णोराज के पक्ष में चले गये हैं तथा इस बात की पूरी संभावना है कि स्वयं चाहड भी शत्रु पक्ष से मिलने ही वाला है। गुप्तचर कहता है—

"ओ राजन्! कन्थक ग्राम तथा कन्थक झील के तटवर्ती अरण्य प्रदेश एवं शिवरूा प्रदेश में स्थित तेरे सर्दारों ने कल तेरा पक्ष त्याग दिया है और यह भय है कि कुमार चाहड भी जो हाथी पर सवार साक्षात् देवराज तुल्य ही दीख पड़ता है कल होते न होते तेरे शत्रुओं से जा मिलेगा[2]। इस श्लोक में चाहड का "इस्त्यधिरोहणेन्द्र" शब्दों में वर्णन किया है जिसका स्पष्ट अर्थ है कि वह 'गजारूढ़ इन्द्र सदृश प्रतीत होता था' 'किन्तु इस घटना के लगभग सौ वर्ष पश्चात् बनी हुई उक्त काव्य की टीका में इन शब्दों की व्याख्या– 'हक्कामात्रेण हस्तिनां विचालक-त्वात्" रूप से की गई है जिसका अर्थ है कि वह अपने युद्ध गर्जनाओं से शत्रुपक्ष के हाथियों में भय का सञ्चार करता था। परवर्ती लेखकों ने इस टीकाकार के उक्त कथन पर से यह निष्कर्ष निकाल लिया कि चाहड महाराज कुमारपाल की गजसैन्य का रक्षक अथवा सेनापति था और यह कि उसने अपने हाथियों से इस जोर की चिंघाड़ करवाई की शत्रु पक्ष की हस्ति सैन्य स्तंभित रह गई और आगे न बढ़ सकी[3]। यह कथन नितान्त काल्पनिक एवं मन गढ़न्त है और इसका आधार उक्त द्वयाश्रय काव्य की टीका का उपरोक्त उल्लेख ही प्रतीत होता है। संभवतः ऐसे ही कथनों पर विश्वास करके पं० दुर्गाशंकर शास्त्री ने भी चाहड को गुर्जर सम्राट् की गजसेना का रक्षकाधिकारी बतलाया है। उपरोक्त काव्य के उसी श्लोक में चाहड का "तव चाहड" करके उल्लेख किया गया है जो कि सिद्धराज के साथ उसके निकट संबंध अथवा आत्मीयता का सूचक है। श्री बनर्जी ने 'ओराजन्' आदि शब्द कुमारपाल के लिये समझ लिये हैं जो भूल प्रतीत होती है।

प्रबन्ध चिन्तामणि की कुछ प्रतियों में 'कुमारपाल प्रबन्ध' के अन्तर्गत 'बाहड प्रबन्ध' में कुमारपाल के इस प्रतिद्वन्दी को मन्त्री उदयन का पुत्र मानकर उसे वाणिक पुत्र कहा है, किन्तु जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है यह गलती प्रबन्ध चिन्तामणि की प्रतिलिपि के गलत पाठ का

१ प्रबन्ध चिन्तामणि–सं० जिनविजय, पृ० ७६

२ सं० द्वयाश्रय काव्य, सर्ग १६, श्लो० २४

३ चतुर्विंशति प्रबंध, जि० वि० पृ० ५२, तथा प्रभावक चरित्र, जि० वि०, पृ० २०१

परिणाम है। मुनि जिनविजय द्वारा संपादित उक्त ग्रन्थ के संस्करण में कुमारपाल प्रबन्ध के अन्तर्गत जो 'चाहड प्रबन्ध' संकलित है उसमें चाहड को 'कुमार' अर्थात् राजकुमार कहा है, जिससे ध्वनित होता है कि वह क्षत्रिय पुत्र था, और उसे सम्राट् कुमारपाल का एक मन्त्री बतलाया है[१]। उसमें यह भी कथन है कि इस मन्त्री की अतिशय उदारता को देखकर राजा ने उसे डाँटा कि "तुम अपने द्रव्य को दाहिने बाँये अन्धाधुन्ध लुटा रहे हो जिसे मैं सहन नहीं कर सकता।" इस पर मन्त्री चाहड ने राजा को सगर्व प्रत्युत्तर दिया कि "इसका कारण यह है कि तुम्हारा जन्म तो राज्यवंश में आ नहीं है और मैं स्वयं राज्यकुलोत्पन्न हूँ। इसी कारण मेरी ऐसी प्रवृत्ति है।" (यतः स्वामी परम्परया न नृपतेः सुतः अहम् तु नृपसुतः अतो मयैव द्रव्य-व्ययः साधीयान क्रियते)[२] इस उल्लेख से स्पष्ट हो जाता है कि चाहड एक राजपुत्र था, वह कोई वणिकपुत्र अथवा सामान्य गजपाल नहीं था।

चतुर्विंशति प्रबन्ध तथा राजशेखर के प्रबन्धकोष में भी उसे स्पष्टरूप से राज्यकुलोत्पन्न (राजपुत्र) कहा है। इन ग्रन्थों के अनुसार सिद्धराज की मृत्यु के उपरान्त भी कुछ काल तक कुमारपाल राजधानी से अनुपस्थित ही रहा अतः उसके वहाँ पहुँचने तक राज्यमन्त्रियों ने मृत महाराज की पादुकाएँ सिंहासन पर स्थापित करके राज्यकार्य संचालन किया। उस समय मालव राजकुमार चाहड ने राज्य को हस्तगत करना चाहा, किन्तु अन्हिलवाड़े के राज्यमन्त्रियों ने उसे इस कारण स्वीकार नहीं किया क्योंकि वह एक विदेशीय (मालव) वंश का राजकुमार था। अपने न्याय अधिकारों की इस अवहेलना से क्षुब्ध होकर उसने चौहानराज आनक अर्थात् अर्णोराज से सहायता माँगी, और इसी हेतु स्वयं जाकर उसकी सेवा में नियुक्त हो गया[३]। अतः इस विषय में कोई सन्देह नहीं रहता कि चाहड वस्तुतः एक राजकुमार एवं क्षत्रियपुत्र था, कोई वणिकपुत्र अथवा साधारण हस्तिपाल नहीं।

किन्तु चतुर्विंशति प्रबन्ध का यह कथन भी ठीक नहीं जँचता कि यह व्यक्ति मालवराज का पुत्र अथवा कोई भी मालवराजकुमार था। मालवे में उस काल में परमारवंश का राज्य था और सोलङ्कियों एवं परमारों में कोई वंश सम्बन्ध न था। एक परमारवंशी मालवराजकुमार का अन्हिलवाड़े के सोलङ्कियों के सिंहासन पर कोई अधिकार नहीं हो सकता था।

एक यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि संभवतः वह मालव राजकुमार जगदेव परमार हो जिसका अन्हिलवाड़े से सम्बन्ध तथा कुछ काल वहाँ निवास भी रहा था। वह सिद्धराज के राज्यारंभ काल में अन्हिलवाड़े आया था। वह निश्चय ही एक ऐतिहासिक व्यक्ति जैसा कि

१ कुमारपाल के साथ चौहान राज का युद्ध–प्रब० चि०, संपादित जि० वि०, अध्याय १३२
२ वही, मन्त्री चाहड की उदारता, पृ० ६४, अंश १६६
३ जि० वि०–चतुर्विंशति प्रबंध, पृ० ५२, अंश १५१

'जैनद' शिलालेख से सिद्ध है[1]। राजपूत चारण संवत् ११५१ (सन् १०६४ ई०) के लगभग उसके सिद्धराज के दरबार में आने तथा वहाँ रहने का उल्लेख करते हैं। किन्तु साथ ही साथ यह भी कहते हैं कि जब उसे स्वयं अपनी जन्मभूमि (मालवा) के विरुद्ध सिद्धराज के इरादों का पता चला तो वह मालवा वापस चला गया[2]। 'कीर्तिकौमुदी' नामक ग्रन्थ के द्वितीय सर्ग में यह उल्लेख है कि सिद्धराज के शासनकाल के प्रारंभिक भाग में उक्त जगदेव अन्हिलवाड़े का नगर रक्षक (शहर कोतवाल) था, जैसा कि भीम द्वितीय के समय में प्रतापमल्ल था[3]। जगदेव की वीरता और सावधानी ने राजधानी को बाह्य आक्रमणों से सुरक्षित रक्खा था। किन्तु भीम द्वितीय के शासन के प्रारंभकाल में कोई वैसा शक्तिशाली एवं योग्य नगर रक्षक न होने से सामन्तों और प्रान्तीय शासकों ने राज्य को टुकड़े टुकड़े करके परस्पर में बाँट लिया था[4]। इस उदाहरण से भी यह स्पष्ट है कि जगदेव परमार सिद्धराज के राज्यकाल के प्रारंभ में ही अन्हिलवाड़े आया था और राजधानी का नगर रक्षक रहा था। थोड़े ही समय के उपरान्त उसका वापस मालवे चला जाना भी सिद्ध है। ऐसी स्थिति में इस घटना के लगभग पचास वर्ष पश्चात् सिद्धराज की मृत्यु के उपरान्त उक्त मालव राजकुमार का अन्हिलवाड़े में होना और फिर कुमारपाल से प्रतिद्वन्दता करना असंभव है। मालवे के समकालीन इतिहास में अन्यत्र भी चाहड का कोई चिन्ह नहीं मिलता। उसे कहीं और ही खोजना होगा।

चौहानों के इतिहास पर दृष्टिपात करते हैं तो पता चलता है कि इस समय चौहानवंशी राजपूत अजमेर अथवा सपादलक्ष में राज्य करते थे और अनाक अपरनाम अर्णोराज उनका राजा था। सिद्धराज के साथ इस चौहान राज का भीषण युद्ध हुआ था जिसमें चौहान पराजित हो गये थे। अर्णोराज संभवतया बन्दी हो गया था और फिर मुक्त भी कर दिया गया था। इतना ही नहीं सिद्धराज ने उसकी वीरता से मुग्ध होकर अपनी एकमात्र कन्या का विवाह भी उसके साथ कर दिया था। इस तथ्य की पुष्टि कीर्त्ति कौमुदी के उस श्लोक से भी होती है जिसमें कहा गया है कि "अर्णोराज अर्थात् सागर की पुत्री (लक्ष्मी) से विष्णु भगवान ने विवाह किया था, किन्तु यहाँ विष्णु तुल्य महाराज सिद्धराज ने स्वयं अपनी ही कन्या अर्णोराज को प्रदान कर दी, विष्णु और सिद्धराज, इन दोनों में मात्र यही अन्तर है[5]।" बम्बई गज़ेटियर के सम्पादकों ने इस कथन की सत्यता में अविश्वास प्रकट किया है, किन्तु बादको उपलब्ध 'पृथ्वीराज विजय काव्य' नामक ग्रन्थ से उक्त घटना का और अधिक समर्थन हो जाता है। इस ग्रन्थ में तो वह भी

१ वार्षिक रिपोर्ट, हैदराबाद, आर्क० सर्वे, १६२७-२८, पृ० २३०-२३।
२ रासमाला, भा० १, पृ० ११७-१४६
३ कीर्त्ति कौमुदी, सर्ग २, श्लोक० ६८-६६
४ वही श्लो० ६१
५ कीर्त्ति कौमुदी, सर्ग २, श्लो० २८

लिखा है कि सिद्धराज की इस कन्या का नाम काञ्चन देवी था, यद्यपि मूल ग्रन्थ की उपलब्ध प्रति में यह नाम ठीक से पढ़ने में नहीं आता, किन्तु उसकी टीका में स्पष्ट कथन है कि "गुर्जरेन्द्र जयसिंह ने उसे (अर्थात् अर्णोराज को) अपनी पुत्री काञ्चनदेवी विवाह दी जिससे सोमेश्वर उत्पन्न हुआ"[1]। इससे स्पष्टतया प्रमाणित हो जाता है कि प्रसिद्ध दिल्लीश्वर पृथ्वीराज चौहान का पिता सोमेश्वर गुजरात के सोलङ्की नरेश जयसिंह सिद्धराज का दौहित्र था। इसी ग्रन्थ में यह भी कथन है कि उसके जन्म के समय ज्योतिषियों ने यह भविष्यद्वाणी की थी कि यह बालक बड़ा होकर महान कार्यों को सिद्धि करेगा[2]। अतएव इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं कि पुत्रविहीन सिद्धराज ने अपने घर ही, जहाँ कि उसके इस दौहित्र सोमेश्वर का जन्म हुआ था, उसका पालन पोषण किया। यह भी स्वाभाविक ही था कि सिद्धराज उसे अपने राज्य का उत्तराधिकारी बनाना चाहता था। मन्त्रियों के विरोध और त्रिभुवन पाल कुमारपाल, आदि की दुरभिसंधियों को लक्ष्य करके उसने सोमेश्वर के लिये पाटन का सिंहासन सुरक्षित कर देने के उद्देश्य से उसे प्रकाश्यतः अपना दत्तकपुत्र बना लिया और उत्तराधिकारी घोषित कर दिया।

पूर्वोक्त जैन प्रबंध ग्रन्थों से पता चलता है कि कुमारपाल को अन्हिलवाड़े का सिंहासन प्राप्त करने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, मुख्यतः वह अपने बहनोई मोपरल के प्रान्तीय शासक कण्हदेव की सहायता से ही राज्य प्राप्त कर सका था[3]। कुमारपाल सोमेश्वर की ओर से भी बहुत सावधान रहा और उसे अपना दर्बार छोड़कर कहीं नहीं जाने दिया[4]। इसके लिये उसने उसे अपने दर्बार में ही एक मन्त्री पद देकर अपने निकट ही रखने का प्रबंध किया। कुमारपाल को भय था कि कहीं वह अपने पिता अनाक से जाकर न मिल जायँ। चौहान राज प्रारंभ से ही गुर्जरराज्य का प्रायः एक शत्रु और कुमारपाल का प्रबल प्रतिद्वन्द्वी रहा था। मृत महाराज का जामाता होने का कारण सिंहासन का वह भी दावेदार था और उसका पुत्र सोमेश्वर तो सिद्धराज द्वारा पालित-पोषित होने, गोद ले लिये जाने और उत्तराधिकारी घोषित कर दिये जाने का कारण न्याय्य एवं एकमात्र प्रबल दावेदार था ही। किन्तु कुमारपाल की इस सब सावधानी के बावजूद सोमेश्वर अवसर मिलते ही अन्ततः पलायन कर ही गया और अपने पिता चौहान राजा से जा मिला।

कुमारपाल और अर्णोराज के बीच होनेवाले इस युद्ध का जो कारण उक्त जैन लेखकों ने दिया है वह ठीक नहीं है। उनके अनुसार इस युद्ध का कारण अर्णोराज द्वारा कुमारपाल की

---

१ पृथ्वीराज विजय महाकाव्य, सर्ग ६, टीका श्लो० ३३

२ वही श्लो० ३४

३ प्रब० चिन्तामणि, पृ० ७६, अंश १७७

४ पृथ्वी० म० का०, सर्ग ७, श्लो० ११

बहिन देवलदेवी का जो कि उसके साथ विवाही थी, अपमान किया जाता था[1] । किन्तु पृथ्वीराज महाकाव्य के अनुसार आनक की जो दो रानियाँ थीं उनमें से एक तो मारवाड़ नरेश की पुत्री सुधवा थी और दूसरी सिद्धराज की कन्या कांचन देवी थी[2] । अतः कुमारपाल की बहिन देवल देवी के साथ उसका विवाह होने की बात कुछ ठीक नहीं लगती। या तो यह देवलदेवी चौहानराज की एक तीसरी रानी थी और उसके भाई (कुमारपाल) के द्वारा अपने पुत्र सोमेश्वर का न्याय अधिकार अपहरण किये जाने के कारण अर्णोराज ने देवल देवी का अपमान किया हो और यह कारण पाकर कुमारपाल ने उसके विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया हो। अथवा क्योंकि सिद्धराज की पुत्री काञ्चन देवी भी कुटुम्ब के रिश्ते से कुमारपाल की बहिन ही लगती थी, इन उत्तरवर्ती लेखकों ने उस कुमारपाल की बहिन देवलदेवी के साथ एकीकरण कर दिया। यह भी संभव है कि काञ्चन देवी का ही अपर नाम देवल देवी हो।

इन दोनों राजाओं के बीच दो बार युद्ध हुआ। पहिले में अर्णोराज ने गुजरात पर चढ़ाई की किन्तु वह वहाँ से खदेड़ दिया गया[3] । दूसरी बार कुमारपाल ने अजमेर पर चढ़ाई की और अर्णोराज को बुरी तरह पराजित किया। इस पर उसने कुमारपाल के साथ सन्धि कर ली, साथ ही उसे अपनी पुत्री जाल्हना का कुमारपाल के साथ विवाह करना पड़ा[4] । किन्तु अन्यत्र कई आधारों में उसकी स्त्री का नाम भोपला देवी मिलता है और यह भी कि उसके एक ही रानी थी तथा वह कट्टर एकपत्नी व्रत का पालक था। श्री बनर्जी का अनुमान है कि जाल्हना का ही संभव है दूसरा नाम भोपला देवी हो। किन्तु यह बात ठीक नहीं प्रतीत होती। प्रथम तो, सिद्धराज के जीवन में ही उक्त नरेश की कुदृष्टि अपने ऊपर होने के कारण जब कुमारपाल प्राण बचा कर गुजरात से भागा था तो वह अपनी स्त्री को अपने बहनोई कण्हदेव तथा बहिन प्रमिला के आश्रय में छोड़ गया था। उसकी यही प्रथम पत्नी थी और उसीका नाम भोपला देवी होना चाहिये। दूसरे राज्यप्राप्ति के समय कुमारपाल की आयु लगभग पचास वर्ष की थी, वह अधेड़ हो चुका था और अनाक के साथ उसका यह दूसरा युद्ध उस समय के कुछ वर्ष बाद ही हुआ था। इतनी अवस्था तक उसके अविवाहित रहने का कोई भी प्रमाण नहीं मिलता। अतः संभव यही है कि सिंहासन प्राप्ति के कुछ समय पूर्व अथवा उपरान्त ही उसकी प्रथम पत्नी भोपला देवी की मृत्यु हो गई हो और तब उसने चौहान राजकुमारी जाल्हना के साथ विवाह कर लिया हो, इससे यह कथन भी असिद्ध नहीं होता कि उसके एक ही रानी थी और वह एक पत्नीव्रत का पालक था। स्वयं उसके गुरु हेमचन्द्र का कथन (जाल्हना विवाह

१ चतुर्विंशति प्रबंध पृ० १०३, कुमारपाल चरित, सर्ग ४, श्लो० १४०–१७३

२ पृथ्वी० म० का०, सर्ग ६, श्लो० ३१ तथा सर्ग ७ श्लो० १६

३ द्व्याश्रय काव्य, सर्ग १६, श्लो० १३

४ प्राकृत द्व्याश्रय, सर्ग ६, गाथा ४२–७०

सम्बन्धी) असत्य नहीं हो सकता।

प्रथम चौहान गुर्जर युद्ध अण्हिलवाड़े के सिंहासन पर सोमेश्वर का अधिकार सिद्ध करने के लिये ही अर्णोराज द्वारा गुजरात पर आक्रमण के रूप में हुआ प्रतीत होता है। यह भी संभव है कि उसी अवसर पर सोमेश्वर कुमारपाल के दर्बार से भागकर और उसका पक्ष त्यागकर अपने पिता अनाक से जा मिला हो। जैनलेखकों के अनुसार आबू के विक्रमसिंह, नाडौल के चौहान राज केल्हन तथा कतिपय अन्य सामन्त सर्दारों को चाहड ने अपने पक्ष में कर लिया था और ये सब अनाक से जा मिले थे। संभवतया गुर्जरराज के ही इन सामन्तों ने इस युद्ध में कुमारपाल का विरोध इस उद्देश्य से किया हो कि वे चाहड को अपने न्याय्य अधिकार की प्राप्ति में सहायता करना अपना धर्म समझते थे; क्योंकि स्वयं मृत महाराज सिद्धराज ने ही उसे अपना दत्तक पुत्र बनाकर अपने राज्य का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था।

जैसा कि ऊपर कथन किया जा चुका है, चाहड हस्ति संचालन में अत्यन्त दक्ष था, और पृथ्वीराज विजय महाकाव्य में भी सोमेश्वर की एक ऐसी योग्यता का उल्लेख आया है। उसमें कथन है कि एक प्रसंग पर सोमेश्वर अपने हाथी पर से कूदकर शत्रु के हाथी पर जा चढ़ा था और उसे उसने अपने अस्त्र से मार गिराया था। ठीक उसी प्रकार जैसे कि हनुमान जी एक पर्वत पर से छलांग मारकर दूसरे पर्वत पर कूद जाते थे[1]। श्री बनर्जी का कहना है कि इस हाथी को इतिहासकार कर्णनरेश मल्लिकार्जुन का हाथी बतलाते हैं अतः इस युद्ध में सोमेश्वर कुमारपाल की ओर से लड़ा प्रतीत होता है। किन्तु यह उनका भ्रम है उक्त युद्ध में गुर्जरसैन्य का प्रधान संचालक मंत्रीराज उदयन का पुत्र प्रचंड जैन वीर बाहड अपरनाम वाग्भट था। अतः जैन लेखकों ने उक्त युद्ध में जिस वीर का पराक्रम वर्णन किया है वह बाहड था, चाहड नहीं[2]। यह हो सकता है कि चाहड ने भी उस युद्ध में भाग लिया हो। इसमें यह बाधा है कि जब कि चाहड कुमारपाल का प्रतिद्वन्द्वी और विरोधी था तब वह उसकी ओर से कैसे लड़ा? हो सकता है कि क्योंकि चौहान गुर्जर युद्ध समाप्त हो चुके थे और दोनों राज्यों की शत्रुता अब संधि एवं विवाह संबंध के कारण मैत्री में परिणत हो चुकी थी अतएव सोमेश्वर फिर अण्हिलवाड़े वापस चला आया हो। अजमेर में उस समय उसके तीन बड़े भाई और विद्यमान थे अतः चौहान राज्य का उत्तराधिकारी होने की उसकी कोई आशा या संभावना ही नहीं थी।

श्री बनर्जी ने एक और भूल की प्रतीत होती है। उन्होंने हेमचन्द्रकृत संस्कृत द्वयाश्रय काव्य में जो कि सिद्धराज के समय रचा गया था, वर्णित घटनाओं को कुमारपाल से सम्बद्ध कर दिया जब-कि उनका लक्ष्य सिद्धराज प्रतीत होता है। प्राकृत द्वयाश्रय अवश्य ही कुमारपाल के राज्यकाल

१ पृथ्वी० म० का०, सर्ग ७, श्लो० १५

२ हमारा० पूर्व लेख-जैन सम्राट् कुमारपाल

की रचना है और उसमें वर्णित घटनाएँ कुमारपाल से ही संबंधित हैं। तथापि जहां तक चाहड के उल्लेखों का सम्बन्ध है, दोनों ही ग्रन्थ प्रमाणिक एवं उपादेय हैं।

कम से कम इतना तो स्पष्ट है कि चाहड के जो वर्णन जैन इतिहास ग्रन्थों में मिलते हैं उनमें तथा पृथ्वीराज महाकाव्य में लिखित सोमेश्वर के वर्णनों में अद्भुत सादृश्य है। दोनोंका अभिन्नत्व सिद्ध करनेवाली कई सुदृढ़ कड़ियां भी मिल जाती हैं, जिनका कि प्रस्तुत विवेचन में यथास्थान उल्लेख हुआ है। चौहान अर्णोराज का सिद्धराज व कुमारपाल के साथ संधिविग्रह, विवाह सम्बन्ध, सोमेश्वर का अपने नाना सिद्धराज के घर लालन-पालन, राज्य के लिये चाहड को तब कुमार कहना, सिंहासन पर उसका अधिकार एवं दावा होना, कुमारपाल से प्रतिद्वन्द्वता एवं शत्रुता, दोनों का ही हस्तिविद्या में सुदक्ष तथा वीर पराक्रमी योद्धा होना, चौहान गुर्जर युद्ध में चाहड का अर्णाक से जा मिलना आदि बातें इन दोनों व्यक्तियों का अभिन्नत्व सिद्ध करती हैं।

अब यह समस्या रह जाती है कि प्रबंध लेखकों ने उसे चाहड नाम से ही क्यों लिखा, किसी स्थल पर भी सोमेश्वर नाम का प्रयोग क्यों नहीं किया? इसका समाधान इस प्रकार है। कि चौहान का रूपान्तर 'चाहमान' होता है जिसका संक्षेप 'चाह' है, इसमें 'ड' प्रत्यय लगाकर 'चाहड' नाम बन गया ठीक उसी प्रकार जैसे कि चापोत्कट का संक्षिप्त रूप 'चाप' हो जाता है। तथा जिस प्रकार अनेक रानियाँ अपने पितृकुल के नाम पर ही पुकारी जाती थीं यथा चावड़ा रानी, बाघटे रानी, उसी प्रकार अपने नाना मामा के घर धेवते और भानजे भी अपने पितृवंश के अनुसार ही पुकारे जाते थे यथा परमारकुमार, गोहिल कुमार, जेठवा कुमार आदि। अतः इसमें क्या आश्चर्य कि सोमेश्वर भी पाटन में अपने नाना सिद्धराज के घर अपने पितृकुल चौहानवंश के अनुसार 'चाहडकुमार' कहलाया जाता रहा और उसके असल नाम सोमेश्वर का जो संभवतया उसके पिता द्वारा रक्खा गया होगा, गुजरात के इतिहास लेखकों ने कोई उल्लेख नहीं किया। इसी प्रकार पृथ्वीराज विजय महाकाव्य के लेखक द्वारा चाहड नाम का प्रयोग भी असंगत होता।

अस्तु यह बात प्रायः निःसन्दिग्ध रूपमें सिद्ध हो जाती है कि अन्हिलपुर पट्टन के सोलङ्कीनरेश सिद्धराज जयसिंह का दत्तकपुत्र और गुर्जर सम्राट् कुमारपाल का प्रबल प्रतिद्वन्द्वी चाहड कुमार जो उसके साथ द्रोह करके उसके शत्रु पक्ष से जा मिला था, इतिहास प्रसिद्ध दिल्ली के पृथ्वीराज चौहान का पिता तथा सपादलक्ष (अजमेर) के चौहान राज अर्णोराज का पुत्र स्वयं गुर्जरनरेश सिद्धराज जयसिंह का दौहित्र अर्थात् सोलङ्की राजकुमारी काञ्चनदेवी की एकमात्र सन्तान सोमेश्वर ही था।

साहित्य-समीक्षा

भारतीय ज्ञानपीठ काशी से प्रकाशित ग्रन्थ

सर्वार्थसिद्धि (हिन्दी अनुवाद सहित):—संपादकः श्री पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्री; मूल्यः बारह रुपये।

आरम्भ में सम्पादक की विस्तृत विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावना है, जिसमें ग्रन्थ और ग्रन्थकर्त्ता के सम्बन्ध में सभी दृष्टियों से ऊहा-पोह किया गया है। प्रस्तावना-लेखक ने बड़ी छान-बीन के साथ तत्त्वार्थसूत्र के सूत्रपाठ की सिद्धि की है। प्रसंगरूप से इस प्रस्तावना में अनेक विचारणीय बातें आई हैं। सर्वार्थसिद्धि में आये हुए अन्य शास्त्रों के उद्धरण स्थलों की विवेचना भी तुलनात्मक रूप से की गई है। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि प्रस्तावना बहुत ही उपयोगी है। इसमें अनेक ज्ञातव्य बातों का समावेश है। दो-एक स्थल विवादपूर्ण भी हैं। उदाहरणार्थ वर्तमान तिलोयपण्णत्ति के रचनाकाल के सम्बन्ध में विद्वान् लेखक ने श्री मुख्तार सा० की मान्यता का खण्डन करते हुए उसे पुरातन तिलोयपण्णत्ति से भिन्न माना है। परन्तु प्रस्तुत तिलोयपण्णत्ति में गणित की सहस्रों बातें ऐसी हैं, जिनकी मान्यता सुदूर प्राचीन काल में प्रचलित थी। गच्छ, चय आदि के आनयन की प्रक्रिया बहुत प्राचीन है। इसी प्रकार वृत्त और आयत आदि के गणित प्रकरण भी पर्याप्त प्राचीन हैं। अतएव तिलोयपण्णत्ति के रचनाकाल को केवल लोक-रचना के आधार पर ही निर्णीत नहीं किया जा सकता। सभी दृष्टियों से ऊहा-पोह करने के उपरान्त ही इसका रचनाकाल निर्धारित किया जा सकता है।

ग्रन्थ के मूलपाठ को शुद्ध रूप में रखने का प्रयास प्रशंसनीय है। अनुवाद कतिपय स्थलों पर भावानुसारी है। यों तो विद्वान् अनुवादक ने पंक्ति-अर्थ को स्पष्ट करने का पूरा प्रयास किया है, तथा पंक्ति-अर्थ स्पष्ट है भी; किन्तु फिर भी अनुवाद शब्दशः न होकर भावानुवाद ही है। अनुवाद की भाषा सरल और स्पष्ट है। सम्पादक शास्त्रीजी और प्रकाशक ज्ञानपीठ साधुवादार्ह हैं, जिनकी कृपा से गम्भीर गुरुतर ग्रन्थ भी स्वाध्याय के लिए उपलब्ध हैं। ज्ञानपीठ का प्राचीन जैन साहित्योद्धार का यह कार्य नितांत श्लाघनीय है। यह ग्रन्थ स्वाध्याय प्रेमियों के लिए उपयोगी है। छपाई-सफाई, गेट-अप आदि बहुत अच्छे हैं।

कालिदास का भारत (द्वितीय भाग)—लेखकः श्री भगवतशरण उपाध्याय; मूल्यः चार रुपये।

उपाध्याय जी ने कालिदास कालीन भारत का विवेचन दो भागों में किया है। प्रथम भाग में कालिदास के आधार पर जनपद, राज्यसत्ता, सामन्त, अमात्य, राज्यकार्यागार और अधिकारी वर्ग का विवेचन करते हुए समाज का ढाँचा एवं वैवाहिक रीति-रिवाजों का विवेचन किया गया है। यह प्रथम भाग भी प्राचीन काल की भारत की सभ्यता एवं संस्कृति को अवगत करने के लिए उपयोगी है।

प्रस्तुत भाग में कालिदास कालीन ललित कलाओं की विवेचना की गयी है। विद्वान् लेखक ने ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर ही कलाओं के उत्कर्ष और अपकर्ष पर प्रकाश डाला है। कालिदास के साहित्य के प्रकाश में यह कहा जा सकता है कि उनके समय में कविता, नाटक, संगीत तथा नृत्य का पूर्ण विकास और प्रचार था। विवाह और वसन्तागम के अवसर पर प्राचीन काल में अभिनय का आयोजन किया जाता था। प्रेक्षागृह और रंगमंचों की पूरी व्यवस्था थी। संगीत और नृत्य की उन्नति भी कालिदास के समय में अधिक थी। इनके अतिरिक्त चित्रकला, भास्कर्यकला, तक्षणकला और स्थापत्यकला का वर्णन भी किया गया है। कालिदास के समय में राजा-महाराजा कला के आश्रय दाता थे, राजमहलों में कला पलती थी, अतः उस समय सभी प्रकार की ललित कलाओं की उन्नति थी। इस पुस्तक के पंचम खण्ड में धन और समृद्धि, षष्ठ खण्ड में शिक्षा और साहित्य एवं सप्तम खण्ड में धर्म और दर्शन की विवेचना की गयी है। वर्णन शैली सरल, स्पष्ट एवं ऐतिहासिक है। लेखक ने अपने कथन की पुष्टि में ऐतिहासिक प्रमाण कम ही उद्धृत किये हैं। केवल अर्थशास्त्र के साथ ही तुलना की है।

कालिदास के ग्रन्थों में वर्णित भारत को जानने के लिए पुस्तक बड़ी उपयोगी है। उनके द्वारा निरूपित राजनीति, अर्थनीति एवं साहित्यकला-कौशल आदि को इस पुस्तक द्वारा सहज में जाना जा सकता है। हम लेखक को साधुवाद देते हैं, जिसने इस प्रकार की उपयोगी रचना हिन्दी साहित्य को दी।

धूप के धान—लेखक : श्री गिरजाकुमार माथुर; मूल्य : तीन रुपये।

प्रस्तुत कविता संग्रह के आदि में कवि का 'निवेदनम्' शीर्षक है, जिसमें नवीन कविता की समस्याओं और समाधानों पर प्रकाश डालने की चेष्टा की है। इस संग्रह की कविताओं को रुमानी गीतात्मकता, यथार्थ और रुमानी का समन्वय एव मानववादी बहिर्मुख भावधारा इन तीन मुख्य भागों में विभक्त किया जा सकता है। तीनों भागों की कविताओं में काव्यत्व है। भाव, भाषा और काव्य सौष्ठव की दृष्टि से कविताएँ अच्छी हैं। नंदरिमा, सावन की रात, हेमंती पूनो, पूरब की किरन, तीन ऋतु-चित्र प्रभृति कविताएँ वर्णनात्मक हैं, पर हृदय को छूनेवाले तत्त्वों की कमी नहीं है। मिट्टी के सितारे शीर्षक की निम्न पंक्तियाँ जीवन में हल-चल उत्पन्न कर देती हैं:—

> है दीप एक, पर मोल सूर्य से भी भारी
> है व्यक्ति एक वर्तिका, दीप धरती सारी
> देखो न दुखी हो व्यक्ति, उठे इंसानी लौ
> वनखण्ड जलाती सिर्फ एक ही चिनगारी

हे झंझा पथ, पद आहत, दीपक मद्धिम है
संघर्ष रात काली, मंजिल पर रिमझिम है
लेकिन पुकारता आ पहुँचा युग इंसानी
दो कदम रह गया स्वर्ग, चढ़ाई अंतिम है

कविताएँ जीवन में ज्योति जलानेवाली हैं। पाठकों के हृदय तार झंकृत हुए बिना न रहेंगे। संग्रह अच्छा है, छपाई-सफाई अच्छी है।

ध्वनि और संगीतः—लेखक : श्री प्रो० ललितकिशोर सिंह एम० एस सी०; मूल्यः चार रुपये।

ध्वनि और संगीत शास्त्र पर इस प्रकार की अन्य प्रामाणिक कृति हिन्दी में अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। आरम्भ में कंपन और आवृत्ति का वैज्ञानिक दृष्टि से विवेचन किया गया है। लेखक ने विषय को रुचिकर बनाने के लिये चित्र भी दिये हैं। कंपन किस प्रकार होता है तथा यह ध्वनि कंपन हमारे कानों तक किस प्रकार पहुँचता है, इसका भी विवेचन किया गया है। ध्वनियों की वक्रता, तरंग, वेग, तार-तम्यता, तीव्रता, अनुनाद, स्वर-ग्राम, स्वर-संवाद एवं स्वर-संघात पर वैज्ञानिक दृष्टि से विवेचन प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि अंग्रेजी भाषा में इस प्रकार की रचनाओं की कमी नहीं, पर हिन्दी में यह पहली ही कृति है, जिसमें विज्ञान-सम्मत विश्लेषण किया गया है। प्राचीन स्वर-संग्राम, मध्यकालीन स्वर-संग्राम और आधुनिक स्वर-संग्राम का विश्लेषण सोदाहरण किया गया है। नाद, ध्वनि, रव का विवेचन भी मनोहारी है। संगीत शास्त्र के स्वर, उनके उतार चढ़ाव तथा ताल-लय आदि पर प्रकाश डाला गया है। ध्वनियों के उत्पत्ति-स्थान, उत्पत्ति का क्रम एवं उनके रूप-सौन्दर्य का निरूपण भी महत्वपूर्ण है। शास्त्रीय दृष्टि से यह रचना अत्युत्तम है, लेखक ने हिन्दी को यह अपनी अनुपम देन दी है। इस प्रकार की श्रेष्ठ रचनाओं से ही हिन्दी साहित्य का मस्तक गौरवान्वित हो सकता है। जिज्ञासुओं को इस रचना से लाभ उठाना चाहिए।

—नेमिचन्द्र शास्त्री

पहला कहानीकार—ले० श्री रावी; प्रकाशक भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड रोड, काशी; मूल्य ढाई रुपया।

लेखक के अनुसार—'किसके लिये'? 'पत्नियों का द्वीप', 'उपजाऊ पत्थर' और 'पाप का पुण्य' के बाद यह 'पहला कहानीकार' मेरी लम्बी कहानियों का पाँचवाँ संग्रह है। पुनः इस संग्रह के सम्बन्ध में लेखक की अपनी सम्मति—'दूसरे संग्रहों की अपेक्षा, मेरी इस नव-उपार्जित 'लघु कथा' की शैली और रूप का आभास अधिक स्पष्ट मात्रा में झलक आया है, —भी इस संग्रह के सम्बन्ध में एक स्वतंत्र धारणा है और लेखक के शिल्प-विधान के क्रमिक विकास को समझने-समझाने में सहायक है।

आजका नवोदित कथाकार कहां है ? क्या है ? किस ओर है—यह सामयिक प्रश्न अपना जोर पकड़ रहा है। आज के कथाकार की आख्यान-मूलकता का यह स्वाभाविक हठवाद है कि वह अपनी अभिव्यक्ति के क्षणिक नुकीलेपन, पेंचदार शैली के आकस्मिक प्रयोगों के द्वारा पाठक को अभिभूत कर लेना चाहता है। थोड़ी देर तक पाठक की सहानुभूति उनकी अभिव्यक्ति के साथ टिक पाती है पर अन्ततः वह गुदगुदी अपना समग्र प्रभाव बिखेर देती है। समूची कहानी को पढ़ने के उपरान्त हाथ लगती है एक झुंझलाहट, चरित्रों और भावों की एक दुरूह अस्पष्टता निश्चय ही यह कथा-साहित्य पर आधुनिक प्रयोगात्मता का प्रक्षेपण है। कहानी जन-मानस की स्थायी निधि है—यह जीवन के अधिक निकट है और कहानी के शिल्प-विधान की वह प्रगति जीवन पर अपने प्रभाव की अन्विति कर पायगी या नहीं यह संदेहास्पद है। शिल्प-विधान की सूक्ष्मताओं और नवीनताओं से कहानी समृद्ध हो जाय यह कहाँ तक कुछ स्वीकार्य हो सकता है; जबकि वस्तु के नाम पर हमें कुछ भी नहीं प्राप्त हो। कहानी की वर्तमान प्रगति के प्रति यह निराशाजनक दृष्टिकोण नहीं—बल्कि वस्तुस्थिति का यथार्थ निरूपण है। नई अभिव्यंजना का स्वागत है विकास और स्थापत्य दोनों दृष्टियों से—पर उसकी प्रभावशून्यता का मार्जन हो वस्तु और जीवन-मूल्यों के प्रति एक समरूप एकान्तिक आग्रह रखकर।

निश्चय ही 'पहला कहानीकार, में इस निराशावादिता में एक संतोष और आस्था के दर्शन होते हैं। हम यों कह सकते हैं—इसका सब कुछ नूतन है—कही हुई वस्तु भी, कहने का ढंग भी। पर यह कथन सबको मान्य नहीं हो सकता। 'रावी' आज की परिष्कृत रुचि के साथ पैठ नहीं पाते, भले ही वह अपनी कहानियों की वर्णनगत सरलता और कथावस्तु के नये उपादानों के संग्रह के द्वारा, जो अपने चुनाव में मौलिक है और चित्रण में आदर्श, पाठक से समझौता कर लें। इसको हम रावी की मौलिक सफलता कहें या उनकी अप्रसन्न असफलता। निश्चय ही 'मौलिक सफलता' और यहाँ ऊपर के वाक्यों की दूसरी मान्यताएँ खंडित हो जाती हैं। कोई भी गंभीर चिन्तक इस बात को इस संग्रह में माप सकता है और ऐसा द्वन्द्व उठना स्वाभाविक हो सकता है। रावी के सम्बन्ध में यह असमंजस उनकी अनुराग सूझ और उनके अन्दर एक अपने प्रति पूर्ण आस्थावान कथाकार के पनपने का सूचक है।

'पहला कहानीकार' की सभी कहानियाँ अपने प्रभाव में सरल और वर्णन में व्यावहारिक है। कहानियों का प्रारंभ एक शांत, सुचिन्तित ढंग से होता है और अंत तक जाते-जाते पाठक की चेतना का कथाकार की चेतना के साथ पूर्ण सादृश्य हो जाता है। अधिकांश कथानक प्राचीन जीवन और विचारों से सम्बद्ध हैं। 'पहला कहानीकार' इन्द्र, ब्रह्मा, बृहस्पति तक को अपने कथानक में चित्रित करता है। एक नवीन-क्रम-भंगी के द्वारा सिद्ध किया गया है कि "कल्पना उसका कार्योपकरण है और कहानीकार उसका जातिवाचक नाम है। पहला कहानीकार ब्रह्मा का

सर्व प्रथम सह-निर्माता है।" इस प्रकार अधिकांश कहानियाँ एक न एक मान्यता की स्थापना करती सी दिखाती हैं। "कैश बुक के पन्ने" जैसी कहानियाँ वह और लिखें। इस कहानी में मानव जीवन बचपन से लेकर बुढ़ापे तक मन का क्रमिक विकास, अनुभूतियों का प्रस्फुटन और उनकी तज्जन्य प्रतिक्रियाओं का सुन्दर विवेचन है। संक्षेप में सभी कहानियों की अनुभूति नई है और आदर्श के प्रति एक गहरा आग्रह है। आदर्श चित्रण राही की इन कहानियों की प्रमुख विशेषता है जो आज की कहानियों में नहीं मिलती। आदर्श-चित्रण की प्रणाली नई है। कहानियों का वातावरण अपना है।

कहानियों की शैली लघु है। पर शैली की यह लघुता आजकी अन्य कहानियों से भिन्न और मौलिक है। छोटी कहानियों में बड़ी बात कही गई है। हम राही के इस विकास से आशावान हैं। ऐसी कहानियाँ वे लिखें, जरुरत है।

छपाई, गेटअप आदि सुरुचिपूर्ण हैं।

—श्रीराम तिवारी बी० ए० (ऑनर्स)

THE JAINA ANTIQUARY

VOL. XX JUNE, 1954. No I

Edited by

Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
Prof. Jyoti Prasad Jain, M. A., LL. B.
Sri, Kamata Prasad Jain, M. R. A. S., D. L.
Pt. K. Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.
Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotisacharya

THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY,
ARRAH BIHAR, INDIA.

Annual Inland Rs. 3. Single Copy Rs. 1/8

CONTENTS

Yoga-Nārayaṇa image of Jodhpur Museum

" श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥"

[अकलंकदेव]

Vol. XX
No I

ARRAH (INDIA)

June
1954.

"INFLUENCE OF JAINISM ON A UNIQUE IMAGE OF YOGA-NĀRĀYAṆA FROM RĀJAPUTĀNĀ"

By

R. C. Agrawala, M. A., Superintendent
Archaeology & Museums, Jodhpur (India).

Indian scholars have published a lot of material pertaining to the stone images of *Yoga-Nārāyaṇa* so far discovered in different parts of India.[1] In such sculptures, Viṣṇu (a prominent deity of the Hindu pantheon) is to be seen sitting with his lower hands in a meditating posture[2] while the upper two hands carry his usual weapons[3] (*āyudhas*).

The Sardar Museum at Jodhpur[4] (Rājpūtānā) contains a black stone image (brought from Ḍiḍawānā[5] Jodhpur division) depicting

1. Cf. T. G. Rao, *Elements of Hindu Iconography*, Madras, I (i) pp. 85ff; J. N. Banerjee, *Journal of the Indian Society of Oriental Arts*, Calcutta, XIII, pp. 89-95; C. Śivaramamūrti, *Ancient India* (*Bulletin of the Archaeological Survey in India*), New Delhi, VI p. 4 plate XII A,B.
2. Also called as *vaddhapadmāsana* (or *Yogāsana*) *mudrā*.
3. They usually include the mace, the conch, the lotus and the wheel.
4. The writer of this paper now happens to be the Superintendent of this Museum.
5. Situated in *tahsīl* Diḍawānā of District Nāgour.

the *Yoga-Nārāyaṇa* device in a unique way.[6] This sculpture belongs to the early mediaeval period[7], somewhere towards the middle of ninth century A. D. It measure about 18 inches in height and 13 inches in breadth and shows happy signs of perfect preservation.

In the sculpture, under study, four handed Viṣṇu has the palm of his lower two hands placed one over the other (between the soles of feet) in a traditional manner. They have covered the naval portion of the deity altogether. Underneath the legs of Viṣṇu hangs the garland which rests on the upturned lotus throne. Just below this lotus-throne, two persons (facing each other) are looking at the deity with their hands folded To the right and left of these devotees have been carved the *siṃhavyālas*; and just above them the *makara-vyālas*, the *aśva-vyālas* and the *gaja-vyālas* in a descending order.

Viṣṇu himself wears the tiara (*kirīṭa mukuṭa*) on his head, sacred thread on the body and some ornaments round the neck, ankles, arms, ears etc. There is also a *śrīvatsa* mark in the middle of the chest. Behind the head of the deity appears a hallow encircled by 13 hoods of a snake. On both the sides of the deity appear the flying *gandharvas*, very keen to garland the meditating deity seated below.

The most remarkable feature of the above image is the *presence of the garland in both the upper hands of Viṣṇu*. The weapons[8], usually held by Viṣṇu, are not to be seen anywhere in this sculpture That is the reason why the above image of Jodhpur Museum stands unrivalled in the realm of ancient Indian art Most of the details of this image are somewhat akin to those presented by D. 37 image (of *Yoga-Nārāyaṇa*) preserved in the Archaeological Museum at Mathurā.[9] But the garland upheld in the upper hands is conspicuous

6. Cf. My paper in the *Journal of the Museums Association of India*, Bombay, 1953, IX, pp. 104-5, plate XXII, figure 46 facing p. 104.

7. Dr H. Goetz (during a personal talk at the Oriental Conference held at Ahmedabad in November 1953) too agrees with this view.

8. As a matter of fact we even expected any of these weapons either below the lotus throne or in the hands of the persons seated below

9. This sculpture has been illustrated by Dr. V. S. Agrawala, *Handbook of the Sculptures in the Curzon Museum of Archaeology Muttra*, 1939, Allahabad, Plate XXII, figure 45, *ibid*, pp. 56, 60.

by its absence even in the sculpture of the Mathurā Museum. Numerous *Yoga-Nārāyaṇa* images have been recovered from various parts of Rājpūtānā too but none of them stands in comparison with the one from Ḍiḍawānā (as discussed above).

It now remains to be searched under what literary initiative did the sculptor of Rājaputānā fashion this unique image altogether in an untraditional manner ?

It is also essential here to scrtunize the contents of an epigraph (dated 1161 A. D.) from Nāḍol (Jodhpur Division). This inscription[10] refers to a harmonious relationship as existed between the members of the Jaina community and the followers of the Brahmanic faith. This is evident from the fact that Viṣṇu, Brahmā and Śiva[11] have all been called as *Jinas* ie. adherers of Jaina philosophy. There is no wonder then that the members of the local Jaina and Brahmanic communities got the above image of Viṣṇu fashioned in such a manner as to suit the taste of all and to serve the purpose of being worshipped by the non-Vaiṣṇavas too. That may account for the utter absence of the weapons of Viṣṇu in the above image. The image thus might have become an object of common worship for any devotee who believed in the efficacy of meditation and idol worship Nay, it could even prove worth adoration at the hands of the staunch followers of Śiva, Buddha etc. But the new device appears to have been invented under the influence of Jainism alone which was quite popular in Rājasthān in the mediaeval period. Perhaps the Vaiṣṇavas did not even hesitate in departing from the traditional mode of carving the *Yoga-Nārāyaṇa* images. It is to be searched further whether any literary text allows the carving of this type of images in altogether a unique way, as has been put forth by the above sculpture of the Jodhpur Museum

10. *Epigraphia Indica*, IX, pp. 67-8.

11. Cf. *Progress Report of Archaeological Survey* (*Western Circle*), Poona, 1905, p. 55 referring to the following statement :—"On the dedicatory blocks of many Śaiva temples in Rājapūtānā, Śiva is figured like a *Jina*. This is an interesting feature of Brahmanical iconography which requires to be carefully and thoroughly studied."

"The Museum at Indore contains an interesting image (of Yogeśwara Śiva) which looks like that of Riṣabhadeva; Cf. *The Jain Antiquary, Arrah*, XVIII (ii), pp. 1-5."

SOME TALES OF THE BṚHATKATHĀKOŚA, THEIR ORIGINALS AND PARALLELS

By
Sri Kalipada Mitra, M.A., LL.B.

Hariṣeṇa's *Bṛhatkathākośa* has been edited by Dr. A. N. Upadhye in Singhi Jain Granthamālā, Bombay. Dr. Upadhye thinks that Hariṣeṇa finished the work in A. D. 931-32. In the introduction (p. 90) of his edition he observes: "Hariṣeṇa's treasury contains the biggest number of tales ...it is the earliest in time....and lastly the correspondence of its stories with the gāthās of the Bhagavatī Ārādhanā is more extensive and perfect, and thorough in sequence. It is really unfortuate that no Ārādhanā-Kośa earlier than that of Hariṣeṇa has come to light, so for the present there is no evidence to assess his indebtedness to his predecessors." I am selecting just a few tales from the *Bṛhatkathākośa* by way of examining his opinion regarding Hariṣeṇa's indebtedness.

I. ŚREṆIKA-KATHĀNAKAM (No. 55.)

There are some items in this tale that can be traced to the *Nandīsūtra*, an ancient Jaina canonical text, and even these relevant items of the *Nandīsūtra* itself can be traced to the *Nāyādhammakahāo.*[1]

---

1. I am using the following abbreviations for works consulted :

B-K—Bṛhatkathākośa of Hariṣeṇa.

F.S.P —Folklore of the Santal Parganas by Bompas.

F.T.K.—Folk Tales of Kashmir by the Rev. J. Hinton Knowles (London, Trubner Co., Ludgate, 1888)

Jāt —Jātaka

Nāya—Nāyādhammakahāo or the Jñātadharmakathāṅgaṃ, Āgamodaya-samiti Edition)

NSC—Nandīsūtra Commentary by Malayagiri

RTP—Romantic Tales of the Panjāb

ŚK—Śreṇika-kathānakam

T. P. Tales of the Panjab by Steel

TT—Tibetan Tales by Schiefner and Ralston with introduction by Mrs Rhys Davids, Broadway Translation, 1928 Prof Schiefner "translated them from *Kāh-gyur*, all the legends and fables of which are merely Tibetan versions of Sanskrit writings introduced into the country in the 12th and 13th centuries." The tales in Sanskrit writings were mostly derived from Pāli-Buddhistic literature, especially the Jātakas

I have also found in some items of *Ś-K* striking parallels in tales Indian, Arabian, Tibetan and European.

MOTIF OF QUASI-IMPOSSIBLE TASK IN Ś-K.

Prince Abhayakumāra comes to the village Nandagrāma and solves for the villagers perplexing riddles (in the manner of Rohaka in *NSC* and Mahosadha in Jāt no. 546) in which are couched royal orders which apparently seem incapable of being executed. The King becomes angry and orders him to come to him in the following wise :

> Mā divā mā rajanyāṃ ca mā pathā mā bhuvā khalah ।
> Yāne nāyaṃ sudusṭātmā turṇametu madantikaṃ ॥

i.e "Let the wicked one come to my presence immediately, but not by day nor by night, not by road nor by earth, nor by any other vehicle; unless he does so, I will kill him, and the villagers of Nandagrāma "

> Tato'bhayakumāro'pi sandhyākāle mahāmati ।
> Gaddhikā lambikārūḍho jagāma Śreṇikāntikaṃ ॥

"Then the wise Prince Abhayakumāra came to the presence of King Śreṇika in the evening riding on a ram (or goat) in the middle space between the wheels of a cart."

Here the Sankritised form *gaddhikā* stands for Prakrit *gaḍḍiā*, a cart, and *gaḍḍariyā*, a goat (or ram).

The above incident has been fully related by Malayagiri in his commentary on the *Nandīsūtra*, his expression corresponding to *gaddhikā lambikārūḍha* being "*gantricakrasya madhyabhūmibhāgena ūraṇamārūḍho*" (p. 147a—Āgamodaya ed. Bombay, 1924) meaning "riding a ram or goat in the middle space between the wheels of a cart."

The following version appears in the *NSC* in all embellishment :

Then the Raja summoned Rohaka in this wise: "Let the boy who has executed all my orders by his wisdom come to me, but he must not come in white or black fortnight, by day or night, in shade or in the sun, neither by air nor on foot, neither by the usual path nor unusual, neither having bathed nor not having bathed." When Rohaka heard the order he bathed his neck, and occupying the middle space between the wheels of a bullock cart rode a ram, held

a sieve as an umbrella, and came to the king in the evening at the conjunction of *amāvasyā* (new moon) and *pratipat* (the first lunar day.)

Earlier Rohaka executed the following order of the king: "Cook pāyasa (milk-rice) without the agency of fire" Rohaka gave this advice: "Pound the rice finely with water, heat well cowdung cake, straw etc. in the rays of the sun, and on the mass so heated place the dish containing milk and the pounded rice for time enough to cook into *paramānna*." This corresponds to Test no. 14 in Jāt no. 546 —"The boiled rice.":—"The people of the East Market Town must send us some boiled rice cooked under eight conditions, and these are—without rice, without water, without a pot, without an oven without fire, without firewood, and without being sent along a road, either by man or woman etc." This incident of the Jāt tale reappears in a developed version in TT (pp. 138-39) in the following guise: "The King orders Purna to supply some rice which had not been crushed with a pestle and yet was not uncrushed, and which had been cooked neither in the house nor out of the house, neither with fire, nor yet without fire, sending it neither along the road, nor yet away from the road, without its being shone upon by the daylight, but yet not in the shade, not together with a woman, but also not with a man, by one not riding, but also not on foot." Mahauṣadha caused the grains to be shelled by nails of women, put into a pot cooked in the sun on the threshold, and the pot covered over with a thin cloth and fastened to the end of a stick was carried by a hermaphrodite who wore shoe on one foot only and walked with one foot on the road, and the other by the road."

[We have in the Hindu mythology the conferring of an apparent-immortality-boon (e.g.) on Hiraṇyakaśipu father of Prahlāda, that he will not be killed by day or night, on earth or not on earth, by man or animal, by any weapon etc and yet his death was compassed by Narasiṃha, the Man-Lion avatāra of Viṣṇu, who burst out of a crystal pillar in the evening, and placing him on the thigh, plucked out his entrails with nails etc.]

Incidentally I have to observe here how an author in his Sanskrit version of a tale in Prakrit gives a Sanskrit complexion to a Deśī or Prakrit word (an instance of back formation); e.g. in this case *gaḍḍī* (cart, *gaḍḍī*, *gāṛī*) has been sanskritised into *gaddhikā* which in turn

may be taken by an unsophisticated person to be the respectable form for *gadhā* or donkey! And in all probability Hariṣeṇaś *gaddhikā* may have inspired the suggestion of a similar situation in an Arabian tale from Fez, named *Carpenter's Daughter,* where (Test no. 1) the Sultan says: "You must come to me at the same time mounted and on foot, and weeping and laughing at the same time." The solution provided was: "Get a little donkey, such a one as can walk between your legs without your sitting on him. And for the second order, apply onion to your eyes and weep."

The tale is included in the *Tales of Fez* (published in the *Eastern Love Series,* Vol. no. 4) from the Arabic by E Powys Mathers. I quote the following lines from the Introductory Note: Of the ten Tales of Fez the first nine are selected and translated from *Contes Fasis,* an admirable volume in which M. E Dermenghen, a young anthropologist and writer of considerable talent and Mohamed El Fasi have made (taking them from the lips of the latter's grandmother) a collection of simple fairy stories quite peculiar to the city of Fez. Their book is the only one which has been written out of this material. The tradition of these tales is an entirely amateur one, and is said to be dying out, they are told in the household at evening, nearly always by women. and though ostensibaly addressed to the children of the house, make a strong appeal to all adults."

Notwithstanding what has been said about the peculiarity of these tales and their tradition, I have found their parallels in Indian tales and I strongly believe that they migrated from India.

In the afore-mentioned *Carpenter's Daughter* the girl shows remarkable intelligence in solving riddles and deciding issues and so pleases the Sultan that he marries her. She answers to her proto-type, Amarā (ther iddle-unlocking maiden), whom Bodhisattva Mahauṣadha marries (Mahā ummagga Jat. no. 546.)

It may seem rather incongruous to introduce here the laughing-and-weeping motif[2] and make it nestle in a single sentence with the task-motif, and the fix is got over by applying onion to the eyes to force tears! And the naivete of the remedy appears when we con-

2. A stock motif-Cf. Jat. I, 52; the *Four Princes* pp. 434-35 in *FTK*; RTP (p. 161); *TP* (pp. 243 ff) etc.

sider its probable origin in Jat. no. 546 where Amarā explains why she laughs and weeps: Sā Mahāsattaṃ mahāsampattiyaṃ ṭhitam na sañjāni, oloketvā ca pana hasi ceva rodi ca. So ubhinnam pi kāraṇaṃ pucchi. Atha naṃ sā evam āha: "Sāmi, aham hasamānā tava sampattim oloketvā ...aho puññānaṃ phalam nāma'ti hasim, rodamānā pana 'idāni parassa rakkhita-gopita vatthumhi aparajjhitvā Nirayaṃ gamissatīti tayi kāruññena rodin'ti.

But this is not to be wondered at. Such an ancient tale as the Jātaka must have gone in course of time through a varied deciduous process and one item of the tale in a strange permutation was at a later time transported from India to Fez by some trader—of Fez or India.

MOTIF-INTELLIGENCE-TEST IN BRIDE CHOOSING.

To test the intelligenc of a girl with a view to find out whether she would make a suitable partner in life is a familiar motif. The *modus operandi* is to converse with her in an enigmatic or paradoxical way, or propound riddles to her and see whether she understands the enigma or the riddle and returns the right answer. The earliest instance of this device I have come across is to be found in the said Jātaka when Mahosadha goes out, finds the beautiful and auspicious-mark-bearing Amarā, the daughter of a poor *śreṣthi*, who rightly understands the sign language and otherwise passes inteligence tests, and ultimately marries her.

We have seen how conundrums were tackled by Rohaka and his congener Abhayakumāra in Jain versions, as well as by Mahosadha in Jātaka and its derivative in TT (Mahauṣadha and Viśākhā) and that brides pass intelligence test e.g. Amarā and the Fez girl. Now here is a Lithuanian tale, a near though thin parallel of the Tibetan tale: "A gentleman promises to marry a village maiden if she can fulfil certain conditions: If you come to me neither clothed nor bare, nor riding nor driving, nor walking, not along the road, not beside the road, nor on the footpath in summer and likewise in winter and then I will marry you."

The Sultan in the Fez tale sets two other tests to the Carpenter's daughter which undoubtedly prove their Indian origin.

Test no. 2. The Sultan ordered a robe to be made out of a block of marble, The Carpenter's daughter gave the advice: "Request

the Sultan to send some threads of sand to sew the robe with, "for sample." This is obviously suggested by Test no. 15 of Jat 546 where we find Mahosadha advises the villagers to request the King to send as sample some old ropes of sand. In *TT* Purna is advised by Mahauṣadha to request the King to send as sample a rope of sand, similarly in *NSC*.

Syadvād does not lead to Scepticism. Scepticism means in the minimum, absence of assertion, where as Syādvadins always *assert*, though what they assert are alternatives. Disjuctive judgment is still judgment, ie. assertion. Many logicians believe that what a disjuctive assert is only the common character of the alternatives, the play with the alternatives being either intellectal experimentation or hesitation as a function of ignorance. Some Hegelians interpret it in terms of identity in-difference. Syādvad on the other hand just insists that there need be no element of identity, abstract or concrete. There is no reason why one blind man should reject the vision of another. Hence each vision is alternatively valid. So either there is no self complete Reality or any such Reality is wholly infinite, a mere demand that refuses to be actualised. The only Scepticism

1. Radhakrishnan—H. I. P. Vol. I Page 299.
2. Kalidas Bhattacharya—His letter to me.
3. Sir Asutosh Com. volume III. Article of Dr. P. C. Bagchi.
4. D. M Datta—Indian Philosophy.
5. K. Bhattacharya—His letter to me.

that there is concerning the so called self-complete Reality. So where as a Sceptic is Sceptical about any character of Reality, Syādvād is quite definitely assertive in so far asti, nasti etc are concerned. Yet he is more Sceptical than any Sceptic in the world so far as the difiniteness of the ultimate Reality is concerned. He would go even beyond avaktarya (adwaitin so far the world is concerned and Sunga-vadin so far ultimate reality is concerned—Kalidas Bhattacharya's letter to me). So at best Syādvāda is a form of Relative Absolutism, or objectiver elativism* but never Scepticism.

So Syādvāda stands against all mental absolutism. We can substantiate this relativistic standpoint on the Cosmo-micro-physical ground supported by Einstienian Doctrine of Relativity[1] and Maxwell's equation of electromagnetism which go fundamentally against the notion of absolute truth. When we say, we *know* this, I am saying more than is strictly correct, because all we know is what happens when the waves reach our bodies [2]

Similarly, researches in Psychology of thinking[3], Perception of self and conception of self in child Psychology[4] and Psychoanlytical studies in Freudian Narcissism or Adlerian Power factor[5] support relativism. The psychological researches into the nature of emotions was substantiated by the writing of Dostoevski, Kirkegaard, Neitzche, Freud, Jung and others who tried to reveal the force of conscious and subsconscious feelings on the function of character and life. James uttered a definite activistic voluntaristic note in his Radical Empiricism. Graham wallas showed how political aspect were dictated by emotional attachment to Party Shibboleths [6] Mc Dougall attacked the transcendent dextalism of the German idealestic rationalism as well as the sociological hedonism and the epicurean rationlism of the

---

* D. M. Datta—Indian Philosophy.

1. Encyclopaedia Britanica—Vol—19 Page—89. Article on "Relativity" by Sir James Hopwood Jeans. Article on Philosophical Consequences of Relativity by B. Russell.
2. B. Russell—Outlines of Philosophy—Ch. on Relativity, 137.
3. (1) Psychology of Thought—Two vols. Brand Shard.
   (2) Creative Thinking—Warthi mer.
   (3) Psychology of thinking—Dunlop; Humphry.
4. Pia get—Work on Child Psychology.
5. Dr Mohsin—Oral discussion on this subject on 27-12-53,
6. Dr. V. P. Verma—Rationalism, 19-20.

classical economist and the Benthamite liberals Thus relativism in Psychology is a truism.[7]

Again from socio-cultural standpoint, the doctrine of Syādvāda is justified for no smooth functioning of society is possible without mutual accomodation and adjustment which presupposes catholicism in thought, and sense of tolerance. In ethics and morality, we know how far relativism is dominating.

In Logic the Doctrine of the Universe of Discourse has a great justification for Syādvāda. Universe of Discourse is sometimes limited to a small portion of the actual universe of things and is sometimes co-extensive with that Universe.[1] "The particular aspect or portion of the total system of reality refered to in any judgment may be convinently spoken as the Universe of Discouse.[2] Hence Carveth Read says that supposition (or Universe of Discourse) controls the interpretation of everyword.[3] Logic of Relatives[4] too recognises the truth of Syādvād when it discusses all relations embodied in propositions.

So Syādvāda holds a position of liberal pluralism as contrasted with dogmatic merism.[5] Much of the confusion either of Buddhism or Vedantism is due to the false exaggeration of the relative principles of[6] becoming and being into absolute truths. Same is the case with Parmenidian being and Heraclitan flux. It seems that Syādvāda doctrine has been given to the world after carefully shifting out the truths of a vanity of Philosophical doctrines. It does not originate as some seem to think from a vague indefinite and doubtful mental attitude in regard to things. It gives a practically definite knowledge. Syādvād is never a doctrine of doubt.[7] Manysidedness of the Jaina is the true secret of it irreputable perfection. Nayavada is the touch stone of the dogmatic pronouncement of all one-sided scriptures.[8] It

7. Dr. Mohsin—Oral Discussion on 27-12-53.
1. Boole—Laws of thought Page—166.
2. Keynes—Formal Logic—75-76.
3. Carveth Read—Logic—
4. A. C. Mitra—Deductive Logic Page—198-200.
5. Kannomal—"The Saptbhangi."
6. Radhakrishnan—H. I. P.
7. Prof A. S. Dhurwa—Syadvad Maryar
8. नयकर्णिका—Mohan Lall D. Desai. Introduction.

is the method of knowing a thing synthetically. Thus the Philosophy of Anekāntvāda is neither self-contradictory nor vague or indefinite, on the contrary it represent a very sensible view of things in a systematised form. By means of it the seemingly warring ideas and beliefs of different faiths can very well be accomodated and reconciled to each other and then so many clashes would be avoided.

Syadvada And World Tension :–

Peace is something which the world eagerly wants but which it does not know to secure[1] Peace needs a new civilisation a new culture a new philosophy, where there is no narrowness and no partiality. Huxley is correct to a great extent when he says that war exist because people wish it to exist.[2] We cannot check violence by remaining violent. But non-violence must preceed non-violence in thought. And here Syādvāda give us help to practice non-violence in thought. Prof. R. Prasad also holds that Syādvād is an extension of Ahimsā in epistemology.[3] Unless we resolve our differences, we are bound to face tension. Analysing the ultimate causes of world tension, we had come to the conclusion that it is ultimately our divergent and conflicting idologies that come in the way. Politico-socio-economic ideas are interrelated and all of them have definite ideological standpoint. The world is the store-house of great chaos in thought. All the confusion of thought which is prevailing in the world is the outcome of inexhaustive research and the acceptance of a part for the whole. All most all our disputes only betray the pig headedness of the blind men[4] who spoke differently about an elephant. The outstanding personalities (like Aurobindo, Raman Maharshi etc) spoke to us, in a world over organised by ideological fanaticism, that truth is not exclusive or sectarian. In fact, the spirit of India is a foe to every kind of fanaticism and intellectual narrowness.[5] Huxley askes us to persuade people that every idol however noble it may seem, is ultimately a Moloch that

1. E Ashirvalham—Is Peace Possible ? Journ. Pol. Sc.
2. Aldous Huxley—"Ends of Means" Page—94.
3. Prof R Prasad—Oral discussion.
4. नयकर्णिका—Introduction by Mohan Lall D. Desai.
5. Radhakrishnan—Presidential Address to the Silver Jubilee Session of Indian Philosophical Congress held at Calcutta.

devours it worshippers. In other words, it is fatal to treat the relative and the home made as though it were the Absolute.[1]

Dr. Schillip also observes that humanity is tottering to day on the brink of the principle of self-annihilation for lack of understanding.[2] It is at the levels of human relationships that we reach the acme of misunderstanding.[3] Prof. Tatia also holds that only intellectual clarity will resolve all conflict and rivalary.[4] All dogmatism owes it genesis to this partiality of outlook and fondness for a line of thinking to which a person has accustomed himself.[5] In his message to the Silver Jubilee Session of Indian Philosophical Congress, C. P. Ramaswamy also observes that "work and sacrifice (for peace) can only he on the lines of an abandonment of the so called imperialism and aggresiveness in thought[6], because peace demands a revolutionary desire, a new simplicity, a new asceticism [7] Blavatsky thinks that when the one party or another thinks himself the sole possessor of absolute truth, it becomes only natural that he should think his neighbours absolutely in the clutches of Error or the Devil.[8] These are obvious psychological roots of tensions[9] proved by recent Psychological researches.[10] To day one man or one country fight with the other because their views vary. Views are bound to differ, because we are guided by different condition, thought, modes and attitudes. Hence it is wrong to think oneself right and rest others wrong.[11] Here we find that Syadvad represents the highest form of catholicism

---

1. Aldous Huxley—In his message to the Silver Jubilee Session of Indian Philosophical Congress
2. Paul Arthur Schillip—On Human Uunderstanding-Silver Jubilee vol. II.
3 Ibid.
4. Nath Mal Tatia - Naya ways of Observation ? Approach—198.
5. Ibid.
6. C. P. Ramswamy Ayer—Silver Jubilee vol. II Message.
7. Radhakrishna—Quoted by Ramasury—Ibid.
8. H. P. Blavatsky—The Secret Doctrine
9. Alva Mydral—Gandhian Seminar.
10. (1) Tension Affecting International Understanding—by Klinberg
(2) Tensions that cause war—Can tril
(3) Democray in a world of Tensions—Make on
(4) Ends and Means—Huxley, (war).
11. Nemichandra Shastri "विश्वशांति और जैन धर्म" ।

coupled wonderfully with extreme conservatism, a most genuine and yet highly dignified compromise. better than which I cannot imagine.[1] Extreme toleration is that all views as possibilities are equally (alternatively) valid, and extreme conservatism, in that from the point of actuality (or existence, as the Existentialist term it) only one of the definite catgories is *mine* I cannot always fly in the air of possibilities (or demands) I must have moorings in some one definite form of actuality.[2]

1. Kalidas Bhattacharya,—His letter to me.
2. Do. Do

जैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम

१ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' हिन्दी षाण्मासिक पत्र है, जो वर्ष में दो बार प्रकाशित होता है।

२ 'जैन-एन्टीक्वेरी' के साथ इसका वार्षिक मूल्य देश के लिये ३) है, जो पेशगी लिया जाता है। १॥) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा रहेगी।

३ इसमें केवल साहित्य-संबन्धी या अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। प्रबन्धक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं। मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में परिवर्तन की सूचना भी तुरन्त आरा को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि 'भास्कर' प्राप्त न हो तो इसकी सूचना शीघ्र कार्यालय को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर अर्वाचीन काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्ति-विज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना आदि सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णत: अथवा अंशत: स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकों को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास बिना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' कार्यालय आरा के पते से ही भेजनी चाहिये।

PRINTED AT SHREE SARASWATI PRINTING WORKS, LTD.
ARRAH

जैन-सिद्धान्त भास्कर

भाग २१ किरण २

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. XX No II

Edited by
Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
Prof Jyoti Prasad Jain M A., LL. B.
Sri. Kamata Prasad Jain, M.R.A.S., D.L
Pt. K Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.
Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotishacharya.

Published by
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
(JAIN SIDDHANTA BHAVANA)
ARRAH (Bihar)

Annual Inland Rs 3. Single Copy Rs. 1/8

DECEMBER, 1954.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व सम्बन्ध षाण्मासिक पत्र

भाग २१ | दिसम्बर १९५४ | किरण २

सम्पादक :

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम. ए., डी. लिट्

प्रोफेसर ज्योति प्रसाद जैन एम. ए., एल. एल. बी.

बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस., डी. एल.

श्री पं० के. भुजबली शास्त्री. विद्याभूषण.

पं० नेमिचन्द्र जैन शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न.

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३) **एक प्रति का १॥)**

विषय-सूची

पृष्ठ

जैन पुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षण्मासिक पत्र

भाग २१ } दिसम्बर, १९५४। पौष, वीर नि० सं० २४८१ { किरण २

अन्हिलपुर पट्टन-गुजरात के सोलङ्की नरेश और जैनधर्म

श्रीयुत प्रो०—ज्योतिप्रसाद जैन एम० ए०, एल-एल० बी०, लखनऊ

इतिहास काल के प्रारंभ से लगा कर मुसलमानों की विजय पर्यन्त जिन विभिन्न भारतीय राज्य-वंशों ने एक के बाद एक गुजरात पर शासन किया, उनमें अनेक दृष्टियों से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अन्हिलवाड़े का सोलङ्की वंश था। इस वंश के शासन काल में उक्त प्रदेश में जैनधर्म की भी महती अभिवृद्धि हुई, और फलस्वरूप उसे भी कलिकाल सर्वज्ञ आदि उपाधियों से विभूषित आचार्य हेमचन्द्र जैसे बहुभाषा विज्ञ, विविध विषय पटु, दिग्गज विद्वान को जन्म देने का और उनकी अमूल्य कृतियों का श्रेय प्राप्त करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। सोलङ्कियों के पूर्वज चावड़ों के प्रथम पुरुष वनराज ने भी शीलगुण सूरि नामक जैनाचार्य के आशीर्वाद से सौभाग्यान्वित होकर ही अन्हिलपुर पट्टन की स्थापना की थी। सोलङ्की लोग बादामी के प्राचीन चालुक्यवंश की एक उत्तरकालीन शाखा से संबंधित थे। सोलङ्की वंश का मूल पुरुष मूलराज सोलङ्की था जिसने सन् ९४१ ई० के लगभग वनराज चावड़ा के निर्बल वंशज से गुजरात प्रान्त को छीन कर उस पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया और अन्हिलपुर पट्टन को ही अपनी राजधानी बनाया। इस वंश में ग्यारह नरेश हुए और उन्होंने १० वीं शताब्दी के मध्य से लेकर १३ वीं शताब्दी के मध्य तक—लगभग तीन सौ वर्ष पर्यन्त गुजरात प्रान्त पर एकछत्र शासन किया।

मूलराज के महत्त्वाकांक्षी उत्तराधिकारी चामुंडराज (सन् ९९७-१०१० ई०) के समय में ही इस राज्य ने एक साम्राज्य का रूप लेना प्रारंभ कर दिया था। तदुपरान्त दुर्लभराज, भीम

प्रथम, कर्ण, जयसिंह और कुमारपाल के राज्यकालों में राज्य की उत्तरोत्तर उन्नति होती गई। विशेष रूप से युद्ध प्रिय न होते हुए भी इन सोलङ्की नरेशों ने अपने साम्राज्य को पर्याप्त विस्तृत एवं शक्तिशाली बना लिया था। एक समय, उसके अन्तर्गत हिन्दुकुश से महाराष्ट्र पर्यन्त अठारह बड़े बड़े प्रान्त थे। कल्याण के महाराज, सौराष्ट्र के राजे, चित्तौड़ के राणा, सपादलक्ष के राओं और मालवा के नरेशों सभी ने अन्हिलवाड़े के सोलङ्की सम्राट् का अधिपत्य स्वीकार कर लिया था और उसके सन्मुख अपने मस्तक झुका दिये थे। इतना ही नहीं, यह राज्य तत्कालीन भारत का सर्वाधिक समृद्ध राज्य था। भीम प्रथम के राज्यकाल में जब सन् १०२६ ई० में सुल्तान महमूद गजनवी ने गुजरात पर आक्रमण किया तो उसने सोमनाथ को तो पूरी तरह लूटा ही था, अन्हिलवाड़े तक भी उसने लूट मार की थी। इस लूट में प्राप्त अपार धन राशि का जो ब्योरा तत्कालीन मुसलमान लेखकों ने दिया है वह आजकल अनेकों को कल्पनातीत मालूम होता है, किन्तु एक अंग्रेज इतिहासकार के शब्दों में—"इन आक्रमणकारियों के इतिहास में वर्णित भारत की इस लूट से प्राप्त विपुल धन राशि कदाचित् अविश्वसनीय समझी जा सकती है, परन्तु यदि अन्हिलवाड़े की व्यापारिक समृद्धि का भली प्रकार अंदाजा लगाया जाय तो इसमें अविश्वास के लिये कोई कारण नहीं रह जाता। उस काल में यह नगर भारतवर्ष में वही स्थान रखता था जो कि युरोप में वेनिस, वह पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों गोलार्द्धों में उत्पादित वस्तुओं का प्रमुख केन्द्रीय भाजन था।" अतः इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं कि महमूद के भयङ्कर धक्के से भी यह साम्राज्य शीघ्र ही सम्हल गया। उसके सौ सवा सौ वर्ष के भीतर ही सम्राट् कुमारपाल सोलङ्की तत्कालीन भारतवर्ष के सबसे अधिक समृद्ध एवं धनी साम्राज्य का अधिपति था। उपरोक्त भीम प्रथम के समय में ही श्रीमालवंशी पोरवाड विमलशाह जैनी अन्हिलवाड़े का प्रथम नगर सेठ बनाया गया। आबू का विश्वविख्यात कलाधाम श्री आदिनाथ जी का मंदिर इसी विमलशाह ने सन् १०३२ ई० में विपुल द्रव्य व्यय करके निर्माण कराया था। यह मात्र एक धनी बनिया एवं राज्य मंत्री ही नहीं था, वरन् ऐसा प्रचंड सेनानायक भी था कि इसने गुजरात की सेना को सिन्धुनद के नीर में तैरा कर गज़नी की भी सीमा को पददलित किया था।

सोलङ्कीवंश का छठा राजा, उदयवराह कर्ण का पुत्र एवं उत्तराधिकारी, जयसिंह सिद्धराज था। इसने सन् १०९४ से ११४३ ई० तक राज्य किया। यह बड़ा शक्तिशाली, धर्मात्मा एवं एवं दानी नरेश था। वह सब धर्मों के प्रति सहिष्णु था और उनका समान रूप से आदर करता था। वह यदि महादेव का उपासक था तो तीर्थङ्कर महावीर का भी भक्त था। उसने यदि सिद्धपुर में 'रुद्रमाल' नामक विशाल शिवालय बनवाया तो महावीर जिनेन्द्र का भी एक मनोरम जिनालय निर्माण कराया[1]। वह सोमनाथ का उत्साही रक्षक था तो साथ ही शत्रुञ्जय तीर्थ की यात्रा करके

१ हिं० वि० को० ७, ५०४

वहां के श्री आदिनाथ जी को भी बारह ग्राम भेंट दिये। वह मन्त्रशास्त्र का भी ज्ञाता था और सिद्ध चक्रवर्ती कहलाता था[1]। उसने अपने नाम का संवत् भी चलाया[2]। राय विहार नामक आदिनाथ का सुन्दर मन्दिर तथा स्वयं गिरनार पर्वत पर नेमिनाथ का मुख्य मन्दिर बनवाने का श्रेय भी इसी परम सहिष्णु गुर्जर नरेश को है। इस प्रतापी नरेश ने बारह वर्ष तक मालवा के परमारों के साथ युद्ध करके उनपर विजय प्राप्त की और वह अवन्तिनाथ कहलाया। उसने बर्बरों का दमन किया और महोबे के चन्देलों को सन्धि करने पर विवश किया। उसकी नीति प्रधानतः आक्रमणात्मक थी और उसके राज्यकाल में गुर्जर साम्राज्य की अभूतपूर्व उन्नति एवं विस्तार हुआ।

सिद्धराज जयसिंह एक महान विजेता, चतुर राजनीतिज्ञ एवं कुशल शासक ही नहीं था, वह एक अत्यन्त धर्म सहिष्णु नरेश, प्रजावत्सल नृपाधिप, ज्ञान और कला का अत्यन्त प्रेमी तथा विद्वानों का भी भारी आश्रयदाता था। मालवराज भोज और उनकी राजधानी उज्जैनी की चतुर्दिक फैली हुई कीर्ति से प्रभावित होकर उसने भी अपनी राजधानी अन्हिलपुरपट्टन को उज्जैनी के समान ही विद्या एवं ज्ञान का अनुपम केन्द्र बनाने का निश्चय किया। सौभाग्य से उसे विद्वद्रत्न आचार्य हेमचन्द्र जैसे महान प्रतिभासम्पन्न जैनगुरु का सुयोग प्राप्त हुआ। इनका मूलनाम चगदेव था। इनके पिता धन्धुकग्राम निवासी छुन्द नामक एक सद्गृहस्थ थे, और इनकी माता का नाम पद्मिनी था। ये प्रद्युम्नसूरि के प्रशिष्य तथा देवचन्द्रसूरि के शिष्य थे। महाराज सिद्धराज हेमचन्द्राचार्य का अत्यधिक सम्मान करते थे। इन्हें ही उन्होंने अपने आश्रय में होनेवाली साहित्यिक प्रवृत्तियों के नेतृत्व का भार सौंपा। दूर दूर से विविध विषय पटु प्रकाण्ड विद्वानों को आमन्त्रित किया गया। राजधानी में एक विशाल विद्यापीठ की स्थापना हुई और राजा की स्पष्ट प्रार्थना पर लगभग बीस नवीन महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ निर्माण कराये गये। कक्कल नामक एक कायस्थ जो प्रसिद्ध वैयाकरणी थे, उक्त विषय के आचार्य नियुक्त किये गये। स्वयं आचार्य हेमचन्द्र ने महाराज के नाम पर अपने 'सिद्धहेम व्याकरण' तथा द्वयाश्रयकाव्य की रचना की। आचार्य हेमचन्द्र का शिष्य मण्डल भी विस्तृत था, महाकवि रामचन्द्रसूरि उनके प्रधान शिष्य थे। इन्होंने 'नाट्यदर्पण' नामक महत्त्वपूर्ण नाट्यशास्त्र, नलविलास आदि एकादश संस्कृत नाटक तथा प्रबन्धशतक नामक ग्रन्थों की रचना की। राजा जयसिंह इनका भी बहुत समादर करते थे और उनके कविताचातुर्य से प्रसन्न होकर उन्हें 'कविकटारमल्ल' की उपाधि प्रदान की थी। गुणचन्द्र, महेन्द्रसूरि, देवचन्द्र, उदयचन्द्र, वर्धमानगणि, यशश्चन्द्र, बालचन्द्र आदि हेमचन्द्राचार्य के अन्य शिष्य थे जो प्रायः सभी विद्वान् थे। इनके अतिरिक्त महाराज जयसिंह ने जैनमुनि आनन्दसूरि एवं अमरचन्द्रसूरि नामक दो गुरुभाइयों को क्रमशः व्याघ्र शिशुक एवं

१ ब० प्रा० जै० स्मा० पृ० २०६

२ वही०

'सिंहशिशुक' उपाधियाँ प्रदान करके समादृत किया था। इसी नरेश की राजसभा में श्वेताम्बराचार्य देवसूरि अपरनाम अजितसूरि ने जो कि 'स्याद्वादरत्नाकर' नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ के कर्त्ता थे, कर्णाटक निवासी दिगम्बराचार्य कुमुदचन्द्र के साथ शास्त्रार्थ किया था। हमारा अनुमान है कि ये कुमुदचन्द्र ही सुप्रसिद्ध 'कल्याणमंदिरस्तोत्र' के रचयिता हैं, जिसका कि गुजरात प्रान्त एवं श्वेताम्बर सम्प्रदाय में उक्त शास्त्रार्थ के समय से ही प्रचलन हुआ। यह हेमचन्द्र युग की ही विशेषता थी कि एक विरोधी की कृति को भी क्योंकि वह उत्कृष्ट थी ससम्मान अपनाने की उदारता दिखलाई गई। स्वयं देवसूरि ने भी अपने ग्रन्थ में अकलङ्कादि दिग्गज दिगम्बराचार्यों का ससम्मान स्मरण एवं प्रशंसा की है। वस्तुतः हेमचन्द्र युग गुजरात के सांस्कृतिक इतिहास का स्वर्णयुग है। इस काल में गुर्जर देश की सर्वाङ्गीण उन्नति एवं प्रगति हुई, और उसके विशेषकर सांस्कृतिक अंगों पर आचार्य के शान्त एवं प्रतिभापूर्ण व्यक्तित्व की छाप स्पष्ट है, ज्ञान, निष्पक्ष विचारशीलता, गुणग्राहकता एवं सर्वधर्म समभाव के तेज से जाज्वल्यमान यह दीप्ति सिद्धराज एवं कुमारपाल के राजकालों में भासमान दृष्टिगोचर होती है। एक बार राजसभा में आचार्य से प्रश्न किया गया कि महाभारत जैसे महान् ग्रन्थ में जैनों का कोई उल्लेख क्यों नहीं मिलता तो उन्होंने तत्काल उत्तर दिया कि "यह सत्य है कि महाभारत तथा अन्य हिन्दू शास्त्रों में जैनधर्म के उल्लेख नहीं मिलते, किन्तु ऐसा मानने का भी कोई कारण नहीं है कि जो कुछ उनमें लिखा है वही मात्र सत्य है और जो कुछ उनमें नहीं लिखा वह कभी हुआ ही नहीं"[1]। इसी एक घटना से हेमचन्द्राचार्य की सूक्ष्म विवेचन शक्ति एवं निष्पक्ष आलोचनात्मक दृष्टिकोण का पता चल जाता है।

जयसिंह के मन्त्री मुंजाल, सान्तु, उदयन तथा आलिग भी कट्टर जैन धर्मानुयायी थे। उदयन जो संभवतः कर्ण के समय से ही राजमन्त्री थे और कुमारपाल के सिंहासनारोहण के कुछ समय बाद तक उसी पद पर अधिष्ठित रहे, मारवाड़ के एक श्रीमाल जातीय जैन वैश्य थे। मन्त्री उदयन ने ही सोरठ के ऊपर धावा बोलकर दुर्द्धर राज खेंगार का राज्य नष्ट किया और सिद्धराज को चक्रवर्ती पद दिलाया था। इन मन्त्री प्रवर ने कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल जिनालय तथा ७२ बहुमूल्य देव प्रतिमाएँ निर्माण कराकर प्रतिष्ठित कराई थी।[२] उदयन की मृत्यु सन् ११५० ई० में कुमारपाल के राज्यकाल में हुई थी, किन्तु डा० ब्हूलर को इस तिथि में सन्देह है। इनके पांच पुत्र थे—आहड, छाहड, बाहड, अम्बड और सोल्ला। प्रथम चार राज्य मन्त्री हुए और कुमारपाल के समय में भी रहे, सोल्ला व्यापारी हो गया था।

सिद्धराजा के एक कन्या को छोड़कर और कोई सन्तान नहीं थी। अतः अपने पीछे उत्तरा-

---

1 Dr. Shamasastri - J. B. 1923 pp. 57—60

२ हि० वि० को० ३, २३६

धिकार के प्रश्न को लेकर होनेवाले गृहयुद्धादि की आशंका से उसका चिन्तित होना स्वाभाविक था। मूल राजवंश में कोई अन्य व्यक्ति भी ऐसा नहीं था जो राज्याधिकारी हो सके। केवल सिद्धराज के पितामह भीमदेव की उपपत्नी से उत्पन्न क्षेमराज का पौत्र तथा हरिपाल का पुत्र त्रिभुवन पाल तथा उसके कुमारपाल आदि तीन पुत्र ही ऐसे व्यक्ति थे जिनका कि राजवंश से कुछ सम्बन्ध था। किन्तु इनके अभिजात कुलोत्पन्न न होने के कारण सिद्धराज नहीं चाहता था कि वे उत्तराधिकारी हों। इन लोगों के षड्यन्त्रों और घातों से भी वह अवगत था; अतः उसने त्रिभुवनपाल को मरवा डाला और स्वयं कुमारपाल की हत्या कराने का भी प्रयत्न किया, किन्तु राजधानी के एक अलिग नामक कुम्हार की सहायता से कुमारपाल की जीवन रक्षा हुई और वह भृगुकच्छ को भाग गया। खंभात के राजा केलंबराज ने भी उसे आश्रय दिया। तदनन्तर पैठन, उज्जैन आदि स्थानों में भटकता हुआ वह नगेन्द्र पट्टन में अपने बहनोई कम्हदेव के पास चला गया। उपरोक्त पलायन काल में उसकी चित्तौड़ में एक दिगम्बर मुनि से भेंट हुई और उनसे उसने उपदेश ग्रहण किया।

इधर सिद्धराज ने उत्तराधिकार के लिये होने वाले द्वन्द को मिटाने के लिये चाहडनामक एक क्षत्रिय पुत्र को गोद ले लिया तथा उसे अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। सिद्धराज के इस दत्तक पुत्र की असलियत रहस्यपूर्ण है, वह कौन था इस सम्बन्ध में बड़े मतभेद हैं।[१] सन् ११४३ ई० में चालुक्य चक्रवर्ती सिद्धराज जयसिंह की मृत्यु हो गई, किन्तु जैसी उसकी इच्छा थी उसका वह दत्तक पुत्र उसका उत्तराधिकारी न बन सका।

---

१ इस समस्या पर हम आगामी अंक में प्रकाश डालेंगे।

ज्योतिष सम्बन्धी कतिपय अज्ञात जैन ग्रन्थ

[श्रीयुत् अगरचंद नाहटा, बीकानेर]

भारतीय गणित एवं ज्योतिष विश्व के लिये एक अपूर्व देन है। बहुत प्राचीन काल से भारत में इस विज्ञान को बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया प्रतीत होता है—मध्यकाल में तो यह विद्या अपनी चरम सीमा तक पहुँच गई थी। ज्योतिष के प्राचीन स्वतंत्र ग्रंथ बहुत कम ही प्राप्त हैं। मध्यकाल में सैकड़ों ग्रंथ रचे गये, उनमें जैन विद्वानों के ज्योतिष सम्बन्धी ग्रंथों में कई तो बड़े ही महत्त्व के हैं। प्राचीन जैन आगमों में प्राचीन ज्योतिष एवं गणित के अनेक उल्लेखनीय सूत्र पाये जाते हैं। जिनसे ढाई हजार वर्ष पूर्व की तिथि पत्र सम्बन्धी मान्यताओं का पता चलता है। वेदांग ज्योतिष को सम्यक् प्रकार से समझने के लिये सूर्यप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति, ज्योतिष करंडक आदि ग्रन्थ बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

अंग विद्या सम्बन्धी भारतीय सूक्ष्म ज्ञान का पता प्राचीन प्राकृत भाषा के "अंग विजा" नामक ग्रन्थ से बहुत अच्छे रूप में मिलता है। १२ हजार श्लोक प्रमाण का यह बृहद् ग्रन्थ अपने विषय का विश्वभर में अजोड़ है, खेद है अभी तक वह प्रकाशित नहीं हुआ। मुनि पुन्यविजय जी ने प्राचीन ताड़पत्रीय प्रतियों के आधार से इसका सुसंपादन कर लिया है और छपने भी चला गया है अतः शीघ्र ही प्रकाश में आवेगा।

प्राचीन गणित का भी जैन आगमों और षट् खंडागम, क्षेत्र समास आदि ग्रन्थों में जो विवरण मिलता है उससे तत्कालीन गणित प्रणाली का अच्छा परिचय मिल जाता है; वर्णी अभिनंदन ग्रंथ में प्रकाशित डा० अवधेश नारायण सिंह के लेख में जैन ग्रन्थोक्त गणित पर अच्छा प्रकाश डाला गया है। स्व० कुंवरजी आणंद जी का "जैन गणित विचार" नामक गुजराती ग्रन्थ भी इस सम्बन्ध में द्रष्टव्य है। ज्योतिष सम्बन्धी जैन साहित्य तो बहुत विशाल है। वर्णी अभिनंदन ग्रन्थ में ज्योतिषाचार्य पं० नेमिचंद्र शास्त्री ने जैन ज्योतिष पर एक लेख प्रकाशित किया है जिसमें ग्रन्थों की एक तालिका भी प्रकाशित है। इससे पूर्व मैंने जैन ज्योतिष एवं वैद्यक ग्रन्थों की एक सूची भी 'जैन सिद्धान्त भास्कर" में प्रकाशित की ही थी। ज्योतिष विद्या की ओर जैन विद्वानों का प्रारंभ से ही अच्छा आकर्षण रहा है। फलतः सैकड़ों ग्रन्थ समय समय पर रचे गये और पचासों ऐसे जैनेतर ज्योतिष ग्रन्थ भी जैन ज्ञान भंडारों में मिलते हैं जो अन्यत्र अप्राप्त हैं। श्री नेमिचंद्र जी शास्त्री ने जैन विद्वानों के रचित १०० मौलिक २८ जैनेतर ग्रन्थों की टीकाओं की नामावली अपने लेख में दी है। वह अपूर्ण ही है उसमें निर्दिष्ट ग्रन्थ उनके सामने न होने से उसमें बहुत सी त्रुटियाँ रह गई हैं। जिनके सम्बन्ध में उक्त लेख प्रकाशित होने के समय से ही प्रकाश डालने की इच्छा थी पर कुछ मूलभ्रान्तियों का जांच करना आवश्यक होने से अभी

तक उस समय के नोटस् अप्रकाशित पड़े रहे। उन मूलभ्रांतियों के सम्बन्ध में विस्तार से फिर कभी विचार किया जायगा। यहाँ संक्षेप में प्रकाश डाला जाता है।

लेख में दिये हुए ग्रन्थों के नम्बर

१ नम्बर ४ अंगविज्जा और गणिविज्जा दोनों का एक साथ में उल्लेख है पर वास्तव में दोनों अलग अलग ग्रन्थ हैं। नं० २२८ भी यही है।

२ नम्बर ७ गणित सूत्र (संस्कृत) का नाम दिया गया है पर वह नाम संदिग्ध लगता है और जैन विद्वान का इस नाम का कोई ग्रन्थ ज्ञात नहीं हुआ।

३ नम्बर २३ ज्योतिष मंडल विचार के रचयिता का नाम विजय कुशल सूरि लिखा है जो वास्तव में विजय कुशल का है और ग्रन्थ का नाम मंडल प्रकरण है।

४ नम्बर १७/१६ दोनों एक ही ग्रंथ है। लीलावती की भाषा राजस्थानी मिश्रित हिन्दी है, अपभ्रंश और संस्कृत नहीं। इसके रचयिता का नाम लालचंद्र का ही दीक्षित नाम लालवर्द्धन था।

५ नम्बर १६ बहुत से ग्रंथों की प्रतियाँ कहाँ पर है ? इनका निर्देश न होने से उन ग्रंथों और रचयिताओं का नाम ठीक है या नहीं ! निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। नम्बर १६ में गणित शास्त्र, श्रेष्ठीचंद्र का बतलाया गया है वह नाम संदिग्ध लगता है।

६ नम्बर २४ आनंदमुनि का ज्योतिष सारोद्धार ग्रन्थ तो जानने में नहीं आया, गणितसार अवश्य मिलता है। संभवतः उसे ही यहाँ ज्योतिषसारोद्धार लिख दिया है क्योंकि उसका भी रचनाकाल १७३१ है।

७ नम्बर ५० से ५६ वाले जैसलमेर भंडार के ग्रन्थ जैन रचित नहीं प्रतीत होते। इसी प्रकार नम्बर ७८ वाला सामुद्रिक शास्त्र भी जैन रचित नहीं लगता। नं० ३१ नं० ३५ वाले भी जैन नहीं प्रतीत होते।

८ नम्बर ७१ हस्तसंजीवन के रचयिता का नाम छूट गया है जो मेघविजय रचित है। नं० ७३ ज्योतिष प्रकाश हीरविजयसूरि रचित नहीं है, उनके समय में रचा गया है। न० ३६ भी यही है।

६ नम्बर ६१ के रचयिता जिनवल्लभ हो तो उनका समय १३ वीं का नहीं १२ वीं का है

१० नम्बर ८२ ग्रन्थ का नाम शकुन विचार न होकर शकुन प्रदीप है और रचयिता गोवर्धन दास नहीं जयधर्म है। गोवर्धन दास के लिये इसकी रचना हुई है। दे० मेरे सम्पादित स० हि० ह० खोज भा० २ पृ० १२३

११ नम्बर ३८ जैन रचित होना कम संभव है। रचयिता का नाम रत्नयातु जैनेतर सा लगता है।

१२ नम्बर ६० और ६६ दोनों एक ही ग्रंथ है जय विजय, देव विजय के शिष्य थे।

१३ नम्बर १२७ लग्नशुद्धि की भाषा संस्कृत नहीं, प्राकृत है।

१४ नम्बर १०८ ज्योतिषराज नम्बर १२४, ७१, १३२, १३३ से बड़ा १३६, १५१, १६१ २३६ २५४, २६१, चातुर्मासिक कलंक आदि कई ग्रन्थों के नाम संदिग्ध या अशुद्ध प्रतीत होते है।

१५ नम्बर ११६ की भाषा संस्कृत नहीं, राजस्थानी हिन्दी है। नम्बर १७७-१७८ १८०-१८१, १५८ वाले भी उसी भाषा के ही हैं, संस्कृत के नहीं।

१६ नम्बर १४७, १५६ दोनों एक ही ग्रन्थ है। ग्रन्थकार का नाम दुर्लभराज है जगदेव उसका पुत्र था। रचना काल १२१६ है।

१७ नम्बर १५२ मानसागरी पद्धति १ हजार श्लोक का बतलाया गया है, पर वह बड़ा है प्रसिद्ध ग्रन्थ है, प्रकाशित हो चुका है।

१८ नम्बर १६४, १६८, १७६, १८५ के ग्रन्थकार के नाम संदिग्ध हैं।

१६ नम्बर १५७ मंगलस्फुरण नहीं, नाम अंगस्फुरण है, भाषा हिन्दी नहीं राजस्थानी है।

२० नम्बर १७१ वृति का नाम 'बेनाल वृति' नहीं बेड़ा वृति होगा। रचयिता "नरच" छपा है नरचन्द्र चाहिए। नम्बर १५६ के रचयिता भी वही हैं नम्बर १६४-१८४ ग्रन्थ का नाम संदिग्ध है।

२१ नम्बर १७५ ग्रन्थकार का नाम यशश्रुत सागर नहीं यशस्वत सागर होना चाहिए। इसी प्रकार नम्बर १८० में ग्रन्थकार का नाम चतु विजय छपा है चतुर विजय चाहिए। यह मुद्रण देना भी संभव है। नम्बर १६४, ६८, ६६ ग्रन्थ साधारण कोटि के हैं।

२२ नम्बर १८६ नरपिंगल नाम चिन्तनीय है।

२३ नम्बर २०६ सारसंग्रह का पूरा नाम ज्योतिष सारसंग्रह लिखना चाहिए। क्योंकि इनका वैद्यक सार संग्रह भी एक ग्रन्थ है। नम्बर २२३ और २०६ एक ही ग्रन्थ है।

२४ नम्बर २१४ के रचयिता का नाम उदयप्रकरणी नहीं, उदयपुत्र है।

२५ नम्बर २२५ सूरि जिनोदय छपा है वहाँ जिनोदय सूरि होना चाहिए।

२६ नम्बर २३२ का रचना काल १८०७ नहीं १६०७ है।

२७ नम्बर १५५, २२६ दोनों एक ही ग्रन्थ हैं रचना काल १८८१ नहीं १८१७ है। मेघमाला ग्रन्थ बहुत वर्ष पूर्व वेंकटेश्वर प्रेस से छप भी चुका है।

२८ नम्बर ४ और २२८ भी एक ही ग्रन्थ है।

२६ नम्बर ११० व २३० और नम्बर १२ और २०० नम्बर १३० और २६३ ये भी एक ही ग्रन्थ के दो बार उल्लेख हैं।

३० नम्बर २४८ का नाम कालशतक नहीं कालमतगी है और इसका विषय ज्योतिष नहीं।

३१ नम्बर २५५ खेलवाडी नाम संदिग्ध है या इसका विषय ज्योतिष नहीं प्रतीत होता।

३२ नम्बर २६५ प्रश्नशतक का पूरा नाम प्रश्नभष्टीशतक है। इसका भी विषय ज्योतिष नहीं है।

३३ नम्बर ३०० ग्रन्थ का नाम सवेगरंगशास्त्र नहीं, सवेगरंगशाला है और ग्रन्थकार का नाम जिनचक्र नहीं जिनचंद्र है। यह ग्रन्थ भी ज्योतिष का नहीं।

३४ नम्बर २८७, २६७ आदि कई ग्रन्थ जैनों द्वारा रचित नहीं, जैनेतर प्रतीत होते हैं।

३५ नम्बर २६१ उर्द्धकाण्ड या उर्वकाण्ड ग्रन्थ का नाम नहीं अर्घकाण्ड होना चाहिए।

३६ नम्बर २६२ में ग्रन्थ का नाम और नम्बर २६४ में ग्रन्थकार का नाम अशुद्ध लगता है। इसी प्रकार अन्य भी बहुत सी भूल भ्रांतियाँ हैं। सूची के कई ग्रन्थ जैन नहीं कुछ के नाम गलत है, कुछ ग्रन्थकारों के नाम अशुद्ध हैं कइयों का विषय ज्योतिष नहीं अतएव इसका संशोधित किया जाना परम आवश्यक है।

जैनेतर ज्योतिष ग्रन्थों पर जैन टीकाओं के अन्तर्गत दिये गये कुछ नामादि अशुद्ध प्रतीत होते हैं। जैसे—

१ गणित तिलक वृत्ति का समय सं० १२२ अशुद्ध छपा है सं० १३२२ होना चाहिए।

२ गहलाघव वार्तिक का रचना काल सं० १६७८ नहीं १७६० है।

३ जातक पद्धति वृत्ति जिनेश्वरसूरि की ज्ञात नहीं, बालावबोध खुशाल सुन्दर का अवश्य प्राप्त है।

४ नम्बर १७-१८, १६-२१, पहिले आये हुए नम्बर १८० १८१ १६० वाले ही हैं।

५ नम्बर २५ जातक दीपिका के कर्ता हर्षरत्न न होकर जिनरत्न कोष के अनुसार हर्ष विजय है एवं यह ग्रन्थ जैनेतर नहीं, उन्हीं का बनाया हुआ है। सं० २३६ में यही ग्रन्थ है।

६ नम्बर २२ के कर्ता अमर वाणी नहीं अमर है ग्रन्थ नाम भी विवाहपटलबोध नहीं वि० बालावबोध भाषाटीका है, नम्बर ८ के रचयिता का नाम खुशाल सुन्दर है।

अब हम कतिपय अज्ञात ज्योतिष ग्रन्थों का परिचय यहाँ प्रकाशित कर रहे हैं इनमें से लाभोदय रचित **बलिरामानन्द सार संग्रह** की प्रति त्रुटित अवस्था में मिली है, अतः कहीं इसकी पूरी प्रति प्राप्त हो तो सूचित करने का अनुरोध है।

१ **करणराज**—रुद्र पल्लीयगच्छ के मुनिसुन्दर मुनि ने सं० १६५५ में इस ग्रन्थ की रचना की, जिसकी एक मात्र प्रति अनूप संस्कृत लाइब्रेरी बीकानेर में प्राप्त हुई है। पत्र संख्या ७ है प्रति पृष्ठ पंक्ति १५ और प्रति पंक्ति अक्षर ४८ हैं। प्रति रचना के समकालीन लिखी हुई है। आदि अन्त इस प्रकार है—

आदि प्रणम्यां शुमतं मुदाखेटराजं, तमीश्वाते निर्नाशनं ध्वस्तदोष म्
गणाधीश्वरं गौतमं दत्तकामं गुरुसम्पन्नानम्य चाम्या विशालं ॥ १ ॥
शकशिरोमणिरेष विराजते, अकबरो नृपराज गुणाग्रणी
अजनियस्य सुकीर्तिर्हिज्वला, सुरतिवाड्वभक्ति भरोदयं ॥ २ ॥
तद् राज्यशाक तत्तता गुरुतानुकारि, साध्वंक शब्दरचितं सुगमं सदर्थं
विशमितो द्विजवरस्य रमापतेश्च, ज्योतिर्विदाममलमानस रंजनाय ॥ ३ ॥
नभसि खेचरमेलनयुक्तियुग् रविसमं च विवर्जितं विस्तरं
करणराजमिदं गणितं क्षितौ वितनुते मुनिसुन्दर इष्टभाक् ॥ ४ ॥

नगाब्धिचन्द्रे १४७७ वियुक्त पूर्वं शाको, भवद् भद्रदायी शाकोङ्करस्य। गताब्दकलेः षड्वक्र पंचर्त्तुवेदे ४६५६ विहीनो यमब्द सदा भूतेर्वा । ५ ।

१ प्रथम अध्याय श्लोक ३०

इति रमापति वाक्य समुद्गते सुरचने मुनि सुन्दरनिर्मिते ।
करणराजक नामवनि पूर्वकः खचर मध्य मसाधन को ऽध्यः
इति श्री करणराज गणिते मध्यमोऽध्यायः ।

२ श्लोक २७. इति श्री करणराजे गणितशास्त्रे ग्रहस्य स्पष्टकरणं द्वितीयोऽध्याय समाप्तः

३ श्लोक १५, प्रश्न साधक तृतीयो ऽध्यायः ।

४ श्लोक १५, चन्द्रग्रहण साधनश्च चतुर्थो अध्यायः ।

५ श्लोक २०, सूर्यग्रहण साधको ऽध्यायः पंचमः ।

६ छूटा हुआ संभव ।

७ श्लोक १२, उदयाद्य सप्तमो ऽध्यः

८ श्लोक ३४, ग्रहयुद्ध नक्षत्रसमागम नामाष्टमो ऽध्यः ।

९ श्लोक ९, पाताऽध्य नवमो ध्यः

१० श्लोक ३६, अतः

इति रमापति वाक्य समुद्गते, सुरचनेमुनिसुन्दरनिर्मिते ।
करणराज निमिशक नामतो, दशमको ऽध्य एव यामौ सदा ।२८।
कुरुक्षेत्रनिवास्यस्ति अवस्थी श्रीपति द्विजः ।
सुपात्रस्यांककोत्पतिं श्रुत्वा चाल्हादकारिणी ।२९।
गच्छेस्मिन् रुद्रपल्लीये सूरयो जिन सुन्दरा ।
बभुबु भारती यानां मुख्या ज्ञान गुणोज्वला ।३०।
तेषां पादप्रशस्तेस्तु शिष्येणेति गरीयसा ।
मुनि सुन्दर नाम्नेदं करणराट् विनिर्मिते ३१

मिते विक्रम भूपस्य पंचेषु नृपवत्सरे।
तिथौ च दीपमालायं स्थाण्वीश्वर पुरे वरे ॥१२॥
विद्वाञ्जिह्लालचंद्रस्य सदैव स्थिति मंडपे।
जीववारे ध्रुवमेतत् करणं पूर्तिमाययौ ॥१३॥
चक्रवर्ति कलौ राज्यं योभूदकबरो नृपः।
तस्या शाकात्समुत्पेदे शास्त्रं करणराजकं ॥१४॥

इति सुप्रसिद्ध नागपुरीय तपागच्छ के हर्षकीर्ति सूरि के लिखि हैं।

२ दीक्षा प्रतिष्ठा शुद्धि—इसे महाकवि समय सुन्दर सं० १६८५ में लूणकरन सर में अपने प्रशिष्य ज्योतिष शास्त्र विचक्षण वाचक जयकीर्ति की सहायता से बनाया। इसकी एक मात्र प्रति खरतरगच्छ के आचार्य शाखा के उपाश्रयस्थ ज्ञानभंडार में उपलब्ध हुई जिसकी प्रतिलिपि हमारे संग्रह में है इस ग्रन्थ के १२ अध्याय हैं।

आदि—गुरुन् गुण गुरुन्नत्वा नानाग्रंथानुसारतः
प्रतिष्ठा दीक्षयोर्वच्ये दूषणानि गुणांस्तथा ॥१॥
ग्रह गोचर शुद्ध्यादि द्वाराणि द्वादश स्फुटम्।
अनुक्रमाद्विलोक्यानि, प्रतिष्ठा दीक्षयोर्दिने ॥२॥

द्वादश द्वाराणि यथा— १ ग्रह गोचर शुद्धि। २ वर्ष शुद्धि। ३ अयन शुद्धि। ४ मास शुद्धि। ५ पक्ष शुद्धि। ६ दिन शुद्धि। ७ वार शुद्धि। ८ नक्षत्र शुद्धि। ९ योग शुद्धि। १० करण शुद्धि। ११ लग्न शुद्धि। १२ ग्रह शुद्धि।

अन्त—दीक्षायां प्रतिष्ठायाञ्च दूषण भूषणानि विवाहवद् ग्राह्याणि।
दीक्षा प्रतिष्ठायायां शुद्धिः सानिगदिता हिताय नृणां।
श्री लूणकरण सरसि स्मरशर वसु उडु पति वर्षे ॥१॥
१ ज्योतिष शास्त्र विचक्षण वाचक जयकीर्तिसहायैः।
समयसुंदरोपाध्यायसंदर्भितो ग्रंथ ॥२॥ इति श्री

३ बलिरामानन्द सार संग्रह यह खरतर गच्छ के उपाध्याय भुवनकीर्ति के शिष्य लाभोदय ने बलिराम के नाम से बनाया। इसकी एक मात्र प्रति पुण्य विजय जी के संग्रह से प्राप्त हुई जिसके पत्रांक ७–८ व ११ से २१ तक के कुल १३ पत्र ही मिले; जिनमें ग्रन्थ के छठे से १८ वे अध्याय हैं बीच में सातवां अध्याय प्राप्त नहीं। प्राप्त पत्र पांचवे के अन्तिम १५ वें श्लोक के चार अक्षर के बाद अध्याय समाप्ति सूचक उल्लेख है। और १६ वें के छठे श्लोक के बाद के पत्र नहीं मिलने से ग्रन्थ अधूरा रह जाता है। अध्याय की समाप्ति में ग्रन्थकार व ग्रन्थ का नाम और अध्याय का नाम इस प्रकार है।

इति श्री भुवनकीर्ति उपाध्याय शिष्य पं० लाभोदय विरचितायां श्री बलिरामानंद सार संग्रहे सामान्य मुहूर्तानि अध्याय पंचम।

छठा अध्याय विवाह पटल, विवाह शुद्ध करण

७ सप्तदश मुहूर्त्तः

८ गई वस्तु प्राप्ति प्रश्न आदि।

६ शकुन विचार

१० स्वप्नअध्याय ११ अंग उपांग स्फुरण १२ सामुद्रिक स्वरोदय। १३ जन्मपत्री। १४ पुरुष जन्मपत्री १५ स्त्री जन्मपत्री। १६ दातण विधि एकादश योग उत्पत्ति। १७ आय जात पर जात बालक योग द्वादश योगोत्पत्ति। १८ अष्टोतरी महादर्श दशा। १९ वर्ष शुभाशुभ ज्ञान के केवल छः श्लोक तक ही मिले हैं। ग्रन्थ संस्कृत पद्यों में है कहीं कहीं स्पष्टी के लिये गद्य भाषा भी प्रयुक्त है।

यथा लग्न थकी सातमी जायगा जिको ग्रहे होय तेहेन या मित्र कहीजे, अथवा चन्द्रमाहुति सातमी ठामि ते पण या मित्र कहीजे।

पूरी प्रति मिलने पर ही ग्रन्थ के अन्य विषयों आदि का परिचय मिल सकेगा। ग्रन्थकार लाभोदय के रचित बारह मासा सं० १६८३ का हमारे संग्रह में है इनके कयवन्न रास की अपूर्ण प्रति जयपुर भंडार में है।

लाभोदय के गुरु भुवनकीर्ति सुकवि थे। सं० १६६७ से १७१० तक के कई रास आदि आपके उपलब्ध हैं। सं० १७०० में जिनरंग सूरि से रंग विजय शाखा अलग हुई तब से आप खरतर गच्छ के उस शाखा के अनुयायी रहे।

जिनोदय सूरि (विवाह रत्न टब्बा)

आदि—नत्वा देवीसुबोधाय, गृहीत्वा ज्योतिषां मतं।

विवाह रत्न संक्षेप सनुकृतोदय सूरिणा

रविक्षेत्रे गते जीवे, जीवक्षेत्रे गतो रविः

दीक्षा मुद्रा पुनश्चापि प्रतिष्ठां नैव कारयेत्।

अंत—होलाष्टकं फाल्गुनमासा श्वेताष्टमीत्यष्ट दिनानि यावत्।

तस्मिन् यात्रा विवाहकाले मांगल्य कृत्यं न बुधे विधेयां पग होलाष्टकं॥

इति श्री विवाह रत्न समाप्तं

टब्बा के अंत में भट्टारक श्री जिन उदय रत्न विरचिते विवाह रत्न संक्षेप परिसमाप्तं। मूल श्लोक १५० सं १८३३ जैसलमेर में लिखित पत्र १३, श्री मोतीचंद खजाञ्ची संग्रहीतम।

इनके अतिरिक्त कुछ ग्रंथों के अन्य ग्रंथों में भी उल्लेख मिलते हैं पर वे प्राप्त नहीं हैं। ऐसे ग्रंथों में दिगम्बर ज्ञानभूषण सूरि का खेट चूला भी एक है, जिसका उल्लेख ज्योति प्रकाश में

इस प्रकार पाया जाता है "अत्र आशांवर पाक्षिका मूलसंघे श्री ज्ञानभूषण सूर्यः स्वकृत खेटचूनायां प्राइ तथा च तद् ग्रंथे तेषां स्तुतिः। श्री जैन दृष्टि तिथिपत्रमिह प्रणष्टं स्पष्टी-चकार भगवन् करुणाधूरीणवालावबोधविधिना विनयं प्रपद्य श्री ज्ञानभूषण गणेशमभिष्टुमस्तं ज्ञानभूषण जगदिभूषण विश्वभूषण गणाग्रणी त्रयी चिन्मयी स्व विनयी हिताश्रयीस्ताद् यतो भवति मे विधिर्जयी ॥२॥ इत्यादि मंगलं कृत्वा सारणी सवृत्ति प्रवर्तिता। तस्यां गणयतरां शास्तिविहार कोनाः पनिकृता स्तद गमनांतरासाः। अृणांविदं प्रत्यक्षमेव शोध्यमप्राप्तो भंग्यतिथि प्रमा स्यात ॥

उपर्युक्त ज्योति प्रकाश का उल्लेख नेमिचंद्र जी की सूची में नम्बर ३६ और ७३ में हुआ है। मैंने दिल्ली के धर्मपुरा के मंदिर से प्रति मंगवा के नकल करा रखी है इसके अनुसार अंतिम प्रशस्ति अपूर्ण है। सात प्रकाश पूर्ण होने के बाद ग्रंथ की समाप्ति की सूचना है पर आगे के श्लोक अधूरे रह जाते हैं। जो प्रशस्ति के पद्य हैं। इस ग्रंथ के प्रारंभ में हीरविजय सुरि से अकबर ने ज्ञान गोष्ठि के प्रसंग से ज्योतिष शास्त्र का उपदेश दिया, कहा गया है पर वास्तव में यह ग्रन्थ किसी अन्य विद्वान ने जिसका नाम विनयमनि या चंदविजय संभव है उक्त प्रसंग का उल्लेख करते हुए रचा प्रतीत होता है। चंद्र प्रज्ञप्ति० ज्योतिषकरंडक की मलयगिरीटीका आदि का उल्लेख के साथ एक जगह विनयविजय के लोक प्रकाश का भी उल्लेख है। अतः इसकी रचना १७३० के बाद की ही सिद्ध[1] होती है। ज्ञान भूषण का उल्लेख प्रत्येक प्रकाश के अन्त में पाया जाता है और अकबर का भी उल्लेख कई बार हुआ है। प्रमयति कुछ अस्तव्यस्त सी लगती है अतः इसकी अन्य शुद्ध प्रति की आवश्यकता है। प्रकाश की समाप्ति में इस ग्रंथ का नाम "जैन तिथि पत्र साधन" बतलाया गया है। अतः यह ग्रन्थ जैन पंचाग निर्माण से सम्बन्धित होने से अवश्य ही महत्व पूर्ण है। बनारस क हीराचन्द सूरि के संग्रह में भी ऐसे ही ग्रन्थ की दो अपूर्व प्रतियाँ देखी थीं, पर मिलान किए बिना वे इसी ग्रन्थ की हैं या कोई भिन्न ग्रंथ है? निश्चित नहीं कहा जा सकता।

ग्रंथ के सात प्रकरणों के नाम इस प्रकार हैं (१) तिथि द्वार (२) वार (३) तिथि घटिका (४) नक्षत्र साधन (५) नक्षत्र घटिका (६) छट्ठे प्रकरण का नाम पत्रांक ४४ प्राप्त न होने से स्पष्ट नहीं हुआ (७) वें प्रकरण के अंत में लिखा गया है—"इति चतुर्दश, पंचदश, सप्तदश, रूपैश, चतुर्भिद्वारैः संपूर्णोयं ज्योति प्रकाशः।

१ द्वितीय प्रकाश में सं० १७२५, १७३०, १७३५, १७४०, १७४५, १७५०, १७५५, के भी उल्लेख हैं। इसके अनुसार सं० १७५५ के बाद में यह रचा गया संभव है, मंगलाचरण के श्लोकों में विनय द्वारा रचे जाने की सूचना है पर प्रशस्ति अपूर्ण मिलने से विशेष विवरण ज्ञात न हो सका।

प्रारंभ के कुछ पद्य इस प्रकार हैं:—

प्रणम्य सम्यग्नाभेयं पुरुषोतममीश्वरम् ॥
श्री जैनतिथिपत्रस्य रचनां वच्मि कांचन ॥१॥
गौतमाद्या गणेशाश्च भास्कर प्रमुखा खगाः ॥
ज्योति प्रसादं दधतां जैनशासनसूरयः ॥२॥
श्री हीरविजय सूरेः साम्राज्ये तपगणे विजयमाने ॥
श्री अकबर चक्रपति पातिसाहिर्वभूवे भुवि ॥३॥
प्रवचन कनककषोपल प्रोन्मीलय शील भूषण गणिनः ॥
कर कमल सिद्धिभाजश्चारिया चारहढ सूरयः ॥४॥
तेषां कृपानुयोगाल्लिप्सुयभूजिष्यो विशेष्य विनयमतिः ॥
कुरुते गुरुते नेमिज्योतिरिदं पत्र मिह जैनम् ॥५॥

× × ×

ज्ञान गोष्ठ्यां प्रवलायां ज्योतिशास्त्रमुपादिशत् ।

नोट—श्री नाहटा जी का यह संशोधन भी निर्भ्रान्त नहीं है। गणितसूत्र ग्रन्थ दिगम्बर जैन है, इसका नाम जैन सिद्धान्त भवन की हस्तलिखित सूची में है। बिना किसी प्रमाण के किसी भी ग्रन्थ को सन्दिग्ध मान लेना तथा राजस्थानी को हिन्दी नहीं मानना यह एक नयी बात है। नवीन ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ भाषा की दृष्टि से अशुद्ध हैं, मूल प्रतियाँ समक्ष न होने से उद्धरणों को जैसे का तैसे छोड़ दिया गया है। पाठक केवल विषय की दृष्टि से इनका अध्ययन करें।

—नेमिचन्द्र शास्त्री

श्री पार्श्वनाथ दि० जैन मन्दिर शिलालेख बिजोलियां

वर्तमान, राजस्थान के (पहिले मेवाड़ प्रान्त के भीवाड़ा जिला में ऊपरमाल नामका परगना है। इस पहाड़ी प्रदेश में भी इस भाग पर प्रकृति की विशेष कृपा है अतएव यह भाग धन धान्य पूर्ण है तथा मेवाड़ के "अन्न भण्डार" नाम से ख्यात है। इस ऊपरमाल के लगभग मध्य में ही प्राचीन 'विन्ध्यवल्ली' और वर्तमान बिजौली बसा है। बिजोली पहुंचने के तीन मुख्य मार्ग हैं—(१) कोटा से बून्दो होते मोटर द्वारा बिजौली ५४ मील दूर है। यह सबसे सुगम मार्ग है। स्वराज्य शासन ने बूंदी से आगे २१ मील तक पक्की सड़क बनवा दी है ७ मील ही कच्चा रास्ता है जिस पर मोटर आदि आराम से जाती है। (२) भीलवाड़ा से माण्डल गढ़ होता आया है। यह ६२ मील लम्बा है। यद्यपि स्वराज्य शासन इधर भी पक्की सड़क बनवा रहा है पर यह मार्ग बहुत ही बीहड़ है। (३) मार्ग नीमच कैण्ट से सिंगोली होकर है। नीमच से सिंगोली तक का ५१ मील का पक्का रास्ता है और मोटरादि आराम से जाते हैं। सिंगोली से बिजोली १४ मील है। यह रास्ता कच्चा ही है और ऊंट अथवा घोड़े की ही सवारी इस पर जा सकती है। बिजौली उदयपुर से उत्तर पूर्व ११२ मील पर पड़ता है।

अपनी समृद्धि के कारण बिजोली पर आक्रमकों की सदैव दृष्टि रही होगी। इसी लिए इसके चारों ओर बहुत ऊँचा विशाल परकोटा खड़ा है। इसके दो ही द्वार हैं जिन्हें बन्द कर देने पर इसमें प्रवेश दुष्कर हो जाता है। इस परकोटे ने शतियों से इस नगरी को सुरक्षित तो अवश्य रखा है पर यह सुरक्षा बड़ी महंगी पड़ी है। किम्वदन्ती यह है कि बिजौली में १०८ विशाल मन्दिर थे तथा उन्हें तोड़कर यह परकोटा बना है। ऐसा प्रतीत होता है कि 'तोड़कर" तो नहीं पर संभवतः मूर्तिभञ्जकों द्वारा तोड़े गये मन्दिरों के पत्थरों का तथा कुछ मन्दिरों के पूरे भग्नावशेषों को परकोटा में लेकर यह अवश्य बना है। आज भी यत्र तत्र मन्दिरों के पत्थर पड़े हैं और वे बिजौली के उज्ज्वल अतीत की स्मृति पग पग पर दिलाते हैं। दक्षिण द्वार से बाहर निकलने पर बस्तीके ठीक पूर्व की ओर खड़े तीन विशाल मन्दिरों पर दृष्टि ठिठक जाती है। ये तीनों मन्दिर शिवजी के हैं जैसा कि इनके हजारेश्वर, महाकालेश्वर तथा उण्डे-श्वलेश्वर नामों से स्पष्ट है। इनके ही पास एक अत्यन्त कलापूर्ण कुण्ड है जो मन्दाकिनी नाम से विख्यात है। ये मन्दिर अब तक पुजारियों के आधीन थे फलतः चिर उपेक्षित रहे और बिना किसी जीर्णोद्धार के अब तक गर्मी वर्षा से जूझते आये हैं। हजारेश्वर के मन्दिर में जाकर अपनी धर्मान्धता के ऊपर रुलाई आती है। इस मन्दिर के मूल देवता एक विशाल-सुन्दर शिवलिंग हैं जिसपर सहस्राधिक छोटे छोटे शिवलिंग खुदे हुए हैं। पर वर्षा से पड़ने वाले केवल जल के कारण इस पर गहरी काई जम गयी है और पानी ने पत्थर को फाड़ दिया है। सौभाग्य की बात इतनी ही है कि इन मन्दिरों को अब पुरातत्त्व विभाग ने अपने आधीन कर लिया है।

इन मन्दिरों की कला खजुराहा की कला की अनुवर्तिनी है। स्थूल अन्तर यही है कि आचूल मूल खुदे होने पर भी इनमें मानव मूर्तियों की अपेक्षा वेल आदि ही अधिक खोदे गये हैं। जबकि खजुराहा में मानव या दैवी मूर्तियों की भरमार है। कलाकार ने 'सर्व धर्म समानत्वं' के आदर्श को ही सामने रखा है जैसा कि इनमें उत्कीर्ण जैन-बौद्ध मूर्तियों की सत्ता से स्पष्ट है। निश्चित ही बिजोली की यात्रा सुगम हो जाने पर पुरातत्त्व वेत्ता यहां विपुल संख्या में जाने लगेंगे और तभी इन मन्दिरादि का कला-संस्कृति तथा इतिहास की दृष्टि से सूक्ष्म अध्ययन हो सकेगा। इन मन्दिरों के पास किसी प्राचीन शिलालेख का न होना खटकता है। संभव है कि किसी अन्य मन्दिर के आस पास रहा हो और मन्दिर के साथ वह भी नष्ट हो गया हो। अथवा इन मन्दिरों से पौन मील की दूरी पर स्थित दि० जैन पार्श्वनाथ मन्दिर के पास प्राप्त तीनों शिलालेख भी इन मन्दिरों के निर्माण-निर्मातादि के द्योतक हों। क्योंकि इस प्रकार भी 'सर्व धर्म समानता' भारतीय परम्परा रही है। खजुराहा के समस्त मन्दिरों का निर्माण कराने वाला एक ही व्यक्ति था। मैनाल, माण्डलगढ़ जहाजपुरादि की सूक्ष्म शोध होने के बाद ही इस विषय पर सांगोपांग विवेचन संभव हो सकेगा।

इस लेख का विवेच्य श्री पार्श्वनाथ दि० जैन मन्दिर बस्ती की पूर्व दक्षिण दिशा में लगभग पौन मील दूरी पर स्थित पठार पर है। इस मन्दिर की अवस्था यहां के अन्य मन्दिरों से बहुत अच्छी है। इसके चारों ओर परकोटा है। परकोटे के भीतर बगीचा सा है। बीच में पूर्व मुख मन्दिर है उसके सामने दो मानस्तम्भ हैं और इसके बाद पूर्व की ओर ही एक विशाल सभा मण्डप है। मन्दिर से लगा ही उत्तर की ओर कुण्ड है। तथा इस कुण्ड की उत्तर दिशा में ही महुए के पेड़ के नीचे प्रकृत शिलालेख है।

यह शिलालेख चाहमान चौहान सोमेश्वर के राज्यकाल (वि० १२२६) में श्री दि० जैन पार्श्वनाथ मन्दिर की प्रतिष्ठा तथा दानादि की स्मृति के लिए खुदवाया गया था। शिलालेख[1] निम्न प्रकार है—

१ सिद्धम् ॥ ॐ नमो वीतरागाय ॥ चिद्रूपं सहजोदितं निरवधि ज्ञानैकनिष्ठार्पितं। नित्योन्मीलितमुल्लसत्सकलं स्यात्कारविस्फारितं (तम्) [।] सुव्यक्तं परमाद्भुतं शिवसुखानंदास्पदं शाश्व (श्व) तं। नौमि स्तौमि जपामि यामि शरणं तज्ज्योतिरात्मो[दित] तं (तम्) ॥ १ ॥ नास्तं गतः कुग्रहसंग्रहो न। नो तीव्र तेजा

२ ⌣ ⌣ — ⌣ — [वा]: । — — ⌣ — नैव सुदुष्टदेहोद्भवो रवि स्तात्स मुदेवृषो वः ॥ २ ॥ [स] भूयाच्छ्रीशांतिः शुभ्र वमवमंगोभवभृतां। विभांयंत्राभाति स्फुरितन-

---

1 श्री पं० अक्षयकीर्ति व्यास द्वारा सम्पादित प्रति के आधार से।

खरोचिः करयुगं (गम्)। विनम्राणामेषामखिलकृतिनां मंगलमयीं। स्थिरीकर्त्तुं लक्ष्मीमुपरचितरज्जुव्रजमिव ॥ २ ॥ नाशा (सा) स्वा (श्वः) सेव येन प्रबलबलभृता पूरितः पांचजन्यः।

३ — — — ⌣ — — वरदलमलि [नो पाद] पद्माग्रदेशैः। हस्तांगुष्ठेन शांर्गं (शार्ङ्गं) घ (ध) नुरतुलव (ब) लं कुण्ठमारोप्य विष्णो। रंगुल्यांदोलितोयं हल भृद्वनति तस्य नेमेस्तनोमि ॥ ४ ॥ प्रांशुप्राकारकांता त्रिदशपरिवृढव्यूह [च] द्वावकाशां। वाचालां केतुकोटि [क्व] णदनणुमणीकिंकिणीभिः समंतात्। यस्य व्याख्यानभूमीमहह किमिदमित्याकुलाः कौतुकेन प्रेक्षंते प्राणभाजः।

४ [स भु] [वि] विजयतां तीर्थंकृत्पार्श्व (श्वं) नाथः ॥५॥ वर्द्धतां वर्द्धमानस्य वर्द्धमानमहोदयः। वर्द्धतां वर्द्धमानस्य वर्द्धमान [मह] दयः ॥६॥ सारदां सारदां स्तोमि सारदानविसारदां (दाम)। भारतीं भारतीं भक्तभुक्तिमुक्तिविशारदां (दाम्) ॥७॥ निःप्रत्यूह मुपास्महे जिनपतीनन्यानपि स्वामिनः। श्रीनाभेयपुरस्सरान् परकृपापीयूषपाथोनिधीन्। ये ज्ञपा (ज्ञो) तिःपरभागभाज—

५ नतया मुक्तात्मतामा [श्रि] ताः श्रीमन्मुक्तिनितंबि (बि) नीस्तनतटे हारश्रियं बि (बि) भ्रति ॥८॥ भव्यानां हृदयाभिरामवसतिः सद्धर्म [श] र्म) सिद्धिः कर्मोन्मूलनसंगतिः सु (शु) भततिः निर्वा (र्वा) णवा (वो) धोद्धृतिः [।] जीवानामुपकारतारणरतिः श्रेयःश्रियां संस्तुतिः देयान्मे भवसंभृतिः शिव [म] ति जैने चतुर्विंशं (श) तिः ॥९॥ श्रीचाहमानक्षितिराजवंशः पौर्वोप्यपूर्वो नि (न) जडावनद्धः। भिन्नो न चां—

६ [गो] [न च] रंध्रयुक्तो नो निःफलः सारयुतो नतो नो ॥१०॥ लावण्यनिर्म्मलमहोज्व (ज्ज्व) लितांगयष्टिरच्छोच्छलच्छुचियशः परिधानधा [री] [। ऽत्तुं] गपर्व्वतपयोधरभारभुग्ना शाकंभ [री] जनि जनीव ततापि विष्णुः ॥११॥ विप्रः श्रीवत्सगोत्रेभूदहिच्छ [त्र] पुरे पुरा। सामंतोनंतसामंतः पूर्णतल्ले (ल्लो) नृपस्ततः ॥१२॥ तस्माच्छ्रीजयराजविग्रहनृपौ श्रीचंद्रगोपेंद्रकौ तस्माद् [ल्ल] भगूवकौ शशि—

७ नृपो गूवाक सच्चंदनौ [।] श्रीमद्वप्पयराज विंध्यनृपती श्रीसिंहराविग्र (ड्वि) ग्रहौ? श्रीमद्दुर्लभगुँदुवाकूवतिनृपाः श्रीवीर्यरामोऽनुजः ॥१३॥ [चामुं ड] ववनिपे (पो) ऽति (थ) श्च राणकवरः श्रीसिंघटो दूसलस्तद्भ्राताथ ततोपि वीसलनृपः श्रीराजदेवीप्रियः [।] पृथ्वीराजनृपोथ तत्तनुभू (भ) वो रासल्लदेवीविभुस्तत्पुत्रो जयदेव इत्यवनिपः सोमल्लदेवीपतिः ॥१४॥ हत्वा चच्चिगसिंघलाभिधयसो (शो) राजादिवीरत्रयं।

८ क्षिप्रं क्रूरकृतांतवक्त्रकुहरे श्रीमार्गदुद्दों (द्दों) षितं (तम्)। श्रीमत्सो [ल्ल] णदंडनायकवरः संग्रामरंगांगणे जीवंने (वन्ने) व नियंत्रितः करभके येन ⌣ — — [क्षि] सात् ॥१०॥ अर्णोराजोस्य सूनुर्द्धृतहृदयहरिः सत्त्ववांश (वांश्चि) ष्टभीमो गांभीर्यौदार्यव (व) र्यः

समभवद [चि] राजध्व (ल्लञ्च) मध्यो न दीनः । तच्चित्रं जंन (यन्न) जाद्य (ड्य) स्थितिरवृतमहापंकहेतुर्न्न मध्या न श्रीमुक्तो न दोषाकरचितरतिर्न्न द्विजिह्वाश्रितोऽपः ॥१६॥ यद्राज्यं

६ यद्राज्यं कुशवारणं प्रतिकृतं राजांकुशेन स्वयं येनात्रैव नु चित्रमेतत्पुन र्म्मन्यामहे तं प्रति । तच्चित्रं प्रतिभासते सुकृतिना निर्व्वाण नारायण न्यक्कारावारणेन भंगकरणं श्रीदेवराजं प्रति ॥१७॥ कुवलयविकासकर्त्ता विग्रहराजोजनि (नी) [स्तु (ति)] नो चित्र' (त्रम्) । तत्तनयस्तच्चित्रं य [त्र] जडक्षीण सकलंकः ॥१८॥ मादानस्वं चक्रे मादानयतेः परस्य मादानः [।] यस्य दधत्करवालः करालतां

१० करतलाकलितः ॥१६॥ कृतांतपथसज्जोभूत्सज्जनोसज्जनो भुवः । वैकुंठं कुंतपालोगा [द्यत]ो वै कुं [त] पाल कः ॥२०॥ जाबालिपुरं ज्वाला [पु] रं कृता पल्लिकापि पल्लीव । नड्ड (ड्व) लतुल्यं रोषान्नड्ड (ड्ड) लं येन सौ (शौ) र्येण ॥२१॥ प्रतोल्यां च वलभ्यां च येन विश्रामित यशः । ढिल्लिकाग्रहण श्रांतमाशिकालाभलंभितं (तम् ॥२२॥ तज्ज्येष्ठभ्रातृपुत्रो भूत्पृथ्वीराजः पृथूपमः । तस्मादर्जितहेमांगो हेमपर्व्वतदानतः ॥२३॥ प्रतिधर्म्मरतेना—

११ पि पार्श्वनाथस्वयंभुवे । दत्तं मोराभरीग्रामं भुक्तिमुक्तिश्च हेतुना ॥२४॥ स्वर्णादिदान-निवहैर्दशभिर्म्महद्भिस्तोलानरैर्न्न गजदानचयैश्च चित्राः । येनार्जिताश्चतुरभूसितवस्त्रजालमाकाश्य चारुमनसिद्धिकरी गृहीतः ॥२५॥ सोमेश्वराल्लब्ध (ब्धा) राज्यस्तस्मात् सोमेश्व (श्व) रो नृपः [।] सोमेश्वर (श्व) र नतो यस्माज्जनः सोमेश्व (श्व) रो भवत् ॥२६॥ प्रतापलंकेश्व (श्व) र इत्यभिख्यां यः प्राप्तवान् प्रौढपृथुप्रतापः [।] यस्याभिमुख्ये वरवैरिमुख्याः केचिन्मृता केचिदभिद्रुताश्च ॥२७॥ येन श्री—

१२ पार्श्वनाथाय रेवातीरे स्वयंभुवे । सा (शा) सने रेवणाग्रामं दत्तं स्वर्गाय कांक्षया ॥२८॥ छ ॥ अथ कारक वंशानुक्रमः ॥ नीर्थे श्रीनेमिनाथस्य राज्ये नारायणस्य च । अंभोधि-मथनादेवव (व) श्रिभिर्व्व (र्व्वे) लशालिभिः । २६ । निर्गतः प्रवरो वंशो दे (दे) ववृन्दैः समाश्रितः । श्रीमालपत्तने स्थाने स्थापितः शतमन्युना ॥३०॥ श्रीमालशैलप्रवरावचूलः प (पू) र्व्वोतरः सत्वगुरुः सुवृत्त (त्त) : प्राग्वाटवंशोऽस्ति च (व) भूव तस्मिन्मुक्तोपमो वैश्रवणाभिधानः ॥३१॥ तडागपत्तने येन कारितं ।

१३ जिनमंदिरं (रम्) । [गोत्रीं] भ्रमेता यश (शा) स्तत्वमंडत्र स्थिरतां गतां (तम्) ॥३२॥ योऽचीकरच्चंद्रप्रभु (भु) रि (चि) प्रभाणि ज्याघेरकादौ जिनमंदिराणि । कीर्त्तिद्रुमारामसमृद्धिहेतोर्विभांति कंदा इव यान्यमंदाः ॥३३॥ कल्लोलमांसलितकीर्त्तिसुधा (धा) समुद्रः ? शद्ध (द्धु) द्धिवं (व) श्रवधू (ध) रयो ध [री (रे) श्रः] [भू] [त] नकारकरणप्रगुणांतरात्मा श्रीचच्चुलस्वतनयः [⏑ ⏑ —] पदेऽभूत् ॥३४॥ शुभंकरस्तस्य सुतोजनिष्ट शिष्टैर्म्महिष्ठैः परिकीर्त्यकीर्त्तिः (।) श्रीजासडोसूत तदंगजन्मा यदंगजन्मा खलु पुण्यराशि (शि) ॥ः ॥३५॥ मंदिरं वद्ध-

१४ मानस्य श्रीनारायणकसंस्थितं (तम्) भाति यत्कारितं स्वीयपुण्यस्कंधमिवोज्व (ज्ज्व) लं (लम्) ॥३६॥ चत्वारश्चतुराचाराः पुत्राः पात्रं शुभश्रियः । अमुष्यामुष्यधर्म्माशो र्व्व (ब) भूवुर्भार्ज्ज (र्य्य) योर्द्वयोः ॥३७॥ एकस्यां द्वावजायेतां श्रीमदाम्बटपद्मटौ । अपरस्यां [सु] [तौ जातौ] [श्रीमल्ल] द्मटदेसलौ ॥३८॥ पाक्काश्चां नरवरे वीरवेश्मकारणपाटवं (वम्) प्रकटितं स्वीयवित्तेन धा (धा) नु (तु) नेव महीतलं (लम्) ॥३९॥ पुत्रौ पवित्रौ गुणरत्नपात्रौ विशुद्धगात्रौ समसी (शी) लसत्थौ (त्थौ) [।] ब (च) भूवतुर्ल्लद्मटकस्य जैत्रौ मुनींदुरामेंद्वभिधो (धौ) प्रस (श) स्तौ (स्तौ) ॥४०॥

१५ षट्षं (ट्त्वं) डागमवद्धमोहृदभराः षड्जीवरत्नेश्वराः षट्भे (ड्मे) देंद्रियवस्य (श्य) तापरिकराः षट्कर्म्मकृ (क्लृ) प्तादराः [।] षट्पं (ट्खं) डावनिकीर्त्तिपालनपराः ष (षा) ट्गु (ड्गु) ण्यचिंताकराः षट्टू (ड्दृ) ष्ट्यंवु (बु) जभास्करा [:] समभवः षट्दे (ड्दे) शलस्यांगजाः ॥४१॥ श्रेष्टी (ष्ठी) दुद्दकनायकः प्रथमकः श्रीमोसलो वीगडिर्देवस्पर्शं इतोपि सीयकवरः श्रीराहको नामतः । एते तु क्रमतो जिनक्रम युगांभोजैकभृंगोपमा मान्या राजशतैर्व्वदान्यमतयोः राजंति जंबू (बू) त्सवाः ॥४२॥ हर्म्यं श्रीवर्द्धमानस्याजयमेरोर्व्विभूषण (णम्) [।] कारित यैर्म्महाभागैर्व्वि—

१६ मानमिव नाकिनां (नाम्) ॥४३॥ तेषामंतः श्रियः पात्रं [सीय] कः श्रेष्टि (ष्ठि) भूषणं (णम्) । मंडलकरमहादुर्गभूषणाभाव भूतिना ॥४४॥ यो न्यायांकुरसेचनैकजलदः कीर्त्ति (र्त्ते) र्न्निधानं परं ? सौजन्यांवु (बु) जिनीविकासनरविः पापाद्रिभेदे पविः [।] कारुण्यामृतवारिधे- र्व्विलसने राकाश [सं (शां)] का [प] मो नित्यं साधुजनोपकारकरणव्यापारव (ब) द्धादरः ॥४५॥ येनाकारि जितारिनेमिभवनं देव-द्रिशृंगोद्धुरं चंचत्कांचनचारुदण्डकलसश्रेणिप्रभाभास्वरं (रम्) खेलत्खेचरसुन्दरीश्रमभरं भंगद्रव्वशोद्दीजनैर्द्दत्तेष्टापदशैलसृ (शृं) गजिनभृत्प्रोद्दामसद्मश्रियं (यम्) ॥४६॥ श्रीसीयकस्य भार्ये द्वे ।

१७ सौ नागश्रीमामटाभिधे (धे) । आद्यायास्तु स्त्र (त्र) यः पुत्रा द्वितीयायाः सुतद्वयं (यम्) ॥४७॥ पंचाचारपरायणात्ममतयः ॥ पंचांगमंत्रोज्व (ज्ज्व) लाः । पंचज्ञानविचारणासुचतुराः ? पंचेन्द्रियार्थोज्जयाः । श्रीमत्पञ्चगुरुप्रणाममनसः पंचाणुशुद्धव्रताः पंचैते तनया गृह [तिवि] नयाः श्रीसीयकश्रेष्ठिनः ॥४८॥ आद्य [:] श्रीनागदेवोभूऽल्लोणाकश्चोज्व (ज्ज्व) लस्तथा । महीधरो देवधरो द्वावेतावन्यमातृजौ ॥४९॥ उज्व (ज्ज्व) लस्यांगजन्मानौ श्रीम [द] ल्लंभलद्मणौ । अमतां भुवनोद्भाशियसो (शो) दुल्लंभलद्मणौ ॥५०॥ गांभीर्यं जलधेः स्थिरत्वमचलात्तेज—

१८ स्विता (तां) भास्वतः ॥ सौम्यं चन्द्रमसः सु (शु) चित्वममरश्री (स्रो) तस्विनीतः प (रम्) [।] एकैकं परिगृह्य विस्व (श्व) विदि [तो] यो वेधसा सादरं मन्ये वी (वी) जकृते कृतः सुकृतिना सः लोल्लकश्रेष्टि (ष्ठि) नः ॥५१॥ अथागमन्मं [दिरमे] घ कीर्त्तेः श्रीवि [ध्यव] ल्लीं धनधान्यव (ब) ल्लीं (ल्लीम्) । तत्राशु [लोचे श्रभि] [तल्पसुप्तः] कंचिन्नरेशं (शं) पुरतः स्थितं

सः ॥५२॥ उवाच कस्त्वं किमिहाभ्युपेतः कुतः स तं प्राह फणीस्व (श्व) रोहं (हम्) पाताल मूलात्तत्र देशनाय [श्री] पार्श्वनाथः स्वयमेष्यतीह ॥५३॥ प्रातस्तेन समुत्थाय न कं (किं) चन विवेचितं (तम्)। स्वप्नस्यांतर्म्मनोभावा यतो वातादिदूषिताः ॥५४॥ लोला—

१६ क [स्य] प्रियास्तिस्रो (स्रो) व (ब) भूवुर्म्मनसः पियाः ॥ (।) ललिता कमलश्रीश्च लक्ष्मी र्ल्लक्ष्मीसताभयः ॥५५॥ ततः स भक्तां ललितां व (ब) भाषे गत्वा प्रियां तस्य निसि (शि) प्रसुप्तां (प्ताम्) [।] शृणुष्व भद्रे धरणोहमेहि श्री [पार्श्वनाथं] [खलु द] र्शयामि ॥५६॥ तया स चोक्तो [म] ⏑ — ⏑ य [त्व (त्वं] न्न (न) हि] सत्यमे तत्। श्रीपार्श्वना थस्य समुद्धृतिं स प्रासादमर्च्चां च करिष्यतीह ॥५७॥ गत्वा पुनर्ल्लोलिकमेवमूचे भो भक्तशक्तानुगतारिक्त। देवं धने धर्म्मविधौ जिनेष्टौ श्रीरेवतीतीरमिहाप पार्श्वः ॥५८॥ समुद्धरैनं कुर (रु) धर्म्मकार्यं त्वं कारय श्रीजिनचै—

२० त्यगेहं। येन पश्यसि श्रीकुलकीर्ति पुत्र पौत्रोत्क संतानमुखादि वृद्धिं (द्धिम्) ॥५६॥ त [दे] [वदभी] माख्यं व (त्र) नर्मद निवासो जिनतेस्त एते प्रावाणाः (णः) शठकमठ मुक्ता गगनतः। सदा (दा) ग [मः] [शश्वत्त] दुवनयनः कुंडसरित (तो) स्तदत्रै तत् स्थानं ⏑ — ⏑ [नि] गमं प्राप परमं (मम्) ॥६०॥ अत्रास्त्युत्तममुत्तमादि (द्रि) सिष (शिख) रं साद्धु (धि) ष्ठमंत्रो-च्छ्रितं।....तीर्थं श्रीवरलाइकात्र परमं देवंनिमुक्ताभिधः। मत्यश्नात्र घटेस्व (श्व) रः सुरनतो देवः कुमारेस्व (श्व) रः सौभाग्येस्व (श्व) रदक्षिणेस्व (श्व) रः सुरनतो देवः कुमारेस्व (श्व) रः सौभाग्येस्व (श्व) रदक्षिणेस्व (श्व) रमुरो मार्कंडेस्व (श्व) रौ ॥६१॥ सत्योवरेस्व (श्व) रो देवो ब्रह्मगर्द्येस्व (श्व) रावपि। कुटि-

२१ लेशः कर्करेशो यत्रास्ति कपिलेस्व (श्व) रः ॥६२॥ महानालमहाका (लम) रथेस्व (श्व) रसंज्ञकाः। श्रीत्रिपुष्करतां प्राप्ता [ः संति] त्रिभुवनार्च्चिताः ॥६३॥ क (की) र्त्तिनाथं (थ) च (श्च) [के] [दारः]........मित्राभिनः [।] संगमीसः (मेशः) पुटीस (श) श्च मुखेस्व (श्व) र [वटे] स्व (श्व) राः [॥६४॥] नित्यप्रमोदितो देवो सिद्धेस्व (श्व) रगया (ये) सु (श्व) राः [।] गंगामेद [श्च] सौमी (मे) शः गंग (ङ्गा) नाथत्रिपुरांतकाः ॥६४(६५)॥ संस्नात्री कोटिलिंगानां यत्रास्ति कुटिला ना (न) दी। स्वर्गामालेस्व (श्व) रो देवः मम कपिलधारयाः? ॥६५ (६६)॥ नाल्प-मृत्युर्न्न वा रोगा न दुर्भिक्षमवर्षणं (णम्)। यत्र देवप्रभावेन कलि-

२२ पंकप्रधर्षणं (णम्) ॥६६ (६७)॥ षण्मासे जायते यत्र शिवलिंगं स्वयंभुव (वम्)। तत्र कोटीस्व (श्व) रे तीर्थे का श्लाघा क्रियते मया ॥६७ (६८)॥ इत्येवं ज ⏑ — ⏑ — ⏑ ⏑ — — — ⏑ — — ⏑ — — — — ⏑ ⏑ — ⏑ — ⏑ ⏑ ⏑ — : ....

कृत्वावतारक्रियां (याम्)। कर्त्ता पार्श्वजिनेस्व (श्व) रोत्र कृपया सोपाद्य वासः पतेः शक्तेर्यै (र्व्वै) क्रियिक [ः] श्रियस्त्रिभुवनप्राप्ति प्रबोधं प्रभुः ॥६८ (६६)॥ इत्याकर्ण्य वचो विभाव्य

मनसा तस्योरगस्वामिनः स प्रातः प्रतिबु (बु) ध्य पार्श्वं (र्श्वं) मभितः क्षोणीं विदार्य क्षणात्। तीवतत्र विभुं ददर्श सहसा निःप्राकृताकारिणं कुंडाम्यणतं एव धाम दधतं स्वायंभुवं श्रीश्रितं (तम्) ॥६६ (७०) ॥

२३ नाशी (सी) यत्र जिनेंद्रपादनमन नो धर्म्मकर्म्मार्ज्जनं [न] [स्नानं] न विलेपनं न च तपो ध्यानं न दानार्च्चनं (नम्)। ना वा सन्मुनिदर्शनं [न] [‿‿——‿—‿.— [यत्रैतन्निखिलं बभूव सदनं]—‿—‿—[॥७० (७१)]॥ तत्कुंडमध्यादथ निज्जगाम श्रीलीय-कस्यागमनेनपद्मा। श्रीलेत्र।लस्तदपांवि (वि) का च [श्रीज्वा] लिनी श्रीधरणोरगेंद्रः ॥७१ (७२)॥ यदावतारम कार्षीदत्र पार्श्वजिनेश्व (श्व) रः॥ तदा नागह्रदे यक्षगिरिस्तंबः (बः) प्रपात सः ॥७२ (७३)॥ यक्षोपि दत्तवान् स्वप्नं लक्ष्मणः ब्र (ब्र) ह्मचारिणः। तत्राहमपि यास्यामि यत्र पार्श्वविभुर्म्मम ॥७३ (७४)॥ रेवतीकुंड—

२४ नीरेण या नारी स्नानमाचरेत् [।] सा पुत्रं भर्तृसौभाग्यं [ल] [क्ष्मीं च] [ल] भते स्थिरं (रम्) ॥७४ (७५)॥ ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि [वै] [श्यो वा शूद्र एव वा। रेव] तीस्नानकर्त्ता [यः] स प्राप्नोत्युत्तमां गतीं (तिम्) ॥७५ (७६)॥ ध [नं (न्यं)] धा [न्] य [गं धाम धै] र्यं धौरेयतां श्रियं (यम्)। धराधिपतिसन्मानं लक्ष्मीं चाप्नोति पुष्कलां (लाम्) ॥७६ (७७)॥ तीर्थाश्चर्यमिदं जनेन विदितं यद्गीयते सांप्रतं कुस्ट (ष्ठ) प्रेतपिशाचकुज्वररुजाहीनांग गंडापहं (हम्)। संन्यासं च चकार निर्गतभयं घूकसृगाली द्वयं काकी नाकमवाप देवकलया किं किं न संपद्यते ॥७७ (७८)॥ श्लाघ्यं जन्म कृतं धनं च सफलं नीता प्रसिद्धिं मतिः।....

२५ सद्धर्मोपि च दर्शितस्तनुरुहस्वप्नोर्प्पित [:] सत्यता (ताम्)।‿‿‿--रुष्ट दृष्टि-दूषितमनाः सद्दृष्ट (दृष्टा) ष्टिमार्ग्गे कृतो जै [नै]—‿‿—‿--[सुकृति] ना श्रीलोलकश्रेष्ठिनः ॥७८ (७९)॥ किं मेरोः शृंगमेतत् किमुत हिमगिरेः कूटकोटिप्रकांडं किं वा कैलासकूटं किमथ सुरपते स्वर्व्विमानं विमानं (नम्) [।] इत्थं यत्तर्क्यते स्म प्रतिदिनममरैम (र्म) त्यें राजोत्करैर्व्वा मन्ये श्रीलोलकस्य त्रिभुवनभरणादुच्छ्रितं कीर्त्तिपुंजं (जम्) ॥७९ (८०)॥ पवनधुतपत (ता) कापाणितो भव्यमुख्यान् पटुटपहनिनादादाह्वयत्येष जैनः। कलिकलुषमथोच्चैर्दूरमुत्सारयेद्वा त्रिभुवनवि-

२६ [भु] [ला] भान्नृत्यतीवालयोयं (यम्) ॥८० (८१)॥ [काश्चि] [त्तत्र] नकमाचरंति दधते काश्चिच्च गीतोत्सवं का[श्चि]द्वि (द्धि) प्रति तालकं (कं) स (सु) ललितं कुर्व्वंति नृत्यं च काः। काश्चिद्वाद्यमुपानयंति निभृतं [।] वीणास्वरं काश्चन यत्रोच्चैर्द्ध्वजकिंकिणीयुवतयः केषां मुदे नाभवन् ॥८१ (८२)॥ यः सद्वृत्तयुतः सुदीप्तिकलितस्त्रासादिदोषोज्झि तश्चिंतात्यातपदार्थ-दानचतुरश्चिंतामणेः सोदरः। सोभूच्छ्री जिनचंद्रसूरिसुगुरुस्तत्पादपंकेरुहे यो भृंगायत एव लोलक-वरस्तीर्थं चकारैष सः ॥८२ (८३)॥ रेवत्याः सरितस्तटे तरुवरा यत्राह वंयते भृशं ॥

२७ शाखावा (वा) हुलतोत्करैर्न्न [रमु] रान्पुंस्कोकिलानां रुतैः। मत्पुष्पोच्चयपत्रसत्फलचयैराति [र्म] [लै] र्व्वारिभिर्मो भोऽभ्यर्च्चयता भिषेकयत वा श्रीपार्श्वनाथं विभुं (भुम्) ८३ (८४)॥ यावत्पुष्करतीर्थसैकतकुलं यावच्च गंगाजलं यावत्तारकचंद्रभास्करकरा (रा) यावच्च दिक्कुंजराः। यावच्छ्रीजिनचंद्रशासनमिदं यावन्म [हें] द्रं पदं तावत्तिष्ठ (ष्ठ] तु यः प्रशस्तिसहिता सहितं जैनं स्थिरं मंदिरं ((रम्) ॥८४ (८५) पूर्व्वतो रेवतीसिन्धुर्देवस्यापि पुरं तथा। दक्षिणस्यां मठस्थानमुदीच्यां कुण्डमुत्तमं (मम्) ॥८५ (८६)। दक्षिणोत्तरतो वाटी नानावृक्षैरलंकृता। कारितं

२८ लोलिकेनैतत् सप्तायतनसयुतं (तम्) ॥८६ (८७)। श्रीमन्ना (न्ना) [थु] रसि (सं) घेभूद्गुणभद्रश (द्रो) महामुनि [:] कृता प्रस (श) स्तिरेषा श्व (न) कवि [कं] ठ [वि] भूषणा (णम्) ॥८७ (८८)। नैगमान्वयकायस्थछीतिगस्य च सूनुना। लिखिता केस (श) वेनेदं (यं) मुक्ताफलमिव (वो) ज्व (ज्ज्व) ला। ॥८८ (८९)। हरसिग सूत्रधाराय तत्पुत्रो पाल्हणो भुवि? तदंगजेमा (ना) हडेनापि निर्म्मापित (तं) जिनमंदिरं (रम्) ॥८९ (९०)। नानिगः (ग) पुत्रगोविन्दपाल्हण सुतदेल्हणौ। उत्कीर्णा प्रस (श) स्तिरेषा च कीर्त्तिस्तंभं (भः) प्रतिष्ठितं (तः)। ९० (९१)। प्रविद्धिमगमद्देवः काले विक्रमभास्वतः। षड्वि (ड्विं) स (श) द्वादशशते फाल्गुने कृष्णपक्षके॥९१ (९२)॥

२९ [तृ] तीयायां तिथौ वारे गुरु (रौ) स्ता (ता) रे च हस्तके। धृतिनामनि योगे च करणे तैतिले तथा॥९ [२] (९३) [सं] वत् १२२६ फाल्गुन वदि ३ [।] कांवा रेवणाग्रामयोरंतराले गुहिलपुं (पु) त्ररा० दाधरमहं धणसी (सि) हाभ्यां दत्त (त्ता) क्षेत्रडोहली १ [।] खंडुवराग्रामवास्तव्यगौड सोनिगवासुदेवाभ्यां दत्त' (त्ता) डोहलिका १ [।] आंतरीप्रतिगणके रायताग्रामीयमहं (ह) त्तमलौंवडिलोपलिभ्यां दत्त (त्ता) क्षेत्रडोहलिका १ [।] वडौनाग्रामवास्तव्यपारिग्रही आल्हणेन दत्त [त्ता] क्षेत्रडोहलिका १ [।] लघुवीभोलीग्रामसं गुहिलपुत्ररा० व्याहडमहं [ह] त्तमभाहवा—

३० [भ्यां द] त्त (त्ता) क्षे [त्र] डोहलिका १ [।] व (ब) हुभिर्व्वसुधा (धा) भुक्ता राजभिर्भरतादय (दिभिः)। यस्य यस्य [य] दा भूमी तस्य तस्य तदा फलं (लम्) ॥छ॥[2]

---

१ चिन्हाङ्कित पदादि आवश्यक हैं।

२ सर्व प्रथम कविराज श्यामलदास ने इसको सम्पादित करके जर्नल ओफ रोयल एशियाटिक सोसाइटी ओफ बंगाल खण्ड ५५ भा० १ (पृ० १४-१५, २८-३२ तथा ४०-४६) में प्रकाशित किया था। इसके बाद इन्हीं कविराज ने वीरविनोद भा० १ (पृ० ३८३-३८६) में संशोधित रूप प्रकाशित किया था। अब पं० अक्षयकीर्ति व्यास ने डा० एन० पी० चक्रवर्ती की प्रेरणा से एपीग्राफिया इण्डिका खण्ड २६ (पृ० ८४-११२) में सुसंशोधितरूप में प्रकाशित किया है।

१ सिद्धम् । श्रोम् नमो वीतरागाय। चैतन्य स्वरूप, स्वभाव से प्रकट अनन्त ज्ञान की एकनिष्ठा से प्राप्त, सदैव प्रकाशमान, सबसे अधिक विकसित 'स्यात्' पद से सर्वव्यापक अत्यन्त विशद तथा आश्चर्यकर, मोक्ष के सुखका घर तथा नित्य आत्मा से प्रकट कैवल्य रूपी ज्योति को नमस्कार करता हूँ, उसकी स्तुति करता हूँ, उसे जपता हूँ तथा उसकी शरण लेता हूँ ॥ ॥ क्या हमारे बुरे ग्रहों का समूह ग्रस्त नहीं होता है क्या हमारा तीव्र तेज ....तुम्हारा........
२ ....और न जिनका शरीर ही दोष पूर्ण है ऐसे ऋषभ देव हमारे कल्याण के लिए हों ॥२॥ भली सम्पत्ति के धारक संसारी प्राणियों के श्री शान्तिनाथ सहायक हों जिस भगवान के हस्तयुगल के जगमग नखों की कान्ति ऐसी लगती है मानो समस्त विनम्र पुण्यात्मा लोगों को मंगलमयी लक्ष्मी को स्थिर करने के लिए रस्सियों के फंदे ही डाल दिये हों ॥३॥ प्रबल बलवान जिसने नाक की श्वास से पांचजन्य शंख को बजा दिया था .... ।

३ ....चरण कमल के अंगूठे से प्रचण्डदल मलिनी। श्रीकृष्णजी के शार्गधर धनुष को हाथ के अंगूठे से खींचकर चढ़ा दिया था तथा अंगुली से बलदाऊ जी को हिला दिया था उन नेमिनाथ को प्रणाम करता हूँ ॥४॥ ऊँचे परकोटे से सुन्दर, देव-इन्द्रों की भीड़ से भरा, करोरों ध्वजाओं पर लटकती बड़ी बड़ी मणियों की घंटियों की ध्वनि से सब तरफ शब्दायमान जिनकी व्याख्यान भूमि (समवशरण) को 'अहह यह क्या है!' ऐसे आश्चर्य के साथ लोगों से ४ देखी जाती है उन तीर्थंकर पार्श्वनाथ की सारे संसार में विजय हो ॥५॥ चौबीसवें तीर्थंकर वर्द्धमान स्वामी की सदैव वृद्धिगत माहात्म्य खूब बढ़े। वर्द्धमान की आकृति के इस जिनालय का विकासोन्मुख उत्सव सदैव बढ़े ॥६॥ सारके सम्पर्क भक्तों तथा सारके खण्डक अभक्तों को त्रैलोक्य के सारभूत ज्ञान दान को देने में पटु भक्तों को भोग तथा मोक्ष की प्राप्ति कराने में सफल कान्ति से सुशोभित भारती की स्तुति करता हूँ।

श्री ऋषभदेवादि अन्य समस्त जिनपतियों की विधिपूर्वक उपासना करता हूँ। दूसरों की दया रूपी जल के ये खजाने हैं, पर ज्योति के उत्कृष्ट पात्र होने के कारण मोक्ष को प्राप्त ये जिन ५ पति मोक्ष लक्ष्मी रूपी स्त्री के स्तनों पर लटकती माला के समान हैं ॥८॥ भव्यजीवों के मनोहर हृदयों में निवासी, सत्य धर्म के मर्म के प्रतिष्ठापक, आठों कर्मों को नष्ट करने वाले साथी, कल्याण की परम्परा, निर्दोष ज्ञान के उत्थापक, प्राणिमात्र के उपकार करने में लीन, कल्याण तथा लक्ष्मी के विस्तार और संसार के नाशक चौबीसों तीर्थंकर मुझे शुद्ध बुद्धि देवें ॥९॥

महाराज श्री चाहमान राजा का प्राचीन वंश लोकोत्तर है। जिसमें न जड़ता आयी है न जिसकी परम्परा टूटी है न जो सहायक हीन है न जिसमें कोई फूट है। वह सब प्रकार से मान्य ६ और समर्थ है ॥१०॥ सौन्दर्य की निर्मल विशाल कान्ति से देदीप्यमान शरीरधारिणी, निर्मल तथा

लहराते शुद्ध दूध के समान वस्त्रों से वेष्ठित, उन्नत पर्वतों के समान रत्नों के भार से झुकी शाकंभरा देवी के वंश में चाहमान के बाद विष्णु (वासुदेव) राजा हुए थे ॥११॥ अहिच्छत्रपुर के श्रीवत्स गोत्र में राजर्षि सामन्त हुए थे। इनके आश्रित अनेक सामन्त राजा थे। इनसे पूर्णतल्ल राजा का जन्म हुआ था ॥१२॥ पूर्णतल्ल के बाद श्री जयराज, विग्रहनृप, चन्द्र, गोपेन्द्रक हुए। ७ इनसे दुर्लभ, गूवक, शशिनृप, गूवाक, चन्दन, वप्पयराज, विन्ध्यनृपति सिंहराट्, विग्रह, दुर्लभ (द्वि०) गुण्डु, वाक्पति और इनके अनुज वीर्यराय हुए थे ॥१३॥ राणकवर श्री चामुण्डराज के बाद श्री सिंघट तथा दूसल हुए जिनके भाई वीसलराज थे। इनकी पत्नी राजदेवी थी राउल्ल देवी के पति पृथ्वीराज वीसलदेव के आत्मज थे। इनके पुत्र महाराज जयदेव थे जिनकी सोमल्ल देवी रानी थी ॥१४॥ श्री मार्गा और दुर्द सहित चच्चिग, सिंघलाभिध तथा ८ यशोराज नामके तीन वीरों को मार कर जिसने क्रूर काल के मुख में फेंक दिया था। संग्राम क्षेत्र में जीवित ही सोल्लण नाम के प्रधान दण्डनायक को आंख दिखा कर ऊँट पर ही कील दिया था। ॥१५॥ इनके पुत्र अर्णोराज थे क्योंकि इनके हृदय में हरि रहते थे, बलयुक्त थे शिष्टता की सीम थे, गम्भीरता और उदारता में सर्वोपरि थे, तुरन्त ही मध्याह्न को प्राप्त हुए थे और न-दीन (समुद्र) थे। इस प्रकार समुद्र तुल्य होकर भी इनमें न जड़ (ल) ता थी, और न अनाचार रूपी महा कीचड़ था, न इनका कोई मन्थन कर सकता था, न इनसे श्री निकल गयी थी, न इन्हें दोषवान् (चन्द्रमा) से रति थी और न इनके पास दोगले (सांप) ही रहते थे ॥१६॥

९ जिसने अपने राज्य के द्वारा स्वयमेव कुश (कन्नौज) तथा वारणों (बुलन्द शहर) का तिरस्कार किया था इसे हम उसका आश्चर्यकर कार्य ही मानते हैं। आश्चर्य कर तो यही है कि इस पुण्यात्मा ने निर्वाणनारायण (नरवर्मन) का भी तिरस्कार करके देवराज की प्रगति में योग दिया था।१७। पृथ्वी मण्डल के विकास का कर्ता विग्रह राज इनसे उत्पन्न हुआ इसमें क्या आश्चर्य है। आश्चर्य तो यही है कि अर्णोराज का पुत्र होकर भी वह जड़ शीत और सकलंक (चन्द्रमा के समान) नहीं था।१८। स्वयं परम कान्तिमान् उसके हाथ में पकड़ी गयी तलवार निर्दयता को धारण करती हुई शत्रुओं की कान्ति को समाप्त कर देती थी और इसके प्रताप का विस्तार करती १० थी। १९। इसके राज्यकाल में असज्जनता के कारण केवल सज्जन नामका राजा ही यम के मार्ग पर गया था तथा कुन्त (जालोर) देश का राजा ही कुन्तधारियों के पालक इनके द्वारा कुन्त (जालोर) हीन किया गया था।२०। कुन्तों की राजधानी जावालिपुर को इसने आग लगा दी थी, पाली को पल्ली (भीलों की बस्ती) कर दिया था तथा क्रोध में आकर नडुल को नड्वल के समान कर दिया था।२१। आशिका (हांसी) की विजय से प्रसारित तथा दिल्ली के अधिकार के कारण थके अपने यश को इसने इन नगरों की गली गली तथा छज्जे छज्जे पर विश्राम करने दिया था।२२। विग्रहराज के बड़े भाई के पुत्र पृथ्वीराज (द्वि०) थे। ये पृथु के समान थे। इनके

११ दान से ही सोना इकट्ठा करके हेम पर्वत (कैलाश) सोने का हुआ था ।२३। अत्यन्त धर्मात्मा श्री पृथ्वीराज (द्वि०) ने भुक्ति और मुक्ति के लिए **स्वयभूत पार्श्वनाथ** जी के मन्दिर को मोराझरी नामका गाँव दिया था ।२४। जिसने स्वर्ण आदि दश प्रकार की महामूल्य वस्तुओं के तुलादान देकर विप्रों का समादर किया था तथा वस्तपाल भूपति पर आक्रमण करके उसका 'मनसिद्धि' हाथी छीन लिया था । २५ । इनके बाद सोमेश्वर राजा हुए थे जिन्हें सोमेश्वरनाथ की भक्ति से राज्य प्राप्त हुआ था अतएव वे सोमेश्वर के भक्त थे तथा इनके राज्य में प्रजा का कल्याण हुआ था ।२६। अपने प्रबल प्रताप के कारण ये 'प्रताप लंकेश्वर' नाम से ख्यात हुए थे। १२ इनसे सामना पड़ने पर बड़े से बड़े वैरी या तो भाग जाते या मारे जाते थे । २७ । स्वर्ग प्राप्ति की इच्छा से सोमेश्वर महाराज ने रेवा तीर पर बसे रेवण ग्राम को **स्वयंभूत पार्श्वनाथ** के मन्दिर को दान रूप से दिया था । २८ । छ । अथ कारक वंशानुक्रमः—

श्री नेमिनाथ के तीर्थकाल तथा कृष्णजी के राज्य में बलशाली देवों और दैत्यों के द्वारा समुद्रमन्थन किये जाने पर ।२९। देव समूह के लिये श्री समादरणीय उत्तम वंश निकला था जिसे इन्द्र ने **श्रीमाल** (भिनमाल) पुर में बसाया था । ।३०। श्रीमाल पर्वत के उन्नत शिखर के समान अनादि तथा अनन्त, सामर्थ्य में महान् सदाचारधारी यह **प्राग्वाट** वंश है । उसमें मुक्त जीव तथा मोती के समान **वैश्रवण** नामके व्यक्ति हुए थ ।३१। वैश्रवण ने तडागपत्तन में **जिनमन्दिर** १३ बनवाया था, जो घूम फिरकर एक स्थान पर स्थिर हुए यश के समान लगता था ।३२। जिसने व्याघ्रेरक (बाघेरा) आदि स्थानों पर चन्द्रमा के समान धवल **जिनमन्दिर** बनवाये थे। ये मन्दिर कीर्ति रूपी वृक्षों के उद्यान को बढ़ानेवाले निर्दोष तनों के समान सुशोभित हैं ।३३। लहरों से बढ़े समुद्र के समान कीर्तिमान् सन्मति रूपी सुन्दरी वधु को धारण करने में विष्णु, तथा प्राणिमात्र का उपकार करने से विशाल हृदय **चच्चुल** नामका इनका आत्मज था ।३४। सज्जनों तथा महापुरुषों द्वारा **प्रशंसित शुभंकर**; चच्चुल के पुत्र थे। इनसे श्री **जासुट** हुए थे जिनसे श्री १४ **पुण्यराशि** उत्पन्न हुए थे। ३५ । जिनके द्वारा बनवाया गया श्री नारायण क्षेत्र पर खड़ा **भगवान् वर्द्धमान** का मन्दिर आज भी इनके पुण्य वृक्ष के तने के समान सुशोभित हो रहा है। ३६ । इसको दो पत्नियों से चार पुत्र हुए थे जिनका आचरण शुद्ध था, शुभलक्ष्मी के भाजन थे तथा पितृधर्म के पालक थे। ३७ । एक पत्नी से श्री **आम्भट** और **पद्मट** हुए थे तथा दूसरी से **लक्ष्मट** तथा **देसल** हुए थे । ३८ । विधाता के द्वारा भूतल के समान इन लोगों ने **पार्श्वे के नरवर में अपनी सम्पत्ति से भगवान् महावीर** का मन्दिर बनवाने की सामर्थ्य प्रकट की थी। ३९। गुणरूपी रत्नों से पूर्ण, निर्दोष शरीर, समान स्वभाव तथा बलशाली, भाले तथा संयमी **मुनीन्दु** तथा **रामेन्दु** नामके दो पुत्र लक्ष्मट के हुए थे । ४० । षट् खण्ड आगम के १५ दृढ़ भक्त षट् काय के जीवों के रक्षक, छहों इन्द्रियों के जीतने को कटिबद्ध, षट् कर्मों के पालन में जागरूक, छहों खण्ड भारत में फैली कीर्ति की रक्षा में यत्नशील, षाड्गुण्य की चिन्ता में

लीन, षट् दर्शन रूपी कमलों के लिए सूर्य ऐसे देसल के छः पुत्र हुए थे।४१। सेठ दुद्कनाथ इनमें जेठे थे इनसे छोटे मोसल विशदि तथा देवस्पर्श थे। इनके बाद क्रमशः सोयक और राहक हुए थे। ये जिन चरणरूपी कमलों पर भौंरे थे अपनी दानशीलता के कारण १६ सैकड़ों राजाओं से समादृत थे तथा जम्बूद्वीप की शोभा थे। ४२। अजयमेरू (अजमेर) का अलंकारभूत श्री वर्द्धमान मन्दिर इन्हीं भाग्यशालियों ने बनवाया था। यह मन्दिर स्वर्ग के विमान सदृश है।। ४३। इनमें से लक्ष्मी के प्रिय तथा सेठों के अग्रणी सीयक ने अपने धन से मण्डलकर (गढ़) महादुर्ग की सजावट करायी थी। ४४। यह न्याय रूपी पौधे के सींचने में मेघ था, कीर्ति का सबसे बड़ा कोष था, सज्जनता रूपी कमलिनी के विकास के लिए सूर्य था, पाप पहाड़ को तोड़ने के लिए वज्र था, करुणामृत के समुद्र के पूर लिए पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान था तथा प्रतिदिन साधजनों की सेवा आदर के साथ करता था। ४५। जिसने कर्मरिपुजेता भगवान् नेमिनाथ का सुमेरू के समान उन्नत, जगमगाते सोने के सुन्दर दण्डों तथा कलश की कतार की कान्ति से सुन्दर, ध्वजारूपी विजनों से क्रीड़ारत खेचरों की स्त्रियों की थकान को हरनेवाला तथा अष्टापद शैल के शिखर पर बने विशाल जिनमन्दिर की शोभा का धारक १७ मन्दिर बनवाया था। ४६। श्री सीयक की नागश्री और मामटा नामकी दो रनियां थीं। पहिली से तीन और दूसरी से दो पुत्र हुए थे। ४७। श्री सीयक के पाँचों पुत्रों का मन पंचाचार के पालन में लीन था, पंचाङ्ग मन्त्र पाठी थे, पाँचों ज्ञानों की चर्चा में दक्ष थे, पाँचों इन्द्रियों के विषयों के विजेता थे, पंच परमेष्ठी की वन्दना करते थे, पंचाणुव्रतों का निरतिचार पालन करते थे, तथा शिष्टाचार के पालक थे। ४८। बड़े श्री नागदेव थे इनके बाद लोलाक तथा उज्जल थे। दूसरी पत्नी से महीधर और देवधर हुए थे। ४९। उज्जल के आत्मज श्री दुर्लभ और लक्ष्मण थे इनकी अद्भुत पवित्र संसार में व्यापक यश था। ५०।

१८ समुद्र से गम्भीरता पहाड़ से दृढ़ता, सूर्य से तेज, चन्द्रमा से सौम्यता, देवगंगा से उत्कृष्ट निर्मलता, आदि एक, एक गुण को लेकर मानो विधाता ने पुण्य के बीज के लिए ही विश्वविख्यात सेठ लोल्लक को रूचिपूर्वक बनाया था।५१। एक बार यह धन धान्य को बेल तथा कीर्ति के मन्दिर स्वरूप विन्ध्यवल्ली (बिजोली) आया था। वहां शय्या पर सोते हुए इसने किसी श्रेष्ठ पुरूष को अपने सामने खड़ा देखा।५२। लोल्लक ने उससे पूछा तुम कौन हो, क्यों यहां आये हो, कहां से आये हो। उसने लोल्लक से कहा था-मैं फणीश्वर हूं, पाताल मूल से तुम्हें उपदेश देने के लिए आया हूँ कि श्री पार्श्वनाथ स्वयं यहां आयेंगे।५३। प्रातः उसने उठकर स्वप्न के रहस्य पर थोड़ा भी विचार नहीं किया क्योंकि वे वातादि विकार से होते हैं।५४

१९ लोलाक की ललिता, कमलश्री तथा लक्ष्मी नाम की तीन प्रिय पत्नियां थी वे उसे प्राणप्यारी थी और लक्ष्मी की सगी बहिनें थीं।५५। इसके बाद उसने (स्वप्न-पुरूष ने) रात को सोयी लोलक

की भक्त पत्नी ललिता से कहा था–भद्रे सुनो। मैं धरणेन्द्र हूँ। यहीं पर पार्श्वनाथ के दर्शन कराता हूँ।५६। ललिता से कहा गया था·········जो तुमने कहा है वह उचित नहीं है वह (मेरा पति) श्री पार्श्वनाथ को निकालेगा, मन्दिर बनायेगा तथा पूजा करेगा।५७। पुनः लोलक के पास जाकर धरण ने कहा था–देव, द्रव्य, धर्म कार्य तथा जिनपूजा के हे लोकोत्तर भक्त? धनी तथा श्रद्धालु? श्री पार्श्वनाथ यहां रेवती तीर पर आ गये हैं।५८। इनको तुम निकालो, धर्म २० का अर्जन करो, जिनालय बनवाओ जिससे लक्ष्मी, वंश, यश, पुत्र पौत्र विशाल संतान सुख आदि की वृद्धि होगी।५९। यही वह भीम नामका वन है वहां जिन राज का वास है, यहीं वे शिलाएं हैं जिन्हें कमठ शठ ने आकाश से फेंका था, सर्वदा वर्द्धमान यही वह उद्यान, कुण्ड तथा सरिता हैं तथा यहा वह स्थान है जहां (वे) परम सिद्धि को प्राप्त हुए थे।।६०। यहीं पर उत्तमाद्रि का समतल मंच के समान उन्नत शिखर है। यहीं वरलाहक तीर्थ तथा श्रेष्ठ अतिमुक्त नामके देव हैं। सत्य घटेश्वर, देवों से पूजित देव कुमारेश्वर, सोमनयेश्वर, दक्षिणेश्वर, अमुर मार्कण्डेश्वर तथा सिद्धेश्वर।६१। मत्तोंवरेश्वर, देव ब्रह्मेश्वर भी, कुटिलेश, कर्करेश, कपिलेश्वर जहां २१ हैं।६२। महानाल, महाकाल, भग्येश्वर नाम के तीनों लोकों से पूज्य तथा त्रिपुष्कर प्राप्त देवता हैं।६३। कीर्तिनाथ, केदार··········सि स्वामी, मंतमेश, पुटेश मन्नेश्वर, वटेश्वर।६४। देव नित्य प्रमोदित, सिद्धेश्वर, गयेश्वर, गंगाभेद, सोमेशः गंगासागर तथा त्रिपुरान्तक भी यहीं हैं।६५। कोटि लिंगों का स्नान कराने वाली कुटिला नदी जहां है तथा कपिलधारा के साथ स्वर्ण जालेश्वर देव हैं।६६। भगवान के प्रताप से न अपमृत्यु होती है न रोग होता है, न दुर्भिक्ष होता २२ है, न सूखा पड़ता है और कलि के पाप का विनाश होता है।६७। यहां कोटीश्वर तीर्थ थे। छह माह में स्वयंभूत शिवलिंग होता है उसकी मैं क्या प्रशंसा करूं।६८। इस प्रकार से ज·········
······························वैक्रियिक शक्ति धारक धरण। अवतार क्रिया को करके बोला कि तीनों लोकों के प्राणियों को ज्ञान देने वाले वे पार्श्वनाथ जिनेश्वर अब यहां वास करेंगे ६९। धरणेन्द्र के इन वचनों को सुनकर तथा प्रातः जग कर मनसे इनका विचार करके ज्यों ही मिट्टी को खोदता है त्यों ही कुण्ड के पास अकृत्रिमस्वयंभूत भामण्डल युक्त अत्यन्त शोभनीय पार्श्व प्रभु २३ को सहसा देखता है।७०। जहां पहिले जिनेन्द्र चरण नुति न थी, न धर्म कर्म का, न स्नान, विलेपन, तप, ध्यान तथा पूजा थे। न सच्चे मुनियों के दर्शन थे न·········जो यहां इस सबका घर···········।७१। श्री सीयक के आने पर उस कुण्ड के बीच से पद्मा, क्षेत्रपाल, अम्बिका ज्वालामालिनी तथा सर्पाधिराज धरण निकले थे।७२। जब यहां पार्श्व प्रभु ने अवतार किया था। उसी समय नाग ह्रद में वह ख्यात यक्षगिरि का स्तम्भ गिरा था।७३। ब्रह्मचारी लक्ष्मण को यक्ष ने भी स्वप्न दिया था कि मैं भी वहां जाऊंगा जहां मेरे प्रभु पार्श्वनाथ हैं।७४।

२४ रेवतीकुण्ड के पानी से जो स्त्री स्नान करती है वह पति के सुख पुत्र तथा स्थिर लक्ष्मी को

प्राप्त करती है ॥७५॥ ब्राह्मण क्षत्रिय अथवा वैश्य अथवा शूद्र भी जो रेवती कुण्ड में स्नान करता है वह उत्तम गति को जाता है ॥७६॥ धन, धान्य, जमीन, प्रताप, धैर्य, प्रमुखता, बुद्धि, राजसम्मान तथा विशाल लक्ष्मी को पाता है ॥७७॥ इस तीर्थ के सर्व विश्रुत चमत्कार को अब कहता हूँ कुष्ट, प्रेत, पिशाच, कुज्वरादि रोग, अंगहीनता तथा विषाक्त गण्डादि दूर हो जाते हैं। निर्भय होकर उल्लू तथा शृगाली युगल ने सन्धान किया था, उनको स्वर्ग चली गयी देवदृष्टि से क्या क्या नहीं होता है ॥७८॥ पुण्यात्मा श्री लोलक सेठ ने अपना जन्म धन्य किया, धन गहन किया, विवेक को प्रसिद्ध किया, सच्चे धर्म का प्रचार किया तथा अपना सपना सच्चा किया ……
२५ मिथ्या दृष्टि से दूषित लोगों को सम्यक दर्शन के जैन मार्ग पर लगाया ……॥७९॥ क्या यह मेरु का शिखर है, अथवा इन्द्र का अलौकिक विमान है अथवा यह श्री लोलक की तीनों लोकों में व्याप्त कीर्ति का समूह है ॥८०॥ इस प्रकार से प्रतिदिन देवों, तथा नरपतियों के द्वारा उस मन्दिर को देखकर तर्क किया जाता है। यह जैन मन्दिर पवन से चंचल पताका रूपी हाथ से तथा सुन्दर पटह आदि बाजों के शब्द से भव्यों को बुलाता है। अथवा तीनों लोकों के स्वामी के प्राप्त हो जाने से कलिकाल के ताप को दूर भगाता है इसलिए यह जिनालय नाचता सा
२६ है ॥८१॥ कोई आसन लगाये हैं, कोई स्तुति गान करती हैं, कोई बढ़िया ताल देती हुई सुन्दर नृत्य करती हैं, कोई बाजे उठा लाती है, कोई वीणा बजाती हैं, ऐसी वेश घुँघरू धारिणी युवतियां किसे मुदित नहीं करती हैं ॥८२॥

जो सदाचरण भूषित, तेज से व्याप्त, भयादि दोषों से रहित, मन से सोची वस्तुओं के देने में कुशल अतएव चिन्तामणि के सहोदर हैं वे श्री जिनचन्द्र सूरि गुरु हुए थे। जिनके चरण कमलों में भौरें के समान सेठ लोलक ने इस तीर्थ को किया था ॥८३॥ रेवती नदी के तट पर स्थिर श्रेष्ठ वृक्ष शाखा रूपी भुजाओं लतारूपी अंगुलियों तथा कोकिलों की ध्वनि से देवों और
२७ मनुष्यों को पुकारते हैं कि हमारे अत्यन्त निर्मल फूल, पत्ते तथा फल राशि एवं पानी से भगवान् पार्श्वनाथ का अभिषेक करो पूजन करो ॥८४॥ जब तक सैकतयुक्त पुष्कर तीर्थ है, गंगा जल है, तारे, चन्द्र तथा सूर्य हैं, दिग्गज हैं, श्री जिनचन्द्र का शासन है तथा महेन्द्र का पद है तब तक स्वर्गीय एवं प्रख्यात यह पुष्ट जिन मन्दिर रहे ॥८५॥ पूर्व में रेवती सिन्धु तथा देवपुर हैं, दक्षिण में मठस्थान है, उत्तर में उत्तम कुण्ड है ॥८६॥ दक्षिणोत्तर में नाना वृक्षों
२८ से भूषित वाटिका है। सम आयतन युक्त इसे लोलिकने बनवाया था ॥८७॥

माथुर संघ में गुणभद्र नाम के महामुनि हुए थे उन्होंने कवियों के कण्ठों का हार इस प्रशस्ति को बनाया था ॥८८॥ नैगम (निगम) कायस्थ छीतिग के पुत्र केशव ने मोतियों के समान स्पष्ट इसे लिखा था ॥८९॥ सूत्रधार हरसिग के पुत्र पाल्हण थे, इनके पुत्र आहड ने यह मन्दिर बनाया था ॥९०॥ नानिग के पुत्र गोविन्द तथा पाल्हण के पुत्र देल्हण ने इस प्रशस्ति को खोदा

था ॥९१॥ विक्रम सम्वत् छब्बीस सहित बारहसौ के फाल्गुन कृष्ण पक्ष में यह देवालय प्रतिष्ठित २६ हुआ था ॥९२॥ तिथि तृतीया, वार गुरुवार, हस्तक नक्षत्र, धृति योग तथा तैतिल करण था ॥९३॥ संवत् १२२६ फाल्गुन वदि ३ ।

कांवा (कामा) तथा रेवत (रंगोजपुरा) के बीच में स्थित क्षेत्र डोहली को गुहिलपुत्र रावल दाधर मं० घणसिंह ने दिया था। खंडुवर (खाडीपुर) ग्रामवासी सोनि तथा वासुदेव गोडने डोहलिका दी थी। बांवरी (उपरवाज) परगना के रायना, ग्राम के महतो लोवंडि पोपलि ने क्षेत्र डोहलिका दी। वडौर (वडोवा) ग्रामवासी पारिग्रही आल्हण ने क्षेत्र डोहलिका दी। लघुवीझोली (छोटी बिजोली) ग्राम के गुहिलपुत्र रावल व्याहरु महतो माहव ने क्षेत्र डोहलिका दी। भरत आदि अनेक राजाओं ने पृथ्वी का भाग किया है। जब जिस जिसकी भूमि थी तब उसे उसे दान का फल मिला है।[1]

---

1 विवेचनादि अगले अंक में।

-- संपादक : श्री प्रो० खुशालचन्द्र गोरावाला एम. ए. साहित्याचार्य

कन्नड़-साहित्य में जैनसाहित्यकारों का स्थान

[ले०—श्री अणाराव, सेडवाल]

प्रस्ताविक—

कन्नड़ साहित्य की सार्वभौमिक चेतना का दिग्दर्शन उसके प्राचीन साहित्य में तरंगित साहित्यिक मूल्यांकनों से आवेष्टित विचारधाराओं की समृद्ध राशि के उपभोग में ही होता है। इसका प्राचीन साहित्य चिरनवीन-सा दीखता है। इसके प्राचीन साहित्य में गंभीर चिन्तन, समुन्नत हार्दिक प्रसार की झलक मिलती है, साहित्यिक मनीषियों की अथक साधना का जाग्रत् रूप मिलता है। इस साहित्य की व्यापकता की परिधि की रेखाएँ कावेरी से गोदावरी के सुरम्य अंचल को समेटती थीं। कन्नड़ प्रदेश की धरती जैसे कन्नड़ साहित्य की धड़कनों से स्पन्दित थी, इसमें उगने वाले पौधों में भावनाओं के फूल खिलते थे, जिसे देखकर कन्नड़ प्रदेश का प्रत्येक चेता झूम उठता था, आत्मा डोलने लगती थी, मन गा उठता था। धरती और साहित्य के अपूर्व सामञ्जस्य की यह विकास रेखा सामाजिक चेतना को कितना बाँधती होगी, यह युग की साहित्यिक मान्यताएँ ही निर्धारित कर सकेंगी। कन्नड़ स्वाभाविक काव्य प्रयोग में प्रवीण लोगों का देश था,[1] धरती के कण-कण में काव्य के उच्छ्वासों का मन्द संगीत उमड़ता था। अतः जिस साहित्य का प्राचीन इतिवृत्त इतना गौरवमय हो, जिसका स्वर्णिम अतीत विकास की चेतना में अंगड़ाइयाँ ले रहा हो, उसका वर्त्तमान स्वरूप किसी साहित्य की उपादेयता को सशक्त बनाने के लिए मान्य और पूज्य है। जैन साहित्य, तीन महाकवियों और अनेक कवियों की काव्य रस धारा से तीन सौ वर्षों तक परिप्लावित हो कन्नड़ साहित्य की भाव-भूमि पर फूला-फला, उसकी छाया में साँस ली। यहाँ की मेदिनी वीर रस की सबल प्रेरणा से ओज और शौर्य की धारिका रही है। कन्नड़ साहित्य में क्षात्र युग कहलाने वाला सारा काल वीर रस से परिलुप्त है। गंग राष्ट्रकूट पल्लव, चालुक्यों में वीर रस की कविता धारा से साम्राज्याधिपत्य की भावना का सादर उद्रेक हुआ। इस तरह प्राचीन कन्नड़ साहित्य से युग की सामाजिक चेतना अनुप्राणित रही।

पूर्व-पीठिका—

कन्नड़ साहित्य का आरम्भकाल अति प्राचीन है। जैसा कि जैन कवियों का अनुमान है, इस साहित्य की उत्पत्ति प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की पुत्री ब्राह्मी के मुख से हुई। इसकी लिपि निर्धारण उसीने किया। यह प्राचीनतर कन्नड़ साहित्य के प्रारम्भ काल की अपेक्षा उसके बारे

1 "कुरितोदवेयुं काव्य प्रयोग परिणत मतिगळ्"

में हमारे अज्ञान से ज्यादा सम्बन्ध रखता है। अतः उस अज्ञात अपरिमित साहित्य की खोज में न भटक कर ज्ञात परिमित साहित्य पर ही दृष्टि का प्रक्षेप रखना युक्ति संगत है।

९ वीं सदी में राष्ट्रकूट राजा नृपतुंग के कन्नड़ साहित्य मंदिर के वास्तुरचना क्रम से जैन साहित्य का उद्गम होता है। थोड़े ही दिनों में कवि-चक्रवर्ती पंप ने कन्नड़ साहित्य के ऐसे भव्य मन्दिर का निर्माण किया मानो साहित्य के वास्तुरचना क्रम के समझाने का मूर्त्त स्वरूप ही हो। महाकवि पंप के काव्य रम्य, मनोहर और सुन्दर कलाकृति ही नहीं बल्कि कन्नड़ साहित्य के तेज के प्रतीक हैं। निश्चय ही ऐसी कलाकृतियाँ शान्तप्रद, स्निग्ध, पवित्र और उदात्त वातावरण की अलौकिक देन हैं।

कन्नड़ ग्रान्थिक साहित्य के मिलने के पहले कन्नड़-साहित्य क्षेत्र कितना विस्तृत था, उसकी रूप-रेखा क्या थी, इस सम्बन्ध में विशद-विचार एकत्रित करने पर ही आगे के लिए विषय-विवेचन पर थोड़ा प्रकाश पड़ेगा।

'कविराज मार्ग' पुराने कन्नड़ साहित्य के बारे में प्रामाणिक कथन करता है। उसमें नृपतुंग ने किसी हलगन्नड़ (पुरानी कन्नड़) रामायण के कतिपय पद्यों का उदाहरण दिया है। इसके अतिरिक्त वह कहता है कि "मैं तिरूल गन्नड़ में (परिष्कृत कन्नड़) लिख रहा हूँ"। इससे यह स्पष्टतः उल्लेख मिलता है कि उसके पहले भी कन्नड़ साहित्य का अस्तित्व वर्त्तमान था जो हलगन्नड़ (पुराना कन्नड़) कहलाता था। पुष्ट प्रमाण की प्रतीति उसके काव्यगत लक्षणों के ज्ञान से भी होती है। इन प्राचीन काव्यों का उल्लेख करते हुए वह कहता है कि ये देशीय काव्य के लक्षण हैं:—

"चिताणमुम् बेदंडेयुमेंदीगडिन नेगल्तेय कब्बदोल्"

अतः उसके द्वारा प्रस्तुत यह हलगन्नड़ काव्य प्रकार का मार्मिक विवेचन है। इतना ही नहीं उसने अपने श्री विजय कवीश्वर पण्डित, चन्द्र, लोकपाल[1] आदि कवियों का ज्ञातव्य उल्लेख भी किया है। गद्य लेखकों में उसके द्वारा लिखित निम्न नाम हैं—विमलोदय, नागार्जुन, जयबन्धु, दुर्विनीत[2] आदि। अतः इससे कन्नड़ साहित्य के पूर्व अस्तित्व का पूर्ण पता चलता है और कवियों और गद्य लेखकों की प्रामाणिकता का योगदान तो इसमें है ही। कवि पम्प ने अपने पूर्वकालीन कवियों का उल्लेख करते हुए कहा है:—

१ पग्म श्री विनय विजयकवीश्वर पंडित चंद्र, कोकपाला दिगल।
निरतिशय वस्तु विस्तर। विरचनेरवक्षं तदाद्य काव्यककंदु।

२ विमलोघ नागार्जुन। समेत जयबंधु दुर्विनाता दिगली।
क्रमदोल तेग लिय गद्या। श्रयपदु गुरुता प्रतीतियेंते टकोंडर। (कविराज मार्ग)

श्रीमत् समन्तभद्र। स्वामिगल जगत् प्रसिद्ध परिमेष्ठी"
स्वामिगल पूज्यपाद। स्वामिगल पदंगर्लागे शाश्वत पदम्।"

अर्थात्—समन्तभद्र, कवि परिमेष्ठी और पूज्यपाद का स्मरण किया है इन तीनों में समन्तभद्र ने मुल्लकहल्ली गाँव में तपस्या की थी। पूज्यपाद का जन्म स्थान कर्नाटक का कोल्लागालपुर और इनका ननिहाल "मुदिगुंडपेंयग्राम" में था। हमारे इस कथन की पुष्टि देवचन्द्र के 'राजावलि कथा' से भी होती है। कवि परिमेष्ठी संस्कृत और प्राकृत ग्रंथों के कन्नड़ टीकाकार हैं।

दुर्गसिंह (ई० सं० ११४५) ने श्री विजयर कवि मार्ग का उल्लेख करते हुए कन्नड़ साहित्य की समृद्धता की ओर संकेत किया है।

पूज्यपाद ने "जैनेन्द्र व्याकरण" में बताया है—"मैंने छः प्रसिद्ध व्याकरणकर्ताओं के मार्ग का अनुसरण किया है।" उन छः व्यक्तियों में समन्तभद्र का भी नाम है। पंचम अध्याय में "झयो हः" इत्यादि सूत्र चतुष्टय को "समन्तभद्राचार्य मतेन भवति—तथा च उदाहृतम्" ऐसा लिखा है। इससे सिद्ध होता है कि समन्तभद्र का एक व्याकरण भी है। अकलंक भट्ट ने शाब्दिक न्यायकारों का वचन कहकर "यदाह भगवान् परमागमसूत्रकारोऽपि सद्द्रव्य लक्षणमिति" लिखा है। इससे भी स्पष्ट मालूम होता है कि समन्तभद्र का परमागम सूत्र संस्कृत में होगा। इसीका विजयन ने 'कविमार्ग' को 'कविराज मार्ग' में बढ़ाकर नृपतुंग ने परम सरस्वती तीर्थावतार' नाम दिया होगा। यदि हमारे इस तर्क की पुष्टि किन्हीं अन्य प्रमाणों से हो सके तो हम यह कह सकते हैं कि समन्तभद्र का कोई कन्नड़ व्याकरण भी रहा होगा।

हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि संस्कृत के प्रसिद्ध जैन ग्रंथ आदिपुराण और उत्तर पुराण जिन्हें सम्मिलित रूप में महापुराण कहा जाता है कन्नड़ कवि परिमेष्ठी के एक गद्य ग्रंथ के आधार पर लिखे गये हैं। स्वयं जिनसेनाचार्य ने अपने आदिपुराण में कहा है:—

स पूज्यः कविभिर्लोके कवीनां परमेश्वरः।
वागर्थसंग्रहं कृत्स्नं पुराणं यः समग्रहीत्॥

हमारा यह कथन निर्मूल नहीं है बल्कि इसकी पुष्टि उभयभाषाचक्रवर्ती कवि हस्तिमल्ल के विक्रान्त कौरवीय नाटक की प्रशस्ति से भी होती है। कवि ने लिखा है:—

तच्छिष्य प्रवरो जातो जिनसेनः मुनीश्वरः।
यद्वाङ्मयम् पुरोरासीत् पुराणं प्रथमं भुवि॥

इस पद्य से जिनसेन का पुराण जैन संस्कृत साहित्य में सर्वप्रथम मालूम होता है। हमारा ख्याल है कि आठवीं सदी के पूर्व त्रिषष्टिशलाका पुरुषों का चरित्र जैनों द्वारा संस्कृत में नहीं लिखा गया था। इसीलिए हस्तिमल्ल ने इसे प्रथम महापुराण कहा है।

चामुण्डराय ने (सन् ९७८) कवि परिमेष्ठी की स्तुति करते हुए बताया कि इन्होंने त्रिषष्टि-

शलाका पुरुषों का चरित्र कन्नड़ में लिखा है। अतः हमारे उपर्युक्त कथन की सम्यक् सिद्धि हो जाती है कि संस्कृत साहित्य में जिनसेन का महापुराण ही प्रथम महापुराण है।

चरितपुराण दो लो दने। वरेदर बरेदिक्कीदर त्रिपष्टिशलाका ॥
पुरुषर पुराणनं कवि । परमेशरन्ते जसके नोंतरु मोल रे ॥

चामुण्डराय ने कवि परमेश्वर के जिस चरित्र पुराण के बारे में लिखा है वह पद्यकाव्य होगा। उसीको उसका प्रधान काव्य समझकर नृपतुंग ने इन्हें कन्नड़ पद्यकार माना है।

कविराजमार्ग में उल्लिखित विमल अभ्युदय जयबन्धु के अतिरिक्त नागार्जुन, दुर्विनीत, वर्द्धनदेव आदि कवि भी प्रसिद्ध कन्नड़ साहित्यकार हैं। नागार्जुन ने पूज्यपाद चरित्र, दुर्विनीत ने (४७८ ई० सं०) किरातार्जुनीय की कन्नड़ टीका और वर्द्धनदेव ने ९६ हजार श्लोक प्रमाण तत्त्वार्थ महाशास्त्र का कन्नड़ व्याख्यान लिखा है। कई शिलालेख भी कन्नड़ भाषा में उपलब्ध हैं जिनका समय ई० ७ वीं शताब्दी है, उन्हें भी हम कन्नड़ के खण्डकाव्य कह सकते हैं। उदाहरणार्थ एक पद्य उद्धृत किया जाता है—

साधुगे साधु माधुर्यंगे माधुर्यम्
आदिप्प कलिगे कलियुग विपरीतम्
माधव नीतन् पेरनल्ल ॥

इस प्रकार आरम्भ से ही कन्नड़ साहित्य में जैन कवियों ने गद्य पद्य में महाकाव्य और खंडकाव्य रच थे। काव्यों के अतिरिक्त ज्योतिष, गणित, गजशास्त्र, अश्वशास्त्र, आयुर्वेद, छन्दशास्त्र, व्याकरण शास्त्र, कामशास्त्र आदि अनेक शास्त्रों का प्रणयन कन्नड़ भाषा में किया है।

आदि-पंप—

कन्नड़ साहित्य का सर्वश्रेष्ठ कवि पंप हैं। इनका समय ई० सं० ९४१ है। उन्होंने 'आदि पुराण' और 'भारत' ग्रंथों की रचना की है। ये दोनों ग्रंथ चम्पूकाव्य हैं। उन्होंने स्वयं अपने सम्बन्ध में लिखा है—"मेरे विख्यात चिरनूतन, समुद्रवत् गंभीर काव्य मेरे परवर्ती कवियों के लिए प्रमोदप्रद हैं।" पंप के वंशज वैदिक धर्मानुयायी थे। उसके पिता अभिरामदेव राय ने यह कह कर जैन धर्म स्वीकार कर लिया था कि ब्राह्मण जाति के लिए भी कल्याणप्रद जैन धर्म स्वीकार करने योग्य है।

पंप ने आदि पुराण में काव्य के अमृतानन्द के साथ धार्मिक सिद्धान्तों का निरूपण भी किया है। उन्होंने आरम्भ में ही उद्देश्य बतलाते हुए लिखा है:—"नेगलद् आदि पुराण दोलअरिउदु काव्य धर्मम् धर्मकाव्यम्" अर्थात् काव्यधर्म और धर्म दोनों ही इस ग्रंथ से जाने जा सकते हैं। यद्यपि कवि पंप में कल्पनाशक्ति का प्राचुर्य दिखलाई पड़ता है पर तीर्थंकर चरित्र तक ही कथा वस्तु सीमित रह जाने के कारण वे उन्मुक्त रूप से अपनी कल्पना का प्रयोग नहीं कर सके हैं। इसी लिए जहाँ तहाँ नीरस वर्णन भी हैं।

कवि का दूसरा ग्रंथ विक्रमार्जुन विजय अर्थात् 'भारत' है। कवि ने इस ग्रंथ में काव्य तत्त्वों का निर्वाह अच्छी तरह से किया है। कल्पना की उड़ान और मनोरम दृश्यों का चित्रण प्रायः सर्वत्र पाया जाता है। आख्यान में द्रौपदी को केवल अर्जुन की स्त्री ही माना गया है पंच पाण्डवों की नहीं। नारी के नखशिख निरूपण में तो कवि संस्कृत के कवियों से अधिक बढ़ चढ़ कर है। इस ग्रंथ की प्रमुख विशेषता उस सामन्तकाल में भी नारी की महत्ता का प्रदर्शन करना है। कवि ने द्रौपदी को एक अबला पराश्रिता के रूप में ही चित्रित नहीं किया है, बल्कि उसे स्वयं सत्ताशालिनी बतलाया है। वह अर्जुन के लिए जीवन का वरदान है, उसके कार्यों को प्रगति देने वाली दैविक प्रेरणा है और है जीवन की सच्ची संगिनी।

चरित्र चित्रण की दृष्टि से भी पंप के काव्य पूर्णतः सफल हैं।

ओड्ग्य (ई० स० ११७०)—

उन्होंने "कब्बिगर काव" की रचना की है। भाषा और विषय के क्षेत्र में ये क्रान्तिकारी कवि हैं। उन्होंने अपने काव्य ग्रंथों को केवल धर्म विशेष के प्रचार के लिए नहीं लिखा, प्रत्युत काव्य-रस का आस्वादन लेने के लिए ही काव्य का सृजन किया है। यदि इतिवृत्त, वस्तु व्यापार वर्णन, संवाद और भावाभिव्यंजन की दृष्टि से इनके काव्य का परीक्षण किया जाय तो निश्चय ही इनका काव्य खरा उतरेगा।

नयसेन—

१२ वीं शताब्दी के प्रसिद्ध कवि नयसेन ने धर्मामृत, समयपरीक्षा और धर्मपरीक्षा ग्रंथों की रचना की है। धर्मामृत इनका श्रावक धर्म का प्रसिद्ध ग्रथ है। इन्होंने धारवाड़ जिले के मूल-गुन्दा नामक स्थान को अपने जन्म से सुशोभित किया था। उत्तरवर्ती कवियों ने इन्हें 'सुक-विनिकरपिकमाकन्द' 'सुकवि जनमन सरोज राजहंस', और 'वात्सल्यरत्नाकर' आदि विशेषणों से विभूषित किया है। इनके गुरु नरेन्द्र सेन थे। धर्मामृत में कवि ने स्वयं अपने समय के सम्बन्ध में लिखा है:—

> गिरिशिखिवायुमार्गसंख्ययोः लावगगमिन्दी वर्त्तिपुत्तिरे।
> पट्कालयमव्र्वंतिय नन्दनवत्सरो मवतमवं चित्रशशिरद् भाद्रपदमास
> लमद् शुक्लपक्ष दल निरुपमत्य हस्तयुतार्कवारदोल् ॥

इससे स्पष्ट है कवि का समय ई० स० ११२५ है।

भाषा शैली की दृष्टि से नयसेन ने संस्कृत-मिश्रित कन्नड़ का प्रयोग किया है। धार्मिकता के बन्धन में रहने के कारण कवि अपनी कल्पनाशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाया है।

जन्न—

कन्नड़ साहित्य में जन्न, रन्न, पोन्न इन रत्नत्रय कवियों से कौन अपरिचित है। जन्न ने स० ११७० से लेकर १२३५ के बीच अनेक ग्रंथों की रचना की है यह होयसल राजाओं का आस्थान कवि था। इसे कवि चक्रवर्ती की उपाधि थी। पंप की तरह जन्न भी शूरवीर और लेखनी का धनी था। उत्तरवर्ती कवियों ने इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। इसके 'यशोधरा चरित्र' और 'अनन्तनाथपुराण' प्रसिद्ध हैं। इतिवृत्त और कथा के मर्मस्थलों की विशेषता के कारण इनकी रचना चमत्कारपूर्ण है।

पोन्न, रन्न और कर्णार्य कवियों ने भी कन्नड़ साहित्य में विकास के पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। चम्पू साहित्य के निर्माता तो जैन कवि ही हैं।

कर्णपार्य—

कर्णपार्य ने 'नेमिनाथ पुराण' (हरिवंश) की रचना की है। इसमें समुद्र, पहाड़, शहर, सूर्योदय, चन्द्रोदय, वनक्रीड़ा, जलक्रीड़ा, रति, चिन्ता, विवाह, पुत्रोत्पत्ति, युद्ध, जयप्राप्ति, इत्यादि का सविस्तर वर्णन किया है। विप्रलंभ श्रृंगार के वर्णन में तो कवि ने अद्वितीयता प्रकट की है।

नेमिचन्द्र—

'अर्द्धनेमिपुराण' के रचयिता कवि नेमिचन्द्र भी १२ वीं शताब्दी के कवियों में प्रमुख स्थान रखते हैं। उन्होंने संस्कृत-मिश्रित कन्नड़ में संस्कृत छन्द लेकर अपने काव्य का निर्माण किया है। चम्पक शार्दूल वृत्त में प्रायः समस्त ग्रंथ लिखा गया है। अनुप्रास की छटा तो इतनी अधिक दिखलाई पड़ती है जिससे इनके समकक्ष कन्नड़ का शायद ही कोई कवि आ सकेगा।

गुणवर्म—

इन्होंने पुष्पदन्त पुराण की रचना की है। यह ग्रंथ इतिवृत्तात्मक होते हुए भी मर्मस्पर्शी भावनाओं से अछूता नहीं है। कवि ने अपना भाषा-विषयक पाण्डित्य तो दिखलाया ही है साथ ही साथ वर्णनात्मक शैली द्वारा विषय को भी नवीन रूप से प्रस्तुत किया है।

बन्धुवर्मा और रत्नाकर-वर्णी—

आध्यात्मिक साहित्य के निर्माताओं में उक्त दोनों कवियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। कवि रत्नाकर वर्णी ने 'भारतेशवैभव', 'रत्नाकरशतक', 'अपराजितशतक', 'त्रैलोक्येश्वर शतक' आदि ग्रंथों की रचना की है। भरतेशवैभव का माधुर्य तो संस्कृत के गीतगोविन्द से भी बढ़कर के है। यह ग्रन्थ आज कन्नड़ प्रान्त में लोगों का कण्ठहार बना हुआ है। तुलसीदास के रामचरित-मानस के समान इसके भी दो चार पद निरक्षर भट्टाचार्यों को भी याद हैं। संगीत की दृष्टि से इस ग्रंथ का अत्यधिक महत्व है। इस ग्रंथ का रचनाकाल ई० सं० १५५१ है। महाकाव्य और गीत-काव्य का आनन्द इस एक ग्रंथ से ही लिया जा सकता है।

मंगिरस—

संगीत के धुरन्धर आचार्य मंगिरस ने नेमिजिनेशसंगीत काव्य की रचना की है। इस ग्रंथमें कवि ने संगीत की छटा का अद्भुत प्रदर्शन किया है, रागरागिनियाँ उनके चरणों पर लोटती है।

लक्षण-ग्रन्थ—

कन्नड़ जैन कवियों ने लक्ष्य ग्रन्थों के साथ लक्षण ग्रन्थों का भी निर्माण किया है। कन्नड़ साहित्य में उपलब्ध सबसे प्राचीन लक्षण ग्रन्थ 'कविराजमार्ग' ही है। इसमें व्याकरण, छंद, अलंकार, रस आदि सभी का वैज्ञानिक निरूपण है। ऐसा मालूम होता है कि दण्डी के काव्यादर्श का अनुकरण कवि ने किया है। इसके तीन खण्ड हैं—दोषानुवर्णन, शब्दालंकार, और अर्थालंकार। इस ग्रन्थ से पता चलता है कि उस समय कन्नड़ में दो प्रकार की शैलियाँ थीं—उत्तर कन्नड़ शैली और दक्षिण कन्नड़ शैली। अर्थालंकार प्रकरण में ३६ अर्थालंकारों के लक्षण और उदाहरण भेद-प्रभेद सहित लिखे गये हैं। काव्य में शब्ददोष, पदार्थ दोष, वाक्य दोष, वाक्यार्थ दोष आदि का प्रामाणिक वैज्ञानिक विवेचन है। ऐसा मालूम होता है कि कवि ने काव्य के स्वरूप-निर्धारण में रस की अपेक्षा शब्द रचना को अधिक महत्ता दी है।

नागवर्म का (९९० ई० सं०) छन्दोंबुधि' उपलब्ध छंदशास्त्र में सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। यह संस्कृत के पिंगल के छंदशास्त्र के आधार पर लिखा गया है। फिर भी अनुपूर्वी और वृत्त के नामों में पिंगल की अपेक्षा इसमें पर्याप्त अन्तर है। इसमें छः सधियाँ हैं—कन्नड़ मात्रिक छंद और संस्कृत छंदों का विवेचन ही प्रधान रूप से किया गया है।

शब्दकोषों में 'रत्नकन्द' (९९३ ई० सं०) सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। यह पुराने कन्नड़ पदों का नवीन अर्थ व्यक्त करता है। द्वितीय नागवर्म (११४५ ई० सं०) ने 'वस्तुकोष' नामक एक कोष-ग्रन्थ और लिखा, जिसमें संस्कृत पदों का अर्थ कन्नड़ पदों में बताया गया है। रीति पर भी नागवर्म ने प्रकाश डाला है। इन्होंने कहा है—"पदरचनातिशया रीतिः" रीति की परिभाषा है और काव्यों में इसका रहना अत्यावश्यक है। काव्य में अलंकार के अभाव में भी रीति के रहने से माधुर्य और सौन्दर्य की नियोजना हो जाती है। इन्हीं नागवर्म का 'काव्यालोकन' कन्नड़ लक्षण ग्रन्थों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

कन्नड़ व्याकरण पर भी जैन रचयिताओं ने कई महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखे हैं। १२ वीं सदी में नयसेन ने एक महत्वपूर्ण व्याकरण ग्रन्थ लिखा है पर आज यह उपलब्ध नहीं है। इस ग्रन्थ का पता नागवर्म के भाषाभूषण के ७२ वें सूत्र 'दीर्घो' नयसेनस्य" से लगता है। नागवर्म ने 'कर्नाटक भाषाभूषण' लिखकर कन्नड़ के व्याकरण को सुव्यवस्थित बना दिया। यद्यपि इस ग्रन्थ के सूत्र और वृत्ति संस्कृत में हैं पर उदाहरणः अपने पूर्ववर्ती कन्नड़ कवियों से चुनकर लिखे गये हैं, इसमें संज्ञा, संधि, विभक्ति, कारक, शब्द-रीति, समास, तद्धित, आख्यात नियम, अन्वय

निरूपण और निपात निरूपण ये दस परिच्छेद हैं। कुल मिलाकर दो सौ अस्सी सूत्र हैं। व्याकरण ग्रन्थों में केशवराज (११५० ई० सं०) का 'शब्दमणिदर्पण' एक महत्वपूर्ण और बड़ा व्याकरण ग्रन्थ है। इसमें कन्दरूप से सूत्र लिखे गये हैं। व्याकरण नियमों के स्पष्टीकरण के लिए उदाहरण प्राचीन कवियों के गद्य-पद्य से दिये गये हैं। इस व्याकरण ग्रन्थ ने कन्नड़ भाषा को सुव्यवस्थित बनाया है।

नवरस पर 'उदयादित्य अलंकार' जिसमें संक्षेप में चन्द्रालोक की शैली पर रस अलंकार का विवेचन किया गया है एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें पाँच प्रकरण हैं और तीसरे रस प्रकरण में रस का सविस्तार निरूपण है। रस पर कवि साल्व का 'रस रत्नाकर' एक सुप्रसिद्ध रस-ग्रन्थ है। कन्नड़ साहित्य में स्वतन्त्र रूप से रस का विवेचन करने में इससे बढ़कर अन्य कोई ग्रन्थ नहीं है। मनोरम उदाहरण और हाव-भाव आदि का सुन्दर विश्लेषण लक्ष्य और लक्षण शास्त्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

विविध-विषयक साहित्य--

जैन कवियों ने कन्नड़ साहित्य के जन्मकाल से ही उसके सवर्द्धन में पूर्ण सहयोग दिया है। उन्होंने केवल लक्ष्य, लक्षण ग्रन्थों का ही निर्माण नहीं किया अपितु वैद्यक, विज्ञान, अर्थशास्त्र, ज्योतिष आदि विषयों पर भी पूरा प्रकाश डाल उसका कलेवर विस्तृत किया है। शिवमारदेव ने (८०० ई० सं०) 'शिवमारमत' और 'हस्त्यायुर्वेद' शास्त्र लिखा है। १२ वीं शताब्दी में देवेन्द्र मुनि ने बालग्रह चिकित्सा तथा अन्य भी कई आचार्यों की प्रामाणिक कृतियाँ इस विषय पर उपलब्ध हैं।

चन्द्रराज ने (१०७६ ई० सं०) में 'मदन तिलक' कामशास्त्र का ग्रन्थ लिखा है। यह कन्नड़ साहित्य का इस विषय का सबसे आदि ग्रन्थ है। जन्न ने (१२०६) में 'स्मरतंत्र' की रचना काम विषय पर की है।

ज्योतिष विषय पर श्रीधर का जातकतिलक' (ई० सं० १०४६) प्रसिद्ध ग्रन्थ है। यह बेलवल देश के नरगुन्द का रहनेवाला था। ज्योतिष विषय पर भी कन्नड़ में यह आदि ग्रन्थ माना जाता है। जातकतिलक के पश्चात् चामुण्डराय का 'लोकोपकारक' ग्रन्थ सामुद्रिक शास्त्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है।

सूपशास्त्र (पाकशास्त्र) नाम का जयबन्धु नन्दन का एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इस विषय पर अन्य जैन लेखकों की रचनाएँ उपलब्ध नहीं है।

गणित विषय पर कविराजादित्य के (११२० ई० सं०) व्यवहारगणित, क्षेत्रगणित, व्यवहाररत्न, क्षेत्ररत्न, लीलावती, चित्रहसुगे और जैनगणित सूत्र, प्रसिद्ध गणित ग्रन्थ है। व्यवहारगणित गद्यपद्यात्मक है। सूत्र पद्य में और उदाहरण गद्य में लिखे गये हैं।

उपसंहार—

अतः उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि जैन साहित्यकारों ने कन्नड़ साहित्य की महती सेवा की है। कन्नड़ साहित्य की बहुमुखी अन्तश्चेतना को जैनसाहित्यकारों ने दिशा प्रदान की है, इसमें तो सन्देह कतई नहीं। क्या काव्य, क्या ज्योतिष, क्या गणित सभी क्षेत्र को इन्होंने अभिवृद्ध कर कन्नड़ साहित्य को उपयोगी और वैज्ञानिक आभरण सज्जा से आच्छन्न कर दिया है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक निर्घोष के साथ जैन साहित्यकारों ने कन्नड़ साहित्य में नवीन विचारों, अनुमानों का चयन किया है। कन्नड़ साहित्य की सफलता और प्रसारिता के सारे उज्ज्वल रूपों का श्रेय जैन-साहित्यकारों को है।

महावीर संवत्

[ले०—श्री नेमिचन्द्र शास्त्री]

[यह वार्ता ता० १५ नवम्बर को आकाशवाणी पटना से प्रसारित की गई थी। इसमें बताया गया है कि गौतम बुद्ध की मृत्यु भगवान् महावीर के निर्वाण लाभ के १४ वर्ष पहले हुई थी]

—संपादक

आज महावीर संवत् के २४८२ वें वर्ष का दूसरा दिन है। भगवान् महावीर ने विहार की पवित्र भूमि पावा नगरी में कार्त्तिक कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि के समाप्त होते अमावास्या के उषाकाल में निर्वाण प्राप्त किया था। प्राचीन जैनग्रन्थ तिलोयपण्णत्ति में बताया गया है—

कत्तिय किण्हे चोद्दसपच्चूसे सादिणामणक्खत्ते।
पावाए णयरीए एक्को वीरेसरो सिद्धो॥

अर्थात्—कार्त्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अन्तिम प्रहर में जबकि अमावास्या का आरम्भ हो चुका था, स्वाति नक्षत्र के रहते ब्राह्मवेला में श्रीवीरप्रभु ने निर्वाणलाभ लिया।

भगवान् के निर्वाणोत्सव में सम्मिलित होने वाले उनके भक्त और शिष्यों ने उनकी स्मृति सदैव बनाये रखने के लिए तथा संसार के मोह, ममत्व, राग, द्वेष से छुटकारा प्राप्त कर आत्मकल्याण की प्रेरणा देनेवाले निर्वाण की स्मृति सदैव सम्मुख रखने के लिए वीर निर्वाण संवत् आरम्भ किया, इसी का दूसरा नाम महावीर संवत् भी है। इस संवत् के प्रचलन के मूल में धार्मिक भावना सन्निहित है, इसी से यह संवत् धार्मिक माना जाता है, और समस्त जैन संसार में तभी से आज तक इस संवत् का प्रचार चला आरहा है। प्रत्येक लौकिक या धार्मिक अनुष्ठान के आरम्भ में पढ़े जाने वाले संकल्प में इसी महावीराब्द का प्रयोग होता है। प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों, दान-पत्रों, ताम्रपत्रों एवं शिलालेखों में इस संवत् का प्रयोग हुआ है। आज भी मुद्रित होनेवाली पुस्तकों में महावीराब्द ही अंकित रहता है।

यह संवत् गतवर्ष प्रणाली पर आश्रित है अर्थात् गतवर्ष ही इसमें वर्तमान वर्ष माना जाता है। उदाहरणार्थ आज वीर निर्वाण संवत् के २४८२ वर्ष समाप्त हो चुके हैं, अतः इस वर्ष आगामी दीपावली के पूर्व तक २४८२ ही महावीराब्द माना जायगा। इस संवत्सर प्रणाली से जैन विद्वान् प्राचीन भारत में स्वतन्त्र रूप से पञ्चांगों का निर्माण करते थे, जिनका वर्षमान कार्त्तिक कृष्णा अमावास्या से कार्त्तिक कृष्णा चतुर्दशी तक होता था। इस प्रक्रिया के आधार पर पञ्चांग रचने के लिए जैनों में कई करणग्रन्थ आज भी विद्यमान हैं। गुजरात के पार्श्वनाथ जैन पञ्चाग इसी पद्धति पर अभी भी प्रकाशित हो रहा है। उत्तर भारत में भी 'जैन तिथि दर्पण' महावीर संवत् से ही निर्मित होते हैं। इनका प्रकाशन प्रधानतः इन्दौर और सूरत से होता है। प्रत्येक जैन अपने

धार्मिक पर्व और व्रतों को इन्हीं तिथि-दर्पणों के आधार पर सम्पन्न करता है। अतः महावीर संवत् का व्यवहार जैनों में केवल लेखन कार्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के सभी संस्कार और अनुष्ठानों में इसका प्रयोग होता है।

अब तक मैंने आपसे केवल इस संवत् की मान्यता के सम्बन्ध में ही बातें कीं, पर इसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में चर्चा कर लेना भी अप्रासंगिक न होगा। प्राचीन जैन ग्रन्थों में बताया गया है कि वीर निर्वाण के ६०५ वर्ष ५ मास बीतने पर शक राजा हुआ।

णिव्वाणे वीरजिणे छव्वाससदेसु पंचवीरसेसु।
पणमासेसु गदेसु संजादो सगणिओ अहवा॥

अर्थात्—शक संवत् में ६०५ वर्ष ५ महीना जोड़ देने पर महावीर निर्वाण संवत् हो जाता है।

डा० हर्मन याकोबी ने कल्पसूत्र की प्रस्तावना में प्रचलित वीर निर्वाण संवत् में से ६० वर्ष कम करके महावीर निर्वाण ई० पूर्व ४६७ माना है। इनकी इस मान्यता का खंडन स्वर्गीय श्री० डा० के० पी० जायसवाल ने 'बिहार रिसर्च सोसाइटी' पत्रिका में प्रकाशित एक निबन्ध में किया है। श्री जायसवाल जी ने अनेक ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर महावीर निर्वाण ५४५ बी० सी० माना है, जो जैन परम्परा में प्रचलित संवत्सर प्रणाली से ठीक मिलता है।

महावीर संवत् की विशेष चर्चा करने के लिए महावीर के समकालीन व्यक्तियों की चर्चा करना भी आवश्यक है। अब आप मेरे साथ आइये और उस काल के प्रमुख व्यक्तियों के सत्ता समय का अवलोकन कीजिये। भगवान् महावीर के समकालीन ऐतिहासिक व्यक्तियों में बिम्बसार, कोणिक, जिसे अजातशत्रु भी कहा जाता है, महात्मा बुद्ध और मंखलि गोशालक विशेष उल्लेखनीय हैं। बौद्ध साहित्य में राजा बिम्बसार को भगवान् बुद्ध का समकालीन माना गया है, बुद्ध के उपदेश से ही बिम्बसार बुद्ध धर्मानुयायी हुआ था तथा बुद्ध की वृद्धावस्था में बिम्बसार को मारकर उसका पुत्र अजातशत्रु मगध का राजा हुआ। यह पितृहत्या से सन्तप्त होकर बुद्ध की शरण में गया और उनका उपदेश सुनकर बौद्धधर्मानुयायी बन गया। इसके राज्याभिषेक के ८ वर्ष के पश्चात् बुद्ध का निर्वाण हुआ।

जैन ग्रन्थों में बिम्बसार का नाम श्रेणिक बताया गया है। जैन ग्रन्थकार लिखते हैं कि श्रेणिक का पहले नन्दा नामक श्रेष्ठि पुत्री से पाणिग्रहण हुआ था और उस रानी के अभयकुमार नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। जिस समय राजकुमार अभय अपने पिता श्रेणिक के प्रधान मन्त्री के पद पर आसीन था, उस समय राजा श्रेणिक ने अपने लिए वैशाली के राजा चेटक से उनकी पुत्री की कामना की, पर चेटक ने उसकी प्रार्थना स्वीकार नहीं की, जिससे श्रेणिक उदास होकर रहने लगा। मन्त्री अभय ने राजा को धैर्य बधाया और स्वयं उस कार्य को करने का संकल्प किया। व्यापारी के वेष में वह वैशाली पहुंचा और चेटक की सबसे छोटी कुमारी चेलना का अपहरण कर श्रेणिक से

उसका विवाह करा दिया। चेलना ने अपने पति को बौद्ध धर्म से विरत कर जैन बनाने के लिए अनेक उपाय किये और अन्त में एक दिन उसने श्रेणिक को जैन बना ही दिया। पति-पत्नी दोनों भगवान् महावीर की शरण में गये तथा श्रेणिक ने भगवान् की समवशरण सभा के प्रधान श्रोता का पद प्राप्त किया। श्रेणिक रिश्ते में महावीर के मौसा भी थे। श्रेणिक अर्थात् बिम्बसार सम्बन्धी इस उल्लेख से प्रकट होता है कि भगवान् महावीर को सर्वज्ञता ४२ वर्ष की अवस्था में प्राप्त हुई थी तथा इसी अवस्था में श्रेणिक उनके प्रधान श्रोता बने थे। भगवान् महावीर का उपदेश ३० वर्षों तक हुआ, परन्तु श्रेणिक अन्त तक उनके उपदेश के श्रोता नहीं मिलते हैं, इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि श्रेणिक का देहावसान भगवान महावीर के निर्वाण लाभ के पूर्व हुआ था। बौद्ध ग्रन्थ 'दीघ निकाय' में एक स्थान पर आया है कि एक मन्त्री वैदेही पुत्र मगधपति राजा अजातशत्रु से बोला—"महाराज ये निर्ग्रन्थ ज्ञातपुत्र आगये, ये संघ और गण के स्वामी हैं, गण के आचार्य और प्रख्यात कीर्त्तिमान तीर्थंकर हैं, सज्जन मान्य और बहुत लोगों के श्रद्धास्पद होने के उपरान्त ये चिरदीक्षित और अवस्था में अधेड़ हैं।"

इस उद्धरण से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि अजातशत्रु के राज्य के प्रथम वर्ष में ही भगवान् महावीर का आगमन मान लिया जाय तो उस समय बुद्ध की अवस्था ७२ वर्ष की ठहरती है क्योंकि अजातशत्रु के राज्यत्व काल के ८ वें वर्ष में वे ८० वर्ष की अवस्था में निर्वाण को प्राप्त हुए थे। इस प्रसंग में महावीर को अर्धवय कहा गया है, अतः इससे स्पष्ट है कि महावीर की अवस्था उस समय ५० वर्ष की रही होगी। दीघ निकाय के उल्लेखानुसार भगवान् महावीर का निर्वाण अजातशत्रु के राज्यत्वकाल के २२ वें वर्ष में हुआ; क्योंकि इनकी सम्पूर्ण आयु ७२ वर्ष की थी। इस हिसाब से बुद्ध के निर्वाण के लगभग १४ वर्ष पीछे महावीर का निर्वाण हुआ होगा।

जैन ग्रन्थों में अजातशत्रु के सम्बन्ध में उल्लेख मिलता है कि श्रेणिक की मृत्यु के पश्चात् अजातशत्रु और उसके भाई हल्ल एवं विहल्ल का आपस में सेचनक नामक हाथी के स्वामित्व के सम्बन्ध में झगड़ा हुआ। तब हल्ल और विहल्ल हाथी को लेकर अपने नाना चेटक के पास चले गये। अजातशत्रु ने अपने भाइयों के साथ हाथी वापस भेज देने के लिए अपने नाना चेटक के पास दूत द्वारा सन्देश भेजा, पर वैशालीपति ने मगधराज की प्रार्थना स्वीकार नहीं की। परिणाम स्वरूप अजातशत्रु ने चेटक पर धावा बोल दिया और घमासान युद्ध कर वैशाली को बरबाद कर दिया। इस युद्ध का वर्णन जैन ग्रन्थों में 'महाशिला कंटक' के नाम से प्रसिद्ध है।

डा० विसेन्ट स्मिथ ने पासादिक सुत्तत के एक उल्लेख से महात्मा बुद्ध की जीवित दशा में महावीर का निर्वाण होना स्वीकार किया है, परन्तु इस सम्बन्ध में भगवती सूत्र से एक नया प्रकाश मिलता है। बताया गया है कि मंखलिगोशालक ने महावीर के ऊपर तेज लेश्या का प्रयोग किया था, जिससे जनता ने भ्रमवश उन्हें अस्वस्थ समझा और उनके दर्शन के लिए लोग गये। जब

जनता मेडियग्राम के निकट पहुँची तो वालुकाकच्छ के पास तपश्चरण करते हुए महावीर के शिष्य सिंहमुनि का ध्यान टूट गया और प्रभु महावीर की अनिष्ट की आशंका से वह रो उठा, जिससे जनता में महावीर के निर्वाण का असत्य समाचार फैल गया। यही समाचार बुद्ध तक उनके शिष्य आनन्द ने पहुंचाया, इसीका उल्लेख पासाहिक सुत्तंत में है। अतः यह स्पष्ट है कि भगवान महावीर का निर्वाण बुद्ध के निर्वाण से १४ वर्ष पूर्व हुआ और तभी से यह संवत् प्रचलित है।

जैन ग्रन्थों में उल्लखित राजाओं की परम्परा से भी महावीर संवत् पर पूरा प्रकाश पड़ता है। तिलोयपण्णत्ति में बताया गया है।

जक्काले वीरजिणो णिस्सेयस संपयं समावण्णो।
तक्काले अभिसित्तो पालयणामो अवंति सुदो॥

अर्थात्—जब भगवान महावीर का निर्वाण हुआ था, उस समय पालक नामक अवन्तिसुत का राज्याभिषेक हुआ।

पालकवंश के राज्यकाल के साठ वर्ष पूरे होते ही उदयी का मरण हुआ, इसके साथ ही मगध के प्रख्यात शैशु–नागवंश का अन्त हुआ। मगध के राज्य पर नन्द का राज्याभिषेक हुआ और नव पीढ़ी तक नन्द के वंशजों ने कुल १५० वर्षों तक मगध साम्राज्य को भोगा। इस प्रकार महावीर निर्वाण के २१० वर्ष पूरे होते ही चाणिक्य ने अन्तिम नन्द को पदच्युत कर चन्द्रगुप्त मौर्य को मगध का सम्राट् बनाया। यही चन्द्रगुप्त आचार्य भद्रबाहु के उपदेश से विरक्त होकर दि० जैन मुनि बना था तथा मगध में पड़नेवाले बारह वर्ष के दुष्काल के समय आचार्य भद्रबाहु के साथ दक्षिण भारत की ओर गया था। जब दिगम्बर मुनियों का यह संघ कर्णाटक देश में कटवप्र पर्वत के निकट पहुँचा तो संघ के प्रधान आचार्य भद्रबाहु स्वामी ने अपना मृत्युकाल निकट जानकर समस्त संघ को विशाखाचार्य की अध्यक्षता में दक्षिणस्थ चोलपाण्ड देश की ओर जाने का आदेश दिया। चन्द्रगुप्त मुनि आचार्य की सेवा-शुश्रूषा के लिए उनके पास ही रह गये। गुरु की महासमाधि हो जाने पर भी, वह वहीं पर आत्मसाधना करते रहे। बारह वर्षों के पश्चात् जब विशाखाचार्य अपने शिष्यो महित वापस लौटे तो चन्द्रगुप्त को वहीं पर गुरुभक्ति में लीन पाया। पश्चात् विशाखाचार्य के साथ चन्द्रगुप्त ने भी दक्षिण भारत का परिभ्रमण किया। कुछ समय पश्चात् चन्द्रगुप्त के पौत्र महाराज अशोक, युवावस्था में, जब तक उसने बौद्ध धर्म धारण नहीं किया था, वह अपने पितामह के तपश्चरण स्थान के दर्शन करने गया और वहाँ पर एक विशाल जिन मन्दिर बनवाया, जो चन्द्रगुप्त बसति के नाम से आज भी प्रसिद्ध है। यह घटना महावीर संवत् २६६ अर्थात् २६० बी० सी० की है। अशोक ने चन्द्रगुप्त पर्वत पर चन्द्रगुप्त वस्ती के सामने ६५ फीट ७ इंच लम्बे तथा ४ फीट ७ इंच चौड़े

शिलाखंड पर हेलकनकी लिपि में एक शिलालेख खुदवाया, जो आज भी वर्तमान है। इस चन्द्रगुप्त सम्बन्धी वृत्तान्त से स्पष्ट है कि अशोक ने ई० पू० २७४ में राज्यसिंहासन प्राप्त किया था और इसके १४ वर्ष बाद चन्द्रगुप्त वस्ति का शिलालेख अंकित किया है।

जैन ग्रन्थों में पुष्यमित्र को कल्की का अवतार माना गया है। इसने धर्मान्ध बनकर बौद्ध और जैनों पर पर्याप्त अत्याचार किये थे। अतः जैन धर्मानुयायी सम्राट् खारवेल ने दो बार मगध पर आक्रमण किया था। प्रथम बार मथुरा से लौटते हुए तथा द्वितीय बार प्रथम आक्रमण के चार वर्षों के बाद मगध पर आक्रमण किया। द्वितीय बार पुष्यमित्र ने विवश होकर खारवेल से सन्धि की। खारवेल बहुसंख्यक धनरत्न लेकर एवं नन्द द्वारा लाई हुई अपने कुलदेव भगवान् ऋषभदेव की मूर्त्ति लेकर कलिंग वापस लौट गया। इस घटना का समर्थन हाथीगुफावाले शिलालेख से भी होता है। ऐतिहासिक दृष्टि से मिलान करने पर महावीर संवत् के साथ इसका मेल हो जाता है। अतएव भगवान् महावीर के निर्वाण लाभ करने के दिन से अर्थात् आज से २४८२ वर्ष पूर्व महावीर संवत् प्रचलित हुआ था। आज भी नये संवत्सर के दिन पावापुरी में मेला लगता है एवं धूमधाम से निर्वाणोत्सव मनाया जाता है।

भगवान् महावीर का बोधि-स्थान

[ले०—श्रीयुत् नवीनचन्द्र शास्त्री]

कैवल्य-प्राप्ति का स्थान और समय—

भगवान् महावीर को केवलज्ञान की प्राप्ति वैशाख शुक्ला दशमी को मघा नक्षत्र के विजय मुहूर्त्त में षष्ठोपवास के अनन्तर ऋजुकूला या ऋजुपालिका नदी के वामतट पर जम्भक नामक गाँव के निकट शालवृक्ष के नीचे हुई थी। यह स्थान सामग नामक किसान का खेत था और इसके उत्तर-पूर्व की ओर एक मन्दिर था[1]। तिलोय पण्णत्ति में बताया गया है—

वइसाह सुद्ध दहमो माघारि सवम्मि वीरणाहस्स।
रिजूकूल नदीतीरे अवरण्हे केवलं णाणं ॥अ० ४ गा० ७०१

अतः यह निश्चित है कि दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदाय के आगम ग्रंथों के अनुसार भगवान् महावीर को केवलज्ञान की प्राप्ति ऋजुकूला नदी के किनारे जृम्भिक या जम्भक गाँव के किसी खेत में शालवृक्ष के नीचे हुई थी। इस जम्भक या जृम्भिक गाँव के सम्बन्ध में विद्वानों में अनेक मतभेद हैं।

विभिन्न मान्यताएँ—

श्री बाबू कामताप्रसाद जी ने झरिया को जम्भक गाँव माना है। आपका कहना है कि प्राचीन लाट देश का विजयभूमि प्रान्त वर्तमान विहार के अन्तर्गत छोटानागपुर डिवीजन के मानभूमि और सिंहभूमि में है। स्व० नन्दलाल डे ने भी झरिया को ही जम्भक गाँव माना है। यहाँ की बराकर नदी ही प्राचीन ऋजुकूला है। इस कथन में एक ही बात विचारणीय है। वह है भगवान् की केवलज्ञान प्राप्ति का वज्रभूमि में होना। वर्तमान झरिया में कोयला निकालते समय यहाँ की पृथ्वी से प्रथम बार पत्थर निकलता है, अतः यह भूमि यथार्थ में वज्रभूमि है। आगम साहित्य में भौगोलिक निर्देशानुसार इस गाँव को वज्रभूमि में होना चाहिए। अतः इस स्थान पर भी ऊहापोह होना आवश्यक है।

श्वेताम्बर आगम साहित्य में जृम्भिक गाँव की स्थिति लाट देश में मानी गई है। श्रीमुनि कल्याण विजय जी इस गाँव की स्थिति का निर्णय करते हुए लिखते हैं कि जृम्भिक गाँव की स्थिति पर विद्वानों का मतैक्य नहीं है, कवि-परम्परा के अनुसार सम्मेदशिखर से बारह कोस पर दामोदर नदी के पास जो जंभी गाँव है, वह प्राचीन जृम्भिक गाँव है। कोई सम्मेदशिखर के दक्षिण-पूर्व में लगभग ५० मील पर आजी नदी के पास वाले जमगाम को प्राचीन जृम्भिक गाँव बताते हैं। हमारी मान्यतानुसार जृम्भिक गाँव की स्थिति इन दोनों स्थानों से भिन्न स्थान में होनी चाहिए।

१ आचारांग सूत्र जैनसूत्रान्तर्गत १ भाग पृ० २० । ५७

क्योंकि भगवान् के विहारवर्णन से अवगत होता है कि जृम्भिक गाँव चम्पा के निकट ही कहीं होना चाहिए[1]।

डा० स्टीन सा० ने पंजाब प्रान्त के रावलपिण्डी जिले में कांटरा नामक ग्राम के निकट "मूर्ति" नामक पहाड़ी या प्राचीन जीर्ण मन्दिर को देखकर लिखा है कि भगवान् महावीर ने यहीं पर केवलज्ञान प्राप्त किया था।

मौलिक विरोध—

श्री बा० कामता प्रसाद द्वारा अनुमानित स्थान झरिया प्राचीन जम्भिक या जृम्भक ग्राम नहीं है। इस स्थान को ऋजुकूला नदी के किनारे होना चाहिए। बराकर नदी ऋजुकूला का अपभ्रंश नहीं हो सकती; और न झरिया में कोई भी ऐसा प्राचीन चिन्ह ही उपलब्ध है, जिससे इसे भगवान् का केवलज्ञान स्थान माना जा सके। श्री बा० कामता प्रसाद को भी इस स्थान के विषय में सन्देह है। उनका यह केवल अनुमान मात्र है।

श्री मुनि कल्याण विजय जी को तो स्वयं ही इस स्थान की अवस्थिति के विषय में सन्देह है। पर इतना उन्हें निश्चय है कि यह चम्पा के आस-पास कहीं है।

डा० स्टीन सा० की मान्यता तो बिल्कुल ही निराधार है। कारण कि भगवान् को केवलज्ञान मगध के अन्तर्गत हुआ था। उनको बोधि की प्राप्ति नदी के किनारे हुई थी; पर्वत के ऊपर नहीं। अतः उक्त मत बिल्कुल भ्रामक है।

जम्भिक गांव की स्थिति—

वर्तमान विहार के भूगोल का अध्ययन करने तथा विहार के कतिपय स्थानों का पर्यटन करने पर अवगत होता है कि भगवान का कैवल्य प्राप्ति का स्थान वर्तमान मुङ्गेर से ५० मील दक्षिण की दूरी पर स्थित जमुई गांव है। यह स्थान वर्तमान क्यिल नदी के किनारे पर है। यही नदी ऋजुकूला अर्थात् ऋष्यकूला का अपभ्रंश। क्यिल स्टेशन से जमुई गांव १८-१६ मील की दूरी पर अवस्थित है। जमुई से ४ मील उत्तर की ओर क्षत्रियकुण्ड और काकली नामक स्थान है। इन स्थानों की प्राचीनता आज भी प्रसिद्ध है। जमुई के तीन मील दक्षिण एनमेगढ़ नामक एक प्राचीन टीला है। कनिंघम ने इसे इन्द्रद्युम्नपाल का माना है। यहाँ पर खुदाई में मिट्टी की अनेक मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं। वर्षाकाल में अधिक पानी बरसने पर यहाँ अपने आप ही अनेक मनोज्ञ मूर्त्तियाँ निकली हैं। लेखक ने भी खण्डित पार्श्वनाथ और श्री आदिनाथ की मूर्त्तियों के दर्शन किये हैं।

जमुई और लिच्छवाड के बीच में महादेव सिमरिया गांव है। यहाँ सरोवर के मध्य एक ३००–४०० वर्ष पुराना मन्दिर है। इस मन्दिर में कुछ प्राचीन जैन प्रतिमाएँ भी हैं। जमुई

१ श्रमण भगवान् महावीर पृ० १७०

से १५–१६ मील पर लक्खीसराय है। यहाँ एक बड़ा पर्वत श्रेणी है, जिससे प्रतिवर्ष अनेक जैन और बौद्ध प्रतिमाएँ निकलती हैं। जमुई और राजगृह के बीच सिकन्दरा गाँव है तथा सिकन्दरा और लक्खीसराय के मध्य में एक आम्रवन है। कहा जाता है कि इस आम्रवन में भगवान् महावीर ने तपश्चरण किया था। आज भी यहाँ के निकटवर्ती लोग इस वन को पावन मानकर इसके वृक्षों की पूजा करते हैं।

जमुई गाँव की भौगोलिक स्थिति से यह स्पष्ट है कि यह ऋजुकूला, जिसका संस्कृत में ऋष्य-कूला नाम था वर्तमान अपभ्रंश किउल नदी ही है, और इसका तटवर्ती वर्तमान जमुई गाँव ही जृम्भिक ग्राम है। मेरे इस कथन की पुष्टि जमुई गाँव के आस-पास भ्रमण करने, वहाँ प्रचलित किंवदन्तियों के संकलन करने तथा उपलब्ध पुरातत्त्व के दर्शन करने से स्पष्ट हो जाती है। जमुई के दक्षिण लगभग ४–५ मील की दूरी पर एक केवली नामक ग्राम है जो भगवान् महावीर की केवलज्ञान की स्मृति को बनाये रखने के लिए ही प्रसिद्ध हुआ होगा। इस गाँव के समीप बरसाती अंजन नदी बहती है, जिसके किनारे पर बालू अधिक पायी जाती है। सिकन्दराबाद तथा केवाली निवासियों से बातें करने पर वे कहते हैं यही केवाली भगवान् महावीर का केवलज्ञान स्थान है तथा अंजन नदी को ऋजुपालिका या ऋजुबालिका बतलाते हैं। इस केवाली गाँव निवासियों में कुछ ऐसी धारणाएँ भी विद्यमान हैं जिनसे उनका भगवान् महावीर के प्रति श्रद्धा तथा भक्ति-भाव प्रकट होता है। वैशाख शुक्ला दशमी, जो कि भगवान् महावीर की कैवल्यप्राप्ति की तिथि है, इस दिन सामूहिक रूप से उत्सव भी मनाया जाता है। यह प्रथा आज भी अवशेष है। सिकन्दराबाद के निवासी श्री भगवान् दास केसरी ने इस स्थान से अनेक पुरातत्त्वावशेषों का संकलन किया है तथा उनके पास ऐसी अनेक किंवदन्तियों का संग्रह भी है जिनसे जमुई का निकटवर्ती प्रदेश भगवान् का बोधिप्राप्ति स्थान सिद्ध होता है।

जमुई से राजगिरि लगभग ३० मील की दूरी पर है जब कि झरिया से १००, १२५ मील से कम नहीं। यह निश्चित है कि भगवान् महावीर का बोधिस्थान मगध में और साथ ही राजगिरि से ३०–३५ मील ही दूरी पर था। जमुई भी वज्रभूमि है, यहाँ भी पृथ्वी के नीचे पत्थर निकलते हैं। पहाड़ी स्थान भी है। जमीन पथरीली और ऊबड़-खाबड़ है। जैन और बौद्ध दोनों ही का पुरातत्त्व यहाँ उपलब्ध है। यदि खुदाई की जाय तो निश्चय ही यहाँ से अमूल्य वस्तुएँ प्राप्त हो सकती हैं। अतः वर्तमान जमुई गाँव का निकटवर्ती वह प्रदेश जहाँ आजकल केवाली ग्राम बसा है भगवान का बोधि स्थान है।

प्रतिमा लेख संग्रह

मध्य प्रदेश (C.P.)—

१ दिगम्बर जैन मन्दिर काकागंज, सागर में निर्लिङ्ग प्रतिमाएँ—

१ शुक्लवर्ण, उँचाई १½ फुट पाषाणमय "संवत् १६११ फाल्गुनमासे शुभे शुक्लपक्षे १२ बुधवारे ता (तद्) दिन (ने) प्रतिष्ठितं, लांकमनसींग वकच्छुरैरीयाश्रीमूलसंघे बलात्कार (गणे) कुन्दकुन्द आचार्य आम्नाय (ये)।

२ शुक्लवर्ण, ऊँचाई २½ फुट पाषाणमय "संवत् १६११ फाल्गुनमासे शुभे शुक्लपक्षे १२ बुधवासरे तादिन प्रतिष्ठितं श्री सवाई सिंघई चिमनलाल जू वैंक बनोवड़ा श्रीमूलसंघे बलात्कार गंधोतलीगते कुन्दकुन्दाचार्य्य आम्नाय मुकाम सागर काकागंज ॥

३ शुक्लवर्ण, १ फुट ऊँचाई, पाषाणमय "संवत् १६१२ के फाल्गुन मासे शुभे शुक्लपक्षे १२ बुधवासरे तादिन प्रतिष्ठितं सागर काकागंज मध्ये सिंघई चिमनलाल प० के वरौध श्रीमूल संघे बलात्कार कुन्दकुन्दाचार्य आमना (म्ना) य।

२ चौधरनबाई का मन्दिर, बड़ाबाजार सागर में—

१ शुक्लवर्ण, १½ फुट ऊँचाई, पाषाणमय, "संवत् १६४० फाल्गुन मासे शुभे शुक्लपक्षे ५ शनिवासरे प्रतिष्ठितं सागर मध्ये श्री मूलसंघे बलात्कार (गणे) रंग सफेद (?) कुन्दकुन्दाचार्य आम्नाय सराफ गिरधारी लाल जवाहिर नित्य संघ तस्य।

२ शुक्लवर्ण, १ फुट ऊँची पाषाण-मूर्ति सं० १६३१ ज्येष्ठ शुक्ला १२ गुरुवार श्री मूलसंघे बलात्कार (गणे) कुन्दकुन्दाचार्य आम्नाय।

३ सिंघई बालचन्द्र का मन्दिर, बड़ाबाजार सागर में—

१ पीतवर्ण, १ फुट ऊँची धातु-मूर्ति "संवत् १६०१ माघ मासे शुक्लपक्षे १३ गुरुवासरे ता (तद्) दिन श्रीजिनबिंब प्रतिष्ठितं भवन (भवन या पावन) गोलापूरव (र्व) वंश वर्न (?)।

४ बुधूव्या के मन्दिर (बड़ाबाजार सागर में १½ फुट ऊँची ? धातुमूर्ति लेख रहित)।

२ शुक्लवर्ण, २ फुट ऊँची, पाषाण-मूर्ति "संवत् १६११ के फाल्गुन मासे शुभे शुक्ल पक्षे ता (द्) दिन प्रतिष्ठितं सागर मध्ये पंचान जो स श्री मूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वती (गच्छे) कुन्दकुन्दाचार्य आमनाय (आम्नाय)।

३ शुक्लवर्ण, १ फुट ऊँची पाषाण-मूर्ति "सं० १६५५ वैशाखमासे शुक्लपक्षे शनिवासरे को प्रतिष्ठितं श्रीमूलसंघे बलात्कार वर्णे (गणे) सरस्वती (गच्छे) श्री कुन्दकुन्दाचार्य आमनाय (आम्नाय) ॥"

५ बड़ा मन्दिर बड़ा बाजार सागर में—

१ कृष्ण वर्ण; ऊँचाई १३/४ फुट पाषाण मूर्ति "सं० १६१२ माघ शुक्ल पक्षे ६ स (श) नौ श्री मूलसंघे बलात्कार गण सरस्वती श्रीकुन्दकुन्दाचार्य आमनाय (आम्नाय)।

६ घटिया का मन्दिर बड़ा बाजार सागर में—

१ शुक्लवर्ण ऊँचाई १½ फुट पाषाणमय सं० १६५६ लटोरेलाल भरकेलाल संघाती आवलोरी वा० सं० १६५६ —।

२ कृष्णवर्ण ऊँचाई ४ फुट पाषाण मय "श्रीमूलसंघ बलात्कार सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्दाचार्य आम्नाय श्रावण कृष्ण त्रयोदशी गुरुवासरे रो (रा) मचन्द्र के पुत्र दुर्गाप्रसाद ने प्रतिष्ठां—करोमि सं० १६०१"

३ पीतवर्ण, ऊँचाई १ फुट धातुमय, (लेख रहित)।

४ कृष्णवर्ण, ऊँचाई २३/४ फुट पाषाणमय (लेख रहित)

७ कठरनी का मन्दिर बड़ा बाजार सागर में—

१ पीतवर्ण ऊँचाई १½ फुट धातुमय "१६०१ माघमासे शुक्लपक्षे त्रयोदशी गुरुवासरे तादिन प्रतिष्ठितं गनेस सराफ लयानस कटरा नित (त्यं) प्रणमन्ति (?)

२ पूर्वोक्त नं० १ की भाँति (" ऐंजन का चिन्ह लगा है)।

३ पीतवर्ण १½ फुट धातुमय "सं० १६११ माघमासे शुक्लपक्षे त्रयोदशी तादिन (तद्दिने) प्रतिष्ठितम्"।

८ बीचका मन्दिर, बड़ा बाजार सागर में—

१ पीत (बादामी) वर्ण, ऊँचाई १½ फुट पाषाणमय, "सं० १६०१ माघमासे शुक्लपक्षे ता (तद्) दिन (ने) प्रतिष्ठितं'

२ बादामी पीतवर्ण ऊँचाई १½ फुट पाषाणमय (लेख रहित)।

३ शुक्लवर्ण, ऊंचाई १½ फुट पाषाण-मय (लेख अस्पष्ट है)।

४ बादामी पीत वर्ण ऊँचाई १ फुट पाषाणमय (लेख नहीं है)।

९ गुजराती मन्दिर कटरा बाजार सागर में—

१ कृष्ण वर्ण, ऊँचाई १३/४ फुट पाषाणमय "सं० १६०१ वैशाख मासे शुक्ल पक्षे रविवासरे प्रतिष्ठितम्।"

१ दिगम्बर जैन नया मन्दिर खुरई जिला सागर (सी० पी०) —

१ शुक्ल वर्ण, ऊंचाई ७ फुट पाषाणमय, सं० १६४६ माघ सुदी १३ खुरई नग्रे (नगरे) कुन्दकुन्दगुरु बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ दिगम्बर परवार जाति मथुरादास मोहनलाल प्रतिष्ठित।

२ शुक्ल वर्ण ऊँचाई २ फुट पाषाणमय सं० १८६१ माघ सुदी ५ मूलसंघ बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ मूलाचार्य कुन्दकुन्द आवनाय (आम्नाय लालचंद बालचंद माथे)।

३ पीतवर्ण, ऊंचाई १ फुट धातुमय 'सं० १८६२ माघ सुदी ५ खुरई नग्रे (गरे) राज अंग्रेज बहादुर मूलसंघ बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्द आवनाय (आम्नाय) सिंघई नंदलाल कालूराम ठाकुरदास लल्ली परमानंद।

४ श्याम वर्ण ऊंचाई ४ फुट पाषाणमय सं० १८६६ माघ शुक्ल ६ मूल संघ बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्द आचार्य आमनाये (?) वैश्यकुल सा ामूर भारद्वगोत (त्र) नग्र (गर) खुरई तस्य वतश्य (?) पुत्र सिंघई रामरक्त तोले सिंघई नश्य (स्य) पुत्र उद्देत किशनदास हेमराजराजाराम काशीराम पंच भ्राता उद्देत पुत्र दुरजन किशनदास नन्दलाल कालूराम ठाकुरदास तस्य कालूराम पुत्र रामचन्द्र हेमराज पुत्र परमानन्द और तस्य पुत्र मथरादास राजाराम पुत्र लल्ली घासीराम पुत्र श्यामले तस्य प्यारेलाल बिम्ब प्रतिष्ठा वार सोमवार।

५ शुक्ल वर्ण ऊंचाई १½ फुट पाषाण-मय "सं० १६१८ माघ सुदी ६ मूलसंघ बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्द आचार्य आम (म्ना) नाये प्रतिष्ठा सु (शु) भ स्थान खुरई।

६ शुक्ल वर्ण ऊंचाई ३ फुट पाषाण-मूर्ति 'सं० १८६६ माघ शुक्ल ५ श्री मूलसंघ बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्दाचार्य आमना (म्ना) ये सिंघई नंदलाल ठाकुरदास खुरई मधे (ध्ये) प्रतिष्ठित।

२ पुराना मंदिर खुरई जिला सागर (मध्यप्रदेश) में निर्लिंग प्रतिमाएँ —

१ पीतवर्ण ऊंचाई २ फुट धातुमय, श्रीमूल संघ बलात्कार (गण) सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्दाचार्य आमना (म्ना) ये नग्र (नगर) खुरई मधे (मध्ये) सं० १६२१ माघ सुदी ६ शुक्लवर्ण ऊंचाई २ फुट पाषाण-मय संवत् १५४२ वैसाख (शाख) सुदी ३ श्रीमूल संघ बलात्कार (गण) श्रीजिन-चन्द्रदेव श्री सेठ जीवराज।

३ रक्त (मूंगा) वर्ण ऊंचाई २½ फुट पाषाणमय सं० १८६६ माघसुदी (?) सुध (ख) राम के माथे।

४ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊंचाई १½ फुट धातुमय सं० १८७१ फागुन सुदी २ श्री मूलसंघे बलात्कार (गणे) सरस्वती गच्छे कुन्दकुन्दआचार्य आमना (म्ना) य श्री जिनसंघ प्रतिपालक वैश्य

परवार बहुरियामूर कौच्छल गोत (त्र) संघाधि (धि) पति रूप साहि तत्पुत्र जे (ज्ये) ष्ट (ष्ठ) टेकचंद मंजिष्ट बालचंद लघुपुत्र किसनचन्द श्री पार्श्वदेव प्रतिमा प्रतिष्ठा सहितं करापित ॥

५ श्यामवर्ण ऊंचाई २ फुट पाषाणमय सं० १६४४ माघ शुक्ल (ला) ५ मूल संघे बलात्कारगणे (गणे) सरस्वती गच्छे श्रीकुन्दकुन्दाचार्य आमना (म्ना) य परवार लोटा मूरी वासल्य गोते (त्रे) श्री भूधरलाल इमलया तेवरावारों ने प्रतिमा सुभमंगल ददात् (तु)।

६ शुक्ल वर्ण ऊंचाई २ फुट पाषाणमय सं० १५४२ वैसाष (शाख) सुदी ३ श्रीमूल संघे श्री जैनचन्द्र सेठ जीवराज मार्थे राज वगैरह सोलापुर।

७ शुक्लवर्ण ऊंचाई ३ फुट पाषाणमय सं० १८९५ फागुन सुदी (तिथिनहीं?) मूल संघे बलात्कार गणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्य आमना (म्ना) ये श्री अंडेला मूर गोहिल्ल गोत्रे बक्कुर मुल्लो तस्य पुत्र तृतीय (त्रयः) प्रथम गोरेलाल द्वति (द्विती) य नंदराम तृति (ती) य लालचंद।

८ प्रतिमा नं० ७ की भांति।

९ पीतवर्ण ½ फुट धातुमय सं० १८१८ माघसुदी १३

१० शुक्ल वर्ण ऊंचाई ½ फुट सं० १५४८ पाषाणमय।

११ शुक्ल वर्ण ऊंचाई १½ फुट पाषाणमय सं० १५०० संग्रहकर्त्ता सिंघई गनपत लाल खुरई।

श्रीदिगम्बर जैन मन्दिर बीना-इटवा (सागर) सी० पी० में निर्लिंग प्रतिमाएँ—

१ **पार्श्वनाथ**—शुक्ल वर्ण ऊंचाई २½ फुट पाषाण-मय "श्रीमूल संघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्याम्नाये सं० १९०५ नग्र इटाये (वे) माघ सुदी ५ सोमवार तादिन श्रीजिनबिंब प्रतिष्ठा कारापितः (?) परवार ख्यातेदेगुड़िया फुलई तस्य पुत्र हीराचन्द्र।

२ **पार्श्वनाथ**कृष्ण वर्ण ऊंचाई १½ फुट पाषाणमय 'सं० १९०५ मिति माहौ (माघ) सुदी ५ सोमवार तादिन प्रतिष्टा करी इटाये (वे) के मन्दिर की।

३ **पार्श्वनाथ**—शुक्लवर्ण, ऊँचाई २½ फुट पाषाणमय "सं० १९०५ श्रीमूलसंघे बलात्कार (त्कार) गणे सरस्वती गच्छे कुन्दकुन्दाचार्याम्नाये इटाये नग्रे (गरे) बापू साहब सूबेदार राज्ये वैश्यवर्णे परवार ख्याते (?) श्रावककुले रकयामूरे वाहक्षगोत्रे मावनदास तत्पुत्र सबसुख (सर्वसुख?) वा पुत्र प्यारेलाल तस्य पुत्र हंसराज वा जवाहर वा कालुराम······ गोइलगोत्र तत्पुत्रमाणिकचन्द्र सं० १९०५ (ऊपर भी सं० है) माघ सुदी ५ सोमवार दिन श्रीजिनबिम्ब प्रतिष्ठां कारयेत् (अकारयन्)।

४ **पार्श्वनाथ**—पीतवर्ण ऊँचाई १० इंच पीतलधातुमय "श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्य संताने श्रीधर्मकीर्त्तिस्तस्य पदे श्रीललितकीर्त्ति (:) तस्य पदे श्रीधर्मकीर्त्युपदेशात् ग्र (गृ) हपति ज्ञातौ सर्वेपत्र—परोजपुरवासिनः संघपति रूपचन्द्र प्रतिष्ठायां प्रतिष्ठाप्येदं बिम्बं नित्यं नमंति।

५ आदिनाथ—शुक्लवर्ण ऊँचाई २½ फुट पाषाणमय "संवत (त्) १६०५ मिती माघ सुदी ५ सोमवार तादिन प्रतिष्ठा लालचन्द्र देवगढ़े (ढ़िं) या इटाये के मन्दिर की प्राप्त।

६ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई १ फुट पीतल (धातु) मय "सं० १६३७ मद्दु (माहु या माघ) शुक्ल पक्ष इटाये मे गही जावर साहु।

७ पार्श्वनाथ—कृष्णवर्ण ऊँचाई ३½ फुट पाषाणमय "सं० १६०५ मिती—माहौ (माघ) सुदी ५ तादिन (तद्दिने) प्रतिष्ठा मरेलाल मोदी के मत्थे ? की इटाये के मन्दिर की।

८ सुपार्श्वनाथ—श्वेतवर्ण ऊँचाई २ फुट पाषाणमय "श्रीमूलसंघे वलातकार (बलात्कार) गणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्याम्नाये सं० १६०५ नग्र (नगर) इटाव (वा) माघ सुदी ५ सोमवार तादिन (तद्दिने) श्रीजिनबिम्बप्रतिष्ठा कारापितं"।

९ मुनिसुव्रतनाथ—कृष्णवर्ण ऊँचाई १० इंच पाषाणमय "श्रीमूलसंघे वलाकार (त्कार) गणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्याम्नाये सं० १६०५ नग्र (नगर) इटावा माघ सुदी ५ तादिन (तद्दिने) प्रतिष्ठा कारापितं।

१० चन्द्रप्रभ—शुक्लवर्ण ऊँचाई १० इंच पाषाणमय "इन प्रतिमाजी का—(शिलालेख) बीजक नं० ६ की प्रतिमावत् है।

११ पार्श्वनाथ—कृष्णवर्ण ऊंचाई १ फुट पाषाणमय (लेख ऊपर की भांति है)।

श्री दि० जैन मन्दिर सिवनी मध्यप्रदेश—

१ सिंघई स (स्व) रूपचन्द पन्नालाल नायक का मन्दिर—

१ पार्श्वनाथ—कृष्ण वर्ण ऊंचाई १६ इंच पाषाणमय "माघ मासे शुक्ल पक्षे ६ सं० १६४६ को प्रतिष्ठा हुई प्रतिष्ठाकारक में नाम दलजीनायक दीपचंद-मंदिर सिवनी—ई० लेख स्पष्ट है।

२ पार्श्वनाथ—श्याम वर्ण ऊंचाई १८ इंच (सप्त फणावली) पाषाणमय "संवत १६११ शाके १७६६ माघ सुदी ५ ई० चारुचंद्रभूषण ने कराई (प्रतिष्ठा)।

२ सिंघई परमानंद जी बालाघाट वालों का मन्दिर सिवनी—

१ सुपार्श्वनाथ—३-४ इंच ऊँचाई, कृष्णवर्ण पाषाणमय "संवत् १८३१ शाके १७६८ माघ सुदी १५ मुळे संघे की भार्या पुनियाबाई ने प्रतिष्ठा करवाई भट्टारक चारुचन्द्रभूषण।

२ पार्श्वनाथ—शुक्ल वर्ण ऊंचाई १½ फुट पाषाणमय "संवत १६४६ माघ सु० ६ प्रतिष्ठा कराई परमानंद बालाघाट।

३ पार्श्वनाथ—शुक्ल वर्ण ऊंचाई १½ फुट पाषाणमय "संवत १६४६ माघ सु० ६ प्रतिष्ठा कराई परमानंद बालाघाट।

४ चन्द्रप्रभ—कृष्ण वर्ण ऊंचाई १ फुट पाषाणमय "फागुन सुदी ३ सं० १९२१ कृपाराम सरूपचंद ने प्रतिष्ठा कराई।

३ पंचायती मन्दिर सिवनी में कुल ५ प्रतिमाएं—

१ आदिनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई १ फुट पाषाणमय "संवत् १९०५ शाके १७७० भट्टारक चारुचन्द्र।

२ सुपार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई १ फुट पाषाणमय "संवत् १९५३ फागुन सुदी ४।

३ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊंचाई १ फुट अनुमान धातुमय "संवत १९१० शाके १७७५ माघ सु० २ चारुचन्द्रभूषण ने कराई।

४ चन्द्रप्रभ—कृष्ण वर्ण ऊंचाई ६ इंच पाषाणमय।

५ पार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई २१ इंच पाषाणमय "संवत ११६१ वैशाख सुदी २ (आगे पढ़ने में नहीं आता)।

४ सेठ मिट्ठनलाल जी का मन्दिर सिवनी—

१ पार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई २२ इंच (सप्त फणावली) पाषाणमय "संवत १७६१ वैशा (शा) सुदी ३

५ सघै (सिंघई) कन्हैयालाल रतनचंद का मन्दिर सिवनी—

१ मटमैला वर्ण ऊंचाई १३ इंच प्राचीन पाषाणमय (लेख रहित प्राचीन नाम नहीं) है लोग चौथेकाल की कहते हैं देखने से किसी विशिष्ट स्थान की प्रतीत होती है।

२ चन्द्रप्रभ—शुक्ल वर्ण ऊंचाई १३ इंच पाषाणमय "संवत १७६१ वैसाख सुदी ३ ई०

६ सिंघैन पुनिया बाई के मंदिर (सिवनी) —

१ पुष्पदन्त—शुक्ल वर्ण ऊंचाई १३ इंच पाषाणमय "संवत १९४९ माघ सुदी ६ ई०।

२-३ मुनिसुव्रत—मिटीला वर्ण ऊंचाई १३ इंच प्राचीन पाषाणमय (लेख रहित, विशिष्ट हैं)

४ आदिनाथ—कृष्णवर्ण ऊंचाई १½ फुट पाषाणमय "फागुन सुदी ३ सं० १८२१ मजीराम पवार ने प्रतिष्ठा कराई।

५ चन्द्रप्रभ—कृष्णवर्ण १½ फुट ऊंचाई पाषाणमय "वैसाख सु० ३ सं० १७६१........

६ मुनि सुव्रत—शुक्लवर्ण ऊंचाई १० इंच पाषाणमय "संवत १९४९ माघ सु० ६....

७ सिघई भगवान साव ताराचंद जी का मन्दिर सिवनी —

१ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊंचाई १० इंच धातुमय "संवत १९१० शाके १७७५ भगवान साव ताराचंद इ०........।

२ पार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई २० इंच (सप्त फणावली) पाषाणमय "सं० १९१० शाके १७७५ भगवान साव ताराचंद ई० (इ०)............।

८ सिंघई आलमचन्द सवाई सिं० का मन्दिर सिवनी—

१ सुपार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई ४ फुट पाषाणमय "संवत १६३३ शाके १७९८ माघ सु० ५......."।

२ पार्श्वनाथ—कृष्णवर्ण ऊंचाई ४½ फुट पाषाणमय "संवत १६३३ शाके १७९८ माघ सु० ५............"।

३ नेमिनाथ—कृष्णवर्ण ४ फुट पाषाणमय "संवत १६३३ शाके १७९८ माघ सु० ५...."।

४ चन्द्रप्रभ—शुक्लवर्ण ११ इंच पाषाणमय "संवत १७५२ फाग (ल्गुन) सु० ४ ,, ।

५ सुपार्श्वनाथ—कृष्णवर्ण १३ इंच पाषाण "संवत ११६१-(आगे पढ़ा नहीं जाता)।

९ सेठ मिठनलाल जी का मन्दिर सिवनी—

१ सुपार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण १½ फुट पाषाणमय "संवत १६२१" (चावडी ग्राम से आई है)

२ चन्द्रप्रभ—शुक्लवर्ण २१ इंच पाषाणमय "संवत १६२१ फागुन सुदी ३ (,, ,, ,,)

३ पद्मप्रभ—शुक्लवर्ण १३ इंच पाषाणमय "सं० १६२१ फागुन सुदी ३ (,, ,, ,,)

१० रा० ब० सेठ पूरन साह जी का मन्दिर सिवनी--

१ आदिनाथ—पीतवर्ण ऊंचाई १⅚ फुट धातुमय "सं० १६३३ माह सुदी ५"।

११ सवाई सि० श्रीराम० रंभा साह के मन्दिर सिवनी—

१ चन्द्रप्रभ—शुक्लवर्ण ऊंचाई १ फुट स्फटिकमय "सं १६४७ में प्रतिष्ठा हुई वैसाष सुदी १० को।

१२ सिवनी का छोटा मन्दिर; जिसमें ५ जगह दर्शन हैं (बीच में चौमुखी प्रतिमा और ४ वेदियाँ हैं)। टेकचन्दजी की वेदी में—३ प्रतिमाएँ हैं—

१ चन्द्रप्रभ—शुक्ल वर्ण ऊँचाई ६ इंच पाषाणमय "फागुन सु० ३ सं० १६२१ माथे सुक्खा साव।

२ कुन्थुनाथ—शुक्लवर्ण १० इंच ऊँचाई पाषाणमय "वैसाष सु ११ सं० १८२८ (शान्तिनाथ) इक्ष्वाकवंसे (शे) सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे कुन्दकुन्दाचार्याम्नाये वसाष सु० ११ सं० १०२८ (ऊपर १८२८ है देखो!) शुभ सुता सिद्धति इ० हिरन का चिन्ह। (अतएव प्रतिमा शान्तिनाथ की होनी चाहिये)।

३ नेमिनाथ—शुक्लवर्ण ७ इंच पाषाण "फागुन सुदी ३ सं० १८२८ माथे सुष (खा) साव वेदी गेंद (दा) लालजी की छोटा मन्दिर सिवनी—

१ पार्श्वनाथ—ऊँचाई १ फुट पीतवर्ण धातुमय" फागुन सु ११ (सं०) १६१६ सुखा साव।

२ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई १ फुट धातुमय" फागुन सु० ११ (सं०) १६१६ सुखासाव

३-४ आदिनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई ८ इंच धातुमय" फागुन सु० ११ (सं०) १६१६ सुखासाव

५ चन्द्रप्रभ—शुक्लवर्ण ऊँचाई ११ इंच पाषाण "वैशाख सु० ११ (सं०) १८२८" बाकी इबारत जैसी ऊपर नं० १ (वेदी) की दूसरी प्रतिमा में है।

६ आदिनाथ—शुक्लवर्ण ऊँचाई ११ इंच पाषाण वैसाष सु० ११ (सं०) १८२८ सुखलालजी (" " इस तरह चिन्ह हैं जिससे ऊपर की प्रतिमा की भाँति जानना सूचित होता है)।

तृतीय वेदी रोड़मल खूबचन्द जी छोटा मन्दिर सिवनी—

१ चन्द्रप्रभ—शुक्लवर्ण ऊँचाई ११ इंच पाषाण" वैसाष सु० ११ (सं०) १८२८ सुकासाव

२ मुनिसुव्रत—पीतवर्ण ऊँचाई ७½ इंच पीतलधातु" फागुन सु० ११ (सं०) १९१६ सुकासाव।

३ शीतलनाथ—पीतवर्ण ७½ इंच धातुमय" फागुन सु० ११ संवत १९१६ सुकासाव।

चतुर्थ वेदी थानसिंहजी की छोटी मन्दिर सिवनी—४ प्रतिमाएँ है—

१ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ८½ इंच धातुमय" फाग (गुन) सु० ११ (सं०) १९१६ सुकासाव।

२ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई (?) धातु।

३ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण १½ फुट धातु "फागुन सु० ३ (सं०) १०२१ मनसुख साव परवार इ०।

४ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण १ फुट धातु" फाग (गुन) सु० ११ सं० १९ (?) सुका साव इ०

वेदी बीच की चतुर्मुखी छोटे मन्दिर सिवनी में—१३ प्रतिमाएँ—

१ नेमिनाथ—शुक्लवर्ण ऊँचाई १ फुट पाषाणमय "फाग (गुन) सुदी ३ (सं०) १८२१ बलात्कारगणे इ०"।

२ पुष्पदन्त—पीतवर्ण ऊँचाई ७ इंच धातुमय "फागुन सु० ११ सं० १९१६ सुखासाव"।

३ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई ११ इंच धातुमय "फागुन सु० ११ (सं०) १९१६ सुखा साव"।

४ ५ ६ („) ऐंजन („) का चिन्ह है अर्थात् उपर्युक्त प्रकार जानना।

७ अभिनन्दन—पीतवर्ण ऊँचाई ८ इंच धातुमय "फागुन सु० ११/ १९१६ सुखा साव"

८ आदिनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई ८ इंच धातुमय "फागुन सु० ३ (सं) १९२१ सुखासाव"

९ पुष्पदन्त—पीतवर्ण ८ इंच ऊँचाई धातुमय "फाग (गुन) सु० ११ (सं) १९१६ सुखासाव"।

१० पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ८ इंच ऊँचाई, धातुमय "फाग (गुन) सु० ११/१९१६ सुखासाव"।

११ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊँचाई ८½ इंच धातुमय "फाग (गुन) सु० ११/१९१६ सुखासाव"।

१२ पार्श्वनाथ—पीतवर्ण ऊँचा ८½ इंच धातुमय "फाग (गुन) सु० ११/१६१६ सुखासाव"

१३ (नाम नहीं)—पीतवर्ण ऊँचाई ६ इंच धातुमय " " "

अमरावती —

१ बड़ा मन्दिर जी भोंहरा अमरावती में दि० जैन प्रतिमाएँ—

१ पार्श्वनाथ—शुक्लवर्ण ऊँचाई ३ फुट पाषाणमय "सव (व) त ११६३ बारष (वर्षे) वसाष (वैशाख) सुद (दी) ३ श्रीमूलसंघ भट्टारष (क) जी जैन भद्रदेव साहा माणकचन्द सघही राजसघ (साघ) संघ (दो हरफ पढ़े नहीं गये संग्रहकर्त्ता से अमरोह" ।

२ अजितनाथ—शुक्ल वर्ण ऊंचाई ३ फुट पाषाणमय "संवत ११६३ बारषे वसाष सुदी ३ श्री मूलसंघ भट्टारष जी श्री जिनचन्द्रदेव साह माणकचंद संघ ही राजा स स्माघ सहर अमरोहा ।"

३ अजितनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई ३ फुट पाषाणमय "संवत ११६३ बारषे वसाष सुदी ३ श्री मूलसंघ भट्टारष जी श्री जिनचंद्र देव साहा माणकचंद संघी राजा सोसाघ सहर अमरोहा ।"

४ आदिनाथ—शुक्लवर्ण ऊंचाई ३ फुट पाषाणमय "सव (त्) ११६१ (६३) बारष वसाष सुद ३ श्री मूलसंघ भट्टारष जी श्री जनचन्द्रदेव साहा जी श्रीमाणकचंद संघही राजा सनसंघ सहर अमरोहा" ।

५ चौवीसी—श्वेतवर्ण ऊंचाई २½ फुट पाषाणमय "संवत ११६३ बारषे बैसा मूल, मध्य में-ष सद (सुदी) ३ श्री मूलसंघ भट्टारक जी श्री जिनचन्द्रदेव साहा (पार्श्वनाथ-णकचन्द राजा सव साघ सहर अमरोहा" ।

साहित्य-समीक्षा

खोज की पगडण्डियाँ :—लेखकः मुनि श्री कान्तिसागर; प्रकाशकः भारतीय ज्ञानपीठ काशी; मूल्यः चार रुपये।

कला एवं इतिहास के शोधक श्री मुनि कान्तिसागरजी की यह गवेषणात्मक कृति है। इसके तीन विभाग हैं—ललितकला, लिपि एवं भौगोलिक और यात्रा। प्रथम विभाग में जैन और बौद्धधर्म सम्बन्धी चित्र, संगीत और स्थापत्यकलाओं का विश्लेषण किया गया है। इस सत्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि चित्रगत रेखाएँ सुस्पष्ट होकर विशेष अर्थ और गम्भीरता का वास्तविक रहस्य उपस्थित कर मानव हृदय को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती हैं। जैन कलाकारों ने सदियों तक कागज के पृष्ठों एवं काष्ठफलकों पर अपनी धर्मगत भावनाओं को मूर्तरूप देने का आयास किया है। यद्यपि ये भावनाएँ धर्मविशेष से सम्बन्ध रखती हैं, फिर भी इनमें मानवता के उद्धारक तत्त्वों की कमी नहीं है; यतः कला को किसी धर्मविशेष के साथ जोड़ने पर भी उसमें अपनी अखण्ड व्यापक भावप्रवणता अनवच्छिन्नरूप से अनुस्यूत रहती है। उपर्युक्त मुनिजी ने कागज एवं काठ के टुकड़ों पर अंकित जैन कला की उन बारीकियों को परखा, समझा और अनुचिन्तन किया, जिन पर मानवता जीवित है। अतएव प्रथम विभाग में चौदहवीं, पन्द्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी के कई ऐसे चित्रों का विश्लेषण किया है। इन चित्रों में नैतिकता सम्बन्धी उद्भावनाओं के साथ कला सम्बन्धी अनेक उद्भावनाएँ भी हैं। इस विभाग में यदि सभी चित्रों के फोटो भी दिये जाते तो इसकी उपयोगिता बढ़ जाती तथा विश्लेषण में भी कुछ विस्तार की अपेक्षा थी।

द्वितीय विभाग में कतिपय नरेशों के ताम्रपत्रों का संकलन है। मूल लेखों के साथ उनका विश्लेषणात्मक अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया है। इन ताम्रपत्रों से संस्कृति और साहित्य के सम्बन्ध में अनेक जानकारी की बातें अवगत होती हैं।

तृतीय विभाग में मुनिजी ने अपनी पैदल यात्रा में जिन प्राचीन सांस्कृतिक स्थानों का अवलोकन किया है, उनका वर्णनात्मक और कहीं-कहीं भावात्मक चित्रण भी किया है। ये स्थान हैं—नालन्दा, पाटलीपुत्र, विन्ध्याचल और मैहर। अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुषमा के लिए इन स्थानों का गौरव महान् है। मुनिजी ने उक्त स्थानों के खण्डहरों, टीलों, गुफाओं एवं पत्थरों के ढूहों में कला के दर्शन किये हैं, यही तो सच्चे जिज्ञासु की पहचान है। उसके देखने की पद्धति साधारण व्यक्ति के देखने की पद्धति से भिन्न होती है।

प्रस्तुत कृति गवेषणात्मक है। पाटलीपुत्र का इतिहास जैनदृष्टि से प्रस्तुत किया गया है। यदि इस इतिहास में प्राप्त दिगम्बर सामग्री का भी उपयोग किया जाता तो अधिक प्रामाणिकता

आती। पुस्तक अन्वेषकों कलाप्रेमियों एवं पुरातत्त्व के जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी है। छपाई-सफाई, गेट-अप आदि अच्छे हैं।

पुराणसारसंग्रह प्रथम भाग और द्वितीय भाग :—रचयिता आचार्य दामनन्दी; प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ काशी; मूल्य: प्रत्येक भाग का दो रुपये।

पुराण सदा से सामान्य एवं विशिष्ट दोनों प्रकार के व्यक्तियों को ज्ञान की सामग्री प्रदान करते आ रहे हैं, अतएव इनके अध्ययन के प्रति दोनों ही प्रकार के व्यक्तियों का झुकाव समान रूप से ही होता है। परिष्कृत मस्तिष्क वाले व्यक्ति भी पुराणों के अध्ययन से तत्त्वज्ञान और आचार की अनेक सूक्ष्म बातों से परिचित हो जाते हैं तथा पौराणिक आदर्श महानुभावों के उदात्त चरित्र का अनुकरण कर प्रत्येक व्यक्ति अपने को महान् बना सकता है। अतएव सभी धर्मों में पौराणिक साहित्य की प्रचुरता है। जैन आम्नाय में त्रेसठ शलाका—महत्तम चरित्र के धारी व्यक्तियों के जीवनों को आदर्श माना गया है; अतः चौबीस तीर्थंकरों के आदर्श जीवन को अंकित करनेवाले चौबीस पुराणों के अतिरिक्त, बारह चक्रवर्ती, नौ नारायण, नौ प्रतिनारायण और नौ बलभद्रों के आदर्श जीवनों को अभिव्यक्त करनेवाले भी पुराण हैं। चौबीस तीर्थंकरों में से ऋषभदेव, चन्द्रप्रभ, शान्तिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर ऐसे तीर्थंकर हैं, जिनका जीवन सार्वजनीन रहा है। जैनेतर लेखकों ने भी इन जैन तीर्थंकरों का उल्लेख किया है तथा सार्वजनिक सेवा की दृष्टि से भी इनका जीवन अधिक उपयोगी माना गया है। अतएव आचार्य दामनन्दी ने उक्त छः तीर्थंकरों के जीवनादर्श को साररूप में अंकित करने की चेष्टा की है।

प्रथम भाग में ऋषभदेव, चन्द्रप्रभु और शान्तिनाथ इन तीन तथा द्वितीय भाग में नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर इन तीन तीर्थंकरों का उदात्त चरित्र अंकित किया गया है। इन दोनों भागों का अनुवाद श्री डा॰ गुलाबचन्द्रजी एम॰ ए॰, व्याकरणाचार्य, पी-एच॰ डी॰ ने किया है। अनुवादक ने भावों की अक्षुण्णता का निर्वाह किया है तथा पौराणिक रस प्रवाह में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी है। स्वाध्याय प्रेमियों को इस ग्रन्थ के स्वाध्याय से लाभ उठाना चाहिए। जो बड़े-बड़े पुराणों का स्वाध्याय करने में अधिक समय नहीं लगा सकते हैं, वे भी इस पुराणसारसंग्रह के स्वाध्याय से थोड़े ही समय में उक्त छः तीर्थंकरों के चरित्र से परिचित हो सकते हैं। पुस्तक अच्छी है, छपाई-गेट-अप आदि भी उत्तम हैं। अनुवाद की भाषा सरल और प्रवाह पूर्ण है।

धर्मशर्माभ्युदय (धर्मनाथ चरित) :—सम्पादक: श्री पन्नालालजी साहित्याचार्य; प्रकाशक: भारतीय ज्ञानपीठ काशी; मूल्य: तीन रुपये।

यह एक सरस संस्कृत काव्य है। इसका हिन्दी अनुवाद साहित्याचार्यजी ने किया है। आरम्भ में प्रस्तावना है, जिसमें काव्य का स्वरूप, निर्माण के उपकरण, रसनिष्पत्ति आदि पर

सामान्यतया प्रकाश डाला गया है। पुराण के रूप में भी धर्मनाथ स्वामी के चरित्र को जाना जा सकता है। इसमें राजनीति, अर्थनीति एवं धर्मनीति का भी अच्छा निरूपण है। अनुवाद बहुत ही सुन्दर हुआ है। भावों की प्रचुरता और प्रवाहमयी भाषा इसकी विशेषता है। अध्यापक और विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी है।

रेडियो नाट्य शिल्पः—लेखकः श्री प्रो० सिद्धनाथ कुमार एम० ए०; प्रकाशकः भारतीय ज्ञानपीठ काशी; मूल्यः २॥) रुपये।

'रेडियो नाट्य-शिल्प' लेखक के वर्षों के अनुभव और अध्ययन के आधार पर लिखी गई, रेडियो से प्रसारित होने वाले नाटकों के स्वरूप-विधान, कलागत विशेषताओं, उसकी सीमाओं और संभावनाओं पर प्रकाश डालने वाली पुस्तक है। पुस्तक के नाम में एक चौंका देनेवाला आकर्षण है, हिन्दी में रेडियो नाटक पर लिखी जाने वाली पुस्तकों की परम्परा में यह प्रथम श्रेय है। हिन्दी की बढ़ती हुई प्रगति का आकलन करने पर इस पुस्तक का महत्त्व द्रष्टव्य है।

रेडियो आज के तथाकथित जीवन का प्रमुख और अपरिहार्य अंग है। हिन्दी की समृद्धि और प्रचार में रेडियो का योग कहा नहीं जा सकता। रेडियो से आये दिन हिन्दी के नाटक प्रसारित होते रहते हैं पर हम उनको केवल सुन मात्र लेते हैं। रेडियो नाटक पर विषय और विधान की दृष्टि से विचार की प्रतीति हो रही थी और यह पुस्तक अच्छे समय पर आकर उस पर कुछ कह गई। इसके कहने में अध्ययन और अनुभव की सच्चाई है, विषय को समझने और समझाने की क्षमता है और इसलिये पुस्तक अभिनन्दनीय और प्रयास स्तुत्य है। हिन्दी में पुस्तक का समादर होगा, ऐसा मैं मानता हूँ। लेखक की सरल और जन सामान्य भाषा के प्रयोग से उसकी प्रौढ़ता और प्रभविष्णुता के प्रति हमारा एक विश्वास जगता है। पर इतना कुछ कह देना ही 'बहुत कुछ' नहीं होगा।

'रेडियो-नाटक' किसी लेख या पुस्तकीय ज्ञान के आधार पर लिखा जानेवाला, विषय नहीं, व्यवहारिक ज्ञान की सफाई है। यह हिन्दी में एक नया प्रयोग है और अभी यह प्रयोग की अवस्थाओं से ही गुजर रहा है। किसी सीमा तक इसमें हमने प्रौढ़ता प्राप्त कर ली है—ऐसा हम नहीं कह सकते। इस परिस्थिति में ऐसे विषय का प्रतिपादन एक व्यापक दृष्टिकोण चाहता है और साथ ही एक अपरिपक्व वस्तु को परिपक्व करने का निश्चय भी। ऐसे विषय को निश्चित सीमाओं, शीर्षकों के भीतर कह देना, उस परिस्थिति में जब कि 'टेकनीक' नई है, एक संकीर्णता है। स्वयं 'रेडियो नाट्य' नामकरण और अन्यत्र भी हमें लेखक में स्वतंत्र और भारतीय धारणाओं को न पाकर एक भटकने की प्रवृत्ति दिखलाई पड़ती है। 'रेडियो नाटक' के लिये क्या हिन्दी में पहले से कुछ भी उपादान उपलब्ध नहीं? क्या सबों का विदेशी उद्गम ही खोजना होगा?

पुस्तक में इसीलिये हम लेखक से अधिक इसके विषय से प्रभावित होते हैं, उसके व्यापक और अनुभव सम्पन्न अध्ययन से प्रभावित होते हैं, उसके दृष्टिकोण से कम। इसे हम लेखक की सफलता कहें या असफलता ? लेखक अपना क्या दे पाया है यह हमें कहीं नहीं मिला; कहाँ से और कैसे दे पाया यही हमारे अध्ययन का केन्द्र हो जाता है।

विषय के प्रतिपादन में वैधानिकता और सरलता है। वास्तव में लेखक रेडियो नाटक का एक विस्तृत और सारगर्भित अध्ययन तो देता ही है और साथ आगे के अध्ययन (Further study) की सामग्री भी। विषय का प्रतिपादन वैज्ञानिक और सीधा है। दुरूहता कहीं नहीं है। कुछ कहने के लिये मत संग्रह करने की प्रवृत्ति अधिक है, आलोचना की कम। अपने और दूसरों के उदाहरण नहीं रहते तो पुस्तक अपूर्ण ही समझी जाती। उदाहरण काफी सटीक और नाटक की रूप रेखाओं को व्यक्त करनेवाले हैं। लेखक का यह पूर्वाग्रह कि मंजे नाटककार ही इसमें 'रेडियो-नाटक' लिखने की प्रेरणा पाने और लिखने के अधिकारी हैं। अपने अविश्वास को व्यक्त करना है। यह पुस्तक 'रेडियो-नाटक' लिखनेवाले नये नाटककारों को निश्चित रूप से जन्म दे सकती है, प्रवृत्ति तो जगा ही सकती है। लेखक की इस कृति से संतोष और एक आस्था है। गेट-अप सुरुचिपूर्ण है।

नेमिचन्द्र शास्त्री,

शरत् के नारी पात्रः—लेखकः श्री रामस्वरूप चतुर्वेदी; प्रकाशकः भारतीय ज्ञानपीठ काशी।

उपन्यासकार शरत् की आलोचना का प्रमुख केन्द्र उनके नारी पात्रों की विविधता और जीवन की प्रत्येक दशाओं में नारी चरित्रों की निर्मलता, स्पष्टता और साथ ही उनकी न्यूनता और कलुषता भी है। शरत् नारी-जीवन के व्यवस्थापक के रूप में विश्व-साहित्य में अमर हैं।

प्रस्तुत पुस्तक 'शरत् के नारी पात्र' शरत् के समस्त नारी पात्रों पर विधिवत और वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करती हैं। चरित्र-चित्रण की भारतीय पद्धति, चरित्रों में भारतीय आशाकांक्षाओं का विकास, नारी-जीवन की शाश्वत और रूढ़िग्रस्त समस्याओं पर प्रकाश—ये कुछ शरत् की ऐसी विशेषताएँ और व्यापकताएं हैं जिनके कारण शरत् बंगला के ही न होकर समस्त इतर भारतीय साहित्य की निधि हो गए हैं। और इसीलिये हिन्दी कथा साहित्य पर भी उनका प्रभाव स्पष्ट है न जाने कितने हिन्दी के उपन्यासकारों को शरत् की कला ने बहुत दूर तक प्रभावित और विकसित किया है। शरत् इसीलिये हिन्दी की आलोचना के विषय हैं और इस प्रकार लेखक का उपर्युक्त प्रयास हमें संकीर्णताओं और पक्षपातों से ऊपर उठाकर सम्यक स्वच्छन्द आलोचना की एक व्यापक चेतना-भूमि में ले जाता है। शायद यही कारण हैं शरत् के नारी पात्रों का अध्ययन व्याख्यात्मक और विश्लेषणात्मक ढंग से हो पाया है। हिन्दी को इससे बल प्राप्त होगा।

नारी-पात्रों को जुटाने और उनकी प्रकृत विशेषताओं और न्यूनताओं को पढ़ने में लेखक का परिश्रम स्पष्ट है। सम्पूर्ण अध्ययन काल में लेखक की एक ही विचार धारा रही है—नारी पात्रों का स्वतंत्र विश्लेषण। किसी एक पात्र का दूसरे से समझौता नहीं है और इसीलिये अलग अलग पुस्तकों को लेकर उनके नारी पात्रों को परखा गया है। इससे पुस्तक में वैज्ञानिक आलोचना को पूरा-पूरा प्रश्रय और स्वतंत्र धारणाओं की स्थापना का अवकाश मिला है। शरत् के नारी पात्रों का चरित्र-चित्रण अपने आप में स्पष्ट है और पुनः लेखक भी उनका चरित्र चित्रण करने लग जाता है। इसलिये दृष्टि अत्र-तत्र आलोचना और अध्ययन से हटकर चरित्र-चित्रण की ओर चली गई है। किसी एक पात्र को जानने के बाद उसका चरित्र क्या है पाया और कैसा दिया—यह नहीं पता चलता। अध्ययन क्रम में शरत् की कला और नारी सम्बन्धी उनकी साधारण विचार-भूमिका का भी उद्घाटन होता चलता है जिससे पुस्तक विशेष महत्त्व की हो जाती है। शरत् साहित्य का अध्ययन करनेवाले विद्यार्थियों के लिये ये सब बातें परीक्षोपयोगी भी हो सकती हैं।

जैसा कि पता चलता है लेखक का प्रवेश अभी हिन्दी समीक्षा में नया है। निश्चय ही इनके नयापन में एक प्रौढ़ दृष्टि और जागरूक शैली है। लेखक की प्रतिभा में आकर्षण और गहराई है। वह साफ साफ लिखना जानता है, कहीं विषमता के दर्शन नहीं होते। लेखक कितनी प्रतिष्ठा पाने का अधिकारी है यह अभी आगे को उसकी समीक्षा कृतियाँ निश्चित करेंगी।

शरत् के नारी पात्रों का तुलनात्मक अध्ययन नहीं होने से—टकराने से जो बिजली निकलती है, तो प्रकाश और निखार आती है, उसके दर्शन नहीं हो पाते। नारी पात्रों की तुलना विश्व के किसी भी श्रेष्ठ उपन्यासकार के नारी-पात्रों से हो सकती थी। पर ऐसा क्या समझकर नहीं किया गया है—यह हमें नहीं पता चला। अध्ययन इसीलिये सीमित और अपने विषय और प्रतिपादन पर ही केन्द्रित हुआ सा लगता है। लेखक की कला पर हमारा विश्वास है, उसके व्यापक अध्ययन पर नहीं।

छपाई और गेट-अप में यह पुस्तक भी ज्ञानपीठ की विशिष्ट परम्परा का अपवाद नहीं।

श्रीराम तिवारी बी. ए. (हिन्दी ऑनर्स)

THE JAINA ANTIQUARY

VOL. XX DECEMBER, 1954. No II

Edited by

Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
Prof. Jyoti Prasad Jain, M. A., LL. B.
Sri, Kamata Prasad Jain, M. R. A. S., D. L.
Pt. K. Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.
Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotisacharya

THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY,
ARRAH BIHAR, INDIA.

Annual Inland Rs. 3. Single Copy Rs. 1/8

CONTENTS

" श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥ "

[अकलंकदेव]

Vol. XX No II | ARRAH (INDIA) | DECEMBER 1954

PŪJYAPĀDA OF THE CHĀLUKYAN RECORDS.

By
Prof. Jyoti Prasad Jain, M. A., LL. B

(*Continued from Vol. XIX No. I, p. 20.*)

Besides the above mentioned differences, we have another piece of evidence which clearly proves that this Pūjyapāda of the Chalukyan records was a celebrity quite distinct and different from Dēvanandi Pūjyapāda.

Swami Virasena in his monumental work, the Dhavala commentary (completed in 780 A. D.,[1] of the Sata-Khandāgama Sidhānta, a branch of the Digambara canon, quoting an older authority in one place states 'So says Pūjyapāda in Sāra-Sangraha" (सारसंग्रहेऽप्युक्तं पूज्यपादैः)[2]; and in another place quoting from another older work which he calls by the name of Tatwārtha-Bhāsya, he says that "Pūjyapāda Bhattaraka has said so" (पूज्यपादभट्टारकैरप्यभाणि).[3]

With regard to the first of these allusions, Prof. Hira Lal, in his introduction to the Dhavala, thinks that the Pūjyapāda alluded to is Devanandi Pujyapada and that the quotation is probably from some

1 See my articles—Anekant-VII, 11-12 pp 207-214 and Jaina Antiquary —XV, ii, and XII, i.

2. Sata-Khandagama—Dhavala Tika (Amraoti), p. 700.

3. *Ibid*, Pt. I, vol. I, Introduction pp 60-61.

work of the name of Sāra-Sangraha written by him, which, however, does not now exist.[4] Devanandi's Sarvārtha-Siddhi is a Bhāṣya or commentary, probably the first and the earliest one, on the Tatwāthadhigama-Sutra of Ummā-swāmin; but the second of the above two quotations is no where to be found in it. It has been, however, traced to the Tatwārtha-Rājavārtika of Aklaṇka Deva, which is another Tatwārtha-bhāṣya and is admittedly later than the Sarvārthasiddhi of Devanaṇḍi. Hence Prof. Hira Lal too does not seem to have any doubt as to the latter reference pointing to Aklaṇka and his Tatwartha Rajavartika [5]

The editors of the Jayadhavala, a commentary on the Kaṣāya-Pāhuḍa, another brānch of the Digambara canon, which had been begun by Virsena whom death prevented from completing it and which was completed later on by his disciple Jinasena in 837 A D, are of opinion that both these allusions by Virsena point to Aklaṇka and not to Devanandi.[6]

The quotation from Sārasangraha deals with Nyaya or logic, and Devanandi is known to have written neither any 'Sarasangraha' nor any other work expressly on the subject of Nyaya, whereas practically all the works and writings of Aklaṇka deal with Nyaya. He was, in fact, the founder of the Jaina school of logic, and it appears from the nature of the quotation that it may have belonged to his Pramāṇa-sāra-sangraha which is definitely known to have existed[7]. About the other quotation, there is no doubt as to its being from the Tatwartharajavartika of Aklaṃka, and Virasena has quoted from the same work in several places as well and always under the name of Tatwarthabhasya. Moreover, he has quoted the portions in question evidently as personal views of the author. Virasena who had the unique reputation of being the greatest master and reader of all the availa ble literature in his times could not have committed the

4 *Ibid*. Pt J. K. Mukhtar (Introd. to Samadhi tantra) also holds the same view

5. *Ibid*.

6. Jayadhavala, vol. I, Introd p. 34 (Benares ed.)

7. Anantavirya (8th century A D.) is known to have written a commentary on this work, and he also mentions this work in his Sidhavinisehaya—Tika, a commentary on another work of Aklamka. Recently a Ms. of the work is also said to have been discovered, but it is not yet published.

mistake of identifying Aklamka with Devanandi. He is so authentic, scrupulous, precise and exact in all his statements, and he quotes numerous authorities. that for him tohave made such a confusion of identities seems highly improbable Virsena nowhere mentions Devanandi by the term Pūjyapāda nor does he mention Aklamka by his origin al name. The epithet, Bhattaraka has also been never used for Devanandi whereas Aklamka has often been given this title, though purely out of respect and not because he was a regular Bhattaraka like those of later times. In fact, the word Bhaṭṭa was a part of his name.[8] Therefore, there remains no doubt that the Pujyapada of Virasena is Aklaṃka, the first Jaina celebirity of that name, whose full name was Bhatta-Aklamka-Deva, who was a master logician and was the author of Tatwartharajavartika, Aṣṭa-Śati, Laghiyastrya, Nyāyavinischaya, Sidhavinischaya, Pramāṇa-sarasangraha etc. and that by the Tatwartha Bhasya Virasena meant the Tatwartharajavartika and by Sarasangraha the Pramana or Pramāna-Sarasangraha of that author. Moreover, it is obvious by the manner in which Virsena mentions Aklaṃka, that is, using merely his respectful surname and not his original name, that the memory of Aklamka was yet fresh in the age of Virsena (circa 720-790 A. D.) and that not a very long time had elopsed since his death.

We have seen that this Aklaṃka belonged to the Dēvagaṇa. He was rather the first great known Guru of that Sangha which began to be mentioned soon after him. As a matter of fact, although the original division into the four Sanghas or gaṇas—the Nandi, Deva, Siṃha and Sena, of the Mula Digambara Sangha had taken place in the first century A. D. at a conference held under the chairmanship of Acharya Arhadbali[9], the Jaina Gurus prior to Aklaṃka's times very rarely used with their names the names of their respective Sangha, gaṇa etc. But from his times onwards this became a general practice. This is why certain writers and inscriptions of the later mediaeval times even asserted that the division into the four Sangras took place in Aklamka's times, and which assertion has

---

8. See my paper 'King Himasitala of the Aklamka Tradition.'

9. J. S. B., I, 4, p. 74—Pattavali of Nandi Samgha.

considerably confused and misled some modern scholars.[10]

There is also enough evidence to show that Aklamka was also a great grammarian, atleast he was highly proficient in that branch of learning as well. Atharvanācarya, the author of the Telegu grammar, Tri-linga-śabdānuśāsana mentions in his Vikrata-viveka (13th century A. D) the name of Aklaṃka in between Pūjyapāda and Hemachandra as a great Jaina grammarian of old.[11] The author of Karṇāṭaka-sabdanusana who was Aklaṃka's own namesake and was a famous Bhaṭṭāraka of Haduvalli in South Canara in the 16th century A. D, was in the words of Dr. Keilhorn 'evidently a profound grammarian.' He also mentions Aklaṃka I as an ancient authority on grammar and quotes a verse from some work of his on that subject.[12] As early as 783 A. D., Jinasena Punnāṭa-sanghi in his Harivaṃśa Purāṇa alludes to some 'Dēva of Dēva-saṃgha who was the master of the works of famous grammarians like Indra, Chandra, Jainēndra etc.'[13] By Jainendra is evidently meant Pūjyapāda Dēvanandi, the author of the Jainendra Vyākarṇa. It is, therefore, quite clear that the 'Deva' alluded to in the Harivaṃśa belonged to the Devasaṃgha, was highly proficient in grammar and was a person quite different from and later than Devanandi Pūjyapāda. Now Deva is another such term which has been equally applied both to Devanandi and Aklaṃka by different later writers, and which is yet another source of confusion between their identities. Aklaṃka's own commentator, Anantavīrya (8th century A. D.) in his Siddha-viniśchaya vivaraṇa alludes to Aklaṃka simply by the term Deva. He was probably Aklaṃka's first important commentator as he is alluded to both by Vadirāja and Prabhāchandra both of whom belonged to the 11th century A. D. and are well known commentators of Aklamka's works And since his another early and equally important commentator, Vidyānandi (775-825 A. D.)[14] neither alludes to nor is alluded to by Anantavīrya, both of them

---

10. Cf. Dr. B. A. Saltore—Med. Jainism p. 235.
11. J. G., Sep. Oct. 1923, pp. 217-232.
12. *Ibid.*
13. Harivamsa, Sarga I, verse 31.
14. Cf. My article on that author in Anekant, X, no. 7-8, pp. 274-288

seem to have been more or less contemporaries. This is the same Anantavirya who also wrote a commentary on Aklamka's Pramāṇa-sārasangraha. No wonder that Jinasena I who also lived just at that time (i. e. 783 A. D.) mentioned Aklaṃka merely by the respectful term Deva and that his Deva of Devasaṃgha is none else but Bhaṭṭa-Aklankadeva. Vadirāja in his Nyāyavinischayavivaraṇa and his Pārśwa-charita also mentions Aklamka by the name of Deva only, and in the latter allusion he also refers to Aklamka's great proficiency in the science of grammar.

That Aklaṃka was a Mahārāṣtrian is supported by the oldest traditions relating to him. The earliest available version of the Kathākoṣa tradition is found in the 'Ārādhanā-sata kathā prabandha' of Prabhāchaṇdra (980-1065 A. D.) who is also a well-known commentator of Aklaṃka. And there is reason to believe that the basis of this work was another and older Kathākoṣa. According to this work of Prabhachandra, Aklaṃka was a native of Mahārāṣtra.[15] He was in fact, as we have already seen, a resident of Alkatakanagar, modern Altem, in the Chalukyan Territory.[16] According to Aklaṃka's own statement his father was some prince of the name of Laghuhavva[17] who might have been a chieftain of Pulkesin II. Devachandra (1838 A D), no doubt, in his Rajavalikathe associates Aklaṃka with Kanchi and the Tamil country or Southern Canara. But his statement is quite erroneous and is a result of confusing Aklaṃka I with his above-mentioned namesake of the 16th century, the Bhattaraka of Haduvalli in South Canara. In the case of Aklaṃka, Devachandra has made a confusion of several different and even unconnected traditions.

From the beginning of the 6th to the middle of the 8th century A. D., the Western Chalukyas of Vātāpi (Bādāmi) ruled over Mahārāṣtra. They were superseded by the Rāṣṭrakūṭas of Mānyakhēṭa who held their sway over this territory till about the end of the 10th century A D Virasena's headquarters were at Vāṭanagar near Nasik and the older Chalukyan centres, Badami, Ajanta, Aihole,

15. Brahma Nemidatta in his Kathakosa also says the same thing.
16. J. A., XII p. 19-21.
17. Tatwartharajavartika, Ch. I, last verse—'लघु हव्व नृपति वर तनयः'

Altem etc. were situated in the same country and nor far from that place. Hence if Aklamka's own disciples referred to above in the above mentioned Chalukyan records, and who were more or less contemporaries of Vīrsena, called him by the respectful term Pujyapada, it should not be strange for Virsena to follow the same practice. Similarly, if his near and remote disciples and commentators could remember him by another such term, namely Devendra Bhattaraka or simply Deva, the author of the Harivaṃśa did nothing strange in doing the samething It is quite natural that in his native country where his fame and name were still quite fresh, he was often called and remembered by merely such titles of respect. Although in Aklaṃka's case, unlike Devanandi, the title Pūjyapāda indicates no yogic or mystic significance or tradition, nor was the title Deva an abbreviation of the original name.

As to the date of this Pujyapada Bhatta-Aklamka Deva, we know that—

(1) He is mentioned by Virsena in his Dhavala (780 A. D.) and by Jinasena I in his Harivamsa (783 A. D.)

(2) His earliest known commentators and admirers, Anantvīrya and Vidyanandi belonged to the 8th century A D.

(3) Dhananjaya in his Nāmamālā from which Virsena quotes a verse, mentions Pūjyapāda (Devanandi) and Aklaṃka as quite two distinct persons.[18]

(4) Vimalachandra alias Parvādimalla was the disciple of Puṣpasena Muni who was a junior colleague of Aklamka. This Vimalachandra was a great disputant and is known to have visited the court of Raṣtrakūṭa Kṛṣna I Śatrubhayankara (756-772 A. D.)[19] He is also mentioned by Vidyanandi (775-825 A. D.) and seems to be the same person as Vadibhasimha, the author of Kshatrachudamani etc.

(5) The Chalukyan records show that Aklamka's desciples and grand disciples were living between 680 to 733 A. D.

(6) Haribhadrasuri (700-770 A D.), an eminent Swetambara guru and author of Mewar side, exhibits Aklaṃka's influence and

---

18. प्रमाणमकलङ्कस्य etc.

19. E. C. II, 67, pp 27-28, also Med. J. p. 36. It is quite probable that the Satrubhayankara alluded to might have been a predecessor of Kriśna I.

even describes the latters views by the name of 'Aklaṃka Nyāya'. His contemporary, Sidhasena-guṇi in his own commentāry of the Tattwarthabhāṣya, which is also the first Swetambara commentary on the Tatwarthadhigama-Sutra of Umāswāmin, mentions the Siddhi-vinisehaya, an important and still available work of Aklaṃka.

(7) Jinadasagani-Mahattara wrote his churnis on the Niśitha Sutra and the Nandi Sutra. The Churni on the latter was written in Saka 598 (i. e A. D. 676), and from this work the above mentioned Haribhadra has also largely quoted. In his Nisitha Churni this Jinadas mentions Aklamka's Siddhaviniśchaya and praises it as a 'Prabhavaka-sastra.'

(8) A comparative study of the works of Bharthari (590-650 A. D), Kumarila Bhatta and Dharmakirti (600-660 A.D.) with those of Aklaṃka clearly shows that all these great logicians of different schools must have been more or less contemporaries. From this Pt Kailash Chand Sastri concludes that Aklaṃka must have lived between 620 680 A. D.[20]

(9) Dr. D. C Sirkar places Aklaṃka in Saka 600 or A D. 678, while Prof. Srikantha Sastri places him in 645 A. D.[21]

(10) A very old Jaina tradition gives the date of Aklaṃka's famous dispute with the Budhists as Vik S. 700 or A. D. 643.

(11) Tradition associates Aklaṃka with a king named Himaśitala in whose court that famous dispute was held, and another king styled as Sāhasatunga to whom, in full court, Aklaṃka gave an account of his achievements and of the above mentioned victory. We have elsewhere discounted the theories hitherto held by practically all the scholars with regard to the identities of these two monarchs and have established that the said Himasitala was none else but the king of Kalinga and Kosala at the time of Hiuen Tsang's visit to that country in 640 A. D , and that the Sāhastunga in question was the Western Chalukyan emperor Vikramaditya I (642-680 A D.), the son and successor of Pulkesin II.

From the above facts it is, therefore, quite clear that Pujyapada Bhatta-Aklamka-deva certainly lived about the middle of the 7th

---

20. Nyaya Kumud Chandra, Pt. I, Introd.

21. Annals BORI. XII, 3, p. 255.

century A. D., that his date cannot be taken beyond 775 A. D. He must have been a well reputed scholar and atleast in his middle age at the time of that dispute in 643 A. D. considering the number and voluminousness of his works and his activities as a great disputant as well as organiser of his order of disciples, he must have attained an age of atleast 75. His date may, therefore, tentatively be fixed as 600 675 A. D.

VIDYANANDA.

By

Dr. S. Srikantha Sastri, M.A., D. Litt.

(62) *Amacce*—The *amātya* who was the father of Varadhanuh caused a *suruṅga* (tunnel) to be dug for the purpose of effecting the egress of Prince Brahmadatta. (Cf. the *Mahā-ummagga Jat.* where we find Mahosadha caused the little and great tunnels to be made in the capital of King Cūlaṇī Brahmadatta with a view to protect his master the Vedeha King.)

(63) *Khamae* (forbearance)—story of a *Kṣapaka* (mendicant) who though slighted patiently bore the indignities without anger.

(64) *Amaccaputta*—Varadhanuh showed his wisdom to Prince Brahmadatta by indicating the true nature of "long back" (*dīrgha-pṛṣṭha*).

(65) *Cāṇakke*—While he was the minister of Candragupta Cāṇakya showed his wisdom *re* noble horses.

(66) *Thūlabhadda*—When King Nanda killed the father of Sthūlabhadrasvāmī, he offered the post of minister to him which he declined and under took *pravrajyā*, (See *Kalpasūtra-Subodhikā-ṭīkā*, *Āvaśyakasūtra*, pp 435 36; Hemacandra's *Pariśiṣṭaparvan* vv 3 82).

(67) *Nāsikasundarinam* etc.–In the city of Nāsikya lived Nanda, his wife was Sundarī. His brother, a monk, brought Nanda to the top of Mount Meru and showed him twin gods (Cf. 59; and the *Saundarānanda Kāvya*)

(68) *Vaire* (Vajra)—Though a child Vajrasvāmī did not so much care for his mother as for the *Saṃgha*.

(69) *Calaṇāhaṇa* Certain young men exhorted the King to keep about him only young men and not old men with wrinkles and grey hairs. The King in order to test them said: "What sentence should I give one who strikes me with feet on the head." "He should be cut to pieces of the measure of sesame." He asked the old men who deliberated: "Who else other than his dear queen should think of hitting the King?" and answered so. The King was pleased and kept old men near him. This is a variation of the Mahosadha story where the answer is "the little son of the King."

(70) *Āmaṇḍe* (artificial *āmalaka* fruit)–A certain person identified it by observing its hardness as well as its being out of the season. Cf. *Upadeśa*, p. 214.

(71) *Maṇi* —A certain serpent always used to climb a tree and eat the eggs of birds. One day he fell down from the tree and his crest-jewel (*maṇi*) slipped on to the edge of the well (which was underneath the tree). It coloured the water red with its glow; but when the water was taken out of the well it resumed its natural colour. An old man discovered the secret after close observation. Cf. Test no. 19, Jāt. no. 546, where a precious jewel in the crow's nest on a palm tree which stood on the bank of a lake illumined the water. It has parallels in later Indian folklore.

(72) *Sappe* (serpent)–Caṇḍakauśika's thought towards the Lord: "Such is his greatness." Reference is to the *Kulpasūtra* where the serpent Caṇḍakosiya tormented Lord Mahāvīra who awakened him by imparting true knowledge (Cf. *ĀVM*).

(73) *Khaggī* (rhinoceros)—A *śrāvaka* infatuated with the pride of his prime youth died without having done any act of religious merit and was reborn as a rhinoceros. He used to kill men in the forest, but one day felt powerless against some *sādhus*. He remembered his previous birth, abjured food, and dying went to *devāloka*.

(74) *Thubhiṃ le*—In the city of Vaisāli there was a *thūbha* (*stūpa*, mound) known as the shoe of Muni Suvratasvāmī. On the advice of a Jain Muni named Kulavālaka it was excavated. This led to the breach of Vaisālī. See Tawney's *Kathākośa*, *AVM*, *Kumārapāla-pratibodha* etc.

I have found some Tibetan Tales (eg. *Mahauṣādha* and *Viśākha*, pp. 162-64, story no. 48, *The Revengeful Crow*, pp. 356-57) re-appearing in variant form in the above mentioned Italian *Il Nouvellino*. As I have already said, such tales have migrated from India. I have cited the parallels from what I have read casually. A more diligent, intensive and systematic study will be fruitful.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम

१ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' हिन्दी षाण्मासिक पत्र है, जो वर्ष में दो बार प्रकाशित होता है।

२ 'जैन-एन्टीक्वेरी' के साथ इसका वार्षिक मूल्य देश के लिये ३) है, जो पेशगी लिया जाता है। १।।) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा रहेगी।

३ इसमें केवल साहित्य-संबन्धी या अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। प्रबन्धक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं। मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में परिवर्तन की सूचना भी तुरन्त आरा को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि 'भास्कर' प्राप्त न हो तो इसकी सूचना शीघ्र कार्यालय को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर अर्वाचीन काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्ति-विज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना आदि सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकों को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास बिना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' कार्यालय आरा के पते से ही भेजनी चाहिये।

PRINTED AT SHREE SARASWATI PRINTING WORKS, LTD.
ARRAH

भाग २०

किरण २

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. XIX No II

Edited by

Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.

Prof. Jyoti Prasad Jain M. A., LL. B

Sri. Kamata Prasad Jain, M.R.A.S., D.L.

Pt. K. Bhujbali Shastri, Vidyabhushan.

Pt. Nemi Chandra Shastri, Jyotishacharya,

Published by

THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY

(JAIN SIDDHANTA BHAVANA)

ARRAH (Bihar)

Annual Inland Rs. 3. Single Copy Rs. 1/8

DECEMBER, 1953.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग २०　　　　दिसम्बर १९५३　　　　किरण २

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३)　　　　एक प्रति का १॥)

विषय-सूची

—श्री नेमिचन्द्र शास्त्री

जैनपुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षण्मासिक पत्र

भाग २० | दिसम्बर, १९५३ । माघ, वीर नि० सं० २४८० | किरण २

तोरमान विषयक जैन उल्लेख

[श्री एन० सी० मेहता, आई० सी० एस०]

प्रास्ताविक—

विक्रम सं० ९८३ के आषाढ़ महीने के "जैन साहित्य संशोधक" गुजराती त्रैमासिक पत्र में प्रकाशित गुजरात विद्यापीठ के मुनि जिनविजय जी के (रोमांस) प्रमाणाधारित लेख के आधार पर मैं कुछ आवश्यक विवेचन करूँगा। उसके आधार ग्रन्थ "कुवलयमाला" को उद्योतन सूरि उपनाम दाक्षिण्य चिन्ह ने प्राकृत भाषा में मालवाड़ के "जाबालीपुर" नगर में चैत्र वदी १४ सं० [illegible] में लिखकर समाप्त किया था। यह नगर पहले गुजरात प्रान्त के अन्तर्गत था।

यह ग्रन्थ चम्पू के समान गद्य पद्यमय है। इसका प्राकृत में दक्षिण महाराष्ट्र के प्रचलित शब्दों का प्रयोगबाहुल्य एवं दक्षिणस्थित प्रदेशों के वर्णन को देखकर यह प्रतीत होता है कि उद्योतन जी इसी प्रान्त के सुरम्य अंचल के निवासी थे अथवा बहुत दिनों तक यहीं प्रवास किया था। इनके एक गुरु ख्यातिप्राप्त जैन विद्वान् 'हरिभद्र सूरि' थे इन्होंने १४०० से १४४० तक छोटे बड़े ग्रन्थों का निर्माण कर अपनी उज्ज्वल प्रतिभा को प्रदर्शित किया था। इन ग्रन्थों में 'समरादित्य' एक सुविख्यात कथा है जिसमें उन्होंने अपने मित्र के द्वेष के कारण आभिशया के अधः पतन का सफल और मार्मिक चित्रण किया है।

इसी ग्रन्थ के आधार पर उद्योतन ने 'कुवलयमाला' का निर्माण किया। जैनियों का कथा साहित्य अधिकतर दशवीं शताब्दी के उपरान्त का ही उपलब्ध है। ईसा के पश्चात् ऐसे दस ग्रन्थ भी प्राप्य नहीं है जिसको प्रथम सहस्राब्दी में निर्णयात्मक रूप से रक्खा जा सके और जैन कथाओं की प्राचीनता की वैज्ञानिक प्राप्ति हो। इसी उपर्युक्त कारण से उद्योतन सूरि के इस ग्रन्थ की

महत्ता अपनी निराली है। इस अपूर्व ग्रन्थ की केवल दो हस्तलिपियाँ ही प्राप्य हैं जो कुछ आवश्यक विशेषताओं में परस्पर भिन्न हैं। उनमें से एक रविवार फाल्गुन वदी १ संवत् ११३६ को लिखित जैसलमेर' के भंडार में सुरक्षित ताड़पत्र पर अंकित है और दूसरी राज्य पुस्तकालय पूना में प्राप्त प्रायः पन्द्रहवीं शताब्दी की है।

उद्योतन ने अपने इस ग्रन्थ के अन्त में अपने परिवार, गुरु, समय और अन्य परमावश्यक विषयों पर अच्छा प्रकाश डाला है, जो संक्षेप में नीचे उद्धृत है :—

जैन-उल्लेख—

(१) अत्थि पुहई पसिद्धा दोण्णि पहा दोण्णि चेय देसत्ति।
तत्थत्थि पहं णामेण उत्तरावहं बुहजणाइण्णं ॥

(२) सुइदिअचारुसोहा विअसिअकमलाणणा विमलदेहा।
तत्थत्थि जलहिदइआ सरिआ अह चंदभाय त्ति ॥

(३) तीरम्मि तीय पयडा पव्वइया णाम रयण सोहिल्ला।
जत्थित्थि ठिए भुत्ता पुहइं सिरि तोरराएण ॥

(४) तस्स गुरू हरिउत्तो आयरिओ आसि गुत्तवंसओ।
तीय णयरीय दिण्णो जेण णिवेसो तहिं काले ॥

(५) तस्स विसिस्सो पयडो महाकई देवउत्तणामोत्ति।
........................सिवचन्द गणी य मयहरोत्ति ॥ (?)

(६) सो जिण वन्दणहेउं कहवि भमंतो कमेण संपत्तो।
सिरिभिल्लमालणयरम्मि संठिओ कप्परुक्खोव्व ॥

(७) तस्स खमासमणगुणा णामेणं जक्खयत्तगणिणामो।
सीसो महई महप्पा आसि तिलोए वि पयडजसो ॥

(८) तस्स य बहुया सीसा तवसी रिअत्तयणलद्धिसंपण्णा।
रम्मो गुज्जरदेसो जहि कओ देव हरएहि ॥

(९) णागो विंदोभम्मड दुग्गो आयरिय अग्गि सम्मोय।
छट्ठो वडेसरो छम्मुहस्स य (व ?) अगासने-आसि ॥

(१०) आगा सवप्पए (य) रे जिणालयं तेण णिम्मवियं रम्म।
तस्स मुह दंसणच्चिय अवि पसमइ जो अभत्थो (व्वो) वि ॥

(११) तस्स वि सीसो अन्नो तत्ताअरिओ त्ति णाम पयडगुणो।
आसि तयतेयणिज्जिय पयविगहमोहो (दिणयर व्व) ॥

(१२) (जो दूसम सलिलपवा हवेण ही रन्तगुणसहस्साण) ॥
सीलंगविउलसालो लक्खण रुक्खो व्व निक्कंपो ॥

(१३) सीसेण तस्स एसा हिरिदेवी दिण्णदंसणमणेण ।
रइया कुवलयमाला विलसियदक्खिण्ण इन्धेण ॥

(१४) दिण्णजहिच्छियफलओ बहु कित्ती कुसुमरेहि रामोओ ।
आयरियवीरभद्दो अन्यावरो कप्परुक्खोव्व ॥

(१५) सो सिद्धन्तेण गुरू जुत्तिसत्थेहि जस्स हरिभद्दो ।
बहुसत्थगंथवित्थरपत्थारियपयडसव्वत्थो ॥

(१६) आसी तिकम्माभिरओ महादुवारम्मि खत्ति ओपयडो ।
उज्जोअणो त्ति णामंतच्चिअ परिभुंजिरे तइआ ॥

(१७) तस्स वि पुत्तो संपइ णामेण वडेसरो त्ति पयडगुणो ।
तस्सुज्जोअणणामो तणओ अह विरइया तेण ॥

(१८) तुंगमलंघं जिणभवण मणहरं सावयाउलं विसमं ।
जावालिपुर अट्ठावयं व अह अत्थि पुहईए ॥

(१९) तुंगं धवलं मणहारिरयणपसरंत धयवडाडो यं ।
उसहजिणंदायतणं करावियं वीरभद्देण ॥

(२०) तत्थट्ठिएणं अह चोद्दसीए चेतस्स कण्हपक्खम्मि ।
णिम्मविआ वोहिकरी भव्वाणं होउ सव्वाण ॥

(२१) परभडभिउडिभंगो पणईयणरोहणी कलाचंदो ।
सिरिवच्छरायणामो णरहत्थी पत्थिवो जइआ ॥

(२२) को किर वच्चइ तीरं जिणवयणमहोअहिस्स दुत्तारं ।
थोअमइणा वि बद्धा एसा हिरिदे विवयणेण ॥

(२३) जिणवयणाओ ऊणं अहियं व विरुद्धयं व जं बद्धं ।
तं खमसु संठवेज्जसु मिच्छा अह दुक्कडं तस्स ॥

(२४) चंडकुलापयवेणं आयरिय उज्जोअणेण रइया मे ।
सिवसंतिबोहि मोक्खाण साहिया होउ भवियाण ॥

(२५) एयं कहं करेउं ज पुण्णं पावियं भए विउलं ।
साहुकिरिया सचितं भवे भवे होउ मे तेणं ॥

(२६) सगकाले वोलीणे वरिसाण सएहि सत्ते हि गएहिं ।
एगदिणेणूणेहिं रइया अवरण्हवेलाए ॥

(२७) बश कइत्तणाहिमाणो ण कव्वगुद्धीए विरइया एसा।
धम्मकहत्तिणिबद्धा मादोसे काहिई इमीए ॥

इन गाथाओं का शब्दार्थ लिखना व्यर्थ है, अतः भावार्थ दिया जा रहा है।

(१) पृथ्वी पर दो ही विख्यात देश हैं। उत्तरा पथ विद्वत्भूमि है।

(२) चन्द्रभागा नदी इसके बीच से प्रवाहित है।

(३) इसीके तट पर 'पव्वैया' नगर स्थित है जहाँ 'तोराया' निवास करते थे। (पूना प्रति के अनुसार तोरमान नरेश राज राजेश्वर थे)।

(४) गुप्तवंशज 'हरिगुप्त' उनके गुरु थे और ये भी वहीं के निवासी थे?

(५) इनके शिष्य थे महाकवि 'देवगुप्त' और उनके शिष्य थे 'शिवचन्द्रमणि'।

(६) वे तीर्थयात्रा करते हुए 'भिन्नमाल' पहुँचे।

(७) त्रैलोक्य विख्यात यज्ञदत्त ज्ञानी इनके प्रमुख शिष्य थे।

(८) गुर्जर देशको सुशोभित एवं अनेक मन्दिरोंके निर्माण करने वाले उनके अनेक योग्य शिष्य थे

(९) उनमें नाग विन्दा, मम्मद, दुगा, अग्निशर्मा और वेदसार प्रमुख शिष्य थे।

(१०) 'वेदसार' ने 'आगासवपा' (आकाशवप्रा) में एक सुन्दर जैन मन्दिर बनवाया था।

(११) इनके शिष्य थे तत्त्वाचार्य।

(१२) इनके शिष्य थे 'दक्खिन इन्धा' की पदवी से विभूषित कुवलयमाला के ग्रंथकार।

(१३, १४, १५) जिनका सिद्धान्त शिक्षण हुआ आचार्य वीरभद्रजी के द्वारा तथा युक्तिशास्त्र अनेक ग्रंथों के रचयिता श्री हरिभद्र जी ने पढ़ाया।

(१६) उस समय महादुवारा के प्रसिद्ध उद्योतन का राज्य था।

(१७) उनके पुत्र सम्प्रति या वेदसार जी ही प्रस्तुत ग्रंथकार के पिता थे।

(१८,१९,२०) सुन्दर जिनालयों एवं अनेक श्रावकों से सुशोभित 'जाबालिपुर' के श्रीवीरभद्र द्वारा निर्मापित श्री ऋषभदेव मन्दिर में इन्होंने चैत्र वदी चतुर्दशी को यह ग्रंथ समाप्त किया।

(२१) श्री वत्सराज राजा थे। (२४) चन्द्रकुलवंशोद्भूत उद्योतनाचार्य इसके लेखक हैं।

(२६) शाकाब्दके ७०० वर्ष पूर्ण होनेके एक दिन पूर्व इन्होंने इस ग्रंथ को अपराह्नमें समाप्त किया

यहाँ तोराराय या तोरमान का उल्लेख विशेष महत्त्वपूर्ण है। यह निश्चय ही वही हूणनरेश तोरमान हैं जिन्होंने गुप्तों की नींव हिला दी थी। जहाँ तक हम को ज्ञात है कि इनके प्रसिद्ध पुत्र मिहिरकुल की राजधानी साकलं या आधुनिक सियालकोट थी, इनकी राजधानी के विषय में कुछ भी पता नहीं था, किन्तु इस ग्रंथ से ज्ञात होता है कि इनकी राजधानी चन्द्रभागा नदी के तट पर पवैय्या नगर में थी।

सबसे महत्त्वपूर्ण सूचना है तोरमान के गुरु के विषय में। इनके गुरु थे गुप्तवशीय हरिगुप्त। इस लेख से सर्वथा स्पष्ट हो जाता है कि हरिगुप्त जैनमतावलम्बी थे। किन्तु क्या यह संभव है कि,

विकट हूणाधिपति पराजित गुप्त जैन गुरु के समक्ष नतमस्तक होते ? किन्तु यदि हरिगुप्त किसी भिन्न गुप्तवंश के थे तो फिर वंश के उल्लेख की आवश्यकता ही क्या थी ? किन्तु यदि हम इस निष्कर्ष को मान लें कि तोरमान विजित गुप्त वंशीय अनुप जैनी के शिष्य थे तब हमको यह भी मानना ही पड़ेगा कि विष्णूपासक गुप्तों के वंश में कम से कम एक व्यक्ति तो ऐसा था ही जिसने कुलपरम्परागत विष्णु की उपासना को भगवान् महावीर के कठिन पथ के समक्ष त्याग दिया था। कुवलयमाला के ग्रंथकार ऊपर उद्धृत किये गये पाँचवें श्लोक में किसी देवगुप्त के विषय में कहते हैं कि वे थे एक विख्यात कवि और हरि गुप्त के शिष्य। पूना की हस्तलिपि इनको बहुकला-कुशल सैद्धान्तिक मानती है। कुवलयमाला की भूमिका में गुप्तराजवंश एक राजर्षि देवगुप्त का वर्णन है जो त्रिपुरुषचरित के रचयिता भी हैं। महाकवि देवगुप्त और राजर्षि देवगुप्त दोनों एक ही व्यक्ति हैं इसमें सन्देह नहीं किया जा सकता है। अब प्रश्न यह उठता है कि यह राजर्षि थे कौन? सन् १८८४ में कनिंघम साहब को अहिच्छत्र में एक ताम्रमुद्रा प्राप्त हुई थी। जिस पर "महाराजदेवगुप्तस्य" एक ओर तथा दूसरी ओर अंकित था सुज्ञात जैन चिन्ह पुष्पसहित एक कलश। यह शुभ चिन्ह आज भी जैनों के मध्य प्रचलित है तथा शुभावसरों में निमन्त्रणों में पाया जाता है। गुप्तमुद्राओं पर शासकों की विश्वास परम्परा के अनुसार बैल, घोड़ा, लक्ष्मी या धनुर्धारी योद्धा ही अंकित होता है। कलश और पुष्प देवगुप्त के जैनधर्मावलम्बी होने पर ही प्रयुक्त हुए होंगे। शिलालेख के अनुसार देवगुप्त महाराज का समय पाँचवी शताब्दी का अन्त या छठी शताब्दी का प्रारम्भ निश्चित हुआ है। यह उद्योतन सूरि के तोरराय के समकालीन हरिगुप्त के शिष्य देवगुप्त के समय से मिल जाता है।

यह प्रत्यक्ष है कि इस आदि काल में भी प्राचीन गुजरात की राजधानी भिन्नमाल या श्रीमाल एक प्रसिद्ध जैनतीर्थ थी, जहां देवगुप्त के शिष्य शिवचन्द्र गणी चले गये थे। कुवलयमाला के अनुसार शिवचन्द्र के शिष्य ने अनेक जिनालयों का निर्माण कर गुजरात को शोभायमान कर दिया था—दूसरे शब्दों में दक्षिण में शैवधर्म से मुठभेड़ के पूर्व ही पश्चिम भारत में जैन-धर्म ने बहुत उन्नति की थी। प्राचीन दक्षिणापथ से इस धर्म का वास्तविक उन्मूलन नवीं शताब्दी में हुआ। दसवें श्लोक में आकाशवप्रा का उल्लेख है। यह आधुनिक 'वादनगर' हो सकता है। आकाश-वप्रा का अर्थ होता है वह नगर जिसके चतुर्दिक कोट के स्थान पर आकाश होता है। कुमारपाल के शासनकाल में सं० ११५७ ई० में ही आनन्दपुर के चारों ओर दीवालें बनी थीं।

१८ से २० श्लोकों में उद्योतन जी ने जाबालिपुर का वर्णन किया है जहाँ वे इस ग्रंथ का निर्माण किये थे। यह नगर आज भी जोधपुर राज्य का प्रधान कार्यालय है और 'अन्हिलवाड़पाटण' के चालुक्य राजाओं का एक मुख्य केन्द्र होने के लिए भी प्रसिद्ध है। उद्योतन जी का कथन है वत्सराज' के शासन काल में उन्होंने यह ग्रंथ लिखा था। ये नरहस्ति एवं 'परभटभृकुटिभंजक'

कहे जाते थे और संभवतः वे ही सुविख्यात 'प्रतिहार' राजा हैं जिन्होंने प्राचीन गुजरात से प्रारम्भ कर अपना राज्य कन्नौज तक बढ़ाया। तद्विषयक प्राचीनतम उल्लेख कुवलयमाला से पाँच वर्ष पश्चात् का है और जिनसेनाचार्यकृत हरिवंश पुराण में उपलब्ध है, जिसका समय शकाब्द ७०५ है।

शक ७०५ में जब इन्द्रायुध उत्तर में राज्य करते थे।

शाकेष्वब्दशतेषु सप्तसु दिशं पञ्चोत्तरेषूत्तरां
पातीन्द्रायुधनाम्नि कृष्णनृपजे श्रीवल्लभे दक्षिणाय।
पूर्वां श्रीमेदवन्तिभूभृति नृपे वत्साधिराजेऽपरां
सौर्या (रा) णामधिमंडले (लं) जययुते वीरे वराहेऽवति॥

श्री वल्लभ का दक्षिण में, अवन्तिराज का पूर्व में वत्सराज का पश्चिम में और जयवराह का शौर्यदेश में शासन था। वत्सराज के पौत्र मिहिरभोज के समय के शिलालेख से वत्सराज की महत्ता का और भी परिचय प्राप्त होता है। इन्होंने भण्डीनरेशों से राज्य छीन लिया था ऐसा इस लेख में वर्णन है। यह भंडीवंश कन्नौज का वर्मावंश हो सकता है। नागभट्ट के शासनकाल में अरबों के हमलों के कारण भिन्नमाल को त्याग कर पूर्व में ही जावालिपुर राजधानी बन चुकी थी। मारवाड़ में जावालिपुर या 'झालर' इस पद पर ६०० वर्ष तक रहा तथा १३११ ई० में अलाउद्दीन खिलजी ने इसको नष्ट भ्रष्ट कर दिया।

कुवलयमाला द्वारा प्राप्त सामग्री का तथ्य —

(१) प्रस्तुत ग्रंथकार उद्योतन सूरि क्षत्रिय थे और उन्होंने प्रतिहारवंशी वत्सराज के शासन काल में इस ग्रंथ की रचना की। इस समय भिन्नमाल के स्थान पर जावालिपुर ही राजधानी थी।

(२) उद्योतन प्रसिद्ध हरिभद्र के शिष्य थे।

(३) तोरराय या तोरमान उत्तरापथ के शासक थे और इनकी राजधानी चिनाव या चन्द्रभागा तट स्थित पवैय्या नगर में थी।

(४) यह तोरराय निस्सन्देह ऐतिहासिक हूणनरेश तोरमान ही हैं और इन्होंने गुप्तवंशोद्भव (संभवतः शासक गुप्तवंश) हरिगुप्त को अपना गुरु स्वीकार किया।

(५) हरिगुप्त के दूसरे शिष्य थे देवगुप्त। संभवतः ये कन्नौज के हर्ष के भ्राता राज्यवर्द्धन द्वारा पराजित गुप्तनरेश हो सकते हैं। देवगुप्त जी पराजय के पश्चात् साधु हो गये होंगे और संभवतः इन्हीं की मुद्रा सन् १८६४ ई० में कनिंघम साहब को मिली थी।

(६) हरिगुप्त और देवगुप्त दोनों ही जैनमतावलम्बी थे और यद्यपि तोरराय स्वयं जैनी न रहें हों किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि उनके ऊपर जैन गुरुओं का प्रभाव बहुत पड़ा होगा।

(७) आठवीं शताब्दी में पश्चिम भारत में जैन धर्म का विशेष प्रचार एवं प्रसार था क्योंकि उस समय के पूर्व ही भिन्नमाल को जैन तीर्थों का केन्द्र माना जाता था।

जैन-दर्शन में शब्द की स्थिति

[ले०—श्री नेमिचन्द्र शास्त्री]

प्रस्ताविक—

शब्द और अर्थ क्या में? इनका सम्बन्ध है या नहीं? ये नित्य हैं या अनित्य? यदि नित्य हैं तो इनका क्या स्वरूप है और अनित्य हैं तो क्या? अर्थतत्व का ज्ञान कैसे और क्यों होता है? अर्थ-तत्व का निर्णय किस प्रकार से और किन साधनों से किया जाता है?—आदि प्रश्नों का समाधान वैयाकरणों के अतिरिक्त दार्शनिकों ने भी किया है। शब्द सुदूर प्राचीन काल से ही दार्शनिकों के लिए विचार का विषय रहा हैं। जैन दर्शनकारों ने भी शब्द और अर्थतत्व पर पर्याप्त ऊहा-पोह किया है। प्रमोत्पत्ति का प्रधान साधन शब्द ही है। अतः इसके स्वरूप पर विचार करना दर्शन शास्त्र का एक अनिवार्य अंग है।

स्वरूप—

जैन दर्शन में शब्द को पुद्गल का पर्याय या रूपान्तर माना गया है। इसकी उत्पत्ति स्कन्धों के परस्पर टकराने से होती है। इस लोक में सर्वत्र पुद्गलरूप शब्द वर्गणाएँ, अति सूक्ष्म और अव्याहत रूप से भरी हुई हैं। हम अपने मुंह से तात्वादि के प्रयत्न द्वारा वायु विशेष का निस्सरण करते हैं, यही वायु पुद्गल-वर्गणाओं से टकराती है, जिससे शब्द की उत्पत्ति हो जाती है। प्रमेय कमल-मार्त्तण्ड में शब्द के आकाश गुणत्व का निराकरण करते हुए बतलाया गया है कि परमाणुओं के संयोग रूप स्कन्धों—शब्दवर्गणाओं के सर्वत्र सर्वदा विद्यमान रहने पर भी ये वर्गणाएँ शब्द रूप तभी परिणमन करती हैं, जब अर्थबोध की इच्छा से उत्पन्न प्रयत्न से प्रेरित परस्पर घर्षण होता है। वाद्यध्वनि तथा मेघ आदि की गर्जना भी वर्गणाओं के घर्षण का ही फल है। कुन्दकुन्दस्वामी ने शब्द स्वरूप का विवेचन करते हुए लिखा है—

> सद्दोखंधप्पभवो खंधो परमाणुसंगसंघादो।
> पुट्ठेसु तेसु जायदि सद्दो उप्पादगो णियमा॥—पञ्चास्तिकाय

शब्द स्कन्ध से उत्पन्न होता है। अनेक परमाणुओं के बन्ध को स्कन्ध कहते हैं। इन स्कन्धों के परस्पर टकराने से शब्द की उत्पत्ति होती है।

अतः यह सिद्ध है कि शब्द पुद्गल की पर्याय है—पुद्गल स्वरूप है और इसकी उत्पत्ति स्कन्धों के परस्पर टकराने से होती है।

जब शब्द पुद्गल की पर्याय है तो यह किस गुण के विकार से उत्पन्न होता है; क्योंकि प्रत्येक पर्याय गुणों की विकृति—परिवर्तन से उत्पन्न होती है। पुद्गल में प्रधान चार गुण होते हैं-- रूप, रस, गन्ध और स्पर्श। शब्द स्पर्श गुण के विकार से उत्पन्न होता है। भाषा वर्गणाएँ

जो पुद्‌गल रूप हैं, उनमें पुद्‌गल के चारों प्रधान गुणों के रहने पर भी स्पर्श गुण के परिवर्तन से शब्द की उत्पत्ति होती है। यही कारण है कि शब्द कर्ण इन्द्रिय से स्पर्श करने पर ही अर्थबोध का कारण बनता है। आज के विज्ञान ने (Sound) ध्वनि की उत्पत्ति के सम्बन्ध में जो प्रक्रिया प्रस्तुत की है, उससे भी उपर्युक्त कथन की सिद्धि होती है। विज्ञान ध्वनि की उत्पत्ति में 'कम्पन' को आवश्यक मानता है। यह कम्पन स्पर्श गुण के परिवर्तन से ही संभव है। जैन दार्शनिकों ने शब्द को गतिमान, स्थितिमान और मूर्तिक माना है। परीक्षण से भी उक्त तीनों गुण शब्द में सिद्ध हैं। अतः शब्द पुद्‌गल की पर्याय है और स्पर्श गुण के विकार से उत्पन्न होता है तथा इसमें पुद्‌गल के चारों गुणों में से स्पर्श गुण ही प्रधान रूप से व्यक्तावस्था में पाया जाता है।

नित्यानित्यत्व—

मीमांसक का कहना है कि शब्द को अनित्य मानने से अर्थ की प्रतीति संभव नहीं; किन्तु शब्द से अर्थ की प्रतीति होती है, अतः शब्द नित्य है। शब्द नित्य न हो तो स्वार्थ का वाचक नहीं हो सकता है। शब्द में वाचकत्व और अर्थ में वाच्यत्व-शक्ति है, अतः शब्द और अर्थ में वाच्य-वाचक सम्बन्ध है। यह सम्बन्ध प्रत्यक्ष, अनुमान और आगमादि प्रमाणों से सिद्ध है। उदाहरण के लिए यों कह सकते हैं कि हमने किसी व्यक्ति से पानी लाने को कहा। शब्द अनित्य होता तो पानी शब्द कहने के साथ ही नष्ट हो जाता और श्रोता को अर्थ की प्रतीति ही नहीं होती तथा हम प्यासे ही बने रहते और सुननेवाला हमें कभी भी पानी लाकर नहीं देता। पर यह सब होता नहीं है, श्रोता हमारे कहने के साथ ही अर्थ बोध कर लेता है और जिस अर्थ में जिस शब्द का प्रयोग किया जाता है श्रोता उसकी क्रिया को भी सम्पन्न कर देता है। अतएव शब्द नित्य है, अन्यथा अर्थबोध नहीं हो सकता था। अनित्य शब्द से अर्थ की प्रतीति, प्रवृत्ति और प्राप्ति असंभव है।

'यह घट है' इस शब्द की सदृशता इसी प्रकार के विभिन्न देशवर्ती शब्दों में पायी जाती है, अतः यह सदृशता अर्थ का वाचक हो जायगी, नित्यता नहीं—यह आशंका भी निरर्थक है, अतः शब्द सदृशता से अर्थ का वाचक नहीं हो सकता; क्योंकि शब्द में वाचकत्व एकत्व से संभव है, सदृशता से नहीं। न सादृश्य प्रत्यभिज्ञान से अर्थ का निश्चय किया जा सकता है; क्योंकि ऐसा मानने से शब्द-ज्ञान में भ्रान्ति-दोष आयगा। एक शब्द में संकेत होने पर दूसरे शब्द से अर्थ का निश्चय निर्भ्रान्त नहीं हो सकता; अन्यथा गृहीत संकेत गोशब्द में अश्व शब्द से गाय अर्थ का निश्चय भी अभ्रान्त हो जायगा। यदि शब्द के अवयवों के साम्य से शब्द में सदृशता स्वीकार की जाय तो यह भी असंगत होगा; क्योंकि वर्ण निरवयव होते हैं। गत्व से विशिष्ट गादि शब्दों में भी वाचकत्व नहीं बन सकता है; अतः गादि सामान्य का

अभाव है और सामान्य के अभाव के कारण शब्दों में नानात्व भी संभव नहीं। अतएव नित्य शब्द द्वारा ही अर्थबोध हो सकता है।

पतंजलि ने 'ऋलृक' सूत्र की व्याख्या में जातिवाचक, गुणवाचक, क्रियावाचक और यदृच्छा शब्दों का विवेचन करते हुए जाति शब्दों को नित्य; क्रियावाचक शब्दों को अत्यन्त सूक्ष्म और अप्रत्यक्ष; गुणवाचक शब्दों को अव्यवहार्य और स्वानुभूति-संवेद्य एवं यदृच्छा शब्दों को लोक-व्यवहार का हेतु माना है। यदृच्छा शब्द भौतिक हैं, ये नित्य नहीं; प्रतिक्षण परिवर्तनशील हैं।

कैयट ने इसी सूत्र की व्याख्या में यदृच्छा शब्द के अतिरिक्त अन्य किसी का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया। ये इसे माया, अविद्या और अज्ञान का ही प्रपंच मानते हैं।

नैयायिक और वैशेषिक शब्द को अनित्य मानते हैं। उनका सिद्धान्त है कि उत्पत्ति के तृतीय क्षण में शब्द का ध्वंस हो जाता है; यह आकाश का गुण विशेष है। लौकिक व्यवहार में वर्ण से भिन्न नाद ध्वनि को ही शब्द कहा जाता है।

बौद्ध अपोह-अन्य निवृत्ति रूप शब्दको मानता है तथा इस दर्शनमें शब्दको अनित्य मानागया है

प्रभाकर ने शब्द की दो स्थितियाँ मानी हैं—ध्वनि रूप और वर्ण रूप। दोनों रूप आकाश के गुण हैं। इनमें ध्वन्यात्मक शब्द अनित्य हैं और वर्णात्मक शब्द नित्य।

जैन दर्शन में उपर्युक्त सभी दर्शनों की आलोचना करते हुए शब्द को नित्यानित्यात्मक माना गया है। असल बात यह है कि जैन दर्शन में विचार करने की दो पद्धत्तियाँ हैं—द्रव्यार्थिक नय या द्रव्यदृष्टि और पर्यायार्थिक या पर्यायदृष्टि। किसी भी वस्तु का विचार करते समय उपर्युक्त दोनों दृष्टियों में से जब एक दृष्टि प्रधान रहती है तब दूसरी दृष्टि गौण और दूसरी के प्रधान होने पर पहली गौण हो जाती है। अतः द्रव्यदृष्टि से विचार करने पर शब्द कथञ्चित् नित्य सिद्ध होता है; क्योंकि द्रव्य रूप शब्द वर्गणाएँ सर्वदा विद्यमान रहती हैं और पर्याय दृष्टि की अपेक्षा से शब्द कथञ्चित् अनित्य हैं; क्योंकि व्यक्ति विशेष जिन शब्दों का उच्चारण करता है, वे उसी समय या उसके कुछ समय पश्चात् नष्ट हो जाते हैं। जैन दार्शनिकों ने पर्यायापेक्षा भी शब्द को इतना क्षण-विध्वंसी नहीं माना है, जिससे वह श्रोता के कान तक ही नहीं पहुँच सके और बीच में ही नष्ट हो जाय। एक ही शब्द की स्थिति कथञ्चित् नित्यानित्यात्मक हो सकती है। यही कारण है कि जैन दार्शनिकों ने शब्द को एकान्त रूप से नित्य या अनित्य मानने वाले पक्षों का तर्क-संगत निराकरण किया है। कुमारिल भट्ट के नित्यपक्ष की आलोचना करते हुए प्रभाचन्द्र ने बतलाया है कि अर्थ के वाचकत्व के लिए शब्द को नित्य मानना अनुपयुक्त है; क्योंकि शब्द के नित्यत्व के बिना अनित्यत्व से भी अर्थ का प्रतिपादन संभव है। जैसे अनित्य धूमादि से सदृशता के कारण पर्वत और रसोई घर में अग्नि का ज्ञान हो जाता है, उसी प्रकार गृहीत संकेतवाले अनित्य शब्द से भी सदृशता के कारण अर्थ का प्रतिपादन संभव है। यदि कार्यकारण एवं सदृशता सम्बन्धों को

वस्तुप्रतिपादक न माना जाय और केवल नित्यता को ही प्रधानता दी जाय तो सर्वत्र सभी पदार्थों को नित्यत्वापत्ति हो जायगी। अतएव कुमारिल भट्ट ने जो शब्द को नित्य माना है तथा शब्द की उत्पत्ति न मानकर उसका आविर्भाव एवं तिरोभाव माना है, वह सदोष है। तर्क द्वारा शब्द कथञ्चित् नित्यानित्यात्मक ही सिद्ध होता है। शब्द की उत्पत्ति होती है, अभिव्यक्ति नहीं।

अर्थ-प्रतिपत्ति—

जैन दार्शनिकों ने अर्थ में वाच्य रूप और शब्दों में वाचक रूप एक स्वाभाविक योग्यता मानी है। इस योग्यता के कारण ही संकेतादि के द्वारा शब्द सत्य अर्थ का ज्ञान कराते हैं। घट शब्द में कम्बुग्रीवादि वाले घड़े को कहने की शक्ति है और उस घड़े में कहे जाने की शक्ति है। जिस व्यक्ति को इस प्रकार का संकेत ग्रहण हो जाता है कि घट शब्द इस प्रकार के घट अर्थ को कहता है, वह व्यक्ति घट शब्द के श्रवण मात्र से ही जलधारण क्रिया को करने वाले घट पदार्थ का बोध प्राप्त कर लेता है। आचार्य माणिक्यनन्दि ने अर्थप्रतिपत्ति का निर्देश करते हुए कहा है—

सहजयोग्यतासंकेतवशाद्धि शब्दादयो वस्तुप्रतिपत्तिहेतवः—परीक्षामुख

प्रभाचन्द्र ने शब्द और अर्थ के वास्तविक सम्बन्ध की सिद्धि में उपस्थित किये गये तर्कों का का उत्तर देते हुए लिखा है कि यह सत्य है कि अर्थज्ञान के विभिन्न साधनों से अर्थ का ज्ञान समान रूप से स्पष्ट नहीं होता; कोई अधिक स्पष्ट रूप से वस्तु का ज्ञान कराते हैं और कोई नहीं। अग्नि शब्द से उतना अग्नि का स्पष्ट ज्ञान नहीं होता, जितना कि अग्नि के जलने से उत्पन्न दाह का। साधन के भेद से स्पष्ट या अस्पष्ट ज्ञान होता है, विषय के भेद से नहीं। अतः अस्पष्ट ज्ञान कराने वाले साधन से ज्ञात पदार्थ को असत्य नहीं कह सकते। साधन के भेद से एक ही शब्द विभिन्न दशाओं में विभिन्न अर्थों के प्रकट करने की योग्यता रखता है।

शब्द और अर्थ की इस स्वाभाविक योग्यता पर मीमांसक ने आपत्ति प्रस्तुत की है कि शब्द-अर्थ में यह स्वाभाविकी योग्यता नित्य है या अनित्य? प्रथम पक्ष में अनवस्था दूषण आयेगा और द्वितीय पक्ष में सिद्ध साध्यतापत्ति हो जायगी। इस शंका का समाधान करते हुए बताया गया है कि हस्त, नेत्र, अंगुली संज्ञा सम्बन्ध की तरह शब्द का सम्बन्ध अनित्य होने पर भी अर्थ का बोध कराने में पूर्ण समर्थ हैं। हस्त, संज्ञादि का अपने अर्थ के साथ सम्बन्ध नित्य नहीं है, क्योंकि हस्त संज्ञादि स्वयं अनित्य हैं, अतः इनके आश्रित रहने वाला सम्बन्ध नित्य कैसे हो सकता है। जिस प्रकार दीवाल पर अंकित चित्र दीवाल के रहने पर रहता है और दीवाल के गिर जाने पर नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार शब्द के रहने पर स्वाभाविक योग्यता के कारण अर्थ बोध होता है और शब्दाभाव में अर्थबोध नहीं होता। मीमांसक के समस्त आक्षेपों का उत्तर प्रभाचन्द्र ने तर्कपूर्ण दिया है

भर्तृहरि ने अपने वाक्यपदीय में शब्द और अर्थ की विभिन्न शक्तियों का निरूपण किया है। प्रभाचन्द्र ने प्रमेयकमलमार्त्तण्ड में शब्द और अर्थ की स्वाभाविक योग्यता का निरूपण करते हुए भर्तृहरि के सिद्धान्त की विस्तृत आलोचना की है।

शब्द और अर्थ का सम्बन्ध--

जैन-दर्शन शब्द के साथ अर्थ का तादात्म्य सम्बन्ध मानता है। यह स्वाभाविक है तथा कथञ्चित् नित्यानित्यात्मक है। इन दोनों में प्रतिपाद्य प्रतिपादक शक्ति है। जिस प्रकार ज्ञान और ज्ञेय में ज्ञाप्य ज्ञापक शक्ति है, उसी प्रकार शब्द और अर्थ में योग्यता के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य-करण आदि सम्बन्ध भाव नहीं है। शब्द और अर्थ में योग्यता का सम्बन्ध होने पर ही संकेत होता है। संकेत द्वारा ही शब्द वस्तु ज्ञान के साधन बनते हैं। इतनी विशेषता है कि यह सम्बन्ध नित्य नहीं है तथा इसकी सिद्धि प्रत्यक्ष, अनुमान और अर्थापत्ति इन तीनों प्रमाणों द्वारा होती है:—

जैन दार्शनिकों ने नित्यसम्बन्ध, अनित्य सम्बन्ध एवं सम्बन्धाभाव का बड़े जोरदार शब्दों में निराकरण किया है। प्रमेय कमलमार्त्तण्ड में प्रभाचन्द्र ने जो विस्तृत समालोचना की है, उसीके आधार पर थोड़ा सा इस सम्बन्ध में विवेचन कर देना, अप्रासंगिक न होगा।

वैयाकरण अर्थबोध शब्द से न मानकर शब्द को अभिव्यक्त करने वाली सामूहिक ध्वनि विशेष से ही अर्थ बोध मानते हैं, और इसीका नाम उन्होंने स्फोटवाद रखा है। इनका कहना है कि अर्थ में निश्चित वाच्य शक्ति है और उसका वाचक स्फोट है। यदि वर्णों में वाचकत्व शक्ति स्वीकार की जाय तो वर्णों में यह वाचकत्व शक्ति न तो उनके समूहपने से संभव हो सकती है और न पृथक्पने से। पृथक्पने के मार्ग को स्वीकार करने में 'गौः' शब्द में से' ग' वर्ण ही गाय पदार्थ का वाचक हो जायगा। 'औ' और विसर्ग का उच्चारण निष्फल ही होगा। यदि सामूहिक वर्णों को अर्थबोधक माना जायगा तो वर्णों की सामूहिकता ही एक काल में कैसे संभव हो सकेगी? क्योंकि वर्ण अनित्य हैं। उनका उच्चारण क्रमशः होता है तथा इनके उच्चारण स्थान भी निश्चित् हैं और ये एक साथ अपना काम नहीं करते हैं। अतः सामूहिक वर्ण अर्थबोध के हेतु नहीं हो सकते।

अनुग्राह्य और अनुग्राहक सम्बन्ध की अपेक्षा भी वर्णों में वाचकत्व शक्ति सिद्ध नहीं हो सकती; अतः अनुग्राह्य-अनुग्राहक सम्बन्ध मूर्त्त में होता है अर्थात् अनुग्राह्य वस्तु और अनुग्राहक वस्तु दोनो के सद्भाव में यह नियम घटित होता है। इनमें से प्रथम के सद्भाव में और द्वितीय के अभाव में वा द्वितीय के सद्भाव और प्रथम के अभाव में यह नियम किस तरह कार्यकारी हो सकेगा? ग, औ और विसर्ग में 'ग' 'औ' पूर्व वर्ण हैं और विसर्ग पर वर्ण है। इनमें पूर्व वर्ण 'ग' 'औ' पूर्व वर्ण हैं और विसर्ग पर वर्ण है। इनमें पूर्व वर्ण 'ग' 'औ' इन दोनों का पर वर्ण विसर्ग की सद्भाव अवस्था में अभाव है। अतः उपर्युक्त सम्बन्ध वर्णों में नहीं है।

पूर्व वर्ण और अन्त्य वर्ण में जन्य-जनक सम्बन्ध भी नहीं है, जिसके आधार पर पूर्व वर्ण और अन्त्य वर्ण का सम्बन्ध मानकर वर्णों की सामूहिकता एक काल में एक साथ बन सके और उस सामूहिकता की अपेक्षा वर्ण अर्थ के वाचक हो सकें। अन्यथा वर्ण से वर्ण की उत्पत्ति होने लगेगी।

सहकार्य-सहकारी सम्बन्ध की अपेक्षा भी पूर्व वर्ण और अन्त्य वर्णों का सद्भाव एक साथ

एक काल में नहीं माना जा सकता है; यतः विद्यमानों में ही यह सम्बन्ध होता है। अन्त्य वर्ण के समय में पूर्व वर्ण अविद्यमान है, फिर इस सम्बन्ध की कल्पना इनमें कैसे संभव है। जिस प्रकार यह सम्बन्ध वर्णों में संभव नहीं, उसी प्रकार पूर्व वर्ण-ज्ञान और पूर्व वर्णज्ञानोत्पन्न संस्कार में भी नहीं बन सकता है। क्योंकि पूर्व वर्णज्ञानोत्पन्न संस्कार पूर्व वर्ण ज्ञान के विषय की स्मृति में कारण हो सकता है, अन्य में नहीं। वर्णज्ञानोत्पन्न संस्कार से उत्पन्न स्मृतियाँ भी अन्त्यवर्ण की सहायता नहीं कर सकतीं, यतः उनकी उत्पत्ति भी एक साथ संभव नहीं। क्रमशः उत्पन्न स्मृतियों की उत्पत्ति भी असंभव है। यदि सम्पूर्ण संस्कारों से उत्पन्न एक स्मृति अन्त्यवर्ण की सहायता करती है, यह माना जाय तो विरोधी घटपदार्थ अनेक पदार्थों के अनुभव से उत्पन्न संस्कार भी एक स्मृतिजनक हो हो जायँगे। निरपेक्ष वर्ण पदार्थवाचक नहीं हो सकते हैं; क्योंकि पूर्व वर्णों का उच्चारण निरर्थक हो जायगा। अतः किसी भी सम्बन्ध में ऐसी शक्ति नहीं है जिससे गौः आदि शब्दों द्वारा गवादि अर्थों की प्रतीति हो सके। पर, अर्थ की प्रतीति शब्दों द्वारा देखी जाती है; अतः स्फोट नाम की शक्ति ही अर्थबोध का कारण है। स्फोटवादी शब्द को ब्रह्मस्वरूप मानते हैं। यही ज्ञान, ज्ञाता और ज्ञेय रूप है। स्फोट को भी नित्य, अखण्ड, अनिर्वचनीय और निर्लेप माना गया है।

जैन दर्शनकारों ने इस स्फोटवाद की विस्तृत समीक्षा करते हुए बताया है कि एक का अभाव अन्य वस्तु के सद्भाव का कारण होता है। यह कारण उपादान हो अथवा निमित्त, पर कार्योत्पत्ति में सहायक अवश्य रहता है। प्रत्येक कार्य उपादान और निमित्त दोनों प्रकार के कारणों से उत्पन्न होता है। बलिष्ठ उपादान भी अकेला तब तक कार्य उत्पन्न नहीं कर सकता है, जब तक निमित्त सहायता नहीं करता है। शब्द की अन्तिम ध्वनि अर्थ प्रतीति में उपादान कारण है, पर यह उपादान अपने सहकारी पूर्व वर्ण की अपेक्षा करता है। यद्यपि अन्त्य वर्ण के समय में पूर्व वर्ण का सद्भाव नहीं है, फिर भी श्रूयमाण पूर्व वर्ण का अभाव तो अन्त्य वर्ण के समय में विद्यमान है। इस अभाव की सहायता से अन्त्यवर्ण अर्थ प्रतीति में पूर्ण समर्थ है। जैसे आम्रवृक्ष की शाखा पर लगा हुआ आम अपने भार के कारण स्वयं गिरकर अथवा दूसरे किसी कारण से च्युत होने पर वह अपना संयोग पृथ्वी से स्थापित करता है। इस संयोग में उसके पूर्व संयोग का अभाव कारण है; अन्यथा पृथ्वी से उसका संयोग हो ही नहीं सकता। अतएव पूर्व वर्ण-ज्ञान के अभाव से विशिष्ट अथवा पूर्व वर्णज्ञानोत्पन्न संस्कार की सहायता से अन्त्यवर्ण अर्थ की प्रतीति करा देता है।

पूर्व वर्ण विज्ञानोत्पन्न संस्कार प्रवाह से अन्त्यवर्ण की सहायता को प्राप्त करता है। प्रथम वर्ण और उससे उत्पन्न ज्ञान से संस्कार की उत्पत्ति होती है; द्वितीय वर्ण का ज्ञान और उससे प्रथम वर्ण ज्ञानोत्पन्न संस्कार से विशिष्ट संस्कार उत्पन्न होता है। इसी प्रकार अन्त्य संस्कार तक क्रम चलता रहता है। अतएव इस अन्त्य संस्कार की सहायतासे अन्त्यवर्ण अर्थ की प्रतीति में जनक होता है।

शब्दार्थ की प्राप्ति में सबसे प्रमुख कारण क्षयोपशम रूप शक्ति है, इसी शक्ति के कारण पूर्वा-

पर उत्पन्न वर्णज्ञानोत्पन्न संस्कार स्मृति को उत्पन्न करता है, जिसकी सहायता से अन्त्यवर्ण अर्थ प्रतीति का कारण बनता है। इसी प्रकार वाक्य और पद भी अर्थ प्रतीति में सहायक होते हैं।

जैन दर्शन में कथञ्चित्तादात्म्य लक्षण सम्बन्ध शब्द और अर्थ का माना गया है, जिससे स्फोट वादी के द्वारा उठायी गयी शंकाओं को यहाँ स्थान ही नहीं। भद्रबाहु स्वामी ने कहा है—

अभिहाणं अभिहेयाउ होइ भिन्नं अभिन्नं च। खुर अग्गिमोयगुच्चारणम्मि जम्हा उवयणसवणाणं ॥१॥
विच्छेदो न वि दाहो न पूरणा तेन भिन्नंतु। जम्हाय मोयगुच्चारणम्मिभतत्थेव पच्चआ होइ ॥२॥
न य होइस अन्नत्थे तेण अभिन्नं तदत्थाओ।—न्यायावतार पृ० १३

शब्द—अभिधान अर्थ—अभिधेय से भिन्न और अभिन्न दोनों ही हैं। चूंकि खुर, अग्नि और मोदक इनका उच्चारण करने से वक्ता के मुंह और श्रोता के कान नष्ट या जल या भर नहीं जाते हैं, इसलिये तो अर्थ से शब्द कथञ्चिद्भिन्न हैं और चूंकि 'मोदक' शब्द से 'मोदक' अर्थ में ही ज्ञान होता है और किसी पदार्थ में नहीं होता, इसलिये अपने अर्थ से शब्द कथञ्चित् भिन्न है।

शब्द के भेद—

शब्द के मूलतः दो भेद हैं—भाषा रूप और अभाषा रूप। भाषा रूप शब्द भी दो प्रकार का है—अक्षररूप और अनक्षररूप। मनुष्यों के व्यवहार में आनेवाली अनेक बोलियाँ अक्षररूप भाषात्मक शब्द है और पशु पक्षियों की टें-टें, मैं-मैं अनक्षर रूप भाषात्मक शब्द हैं। अभाषा रूप शब्द के दो भेद हैं—प्रायोगिक और स्वाभाविक। जो शब्द पुरुष प्रयत्न से उत्पन्न होता है उसे प्रायोगिक और जो बिना पुरुष प्रयत्न के मेघादि की गर्जना से होता है उसे स्वाभाविक कहते हैं। प्रायोगिक के चार भेद हैं—तत, वितत, घन और सुषिर। चमड़े को मढ़कर ढोल, नगारे आदि का जो शब्द होता है, वह तत है। सितार, पियानो और तानपुरा आदि के शब्द को वितत; घण्टा, झालर आदि के शब्द को घन एवं बासुरी, शंख आदि के शब्द को सुषिर कहते हैं।

उपसंहार—

जैन दर्शन में शब्द को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसके बिना प्रमा ही संभव नहीं तथा सर्वज्ञ वचनों की प्रमाणता के अभाव में आगम भी प्रमाण नहीं हो सकेगा। शब्द को जैन दार्शनिकों ने आकाश गुण नहीं माना है, प्रत्युत पौद्गलिक सिद्ध किया है। शब्द की सिद्धि अनेकान्त के द्वारा मानी है। पूज्यपाद ने अपने व्याकरण के आरंभ में—' **सिद्धिरनेकान्तात्**" सूत्र लिखा है, जिसकी वृत्ति लिखते हुए सोमदेव ने बतलाया है—"**सिद्धिः शब्दानां निष्पत्तिर्ज्ञप्तिर्वा भवत्यनेकान्तात्, अस्तित्वनास्तित्वनित्यत्वानित्यत्वविशेषणविशेष्याद्यात्मकत्वात् दृष्टेष्टप्रमाणा-विरुद्धत्वात्** अर्थात् शब्दों की सिद्धि अनेकान्त के द्वारा ही हो सकती है।

न शब्दः खगुणो बाह्यकरणज्ञान गोचरः। सिद्धो गंधादिवन्नैव सोमूर्तद्रव्यमप्यतः ॥
न स्फोटात्मापि तस्यैव स्वभावस्याप्रतीतितः। शब्दात्मनस्सदा नाना स्वभावस्यावभासनात् ॥
अन्तः प्रकाश रूपस्तु शब्दे स्फोटो परे ध्वनिः। यथार्थं गतिहेतुः स्यात्तथा गंधादितो परः ॥
गन्धरूप रसस्पर्शः स्फोटः किं नोपगम्यते। तथाक्षेपसमाधानसमत्वात्सर्वथार्थतः ॥

अतः जैन दर्शन ने शब्द को आकाश गुण न मानकर पौद्गलिक माना है तथा शब्द और अर्थ का कथञ्चित् तादात्म्य सम्बन्ध सिद्ध किया है।

अन्वेषकों के समक्ष

[श्रीयुत् पं० के० भुजबली शास्त्री, मूडबिद्री]

---

(१) आ० भद्रबाहु का संघ कोन्नूर होकर श्रवणबेलगोल में आया था ? बम्बई प्रांतांतर्गत गोकाक से उत्तर-पूर्व ५ मील दक्षिण की ओर, घटप्रभानदी तट पर कोन्नूर नामक एक गांव है। शिलालेख में इस गांव का नाम कोंडनूर बताया है। सुनने में आता है कि प्राचीन काल में कोन्नूर जैनों का एक महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। यहां पर रेतीली पहाड़ियों के नीचे बहुतसी पुरानी कोठरियां हैं, जिनमें पाषाण की दीवालें और छतें हैं। दर्शनीय इन प्राचीन स्थानों की तुलना इंग्लैंड के प्राचीन पाषाणनिर्मित कमरों से की जाती है। इसमें संदेह नहीं है कि ये बहुत ही प्राचीन और जैन साधुओं की तपस्या के स्थान हैं।

जैन इतिहास में मौर्यकालीन श्रुतकेवली भद्रबाहु की दक्षिण यात्रा की बात एक उल्लेखनीय महत्त्वपूर्ण घटना समझी जाती है। मेरा अनुमान है कि भद्रबाहु का उक्त संघ कोन्नूर होकर ही श्रवणबेलगोल में आया था। साथ ही साथ संघ को एक वर्षा योग यहीं पर बिताने का सुअवसर मिला था। अन्यथा कोन्नूर में एक साथ सैकड़ों मुनिवास बनवाने की जरूरत ही क्यों होती ? इन मुनिवासों को सन् ५२ में मैंने अपनी आंखों से देखा है। इनमें से बहुत से मुनिवास आज भी उत्तम दशा में है। सुना है कि इधर जिस साल कोन्नूर में श्री आचार्य शांति सागर जी के संघ का चातुर्मास हुआ था, उस साल उपर्युक्त मुनिवासों में से कतिपय मुनिवास उक्त संघ के उपयोग में लिये गये थे। गांव वालों से मालूम हुआ है कि पूर्व में ये गुफाएं संख्या में ७०२ थीं। पर हां, अब इतनी नहीं है। फिर भी सैकड़ों हैं।

(२) आ० पुष्पदंत गिरनार से वनवास किस मार्ग से आये ?

श्रुतावतार सम्बन्धी निम्नलिखित घटना जैन इतिहास में एक उल्लेखनीय महत्त्वपूर्ण घटना है। घटना इस प्रकार है—षट्खण्डागम के ज्ञाता श्रुतवत्सल आचार्य धरसेन सौराष्ट्र देश के गिरिनगर (गिरनार) की चन्द्रगुफा में जब तपस्या कर रहे थे, तब उन्हें इस बात की चिंता हुई कि उनके पश्चात् यहां पर पवित्र श्रुतज्ञान का लोप हो जायगा। इसलिये उन्होंने इस सम्बन्ध में महिमा नगरी (प्रायः सतारा जिलांतर्गत महिमानगढ़) के मुनिसम्मेलन को एक पत्र दिया। महिमानगरी में सम्मिलित यति संघ को आचार्य धरसेन जी का पत्र जब मिला, तब उन्होंने श्रुतरक्षा सम्बन्धी उनके अभि-प्राय को अवगत कर अपने संघ में से विद्या ग्रहण करने एवं स्मरण रखने में समर्थ

अत्यंत विनयशील, चरित्रवान् और देश कुल-जाति के शुद्ध और समस्त कलाओं में पारंगत दो साधुओं को चुना। ये दोनों साधु धरसेनाचार्य के निकट गिरनार भेज दिये गये। आचार्य धरसेन जी ने उनकी परीक्षा की। परीक्षा में दोनों साधु उत्तीर्ण हुए। बाद धरसेन जी ने क्रम से उन्हें सब सिद्धांत पढ़ा दिया।

यह श्रुताभ्यास अषाढ़ शुक्ला एकादशी को समाप्त हुआ। आषाढ़ शु० एकादशी को ज्यों ही अभ्यास पूरा हुआ त्यों ही वर्षाकाल के बहुत समीप होते हुए भी उन्हें आचार्य धरसेन जी ने उसी दिन अपने पास से विदा कर दिया। दोनों शिष्यों ने गुरु की बात अनुल्लंघनीय मानकर उसका पालन किया और वहां से चलकर अंकलेश्वर में चातुर्मास किया। धरसेन जी ने उन शिष्यों को तत्काल अपने पास से विदा करने का कारण आचार्य इंद्रनंदी आदि ने लिखा है कि धरसेनाचार्य को ज्ञात हुआ कि उनकी मृत्यु निकट है, इसलिये उन्हें इस कारण दुःख न हो अस्तु, पुष्पदंत अंकलेश्वर से निकल कर जिनपालित को देखने के लिये बनवास (बनवासि) चले आये। यहां पहुंच कर इन्होंने जिनपालित को दीक्षा दी और 'बीसदि सूत्रों' अर्थात् सत्प्ररूपणा के बीस अधिकारों की रचना करके उन्हें पढ़ाया और फिर उन्हें भूतबलि के पास भेज दिया। भूतबलि ने उन्हें अल्पायु जानकर महाकर्म प्रकृति पाहुड़ के विच्छेद के भय से द्रव्य प्रमाण से लेकर आगे की ग्रन्थरचना की। इस प्रकार पुष्पदन्त और भूतबलि दोनों सिद्धान्तग्रन्थ (षट्खण्डागम) के रचयिता और जिनपालित इस रचना के निमित्त कारण हुए।

मेरा अनुमान है कि आचार्य पुष्पदन्त अंकलेश्वर से बनवासि निम्नलिखित मार्ग से लौटे—अंकलेश्वर से सूरत-बम्बई द्वारा पूना; पूना से सतारा (७० मील पर); सतारा से करहाड[1] (३४ मील पर); करहाड से इसलामपुर (१९ मील पर); इसलामपुर से कोल्हापुर[2] (ल० २२ मील पर); कोल्हापुर से कोंगनोलि[3] (१५ मील पर); कोंगनोलि से पट्टणगुडि (ल० १२ मील पर); पट्टणगुडि से शंखेश्वर (ल० ११ मील पर); शंखेश्वर से बेलगाँव (३२ मील पर); बेलगाँव से नन्दगढ़ (२४ मील पर); नन्दगढ़ से अलनावर (१४ मील पर); अलनावर से हलियाल (७ मील पर); हलियाल से बनवासि (४० मील पर)। उल्लिखित स्थानों में आज भी जैनों की संख्या और आर्थिक स्थिति संतोषप्रद है। एक जमाने में बनवासि जैनों का प्रभुत्व केन्द्र रहा, इस बात को मैं अन्यत्र

१ इसका प्राचीन नाम करहाटक था। यह चालुक्यों की उत्तर राजधानी रही है।

२ इसका प्राचीन नाम करवीर था।

३ इसका प्राचीन नाम कोंगणिपल्लि था।

समर्थन कर चुका हूँ। इसलिये यहाँ पर फिर इस बात को दुहराना मैं नहीं चाहता हूँ।

(३) कुटक कोडगे ?

श्रीमद्भागवत में पाँचवें स्कंध के अध्याय २-६ में भगवान् ऋषभदेव का सुन्दर वर्णन आया है। उसमें लिखा है कि कैवल्यपति भगवान् ऋषभदेव निरन्तर परम आनन्द का अनुभव करते हुए भ्रमण करते करते कोंकवेंक, कुटक आदि कर्णाटक देशों में अपनी इच्छा से पहुँचे। क्या भागवत में वर्णित कुटक वर्तमान कोडगु या कुर्ग नहीं है ? कोंक (कोंकण), वेंक के साथ इसका उल्लेख होने से वर्तमान कोडगु ही भागवत में प्रतिपादित प्राचीन कुटक मालूम होता है।

(४) कोडकुन्दि आ० कुन्दकुन्द का जन्म स्थान है ?

श्री कुन्दकुन्दाचार्य एक बहुत ही प्रामाणिक एवं प्रतिष्ठित आचार्य हैं। इनका पहला—संभवतः दीक्षाकालीन नाम पद्मनन्दी था। ये ८४ पाहुड ग्रन्थों के रचयिता प्रसिद्ध हैं और इनके विदेह क्षेत्र में श्री सीमन्धर स्वामी के समवशरण में जाकर साक्षात् तीर्थङ्कर मुख से बोध प्राप्त करने की कथा विख्यात है। कुन्दकुन्दाचार्य का समय प्रायः प्रथम शताब्दी और इनका कुन्दकुन्द यह नाम कोंडकुन्दि पुर के अधिवासी होने के कारण माना जाता है। पूर्व में मद्रास प्रान्तान्तर्गत हाल ही में मैसूर में सम्मिलित अनन्तपुर जिला में कोंदकुन्दि नामक गाँव है। दक्षिण के कुछ विद्वानों की राय है कि यही गाँव कुन्दकुन्दाचार्य की जन्मभूमि है। यहाँ पर आज भी अनेक शिलालेख उपलब्ध होते हैं।

(५) धूर्जटि कौन था ?

आचार्य अजितसेन के अलंकार चिन्तामणि, कवि हस्तिमल्ल के विक्रान्त कौरव और शक संवत् १०५० में उत्कीर्ण श्रवणबेलगोल के शिलालेख (नं० ५४ में थोड़े से पाठभेद के साथ) उपलब्ध 'अवटु-तटमटति झटिति स्फुट-पटु वाचाट-धूर्जटेर्जिह्वा। वादिनि समन्तभद्रे स्थितवति का कथान्येषाम्।' पद्य में प्रतिपादित धूर्जटि एक असामान्य विद्वान् मालूम होते हैं। इसमें संदेह नहीं है कि उस जमाने में धूर्जटि नामवाले विद्वान् भी अवश्य थे। उदाहरण के रूप में कृष्णदेव राय के आस्थान के अष्ट दिग्गजों में धूर्जटि नामवाला भी एक विद्वान् मौजूद था। अब पता लगाना है कि आचार्य समन्तभद्र के समय में धूर्जटि नामवाला विद्वान् कौन था और उसका विशेष परिचय क्या है ?

(६) विजया का काव्य कहाँ पर है ?

राष्ट्रकूट नरेश अमोघवर्ष नृपतुंग के सेनानायक जैन बीरबंकेय की धर्मपत्नी

विजया बड़ी विदुषी रही। इसने संस्कृत में एक काव्य रचा है। इस काव्य का एक पद्य श्रीमान् वेंकटेश भीमराव आलूर, बी० ए०, एल० एल० बी० ने कर्नाटक गतवैभव नामक अपनी सुन्दर पुस्तक में उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है। वह पद्य इस प्रकार है—"सरस्वतीव कर्णाटी विजयांका जयत्यसौ। या वैदर्भगिरांवासः कालीदासादनन्तरम्।" अब पूरे काव्य को खोजने की जरूरत है। काव्य सुन्दर होगा। इस बातको पूर्वोक्त पद्य ही बतला रहा है। इसमें या वैदर्भगिरांवासः कालीदासादनन्तरम् यह पद्य भाग अवश्य विचारणीय है। कवयित्री पूर्वोक्त पद्य में अपने को सरस्वती की तुल्या घोषित कर रही है। इससे विदित होता है कि विदुषी विजया सामान्य कवयित्री नहीं थी। कवयित्री का पूज्य पति बंकेय भी एक अद्वितीय वीर था। इसका परिचय 'भास्कर' में मैं दे चुका हूँ। यहाँ पर फिर उसे दुहराने की जरूरत नहीं है।

आशा है कि हमारे अन्वेषक विद्वान् उपर्युक्त विषयों पर विशेष प्रकाश डालने का श्रम अवश्य करेंगे।

अपभ्रंश-साहित्य : एक संक्षिप्त परिचय

[श्रीयुत् प्रो० राजकुमार जैन, एम० ए०, साहित्याचार्य]

(गतांक से आगे)

अपभ्रंश के महाकाव्य

अपभ्रंश साहित्य के सर्वाधिक समृद्ध एवं परिष्कृत रूप के दर्शन हमें उसके महाकाव्यों में दृष्टिगोचर होते हैं। अपभ्रंश के दोहा साहित्य एवं नीति-खण्ड-काव्यों की अपेक्षा इनमें अनेक प्रकार की विशेषताएँ पाई जाती हैं। इनकी रचना कडवकों पर आधारित है, जिनमें सामान्यतः पज्झटिका या अलिल्लह छन्द के साथ अन्त में एक घत्ता छन्द रहता है। कहीं-कहीं कडवक के आदि में एक दुवई छन्द भी पाया जाता है। लगभग दस पन्द्रह कडवकों का एक अध्याय होता है। जिसे सन्धि कहा जाता है। सन्धि के प्रारंभ में कहीं-कहीं एक ध्रुवक छन्द का भी सन्निवेश उपलब्ध होता है। विषय एवं भाव-वर्णन के अनुरूप विविध छन्दों के परिवर्तन भी इनकी एक विशेषता है। संस्कृत-महाकाव्यों के समान इनकी रचना भी रस, रीति, गुण, अलङ्कार प्रभृति निःशेष काव्यगत विशेषताओं से अलंकृत है। इस प्रकार हम देखते हैं कि अपभ्रंश महाकाव्यों में स्वीकृत उल्लिखित शैली के आधार पर अनेक महाकाव्यों—पुराणों एवं चरितों का सृजन हुआ, जिसका संक्षिप्त परिचय हम यहाँ दे रहे हैं।

अपभ्रंश के उपलब्ध महाकाव्यों में सबसे प्राचीन रचना है—महाकवि स्वयम्भुकृत 'पउमचरिउ तथा 'रिट्ठणेमि चरिउ'।

पउमचरिउ—यह ग्रन्थ १२ हजार श्लोक प्रमाण है और इसमें सब मिलाकर ९० सन्धियाँ हैं—विद्याधर काण्ड में २०, अयोध्याकाण्ड में २२, सुन्दर काण्ड में १४, युद्ध काण्ड में २१ और उत्तर काण्ड में १३। इनमें से ८३ सन्धियों की रचना महाकवि स्वयंभु ने की है और शेष सात सन्धियों की उनके पुत्र त्रिभुवन स्वयंभु ने।

स्वयंभुदेव ने अपभ्रंश भाषा के छन्दः[1] शास्त्र एवं व्याकरण शास्त्र[2] की भी रचना की थी। उल्लिखित दो महाकाव्यों के अतिरिक्त पद्धडिमाबद्ध पंचमीचरिउ नामक एक अन्य काव्य की भी

१—स्वयंभूच्छन्दस-सम्पादक—एच० डी० वेलणकर (जर्नल आव बाम्बे ब्रांच रायल एशियाटिक सोसायटी, वाल्यूम २, सन् १९३५)।

२—यद्यपि स्वयंभुकृत व्याकरण अद्यावधि उपलब्ध नहीं हो सका है; परन्तु निम्नाङ्कित पद्य से स्पष्ट है कि उन्होंने अपभ्रंश पर एक स्वतन्त्र व्याकरण ग्रन्थ भी अवश्य लिखा होगा:—

"तावच्चिय च सच्छंदो भमइ अवब्भंस-मच्च-मायंगो।
जाव ण सयंभु-वायरण-अंकुसो पडइ॥" —(पउमचरिउ, १-२)

इन्होंने रचना की थी[1]। इसके पिता का नाम मारुतदेव तथा माता का नाम पद्मिनी था। मारुतदेव भी कवि थे। स्वयंभु ने अपने छन्दः शास्त्र में 'तहाय माउरदेवस्स' कह कर उनके एक दोहे का उदाहरण स्वरूप उल्लेख किया है[2]। स्वयंभु गृहस्थ थे और 'पउमचरिउ' में उनकी दो पत्नियों के नाम भी पाये जाते हैं। इनमें से एक आइच्चम्बा (आदित्याम्बा) और दूसरी सामिअब्बा थी, जिन्होंने क्रमशः अयोध्या काण्ड तथा विद्याधरकाण्ड लिखाया था। स्वयंभुदेव ने अपनी रचनाओं में अपने वंश, गोत्र, गुरु, सम्प्रदाय आदि का कोई उल्लेख नहीं किया है। परन्तु पुष्पदन्तकृत महापुराण के टिप्पण में उन्हें 'आपुलीसंघीय' बतलाया है[3]। इससे वे यापनीय संघ के अनुयायी प्रतीत होते हैं।

स्वयंभुदेव पहले धनंजय के आश्रित रहते थे और इस समय इन्होंने पउमचरिउ की रचना की और इसके पश्चात् वह धवलइया के आश्रय में रहे और 'रिट्ठणेमि चरिउ' का प्रणयन किया। इसलिए इन्होंने पहले ग्रन्थ में धनञ्जय[4] का और दूसरे में धवलइया[5] का प्रत्येक सन्धि के अन्त में उल्लेख किया है।

स्वयंभुदेव के अनेक पुत्र थे, परन्तु उनमें त्रिभुवन स्वयंभु बहुत सुयोग्य एवं विद्वान् थे। यह महाकवि थे और कविराज चक्रवर्ती इनका विरुद था। पउमचरिउ में लिखा है कि उस त्रिभुवन स्वयंभु के गुणों का वर्णन कौन कर सकता है, जिसने बाल्यावस्था में ही अपने पिता के काव्यभार को उठा लिया[6]। यदि वह न होता तो स्वयंभुदेव के काव्यों का, कुल और कवित्व का समुद्धार कौन करता[7]? और सब लोग तो अपने पिता के धन का उत्तराधिकार ग्रहण करते हैं; परन्तु त्रिभुवन स्वयंभु ने अपने पिता के सुकवित्व का उत्तराधिकार लिया[8]। उसे छोड़कर स्वयंभु

१—"अइय हुउ छंद चूडामणिस्स तिहुवण-सयंभु लहुतणउ।
तो पद्धडिया कव्व सिरिपंचमी को समारेउ॥" -वही, अन्तिम अश, ८)।

२—"अइडमित्त ममंतेण रअणाअरचंदेण।
सो सिज्जंते सिज्जइ वि तह मरइ मरंतेण॥"

३—"सयभु पद्धडीबद्धकर्त्ता आपलीसंघीयः।" (महापुराण, पृ० सं० ६)।

४—"इय इत्थ पउमचरिए धणंजयासिय-सयंभुएवकए।
जिण-जम्मुप्पत्ति इयं पढम चिय साहियं पव्वं॥" (पउमचरिउ)।

५—"इय रिट्ठणेमि चरिए धवलइयासिय-सयंभुएवकए।
पढमो समुद्दविजयाहिसेयणामो इमो सग्गो॥" (रिट्ठणेमि चरिउ)।

६—"तिहुयणसयंभु धवलस्स को गुणो वण्णिउं जए तरइ।
बालेण वि जेण सयंभु-कव्वभारो समुव्वूढो॥" (पउमचरिउ, अन्तिम अंश ३)।

७—तिहुयण सयभु जइ णहुंतु णंदणो सिरिसयंभुदेवस्स।
कव्वं कुलं कवित्तं तो पच्छा को समुद्धरइ॥ (पउमचरिउ, अन्तिमांश ७)

८—सव्वो वि जणो गेण्हइ णिय ताय-विढत्त-दव्व-संताणं।
तिहुयण-सयंभुणा पुण गहियं णं सुकइत्त-संताणं॥ (वही अन्तिमांश ६)

के समस्त शिष्यों में ऐसा कौन था जो उनके काव्य समुद्र को पार करता[1] ? व्याकरण रूप हैं सुदृढ़ कन्धे जिसके, आगमों के अंगों की उपमा वाले हैं विकट पद जिसके ऐसे त्रिभुवन स्वयंभु रूप धवल (वृषभ) ने जिन तीर्थ का भारवहन किया[2]। इस लेख से व्यक्त होता है कि त्रिभुवन भी एक महान् वैय्याकरण एवं आगमादि शास्त्रों के ज्ञाता थे।

यद्यपि स्वयंभुदेव कृत पउमचरिउ, रिट्ठणेमि चरिउ तथा पंचमी चरिउ तीनों ही काव्य रचनाएँ अपने आप में सम्पूर्ण थीं; परन्तु त्रिभुवन स्वयंभु ने स्वयं इस बात का उल्लेख किया है कि उन्होंने इन तीनों रचनाओं को पूर्ण किया। कवि चक्रवर्ती त्रिभुवन स्वयंभु ने जिस ढंग से इन रचनाओं को पूर्ण किया है इनका वह आदर्श साहित्यिक जगत् में सर्वथा निराला है। बाण की अपूर्ण कादम्बरी को उनके पुत्र द्वारा पूर्ण किये जाने की भाँति उन्होंने इनकी पूर्ति नहीं की है; अपितु इन सर्वाङ्गपूर्ण रचनाओं में उन्हें कुछ कमी अनुभूत हुई और उसे उन्होंने नवीन सर्ग-रचना द्वारा पूर्ण किया।

रिट्ठणेमि चरिउ—स्वयंभुदेव का यह दूसरा महाकाव्य है। यह हरिवंश पुराण नाम से प्रसिद्ध है। अठारह हजार श्लोक प्रमाण है और इसमें ११२ सन्धियाँ हैं। इसमें तीन काण्ड हैं—यादव, कुरु और युद्ध। यादव में १३, कुरु में १६ और युद्ध में ६० सन्धियाँ हैं। सन्धियों की यह गणना युद्ध काण्ड के अन्त में दी हुई है और यह भी लिखा है कि प्रत्येक काण्ड की रचना कब हुई और उसमें कितना समय लगा। ६३ से ६६ तक की सन्धियों की रचना भी स्वयंभु देव ने ही की है। इसके आगे का भाग १०० से ११२ तक की सन्धियाँ त्रिभुवन स्वयंभु ने बनाई हैं और अन्तिम सन्धि तक की पुष्पिकाओं में इनका नाम अङ्कित है।

प्रस्तुत रिट्ठणेमि चरिउ की भी उत्थानिका में कवि ने अपने पूर्ववर्ती शास्त्रकारों और कवियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए लिखा है कि 'मुझे इन्द्र ने व्याकरण, भरत ने रस, व्यास ने विस्तरण, पिंगल ने छन्द, भामह और दण्डी ने अलङ्कार, बाण ने छनछनाता हुआ अक्षराडम्बर, श्री हर्ष ने नैपुण्य एवं चतुर्मुख ने दुवई और ध्रुवकोंसे जड़ा हुआ पद्धड़िया छन्द समर्पित किया'[3]।

१—तिहुवणसयंभुमेक्कं मोत्तूण सयंभुकव्व-मयरहरो।
को तरइ गंतुमंतं मज्झे णिस्सेस-सीसाणं॥ (वही, अन्तिमांश १०)

२—वायरण-दढ-क्खंधो आगम-अंगोपमाण-वियडपओ।
तिहुयण-सयंभु-धवलो जिणतित्थे वहउ कव्वभरं॥ (वही अन्तिमांश ४)

३—इंदेण समप्पिउ वायरणु, रसु भरहें वासें वित्थरणु।
पिंगलेण छंद-पय-पत्थारु, भम्मह-दंडिणिहिं अलंकारु।
बाणेण समप्पिउ घणघणउ, तं अक्खर-डंबरु अप्पणउ।
सिरिहरिसें णिय णिउणत्तणउ, अवरेहिं मि कइहिं कइत्तणउ।
छड्डणिय-दुवइ-धुवएहिं जडिय, चउमुहेण समप्पिय पद्धडिय।
—(रिट्ठणेमि चरिउ की उत्थानिका)

इस उल्लेख से प्रतीत होता है कि स्वयंभु के मतानुसार चतुर्मुख इस प्रकार के सर्व प्रथम कवि थे, जिन्होंने पद्धड़िया छन्द का ध्रुवक और दुवई के साथ मेल मिलाकर कड़वक रूप से अपभ्रंश-काव्य-रचना करने का श्री गणेश किया।

यद्यपि चतुर्मुख की अब तक कोई काव्य-रचना उपलब्ध नहीं हुई है, परन्तु पउम चरिउ की उत्थानिका एवं अन्तिम प्रशस्ति के पद्यों में अपभ्रंश साहित्य के प्राचीन इतिहास के सम्बन्ध में जो महत्त्वपूर्ण संकेत निहित हैं उनसे सूचित होता है कि चतुर्मुख देव ने 'महाभारत' की सम्पूर्ण या खण्ड रूप से रचना की थी, जिसमें 'गोग्रहण कथा' इतनी सुन्दर वर्णित हुई है उसकी बराबरी कोई कवि नहीं कर पाया[1]। एक अन्य पद्य से प्रतीत होता है कि चतुर्मुख ने 'पंचमी चरित' की भी रचना की थी[2]। उसमें चतुर्मुख के शब्द-सौन्दर्य की बड़ी प्रशंसा की गई है। अपभ्रंश-कवि धवल ने भी अपने हरिवंशपुराण में चतुर्मुख की 'हरिपाण्डवानां कथा' का उल्लेख किया है[3]। इसके अतिरिक्त स्वयंभुदेव के 'स्वयंभु छन्द' में चउमुहु के जो पद्य उदाहरण स्वरूप उद्धृत हुए हैं, उनमें से ८३, ८६, १०२ पद्यों से स्पष्ट होता है कि चतुर्मुख देव ने पउम चरिउ की भी अवश्य रचना की होगी। क्योंकि उनमें राम-कथा के प्रसङ्ग हैं[4]।

चतुर्मुख के अतिरिक्त त्रिभुवन स्वयंभु ने दो अन्य अपभ्रंश काव्यकारों का उल्लेख किया है जो स्वयंभु से पूर्व के हैं। इनमें से एक दंती हैं और दूसरे हैं भद्र। इन दोनों कलाकारों की प्रशंसा में लिखा है कि दंती का शब्दार्थ बड़ा मनोहारी होता है और भद्र के 'गोग्रहण' एवं 'मत्स्यवेध'—वर्णन को आज भी कोई कवि नहीं पा सकता[5]। इससे ज्ञात होता है कि भद्र ने किसी महाभारत या हरिवंश की रचना की होगी, जिसके अन्तर्गत 'गोग्रह-कथा' और 'मत्स्यवेध'

१—जलकीलाए सयंभु चउमुहएवं च गोग्गहकहाए।
भद्दं च मच्छवेहे अज्ज वि कइणो ण पावंति॥ (पउमचरिउ, १-४)

२—चउमुह सयंभुएवाण वण्णियत्थं अचक्खमाणेण।
तिहुयणसयंभुरइयं पंचमि-चरियं महच्छरियं॥ (पउमचरिउ, अंतिमांश ४)

३—"हरिपंडुवाण कहा चउमुहवासेहि भासियं जम्हा।
तह विरयमि लोयपिया जेण ण णासेइ दंसणं पउरं॥
—(हरिवंशपुराण की उत्थानिका)

४—देखिए, जैन साहित्य और इतिहास' (श्री पं० नाथूराम जी प्रेमी) पृ० सं० ३७२ का टिप्पण।

५—चउमुह-मुहम्मि सद्दो दंती अद्दे च मणहरो अत्थो।
विण्णि वि सयंभुकव्वे किं कीरइ कइयणो सेसो॥
.... ।
भद्दस्स य गोग्गहणं अज्जवि कइणो ण पावंति॥ (पउम चरिउ १-२, ३)

नामके अध्याय या पर्व होंगे। दुर्भाग्य से चतुर्मुख के साथ दंती और भद्र की भी अद्यावधि कोई रचना प्राप्त नहीं हुई है[1]।

स्वयंभुदेव के पश्चात् अपभ्रंश के महान् कवि पुष्पदन्त की रचनाएँ उल्लेखनीय हैं। पुष्पदन्त काश्यप गोत्रीय ब्राह्मण थे। उनके पिता का नाम केशव भट्ट और माता का नाम मुग्धा देवी था। उनके माता-पिता पहले शैव थे; फिर जैन हो गये और अन्त में जिन संन्यास लेकर शरीर त्यागा था[2]। इससे प्रतीत होता है महाकवि पुष्पदन्त भी पहले शैव रहे होंगे।

अभिमान मेरु[3], अभिमान चिह्न[4], काव्यरत्नाकर[5], कविकुलतिलक[6], सरस्वती निलय[7], कव्वपिसल्ल[8] (काव्यपिशाच) ये उनकी उपाधियां थीं। अन्तिम चार उपाधियों से प्रतीत होता है कि पुष्पदन्त अप्रतिम कवित्व शक्ति सम्पन्न एवं प्रसन्न प्रतिभाशाली महाकवि थे। प्रथम दो उपाधियों से स्पष्ट है कि वे बड़े ही स्वाभिमानी थे। पुष्पदन्त पहले किसी राजा के आश्रय में रहते थे। वहाँ उन्होने कुछ काव्य रचना भी की थी; परन्तु इसके पश्चात् राजा द्वारा उपेक्षित एवं अवहेलित होकर वह वहाँ से चलकर वीणकाय मान्यखेट आ पहुँचे। वहाँ राष्ट्रकूट नरेश कृष्णराज (तृतीय) के मन्त्री भरत के आश्रम में आये और 'महापुराण' की रचना की। कवि की रचनाओं से प्रतीत होता है कि पुष्पदन्त असाधारण प्रतिभाशाली महाकवि तो थे ही। इसके अतिरिक्त विदग्ध दार्शनिक एवं जैन सिद्धान्त के भी वह प्रकाण्ड पण्डित थे।

---

१ स्वयंभुदेव के विस्तृत परिचय के लिए देखिए—'जैन साहित्य और इतिहास'
(श्री पं० नाथूराम प्रेमी, बम्बई)।

२ "सिवमत्त्तइ मि जिणसण्णासें बे वि मयाइं दुरियणिण्णासें।
बंभणाइं कासवरिसगोत्तइं गुरुवयणामियपूरियसोत्तइं॥
मुद्धाएवी केसवणामइं महुपियराइं होंतु सुहधामइं।
(णायकुमार चरिउ, अन्तिम प्रशस्ति)

३ (क) तं सुणेवि भणइ अहिमाणमेरु। (—महापुराण, १-३-१२)।
(ख) कं वास्यन्यभिमानमेरुनिलयं श्री पुष्पदन्तं विना। (महापुराण, संधि ४५)
(ग) णवणाहो मंदिरि णिवसंतुसंतु अहिमाण मेरु गुणगणमहंतु।
(णायकुमार चरिउ, १-२-७)

४ वयसंजुत्तिं उत्तमसत्तिं वियलियसंकि अहिमाणंकि। (जसहरचरिउ, ४-३१-३)

५ भो भो केसवतणुरुह णवसररुहमुह कव्व रयणरयणायर। (महापुराण १-४-४)

६ तं णिसुणेवि भरहें वुत्तु ताव, भो कइकुलतिलय विमुक्कगाव। (महापुराण १-८-१)

७ आणइ कइराउ पुप्फयंतु सरसइणिलउ।
देवियहि सरूउ वण्णइ कइयणकुलतिलउ॥—(जसहर चरिउ, १-८-१५)

८(क) जिणचरणकमलभत्तिल्लएण, ता जंपिउ कव्वपिसल्लएण।—(महापुराण, १-८-८)
(ख) णण्णस्स पत्थणाए कव्वपिसल्लएण पहसियमुहेण।—णायकुमार चरिउ, अन्तिम पद्य)

तिसट्ठिमहापुरिस गुणालंकारु या महापुराणु—पुष्पदन्त की यह एक महान् विशालकाय कलाकृति है। यह आदिपुराण तथा उत्तरपुराण के रूप में दो खण्डों में विभक्त है। इनमें त्रेसठ शलाका-पुरुषों के चरित्र गुम्फित हैं। पहले में भगवान् आदिनाथ का और दूसरे में शेष तेईस तीर्थंकरों का एवं उनके समकालीन महापुरुषों की जीवन गाथाएँ निबद्ध हैं। उत्तरपुराण में पद्मपुराण (रामायण) तथा हरिवंशपुराण[1] (महाभारत) भी संमिलित हैं। आदिपुराण में ८० और उत्तरपुराण में ४२ सन्धियाँ हैं। दोनों का श्लोक परिमाण लगभग बीस हजार है। इसकी रचना में कवि को लगभग छह वर्ष लगे थे।

यह एक महान् रचना है और जैसा कि कवि ने स्वयं कहा है, इसमें सब कुछ है और जो इसमें नहीं है वह कहीं नहीं है[2]। महापुराणु की रचना महामात्य भरत की प्रेरणा और प्रार्थना से की गई, इसलिए कवि ने इसकी प्रत्येक सन्धि के अन्त में 'महाभव्वभरताणुमणिणए' (महाभव्यभरतानुमानिते) विशेषण दिया है एवं इसकी अधिकांश सन्धियों के प्रारंभ में भरत का विविधमुख गुण-संकीर्तन किया गया है[3]।

णायकुमार चरिउ—पुष्पदन्त की यह दूसरी रचना है। यह एक सुन्दर खण्ड काव्य है। इसमें नौ सन्धियाँ हैं और यह णएणणामंकिय (नन्नानामाङ्कित) है। इसमें पंचमी के उपवास का फल प्रतिपादन करने वाला नागकुमार का चरित वर्णित है। इसकी रचना बहुत ही प्रौढ़ एवं मनोहारिणी है। मान्यखेट में नन्न के मन्दिर में रहते हुए पुष्पदन्त ने णायकुमार चरिउ की रचना की। प्रारंभ में कहा गया है कि महोदधि के गुणवर्म एवं शोभन नामक दो शिष्यों ने प्रार्थना की कि आप पंचमी-फल की रचना कीजिए, महामात्य नन्न ने भी उसे सुनने की इच्छा प्रकट की तथा नाइल्ल और शीलभट्ट ने भी आग्रह किया।

जसहर चरिउ—पुष्पदन्त की यह तीसरी रचना है। यह भी एक सुन्दर खण्ड काव्य है। इसमें एक पुराण-पुरुष यशोधर का चरित्र निबद्ध किया गया है। इसमें चार सन्धियाँ हैं। यशोधर का कथानक जैन-सम्प्रदाय में बहुत ही प्रिय रहा है और इसे लेकर सोमदेव, वादिराज, वासवसेन, सोमकीर्ति, हरिभद्र, क्षमाकल्याण प्रभृति अनेक काव्यकारों ने प्राकृत-संस्कृत भाषाओं में महत्त्वपूर्ण रचनाएँ की हैं।

---

१ हरिवंशपुराण को जर्मनी के एक विद्वान् 'आल्स डर्फ' ने जर्मन भाषा में सम्पादित करके प्रकाशित किया है।

२ अत्र प्राकृत लक्षणानि सकला नीतिः स्थितिः छन्दसा—
मर्थालङ्कृतयो रसाश्च विविधास्तत्वार्थ निर्णीतयः।
किञ्चान्यद्यदिहास्ति जैन चरिते नान्यत्र तद्विद्यते,
द्वावेतौ भरतेशपुष्प दशनौ सिद्धं ययोरीदृशम् ॥

३ इन पद्यों के लिए देखिए 'महापुराण' के प्रथम खण्ड की प्रस्तावना,

यह ग्रन्थ भी भरत के पुत्र और वल्लभ नरेन्द्र के गृह मन्त्री के लिए उन्हीं के महल में रहते हुए लिखा गया था, इसलिए कवि ने इसके लिए प्रत्येक सन्धि के अन्त में विशेषण दिया है[1]। इसकी दूसरी, तीसरी एवं चौथी सन्धि के प्रारंभ में नन्न के गुण-कीर्तन करने वाले तीन संस्कृत पद्य हैं[2]। जसहर चरिउ की कुछ प्राचीन प्रतियों में गन्धर्व कवि के बनाये हुए कतिपय क्षेपक भी उपलब्ध होते हैं।

आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी 'देशी नाममाला' की स्वोपज्ञ वृत्ति में किसी 'अभिमान चिन्ह' नामक ग्रन्थकर्त्ता के सूत्र और स्वविवृति के पद्य उद्धृत किये हैं। यशोधर चरित के एक पद्य[3] से प्रतीत होता है कि 'अहिमाणंकि' (अभिमानाङ्क) या अभिमान चिन्ह भी पुष्पदन्त का उपनाम था। इससे अनुमित होता है कि पुष्पदन्त ने देशी शब्दों का एक कोष ग्रन्थ भी स्वोपज्ञटीका सहित लिखा था जो आचार्य हेमचन्द्र के समक्ष था।

करकंडु चरिउ—अपभ्रंश का एक सुन्दर सरल काव्य है। मुनि कनकामर ने इसकी रचना की है। इसमें करकंडू नरेश का चरित वर्णित किया गया है। यह वही नरेश है जो जैन एवं बौद्ध परम्परा में प्रत्येक बुद्ध के नाम से माने गये हैं। प्रसङ्गानुरूप इसमें धाराशिव की गुफाओं का सुन्दर वर्णन भी अङ्कित हुआ है और शिलाहारवंशी राजाओं के इतिहास के सम्बन्ध में भी इससे कुछ प्रकाश प्राप्त होता है। काव्यकार पहले द्विजवंशी एवं चन्द्रऋषि गोत्रीय थे। पीछे वैराग्योदय से वह दिगम्बर हो गये। उनके गुरु का नाम बुधमंगलदेव था। उन्होंने 'आसाइय' नगरी में काव्य-रचना की थी। कवि के आश्रयदाता जिन विजयपाल, भूपाल और कर्ण के मन्त्री थे। दमोह, बाँदा और जबलपुर जिलों से जो विभिन्न शिलालेख उपलब्ध हुए हैं, उनमें इन राजाओं के नाम पाये जाते हैं। इन लेखों का काल लिखावट के आधार पर ग्यारहवीं बारहवीं शताब्दी अनुमित किया जाता है। संभव है, मुनि कनकामर का भी यही समय रहा हो[4]।

णेमिणाह चरिउ—इसके कर्ता हरिभद्र हैं। अपभ्रंश की यह एक विशिष्ट रचना है और इसकी रचना रड्डा छन्द में हुई है। प्रस्तुत काव्य अपने कला-मानों मे उत्कृष्ट एवं कुछ क्लिष्ट है। इसका अभी केवल एक अंश ही प्रकाशित हो सका है, जिसका नाम 'सणकुमार चरिउ'

---

१ कोडिण्णगोत्तणहदिणयरासु, वल्लहणरिंदघर महयरासु
णण्णहो मंदिरि णिवसंतुसंतु, अहिमाणमेरु कइ पुप्फयंतु॥

२ देखिए, यशोधर चरित (कारंजीसीरिज) पृ० २४, ४७ और ७५।

३ वयसंजुत्ति उत्तमसत्ति, वियलियसंकि अहिमाणंकि।
(जसहर चरिउ, पृ० १००, पंक्ति ३)

४ देखिए, करकंडु चरिउ— प्रो० हीरालाल जैन द्वारा सम्पादित (कारंजा जैन सीरिज ४, सन् १९३४), पूर्ण अंग्रेजी अनुवाद और शब्द कोष सहित।

है और जिसमें ४४३ से लेकर ७८५ तक अर्थात् ३४३ रड्डा छन्द है। कवि के गुरु का नाम चन्द्रसूरि था और उन्होंने अपनी रचना को वि० सं० १२१ ई० में पूर्ण किया था।[1]

कीर्तिलता—इसके रचयिता मैथिल कोकिल विद्यापति हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना मिथिला में हुई है; अतः इसमें तत्कालीन मैथिल अपभ्रंश का एक ऐसा विकसित स्वरूप दृष्टिगोचर होता है जो आधुनिक भाषाओं के स्वरूप के अत्यन्त निकटवर्ती है। छन्दों की दृष्टि से इसमें दोहा एवं रड्डा के अतिरिक्त अन्य छन्दों का भी प्रयोग हुआ है। ग्रन्थ का विभाजन सन्धियों में न होकर पल्लवों में है तथा काव्य वस्तु भी भृंग एवं भृंगी के संवाद द्वारा प्रस्तुत की गयी है। इसमें जौनपुर के नवाब इब्राहीम शाह के समकालीन कीर्ति सिंह के चरित्र का वर्णन है। कथावस्तु भी ऐतिहासिक है, पौराणिक नहीं। इस प्रकार इस रचना की अनेक विशेषताएँ हैं। इसके रचयिता भी जैन एवं बौद्ध न होकर वैदिक संस्कृति के उपासक हैं। विद्यापति ने अपभ्रंश के प्रति तत्कालीन समाज में रूढ़ उपेक्षावृत्ति को दूर करने की दृष्टि से 'कीर्तिलता' की रचना अपभ्रंश में की। अपभ्रंश का माधुर्य तो उन्हें रुचिकर था ही। इसका रचना काल चौदहवीं शताब्दी है[2]।

अपभ्रंश का अप्रकाशित काव्य-साहित्य

अपभ्रंश के कतिपय प्रकाशित महाकाव्यों के अतिरिक्त अधिकांश इस प्रकार का कथा साहित्य है, जिसका परिचय सार्वजनिक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है; परन्तु जो स्वयं अबतक अपने मूलरूप में प्रकाशित नहीं हुआ है। यहाँ हम ऐसे ही कुछ काव्यों का परिचय प्रस्तुत कर रहे हैं।

हरिवंश पुराण[3]—इसके रचयिता कविवर धवल हैं। यह कविसूर ब्राह्मण एवं केसुल्ला के पुत्र थे। इन्होंने अम्बसेन गुरु के व्याख्यान के अनुसार चतुर्मुख, व्यास एवं जिनसेन की रचनाओं के आधार पर इस ग्रन्थ की रचना की। सम्पूर्ण ग्रन्थ १२२ सन्धियों में समाप्त हुआ है। इसकी उत्थानिका में कवि ने अपने अनेक पूर्ववर्त्ती कवियों की रचनाओं का उल्लेख किया है। इसका रचनाकाल लगभग दसवीं शताब्दी है।

पास पुराण—इसके रचनाकार पद्मकीर्ति हैं। प्रस्तुत रचना में भगवान् पार्श्वनाथ का चरित्र वर्णित किया गया है। ग्रन्थ में १८ सन्धियाँ हैं। पद्मकीर्ति ने शक सं० ९९९ में इसकी रचना की थी। उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है :—सेनसंघ, चन्द्रसेन, माधवसेन, जिनसेन एवं पद्मकीर्ति।

---

१ सनत्कुमार चरितम् सम्पादक डा० हर्मन याकोबी जर्मनी, सन् १९२१) जर्मन अनुवाद और भूमिका सहित।

२ कीर्तिलता सम्पादक—श्री बाबूराम सक्सेना (नागरी प्रचारिणी सभा काशी, सं० १९८६)

३ देखिए, प्रो० हीरालाल जैन का 'महाकवि धवल और उनका हरिवंश पुराण' (वीर, ४–२ सन् १९२५)।

जंबूसामि चरियम्—इस चरित-ग्रन्थ के रचयिता महाकवि वीर हैं। इसमें जैनियों के अन्तिम केवली श्री जम्बूस्वामी के जीवन चरित्र का बड़ा सुन्दर गुम्फन हुआ है। महाकवि वीर ने मालवा के धक्कड़ वंशावतरन महासूदन के पुत्र तक्खडु श्रेष्ठी की प्रेरणा से प्रस्तुत चरित की रचना की थी। वीर के पिता गुडखेड देश के निवासी थे और इनका वंश अथवा गोत्र 'लाल बागड' था। इनके पिता का नाम देवदत्त था। यह महाकवि थे और इन्होंने 'वराङ्गचरित' एवं 'अम्बादेवीरास' ग्रन्थों का प्रणयन किया था; परन्तु दोनों ही रचनाएँ अप्राप्य हैं। वीर की माता का नाम 'सन्तु' अथवा 'सन्तुव' था। इनकी चार स्त्रियाँ थीं और तीन लघु सहोदर भाई। इनका अधिकांश समय राज्यकार्य, धर्म, अर्थ और काम की गोष्ठी में व्यतीत होता था; अतः प्रस्तुत जम्बूस्वामी चरित को सम्पूर्ण करने में इन्हें एक वर्ष का समय लग गया था[1]।

इन्होंने इस चरितग्रन्थ में वादीन्द्रशान्ति[2] कवि जयदेव[3], स्वयंभू[4], पुष्पदन्त और देवदत्त का उल्लेख किया है। इसकी समाप्ति वि० सं० १०७६ वर्ष के व्यतीत होनेपर माघ शुक्ला दशमी के दिन हुई थी[5]।

सुदंसण चरिउ—प्रस्तुत चरित के कर्ता नयनन्दी हैं। इसमें १२ सन्धियों में एक धर्मनिष्ठ सुदर्शन सेठ का चरित वर्णित किया गया है। कवि ने अपनी गुरुपरम्परा का इस प्रकार निर्देश किया है:—कुन्दकुन्दान्वय, पद्मनन्दि, विशाखनन्दि, रामनन्दि, माणिक्यनन्दि एवं नयनन्दी। इससे प्रतीत होता है कि नयनन्दी आचार्य माणिक्यनन्दी के शिष्य थे। इसका रचनाकाल

---

१ बहुरायकज्ज धम्मत्थकाममोट्ठीविहत्त समयस्स।
वीरस्स चरियकरणे इक्को संवच्छरो लग्गो ॥४॥ (जम्बूस्वामि चरित प्रशस्ति)

२ सन्तिकई वाई विहु वण्णुक्करेसु फुरियविण्णाणो।
रससिद्धिसंचियत्थो विरलो वाई कई एक्को ॥३॥ (वही)

३ विजयंतु जये कइणो जाणं वाणं अइट्ठपुव्वत्थे।
उज्जोइय धरियलो साहइ वट्ठिव्व णिव्वडइ ॥४॥ (वही)

४ संते सयंभुएए वे एक्को कइत्ति विन्नि पुणु भणिया।
जायम्मि पुप्फयंते, तिण्णि तहा देवयत्तम्मि॥
(जम्बूस्वामि चरित, सन्धि ५ का प्रारंभिक भाग)

५ वरिसाणसयचउक्के सत्तरिजुत्ते जिणेंदवीरस्स।
णिव्वाणा उववण्णा विक्कमकालस्स उप्पत्ती॥
विक्कमणिवकालाओ छाहत्तरदससएसु वरिसाणं।
माहम्मि सुद्धपक्खे दसमीदिवसम्मि संतम्मि॥
सुणियं आयरिय परंपराए वीरेण वीरणिदिट्ठं
बहुलत्थ पसत्थपयं पवरमिणं चरियमुद्धरियं॥
(जम्बू स्वामि चरित, अन्तिम प्रशस्ति)

वि० सं० ११०० है। नयनन्दी की 'सयलविहि विहाणकव्व' नामक एक अन्य रचना भी उपलब्ध है। यह काव्य १८ सन्धियों में समाप्त हुआ है[1]।

पास चरित्तं—इस पार्श्वचरित के रचनाकार श्रीधर या विबुध श्रीधर थे। यह बुध गोल्ह के पुत्र थे। श्रीधर ने इसकी रचना १२ सन्धियों में समाप्त की है। पद्य संख्या २५०० के लगभग है। प्रस्तुत पार्श्वचरित से प्रतीत होता है कि इन्होंने एक अन्य ग्रन्थ चन्द्रप्रभचरित की रचना भी की थी, जो अद्यावधि अनुपलब्ध है। कवि ने नहलसाहु[2] की प्रेरणा से इस चरित ग्रन्थ की रचना की थी। अन्तिम प्रशस्ति में नहल साहु का विस्तृत परिचय दिया हुआ है। इसका रचनाकाल वि० सं० ११८९ अगहनवदि अष्टमी रविवार है।

पज्जुण्ण कहा (प्रद्युम्न कथा)—इसकी रचना महाकवि सिंह ने की है। इसमें १५ सन्धियों द्वारा श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्नकुमार का चरित्र वर्णित किया गया है। महाकवि सिंह गुर्जरवंश के थे। इनके पिता का नाम बुध रल्हण था और माता का नाम जिनमती। इस ग्रन्थ की रचना बम्हनवाड में हुई थी। प्रस्तुत प्रद्युम्न चरित की प्रथम आठ सन्धियाँ पंपाइय और देवण के पुत्र कवि सिंह की बनाई हुई हैं और शेष की पूर्ति महाकवि सिंह[3] द्वारा की गई। कविवर ने अपने गुरु अमृतचन्द्र आचार्य, जो माधवचन्द्र के शिष्य थे, के आदेश से इस चरित ग्रन्थ का उद्धार किया। कवि ने इस रचना में अपने समकालीन रणधोरिय बल्लाल का उल्लेख किया है। सन् ११५१ लिखित बड़नगर प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि बल्लाल की मृत्यु वि० स० १२०८ से पूर्व हो चुकी थी; अतः प्रद्युम्नचरित का रचनाकाल भी १२०८ (वि० सं०) से पूर्ववर्ती सिद्ध होता है[4]।

सुकुमाल चरिउ—प्रस्तुत चरित ग्रन्थ के कर्त्ता श्रीधर कवि हैं। प्रस्तुत रचना पद्धडियाँ छन्दोबद्ध है एवं छः सन्धियों में समाप्त हुई है। श्रीधर ने बलड (अहमदाबाद) नगर में राजा गोविन्दचन्द्र के समय में इसकी रचना की थी। यह चरित वि० सं० १२०८ मगसिरकृष्णा ३ सोमवार को सम्पूर्ण हुआ था।

---

१ देखिए, पं० परमानंद शास्त्री का 'अपभ्रंश भाषा के दो महाकाव्य' (अनेकान्त वर्ष १०, किरण ६)।

२ इय सिरिपास चरित्तं रइयं बुहसिरिहरेण गुणभरियं।
अणुमणियणं मणोज्जं णट्टल णामेण भव्वेण ॥ (पासचरित्तं की अन्तिम प्रशस्ति

३ (क) "कइ सिद्ध हो विरयंत हो विणासु. संपत्तउ कम्मवसेण तासु"।
(पज्जुण्ण कह) अन्तिम प्रशस्ति

(ख) "परकज्जं परकव्वं विहडंतं जेहिं उद्धरियं।" (वही)

४ महाकवि सिंह के विस्तृत परिचय के लिए देखिए, अनेकान्त वर्ष ८, किरण १०, ११ में प्रकाशित पं० परमानन्द जी शास्त्री का 'महाकवि सिंह और प्रद्युम्न चरित, शीर्षक लेख।

वीर चरिउ—इस ग्रन्थ के रचयिता श्रीधर हैं। इन्होंने १० सन्धियों में प्रस्तुत वर्धमान काव्य का प्रणयन किया। यह चरित जैसवालवंशीय साहु नेमिचन्द्र की प्रेरणा से लिखा गया था। श्रीधर ने इसके पूर्व शान्तिनाथ चरित तथा चन्द्रप्रभ चरित नामक दो काव्यों की रचना और की थी[1]। ग्रन्थ में रचनाकाल का कोई उल्लेख नहीं मिलता है।

सुलोचना चरिउ—प्रस्तुत रचना के प्रणेता देवसेन हैं। यह निवडिदेव के प्रशिष्य एवं विमलसेन के शिष्य थे। सम्पूर्ण रचना पद्धड़ी, चौपाई, सग्गिणी तथा भुजंगप्रयात आदि छन्दों में ग्रथित की गई है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आचार्य कुन्दकुन्द के गाथा बद्ध सुलोचना चरित को ही देवसेन ने पद्धड़िया में रूपान्तरित किया है[2]। अब तक महासेन की सुलोचना कथा ही अनुपलब्ध कोटि के ग्रन्थों में परिगणित की जाती थी, परन्तु देवसेन के इस उल्लेख से आचार्य कुन्दकुन्द की एक और गाथा बद्ध रचना साहित्य जगत् में प्रकाश में आई[3]। इसमें चतुर्मुख, स्वयंभू, पुष्पदन्त एवं भूगल आदि कवियों का भी[4] उल्लेख हुआ है। इस चरित ग्रन्थ की रचना मम्मल नगरी में श्रावण शुक्ला चतुर्दशी बुधवार को समाप्त हुई। संवत् का कोई उल्लेख नहीं है। अतः निश्चित समय बतलाना अशक्य है। फिर भी देवसेन नाम के अनेक विद्वानों की छान-बीन के पश्चात् पं० परमानन्द जी शास्त्री ने इन्हें बारह-तेरहवीं सदी का विद्वान निर्धारित किया है[5]।

छक्कम्मोवएस—इसके रचयिता अमरकीर्तिगणि हैं और इसमें चौदह सन्धियों द्वारा देव-पूजा, गुरूपास्ति, स्वाध्याय, संयम, तप तथा दान—इन छह आवश्यक कर्त्तव्यों का मनोरम दृष्टान्त कथाओं के साथ उपदेश निबद्ध है। अमरकीर्ति माथुर संघीय मुनि थे, जिसकी परम्परा का

---

१ जिय विरइउ चरिउ दुखोहवारि संसारभव-संताव-हारि।
चंदप्पह-रंति जिखेसराह भव्वयण सरोज दिवेसराह ॥
तिहंवह विरयहि वीरहो जिणासु समयायणदिट्ठकंचण तिणासु ॥ (वीर चरिउ, अन्तिम प्रशस्ति)

२ जंगाहाबंधे आसि उत्तु, सिरि कुंदकुंदगणिणा णिरुत्तु।
तं एव्वहिं पद्धडियहिं करेमि, परिकिपि न गूढउ अत्थु देमि ॥
तेणवि कइ चउ संसा लहंति, जे अत्थु देखि बसणहिं रिवंति ॥

(सुलोचना चरिउ की अन्तिम प्रशस्ति)

३ महासेनस्य मधुरा, शीलालङ्कार धारिणी।
कथा न वर्णिता के न वनितेव सुलोचना ॥ (हरिवंश पुराण)

४ चउमुह-सयंभु-पमुहेहि रंजिय दुहिय पुप्फयंतेन।
सुरसइ-सुरहीए पयंपीयं सिरिदेवसेणेण ॥

(सुलोचना चरिउ की अन्तिम प्रशस्ति)

५ देखिए, अनेकान्त वर्ष ७, किरण ११-१२ में प्रकाशित पं० परमानन्दजी शास्त्री की 'देवसेन का सुलोचना चरित' शीर्षक लेख।

उल्लेख उन्होंने आचार्य अमितगति से प्रारंभ किया है। इनके पिता नागरवंशी गुणपाल थे और माता चन्दिनी। ग्रन्थ की रचना गुजरात के महाकाठा प्रदेश के गोद्दय (गोधरा) नगर में वि० सं० १२४७ में हुई थी—और इसका प्रणयन उन्होंने अपने भाई अम्बाप्रसाद की प्रेरणा से किया था। अमरकीर्ति ने अपनी अन्य सात रचनाओं का भी उल्लेख किया है, जिनमें से 'णेमिणाह चरिउ' 'महावीर चरिउ' एवं 'जसहर चरिउ' अपभ्रंश-काव्य प्रतीत होते हैं; परन्तु ये रचनाएँ अब तक अप्राप्य हैं[1]।

जिणदत्त चरिउ—इस चरित ग्रन्थ के रचनाकार कवि लक्ष्मण हैं। इसमें अर्हद्दत्त श्रेष्ठी के सुपुत्र जिनदत्त का सुन्दर चरित्र गुम्फित किया गया है। इसमें छः सन्धियाँ हैं एवं पद्य-संख्या लगभग ४००० है। कविवर के पिता का नाम साहुल श्रेष्ठी था, जो सात भाई थे। यह त्रिभुवन गिरि के निवासी थे, परन्तु इस नगर के म्लेच्छाधिप द्वारा आक्रान्त एवं नष्ट-भ्रष्ट किये जाने से यह विलरामपुर चले आये, वहाँ बिल्हण के पौत्र एवं जिनकर के पुत्र श्रीधर ने इन्हें स्थान आदि की पूर्ण सुविधाएँ प्रदान की। कविवर ने इन्हीं श्रीधर की प्रेरणा से इसकी रचना की और इसे वि० सं० १२७५ में पौष कृष्ण षष्ठी रविवार के दिन पूर्ण किया[2]। प्रस्तुत जिनदत्त चरित्र में अकलङ्क, चतुर्मुख, कालिदास, श्री हर्ष एवं व्यास आदि अनेक आचार्यों एवं कवियों का उल्लेख किया गया है[3]।

अणुवय-रयणपईउ—इस ग्रन्थ के रचनाकार भी कवि लक्ष्मण हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ आठ सन्धियों में समाप्त हुआ है और इसमें श्रावकोचित कर्त्तव्यों एवं व्रतों का हृदयग्राही कथाओं के साथ स्वरूप एवं प्रभाव वर्णित किया गया है। इसकी रचना आगरा प्रान्त में हुई थी, जब यमुना तटवर्ती चन्द्रवाड नगर (फीरोजाबाद) में चौहानवंशी राजा आहवमल्ल शासन कर रहे थे। प्रस्तुत रचना वि० सं० १३१३ में लिखी गई[4]।

पन्द्रहवीं शताब्दी में रइधू[5] नाम के एक विशिष्ट प्रतिभाशाली कवि हो गये हैं। इन्होंने

---

१ देखिए, प्रो० हीरालाल जैन का 'अमरकीर्तिगणि और उनका षट्कर्मोपदेश (जैन-सिद्धान्त-भास्कर, भाग २ में १९६२।

२ बारहसय सत्तरयं पंचोत्तरयं विक्कमकाल विइत्तउ।
पढम पक्ख रविवारइ छट्टि सहारइ पूसमासे समत्तउ ॥ (जिणदत्त चरिउ अन्तिम प्रशस्ति)

३ णिक्कलंकु अकलंक चउमुहो, कालिदासु सिरिहरिस कमसुहो।
वय विलासु कइव सु असरिस, दोणुवाणु ईसाणु सहरिसो।
पुप्फयंत सुसयंभल्लओ, वाल्मीउ सम्मइ रसिल्लओ ॥ (दे० वही, प्रारंभिक उत्थानिका)

४ देखिए, प्रो० हीरालाल जैन का 'कवि लक्ष्मणकृत अणुव्रत रत्नदीप' (जैनसिद्धान्त भास्कर भाग ६ पृ० सं० १५५-१७७)।

५ देखिए पं० परमानन्द शास्त्री का अपभ्रंश भाषा के प्रसिद्ध कवि रइधू' (अनेकान्त) ५-१२ जनवरी १९४३। तथा महाकवि रइधू (वर्णी अभिनन्दन ग्रन्थ) (वर्णीहीरक जयन्ती महोत्सव, सागर)।

अपभ्रंश भाषा के अनेक महाकाव्यों एवं चरित ग्रन्थों का प्रणयन किया है। कविवर ने अपनी काव्य-रचना अधिकांशतः गोपाचल (ग्वालियर) में की थी। उनका रचना-काल वि० सं० १४९७ से १५२१ तक माना जाता है। उनकी कतिपय उल्लेखनीय रचनाएँ ये हैं:—मेहेसर चरिउ, सिद्धचक्कमाहप्प, सिरिवालकहा, पासणाह पुराणु, सम्मइ जिन चरिउ, बलहद्दचरिउ (पद्मचरित), सम्मत्तगुण निधाण, जसहर चरिउ, आदिपुराणु, णेमिपुराणु, पुण्णासव कथा, हरिवंशपुराणु, सुकुशोल चरिउ एवं जीवंधर चरिउ आदि।

रइधू पद्मावती पुरवाल वंश के थे। इनके पिता का नाम हरिसिंघ था और माता का नाम विजयश्री। इनके गुरु भट्टारक यशः कीर्ति थे।

णेमिणाह चरिउ—प्रस्तुत चरित ग्रन्थ के रचनाकार लक्ष्मण देव हैं। इनके पिता का नाम रयण था और यह पौरवाड़ कुल के थे। मालवदेश के अन्तर्गत गोनद नाम की नगरी में कवि का जन्म हुआ था। प्रस्तुत चरितग्रन्थ का कब प्रणयन हुआ इसका अब तक कोई स्पष्ट उल्लेख उपलब्ध नहीं हुआ है। कवि ने स्वयं ही यह अवश्य लिखा है कि—"मैंने आषाढ़ शुक्ला' तृतीया को काव्य लिखना प्रारंभ किया और चैत्र कृष्ण त्रयोदशी को समाप्त किया।" किन्तु १५१० वि० सं० में लिखित इसकी एक प्रति से यह स्पष्ट है कि इसका निर्माण १५१० (वि० सं०) से पूर्व हो चुका था।

बाहुबलि चरिउ—प्रस्तुत चरित के रचयिता धनपाल हैं। इस काव्य की रचना १८ सन्धियों में समाप्त हुई है। धनपाल के पिता का नाम 'सुहडप्रभ' था और माता का नाम 'सुहडा'। इनके पितामह 'भोवेह' थे जो गुजरात देश के मध्य 'पल्हणपुर' के निवासी थे। कविवर धनपाल के गुरु का नाम श्री प्रभाचन्द्र था, जो श्रीरत्नकीर्ति के पट्टपर प्रतिष्ठित थे। यह काव्य जैसवालवंशीय, राज्य-मन्त्री श्रीसाहू 'वासाधर' जी की प्रेरणा से विरचित हुआ और वि० सं० १५५४ वैशाख शुक्ला त्रयोदशी स्वातिनक्षत्र में इसकी पूर्ति हुई। इसमें अनेक पूर्ववर्ती आचार्यों एवं कवियों का उल्लेख प्राप्त होता है।

संतिणाह चरिउ[1]—इसके रचनाकार महिंदु (महीचन्द्र) हैं। इसमें तेरह सन्धियों में भगवान् शान्तिनाथ का चरित्र वर्णित किया गया है। कवि ने बाबर बादशाह के राज्यकाल में वि० सं० १५८७ में योगिनीपुर में इस काव्य की रचना की थी। इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है:—माथुरसंघ, पुष्करगण, यशःकीर्ति, मलयकीर्ति एवं गुणभद्रसूरि।

पाण्डवपुराणु—प्रस्तुत पुराण के कर्त्ता भट्टारक यशःकीर्ति हैं। यशःकीर्ति काष्ठासंघ के माथुरान्वय एवं पुष्करगण में भट्टारकमलयकीर्ति के पट्टपर प्रतिष्ठित होनेवाले भ० गुणभद्र के

1 देखिए, पं० परमानन्द शास्त्री का 'अपभ्रंश भाषा का शान्तिनाथ चरित'। (अनेकान्त, ५, ६–७, जुलाई-अगस्त, सन् १९४२)।

शिष्य एवं लघु भ्राता थे। इन्होंने योगिनीपुर (दिल्ली) निवासी साहु वील्हर के पुत्र हेमराज की प्रेरणा से वि० सं० १४९७ में पाण्डवपुराण की रचना की। इस ग्रन्थ की अन्तिम प्रशस्ति में हेमराज की बड़ी प्रशंसा की गयी है। उनमें परोपकारिता सत्यवादिता आदि सैकड़ों गुण विद्यमान थे। इसके अतिरिक्त वह सुलतान मुबारकशाह के मन्त्री भी थे[1]। इन्होंने एक जिन चैत्यालय का भी निर्माण कराया था[2]।

यशःकीर्ति की दूसरी रचना 'हरिवंशपुराण' है। इसमें १३ सन्धियाँ हैं और वि० सं० १५०० में लिखकर समाप्त हुई। अग्रवालवंशी साधु दिवड्ढा की प्रेरणा से इस पुराण का प्रणयन किया गया; अतः इसका नामाङ्कन इन्हीं के नाम से हुआ है।

इनकी एक तीसरी रचना (चंदप्पह चरिउ) भी बतलाई जाती है जो ११ सन्धियों में समाप्त हुई है एवं हुंबडकुल के कुमार सिंह के पुत्र सिद्धपाल की प्रेरणा से लिखी गई है। किन्तु गुरुपरम्परा, रचनागत देश-भेद आदि के कारण इसे भ० यशःकीर्ति की रचना स्वीकार करना असंदिग्ध नहीं है[3]।

अमरसेण चरिउ—इस काव्य के रचयिता कवि माणिक्कराज हैं। इनके पिता का नाम बुद्धसूरा था और गुरु का नाम श्री पद्मनन्दि। रोहतक निवासी चौधरी देवराज की प्रेरणा से इस ग्रन्थ का प्रणयन किया गया था। वि० सं० १५७६ चैत्रशुक्ला पंचमी शनिवार के दिन प्रस्तुत रचना समाप्त हुई। इसमें मुनि अमरसेन का चरित्र बड़ी सुन्दरता से वर्णित किया गया है।

कविवर माणिक्कराज की एक अन्य कृति भी उपलब्ध है, जिसका नाम है 'णायकुमार चरिउ' प्रस्तुत काव्य में नौ सन्धियों द्वारा नागकुमार का चरित्र गुम्फित किया गया है। पद्य संख्या ३३०० है। वि० सं० १५७९ फाल्गुनशुक्ला नवमी को इसकी समाप्ति हुई[4]।

सेणिय चरिउ—इस काव्य के कर्त्ता जयमित्र हल्ल हैं। प्रस्तुत रचना इनके द्वारा विरचित 'वड्ढमाणकव्वु' की छह सन्ध्यात्मक अन्तिम अंश है। वर्धमानकाव्य की रचना ११ सन्धियों में की गई थी; परन्तु पूर्व की पांच सन्धियाँ उपलब्ध नहीं हुई हैं। प्रस्तुत 'सेणिय चरिउ' अपने आप में एक सम्पूर्ण रचना है तथा इसे देवराय के पुत्र संघाधिप होलिवर्म के कर्णाभरण स्वरूप लिखा गया है। रचना में निर्माण-काल का कोई उल्लेख नहीं है[5]।

---

१ सुरताण ममारख तणहं रज्जे, मंतित्तणे थिउ पिय भार कज्जे।—(पाण्डवपुराण प्रशस्ति)

२ जेण करावउ जिण चेयालउ, पुण्णहंउ पिउ रय पर कालउ।—(वही)

३ देखिए, पं० परमानन्द शास्त्री का 'भट्टारक यशःकीर्ति'। (जैन सिद्धान्त भास्कर, भाग ११ किरण २, जनवरी, सन् १९४५)।

४ देखिए, पं० परमानन्द जी शास्त्री का 'सोलहवीं शताब्दी के दो अपभ्रंश काव्य' (अनेकान्त, वर्ष १० किरण ४)।

५ देखिए, प्रो० हीरालाल जैन का 'अपभ्रंश भाषा और साहित्य' (नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ५० अङ्क ३-४, पृ० १२०)।

पासणाह चरिउ—प्रस्तुत चरित-ग्रन्थ के रचयिता कवि अमवाल हैं। यह एक अपूर्ण रचना है जो छठी सन्धि के तीसरे कडवक के मध्य से प्रारंभ होकर तेरहवीं सन्धि में समाप्त होती है[1]। प्रस्तुत काव्य में रचनाकाल का कोई निर्देश नहीं है। परन्तु सन्ध्यन्त की पुष्पिकाओं से प्रतीत होता है यह काव्य संघाधिप सोणिग के कर्णाभरणस्वरूप विरचित किया गया था।

मयणपराजय चरिउ—रूपकात्मक शैली में लिखा गया यह एक विशिष्ट काव्य है। इसके कर्त्ता चङ्गदेव के पुत्र हरिदेव हैं। इसमें रचनाकाल का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है; परन्तु अनुमानतः यह बारहवीं तेरहवीं शताब्दी की रचना है। प्रस्तुत रचना पाँच सन्धियों में समाप्त हुई है। इसमें जिनराज द्वारा किये गये मदन पराजय का विचार अनेक रूपकों के आधार पर बड़े ही आकर्षक ढंग से हुआ है। नागदेव ने अपने संस्कृत 'मदनपराजय' का प्रणयन प्रस्तुत रचना के आधार पर ही किया है[2]।

मयण जुज्झ—बुच्चरायकृत यह एक रोचक रूपकात्मक प्रबन्ध है। इसमें भगवान् पुरुदेव द्वारा किये मदनपराजय का बहुत सुन्दर ढंग से वर्णन किया गया है। इस काव्य की रचना वि० सं० १५८९ आश्विन शुक्ला प्रतिपद्, शनिवार, हस्तनक्षत्र में हुई।[3]

मृगाङ्कलेखाचरित्र—प्रस्तुत काव्य के प्रणेता कविवर भगवती दास हैं। इसमें चन्द्रलेखा एवं सागर चन्द्र के चरित्र का वर्णन करते हुए चन्द्रलेखा के शीलव्रत का माहात्म्य अभिनन्दित किया गया है। कवि ने इस काव्य को हिसार नगर के भ० वर्द्धमान के मन्दिर में वि० सं० १७०० में सम्पूर्ण किया।

भगवती दास की दो अन्य रचनाएं भी उपलब्ध हैं। एक 'सीतासतु' है और दूसरी 'अनेकार्थ नाम माला'। 'सीतासतु' एक विस्तृत एवं रोचक रचना है। इसमें मन्दोदरी सीता के प्रश्नोत्तर रूप में सीता के दृढ़तम सतीत्व का बड़ा सुन्दर चित्रण हुआ है। इसका रचना काल वि० सं० १६८४ है। 'सीतासतु' की प्रशस्ति से स्पष्ट है कि पं० भगवती दास जी बूढ़िया (अम्बाला) ग्राम के निवासी थे एवं भट्टारक गुणचन्द्र के प्रशिष्य तथा भ० सकलचन्द्र के शिष्य —भ० महेन्द्रसेन के शिष्य थे[4]।

मैनपुरी के दि० जैन बड़ा मन्दिरके शास्त्र-भण्डार में विद्यमान तथा वि० सं० १७८० में स्वयं कविवर भगवती दास जी द्वारा लिखित एक गुटकामें कविवरकी निम्नाङ्कित अन्य रचनाएँ भी लिपिबद्ध हैं

१ देखिए, (वही)।

२ देखिए, प्रो० राजकुमार जैन द्वारा सम्पादित मदनपराजय (भारतीय ज्ञानपीठ काशी) की प्रस्तावना पृ० सं० ४६।

३ देखिए, प्रो० राजकुमार जैन द्वारा सम्पादित मदन पराजय की प्रस्तावना पृ० सं० ५०।

४ "नगर बूढ़िए बसै भगोती, जनमभूमि है आसि भगोती।
अग्रवालकुल वंसल गोती, पंडित पद जन निरख भगोती ।।" —(सीतासतु, प्रशस्ति)।

(१) टंडाणा रास, (२) बनजारा, (३) आदित्यव्रतरासा, (४) पखवाड़े का रास, (५) दसला-क्षणीरासा, (६) अनुप्रेक्षा-भावना, (७) जीवड़ी रासा, (८) अनन्तचतुर्दशी चौपाई, (९) सुगंधदशमीकथा, (१०) आदिनाथ शान्तिनाथ विनती, (११) समाधीरास, (१२) आदित्यवार कथा, (१३) चुनड़ी मुकतिरमणी, (१४) योगीरासा, (१५) अनथमी, (१६) मनकर हारास, (१७) वीर जिनेद्रगीत, (१८) रोहिणी व्रतरास, (१९) ढमाल राजमती नेमीसुर और (२०) ढमाल बखानी ।[१]

छन्दः शास्त्र—इसके प्रणेता कविवर राजमल्ल पाण्डे हैं। कविवर आचारशास्त्र, अध्यात्म, काव्य एवं न्याय के प्रकाण्ड पंडित थे। छन्दः शास्त्र पर भी इनका असाधारण अधिकार था। प्रस्तुत छन्दः शास्त्र संस्कृत अपभ्रंश एवं हिन्दी का मिश्रणात्मक एक निराला छन्दोग्रंथ है। कविवर ने नृप भारमल्ल के लिए इसकी रचना की थी। भारमल्ल श्री मालवंश के प्रतापी श्रावकरत्न थे। नागौर देश के संघाधिपति थे और बादशाह अकबर के समान ही साकंभरी (सांभर) के शासनाधिकारी थे। इस छन्दोग्रन्थ में अकबर के समकालीन अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख मिलता है।

कविवर राजमल्ल जी भट्टारक हेमचन्द्र जी काष्ठासंघी के आम्नाय में थे। इनकी (१) पंचाध्यायी (२) लाटी संहिता (३) जम्बूस्वामिचरित्र तथा (४) अध्यात्मकमल मार्तण्ड नामक महत्वपूर्ण चार रचनाएँ और भी उपलब्ध हैं।

अपभ्रंश का कथा साहित्य

भारतीय वाङ्मय में कथा साहित्य का एक अपना निराला स्थान है। साहित्य का यह एक ऐसा अङ्ग है, जिसमें जीवन के प्रत्येक रूप की अभिव्यञ्जना विद्यमान है। यहां हम अपभ्रंश के कथा साहित्य का एक संक्षिप्त विवरण दे रहे हैं।

कथाकोश—प्रस्तुत कथाकोश के रचनाकार श्रीचन्द्रमुनि है। यह सहस्रकीर्ति के प्रशिष्य एवं वीरचन्द्र के प्रथम शिष्य थे। अपभ्रंश भाषा का यह एक बृहत् कथाकोश है। इसमें जैन कथाओं का बड़ा सुन्दर एवं विस्तृत विवेचन है। यह ग्रन्थ ५३ सन्धियों में पूर्ण हुआ है। ग्रन्थकार की अन्तिम प्रशस्ति से प्रतीत होता है कि कथाकार ने अणहिल्लपुर के प्राग्वाट वंशी सज्जन के पुत्र और मूलराज नरेश के गोष्ठिक कृष्ण के लिए इसकी रचना की थी। इस कथाकोश का प्रणयन वि० सं० ११२३ में हुआ, जिस समय कर्ण नरेन्द्र श्रीवालपुर में शासन कर रहे थे।

धम्मपरिक्खा—इस ग्रन्थ के रचयिता कविवर हरिषेण हैं। यह मेवाड़ निवासी धक्कड़ वंश के गोवर्धन तथा गुणवती के पुत्र थे। यह चित्तौड़ छोड़कर अचलपुर चले आये और वहीं

१ देखिए, बाबू कामता प्रसाद जैन का 'हिन्दी जैन साहित्य का संक्षिप्त इतिहास' (पृ० सं० १०१ तथा २५०, २५१)।

पर इन्होंने प्रस्तुत धम्मपरिक्खा की रचना की। वि० सं० १०४४ में पद्धडिया छन्द में इस ग्रन्थ को निबद्ध किया गया। इसमें मनोवेग ने पवनवेग को अनेक शिक्षाप्रद आख्यानों एवं सैद्धान्तिक उपदेशों द्वारा सुदृढ़ जैन श्रद्धालु बनाने का प्रयत्न किया गया है। जयरामकृत प्राकृत 'धर्मपरीक्षा' का भी इसमें उल्लेख है, जो अब तक प्राप्त नहीं हैं। ग्रन्थकार ने इसमें अपने पूर्ववर्ती चतुर्मुख, स्वयंभू और पुष्पदन्त का भी प्रशंसात्मक उल्लेख किया है।

भविसयत्तकहा[1]—प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्त्ता धनपाल हैं। कवि के पिता का नाम महेश्वर था और माता का नाम धनश्री। यह धक्कड़ वंशीय थे। कवि के काल-निर्णय के सम्बन्ध में कोई पुष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं है। डा० याकोबी इस ग्रन्थ का रचनाकाल दसवीं शताब्दी अनुमान करते हैं। इस रचना में श्रेष्ठिपुत्र भविष्यदत्त का चरित वर्णन किया गया है। विमातृ भ्राता के द्वेष के कारण किस प्रकार भविष्यदत्त असह्य कष्टों को झेलता है और किस प्रकार अन्त में अपने असीम धैर्य एवं पराक्रम से समस्त बाधा-विघ्नों को दूर करता हुआ आधे कुरू राज्य का अधिकारी बन जाता है। इस बात का प्रस्तुत रचना में बड़ा ही हृदयग्राही वर्णन हुआ है।

भविसयत्त पंचमी कहा—प्रस्तुत कथाग्रन्थ के रचयिता श्रीधर हैं। इन्होंने चन्द्रवाड नगर में स्थित माहुर कुलीन नारायण के सुपुत्र सुपट्ट साहु की प्रेरणा से इसकी रचना की थी। यह रचना साहु नारायण की पत्नी 'रुप्पिणी' के नाम से अङ्कित है। इसका रचनाकाल वि० सं० १२३० है।

पुरंदर विहाणकहा—इस रचना के कर्त्ता भट्टारक अमरकीर्ति हैं। ग्रन्थकार ने इसमें अपने आपको 'मुनि' 'गणि' और 'सूरि' उपाधियों से उल्लेखित किया है। इससे प्रतीत होता है कि वह गृहवास के पश्चात् मुनि हो गये थे। यह माथुरसंघी चन्द्रकीर्ति के शिष्य थे। इन्होंने जिस गुरु-परम्परा का परिचय दिया है उससे यह आचार्य अमितगति की परम्परा के निश्चित होते हैं। अमरकीर्ति ने गुजरात देश के 'महीयडु' प्रदेशवर्ती गोदहय (गोधरा) नामक, नगर में श्री ऋषभ जिन चैत्यालय में भाद्रपदशुक्ला चतुर्दशी वि० सं० १२४७ के दिन 'षट्कर्मोपदेश' नामक ग्रन्थ की रचना की थी। इसमें उन्होंने—नेमिनाथ चरिउ, महावीर चरिउ धर्मचरित टिप्पण, सुभाषितरत्ननिधि, धर्मोपदेशचूडामणि एवं झाणपईव नामक अन्य ग्रन्थों के भी रचित करने का उल्लेख किया है। रचनाकार ने 'पुरंदरविहाणकथा' एवं 'षट्कर्मोपदेश' दोनों ही रचनाएँ अपने लघु बन्धु अम्बा प्रसाद के निमित्त से तैयार की थी।

चंदणछट्ठीकहा—इस कथा के कर्त्ता कवि लक्ष्मण अथवा 'लाखू' हैं; परन्तु इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा का कोई परिचय नहीं दिया है। फलतः यह कहना कठिन है कि प्रस्तुत कथाकार किस गुरु-परम्परा से सम्बन्धित थे।

---

१ इस ग्रन्थ के दो संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। एक डा० हर्मन याकोबी द्वारा सम्पादित होकर जर्मन भूमिका एवं अनुवाद सहित (जर्मनी सन् १९१८) और दूसरा श्री सी० डी० दलाल द्वारा सम्पादित होकर गायकवाड़ ओरियंटल सीरीज संख्या २० में (बड़ौदा, सन् १९२३)।

णिज्झरपंचमी विहाणकहाणक—प्रस्तुत कथाकार भट्टारक विनयचन्द्र हैं जो माथुरसंघीय भट्टारक बालचन्द्र के शिष्य थे। प्रस्तुत विनयचन्द्र विक्रम की तेरहवीं शताब्दी के सुप्रसिद्ध आचार्यकल्प विद्वान् पं० आशाधर के समकालीन विनयचन्द्र से भिन्न हैं; क्योंकि वह सागरचन्द्र मुनि के शिष्य थे। निर्झरपंचमी कथा के कर्त्ता विनयचन्द्र इनके बाद के विद्वान् मालूम होते हैं। इनकी दो रचनाएँ और उपलब्ध हैं—एक 'चूनड़ी' और दूसरी 'कल्याणकरासु'। इनमें से प्रथम रचना में ३३ पद्य हैं और दूसरी रचना 'कल्याणकरासु' में जैन तीर्थङ्करों की पंचकल्याणक तिथियों का वर्णन किया गया है। जिस गुटके में उक्त दोनों रचनाएँ निबिद्ध हैं, वह वि० सं० १५७६ में सुनपत नगर में सिकन्दरशाह के पुत्र इब्राहीम के राज्य में लिखा गया है। विनयचन्द्र का आविर्भावकाल यदि इस तिथि से सौ डेढ़सौ वर्ष पूर्व माना जाय तो इन्हें विक्रम की चौदह या पन्द्रहवीं शताब्दी का विद्वान् अनुमानित किया जा सकता है।

णिद्दुहसत्तमी कहा तथा नरयउतारी विहि—प्रस्तुत दोनों कथाओं के प्रणेता मुनि बालचन्द्र हैं जो मुनि उदयचन्द्र के शिष्य थे। कथाकार के सुनिश्चित समय की सूचक साधन सामग्री उपलब्ध नहीं है, अतः ठीक नहीं कहा जा सकता कि यह कब और कहां हुए?

जिनरत्ति कहा और रविवउ कहा—इन दोनों कथाओं के कर्त्ता भट्टारक यशःकीर्ति हैं। यह गुणकीर्ति के शिष्य तथा लघुभ्राता थे। यशःकीर्ति अपने समय के बहुत अच्छे विद्वान थे। इन्होंने सं० १४८६ में विबुध श्रीधर के संस्कृत भविष्यदत्त चरित्र तथा अपभ्रंश भाषा के सुकुमाल चरिउ की प्रतियां अपने ज्ञानावर्ण कर्मक्षयार्थ लिखवाई थीं। महाकवि रइधू ने अपने (सम्मइ जनचरिउ) की प्रशस्ति में यशः कीर्त्ति का निम्न शब्दों में उल्लेख किया है—

"भव्व कमल सर वोह पयंगो, वंदिवि सिरि जस किति असंगो।"

कविवर रइधू ने स्वयं यशःकीर्ति एवं इनके शिष्यों की प्रेरणा से अनेक ग्रन्थों की रचना की की है। यशः कीर्ति ने स्वयं अपना 'पाण्डव पुराण' वि० सं० १५४७ में अग्रवालवंशी साहु बील्हा के पुत्र हेमराज की प्रेरणा से लिखा था। 'हरिवंश पुराण' की रचना वि० सं० १५०० में साहु दिवड्ढा की प्रेरणा से की थी। साहु दिवड्ढा भी अग्रवाल थे और उनका गोत्र गोपाल था। इनकी तीसरी रचना 'आदित्यवार कथा' है। और चौथी 'जिनरात्रि कथा' जिसमें शिवरात्रि कथा की पद्धति पर जिनरात्रि के व्रत का माहात्म्य अंकित किया गया है। इनके अतिरिक्त 'चन्दप्पह चरिउ' नामक एक अन्य अपभ्रंश रचना है, जिसके कर्त्ता भी यशः कीर्ति है परन्तु यशःकीर्ति नाम के अनेक विद्वान् होने के कारण यह ठीक नहीं कहा जा सकता कि यह यशःकीर्ति प्रस्तुत यशःकीर्ति ही है।

अणथमी कहा—प्रस्तुत कथा की रचना सुप्रसिद्ध कवि रइधू ने की है। यह पन्द्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध एवं सोलहवीं शताब्दी के प्रारंभ के विद्वान् थे। इन्होंने ग्वालियर के

तोमरवंशी राजा डूंगर सिंह के और उनके पुत्र कीर्तिसिंह के राज्यकाल में अनेक ग्रन्थों की रचना की है तथा मूर्तियों की प्रतिष्ठा भी कराई है। प्रतिष्ठाचार्य के नाम से भी यह विख्यात रहे। रचनाकार ने प्रस्तुत कथा में रात्रिभोजन के दोषों एवं रोगों का वर्णन करते हुए लिखा है कि गृहस्थ को दो घड़ी दिन रहने पर भोजन कर लेना चाहिये; क्योंकि सूर्य के तेज मन्द होते ही हृदय कमल संकुचित हो जाता है। प्रस्तुत रचना में धार्मिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही दृष्टि विन्दुओं से रात्रि भोजन का निषेध किया गया है। कविवर ने लिखा है :—

"जि रोय दलद्दिय दीण अणाह,
जि कुट्ठ गलिय कर करण सवाह।
दुहग्गु जि परियण वग्गु अणेहु,
सु-रयणिहिं भोयणु फलु जि मुणेहु ॥८॥
घड़ी दुइ वासरु थक्कइ जाम,
सुभोयणु सावय भुंजहिं ताम।
दिवायरु तेउ जि मंदउ होइ,
सकुच्चइ चित्तहु कमलु जि सोइ ॥९॥

पुण्यासव कहा—प्रस्तुत कथा के रचयिता कविवर रइधू हैं। इसमें १३ सन्धियाँ हैं। जिनमें पुण्य का आस्रव करनेवाले व्रतों की कथाएँ निबद्ध हैं। इस कथा-ग्रन्थ की रचना कवि रइधू ने महाभव्य साहू नेमिदास की प्रेरणा से की है।

अणथमी कथा (द्वितीय)—प्रस्तुत कथा के कर्त्ता कवि हरिचन्द हैं। इनका विशेष परिचय उपलब्ध नहीं है। केवल इतना उल्लेख मिलता है कि यह अग्रवाल कुलोत्पन्न थे। यह कथा कविवर रइधू की कथा से बड़ी है और १६ कडवकों में समाप्त हुई है। इसमें रात्रि-भोजन के दोषों का चित्रण करते हुए उसके परित्याग का सुन्दर उपदेश दिया गया है।

अणंतवयकहा आदि १५ कथाएँ—इन कथाओं के रचयिता भट्टारक गुणभद्र हैं। यह माथुरसंघी भट्टारक मलयकीर्ति के शिष्य थे और अपने उक्त गुरु के बाद गोपाचल के पट्टपर प्रतिष्ठित हुए थे। इनके द्वारा विरचित निम्नांकित १५ कथाएं पंचायती मन्दिर देहली के गुटका नं० १३ तथा १४ में लिखित हैं। प्रस्तुत गुटका वि० सं० १६०२ में श्रावण शुक्ला एकादशी सोमवार के दिन रोहतक नगर में पातिसाह जलालुद्दीन के राज्यकाल में लिखा गया है[1]। कथाओं के नाम ये हैं :—

(१) अणंतवयकहा (२) सवणबारसिविहाणकहा (३) पक्खवइ कहा (४) णहपंचमीकहा (५) चंदायणवयकहा (६) चंदणछट्ठीकहा (७) णरयउतारी दुद्धारसकहा (८) णिद्दहसत्तमी कहा (९)

1 अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्री नृपविक्रमादित्यराज्यात सं० १६०२ वर्षे श्रावणसुदी ११ सोमवासरे रोहितास शुभस्थाने पातिसाहजलालदी (जलालुद्दीन) राज्य प्रवर्त्तमाने ॥छ॥

मउडसत्तमीकहा (१०) पुप्फंजलिवयकहा (११) रयणत्तयविहाणकहा (१२) दहलक्खणवयकहा (१३) लद्धिवयविहाणकहा (१४) सोलहकारणवयविहि (१५) सुयंधदसमीकहा।

उल्लिखित कथाओं में से नं० १, १० और १२ कथाओं की रचना ग्वालियर के जैसवालवंशी चौधरी लक्ष्मण सिंह के पुत्र पंडित भीमसेन के अनुरोध से हुई है। नं० २ तथा ११ की कथाएँ ग्वालियर निवासी संघपति साहु उद्धरण के जिन मन्दिर में निवास करनेवाले साहु सारंगदेव के पुत्र देवदास की प्रेरणा से लिखी गयीं और नं० ७ की कथा गोपाचल निवासी साहु बीधा के पुत्र सहजपाल के अनुरोध से लिपिबद्ध की गई। शेष नौ कथाओं की रचना में किन महानुभावों की प्रेरणा निमित्त रही, इसका कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

भट्टारक गुणभद्र का समय १६ वीं शताब्दी का पूर्वार्ध है; क्योंकि सं० १५०६ की 'धनपाल पंचमी कथा' की प्रशस्ति[1] से स्पष्ट है कि उस समय ग्वालियर के पट्टपर भट्टारक हेमकीर्ति विराजमान थे। और जिस समय 'ज्ञानार्णव' की प्रतिलिखी गई वि० सं० १५२१ में राजा कीर्ति, सिंह के राज्य में प्रस्तुत गुणभद्र विद्यमान थे[2]।

सोलहकारणविहाणकहा—प्रस्तुत कथा के रचनाकार हैं—श्रीविमलकीर्ति, जिनकी गुरु-परम्परा आदि का कोई परिचय उपलब्ध नहीं है।

सुयंधदसमी कहा—इस कथा के कर्त्ता कविवर देवदत्त हैं। कविवर देवदत्त का किस गुरु-परम्परा से सम्बन्ध रहा और वह कब हुए आदि बातों के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

रविवउकहा और अणंतवयकहा—इन दोनों कथाओं के रचयिता मुनि नेमिचन्द्र हैं जो माथुरसंघ में प्रख्यात मुनि रहे हैं। नेमिचन्द्र नाम के अनेक विद्वान् हो गये हैं, अतः प्रस्तुत कथाकार की गुरु-परम्परा आदि के सम्बन्ध में अभी स्पष्ट संकेत नहीं किया जा सकता।

इनके सिवाय 'अणंतवयकहा' तथा 'मुक्तावलीविहाणकहा' नामकी दो कथाएँ और उपलब्ध हैं, जिनके कर्ता आदि का पता नहीं है[3]।

अपभ्रंश के खण्ड काव्य

अपभ्रंश-साहित्य में उसके खण्ड काव्यों का एक स्वतन्त्र स्थान है। इनकी कथावस्तु विविधमुखी है। कुछ ऐतिहासिक तथा स्तुतिप्रधान है तो कतिपय आख्यानात्मक एवं सैद्धान्तिक संलापात्मक और उपदेशात्मक रचनाएँ भी इनमें उपलब्ध होती हैं।

हम यहाँ ऐसे ही खण्ड-काव्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

---

१ देखिए 'धनपाल पंचमी कथा' की लेखक प्रशस्ति, कारंजाप्रति।

२ दे०, 'ज्ञानार्णव' आरा प्रति की लेखक प्रशस्ति।

३ कथा-साहित्य की विस्तृत जानकारी के लिए देखिए, पं० परमानन्द जी का 'जैन अपभ्रंश का कथा साहित्य' (अनेकान्त वर्ष ८, किरण ६, ७ सन् १९४९)।

कुमारपालप्रतिबोध[1]—इसके रचनाकार श्री सोमप्रभ हैं और रचनाकाल वि० सं० १२४१ है। इसमें 'जीवमनःकरणसंलापकथा' 'स्थूलभद्रकथा', 'द्वादश भावना' तथा 'स्फुट पद्य' सुग्रथित हैं।

इनमें से 'जीवमनःकरणसंलापकथा' एक रूपकात्मक काव्य है, जिसमें इन्द्रियों की निरंकुश प्रवृत्ति को लेकर जीव और मन के पारस्परिक आह्लाद का सुन्दर चित्रण हुआ है। दूसरे में स्थूलभद्र की जीवनी गुंफित है। तीसरे में बारह भावनाओं का वर्णन है और चौथे में कतिपय सुभाषित पद्यों का। 'प्राचीनगुर्जरकाव्यसंग्रह',[2] 'अपभ्रंशकाव्यत्रयी'[3] और 'ऐतिहासिक जैनकाव्य[4] संग्रह' में अपभ्रंश भाषा की अनेक स्फुट रचनाएँ संगृहीत हैं।

'प्राचीनगुर्जरकाव्यसंग्रह' में चौदह पद्यात्मक रचनाएँ हैं और सात गद्यात्मक। ये रचनाएँ तेरहवीं चौदहवीं शताब्दी की हैं और गद्य साहित्य के क्रमिक विकास के अध्ययन के लिए इनका बड़ा महत्त्व है।

प्राचीन गुजराती[5] गद्यसंदर्भ—अपभ्रंश गद्यसाहित्य का यह एक विशाल एवं महत्त्वपूर्ण संग्रह है। इसमें चौदहवीं और पन्द्रहवीं शताब्दी की लगभग सौ लघुकाय स्फुट गद्य रचनाएँ संगृहीत हैं। प्रायः समस्त रचनाएँ जैनकथानक एवं धर्मोपदेश आदि पर आधारित है।

'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह'—जैन गीति-काव्यों का एक सुन्दर संग्रह है। इसमें सैकड़ों ऐसे गीत संगृहीत हैं जो एक समय बड़े लोकप्रिय रहे होंगे। इन गीतों का विषय भक्ति एवं पुण्य पुरुष गुण-स्तवन है। इनमें धार्मिक प्रभावना प्रतिपादक अनेक ऐतिहासिक घटनाओं के उल्लेख भी सन्निहित उपलब्ध होते हैं। प्रस्तुत संग्रह चार भागों में विभक्त है।

भरत-बाहुबलि-रास[6]—प्रस्तुत काव्य के रचयिता शालिभद्रसूरि हैं। यह एक पौराणिक खण्डकाव्य है, जिसमें भरत-बाहुबलि के जीवन-संघर्ष का सुन्दरता के साथ चित्रण हुआ है। इस काव्य का रचनाकाल वि० सं० १२४१ है।

शालिभद्रसूरि[7]—की एक अन्य रचना भी उपलब्ध है, जिसका नाम 'बुद्धिरास' है।

श्रीजम्बूस्वामीरास—इस काव्य के कर्त्ता श्री महेन्द्रसूरि के शिष्य श्री धर्मकीर्ति है। इसमें अन्तिम केवली श्री जम्बूस्वामी के जीवन वृत्तका बड़ी सजीवशैली में वर्णन किया गया

---

१ लुडविग आल्सडार्फ का दी कुमारपाल प्रतिबोध (हेमबर्गमॅनी ,सन् १६२८)।

२ गायकवाड़ ओरियंटल सीरीज, बड़ौदा, सन् १६२०।

३ वही, सन् १६२०, सम्पादक श्री भट्टाचार्य।

४ सम्पादक श्री अगरचन्द्र नाहटा तथा भँवरलाल नाहटा (कलकत्ता, सं० १९९४)।

५ सम्पादक मुनि जिनविजय (गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद, सं १६८६)।

६-७ इन दोनों काव्यों के विशेष अध्ययन के लिये देखिये, 'भारतीय विद्या' भारतीयविद्याभवन, बम्बई), वर्ष २ अङ्क १।

है। इसका रचनाकाल वि० सं० १२६६ है[1]।

रेवंतगिरि रासा—इस काव्य के प्रणेता वस्तुपाल मन्त्री के गुरु विजयसेनसूरि हैं। इसमें गिरिनार का और वहाँ के जैन मन्दिरों के जीर्णोद्धार का वर्णन है। प्रस्तुत काव्य का रचनाकाल वि० सं० १२८८ है[2]।

नेमिनाथ चउपई—इस काव्य के रचयिता श्री रत्न सिंह के शिष्य विनयचन्द्र सूरि हैं। इसमें श्री नेमिनाथ जी को लक्ष्य में रखकर राजीमती एवं उनकी सखियों के पारस्परिक संलाप का हृदय-ग्राही चित्रण हुआ है। इसका रचनाकाल विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का अन्तिम भाग है[3]।

उवएसमाला कहाणय छप्पय—प्रस्तुत काव्य के रचयिता भी उक्त विनयचन्द्र सूरि हैं। धर्मदास गणि विरचित प्राकृत 'उपदेश माला' का अनुवाद स्वरूप यह काव्य है। यह रचना ८१ छप्पयबद्ध है[4]।

सात क्षेत्रिरास—यह काव्य अपने कर्त्ता के सम्बन्ध में मौन है। इसमें जिन मन्दिर, जिन प्रतिमा, ज्ञान, साधु, साध्वी, श्रावक एवं श्राविका इन सात पुण्य क्षेत्रों की उपासना का वर्णन किया गया है। इसका रचनाकाल वि० सं० १३२७ है[5]।

संघपति समरारास—अणहिल्लपुर पट्टन के ओसवाल शाह समरा संघपति ने वि० सं० १३७१ में अगणित द्रव्य राशि लगाकर शत्रुञ्जय तीर्थ का उद्धार किया था। प्रस्तुत धार्मिक प्रभावना का निरूपण ही इस काव्य का विषय है। इसके रचयिता नागेन्द्र ग्रन्थ के आचार्य पासड सूरी के शिष्य अम्बदेव हैं[6]।

गौतमरासा—इस काव्य के प्रणेता श्री उदयवंत या विजयभद्र हैं। इसमें श्री गौतमस्वामी का संक्षिप्त जीवनवृत्त वर्णित है। रचनाल वि० सं० १४१२ है[7]।

ज्ञान पंचमी चउपई—प्रस्तुत काव्य के रचयिता जिन उदयगिरि के शिष्य एवं ठक्कर माल्हे के पुत्र विद्धणू हैं। इसमें श्रुत पञ्चमी का महात्म्य प्रतिपादित किया गया है। रचना का समय वि० सं० १४२३ है[8]।

धर्मदत्त चरित्र—इस काव्य के कर्त्ता दयासागर सूरि हैं। इसमें धर्मदत्त का चरित्र अङ्कित

१ देखिये, 'हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास' (श्री नाथूरामजी प्रेमी), पृ० सं० २५।
२ देखिये, वही, पृ० सं० २६।
३ देखिए, 'हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास', (श्रीनाथूरामजी प्रेमी) पृ० सं० २७।
४ देखिए, वही।
५ देखिए, वही, पृ० सं० २६।
६ देखिए, वही, पृ० सं० ३०।
७ देखिए, वही, पृ० सं० ३२।
८ देखिए, वही, पृ० सं० ३३।

किया गया है। रचनाकाल वि० सं० १४८२ है[1]।

ललितांग चरित्र—प्रस्तुत काव्य के रचयिता शान्ति सूरि के शिष्य ईश्वर सूरि हैं। मण्डप-दुर्ग (मांडलगढ़) के बादशाह ग्यासुद्दीन के पुत्र नासरुद्दीन के समय वि० सं० १५२१ में, मलिक माफर के पट्टधर सोनाराय जीवन के पुत्र पुंज मन्त्री की प्रार्थना से इस काव्य की रचना हुई[2]।

सारसिखामन रासा[3]—इस काव्य के रचनाकार जयसुन्दर सूरि के शिष्य संवेगसुन्दर उपाध्याय हैं। इसमें अहिंसा, रात्रि भोजन त्याग, अभक्ष्यभक्षण निषेध आदि धार्मिक एवं नैतिक शिक्षाओं का समावेश है। प्रस्तुत रचना २५० पद्यों में समाप्त हुई है। रचना का समय वि० सं० १५४८ है।

यशोधर चरित्र[4]—इस काव्य के रचयिता गौरवदास हैं। यह फफोंदू ग्राम निवासी जैन विद्वान् थे। रचनाकाल वि० सं० १५८१ है।

कृष्ण चरित्र[5]—प्रस्तुत काव्य के निर्माता छेल्हे के पुत्र कविवर ठकुरसी हैं। यह एक लघु काव्य सुन्दर रचना है। इसमें ३५ छप्पय छन्दों में कवि ने एक कृपण का आँखों-देखा चरित्र वर्णित किया है। इसके निर्माण का समय १५८० (वि० सं०) है।

राम-सीता-चरित्र[6]—इस काव्य के कर्त्ता बालचन्द्र हैं। इसमें रामचरित का वर्णन किया गया है। रचनाकाल वि० सं० १५७८ है।

पुरन्दर कुमर चउपई[7]—इस काव्य के रचयिता मालदेव हैं। मालदेव वडगच्छीय भावदेवसूरि के शिष्य थे। साधारणतः यह 'माल' के नाम से प्रसिद्ध है। इस काव्य में पुरन्दर कुमार के शील का माहात्म्य वर्णित किया गया है। इसका रचनाकाल १६५२ (वि० सं०) है। मालदेव सिन्ध और पंजाब के मध्य रहा करते थे।

भोज प्रबन्ध[8]—मालदेव की दूसरी रचना है। इसमें तीन सम्बन्ध या अध्याय हैं। पहले अध्याय में भोज के पूर्वजों का, भोज के जन्म का और वररूचि धनपाल आदि पण्डितों की उत्पत्ति का वर्णन है। दूसरे में परकाया प्रवेश, विद्याभ्यास, देवराजपुत्र जन्म और मदनमञ्जरी के विवाह का वर्णन है। तीसरे में देवराज-वच्छराज विदेशगमन एवं अनुमती के समागम का वर्णन है।

१ देखिए, वही, पृ० सं० ३३।
२ देखिए, वही, पृ० सं० ५४।
३ देखिए, 'हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास' (श्री नाथूराम जी प्रेमी) पृ० सं० ३५। तक
४ देखिए, वही, पृ० सं० ३५।
५ देखिए, वही, पृ० सं० ३५, ३६, ३७।
६ देखिए, वही, ३८।
७ देखिए, वही, ४४, ४५।
८ देखिए, वही, ४५, ४६, ४७।

यद्यपि इसकी रचना प्रबन्धचिन्तामणि एवं बल्लाल के भोजप्रबन्ध पर आधारित है, फिर भी इसमें मौलिकता की कमी नहीं है।

दहलक्खण जयमाल[1]—यह पन्द्रहवीं शताब्दी के सुप्रसिद्ध कवि रइधू की रचना है। इसमें उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच संयम, तप, त्याग, आकिञ्चन्य और ब्रह्मचर्य इन दश धर्मों का बड़ा सुन्दर विवेचन किया गया है।

सोलह कारण-जयमाल[2]—यह भी उल्लिखित कविवर रइधू की कलाकृति है। इसमें दर्शन विशुद्धि आदि सोलह कारण भावनाओं का बड़ा तात्विक वर्णन किया गया है।

चूनड़ी[3]—इस काव्य के कर्ता माथुर संघीय भट्टारक बालचन्द्र के शिष्य भ० विनय चन्द्र हैं। उन्होंने इसे गिरिपुर में रहते हुए अजय नरेश के राजविहार में बैठकर लिखा था। कवि ने इसमें धार्मिक भावनाओं एवं सदाचार की चूनड़ी रंगाकर उपयोग करने का उपदेश दिया है। इसमें ३१ पद्य हैं और यह वि० सं० १५७६ के एक गुटका में लिखित है। अतः इससे पूर्व ही इसकी रचना हो चुकी होगी।

कल्याणक रास—यह रचना भी उक्त भ० विनयचन्द्र की है। इसमें चौबीस तीर्थंकरों के पञ्चकल्याणकों की तिथियों का निरूपण किया गया है।

णिज्झरपंचमी विहार कहाणक—यह रचना भी भ० विनयचन्द्रकृत है और इसका अपेक्षाकृत विस्तृत परिचय 'अपभ्रंश कथा साहित्य' शीर्षक स्तम्भ के अन्तर्गत दिया जा चुका है।

मेघकुमार कथानक[4]—यह एक अपूर्ण लघुकाव्य रचना है। कर्त्ता भी अज्ञात हैं। वि० सं० १६२६ में लिखित एक गुटका में लिपिबद्ध है। अतः इससे पूर्व ही रचनाकाल निश्चित है।

गर्भ विचार स्तोत्र[5]—इसके कर्त्ता पद्मतिलक हैं। उपरिलिखित वि० सं० १६२६ के गुटका में यह भी लिपिबद्ध है। यह काव्य श्रीऋषभनाथ भगवान को लक्ष्य में रखकर प्रणीत किया गया है, परन्तु गर्भ वास के दुःखों के वर्णन के कारण इसे 'गर्भ विचार स्तोत्र' के नाम से अङ्कित किया गया। रचना २८ छन्दों में समाप्त हुई है।

उक्त गुटके में आठ अन्य स्तवरूप रचनाएँ[6] भी संगृहीत हैं, जिनमें मध्यकालीन जैन उपासना के आदर्श की एक सुमधुर झाँकी अङ्कित है।

हनुमन्त चरित्र[7]—इस काव्य के रचयिता ब्र० रायमल्लजी हैं। यह शारद गच्छ के

---

१ दशलाक्षणिक धर्म जयमाला (जैन ग्रन्थरत्नाकर कार्यालय, बम्बई, सन् १९२३)।
२ प्राकृत षोडशकारण जयमाला (जैन साहित्य मन्दिर, सागर, सं० १९८३)।
३ देखिए, हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास (बाबू कामता प्रसाद जैन), पृ० सं० ७१।
४ देखिए, वही, पृ० सं० ७४। ५ देखिए, वही, पृ० सं० ७४, ७५।
६ देखिए, वही, पृ० सं० ७६-७८। ७ देखिए, वही, पृ० सं० ८९।

आचार्य रत्नकीर्ति के पट्टधर मुनि अनन्तकीर्ति के शिष्य थे। इसमें हनुमान चरित्र वर्णित किया गया है, रचनाकाल वि० सं० १६१६ है।

संनेहरसिय[1]—इस काव्य के रचनाकार उद्दिहमान (अब्दुल रहमान) हैं। इनके पिता का नाम मीरसेन था। प्रस्तुत रचना २१६ पद्यों का खण्ड काव्य है। इसमें एक विरहिणी अपने प्रवासी पति को एक पथिक द्वारा प्रेम सन्देश भेज रही है। इस काव्य पर एक संस्कृत चूर्णि भी उपलब्ध है। मूल काव्य एवं टीका दोनों का रचनाकाल अज्ञात है।

श्री अगरचन्द्र नाहटा ने 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' के वर्ष ५० अङ्क १—२ में 'वीरगाथा-काल का जैन भाषा साहित्य' शीर्षक लेख के अन्तर्गत अपभ्रंश की २८ पद्यात्मक एवं एक गद्यात्मक रचना का संक्षिप्त परिचय दिया है। ये रचनाएँ आकार में छोटी हैं; परन्तु भाषा एवं विषय की दृष्टि से बड़ी महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कुछ का उल्लेख यहां किया जा रहा है—

१ भरतेसरबाहुबलिघोर (व्रजसेनसूरि) रचनाकाल सं० १२२५ के लगभग।

२ चन्दनबाला रास (आसिगु) रचनाकाल सं० १२५७ के लगभग।

आसिगु की 'जीवदया रास' नामक एक अन्य रचना भी उपलब्ध है।

३ नेमिनाथरास (सुमतिगणि), रचनाकाल सं० १२९० के लगभग।

४ भावनासन्धि (जयदेव मुनि), १३ वीं शताब्दी की रचना।

५ मातृका दोहा पृथ्वीचन्द्र, रचनाकाल १३ वीं सदी।

६ शालिभद्रमुनिचरासु (राजतिलक), रचनाकाल १४ वीं शताब्दी।

७ जिनचन्द्रसूरिवर्णनारास (लखमसीहश्रावक), रचनाकाल १४ वीं सदी।

८ नेमिनाथफागु (राजशेखरसूरि), रचनाकाल १४०० (वि० सं०) के लगभग।

इस प्रकार अपभ्रंश भाषा का साहित्य एक विशाल एवं महत्वपूर्ण साहित्य है। उपलब्ध सीमित सामग्री के आधार पर हमने इस साहित्यका यहाँ एक अति संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया है।

सर जार्ज ग्रियर्सन की मान्यता है कि जितने प्रकार की प्राकृत भाषाएँ थीं, उतने उतने ही प्रकार के अपनी अपनी कतिपय प्रवृत्तियों को लिए हुए अपभ्रंश उत्पन्न हुए और इन अपभ्रंशों से आधुनिक भाषाएँ विकसित हुई।

अपभ्रंश भाषा और उसका साहित्य आज ऐसे भाषा विज्ञान प्रेमियों की प्रतीक्षा में है जो उसका इस दृष्टि से वैज्ञानिक मन्थन करें और अपने मथितार्थ को विज्ञ-समाज के सामने उपस्थित करें।*

---

१ देखिए, डा० एस० एम० कत्रे का 'मुसलिक कन्ट्रीब्यूशन टू अपभ्रंश लिटरेचर' (दि कर्नाटक हिस्टारिकल रिव्यू, वाल्यूम ४, जनवरी—जुलाई, सन् १९३७, पृ० सं० ११-२१)।

* इस लेख की अधिकांश सामग्री श्री डॉ० हीरालाल जैन के 'अपभ्रंश भाषा और साहित्य' से ली गई है। अतः लेखक उनका एवं इस लेख के फुट नोटों में अङ्कित समस्त विद्वान् लेखकों का विनम्र भाव से कृतज्ञ है।

कवि हीरकलस रचित जोइसहीर

[ले०—श्रीयुत अगरचन्द नाहटा]

सत्रहवीं शती के राजस्थानी कवि हीरकलस ज्योतिषशास्त्र के अनुभवी विद्वान् थे। आपके द्वारा रचित प्राकृतभाषा का जोइसहीर या ज्योतिषसार ग्रन्थ एवं राजस्थानी भाषा का हीरकलश ग्रन्थ बहुत महत्व पूर्ण और सरल हैं। ज्योतिषसार का कुछ अंश पंडित भगवानदास जैन ने कुछ वर्ष पूर्व हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित किया था। उस ग्रन्थ की आपको अधूरी प्रति ही मिली थी। मैं जब जयपुर गया उनके पास उक्त ग्रन्थ की वह अपूर्ण प्रतिलिपि देखी तब से उस ग्रन्थ की पूरी प्रति की खोज में रहा। बंबई के ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन में इस ग्रन्थ की पूरी प्रति होने का पता चला तो माननीय नाथूरामजी प्रेमी को उक्त प्रति भेजवाने के लिए लिखा गया; उनका उत्तर मिला कि प्रति कहीं अस्तव्यस्त रखी हुई है, मिल नहीं रही है। रजिस्टर में उस ग्रन्थ की प्रशस्ति लिखी हुई थी वह उन्होंने भेजवा दी। तदनन्तर कलकत्ते के स्वर्गीय पूर्णचन्द्र जी नाहर की गुलाबकुमारी लाइब्रेरी के हस्तलिखित ग्रन्थों का अवलोकन करते हुए इसकी एक प्रति प्राप्त हुई जो पंडित भगवानदास जी को भेज दी गयी और उन्होंने अपनी अधूरी प्रतिलिपि को पूर्ण करके वापस भेजवा दी।

प्रस्तुत ग्रन्थ २ तरंगों में विभक्त है जिनमें से पहली तरंग में ५७ विषय हैं और दूसरी में ६५। आगे दी जानेवाली द्वार गाथाओं में उन विषयों की नामावली होने से यहाँ देने की आवश्यकता नहीं समझता। ग्रन्थ का महत्त्व इसकी द्वारगाथाओं से स्पष्ट हो जाता है।

ग्रन्थकार का दूसरा ज्योतिष ग्रन्थ 'हीरकलस' राजस्थानी भाषा के पद्यों में है। यह ग्रन्थ गुजराती अनुवाद के साथ सारा भाई नवाब ने प्रकाशित कर ही दिया है। ग्रन्थकार की अन्य रचनाओं के सम्बन्ध में राजस्थानभारती में प्रकाशित मेरा लेख द्रष्टव्य है।

जोइसहीर ग्रन्थ परिचय

आदि:—पण परमिट्ठ नमेयं, समरिय सहगुरुव सरसई सहियं।
कहियं जोइसहीरं, गाहा छंदेण बंधेण ॥ १ ॥

द्वारगाथा—

तिथि१ वार२, रिक्ख३ जोगं४ हीरा५ चक्कमिरासि६ दिणसुद्धि७
वाहणहंसो८ वच्छो१० सिवचक्कं११ जोगिणी१२ राहो१३। २।
भिगुचार१४ परिघर१५ पंचग१६ सूल१७ रविचक्क१८ थिविर१९ सव्वंकं२०।
रवि२१ राज२२ कुमर२३ अमियं२४ सिद्धं२५ सुभ२६ असुभ२७ जोगाय२७।

अहपुहर२८ कालवेल२९ कुलिकं३० अवकुलिकं३१ कंटकंजोग३२ ।
ककड३३ यमघंटायं३४ उतपातं३५ मिच्च३६ काणायं३७ ॥ ४ ॥
संजोय३८ यमल३९ संवत४० आहल४१ असमं४२ उवग्गहं४३ दंडं४४ ॥
हालाहल४५ वज्रमुसलं४६ यमदाढ४७ कुम्भक्खायं४८ । ५ ॥
भद्दाइ४९ कालपासं५० छीया५१ विजयाइ५२ गमन५३ तारबलं५४ ।
गहसि५५ सिवच्छा५६ करणं५७ भणियं बोलेहि अणुकमसो ॥ ६ ॥
पक्खेपखिवा सिद्धं, बीया सिद्धी तियाय खेमायं ।
चउत्थीय घणंखीया, पंचम सेया प्रसुह छट्ठी ॥ ७ ॥

२० पत्रांके—

शाकुन१ चतुपद२ किंस्तुघ्न३, कौलव४ वाणि५ नाग६ ।
कुम्भई सक्कंमि सुभिपकहि, बाधेलछि:अथाग ।४३८॥

इति श्री खरतरगच्छे पंडित हीरकलश कृते श्री योतिःसारे प्रथमस्तरंग ।

द्वितीय तरंग

द्वारगाथा—

जोणी१ नाडविहं२ वग्ग३ गणं४ जुंजि५ लब्हि अट्ठमपं६ ।
गहमित्तं७ रासिमेलं८ हवरागिणेयअट्ठविहं ॥ १ ॥
उवग्गो९ लहणादेणा१० बीयावारंमि तोडमा१२ इगारसमो ।
दशमचउ१३ उभउसम१४ नवपंचगाम१५ चक्कंमि १६ ॥ २ ॥
गिह आरंभ१७ चुलही विउजा१८ गहणं१९ सिमुन्नं२० खोरायं२१ ।
कन्न२२ वत्था२३ भरणं२४ भाइण२५ सोयन्त२६ न्हाणंच२७ ॥ ३ ॥
निवमन्वीसुह असुहमास२८ अहोमास२९ पक्खतिथि हीणं ।
रिखियोग हीण अहियं पणवाइंकहियफलकमसो ॥ ४ ॥
वासर रिसिन्हाण३१ गलं३३ पंथी३४ चउराय३५ जिट्ठ मूलायं३६ ।
रोहि३७ णिय मिय३८ कज्जं निमिदिण३९ माणव मत्तसिला४० ॥ ५ ॥
रोगो४१ नाडी वेहं काला४२ रविचन्द४३ मित्त४४ चउनाडि४५ ।
अहिचउघडी४६ विस४७ कुमरी सीलपरिक्खाइ नारीयं४८ ॥ ६ ॥
रासीय आयु वरयं समयपरिक्खाउ दिसा तिन्नंच५१ ॥
संकतं५२ चउमण्डल५३ क्षंजय५४ काणोही भय वत्थ५६ ॥ ७ ॥
तत्तं५७ सरंच५८ अकडम५९ लगनभावाइ६० सउण सिक्खायं ।
पिक्खा६२ वर बहुखपिस६३ गंडंतो वहय६४ बीवाइं ॥ ८ ॥

गाथा ७६६ में विवाहपडल समाप्त। गा० ७७२ के पश्चात् 'इति तीर्थंकरराशि जोड़ा बेवऊजाणि वउ' लिखके संस्कृत गद्य में तीर्थंकरों के साथ १२ राशियों का सम्बन्ध बतलाया है। ग्रन्थ में बीच बीच में भाषा के पद्य भी हैं एवं कहीं कहीं भाषा गद्य में विषय को स्पष्ट किया गया है। यथास्थान यन्त्रकोष्टक भी हैं।

गद्य उदाहरण—

हिवइ बीजइ थान किइ रवि हुवइ तउ जिमणउ नेव दूखई। सुखाग्नि प्रवर हुवइ, रूइउबोलइ, वंचकरोगी लोक वल्लभ। द्रव्योपार्ज्जक, प्रचुर संतानआचन्द्रमाहु वह तउ। सौम्यकान्त। प्रसन्नवदनगुणानुरासीकफरोगी तिमिर सहित. मन्दाग्नि समदन्त सुभाहार रुही वल्लभपुत्रिका संतान सुशील सामिभक्त। अति पथीय जड प्रकृतेजउमंगल हुवइ तउ कोपी, लोभी, मानी हुवई।

भाषा पद्य उदाहरण—

> भाद्रव आसू कात यह जेठइ मगसिर चेत।
> जइ भिगु ऊगइ अपि महूर तो निप्पज्जइ खेत ॥ ५२ ॥
> अगनि भनइ वाइव विदिसि परिघवरुइदिन रात।
> देव न दानव लंघहि माणस केही मात ॥ ६२ ॥

अन्त—

> गाहा छंद विरुद्धं अत्थ विरुद्धं च जं मइराभणियं।
> तं गीयत्था सघं करिय पउंव खमियव्व ॥ ७३ ॥
> सिरि खरतर गण गुरुणो सूरी जिणचन्द विजय रायहिं।
> हीरकलसेहि गुंफिय जोइससारं हियगरच्छं ॥ ७४ ॥
> सोलसरा सगवीसं वच्छर विक्कमि विजय दसमीय।
> अहिपुर मज्झे आगम उद्धरियं जोइसं हीरं। ७५ ॥

इति श्रीखरतर गच्छे पंडित हीरकलस मुनि कृतेः श्रीयोतिसारे द्वितीय तरंग सम्पूर्णः

लेखन प्रशस्ति—

संवत् १६७५ वर्षे आसाढ सुदि ४ दिने मंगलवारे। पंडित श्री लाभचन्दमणि शिष्य गजचन्द लिपिकृता। पत्र ५६ पं० १४ अ० ४० मं० ५२ नहूरजी संग्रह बं नं० ५३ प्रति न० ६२२।

इधर २-३ वर्षों में ज्योतिष सम्बन्धी कई अद्यावधि अज्ञात जैन ग्रन्थ भी प्राप्त हुए हैं। जिनका परिचय अगले लेख में दिया जायगा। कई जानकार ज्योतिषियों से बातचीत हुई तो उन्होंने जैन विद्वानों के रचित ज्योतिष सम्बन्धी कई ग्रन्थों की बड़ी तारीफ की। ज्योतिष विद्या निपुण जैन विद्वानों से निवेदन है कि उन समस्त जैन ज्योतिष ग्रन्थों का सम्यक् अनुशीलन कर उनका महत्त्व प्रकाश में लावें।

सर्वार्थसिद्धि की वचनिका का आरम्भिक अंश

श्रीवृषभादि जिनेश वर, अंत नाम शुभवीर।
मनवचकाय विशुद्धकरि, वंदों परम शरीर ॥१॥
कर्मधराधरभेदि जिन, मरम चराचर पाय।
धरम बराबर कर नमूं, सुगुरुपरापर पाय ॥२॥
शब्दब्रह्मको मैं नमूं, स्यात्पद मुद्रित सोय।
कहे चराचर वस्तु को, सत्यारथमल धोय ॥३॥
माना जाता है कि ये भग्नावशेष प्राचीन काकन्दी नगरी के हैं, जिसे उपरान्त किष्किन्धापुर भी कहते थे। खुखुन्दो काकन्दी का ही अपभ्रष्ट रूप है। उसका किष्किन्धापुर नाम अर्वाचीन है और है जैनत्व के ह्रास का प्रतीक। जैन साहित्य में उसका नाम काकन्दी ही मिलता है। जब वहाँ पर जैनों का ह्रास हो गया और ब्राह्मण प्रबल हो गये, तब उन्होंने उसका नाम किष्किन्धापुर रख दिया। यही कारण है कि कनिंघम साहेब ने उसे ब्राह्मणों का नगर मान लिया था। वस्तुतः वह जैनधर्म के आदि तीर्थों में से एक है।

काकन्दी नगर ऋषभ-युग का प्रतीत होता है। वहाँ ही नवें तीर्थङ्कर भ० पुष्पदन्त के गर्भ एवं जन्म कल्याणक उत्सव इन्द्र ने आकर मनाये थे। उस समय सुग्रीव नामक

१ "भूगोल" विशेषांक, पृ०

२ कनिंघम, आर्कलॉजिकल रिपोर्ट, १८६१-६२, पृ० ८५-८८

राजा यहां के शासनाधिकारी थे। वह इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय रत्न थे। उनकी रानी जयरामा ने भ० पुष्पदन्त को जन्म दिया था। तीर्थङ्कर की जन्मपुरी होने के कारण स्वयं इन्द्र ने काकन्दी की श्रीवृद्धि की थी—उसका अतिशय लोक प्रसिद्ध हो गया था। वह एक तीर्थ तो बना ही; परंतु साथ ही एक समृद्धिशाली नगर भी वह बना था[1]। श्वेताम्बरीय 'नायधम्म कहा' (नवां अ०) अंग ग्रन्थ में लिखा है कि काकंदी का एक व्यापारी रत्नद्वीप की ओर बड़े २ जलपोतों (जहाजों) को लेकर व्यापार के लिए गया था। दुर्दैव से उसके जलपोत समुद्र के तूफान में नष्ट हो गये थे और वह ज्यों त्यों करके अपने प्राण बचा पाया था[2]। इससे स्पष्ट है कि काकंदी अपने व्यापार के लिये दूर २ देशों में प्रसिद्ध था।

'भगवती आराधना' जैसे प्राचीन ग्रन्थ में उसका उल्लेख निम्न प्रकार हुआ है—

काकंदियभयघोसो, वि चंडवेगेण छिण्ण सव्वांगे।

तं वेयणमधियासिय, पडिवाणो उत्तमं अट्टं। १५५०।'

अर्थात्—काकंदी नगरी में अभयघोष मुनि को उनके चंडवेग नामक वैरी ने सर्वाङ्ग छेद कर मारा था; परंतु उस छेदन-वेदना में भी उन्होंने उत्तम अर्थ अर्थात् रत्नत्रय को प्राप्त किया था।

मुनि अभयघोष की कथा का विस्तार से श्री हरिषेणाचार्य ने 'बृहद्कथाकोष' (कथा १३७) में लिखा है।

श्री गुणभद्राचार्य ने 'उत्तरपुराण' में काकन्दी को जिनेन्द्र पुष्पदन्त की जन्म नगरी लिखा है। उन्होंने यह भी लिखा है कि वहां ही 'पुष्पक' नामक वन में उन्होंने तप तपा था। यह वनोद्यान काकंदी के निकट रहा! श्री जटासिंहनन्दि आचार्य ने भी 'वराङ्गचरित्' में और श्री आचार्य यतिवृषभ ने 'तिलोय पण्णत्ति' में काकन्दी को ही भ० पुष्पदन्त का जन्मस्थान लिखा है[3]। कविवर आशाधरजी ने भी लिखा है कि काकन्दी में उल्कापात को देखकर पुष्पदन्त तपस्वी हुए थे[4]।

इस प्रकार काकन्दी प्राचीन काल से जैनों का पूज्य स्थान रहा है। उपरान्त कालमें वहां पर किन २ राजाओं ने राज्य किया और कौन-कौन धर्मकार्य किये गए, यह अन्वेषण की वस्तु है। खुखुन्दो के अवशेषों की यदि खुदाई की जाय तो यहां अपार जिन कीर्तियां उपलब्ध हों।

१ उत्तर पुराण, ५५ पर्व
२ भ० महावीर नोधर्म कथाएं, पृ० ८०
३ वराङ्ग चरितम् (मा० ग्रं० ४०), पृ० २७१
४ त्रिषष्ठिस्मृति शास्त्रम् (मा० ग्रं० ३६), पृ० २८६

कनिंघम साहेब का अनुमान रहा कि चीनी यात्री हुएनत्सांग बनारस से आगे जाते हुए खुखुन्दो होकर निकला था, जहां उसे एक ब्राह्मण मिला था जो यात्रियों की खूब आवभगत करता था[१]। इस स्थान पर कोई बौद्ध कीर्तियाँ संभवतः नहीं थीं—यही कारण है कि हुएनत्सांग ने किसीका भी उल्लेख नहीं किया। कनिंघम साहेब ने जिन भग्नावशेषों का उल्लेख किया है वे प्रायः सभी जैन भासते हैं; यद्यपि उन्होंने भ्रान्ति से उनको ब्राह्मणों के लिखा है। निम्न पंक्तियों में हमें उनका आलोचनात्मक दिग्दर्शन कराना अभीष्ट है।

सबसे पहली बात तो ध्यान देने की यह है कि जब कनिंघम साहेब ने खुखुन्दो के लोगों से उन तीस टीलों के नाम-धाम पूछे तो उन्होंने केवल तीन के नाम बताये। बाकी २७ के लिये लोगों ने कहा कि उनको हम 'देउरा' कहते हैं? 'देउरा' का अर्थ कनिंघम साहेब ने टीला (Mound) लगा लिया; परंतु वस्तुतः मुस्लिम काल से मुख्यतः जैन मंदिर 'देउरा' नाम से प्रसिद्ध रहे हैं। जैन साहित्य जैसे 'कृपण पचीसी' आदि में जैन मंदिर के लिये 'देउरा' शब्द प्रयोग में लाया गया है। जैन स्त्रियां बातचीत में कहती रही कि 'देउरे' हो आई। अतः लोकश्रुति इस बातका समर्थन करती है कि खुखुन्दो के अवशेष जैन मंदिरों के हैं। अवशेषों का रूप और ढंग भी यही बताता है।

'अ' टीला (Mound A) २०० घन फीट चौड़ा और ६ फीट ऊँचा था। उसपर केवल एक विष्णुमूर्ति कनिंघम साहेब को मिली थी। 'ब' टीला (Mound B) ५० घन फीट चौड़ा और १० फीट ऊँचा 'शिवका टीला' नाम से प्रसिद्ध था, क्योंकि ऊपर एक शिवलिंग पधरा दिया गया था। कनिंघम साहेब का यहां एक शिलापट मिला था, जिस पर एक दम्पत्ति अंकित था। स्त्री की गोद में बच्चा था। उनके पीछे वृक्ष बना था, जिसकी शाखायें उन पर छत्री सी बन गई थीं। मूर्तियां प्रायः नग्न थीं[२]—कुछ आभूषण अवश्य पहने थीं, कनिंघम साहेब उनको महादेव और भवानी अनुमान करते हैं; परंतु वास्तव में यह शिलापट जैन चैत्यावृक्ष है। श्रावस्ती एवं अन्य स्थानों से ऐसे कई जैन शिलापट मिले हैं। दम्पत्ति तीर्थंकर के माता-पिता अथवा यक्ष यक्षिणी होते हैं और चैत्य के अग्रभाग में जिन प्रतिमा होती है[३]। इस टीले पर दूसरी मूर्ति एक चतुर्भुजी देवी की मिली थी, जिसे उन्होंने पार्वती अनुमान किया था। हो सकता है कि यह मूर्ति किसी जैन शासन देवी की हो।

---

१ कनिंघम, एन्शियेन्ट जॉगराफी ऑव इंडिया, (१६३) पृ०
२ कनिंघम, आर्के० रिपोर्ट १८६१-६२, पृ० ८७
३ हमारी 'श्रावस्ती' पुस्तक देखो।

'सी' टीला (Mound 'C') १२० फीट लम्बा व ११० फीट चौड़ा और १५ फीट ऊँचा था। चोटी पर ईंट के बने हुए मंदिर की दीवालों के ४-५ फीट ऊँचे अवशेष थे, जिसके बीच में लिंग पधरा दिया गया था। यहां प्राचीनता का कोई चिन्ह न रहा अलबत्ता गणेशजी की एक भग्नमूर्ति, एक चतुर्भुजी देवी की मूर्ति, नवग्रह, शिलापट तथा एक आसन जिसमें खंडित मूर्ति का अवशेष पैर एक बैल पर रक्खा बना हुआ रहा, वहां मौजूद थे[१]। जैन अवशेषों में अन्यत्र नवग्रह, शिलापट और चतुर्भुजी यक्षी की मूर्तियां मिली हैं। गोमुख, कुसुम, किम्पुरुष, गंधर्व एवं भृकुटी नामक तीर्थंकरों के यक्षों की मूर्तियों में बैल उनके आसन के निम्न भाग में बना हुआ होता है और उस पर उनका पैर भी लटकता बनाया जाता है[२]। अतः खुखुन्दो के उक्त अवशेष जैन यक्षों के ही प्रतीत होते हैं।

'द' टीला (Mound 'D') १०० घन फीट चौड़ा और १५ फीट ऊँचा रहा। ऊपर एक बरगद के पेड़ तले ब्राह्मण और जैन अवशेषों का ढेर लोगों ने कर रक्खा था। इस ढेर में कनिंघम साहेब को एक मुख्य मूर्ति चतुर्भुज पद्मासनस्थ पुरुष की मिली थी, जिसके दाढ़ी और मूंछें थीं। उसके चार हाथों में क्रमशः दुधारा चक्र, एक माला, एक लड्डू और चौकोण दंड थे। उसका सांधा पैर एक बैल की मूर्ति पर रक्खा हुआ था। कनिंघम साहेब इसे शिव की मूर्ति अनुमान करते हैं[३]। किन्तु मूर्ति का उक्त वर्णन किम्पुरुष यक्ष की मूर्ति से ठीक मिलता है, जो १६ वें तीर्थंकर के शासन देवता थे[४]। एक अन्य खड्गासन चतुर्भुजी मूर्ति को कनिंघम साहेब ने विष्णु की मूर्ति लिखा है। तीसरा एक खंडित मूर्ति का आसन रहा, जिसपर नग्न मूर्तियां बनी हुई थीं और बीच में हिरण बना हुआ था। कनिंघम साहेब ने इसे १६ वें तीर्थंकर शान्तिनाथ की मूर्ति का आसन लिखा है। अतः उक्त यक्ष इस मूर्ति के साथ बनाया गया होगा। यक्षिणी की मूर्ति भी वहां होना चाहिए। चौथी चीज उन्हें भग्नलिंग का अर्घा मिला था। अवशेष में उन्हें शिलापट मिले जो जैन चैत्यवृक्ष दो दम्पत्तियों वाले थे। कनिंघाम साहेब ने इन्हें महादेव और भवानी अनुमान किया है। किन्तु वह असमंजस में रहे, क्योंकि उन्होंने पुरुष के मुकुट में एक छोटी-सी नग्न मूर्ति बनी देखी, जिसे वह बुद्ध कहते हैं[५]। वास्तव में वह जिनमूर्ति है। इसलिये कनिंघम साहेब ने भी इसे जैन माना है।

---

१ आर्कि० रिपोर्ट १८६१-६२, पृ० ८८
2 Der Jainismus, Plates 24-26
३ आर्कि० रि० पृ० ८८
4 Der Jainismus, plate No. 26 Fig 5
5 "But in these sculptures the god has a small naked figure of Buddha

टीला 'ई' (Mound E) करीब ७५ घन फीट चौड़ा और १५-१६ फीट ऊँचा था। जिसपर ईंटों के सिवा कुछ न था। टीला 'फ' (Mound F) पर केवल विष्णु की एक मूर्ति रही। 'जी'—'एच' छोटे २ टीले थे, जिनसे ईंटें निकाली जाती थीं।

टीला 'ज' (Mound J) ७५ घन फीट चौड़ा व १५ फीट ऊँचा था, जिसे कनिंघम साहेब ने कुछ खुदवाया था। मंदिर की दीवालें खुदाई में निकलीं थी। उन्हें कोई प्राचीन मूर्ति नहीं मिली थी। इसके दक्षिण में ही नया जैन मंदिर है। उसके सामने चतुर्भुज विष्णु मूर्ति नील पाषाण की उन्होंने देखी थी। उसका शीश व भुजाएँ खंडित थीं। उसके वाम पक्ष में मत्स्य, कच्छप और वराह अवतार अंकित हैं और सीधे हाथ पर बुद्ध एवं कल्कि अवतार बने हैं[1]।

कनिघम साहेब ने नवीन जैन मंदिर को भी देखा था। उस मंदिर में वह नील पाषाण की पद्मासन मूर्ति का उल्लेख करते हैं, जिसके आसन पर बैल का चिन्ह रहा। इसलिए वह इसे आदि बुद्ध की मूर्ति बताते हैं। उनके समय में विद्वान् जैनधर्म और बौद्ध धर्म को एक मानने की ग़लती करते थे। इसीलिए कनिंघम साहेब ने जिन मूर्तियों को बुद्ध लिखा है। वस्तुतः वह आदि तीर्थंकर की मूर्ति है। किंतु लोग उस मूर्ति को पार्श्वनाथ भी कहते थे। अजैन लोग बहुधा जैन मूर्तियों को 'पारसनाथ' भी कहते हैं। हां, कनिघम साहेब को इस मंदिर के बाहर एक दिगम्बर जिन प्रतिमा मिली थी, जिसके आसन में सर्प बने थे। वह पार्श्वनाथ की थी। यहां भी उनको एक जिन चैत्य वृक्षका शिलापट मिला था, जिसमें ऊपर नग्न जिनमूर्ति बनी हुई थी। कनिघम साहेब उसे भी बुद्ध की मूर्ति पर नग्न लिखते हैं[2], जो ठीक नहीं। वह जिन प्रतिमा है।

'क' टीला (Mound K) पर तब इमली का पेड़ खड़ा था। यह टीला सब से बड़ा रहा। वह १२० घन फीट चौड़ा व १६ फीट ऊँचा था। उसके पश्चिमीय पार्श्व को पृथ्वी से १० फीट की ऊँचाई पर कनिंघम साहेब ने खुदाया तो ८९ फीट चौकोर फर्श मिला। फूलदार ईंटें भी मिली थीं। उनको यहां कोई मूर्ति नहीं मिली। उनका अनु-

---

fixed in the front of his head-dress, from which I infer that these figures probably belong to the Jain Religion.

—Cunningham, Arch: Report, 1861-62, p. 88

1 Ibid, pp. 88-89

2 Another sculpture, in coarse-stone, represents the same naked couple male and female, whom I have before described. A tree rises behind them, & with its boughs forms a canopy over their heads. Over all there is a small squatted figure like a Buddha, but naked. The male figure in this sculpture has a lotus in his right hand. —*Ibid, p. 89*

मान रहा कि यहाँ की मूर्तियां नये जैन मंदिर में पहुँची हैं। यह पुराना जैन मंदिर हो सकता है। इसकी खुराई होना चाहिये।

'न' टोला (Md. N) नीचे में है। इसमें से लोग ईंटें निकाल कर ले गए हैं। खोदने पर इसमें एक फीट पर ही एक योनि अर्घा मिला था।

'स' टोला (Md S) १०० फीट लम्बा, ६० फीट चौड़ा और १२ फीट ऊँचा पश्चिम में है। चोटी पर दो सिरस के पेड़ हैं, जिनके नीचे एक विशाल पाषाण मूर्ति है। उसे लोग 'जगवीर' कहते हैं। इसीलिए कनिंघम साहेब ने उसे तीर्थंकर वीर वर्द्धमान की मूर्ति लिखा है[1]; परंतु उसे चतुर्भुजी अनुमान किया है। वह खंडित है।

'भ' टीला (Md. Z) बांसों के झुरमुट में दक्खिन पश्चिम में है। उसे कनिंघम साहेब बौद्ध स्तूप अनुमान करते हैं[2]। चूंकि वह जैन और बौद्ध में भेद नहीं करते और खुखुन्दो की कीर्तियां जैन हैं, अतः यह स्तूप भी जैन है।

इस प्रकार खुखुन्दो के प्राचीन अवशेष सभी जैन प्रतीत होते हैं। वह जैन तीर्थ रहा है। वहां की खुराई में बड़ गांव—नालन्दा की तरह ही बहुत-सी अमूल्य कीर्त्तियां प्राप्त हो सकती हैं[3] जो जैन इतिहास के लिए महान् होगीं; क्योंकि खुखुन्दो एक ऐसा स्थान है जहाँ पर केवल जैनधर्म का प्राबल्य रहा प्रतीत होता है। अतः जैन समाज का कर्तव्य है कि वह खुखुन्दो की खुदाई के लिये चन्दा करके सरकार के पुरातत्त्व विभाग को दे जिससे कार्य प्रारम्भ हो जावे। फिर सरकार उसे आगे खुदवाती रहेगी। कनिंघम साहेब ने इसे गलती से ब्राह्मण-स्थान माना है।

---

1 The figure has apparently had four arms. and is called "Jug-bhira" or "Jag-Vira"—"the champion of the Age", a title which might be applied appropriately to *Vira* or Mahavira, the last of the 24 Jain hierarchs and the Pontiff of the present age." —Ibid p. 90

2 "...the building...in mound Z was a Buddhist stupa" —Ibid p. 91

3 "With the exception of Baragaon (the ancient Nalanda), I have seen no place where the ruins offer such a promise of valuable discovery as at Khukhundo." —Ibid.

दक्षिण की बाहुबलि-मूर्तियों के संस्थापकों का लक्ष्य

[श्रीयुत् पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण, मूडबिद्री]

जैन सिद्धान्तानुसार आठ प्रकार के कर्मों में से ज्ञानावरण आदि चार प्रकार के घातिया कर्म नष्ट होते ही प्रत्येक मुक्तात्मा को केवलज्ञान अर्थात् सर्वज्ञत्व प्राप्त होता है। उसी अवस्था में वह परम योगी सर्वज्ञ कहलाता है। मुक्ति को प्राप्त करनेवाले प्रत्येक आत्मा को पहले केवल ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य है। जैनधर्म में केवल ज्ञान प्राप्त हर एक आत्मा का केवली यह संकेत है। इन केवलियों में २४ तीर्थंकरों को छोड़ कर शेष केवलियों को स्वर्गीय देवताओं के द्वारा वैभवपूर्वक मनाये जाने वाले गर्भावतरण आदि पांच कल्याण नहीं होते हैं। अर्थात् गर्भावतरण, जन्माभिषेक दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण ये पांच कल्याण स्वर्ग के देवों द्वारा सिर्फ तीर्थंकरों के ही मनाये जाते हैं। देवों के द्वारा इतर केवलियों के कल्याण मनाये जाने की बात मेरी जानकारी में जैन ग्रंथों में कहीं भी नहीं पाई जाती है। यद्यपि यह बात निश्चित है कि तीर्थंकरों की तरह उपर्युक्त गर्भावतरण आदि कल्याण अपने संबंधी एवं भक्तों के द्वारा इतर केवलियों के भी आवश्य मनाये जाते रहे होंगे। किन्तु व्यवहार में देवों के द्वारा मनाये जानेवाले कल्याण ही पंच कल्याण के नाम से विश्रुत हैं। आज भी भक्तों के द्वारा श्री ऋषभादि महावीरांत चतुर्विंशति तीर्थंकर केवलियों के ही कल्याण मनाये जाकर सिर्फ इन्हीं चतुर्विंशति तीर्थंकरों की मूर्तियों को देवालयों में स्थापित की जाने की प्रथा है।

हाँ, यहां पर यह एक प्रश्न अवश्य उठ सकता है कि जब ऐसी बात है तो चंद्रम आदि कुछ कन्नड़ कवियों ने बाहुबली को गर्भावतरण और जन्म कल्याण को छोड़कर शेष तीन कल्याण देवों के द्वारा मनाये गये थे यह क्यों लिखा? मेरे ख्याल से इसका यही समाधान हो सकता है। वह यह है कि जैनों में पंच कल्याणपूर्वक तीर्थंकर केवलियों की प्रतिमाओं को ही देवालयों में स्थापित करने की परंपरागत शास्त्रीय पद्धति है। फिर भी विशिष्ट कारणों से स्थापित की गई सामान्य केवली बाहुबली क मूर्ति के स्थापनकाल में तीर्थंकर केवलियों के पूर्व के पंच कल्याणों को याद कर तीर्थंकर केवली की तरह बाहुबली को गर्भ एवं जन्म कल्याण न मनाये जाने पर भी शेष तीन कल्याण देवों के द्वारा अवश्य मनाये गये होंगे, यों सोच कर उत्सव की शोभा बढ़ाने की दृष्टि से पूर्वोक्त उन अर्वाचीन दो एक कवियों ने तीन कल्याणों की कल्पना की होगी। वस्तुतः जैन पूजोत्सवों में पंच कल्याण से बढ़कर दूसरा कोई पूजोत्सव है भी नहीं। प्रभावना के खयाल से पंच कल्याण जैन समग्र पूजोत्सवों में अग्र

स्थान को प्राप्त है। आज भी उत्सव की शोभा को बढ़ाने की दृष्टि से अन्यान्य उत्सवों के अवसर पर जैन लोग भिन्न भिन्न तीर्थंकरों के कल्याणों को वैभव से मनाते रहते हैं।

अब हमें यह देखना है कि बाहुबलि-मूर्ति का प्रथम संस्थापक कौन है ? ई० सन् आठवीं शताब्दी के दिग्गज संस्कृत महाकवि सिद्धांत विशारद, महातपस्वी और पूर्वपुराण आदि ग्रन्थरत्नों के प्रणेता आचार्य जिनसेन के मत से प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का पुत्र चक्रवर्ती भरत ही बाहुबलि-मूर्ति का आद्य संस्थापक है। भगवज्जिनसेन के उल्लेखानुसार बाहुबली की वह मूर्ति पौदनपुर में स्थापित की गई थी। परन्तु वह पौदनपुर एवं वहां पर स्थापित उपर्युक्त बाहुबली की मूर्ति अब अप्राप्य है। मेरे खयाल से आज उपलब्ध बाहुबली की विशाल काय मूर्तियों में वीरमार्तण्ड चावुंडराय के द्वारा ई० सन् दशवीं शताब्दी में श्रवणबेल्गोल में स्थापित बाहुबली की मूर्ति ही सर्व प्राचीन है। उसीको आदर्श मान कर ई० सन् १५ वीं शताब्दी में वीर पांड्य के द्वारा कारकल में और ई० सन्० १७ वीं शताब्दी में तिम्मण्णाजिल के द्वारा वेणूर में बाहुबली की मूर्ति स्थापित की गई।

श्रवणबेल्गोल में बाहुबलि-मूर्ति को स्थापित करने वाला वीरमार्तण्ड चावुंडराय ब्रह्म क्षत्रिय और महावीर था। इसने अनेक युद्धों में लड़कर वीर मार्तण्ड, रणरंग सिंह, जगदेकवीर, समर धुरंधर, वैरिकुल-कालदंड, भुजविक्रम, समरपरशुराम, प्रति, पक्षराक्षस, भटमारि और सुभद्रचूडामणि आदि अनेक बहुमूल्य उपाधियों को प्राप्त किया था। चावुंडराय एक अप्रतिम वीर ही नहीं था; किन्तु राजनीति विशारद, श्रेष्ठ कवि और उत्तम चारित्रनिष्ट भी था। इसीलिये इसे कविजनशेखर, सम्यक्त्वरत्नाकर, शौचाभरण, गुणरत्नभूषण और सत्य युधिष्ठिर आदि अन्य महत्वपूर्ण उपाधियाँ भी प्राप्त थीं। राजनीति विशारद चावुंडराय गंगवंश के तीन शासकों के अधीन मंत्री तथा सेनानायक रहा। इसने उत्तरदायित्वपूर्ण इस पद को बड़ी योग्यता से निभाया था। इसके लिये उन शासकों के द्वारा अन्यान्य अवसरों पर सम्मानपूर्वक दी गई भिन्न भिन्न उन्नत उपाधियां ही साक्षी हैं। वस्तुतः इतिहास में वीरमार्तण्ड चावुंडराय का नाम सुवर्णाक्षरों में लिखा जाने योग्य है।

अब हम यह देखें कि आदर्श श्रावक चावुंडराय धर्म प्रेम से बार-बार गत शास्त्रीय प्रथानुसार किसी तीर्थंकर केवली की मूर्ति को स्थापित न कर परंपरागत प्रथा के प्रतिकूल सामान्य केवली बाहुबली की बहुव्यय एवं श्रमसाध्य विशालकाय मूर्ति को स्थापित करने का मुख्य रहस्य क्या है ? इस विषय में मेरा यह अभिप्राय है कि चावुंड-

राय एक अनुपम वीर और अपने जीवन में लड़े गये प्रत्येक भयंकर युद्ध में जय लक्ष्मी को वरण करनेवाला महाव्यक्ति है। अनुपम साहसी ऐसे महाव्यक्ति के लिये संसार विजयी, क्षत्रियपुंगव, महान् वीर और लौकिक पारलौकिक दोनों का मार्ग-दर्शक एक आदर्श महाव्यक्ति की जरूरत थी। चावुंडराय की सूक्ष्म दृष्टि में बाहुबली को छोड़कर दूसरा कोई व्यक्ति इस स्थान के लिये उपयुक्त नहीं जँचा। वस्तुतः चावुंडराय सदृश वीर क्षत्रिय के लिये संसार-विजयी बाहुबली ही मार्ग दर्शक होने के अर्ह थे। बाहुबली भरतचक्री सदृश षट् खण्डाधिपति को जीतनेवाला अप्रतिम वीर था। इतना ही नहीं, जीतने के उत्तर क्षण में ही संसार से विरक्त हो, सर्वस्व को परित्याग कर मुक्ति कन्या के लिये भिड़नेवाला आदर्श त्यागी तथा महान् वीर था। बाहुबली के इन लौकिक एवं पारलौकिक गुणों पर मुग्ध होकर ही उभय-गुणकांक्षी चावुंडराय ने बाहुबली को ही अपना आदर्श चुना होगा। वह सर्वथा स्वाभाविक भी है। मेरी राय में तो जैनों के ६३ महापुरुषों में बाहुबली से बढ़कर दूसरा आदर्श वीर मिल नहीं सकता।

चावुंडराय के द्वारा श्रवणबेल्गोल में स्थापित बाहुबलि-मूर्ति को देखकर ही कारकल के भैरव वंश के शासक वीर पांड्य को एवं वेणूर के अजिल-वंश के शासक तिम्मण्ण अंजिल को अपनी अपनी राजधानी कारकल और वेणूर में श्रवणबेल्गोल सदृश संसार विख्यात विशालकाय बाहुबलि-मूर्ति को स्थापित करने की इच्छा उत्पन्न हुई। फल स्वरूप अन्यान्य शताब्दियों में कारकल और वेणूर में भी बाहुबली की चित्ताकर्षक विशाल काय मूर्तियां स्थापित की गईं। वीर क्षत्रिय वीर पांड्य और तिम्मण्ण अंजिल ने स्वजातीय चावुंडराय का अनुकरण किया, यह सर्वथा उपयुक्त ही था। इसमें संदेह नहीं है कि दक्षिण को उपर्युक्त तीनों मूर्तियां आश्चर्यकारी दर्शनीय वस्तुओं में से हैं।

हस्तिनापुर का एक ८५ वर्ष पुराना विवरण

[ले०—श्रीयुत् प्रो० ज्योति प्रसाद जैन, एम० ए०, एल-एल० बी०, मेरठ]

प्राचीन भारत का गौरव, आदि पुरुष भ० ऋषभ देव का प्रथम पारणास्थल, शांति, कुंथु, अरह तीन-तीन चक्रवर्ती तीर्थंङ्करों तथा अनेक महापुरुषों की लीलाभूमि, कौरव, पांडवों का क्रीड़ास्थल, त्रेता की प्रधान राजधानी और उत्तरापथ के मध्यदेश की की महानगरी हस्तिनापुर आज उजाड़ एवं निर्जन है। इतिहास काल के बहुत पूर्व ही यह महानगरी अनेक दैवी एवं मानुषी उपद्रवों के कारण विनष्ट हो चुकी थी। कालान्तर में कई बार इसे पुनः पुनः बसाने के प्रयत्न हुए, किन्तु अल्पाधिक समय के उपरान्त प्रत्येक बार यह फिर से वीरान हो गई। शताब्दियों से मात्र एक पवित्र जैनतीर्थ क्षेत्र के रूप में ही विस्तृत वनखंड के मध्य स्थित हस्तिनापुर का नाम जीवित चला आरहा है।

भारत के प्राचीन सांस्कृतिक केन्द्रों में हस्तिनापुर का अपना विशिष्ट स्थान है। प्रा० ऐतिहासिक युग सम्बन्धी इतिहास एवं पुरातत्त्व के अन्वेषण में इस स्थान से सम्बद्ध अनुश्रुतियाँ, साहित्योल्लेख तथा स्थानीय पुराने टीलों की विस्तृत शृंखला के गर्भ में छिपे पड़े पुरातत्त्विक अवशेष अनुसंधान कर्त्ताओं के लिये अमूल्य निधि हैं। ऐसे महत्त्वपूर्ण स्थानों के स्वतंत्र इतिहासों के निर्माण की अतीव आवश्यकता है*। इन स्थानों के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को कोई विशेष अथवा महत्त्वपूर्ण तथ्य ज्ञात हों उनके प्रकाश में आते रहने से इतिहासकारों के कार्य में भारी सुविधा हो जाती है।

कुछ वर्ष हुए दिगम्बर जैन मंदिर हस्तिनापुर के पुराने कागज पत्रों को उलटते पलटते सन् १९०५ ई० के एक मुकदमे में दाखिल मेरठ जिले के एक पुराने इतिहास ग्रन्थ के कुछ पृष्ठ प्राप्त हुए थे। सन् १८७१ ई० में यह ग्रन्थ किसी सज्जन ने उर्दू में लिखकर प्रकाशित कराया था। किन्तु प्रयत्न करने पर भी मूल ग्रन्थ की कोई प्रति अब नहीं मिली। उक्त मुकदमे में दाखिल उद्धरण हस्तिनापुर के सम्बंध में हैं, जिसके जैन इतिहास की दृष्टि से उपयोगी कतिपय अंश निम्न प्रकार हैः—

* उ० प्र० सरकार के शिक्षा एवं पुरातत्त्व विभाग की ओर से लेखक द्वारा रचित हस्तिनापुर का एक इतिहास शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है।

"हस्तिनापुर जिसके नाम से यह परगना मशहूर है अब वीरान है, साबिक़ में एक बड़ा शहर आबाद करदा राजा हस्तिन का था। यह राजा हस्तिन खल्फ़ बवजह मीर और खानदान राजा हाय चन्द्रबंसी से तिरविया जुग के आख़ीर में बमुक़ाम अलाहबाद जिसको परयाग कहते हैं, राजगद्दी रखता था¹। सो उसको मञ्जूर हुआ कि एक शहर अपने नाम से आबाद करके वहाँ राजगद्दी कायम करूँ। चुनांचे उसने बरलब दरियाए गंगा के जो ज़मीन अब हस्तिनापुर के नाम से मशहूर है, वहाँ अपनी राजगद्दी की इमारत बनाई और उसका नाम हतनावरत रक्खा²। दरयाफ्त होता है कि वक्त आबादी के यह शहर ४८ जोजन में जिसके १९२ कोस हुए, आबाद था। दरवाज़ा गरबी उसका कस्बा बरनावा³ तहसील सरधना और मशरिक़ में दरियाए गंग और शुमाल में होकर बड़े सुकरताल⁴ और जनूब में कस्बा आहार ज़िला बुलन्द शहर था। अलबत्ता उस वक्त आबादी उसकी ऐसी न थी जैसे कि अब शहर गुन्जान बसते हैं, हर एक हिस्सा अलहदा अलहदा कुछ कुछ फ़ासले पर आबाद था। बाद में दीगर राजा हाय उसके खानदान से वहाँ राज करते रहे और कौरवान व पांडवान भी जो उसी चन्दरबंस के खानदान से थे वहाँ बसे और उस वक्त तक रहे कि जब तक बमुक़ाम थानेसर याने कुरुछत्तर कुल लड़कर मर गये। सिर्फ़ सात नफ़र याने पाँचों पांडे और छठे सिरीकृष्ण और सातवें द्रोनाचारज⁵ बाक़ी रहे थे। चुनांचे बवजह सकूनत कौरवान व पांडवान के अब उसकी दो पट्टी एक जानिब शुमाल कैरवान और दूसरी जानिब

---

१ राजा हस्तिन चन्द्रवंशी तो था, किन्तु उसकी पूर्व राजधानी प्रयाग में थी, इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। —सं०

२ हस्तिन के पूर्व भी हस्तिनापुर अवस्थित था। जैन अनुश्रुति के अनुसार इस नगर का मूल नाम गजपुर था और यह उन सर्व प्रथम १०४ नगरों में से एक था; जिनका कि निर्माण कर्मभूमि की आदि में देवताओं ने किया था। राजा हस्तिन ने जो भ० ऋषभदेव के पौत्र कुरु का एक वंशज था, इसे हस्तिनापुर नाम प्रदान किया।

महाभारत तथा अन्य हिन्दू पुराणों के अनुसार भी जिस हस्तिन ने इस नगर को यह नाम दिया वह शकुन्तला पुत्र सर्वदमन भरत की पांचवीं पीढ़ी में हुआ था। और उसके बहुत पूर्व पुरुवंशी दुष्यन्त एवं उक्त भरत की राजधानी यही नगर था। —सं०

३ प्राचीन वरणावह अथवा वरणावत।

४ यह वही शुकताल ज़िला मुज़फ्फर नगर में स्थित है।

५ महाभारत के अनुसार द्रोणाचार्य तो भीष्म पितामह के पश्चात् ही कौरव चमू के प्रधान सेनापति बने थे और महाभारत युद्ध में ही वीर गति को प्राप्त हुए थे। हाँ उनका पुत्र अश्वत्थामा उक्त युद्ध के उपरान्त जीवित बचा था।

जनूब पांडवान नामजद हैं। ………………बाद लड़ाई महाभारत के यह शहर सदमे तुग़यानी दरियाए गंगा से बिलकुल बरबाद और वीरान हो गया।

अकवाम हनूद इस मुक़ाम को निहायत मुतबर्रक और पवित्र और राजधानी समझते हैं, और दूर दूर मुल्कों से बतौर तीरथ जातरा आते हैं। और यहाँ के जगल में अक्सर दरवेश तारक-उल-दुनिया इबादत इलाही करने को चले आते हैं[1]।

पट्टी कौरवान में एक डेरा सरावगियान लागत कसीर खुशक़ित्अतामीर काबिल दीद पारसनाथ[2] परस्तिश जैन धरम सरावगियान का है। और मुताल्लिक उसके कुछ मकानात भी बने हुए हैं कि जिनमें मुसाफिर ठहर जाते हैं। कातिक सुदी पूरनमासी को उसका मेला होता है। सरावगियान दूर दूर से मय जन और बच्चे आते हैं। तख़मीनन दस हजार आदमी हरक़ौम के जमा हो जाते हैं और कई कई रोज तक वहाँ क़याम करते हैं। और हस्ब तरीके अपने धरम के पूजा करते हैं। और दीगर मज़हब के हनूद बमुक़ाम हस्तनापुर होना इस डेरे जैनधर्म का अच्छा नहीं समझते, और अगर उनका अख़तियार होता तो हरगिज़ उसकी तामीर भी न होती। तख़मीनन साठ पंसठ बरस हुए कि यह डेरा बअहद राजा नैनसिंह[3] के इस तौर पर बना था कि राजा मौसूफ़ को कुछ रुपया शाह देहली का देना था और उसमें राजा साहब बमुक़ाम देहली थे। जब सबील अदाई रुपये की न बन आई तो लाला हरसुखराय नामी कारग़्जी ख़जाञ्ची बादशाह देहली ने, जो वह भी जैन धरमी था, बिलएवज़ राजा साहब मौसूफ़ के रुपया इस शर्त पर अदा किया कि राजा साहब डेरा पारसनाथ का बमुक़ाम हस्तनापुर बनवा दें, किस वास्ते कि यह जगह बहुत पवित्तर समझी जाती है और जमींदारान गनेशपुर उनको मानअ तामीर थे। चुनांचे राजा साहब की तवज्जह से सरावगी अपने मक़सद को पहुँचे। और वास्ते हिफ़ाजत इस मन्दर के एक पुजारी और चार चौकीदार मुक़र्रर हैं। वह हमेशा वहाँ रहते हैं। और जो कुछ आमदनी चढ़ाने की होती है वह उसी मन्दर के खर्च में सर्फ़ होती है, और जिन्स बिरन्ज और

---

१ यह स्थान अत्यन्त प्राचीन काल से ही जैन मुनिपुंगवों की प्रिय तपोभूमि रहता आया है। —सं०

२ अजैन होने के कारण लेखक ने अनभिज्ञता से इस मंदिर को पार्श्वनाथ का लिख दिया। वास्तव में यह मंदिर शान्तिनाथ का है।

३ यह राजा नैन सिंह बहसूमे के तत्कालीन गूजर राजा थे। स्वनाम धन्य ला० हरसुखराय के सौजन्य, उदारता, धर्मप्रेम और उपकार से प्रभावित होकर उन्होंने इस मंदिर के निर्माण में अपने बल और प्रभाव से सहायता दी थी। —सं०

मेवे चढ़ाने के जमा होकर फरोख्त हो जाते हैं और वह आमदनी में महसूब होते हैं[1]। और हिसाब आमदनी व खर्च का हमेशा तहरीर होता रहता है। वक्त मेला साल-तमाम में जो साहूकारान मेम्बर सरपरस्त मन्दर के हैं वह मुलाहजा हिसाब और जो कुछ तजवीज खर्च वगैरह मुनासिब होती है, करते हैं। चौकीदार व पुजारी आमदनी मन्दर से तनख्वाह पाते हैं। अलावा इसके एक अमर निहायत अच्छा है कि जो कोई मुसाफिर वहाँ जाकर शबबाश हो या एक दो रोज ठहरे तो उसको खुराक मिलती है[2]। दो मरतबा चोरी भी इस मन्दर में हो चुकी है। एक मरतबा बअहद मिस्टर एडवर्ड हालकल डिप्टी साहब मजिस्ट्रेट बहादुर हंगाम तैनाती महमूदअलहक थानेदार मीरोहा के, उस वक्त भी अशिया क़ीमती चोरी गई थी। दूसरे अय्याम ग़दर में गूजरान कुल शै मौजूदा मन्दर को लूट कर ले गये। बल्कि खुद परतमा पारसनाथ को भी उठा कर ले गये थे। बाद ग़दर के फिर परतमा क़ायम हुई है।

अलावा इसके तीन परस्तिगाह मारूफ़ निसिया सरावगियान की यहाँ पर हैं। उनका चढ़ावा जो बिरञ्ज व मेवे खुश्क का होता है जमींदार लेते हैं। जिसका तख-मीना सालतमाम में सौ रुपये का है। कोई मूरती वहाँ पर नहीं है, बतौर चबूतरा[3] और चार दीवारी के हैं। सुना जाता है कि बाजमुनि याने बुजुर्ग सरावगियान ने इस जगह तप किया था। इस सबब से भी सरावगियान को ज्यादः ख्वाहिश तामीर मन्दर की इस मुकाम पर थी[4]।

तफ़सील हालात मेला कातगी हस्तिनापुर—यह मेला अक्कम सरावगियान का उस मुकाम पर होता जहाँ हस्तनापुर की क़दीम आबादी के निशानात मौजूद हैं[5] और अब वहाँ बूढगंगा के खादर का जंगल है, कातिक सुदी पूरनमासी को होता है।

१ लेखक ने अनभिज्ञतावश ऐसा लिख दिया। इस प्रकार का सब चढ़ावा मन्दिर के माली को दे दिया जाता है। वह निर्माल्य द्रव्य होता है अतः न बेचा जाता है और न उसका मूल्य आय में सम्मिलित किया जाता है।

२ खेद है कि अब वहाँ इस प्रकार का कोई स्थायी प्रबंध नहीं है।

३ ये निशियाँ वास्तव में प्राचीन स्तूपों के रूप में थीं और स्मरणातीत काल से इस स्थान पर निर्मित थीं। मध्यकालीन अनेक यात्रा विवरणों में भी हस्तिनापुर के इन प्राचीन जैन स्तूपों के उल्लेख मिलते हैं।

४ वास्तव में जैनतीर्थ के रूप में हस्तिनापुर की मान्यता अत्यन्त प्राचीन काल से चली आती है। वहाँ के प्राचीन जैन मंदिर जीर्ण शीर्ण एवं नष्ट प्रायः हो गये थे अतः नवीन मंदिर के निर्माण की आवश्यकता थी। —सं०

५ खेद है कि लेखक ने इन प्राचीन चिन्हों का कोई स्पष्ट विवरण नहीं दिया।

इस मेले में आदमी सिर्फ जैन मत के लोग जमा होते हैं, और मय अपनी अपनी क़बीलदारी के आते हैं। एकादशी से लोग जमा होने शुरू हो जाते हैं[1]। और पूरनमासी तक रहते हैं। वजह इज्तमा इस मेले की यह है कि इस मुक़ाम पर तीन मीनार[2] फ़ासले एक दूसरे के बने हुए हैं। इनको वह लोग निशि बोलते हैं। (निशि के माने हमेशगी के हैं)[3] और कहते हैं कि मिनजुमला चौबीस औतार[4] जैन मत के तीन औतारों ने इस जगह तपस्या की थी और इस शहर में उनका जन्म हुआ था। क़दीम को सिर्फ वह मीनार ही परस्तिश की जगह है[5]। मगर अरसा सत्तर बरस का हुआ कि लालाहरसुखराय साहूकार मशहूर क़ाज़ी रईस देहली ने ...... इस मुक़ाम पर एक मन्दर पारसनाथ का बलागत कसीर निहायत आलीशान बनवा दिया है[6] और बाद में वक़्तन फ़वक़्तन लोगों ने उस मन्दर के मुत्तसिल बहुत सी सहदरी बनाई हैं ताकि अहले बिरादरी को जो वहाँ जमा होते हैं अपने हमराह डेरा वगैरह लाने की जरूरत न रहे और बआराम तमाम इन सहदरी हाय में रहें। अब यह मुक़ाम निहायत फ़िज़ा का हो गया है। यह मेला निहायत उजला होता है। सब मर्द औरत लिबास फ़ाख़रा पहन और सदहा हज़ार रुपये के ज़ेवरात से मुज़य्यन होकर नंगे पाँओं से परस्तिश को हररोज़ अलस्सुबह जाते हैं और दोपहर तक आमदरफ़्त का तार लगा रहता है। छोटे छोटे बच्चे भी पापयादा जाने में सवाब समझते हैं पूरनमासी के दिन सुनहरे रथ में पारसनाथ की मूरत सवार करके बड़े तुज़क व शान से क़रीबतर निशि ले जाते हैं, और वहाँ पूजा करके वापस लाकर मन्दर में अस्थापन कर देते हैं। और सब लोग रुख़सत हो जाते हैं। दूर दूर के आदमी इस मेले में आते हैं। जिस क़दर नक़द चढ़ावा चढ़ता है वह एक साहूकार के पास मन्दर के नाम से जमा रहता है और मन्दर की हिफ़ाज़त और मरम्मत वगैरह में

---

१ वर्तमान में यह मेला कार्तिक शुक्ला ८ से प्रारंभ होकर पूरे ८ दिन रहता है।

२ लेखक द्वारा प्रयुक्त मीनार शब्द भी उनके स्तूपाकार होने की पुष्टि करता है।

३ निशि शब्द निषद्या का अपभ्रंश है। संभव है किसी जैन सज्जनने लेखक को इस शब्द के उपरोक्त अर्थ अर्थात् 'हमेशगी'=शाश्वत या अनादिनिधन—बताये हों।

४ जैनधर्म अवतार वाद को नहीं मानता। यहाँ आशय तीर्थंकरों से है।

५ इस लेखक के अनुसार भी हस्तिनापुर के ये जैन स्तूप अत्यन्त प्राचीन थे।

६ अन्य प्रमाणाधारों से भी यही सिद्ध होता है कि इस मंदिर का निर्माण सन् १८०० ई० के लगभग हुआ था।

सर्फ़ होता है। और गोले चावल वगैरह लवाजमात माली को मिल जाते है। किसी खास क़िस्म की तिजारत इस मेले में[१] नहीं होती।

---

१ मेले का प्रबंध और विस्तार पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। किन्तु वर्तमान प्रबंध प्रणाली के विरुद्ध जनता का असंतोष भी बढ़ रहा है।

इस स्थान पर कालान्तर में एक श्वेताम्बर मंदिर का भी निर्माण हो गया था और अन्य अन्य तीर्थों की भाँति हस्तिनापुर में भी श्वेताम्बरों और दिगम्बरों के बीच अहितकर एवं निन्दनीय झगड़े प्रारंभ हो गये हैं।

हिन्दी जैन साहित्य में अलंकार योजना

[ले०—श्रीयुत पं० नेमिचन्द्र शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न, आरा]

काव्य के दो पक्ष हैं—कलापक्ष और भावपक्ष। जैसे मानव शरीर और प्राणों का समवाय है, उसी प्रकार कलापक्ष काव्य का शरीर और भावपक्ष प्राण है। दोनों आपस में सम्बद्ध हैं, एक के अभाव में दूसरे की सुस्थिति संभव नहीं। भाषा, अलंकार, प्रतीक योजना प्रभृति कलापक्ष के अन्तर्गत हैं और अनुभूति भावपक्ष के। कोई भी कवि भाव को तीव्र करने, व्यञ्जित करने तथा चमत्कार लाने के लिए अलंकारों का प्रयोग करता है। जिस प्रकार काव्य को चिरन्तन बनाने के लिए अनुभूति की गहराई और सूक्ष्मता अपेक्षित है, उसी प्रकार उस अनुभूति को अभिव्यक्त करने के लिए चमत्कारपूर्ण अलंकृत शैली की भी आवश्यकता है।

हिन्दी जैन कवियों की कविता कामिनी अनाड़ी राजकुलाङ्गना के समान न तो अधिक अलंकारों के बोझ से दबी है और न ग्रामबाला के समान निराभरणा ही है। इसमें नागरिक रमणियों के समान सुन्दर और उपयुक्त अलंकारों का समावेश किया गया है। कवि बनारसीदास, भैया भगवतीदास और भूधरदास जैसे रससिद्ध कवियों ने अभिव्यञ्जना की चमत्कारपूर्ण शैली में बड़ी ही चतुराई से अलंकार योजना की है। वास्तविकता यह है कि प्रस्तुत वस्तु का वर्णन दो तरह से किया जाता है—एक में वस्तु का यथातथ्य वर्णन—अपनी ओर से नमक-मिर्च मिलाये बिना ही और दूसरी में कल्पना के प्रयोग द्वारा उपमा, उत्प्रेक्षा रूपक आदि से अलंकृत करके अंग-प्रत्यंग सौन्दर्य का निरूपण किया जाता है। कवि की प्रतिभा प्रस्तुत की अभिव्यंजना पर निर्भर है। अलंकार इस दिशा में परम सहायक होते हैं। मनोभावों को हृदय स्पर्शी बनाने के लिए अलंकारों की योजना करना प्रत्येक कवि के लिए आवश्यक है।

जैन कवियों ने प्रस्तुत के प्रति अनुभूति उत्पन्न कराने के लिए जिस अप्रस्तुत की योजना की है, वह स्वाभाविक एवं हृदय स्पर्शी है; साथ ही प्रस्तुत की भाँति भावोद्रेक करने में सक्षम भी। कवि अपनी कल्पना के बल से प्रस्तुत प्रसंग के मेल में अनुरंजक अप्रस्तुत की योजना कर आत्माभिव्यंजन में सफल हुए हैं। वस्तुतः जैन कवियों ने चर्म चक्षुओं से देखे गये पदार्थों का अनुभव कर कल्पना द्वारा एक ऐसा नया रूप दिया है, जिससे बाह्य जगत् और अन्तर्जगत् का सुन्दर समन्वय हुआ है। इन्होंने बाह्य जगत् के पदार्थों को अपने अन्तःकरण में ले जाकर उन्हें अपने भावों से अनुरंजित किया है और विधायक कल्पना द्वारा प्रतिपाद्य विषय की सुन्दर अभिव्यंजना की है। आत्माभिव्यञ्जन में जो कवि जितना सफल होता है, वह उतना ही उत्कृष्ट माना जाता है और यह आत्माभिव्यञ्जन तब तक संभव नहीं, जब तक प्रस्तुत वस्तु के लिए उसीके मेल की दूसरी अप्रस्तुत वस्तु की योजना न की जाय। मनीषियों ने इस योजना को ही अलंकार कहा है।

काव्यानन्द का उपभोग तभी संभव है, जब काव्य का कलेवर कलामय होने के साथ अनुभूति की विभूति से सम्पन्न हो। जो कवि अनुभूति को जितना ही सुन्दर बनाने का प्रयास करता है, उसकी कविता उतनी ही निखरती जाती है और यह तभी संभव है, जब उपमान सुन्दर हों। अतएव अलंकार अनुभूति को सरस और सुन्दर बनाते हैं। कविता में भाव प्रवणता भी तभी आ सकती है, जब रूप योजना के लिए अलंकृत और सँवारे हुए पदों का प्रयोग किया जाय। दूसरे शब्दों में इसीको अलंकार कह सकते हैं।

शब्दालंकारों में शब्दों को चमत्कृत करने के साथ भावों को तीव्रता प्रदान करने के लिए अनुप्रास, यमक, वक्रोक्ति आदि का प्रयोग सभी जैन काव्यों में मिलता है। "**सकल करम खल दलन, कमठ सठ पवन कनक नग। धवल परम पद रमन जगत जन अमल कमल खग,** में अनुप्रास की सुन्दर छटा है। भैया भगवतीदास के निम्न पद्य में कितना सुन्दर अनुप्रास है। इसने अनुभूति को कितनी तीव्रता प्रदान की है, यह देखते ही बनता है—

कटाक कर्म तोरि के छटाक गांठ छोर के,
पटाक पाप मोर के तटाक दै मृषा गई।
चटाक चिन्ह जानिके, झटाक हीय आनके,
नटाकि नृत्य भान के खटाकि नै खरी ठई॥
घटा के घोर फारिके तटाक बन्ध टार के,
अटा के राम धार के रटाक राम की जई।
गटाक शुद्ध पान को हटाकि आन आन को,
घटाकि आप दानको सटाक श्यो बधू लई।

कवि बनारसी दास ने यमकालंकार की—"**केवल पद महिमा कहों, कहों सिद्ध गुण गान**" में कितनी सुष्ठु योजना की है। भैया भगवती दास की कविता में तो यमकालंकार की भरमार है। निम्न पद्य में यमक की योजना कितनी सुन्दर की गयी है—

एक मतवाले कहैं अन्य मतवारे सब,
मेरे मतवारे पर वारे मत सारे हैं।
एक पंच तत्त्व वारे एक एक तत्त्व वारे,
एक भ्रम मत वारे एक एक न्यारे हैं।
जैसे मतवारे बकैं तैसे मतवारे बकैं,
तासों मतवारे तकैं बिना मत वारे हैं।
शान्तिरस वारे कहैं मत को निवारे रहैं,
तेई प्रान प्यारे रहैं और सब वारे हैं।

इस पद्य में प्रथम मतवारे का अर्थ मतवाले और द्वितीय मतवारे का अर्थ मदोन्मत्त है। दूसरी पंक्ति में प्रथम मतवारे का अर्थ मतवाले और द्वितीय मतवारे का अर्थ मतन्योछावर है।

भैया भगवतीदास ने 'परमात्म शतक' में आत्मा को सम्बोधित करते हुए परमात्मा का रूप यमकालंकार में बहुत ही सुन्दर दिखलाया है।

पीरे होहु सुजान, पीरे कारे है रहे।
पीरे तुम बिन ज्ञान, पीरे सुधा सुबुद्धि कहँ।

इस पद्य में प्रथम पीरे का अर्थ पियरे अर्थात् हे प्रिय है और द्वितीय पीरे का अर्थ पीले है। द्वितीय पंक्ति में प्रथम पीरे का अर्थ पीड़े और द्वितीय पीरे का अर्थ पी-रे अर्थात् पियो है। इसी प्रकार निम्न पद्य में भी यमकालंकार भावों की उत्कर्ष व्यंजना में कितना सहायक है। साधक संसार के विषयों से ग्लानि प्राप्त करने के अनन्तर कहता है कि मैं बलवान काम को न जीत सका, व्यर्थ ही विषयासक्त रहा। आत्म साधना न कर मैं कामदेव के आधीन बना रहा अतः मुझ से मूर्ख और कौन होगा। जब विषयों से पूर्ण विरक्ति हो जाती है, उस समय इस प्रकार के भाव या विचारों का उत्पन्न होना स्वाभाविक है। यह सत्य है कि आत्मभर्त्सना या आत्मालोचना की अग्नि के बिना विकार जलकर भस्म नहीं हो सकते हैं।

मैं न काम जीत्यो बली, मैं न काम रमलीन।
मैं न काम अपनो कियो, मैं न काम आधीन॥

इस पद्य की प्रथम पंक्ति में प्रथम न काम का अर्थ है कामदेव को नहीं और दूसरे नकाम का अर्थ है व्यर्थ ही, दूसरी पंक्ति में न काम का अर्थ है कार्य नहीं किया और दूसरे नकाम का मैंने काम, इस प्रकार का पदच्छेद कर अर्थ करने पर कामदेव के आधीन अर्थ निकलता है। इसी प्रकार निम्न पद्य में 'तारी' शब्द के भी विभिन्न अर्थकर पदावृत्ति की गयी है।

तारी पी तुम भूलकर, तारी तन रस लीन।
तारी खोजहु ज्ञान की, तारी पति पर लीन॥

कवि वृन्दावनदास ने भी गुरु की स्तुति में शब्दालंकारों की सुन्दर योजना की है। **'जिन नाम के परभावसों परभावकों दहौं'** में प्रथम परभाव का अर्थ प्रभाव है और द्वितीय परभाव का अर्थ परभाव—भेद बुद्धि या अन्य पदार्थ विषयक बुद्धि है।

कवि बनारसीदास ने आत्मानुभूति की व्यंजना वक्रोक्ति अलंकार में भी की है। इस नामरूपात्मक जगत् के बीच परमार्थतत्त्व का शुद्ध स्वरूप भेदबुद्धि द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। स्वात्मानुभव ही शुद्ध स्वरूप को प्राप्त करने में सहायक होता है।

अर्थालंकारों में उपमा, उत्प्रेक्षा, उदाहरण, असम, दृष्टान्त, रूपक, विनोक्ति, विचित्र, उल्लेख, सहोक्ति, समासोक्ति, काव्यलिङ्ग, श्लेष, विरोधाभास एवं व्याजस्तुति आदि का प्रयोग जैन काव्यों में पाया जाता है।

जैन कवियों ने सादृश्य मूलक अलंकारों की योजना स्वरूपमात्र का बोध कराने के लिए नहीं की है, किन्तु उपमेय के भाव को उद्बुद्ध करने के लिए की है। स्वरूपमात्र सादृश्य में उपमान द्वारा केवल उपमेय की आकृति या रंग का बोध हो सकता है, किन्तु प्रस्तुत के समान ही आकृतिवाले अप्रस्तुत की योजना कर देने मात्र से तज्जन्य भाव का उदय नहीं हो सकता है। अतएव 'गो सदृशो गवय.' के समान सादृश्य बोधक वाक्यों में अलंकार नहीं हो सकता। जबतक अप्रस्तुत के द्वारा प्रस्तुत के रूप या गुण में सौन्दर्य या उत्कर्ष नहीं पहुँचता है, तबतक अर्थालंकार नहीं माना जा सकता है। अर्थालंकार के लिए "सादृश्यं सुन्दरं वाक्यार्थोपकारकम्" अर्थात् सादृश्य में चमत्कृत्याधायकत्व का रहना आवश्यक है। तात्पर्य यह है कि जिस अप्रस्तुत की योजना से भावानुभूति में वृद्धि हो वही वास्तव में आलंकारिक रमणीयता है। कवि बनारसीदास ने निम्न पद्य में उपमालंकार की कितनी सुन्दर योजना की है—

आतम को अहित अध्यातम रहित ऐसो आसव महातम अखंड अंडवत है।
ताको विसतार गिलिवेको परगटभयो, ब्रहमंड को विकासी ब्रह्ममंडवत है॥
जामें सबरूप जो सबमे सबरूप सोपें सबनिसों अलिप्त आकाश खंडवत है॥
सोहै ज्ञानभानु शुद्ध संवर को भेष धरे, ताकी रुचि रेखको हमारे दण्डवत है॥

समदृष्टि की प्रशंसा करते हुए कवि बनारसीदास ने उपमालंकार की अद्भुत छटा दिखलायी है। कवि कहता है—

भेदविज्ञान जग्यो जिनके घट शीतल चित्त भयो जिमि चन्दन।
केलि करें शिव मारग में जग मांहि जिनेश्वर के लघुनन्दन॥

इस पद्य में कवि ने चित्त की उपमा चन्दन से दी है। जिस प्रकार चन्दन शीतल होता है, आताप को दूर करता है, उसी प्रकार भेदविज्ञानी का हृदय भी। अतएव यहाँ चाँदनी उपमान और हृदय उपमेय है। समानधर्म शीतलता है तथा उपमावाची शब्द जिमि है। कवि कहता है कि जिनके मनमन्दिर में आत्मविज्ञान का प्रकाश उत्पन्न हो गया है, उनका हृदय चन्दन के समान शीतल हो जाता है।

कवि मनरंगलाल ने निम्न पद्यों में उपमालंकार की योजना द्वारा रसोत्कर्ष करने में कितनी विलक्षणता प्रदर्शित की है। भावना और चिन्तन में कितना संतुलन है, यह उदाहरणों से स्पष्ट है—

गिरिसम बेंच गयन्द सुमनकों खर पर चित्त चलावे।
पाय धरम लब्धि त्यागि शठ विषय भोग को ध्यावे॥
मुसिक्याय कही अब जावो। जन्मान्तर लौ अब खावो॥
ले हार मने मुसिक्याना। जिम पावत भूखो दाना॥

कवि वृन्दावनदास ने भगवद्भक्ति की विशेषता बतलाते हुए उपमालंकार की कितनी सुन्दर योजना की है। यद्यपि यह पूर्णोपमा है, पर इसमें आत्म-भावना को अभिव्यक्त करने के लिए कवि ने 'सुन्दर नारी की नाक कटी है' को उपमान बनाकर 'जिनचन्द पदाम्बुज प्रीति बिना जीवन को उपमेय मानकर भावों को मूर्त्तिकरूप प्रदान करनेका आयास किया है।

सब ही विधिसों गुनवान बड़े, बलबुद्धि विभा नहिं नेक हटी है।
जिनचन्दपदाम्बुजप्रीति बिना, जिमि सुन्दर नारी की नाक कटी है।

जैन कवियों ने अप्रस्तुत द्वारा प्रस्तुत के भावों की सुन्दर अभिव्यञ्जना करने का पूरा यत्न किया है। प्रतीकों द्वारा, साम्यरूप में, मूर्त के लिए अमूर्त्तरूप में, आधार के लिए आधेयरूप में और मानवीकरण के रूप में उपमालंकार की योजना की गयी है। कई कवियों ने निर्जीव वस्तुओं के वर्णन या सूक्ष्म भावों की गम्भीर अभिव्यञ्जना में ऐसे उपमानों का भी प्रयोग किया है, जिनसे मानव के सम्बन्ध में अभिव्यक्ति की गयी है। साहित्यिक दृष्टि से ये पद्य और भी महत्त्व रखते हैं।

सौन्दर्य और दृश्य चित्रण के लिए भी जैन काव्यों में उपमा और उत्प्रेक्षा का अधिक व्यवहार किया है। इन अलंकारों के सहारे इन्होंने अपनी कल्पना का विस्तार बहुत दूर तक बढ़ाया है। कवि-समय-सिद्ध उपमानों के अलावा नूतन उपमानों का भी प्रयोग किया है। प्रसिद्ध उपमानों के व्यवहार में भी अपनी कला का पूरा परिचय ये कवि दे सके हैं। चन्द्रप्रभु पुराण में नेत्रों की उपमा कमल से दी गयी है। कमल के तीन वर्ण प्रसिद्ध हैं— लाल, नीला और श्वेत। बचपन में नेत्र नीले वर्ण के होते हैं, अतएव उस समय के नेत्रों की उपमा नील कमल से तथा युवावस्था के नेत्र अरुण वर्ण के होने से 'कंजारुण लोचन' कहकर वर्णन किया गया है। वृद्धावस्था में नेत्र का रंग कुछ श्वेत हो जाता है, अतः 'कंजश्वेत इव राजत' कह कर निरूपण किया है।

कवि की पहुंच कितनी दूर तक है यह उपर्युक्त उपमानों की योजना से स्पष्ट है। कज्जल-युक्त बालकों की बड़ी-बड़ी आँखें चित्त को हठात् अपनी ओर आकृष्ट कर लेती हैं। श्याम रंग भी चित्ताकर्षक और हृदय को शीतल करनेवाला होता है। अतएव केवल कमल की उपमा यहाँ उपयुक्त नहीं हो सकती थी। इसी प्रकार युवावस्था में अरुण नेत्र रहने से लाल कमल

की उपमा सौन्दर्य का पूरा चित्र सामने प्रस्तुत करने में सक्षम है। अरुण नेत्र प्रताप, शूरता और दुस्साहस के सूचक हैं। वीर-वेष के वर्णन में अरुण कमलवत नेत्रों को कहना अधिक सौन्दर्य द्योतक है।

वृद्धावस्था में शारीरिक शक्ति क्षीण हो जाती है तथा रक्त की कमी होने से नेत्र भी स्वभावतः कुछ श्वेत हो जाते हैं। कवि ने वृद्धावस्था का पूरा चित्र सामने लाने के लिए श्वेत कमल के समान नेत्रों को बतया है। कवि वृन्दावन ने जिनेन्द्र के नेत्रों की निम्न छप्पय के प्रथम चरण में छः उपमाएँ दी हैं। और शेष पाँच चरणों में प्रत्येक उपमा के छः छः विशेषण दिये हैं। नेत्रों की दूसरी उपमा कमल से ही है, पर यह उपमा साधारण नहीं है, छः विशेषण युक्त है; अर्थात् सदल—पत्र सहित, विकसित, दिवसका, सजल-सरोवरका और मलयदेश का है। तात्पर्य यह है कि भगवान् के नेत्र मलयदेश के सरोवर में विकसित दैवसिक सदल अरुण कमल के तुल्य हैं। साधारण कमल की उपमा देने से यह अभिव्यंजना कभी नहीं हो सकत थी। कोमलता, दयालुता, सर्वज्ञता, हितोपदेशिता और वीतरागता की भावनाएँ उक्त उपमानों से ही यथार्थ में अभिव्यंजित हो सकी हैं—

मीन कमल मद धनद अमिय अंतकु छवि छज्जै।
जुगल सदल अति अरुन, सघन उज्जल मय सज्जै॥
हुलसित विकसित समद, दानि नाकी अति कूरे।
केलि दिवस शुचि अति उदार, पोपक अरि चूरे॥
सम सरज नीत चित चित दे, वृंद मिष्ट अनशस्त्र धर।
जल मलय महत अहत अक्रत, देवदृष्टि दुखसृष्टिहर॥

उपर्युक्त पद्य से स्पष्ट है कि कवि का हृदय उपमानों का अक्षय भंडार है। ये उपमान प्रकृति से तो लिये ही गये हैं, पर कुछ परंपरा भुक्त भी हैं। ज्यों ही कवि सौन्दर्य की अभिव्यंजना करने की इच्छा करता है, त्योंही उपमान उसकी कल्पना की पिटारी से निकलने लगते हैं। कवि दौलतराम ने भी उपमानों की झड़ी लगादी है। एक ही उपमेय का सर्वाङ्गीण चित्रण करने के लिए अनेकानेक उपमानों का एक ही साथ व्यवहार किया है—

पद्मासद्म पद्मपद पद्मा-मुक्तिसद्म दरशावन है।
कलिमय-गंजन मन-अलिरंजन मुनिजन शरन सुपावन।

× × ×

जाको शासन पंचानन सो, कुमति-मतंग—नशावन है।

जैन कवियों की एक विशेषता यह भी है कि उनके उपमान किसी न किसी भाव को पुष्ट करने के लिए ही आये हैं। विश्व में मोह का बन्धन सबसे सबल होता है, संसार का ऐसा कोई

प्राणी नहीं, जिसे मोह का विष व्याप्त न हुआ हो। मोह का तीक्ष्ण विष प्राणी को सदा मूर्छित रखता है। अतः कवि दौलतराम और भैया भगवती दास ने इस मोह का चार उपमानों द्वारा विश्लेषण किया है—व्याल, शराब, गरल और धतूरा। इन चारों उपमानों से भिन्न-भिन्न भावनाओं की अभिव्यञ्जना होती है। व्याल—सर्प जिस प्रकार किसी व्यक्ति को काट लेता है तो वह व्यक्ति सर्प के विष के प्रभाव से मूर्छित हो जाता है, तन-बदन का उसे होश नहीं रहता; उसी प्रकार मोहाभिभूत हो जाने से प्राणी भी विवेक शून्य हो जाता है। रात-दिन संसार के विषय-साधनों में अनुरक्त रहता है। अतएव सर्प-विष द्वारा प्रस्तुत मोह के प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। इसी प्रकार अवशेष तीन उपमान भी मोहाभिभूत दशा की अभिव्यञ्जना करने में सक्षम हैं।

मिथ्यात्व की भावाभिव्यक्ति के लिए कवि बनारसी दास ने तीन उपमानों का प्रयोग किया है—मतंग, तिमिर और निशा। इन तीनों उपमानों के द्वारा कवि ने मिथ्यात्व के प्रभाव का निरूपण करने में अपूर्व सफलता प्राप्त की है। मिथ्यात्व को मदोन्मत्त हाथी इसलिये बतलाया गया है कि विवेक शून्य हो जाने पर व्यक्ति की अवस्था मत्त हाथी से कम नहीं होती। उसमें स्वेच्छाचरिता, अनियन्त्रित ऐन्द्रियक विषयों का सेवन एवं आत्मज्ञानाभाव हो जाता है। इसी प्रकार अन्धकार के घनीभूत हो जाने से पदार्थों का दर्शन नहीं हो पाता है, पास में रखी हुई वस्तु भी दिखलायी नहीं पड़ती है, और किसी अभीष्ट स्थान की ओर गमन करना असंभव हो जाता है। कवि ने उपमान के इन गुणों द्वारा उपमेय मिथ्यात्व की विभिन्न विशेषताओं का विश्लेषण किया है। वस्तुतः उक्त उपमान प्रस्तुत के स्वारस्य का सुन्दर विश्लेषण करते हैं।

सम्यक्त्व की विशेषता और विश्लेषण के लिए कवि भैया भगवतीदास, भूधरदास और द्यानतराय ने चार उपमानों का प्रयोग किया है—सिंह, सूर्य, प्रदीप और चिन्तामणि रत्न। जिस प्रकार सिंह के वन में प्रवेश करते ही इतर जन्तु भयभीत हो जाते हैं और वे सिंह की आधीनता स्वीकार कर लेते हैं उसी प्रकार सम्यक्त्व—आत्मविश्वास गुण के आविर्भूत होते ही व्यक्ति की सभी कमजोरियाँ समाप्त हो जाती हैं। मिथ्यात्व—अनात्मा विषयक श्रद्धान, रूपी मदोन्मत्त हाथी सम्यक्त्व रूपी सिंह को देखते ही पलायमान हो जाता है। विषयाकांक्षाएँ और राग-द्वेषाभिनिवेश सम्यक्त्व के पहले तक ही रहते हैं, आत्म श्रद्धान के उत्पन्न होने पर व्यक्ति को समस्त क्रियाएँ आत्मकल्याण के लिए ही होने लगती हैं। अतएव सम्यक्त्व के प्रभाव, प्रताप सामर्थ्य और अन्य दिव्य विशेषताओं को दिखलाने के लिए सिंह उपमान का व्यवहार किया है। इसी प्रकार अवशेष उपमान भी सम्यक्त्व की विशेषता का पूरा चित्र सामने प्रस्तुत करते हैं।

पञ्चेन्द्रिय के विषयों की सारहीनता कानी कौड़ी, जलमन्थन कर घृत निकालना, कुत्ते का सूखी हड्डी चबाकर स्वाद लेना आदि उपमानों के द्वारा अभिव्यक्त की है। उपमालंकार का वर्णन

हिन्दी जैन-साहित्य में बहुत विस्तार के साथ मिलता है। उपमा के पूर्णोपमा और लुप्तोपमा इन दोनों प्रधान भेदों के साथ आर्थी, श्रौती, धर्मलुप्ता, उपमानलुप्ता और वाचकलुप्ता इन उपभेदों का व्यवहार भी किया गया है। सादृश्य सम्बन्ध वाचक शब्द इव, यथा, वा, सी, से, सो, लौं, जिमि आदि का प्रयोग भी यथा स्थान मिलता है।

कवि बनारसीदास उपमा और उत्प्रेक्षा के विशेषज्ञ हैं। आपके नाटक समयसार में इन दोनों अलंकारों के पर्याप्त उदाहरण आये हैं। निम्न पद्य में कितनी सुन्दर उत्प्रेक्षा की गयी है, कल्पना की उड़ान कितनी ऊँची, यह देखते ही बनेगा।

ऊँचे ऊँचे गढके कंगुरे यों विराजत हैं, मानो नभ लोक लीलवेकों दांत दियो है।
सोहे चिहों उर उपवन की सघनताई, घेरा करि मानो भूमि लोक घेरिलियो है॥
गहरी गंभीर खाई ताकी उपमा बनाई, नीचो करि आगत पताल जल पियो है।
ऐसो है नगर यामें नृप को न अंग कोउ, यों ही चिदानन्दसों शरीर भिन्न कियो है॥

उत्प्रेक्षा अलंकार का कवि बनारसीदास ने कितने अनूठे ढंग से प्रयोग किया है, भावोत्कर्ष कितना सुन्दर हुआ है, यह निम्न पद्य से स्पष्ट है—

थोरे से धक्का लगे ऐसे फट जाय मानों,
कागद की पुरी कीधो चादर है चैल की।

संसार के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की उत्प्रेक्षाएँ कवि रूपचन्द पाण्डेय और नयसूरि ने की हैं। भागचन्द और बुधजन के पदों में भी उत्प्रेक्षाओं की भरमार है। कवि भूधरदास ने हेतूत्प्रेक्षा का कितना सुन्दर समावेश किया है। कल्पना की उड़ान के साथ भावों की गहराई भी आश्चर्यजनक है—

काउसग्गा-मुद्रा धरि वन में, ठाड़े रिषभ रिद्धि तज दीनी।
निहचल अंग मेरु है मानों, दोऊँ भुजा छोर जिन दीनी॥
फँसे अनंत जंतु जग-चहले, दुःखी देख करुना चित लीनी।
काढन काज तिन्हें समरथ प्रभु, किधौं बांह ये दीरघ कीनी॥

भगवान् की कायोत्सर्गस्थित मुद्रा को देखकर कवि उत्प्रेक्षा करता है कि प्रभो! आपने अपनी दोनों विशाल भुजाओं को संसार की कीचड़ में फँसे प्राणियों के निकालने के लिए ही नीचे की ओर लटका रखा है। ऊपर के पद्य में इसी भाव को दिखलाया गया है।

भगवान शान्तिनाथ की स्तुति करता हुआ कवि कल्पना करता है कि देव लोग भगवान को प्रतिदिन नमस्कार करते हैं, उनके मुकुटों में लगी नीलमणियों की छाया भगवान के चरणों पर

पड़ती है, जिससे ऐसा मालूम पड़ता है, मानों भगवान के चरण कमलों की सुगन्ध का पान करने के लिए अनेक भ्रमर ही एकत्र हो गये हैं। कवि कहता है—

शांति जिनेश जयो जगतेश हरैं अघताप निशेष की नाईं।
सेवत पांय सुरासुरआय नमैं सिरनाय महीतल ताईं॥
मौलि लगे मनिनील दिपैं प्रभु के चरनों झलकै वह आईं।
सूंघन पाय-सरोज सुगन्धि किधो चलि ये अलि-पंकति आईं।

जैन कवियों ने एक ही स्थान पर उपमेय में उपमान की उत्कटता की संभावना कर वस्तूत्प्रेक्षा या स्वरूपोत्प्रेक्षा का सुन्दर प्रयोग किया है। वाच्या और प्रतीयमाना दोनों ही प्रकार की उत्प्रेक्षाओं के उदाहरण वर्द्धमान चरित्र में आये हैं। कवि ने वर्द्धमान स्वामी के रूप-सौन्दर्य का निरूपण नाना कल्पनाओं द्वारा अलंकृत रूप में किया है।

रूपकालंकार की योजना करते हुए कवि बनारसीदास ने कहा है कि काया की चित्रशाला में कर्म का पलंग बिछाया गया है। उस पर माया की सेज सजाकर मिथ्या कल्पना का चादर डाला गया है। इस पर अचेतना की नींद में चेतन सोता है। मोह की मरोड़ नेत्रों का बन्द करना है, कर्म के उदय का बल ही श्वास का घोर शब्द है और विषय सुख की दौर ही स्वप्न है। कवि ने यहाँ उपमेय में उपमान का आरोप बड़ी ही कुशलता से किया है। कवि कहता है—

काया की चित्रसारी में करम परजँक भारी,
माया की सँवारी सेज चादर कलपना।
शैन करे चेतन अचेतनता नींद लिए,
मोह की मरोर यहै लोचन को ढपना॥
उदै बल जोर यहै श्वास को शब्द घोर,
विषै सुखकारी जाकी दौर यही सपना।
ऐसी मूढ़ दशा में मगन रहे तिहुँ काल,
धावे भ्रम-जाल में न पावे रूप अपना॥

वस्तुतः कवि बनारसीदास ने अप्रस्तुत में प्रस्तुत का केवल रूप-सादृश्य ही नहीं दिखलाया, किन्तु प्रस्तुत के भाव को तीव्र बनाया है। निरंग रूपकों में सादृश्य, साधर्म्य तथा प्रभाव इन तीनों का ध्यान रखा है, पर सांग रूपक में भी सादृश्य और साधर्म्य का पूरा निर्वाह किया है। कवि ने कई स्थलों पर आत्मा और परमात्मा के बीच के व्यवधान को दूर कर आत्मा को ही अभेद रूप परमात्मा बतलाया है।

कवि भैया भगवतीदास के सिवा कवि वृन्दावन ने भी अपनी कविता में रूपकों की यथास्थान योजना की है। कवि वृन्दावन कहता है—

आदि पुरान सुनो भव कानन।
मिथ्यामत गयंद गंजनको, यह पुरान सांचो पंचानन॥
सुरगमुक्ति को मग दरसावत, भविक जीवको भवभय भानन॥

यहाँ पर आदिपुराण को सिंह और मिथ्यामत को गयन्द का रूपक दिया गया है। आदिपुराण के अध्ययन और चिन्तन से मिथ्यात्वबुद्धि का दूर हो जाना दिखलाया गया है। मिथ्यात्व का निराकरण सम्यत्व के प्राप्त होने पर ही होता है। इसी कारण सम्यत्व को सिंह और मिथ्यात्व को मतंग-गज कहा जाता है। आदिपुराण का स्वाध्याय सम्यग्दर्शन उत्पन्न करता है, अतएव सम्यक्त्व की उत्पत्ति का कारण होने से कवि ने उसे सिंह का रूपक दिया है।

जैन कवियों ने प्रतिपाद्य विषय को प्रस्तुत करने के लिए उन्हीं उपमानों का उपयोग नहीं किया है, जो परम्परागत हैं। काव्यानुभूति का सर्वाङ्गसुन्दर चित्र वहीं प्रस्फुटित होता है, जहाँ कवि की निजी अनुभूति का उसके विचारों से सामञ्जस्य हो। यह अनुभूति जितनी विस्तृत और गम्भीर होती है, उतना ही प्रतिपाद्य विषय आकर्षक होता है। पुराने उपमानों को सुनते सुनते हमें अरुचि उत्पन्न हो गई है, अतएव नवीन उपमान ही हमें अधिक प्रभावित करते हैं तथा चर्वित-चर्वण किए हुए उपमानों की अपेक्षा प्रभाव भी स्थायी होता है। कवि बनारसीदास ने अनेक नवीन उपमानों के उदाहरण देकर वर्ण्य विषय को प्रभावशाली बनाया है। कवि बनारसीदास ने उदाहरणालंकार का प्रयोग बहुत ही सुन्दर किया है। निम्नपद्य दर्शनीय हैं—

जैसे तृनकाठ बांस आरने इत्यादि और, इंधन अनेक विधि पावक में दहिये।
आकृति बिलोकत कहावै आगि नानारूप, दीसै एक दाहक सुभाउ जब गहिये।
तैसे नवतत्व में भयो है बहु भेखी जीव, शुद्धरूप मिश्रित अशुद्धरूप कहिये।
जाही दिन चेतना शकतिको विचार कीजे, ताही छिन अलख अभेदरूप लहिये॥

× × ×

जैसे बनवारी में कुधातुके मिलाप हेम, नाना भांति भयो पै तथापि एक नाम है।
कसिके कसौटी लीक निरखै सराफ ताही, बानके प्रमान करि लेतु देतु दाम है॥
तैसे ही अनादि पुद्गलसों संयोगी जीव, नवतत्त्वरूप में अरूपी महाधाम है।
दीसे उनमानसो उद्योत वान ठौर ठौर, दूसरौ न और एक आतमाहि राम है॥

यहाँ कवि ने बतलाया है कि जैसे तृण, काष्ठ, बाँस आदि की अग्नि भिन्न भिन्न होनेपर भी एक ही स्वभाव की अपेक्षा एकरूप है, उसी प्रकार यह जीव भी नाना द्रव्यों के सम्पर्क से नाना रूप होने पर भी चेतना शक्ति की अपेक्षा से अभेद एकरूप है।

ज्ञान के उदयतें हमारी दशा ऐसी भई,
जैसे भानु भासत अवस्था होत प्रातकी ॥

कवि ने इस पद्यांश में सूर्य के उदाहरण द्वारा ज्ञान की विशेषता दिखलायी है। कवि कहता है कि ज्ञान का उदय होने से हमारी ऐसी अवस्था हो गई है, जैसे सूर्य के उदय होनेपर प्रातःकाल की होती है। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश अन्धकार को नष्ट कर देता है, उसी प्रकार मोह अन्धकार दूर हो गया है।

कवि वृन्दावन और भूधरदास ने भी उदाहरणालंकार द्वारा प्रस्तुत का भावोत्कर्ष दिखलाया है। भूधरदास ने दृष्टान्तालंकार की योजना निम्न पद्य में कितने सुन्दर ढंग से की है, यह दर्शनीय है—

जनम जलधि जलजान जान जनहंस मानकर ।
सरब इन्द्र मिल आन आन जिम धरहिं शीसपर ॥
पर उपमारी बान, बान उत्थपइ कुनय गन ।
गनसरोज बन-भान, भान मम मोह-तिमिरघन ॥
घनवरन देह दुख दाह हर, हरखत हेरि मयूर मन ।
मनमथ मतंग-हरि पास जिन, जिन विसरहु छिन जगतजन ॥

यहाँ भगवान् पार्श्वनाथ का ज्ञान उपमेय और सूर्य उपमान है तथा कमल का विकसित होना और अन्धकार का नष्ट होना समान धर्म है। बस, यही बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव है।

कवि मनरंगलाल ने उपमेय की समता का अभाव प्रदर्शित करते हुए असम अलंकार की कितनी अनूठी योजना की है—

जा सम न दूजी और कन्या देखि रूप लजे रती ।

इसी प्रकार कवि भूधरदास ने निम्न पद्य में हृदय की भावनाओं और मानसिक विचारों को कितना साकार करने का आयास किया है। भावों के विकासमय आलोक की प्रोज्ज्वल राशि जगमगाती हुई दृष्टिगत होती है। कवि कहता है—

कृमिरास कुवास सराप दहै, शुचिता सब छीवत जात सही ।
जिह पान किये सुध जान हिये, जननी जन जानत नार यही ॥
मदिरा सम आन निषिद्ध कहा, यह जान भले कुलमें न गही ।
धिक है उनको वह जीभ जले, जिन मूढ़न के मत लीन कही ॥

इस पद्य में कवि ने मदिरा के समान अन्य हेय पदार्थ का अभाव दिखलाकर मदिरा की अशुचिता का दिग्दर्शन कराया है। इसी प्रकार आखेट का निषेध करते हुए कवि कहता है कि

"काननमें बसे ऐसो आन न गरीब जीव, प्रानन सों प्यारे प्रान पूँजी जिस परे है।'
अर्थात् हिरण के समान अन्य कोई भी प्राणी दीन नहीं होता है।

एक के बिना दूसरे के शोभित अथवा अशोभित होने का वर्णन कर विनोक्ति अलंकार की योजना बड़ी ही चतुराई के साथ की गयी है। भैया भगवतीदास ने—"आतम के काज बिन रज सम राज सुख, सुनो महाराज कर कान किन दाहिने।" में आत्मोद्धार के बिना राज्यसुख को भी धूल समान बताया है। कवि भूधरदास ने राग बिना संसार के भोगों की सारहीनता का चित्रण करते हुए विनोक्ति अलंकार की कितनी अनूंठी योजना की है—

राग उदै भोग भाव लागत सुहावने से बिना ऐसे लागें जैसे नाग कारे हैं।
रागहीसों पाग रहे तनमें सदीव जीव राग गये आवत गिलानि होत न्यारे हैं॥
रागसों जगत रीति झूठी सब सांच जाने राग मिटे सूझत असार खेल सारे हैं।
रागी बिन रागी के विचार में बड़ो ही भेद जैसे भटापथ्य काहु काहु को बयारे हैं॥

कवि मनरंगलाल ने विनोक्ति अलंकार की योजना द्वारा अपने अन्तराल की व्यापकता और गहराई को बड़े ही अच्छे ढंग से व्यक्त किया है—

नेम बिना जो नर पर्याय। पशु समान होती नर राय॥

× × ×

नाथ तिहारे साथ विन, तनक न मोहि करार।
तातें हमहू साथ तुम, चलसी तजि घर वार॥

× × × ×

हे पुत्र चलो अब घरै हाल। तुम बिन नगरी सब है बिहाल॥

कवि मनरंगलाल ने एक ही क्रिया शब्द को दो अर्थों में प्रयुक्त कर सहोक्ति अलंकार का भी समावेश किया है। कवि ने प्रत्येक अंग में कामदेव और सुषमा को साथ ही साथ रखा है—

अंग अंग में छायो अनंग। जहँ देखो तहँ सुखमा संग॥

भैया भगवतीदास ने हँस की उक्ति देकर निम्न पद्य में कितने सुन्दर ढंग से चैतन्य का फन्दे में फँसना दिखलाया है। आपका अन्योक्ति अलंकार पर विशेष अधिकार है। तोता, मतंग आदि की उक्तियों से आत्म की परतन्त्रता की विवेचना की है।

हँस हँस हँस आप मुक्त, पूर्व सँवारे फन्द;
तिहिं कुदाव में बंधि रहे, कैसे होहु सुछन्द।
कैसे होहु सुछन्द, चन्द जिस राहु गरासै;
तिमिर होय बल जोर, किरण की प्रभुता नासै।

स्वपर भेद भासै न देह जड़, लखि तजि संसा,

तुम गुण पूरन परम सहज अवलोकहु हँसा ।

× × ×

सूवा सयानप सब गई, सेयो सेमर वृच्छ;

आये धोखे आमके, यापै पूरण इच्छा ।

कवि मनरंगलाल ने निम्न पद्य में अतिशयोक्ति अलंकार का समावेश कितने अनूठे ढंग से किया है।

नासा लोल कपोल मझार । सब शोभा की राखन हार ॥

ताहि देखि सुक बन में जाय । लज्जित ह्वै निवसे अधिकाय ॥

कवि बनारसी दास ने अपने अर्द्धकथानक में आत्म चरित्र की अभिव्यंजना करते हुए आक्षेपालंकार का कितना अच्छा समावेश किया है। कवि कहता है—

शंख रूप शिव देव, महा शंख बनारसी ।

दोऊ मिले अबेव, साहिब सेवक एकमे ॥

भैया भगवतीदास और बनारसीदास ने श्लेषालंकार की भी यथास्थान योजना की है। "अकृत्रिम प्रतिमा निरखत सु 'करी न धरी न भरी न धरी'' में करीन, भरीन और धरीन पद के तीन-तीन अर्थ हैं। मोह अपने जाल में फंसाकर जीवों को किस प्रकार नचाता है, कवि ने इसका वर्णन विचित्रालंकार में कितना अनूठा किया है—

नटपुर नाम नगर अति सुन्दर, तामें नृत्य होंहि चहुँ ओर ।

नायक मोह नचावत सबको, ल्यावत स्वांग नये नित ओर ।

उछरत गिरत फिरत फिरका दै, करत नृत्य नाना विधि घोर ।

इहि विधि जगत जीव सब नाचत, राचत नाहिं तहां सुकिशोर ॥

कवि बनारसीदास ने आत्मलीलाओं का निरूपण विरोधाभास अलंकार में करते हुए लिखा है—"एक में अनेक है अनेक ही में एक है सो, एक न अनेक कुछ कह्यो न परतु है"। इसी प्रकार वृन्दावन और द्यानतराय ने भी विरोधाभास की सुन्दर योजना की है। परिकर समासोक्ति, उल्लेख, विभावना और यथासंख्य अलंकारों का प्रयोग जैन काव्यों में यथेष्ट हुआ है।

हिन्दी जैन काव्यों में प्रकृति चित्रण

कविता को अलंकृत करने और रसानुभूति को बढ़ाने के लिए कवि प्रकृति का आश्रय ग्रहण करता है। अनादिकाल से प्रकृति मानव को सौन्दर्य प्रदान करती चली आ रही है। इसके लिए वन, पर्वत, नदी, नाले, उषा, सन्ध्या रजनी, ऋतु सदा से आकर्षण के विषय रहे हैं। हिन्दी के जैन कवियों को कविता करने की प्रेरणा जीवन की नश्वरता और अपूर्णता के अनुभव से ही प्राप्त हुई है। इसीलिये हर्ष-विषाद, सुख-दुख, घृणा-प्रेम का जीवन में अनुभ कर उसके सार को ग्रहण करने की ओर कवियों ने संकेत किया है।

भावों की सचाई (Sincerity) या सद्यः रसोद्रेक की क्षमता कोई भी कलाकार प्रकृति के अंचल से ही ग्रहण करता है। इसी कारण जीवन के कवि होने पर भी जैन कवियों की सौन्दर्य ग्राहिणी दृष्टि प्रकृति की ओर भी गयी और उन्होंने प्रकृति के सुन्दर चित्र अंकित किये। शान्त-रस के उद्दीपन और पुष्टि के लिये जैन कवियों ने प्रकृति की सुन्दरता पर मुग्ध होकर ऐसे रमणीय चित्र खींचे हैं, जो विश्वजनीन भावों की अभिव्यक्ति में अपना अद्वितीय स्थान रखते हैं। प्रकृति की पाठशाला प्रत्येक सहृदय को निरन्तर शिक्षा देती रहती है। यही कारण है कि मानव और मानवेतर प्रकृति का निरूपण कुशल कलाकार तल्लीनता और रसमग्नता के साथ करता ही है।

त्यागी जैन कवियों में अनेक ऐसे कवि हैं, जिन्होंने अपनी साधना के लिए वनाश्रम ग्रहण किया है। प्रकृति के खुले वातावरण में रहने के कारण सन्ध्या, उषा और रजनी के सौन्दर्य से इन्होंने अपने भीतर के विराग को पुष्ट ही किया है। इन्हें सन्ध्या नवोढ़ा नायका के समान एकाएक वृद्धा, कलूटी रजनी के रूप में परिवर्तित देखकर आत्मोत्थान की प्रेरणा प्राप्त हुई और इसी प्रेरणा को अपने काव्य में अंकित किया है। प्रकृति के विभिन्न रूपों में सुन्दरी नर्तकी के दर्शन भी अनेक कवियों ने किये हैं, किन्तु यह नर्तकी दूसरे क्षण में ही क्रूरा और बीभत्स-सी प्रतीत होने लगती है। रमणी के केश कलाप, सलज्ज कपोल की लालिमा और साजसज्जा के विभिन्न रूपों में विरक्ति की भावना का दर्शन करना जैन कवियों की अपनी विशेषता है। परन्तु यह विरक्ति नीरस नहीं है, इसमें भी काव्यत्व है। भावनाओं और कल्पनाओं का संतुलन है। महलों की चकाचौंध, नगर के अशान्त कोलाहल और आपस के राग-द्वेषों से दूर हटकर कोई भी व्यक्ति निरावरण प्रकृति में अपूर्व शान्ति और आनन्द पा सकता है। मन्द मन्द पवन, विशाल वन प्रान्त और हरी-भरी वसुन्धरा व्यक्ति को जितनी शान्ति दे सकती है; उतनी जन-संकीर्ण भवन, नाना कृत्रिम साधन तथा नूपुरों की रुनझुन कभी भी नहीं।

कवि अपने काव्य में प्रकृति के उन्हीं रम्य दृश्यों को स्थान देते हैं, जो मानव की हृदय-बीन के तारों को झन-झना दें। ग्राम-सौन्दर्य और वन-सौन्दर्य का जितना सुन्दर चित्रण अपरिग्रही कवि या गृहीत परिमाण परिग्रही कवि कर सकते हैं, उतना अन्य नहीं। जैन साहित्य में वन विभूति और नदी तालों पर, जहाँ दिगम्बर साधु ध्यान करते थे, उन प्रदेशों की तस्वीरें बड़ी ही सूक्ष्मता और चतुराई के साथ खींची गयी हैं। ऐसा प्रतीत होगा कि गतिशील प्रकृति स्वयं मूर्तमान रूप धारण कर आ गई है। विषयासक्त व्यक्ति प्रकृति के जिस रूप से अपनी वासना को उद्बुद्ध करता है, विरक्त उसी रूप से आत्मानुभूति की प्रेरणा प्राप्त करता है।

अपभ्रंश भाषा के जैन कवियों ने अपने महाकाव्यों में आलम्बन और उद्दीपन विभाव के रूप में प्रकृतिचित्रण किया है। षट् ऋतु वर्णन, रणभूमि वर्णन, नदी-नाले-वन-पर्वत का चित्रण उषा-सन्ध्या-रजनी-प्रभात का वर्णन, हरीतिमा आदि का चित्रांकन सुन्दर हुआ है। इस प्रकृति चित्रण पर संस्कृत काव्यों के प्रकृति चित्रण की छाप है। अपभ्रंश भाषा के जैन कवियों ने नीति, धर्म और आत्मभावना की अभिव्यक्ति के लिए प्रकृति का आलम्बन ग्रहण किया है। बिम्ब और प्रतिबिम्ब भाव से भी प्रकृति के भव्य चित्रों को उपस्थित किया है।

पुरानी हिन्दी, ब्रजभाषा और राजस्थानी ढूंढारीभाषा में रचित प्रबन्ध काव्यों में प्रकृति का चित्रण बहुत कुछ रीति कालीन प्रकृति चित्रण से मिलता जुलता है। इसका कारण यह है कि जैन कवियों ने पौराणिक कथावस्तु को अपनाया, जिससे वे परम्परा भुक्त वस्तु वर्णन में ही लगे रहे और प्रकृति के स्वस्थ चित्र न खींचे जा सके। शान्तरस की प्रधानता होने के कारण जैन चरित काव्यों में शृंगार की विभिन्न स्थितियों का मार्मिक चित्रण न हुआ, जिससे प्रकृति को उन्मुक्त रूप में चित्रित होने का कम ही अवसर मिला।

परवर्ती जैन साहित्यकारों में बनारसीदास, भगवतीदास, भूधरदास, दौलतराम, बुधजन, भागचन्द, नयनसुख आदि कवियों की रचनाओं में प्रकृति के रम्य रूपों को भावों द्वारा सँवारा गया है। कवि बनारसीदास ने कुबुद्धि की तुलना कुब्जा से और सुबुद्धि की तुलना राधिका के साथ की है। यहाँ रूप चित्रण में प्रकृति का बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव देखने योग्य है।

कुटिल कुरूप अंग लगी है पराए संग, अपनो प्रवान कारे आपुहि बिकाई है।
गहे गति अंधकीसी सकती कमंधकीसी, बंधको बढ़ाउ करे धंधहीमें धाई है॥
रांड कीसी रीति लिए मांडकीसी मतवारी, सांड ज्यों सुछन्द डोले भांडकीसी जाई।
घरको न जाने भेद करे परधानी खेत, याते दुर्बुद्धि दासी कुब्जा कहाई॥

× × × ×

रूपकी रसीली भ्रम कुलफकी कीली सील, सुधा के समुद्र झीली सीली सुखदाई।
प्राची ज्ञान मान की अजाची है निदान की सुराची नराची ठौर साची ठकुराई है॥

धाम की खबरदार राम की रमनहार, राधारस पंथिनी में ग्रन्थनि में गाई है।
संतनिकी मानी निरवानी नूरकी निसानी, याते सदबुद्धि रानी राधिका कहाई है॥

कवि बनारसीदास ने प्रकृति को उपमान और उत्प्रेक्षा अलंकारों द्वारा चित्रमय रूप में प्रस्तुत किया है। कवि ने शारीरिक माँसलता के स्थान पर भावात्मकता, विचित्र कल्पना और स्थूल आरोपवादिता के स्थान पर चित्रमयता और भाव प्रवणता का प्रयोग किया है। प्रकृति के एक चित्र को स्पष्ट करने के लिए दूसरे दृश्य का आश्रय लिया गया है, फिर भी रंग-रूपों, आकार-प्रकार एवं मानवीकरण में कोई बाधा नहीं आयी है। सादृश्य और संयोग के आधार पर सुन्दर और रमणीय भावों की अभिव्यंजना सौन्दर्यानुभूति की वृद्धि में परम सहायक है। प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ हमारा भाव-संयोग सर्वदा रहता है; इसी कारण कवि बनारसीदास ने असंलक्ष्यक्रम से प्रकृति का सुन्दर विवेचन किया है।

उदाहरणालंकार के रूप में प्रकृति का चित्रण बनारसीदास के नाटक समयसार में अनेक स्थलों पर हुआ है। ग्रीष्मकाल में पिपासाकुल मृग बालू के समूह को ही भ्रमवश जल समझ कर इधर-उधर भटकता है, अथवा पवन के संचार से स्थिर समुद्र के जल में नाना प्रकार की तरंगें उठने लगती हैं और समुद्र का जल आलोडित हो जाता है; इसी प्रकार यह आत्मा भ्रम वश कर्मों का कर्त्ता कही जाती है और पुद्गल के संसर्ग से इसकी नाना प्रकार की स्वभाव विरुद्ध क्रियाएँ देखी जाती हैं। कवि कहता है—

जैसे महाधूप की तपति में तिसायो मृग, भरमसों मिथ्याजल पीवन को धायो है।
जैसे अन्धकार मांहि जेवरी निरखि नर, भरमसों डरपी सरप मानि आयो है॥
अपने सुभाय जैसे सागर सुथिर सदा, पवन संजोगसों उछरि अकुलायो है।
तैसे जीव जड़सों अव्यापक सहज रूप, भरमसों करमको करता कहायो है॥

वर्षा ऋतु में नदी, नाले और तलाव में बाढ़ आ जाती है, जल के तेज प्रवाह में तृण, काठ और अन्य छोटे-छोटे पदार्थ बहने लगते हैं। बादल गर्जते और बिजली चमकती है। प्रकृति सर्वत्र हरी भरी दिखलायी पड़ती है। कवि बनारसीदास ने आत्मज्ञानी की रीति का वर्षा के उदाहरण द्वारा उपदेशात्मक रूप से कितना सुन्दर चित्रण किया है—

ऋतु बरसात नदी नाले सर जोर चढ़े, बढ़े नाहिं मरजाद सागर के फैलकी।
नीर के प्रवाह तृण काठ वृन्द बहे जात, चित्रावेल आइ चढ़ै नाहीं कहूं गैलकी।
बनारसीदास ऐसे पंचन के परपंच, रंचक न संक आवै वीर बुद्धि छैलकी।
कुछ न अनीत न क्यों प्रीति पर गुण सेती, ऐसी रीति विपरीति अध्यातम शैलकी॥

जब प्रकृति मानवीय भावों के समानान्तर भावात्मक-व्यंजन अथवा सहचरण के आधार पर प्रस्तुत की जाती है, उस समय उसे विशुद्ध उद्दीपन के अन्तर्गत नहीं रखा जा सकता। आलम्बन

की स्थिति में व्यक्ति अपनी मनः स्थिति का आरोप प्रकृति पर करके भावाभिव्यंजन करता है। सौन्दर्यानुभूति जो काव्य का आधार है, प्रकृति से सम्बन्धित है। यद्यपि इसमें नाना प्रकार की सामाजिक भावस्थितियों का योग रहता है, तो भी आलम्बन रूप में यह सौन्दर्यानुभूति कराती ही है। जो रससिद्ध कवि प्रकृति के मर्म को जितना अधिक गहराई के साथ अवगत कर लेता है, वह उतना ही सुन्दर भावाभिव्यञ्जन कर सकता है।

भैया भगवतीदास ने प्रकृति के चित्रों को किसी मनः स्थिति विशेष की पृष्ठभूमि के रूप में प्रस्तुत किया है। मानवीय भावनाओं को प्रकृति के समानान्तर उपस्थित करना और प्रकृति रूप-व्यापारों को मात्र आलम्बन के रूप में अभिव्यक्त करना आपकी प्रमुख विशेषता है। उपमान के रूप में प्रकृति चित्रण देखिये—

धूमन के धौरहर देख कहा गर्व करै, ये तो छिनमाहि जाहिं पौन परसत ही।
सन्ध्या के समान रंग देखत ही होय भंग, दपिक पतंग जैसे काल गरसत ही॥
सुपने में भूप जैसे इन्द्रधनुरूप जैसे, ओस बूंद धूप जैसे दुरै दरसत ही।
ऐसोई भरम सब कर्मजाल वर्गणा को, तामें मूढ मगन होय मरै तरसत ही॥

इन्होंने प्रकृति की स्थितियों के प्रसार में समवाय रूप से आलम्बन मानकर कतिपय रेखा चित्र उपस्थित किये हैं। वर्षा और ग्रीष्म ऋतु का अपनी अभीष्ट मानसिक स्थिति को स्पष्ट करने के लिए दृष्टान्त के रूप में इन ऋतुओं का चित्रण किया है—

ग्रीषम में धूप परै तामें भूमि भारी जरै, फूलत है आक पुनी अतिही उमहिकै
वर्षा ऋतु मेघ झरै तामें वृक्ष केई फरै, जरत जवासा अघ आपुहीतैं डाहिकैं॥

यद्यपि उपर्युक्त पंक्तियों में प्रकृति का स्वच्छ और चमत्कारिक वर्णन नहीं है, फिर भी भाव को सबल बनाने में प्रकृति का सहायक अंकित किया है। कवि भूधरदास ने रूपक बांधकर जीवन की मार्मिकता को प्रकृति के आलम्बन द्वारा कितने अनूठे ढंग से व्यक्त किया है।

रात दिवस घटमाल सुभाव।
भरि भरि जल जीवन की जल॥
सूरज चाँद बैल ये दोय।
काल रैहट नित फैरे सोय॥

कवि ने अनुभूति के सरोवर में उतर प्रकृति में भावनाओं का आरोप कर कहा है कि कालरूपी अरहट सूरज, चाँद रूपी बैलों द्वारा रात दिन रूपी घड़ों में प्राणियों के आयुरूपी जल को भर-भर कर खाली कर देता है।

भावोत्कर्ष के लिए कवि ने प्रकृति की अनेक स्थलों पर भयंकरता दिखलायी है। ऐसे स्थलों पर कवि की लेखनी चित्रकार की तूलिका-सी बन गयी है। शब्द पिघल पिघल कर रेखाएँ बन गये हैं और रेखाएँ शब्द बनकर मुखरित हो उठी हैं। कवि कहता है कि शीत ऋतु में भयंकर शर्दी पड़ती है, यदि इस ऋतु में वर्षा होने लगे और तेज पूर्वी हवा चलने लगे तो शीत की भयंकरता और भी बढ़ जाती है। ऐसे समय में नदी के किनारे खड़े ध्यानस्थ मुनि समस्त शीत की बाधाओं को सहन करते रहते हैं।

शीतकाल सबही जन काँपैं, खड़े जहाँ बन बिरछ डहे हैं।
झंझावायु वहै वरसा ऋतु, वरसत बादल झूम रहे हैं।
तहाँ धीर तटनी तट चौपट, ताल पाल में कर्म दहे हैं।
सहैं सँभाल शीत की बाधा, ते मुनि तारन तरन कहे हैं॥

इसी प्रकार ग्रीष्म ऋतु की भयंकरता दिखलाता हुआ कवि गर्मी का चित्रण करता हुआ कहता है—

भूखप्यास पीड़ै उर अन्तर, प्रजलै आंत देह सब दागै।
अग्निसरूप धूप ग्रीषम की, तातीं बाल झालसी लागै॥
तपै पहार ताप तन उपजै, कोपै पित्त दाहज्वर जागै।
इत्यादिक ग्रीषम की बाधा, सहत साधु धीरज नहीं त्यागै॥

ज्ञान वैभव से युक्त आत्मा को बसन्त का रूपक देकर कवि द्यानतराय ने कितना सुन्दर चित्र खींचा है, यह देखते ही बनता है। कवि की दृष्टि में प्रकृति का कण-कण एक सजीव व्यक्तित्व लिये हुए है, जिससे प्रत्येक मानव प्रभावित होता है। जिस प्रकार बसन्त ऋतु में प्रकृति राशि-राशि अपना सौन्दर्य बखेर देती है, उसी प्रकार ज्ञान वैभव के प्राप्त होते ही आत्मा का अपार सौन्दर्य उद्‌बुद्ध हो जाता है और वह शर्मिली छुई-मुई-सी दुलहिन सामने खड़ी हो जाती है। साधक इसे प्राप्त कर निहाल हो जाता है, कवि इसी भावना को दिखलाते हुए कहता है—

तुम ज्ञान विभव फूली वसंत, यह मन मधुकर सुखसों रमंत।
दिन बड़े भए वैराग भाव, मिथ्यामत रजनी को घटाव॥
तुम ज्ञान विभव फूली वसंत, यह मन मधुकर सुखसों रमंत।
बहु फूली फैली सुरुचि बेल, ज्ञाताजन समता संग केलि।
तुम ज्ञान विभव फूली वसंत, यह मन मधुकर सुखसों रमंत।
द्यानत वानी पिक मधुर रूप, सुरनर पशु आनन्द घन-स्वरूप॥
तुम ज्ञान विभव फूली वसंत, यह मन मधुकर सुखसों रमंत।

कवि हेम विजय ने प्रकृति को संश्लिष्ट और सजीवरूप में चित्रित किया है। कथा प्रवाह की पूर्व पीठिका के रूप में प्रकृति भावोद्दीपन में कितनी सहायक है, यह निम्न उदाहरण से स्पष्ट है।

पाठक देखेंगे कि इस उदाहरण में कथा प्रसंग को मार्मिक बनाने के लिए अलंकार विधान और उद्दीपन विभाव के रूप में कितना सुन्दर प्रकृति का चित्रण किया है।

घनघोर घटा उनयी जुनई, इततैं उततैं चमकी बिजली।
पियुरे पियुरे पपिहा बिललाति जु, मोर किंगार किरंति मिली॥
बिच बिन्दु परें दृग आंसु फरें, दुनि धार अपार इसी निकली।
मुनि हेमके साहिब देखनकूं, उग्रसेन लली सु अकेली चली॥
कहि राजिमती सुमती सखियानकूं, एक खिनेक खरी रहुरे।
सखिरी सगरीं अँगुरी मुही बाहि करति इसे निहुरे॥
अबही तबही कबहीं जबही, यदुरायकूं जाय इसी कहुरे।
मुनि हेम के साहिब नेमजी हो, अब तोरनतें तुम्हकूं बहुरे॥

कवि आनन्दघन को भी प्रकृति की अच्छी परख है। आपने मानव भावों की अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में प्रस्तुत प्रतीकों के लिए प्रकृति का सुन्दर उपयोग किया है। ज्ञानरूपी सूर्योदय के उदय होते ही आत्मा की क्या अवस्था हो जाती है, कवि ने इसका बहुत ही सुन्दर चित्रण किया है। प्रातः काल को रूपक देकर ज्ञानोदय का कितना मर्मस्पर्शी चित्रण किया है, यह देखते ही बनता है—

मेरे घट ज्ञान भाव भयो भोर।
चेतन चकवा चेतन चकवी, भागौ विरहकौ सोर।
फैली चहुँदिशि चतुर भाव रुचि, मिथ्यौ भरम-तम जोर।
आपकी चोरी आप ही जानत, औरैं कहत न चोर॥
अमल कमल विकसित भये भूतल, मंद विषद शशिकोर।
आनन्दघन इक बल्लभ लागत, और न लाख किरोर॥

रूपक अलंकार के रूप में कवि भागचन्द ने अपने अधिकांश पदों में प्रकृति का चित्रण किया है। कवि ने उपमा और उत्प्रेक्षाओं की पुष्टि के लिए प्रकृति का आश्रय ग्रहण करना उचित समझा है। कुछ ऐसे दृश्य हैं, जिनका मानव जीवन से घना सम्बन्ध है। कुछ ऐसे भी भाव-चित्र हैं, जो हमारे सामुदायिक उपचेतन मनमें जन्मकालसे ही चले आते हैं। जिनवाणी, गुरु-वाणी, मन्दिर, चैत्य आदि मानव के मन को ही शान्त नहीं करते, किन्तु अन्तरंग तृप्ति का परम साधन बनते हैं। प्रत्येक भावुक हृदय की श्रद्धा उक्त वस्तुओं के प्रति स्वभावतः रहती है। कवि वीतराग वाणी को गंगा का रूपक देकर कहता है—

सांची तो गंगा यह वीतरागवानी, अविच्छिन्न धारा निजधर्म की बहानी।
जामें अतिही विमल अगाध ज्ञानपानी, जहां नहीं संशयादि पंककी निशानी ॥
सप्तभंग जहं तरंग उछलत सुखदानी, संत चित्त मरालवृन्द रमैं नित्यज्ञानी।
जाके अवगाहन तैं शुद्ध होय प्रानी, भागचंद निहचै घटमांहि या प्रमानी ॥

प्रकृति के अधिक चित्र इनकी कविता में पाये जाते हैं। यद्यपि विशुद्ध रूप में प्रकृति का चित्रण इनकी कविता में नहीं हुआ है, फिर भी उपमानों का इतना सुन्दर व्यवहार किया गया है, जिससे प्रस्तुत की अभिव्यञ्जना में चार चाँद लग गये हैं। वर्षा होने पर चारों ओर शीतलता छा जाती है, निदाघ के आताप से सन्तप्त मेदिनी शान्त हो जाती है। सूर्य अपना पराजय देखकर ग्लानि के कारण अपना मुँह बादलों में छिपा लेता है। आकाश मण्डल घन तिमिर से आच्छादित हो जाता है, जहाँ-तहाँ बिजली चमकती हुई दिखलायी पड़ती है। नदी नालों में बाढ़ आ जाती है। वर्षा से धूल दब जाती है और नवीन धानों के पौधे लहलहाने लगते हैं। मेदिनी सर्वत्र हरी-भरी दिखलाई पड़ती है। कवि इस रूपक द्वारा जिनवाणी की महत्ता का रहस्योद्घाटन करता है—

बरसत ज्ञान सुनीर हो, श्री जिनमुख घनसों।
शीतल होत सुबुद्धि मेदिनी, मिटत भवातप पीर ॥
स्यादवाद नय दामिनि दमके, होत निनाद गंभीर।
करुना नदी बहे चहुँ दिशि तैं, भरी सो दोई तीर ॥

× × × ×

मेघघटा सम श्री जिनवानी।
स्यातपद चपला चमकत जामें, बरसत ज्ञान सुपानी।
धरम सस्य जातें बहु बाढ़े, शिव आनन्द फल दानी।
मोहन धूल दबी सब यातै, क्रोधनल सुबुझानी ॥

आधुनिक जैनकाव्यों में कविता की पृष्ठभूमि के रूप में तथा सत्योन्मीलन के रूप में भी प्रकृति का चित्रण किया गया है। निराश होने के पश्चात् सहानुभूति के रूप में कोई भी कवि प्रकृति को पाता है, जैन काव्यों में प्रकृति का यह रूप भी पाया जाता है। जीवन की समस्याओं का समाधान प्रकृति के अंचल से जैन कवियों ने ढूंढ़ा है। अतः उपयोगितावादी और उपदेशात्मक दोनों ही दृष्टिकोण आधुनिक जैन प्रबन्ध काव्यों में अपनाये गये हैं। वर्द्धमान काव्य में परम्परावादी साहित्य के समान प्रकृति के यथातथ्य चित्र भी खींचे गये हैं। 'प्रतिफलन' और 'राजुल' में भी प्रकृति की संवेदनशील रूपों की सुन्दर अभिव्यंजना की गयी है।

नोट:—लेखक की अप्रकाशित रचना 'हिन्दी जैन-साहित्य अनुशीलन' का एक अंश।

जैन-गणित की कुछ मौलिक उद्भावनाएँ

[ले०—श्री प्रो० राजेश्वरी दत्त मिश्र एम० ए०]

जैनधर्म के ग्रन्थों में गणित की काफी सामग्री बिखरी पड़ी हैं। उसको प्रकाश में लाकर हमलोग न केवल भारतीय गणित के इतिहास को ही पूर्ण बना सकते हैं वरन् गणित की कितनी ही महत्त्वपूर्ण समस्याओं का उत्तर भी दे सकते हैं। उपलब्ध सामग्री में कुछ तो एकदम मौलिक है और कुछका ऐतिहासिक महत्त्व भी है। प्रस्तुत लेख में इस विषय पर कुछ विवेचनाएँ की जायँगी।

(i) Aggregate of all cardinal numbers.

ग्रीक लोगों की तरह जैन आचार्य भी एक की गिनती संख्या में नहीं करते। अनुयोगद्वार के १४६ वें सूत्र में निम्नलिखित पाठ मिलता है :—

से किं तं गणना संखा ? एको गणणं न उवेइ, दुप्पभि संखा।

अर्थात्—गणना संख्या क्या है ? एक गणना संख्या नहीं है, दो प्रभृति गणना संख्या है !

अभिधान राजेन्द्र कोष भाग ७ पृ० ६७ में भी लिखा है कि—

लहू संखिज्जं दुच्चियं अओ परं मज्झिमं जा गुरुयम्।

जंबुद्दीवपमाणय चउपल्लपरूवणाय इयम्।

इहैको गणना संख्या न लभते यतः एकस्मिन् घटादौ दृष्टे घटादि वस्तु इदं तिष्ठति इत्यमेव प्रायः प्रतीतिरूत्पद्यते, नैकसंख्याविषयत्वेन अथवा दानसमर्पणादि व्यवहारकाले एकं वस्तु न प्रायः कश्चित् गणयति यतोऽसमव्यवहारात्वन् अल्पत्वाद्वा नैको गणनसंख्या लभते तस्मात् द्विप्रभृतिरेव गणनसंख्या।

अर्थात् एक की गिनती गणनासंख्या में नहीं है, क्योंकि एक घट को देखकर यहाँ घट है इसकी प्रतीति होती है, उसकी तादाद के विषय में कुछ ज्ञान नहीं होता अथवा दान समर्पणादि काल में एक चीज की प्रायः गिनती नहीं करते इसका कारण चाहे असमव्यवहार हो या इस तरह गिनने से अल्पत्व का बोध होता हो। कुछ भी हो एक गणना संख्या नहीं है; किन्तु उसका आरम्भ दो से होता है।

इसमें घटका उदाहरण तर्कपूर्ण है। दूसरे कारण में कुछ खास बात नहीं है। पहली युक्ति से यह स्पष्ट होता है कि संख्या 'समूह' की जानकारी के निमित्त होती है। मनुष्य को उसके विकास की प्रारंभिक अवस्था से ही एक प्रकार का आन्तरिक ज्ञान प्राप्त है जिसे हम उपयुक्त सम्बोधन के अभाव में संख्या ज्ञान कहते हैं। इससे वह समूहगत प्रत्येक चीज की अलग-अलग जानकारी के बिना वह समूह में किसी परिवर्तन को लक्ष्य कर सकता है। इस क्षमता में और गिनने की क्षमता में पर्याप्त अन्तर है। मनुष्य ने गिनना कालान्तर में सीखा है और

यह संख्या-ज्ञान के समान आन्तरिक और सहज किया नहीं है। इसमें मस्तिष्क को पर्याप्त व्यायाम करना पड़ता है। इस दृष्टिकोण से देखा जाय तो एक पात्र को देखने से संख्या-ज्ञान की क्षमता आरम्भ में काम नहीं करती होगी।

एक को गणना संख्या नहीं मानने के लिये आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने अपने त्रिलोकसार में भी उक्त प्रमाण ही दिया है तथा इनके टीकाकार माधवचंद्र त्रैवेद्य ने भी इसी विषय को स्पष्ट किया है। जैनधर्म अनेकान्त-वादी है। किसी चीज के सम्यक् ज्ञान के लिए उसके सब पहलुओं का ज्ञान होना आवश्यक है और प्रायः सभी चीजों के दो से कम पहलू नहीं होते अतएव सबसे छोटी संख्या (बहुत्व समूहत्व के लिये) दो हुई। राजेन्द्र अभिधान कोष में संख्या की परिभाषा यह मिलती है —

संख्यायन्ते परिच्छिद्यन्ते जीवादयः पदार्थाः येन तज्ज्ञानं संख्या अथवा सम्यक् ख्याप्यते प्रकाश्यतेऽनया इति संख्या।

द्विप्रभृति संख्याओं का वर्गीकरण

पहले इन सबों का तीन वर्ग बना (१) संख्यात (२) असंख्यात (३) अनन्त। संख्यात के तीन भेद किये गये हैं (१) जघन्य, (२) मध्यम और (३) उत्कृष्ट। २ जघन्य संख्यात है और उसे लेकर उत्कृष्ट संख्यात-१ तक मध्यम संख्यात है। उत्कृष्ट संख्यात जानने के लिए एक बड़ी उलझी क्रिया लिखी है।

फिर असंख्यात के तीन प्रकार हैं (१) परीत (२) युक्त और (३) असंख्यात और इन तीनों में प्रत्येक के तीन-तीन भेद हैं—जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट। इस तरह असंख्यात के कुल नव भेद हुए।

ठीक इसी तरह अनन्त के नव भेद किए गये हैं कुल मिलाकर Aggregates of Cardinal Numbers के २१ भेद हुए।

यह तो अनन्त का अंकगणितीय भेद हुआ। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि जैन आचार्यों ने अचिन्त्य बड़ी राशि को अनन्त नहीं माना है। उसे असंख्यात संज्ञा दी गयी है। गणनातीत राशि असंख्यात है और उससे भी आगे की संख्याएँ अनन्त कही जाती हैं। वस्तुतः ऐसा मालूम पड़ता है कि स्थानीयमान की रीति से वचनातीत संख्याओं के उन लोगों ने दो भेद किये हैं—एक असंख्यात और दूसरा अनन्त। संख्यानुयोग से असंख्यात और अनन्त के भेद के लिए कहा गया है कि सम्यक् दर्शन असंख्यात है और सम्यक् दृष्टि अनन्त हैं।

विस्तार की दृष्टि से अनन्त के पाँच भेद किए गये हैं (१) एकतोऽनन्त (Infinite in one direction) (२) द्विधा अनन्त (Infinite in two direction) (३) देश-

विस्तारानन्त (Infinite in partial Space) (४) सर्वविस्तारानन्त (Infinite in entire Space) (५) शाश्वतानन्त (Infinite in eternity)

Permutation and Combination
विन्यास और समवाय

जैन ग्रन्थों में इस गणितीय क्रिया की संज्ञा 'भंग' है जैसा कि गोम्मटसार, त्रिलोकसार तिलोयपण्णत्ति, धवलाटीका एवं जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति में बताया गया है। स्थानाङ्ग सूत्र ७१६ में लिखा है :

"दस सुहुमा पण्णत्ता तंजहा—पाणसुहुमे पणगसुहुमे जाव सिणेहसुहुमे गणियसुहुमे भंगसुहुमे"। आवश्यकसूत्रनिर्युक्ति में भी ऐसा ही नाम करण मिलता है। ऐसा प्रतीत होता है कि गणितसुहुमे से आचार्यों का मन्तव्य गणित की संकलनादि क्रिया से है, जिसे उनलोगों ने भंगसुहुमा से भिन्न माना है। विकल्पगणित के नाम से भी यह जहाँ तहाँ सम्बोधित किया गया है जैसे तत्त्वार्थाधिगम सूत्र के षष्ठाध्याय सूत्र ९ की व्याख्या में मिलता है। तत्त्वार्थराजवार्तिक में भी यही संज्ञा मिलती है।

भंग दो प्रकार के बताये गये हैं : स्थानभंग और क्रम भंग। यदि प्रत्येक समूह में 'अ' प्रमाण रहे तो 'अ' प्रमाण वस्तुओं के कितने समूह बन सकते हैं, इस रूप में हम पहले का परिचय दे सकते हैं। इसके उत्तर के लिए समयायण्ययन (५, २८) की व्याख्या में श्रीशीलाङ्क सूरि ने निम्नलिखित नियम दिया है :—

एकाद्यागच्छपर्यन्ताः परस्परसमाहताः।
राशयस्तद्धि विज्ञेया विकल्पगणिते फलम्॥

अर्थात् $१ \times २ \times ३ \times \cdots\cdots\cdots \times अ =$ इच्छितराशि। वहीं दो सूत्र और मिलते हैं :—

पुव्वाणुपुव्वि हेट्ठा समयाभेएण कुण जहाजेट्ठं।
उवरिमतुल्लं पुरओ न सेज्ज पुव्वक्कमो सेसे॥ १॥
गणितेऽन्त्य विभक्तं तु लब्ध शेषैर्विभाजयेत्।
आदावन्तो च तत् स्थाप्यं विकल्पगणिते फलम्॥ २॥

कुछ उदाहरण देकर इस विषय को स्पष्ट कर देना अप्रासंगिक न होगा। जैन आगम में अनेक उदाहरणों द्वारा इस गणित को व्यक्त किया गया।

उदाहरण (१) आगम का विस्तार निकालना

प्रत्येक आगम का परिमाण उसमें प्रयुक्त पद की संख्या पर निर्भर है। ६४ वर्ण हैं जिनमें ३३ व्यञ्जन और २७ स्वर है (९ स्वर में प्रत्येक के तीन भेद) और फिर 'अं' आदि ४। इनके कुल, एक-एक, दो-दो, तीन-तीन लेकर २६४१ पद बनाये जा सकते हैं।

उदाहरण (२) संसार की प्रत्येक चीजों के प्रथमतः दो वर्ग हैं—जीव और अजीव। पहले का दो भेद स्थावर और त्रस। स्थावर के पाँच भेद और त्रस के फिर चार भेद किये गये हैं। अब किसी अजीव चीज को जीवित चीज का भ्रम हो जाय तब वह भी जीव वर्ग की चीज समझी जाय। इस तरह जीव वर्ग के १० भेद हो गये। क्षमा आदि १० प्रकार के धर्म हुए। इनमें से प्रत्येक जीव वर्ग के प्रत्येक चीज के साथ सम्बद्ध हैं। फिर हमारे कर्म पंचेन्द्रिय से सम्बन्धित हैं अतएव उनके पाँच भेद हुए। फिर प्रत्येक जीवित वस्तु अपने कर्म ४ अवस्थाओं में करती है। कर्म तीन तरह के हो सकते है, मानसिक, वाचनिक और कायिक। पश्चात् कोई व्यक्ति स्वयं कर्म कर सकता या करा सकता है या उसको अनुमोदन approve करा सकता है। तब एक साधु कितने तरह से साधु आचरण कर सकता है, उत्तर १८००० ।

आधुनिक गणित के शब्दों में इस प्रश्न को यों रखा जा सकता है :—

अ१, अ२, अ३, अ४, अ५, अ६, छ प्रकार के समूह हैं। उनमें क्रमशः १०, १०, ५; ४, ३ और ३ चीजें है। प्रत्येक समूह से एक-एक चीज लेकर कितने नये समूह बन सकते हैं।

उत्तर : अ१ में किसी एक चीज को चुनने की १० रीतियाँ हैं।

अ२..१० रीति

अ१ की कोई एक रीति से अ२ की कोई एक रीति सम्बद्ध की जा सकती है। अतएव कुल मिलाकर १०×१० = १०० रीतियाँ हुईं।

इसी तरह

अ३ में से किसी एक चुनने के लिए ५ रीति है।

अ४..४ ....

अ५..३ ....

अ६..३ ....

और कुल मिलाकर १०×१०×५×४×३×३ = १८००० उत्तर हुआ।

उदाहरण ३— जीवाधिकरण में निम्नलिखित उदाहरण मिलता है : — (तत्त्वार्थराजवार्तिक षष्ठाध्याय)।

मूलतः ३ भेद संरम्भ, समारंभ, और आरम्भ फिर प्रत्येक के ३ भेद : कायिक, वाचिक और मानसिक के पुनः इनमें प्रत्येक; तीन भेद। इस तरह संरम्भ के नौ भेद हुए और समारंभ और आरंभ के भी नौ-नौ प्रकार हुए। इनमें भी प्रत्येक के ४ चार-चार भेद बने और कुल मिलाकर १०८ विकल्प बने।

आचार्य नेमिचन्द्र के जीवकाण्ड में कुछ उदाहरण मिलते हैं। जैसे प्रमाद १५ प्रकार का होता है जिसमें ४ विकथा वर्ग के है, ४ कषाय के, ५ इन्द्रिय के, और एक-एक निद्रा तथा

प्रमाद के। इन पाँच वर्गों में से प्रत्येक वर्ग की एक चीजों को लेकर समवाय, Combinations बनाया गया है। इसके उत्तर में गोम्मटसार जीवकाण्ड गाथा ३६ में निम्नलिखित नियम मिलता है :—

सव्वेपि पुव्वभंगा उवरिमभंगेसु एक्कमेक्केसु ।
मेलंतित्ति य कमसो गुणिदे उप्पज्जदे संखा ।

अर्थ – पूर्व के सभी भंग आनेवाले प्रत्येक भंग में मिलते हैं, इसलिये क्रम से गुणाकार करने पर संख्या उत्पन्न होती है।

तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वर्ग की चीजों की संख्याओं का मनत गुणनफल उत्तर होगा।

अतएव ४ × ४ × ५ × १ × १ = ८०

इस सिलसिले में आचार्य नेमिचन्द्र ने अन्यान्य प्रश्नों के भी उत्तर दिये हैं। जैसे उद्दिष्ट का। किसी समूह की क्रम संख्या को उद्दिष्ट कहते हैं। उन्हीं सब चीजों के बने समूह की क्रम संख्या भिन्न भिन्न हो सकती है। यह क्रम संख्या विकथा, कषाय आदि के पूर्वापर चुनाव पर निर्भर करती है। जैसे हम विकथा, कषाय, इन्द्रिय, निद्रा और प्रणय के क्रम से प्रत्येक की एक एक चीज चुनकर समूह बनाएँ और कषाय, विकथा इन्द्रिय, निद्रा और प्रणय के क्रम से समूह बनाएँ तो दोनों समूह भिन्न भिन्न माने जायेंगे। इस तरह ६ क्रम बन सकते हैं।

Applied Mathematics

गति, प्रकाश, ध्वनि आदि के नियम की जानकारी का जहाँ तहाँ उदाहरण आगमग्रन्थों में मिलते हैं; यद्यपि उस ज्ञान के बल पर हमलोग कोई क्रमबद्ध सिद्धान्त नहीं खड़ा कर सकते।

न्यूटन के प्रथमगति—नियम के आशय का, सर्वार्थसिद्धि तथा तत्त्वार्थराजवार्तिक के चतुर्थ अध्याय सूत्र ६ में, उल्लेख मिलता है।

"कर्म के निमित्त को पाकर यह संसारी प्राणी संसार में भ्रमण किया करता है। उस प्रयोग से जो संस्कार बनता है उसके वशीभूत हुआ यह जीव कर्म के निमित्त छूट जाने पर भी गमन किया करता है।"

"[एवं यः पूर्वकमस्य कर्मणाप्रयोगे जनितः स क्षीणेऽपि कर्मणि गतिहेतुर्भवति"]

कर्मरूपीशक्ति से संसारी प्राणी गतिमान हो जाता है, उस शक्ति के समाप्त हो जाने पर भी उत्पन्नगति के कारण (अभ्यासतः) प्राणी गतिमान रहता है, जबतक वह संस्कार नष्ट नहीं हो जाता।

पुनः पाँचवें अध्याय के १७ सूत्र—

"गतिस्थित्युपग्रहौ धर्माधर्मयोरुपकारः"

गतिमतां गतेः, स्थितिमतां स्थितेरुपग्रहो धर्माधर्मयोरुपकारो यथा संख्यम्।

गतिमान पदार्थों की गति में और स्थितिमान पदार्थों की स्थिति में निमित्त बनना सहायता करना क्रम से धर्म और अधर्म द्रव्य का उपकार है।

इससे यह पता चलता है कि पदार्थों की किसी खास दशा के रहने न रहने का बाह्य कारण हुआ करता है।

Potential Energy (स्थानगत उर्जा) उपर्युक्त पुस्तक के चतुर्थ अध्याय सूत्र २२ की व्याख्या का नीचे उद्धरण दिया जाता है। इस अध्याय में विभिन्न देवों की गति का वर्णन है।

ततः परतो जघन्य स्थितीनामेकैकादीनां भूमयो यावत्तृतीयेति गतिपूर्वाश्च गमिष्यन्ति च तृतीयां देवा परतस्तु सत्यपि गतिविषये न गतपूर्वा नापि गमिष्यन्ति। महानुभाव कियातः औदासीन्याच्चैते पर्युपरि देवा न गतरतयो भवन्ति।

अर्थात्—(कुछ देवता ऐसे भी हैं) जिनकी गति का विषयभूत क्षेत्र तीसरी पृथ्वी से अधिक है (आगम में इस पृथ्वी के अलावे भी पृथ्वी की कल्पना है) वे गमन शक्ति के रहने पर भी वहाँ तक गमन नहीं करते। न पूर्वकाल में कभी किया है और न भविष्य में कभी करेंगे। उनकी गति को बतलाने का अर्थ केवल उनकी कार्य क्षमता बताना है। उनकी शक्ति का व्यय नहीं होता, वह कार्य रूपमें परिणत नहीं होती पर वे उतना काम कर सकते हैं।

—क्रमशः

स्मृति की रेखाएँ—

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा के अनन्य सहायक—
श्री बाबू बच्चूलाल जी

[ले०—पं० नेमिचन्द्र शास्त्री, आरा]

लंबा इकहरा बदन, उन्नत ललाट पर चन्दन मिश्रित केशर का तिलक, गौरवर्ण, झुकी हुई कमर और श्यामवर्ण की शेरवानी पहने हुए एक ८० वर्ष के वृद्ध ने भवन के बाहरी दरवाजे से झांकते हुए अधिकार पूर्ण स्वर में कहा—"महाराज, भवन का चार्ज ठीक ले लिया है ? अब आपकी जिम्मेदारी है। इस संस्था की उन्नति के लिए मेरे हृदय में अनेक अरमान हैं, क्या वे अरमान पूरे हो सकेंगे ? क्षमा कीजिये, मुझे भय है कि श्री पं० के० भुजबलीजी शास्त्री के स्थान की पूर्ति आपसे हो सकेगी ? आप अभी बिल्कुल नये हैं। यद्यपि मैं जानता हूं कि आप श्री जैन-बाला-विश्राम में कई वर्षों से काम कर रहे हैं, परन्तु मुझे आप पर पूरा विश्वास नहीं है। हमारे बड़े बाबू हैं तो बड़े बुद्धिमान, पर कभी कभी प्रमाद कर जाते हैं। अच्छा कोई बात नहीं है, आप काम करते जायँ। मैं यहीं पास में रहता हूं, जब आप आवश्यकता समझें, मुझ से सलाह ले लिया करें। 'भास्कर' का अंक कब तक निकलेगा ? आपको लिखना आता है या नहीं ? पुस्तकों को एक बार सूची से मिला लीजिये, शायद कुछ इधर-उधर हो गई हों।" इसी प्रकार से एक ही श्वास में अगणित प्रश्नों की झड़ी लगा दी।

मैं तो अवाक् रह गया। कुछ समझ में नहीं आया कि क्या उत्तर दूँ और कैसे इन्हें विश्वास दिलाऊँ कि मैं सुचारु रूप से काम कर सकूँगा। मैंने सिर्फ इतना ही कहा कि आपका आशीर्वाद रहेगा तो निश्चय ही मैं अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह कर सकूँगा। उस दिन अधिक विशेष बातें नहीं हुईं, और वे घड़ी मिलाते हुए अपनी बैठक की ओर चले गये। उनके जाने के पश्चात् भवन के चपरासी बीगन राम ने कहा कि यह श्री बाबू निर्मलकुमार जी के दादाजी हैं, इनका नाम बच्चूलाल जी हैं। यद्यपि मैं आपके नाम से बहुत पहले से परिचित था, पर सम्पर्क में आने का अवसर नहीं मिला था। अब तो प्रति दिन दो-चार बार आपसे मुठभेड़ होने लगी। समाज, भवन, आश्रम आदि के सम्बन्ध में घण्टों चर्चाएँ हुआ करतीं।

सन्ध्या समय प्रतिदिन श्री शान्तिनाथ मन्दिर के विशाल प्राङ्गण में दो बड़ी-बड़ी चौकियों को बराबर बिछाकर गद्दी लगायी जाती थी, और श्री बाबू बच्चूलाल जी

वहाँ कम से कम तीन-चार घंटे बैठते थे। सामायिक और देवदर्शन के पश्चात् एक डेढ़ घण्टे तक स्तोत्र पाठ करते रहते थे। जब-तब मैं भी उनके पास पहुंच जाता और बातें करने लगता। सदा वे सर्व प्रथम 'भवन' की चर्चा करते। 'भवन' के सम्बन्ध में विभिन्न प्रश्न पूछते। कभी-कभी तो मैं उनकी बातों से ऊब जाता और सोचता कि ये महाशय बड़े ही शंकाशील हैं, इनको यदि यही हरकत रही तो यहाँ निभना कठिन हो जायगा। इतना ही नहीं, वे जब-तब भवन में आकर बीगन राम को डाँटते-डपटते भी थे तथा नाराज भी हो जाते थे। मुझे उनकी इस प्रवृत्ति से कभी-कभी चिढ़ हो जाती थी। एकाध बार मेरी भी इनसे कहासुनी हो गयी थी। मैं समझता कि यह महानुभाव सहानुभूति और सहृदयता से शून्य हैं, पर वास्तविकता यह नहीं थी। वह जितने बाहर से कठोर थे, भीतर उतने ही कोमल। उनका आन्तरिक स्नेह भुलाया नहीं जा सकता है। अनेक अवसरों पर मुझे उनके भीतरी हृदय से दर्शन हुए। यहाँ एकाध घटना का जिक्र कर देना ही पर्याप्त होगा।

एक बार भवन का चपरासी बीगन राम बीमार हो जाने से तीन-चार दिन तक न आया। श्री बाबू बच्चू लाल जी ने कहा—"पंडित जी बीगन क्यों नहीं आता है ? बड़ा लापरवाह हो गया है, आप उसे डाँटते नहीं हैं"। मैंने उत्तर दिया—जी, उनकी तबियत खराब है। बुखार आ गया है, इसीसे नहीं आया है। मेरे इतने कहने पर तो वह द्रवीभूत हो गये और आर्द्र स्वर में बोले—तब आप जाइये किसी डाक्टर को दिखा कर दवा कराइये। खर्च की कोई परवाह मत कीजिये, मैं दे दूँगा, आदमी पुराना है, उसकी देख रेख करना चाहिये। इसी प्रकार अनेक व्यक्तियों के कष्ट में मैंने उन्हें दुखी होते देखा था।

दशहरे: के अवसर पर जब तक सन्ध्या समय वह मुझसे मिल नहीं लेते थे उन्हें शान्ति नहीं आती। मुझे स्मरण है कि सन् १९४४ में जब भवन में आने के उपरान्त पहले-पहल दशहरा आया, उस समय तक मुझे आरा के रीति रिवाजों का परिज्ञान नहीं था। मैं दशहरे के दिन श्री बा० बच्चूलालजी से मिल नहीं सका। रात में उन्हें लगभग १० बजे मेरा स्मरण आया और तत्काल अपना आदमी भेजकर मुझे घर से बुलवाया और लगे रोने। मैंने पूछा—दादाजी क्या बात है ? कहने लगे कि आप नाराज हो गये हैं, इसीलिये मिलने नही आये। मैंने कहा—नहीं तो, मुझे मालूम नहीं था कि आज के दिन मिलना आवश्यक है। उन्होंने पुनः कहा—महाराज, हमारा जीवन कितने दिन का है। केवल यही इच्छा है कि आप सब लोग प्रेम से काम करते रहें, संस्थाएँ प्रगति करती जायँ। हमसे जो गलती हुई हो, उसे क्षमा करें।

मैंने कहा—दादाजी आप बड़े होकर यह क्या बात कह रहे हैं! क्षमा तो बड़ों को करनी चाहिये, छोटों को नहीं।

उन्होंने प्रेम भरे मृदुल स्वर में कहा--पंडितजी! हमको कभी कभी क्रोध आ जाता है, पर पीछे बड़ा पश्चात्ताप होता है। हो सकता है, क्रोध में आकर आपको कुछ कह दिया हो, अतः क्षमा माँग लेना हमारा कर्त्तव्य है।

इस प्रकार तीन-चार वर्षों तक मुझे उनके निकट सम्पर्क में रहने का अवसर मिला। मैंने उन्हें पाया कि वह व्यवस्था, सफाई, स्वच्छता, कर्त्तव्यपालन आदि को विशेष महत्त्व देते थे। उनकी देखरेख में संचालित होनेवाला कोई भी कार्य बिगड़ नहीं सकता था। उनकी-सी सतर्कता और लगन बहुत कम व्यक्तियों में मिलेगी। वह ऐसे व्यक्तियों में थे, जो जनसम्पर्क से दूर रहकर सेवा करते हैं, जिनके जीवन का उद्देश्य सेवा करना ही होता है, फल पाना नहीं। सुई से लेकर सुवर्ण का ढेरतक भी जिनके लिये प्रलोभन पैदा नहीं कर सकता। जिन्हें समाज जाने या न जाने, पर अपने जीवन और धनको समाज के कार्यों में लगा देना ही अभीष्ट होता है। कोई प्रसन्न हो या नाराज, पर व्यवस्था में कोई कमी न आने पाये, चाहें इसके लिए लोग कोसते ही क्यों न रहें। संस्था और समाज की प्रगति को जीवन से भी बढ़कर समझना और बिना फल का विचार किये अपनी दिशा में प्रगति करते जाना ही जीवन का उद्देश्य होता है। श्री बाबू बच्चूलालजी ने श्री जैन-सिद्धान्त-भवन और श्री जैन-बाला-विश्राम आरा आदि पारमार्थिक संस्थाओं के लिए अपना सर्वस्व दे दिया है।

जिस युग में श्री बाबू बच्चूलालजी का जन्म हुआ था, उस युग में उर्दू भाषा का अधिक प्रचार था; अतः आपने उर्दू और अरबी का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया था। साथ ही अंग्रेजी और हिन्दी भाषा का भी परिज्ञान था।

आपके परिवार में कोठी और सर्राफे का कारोबार होता था। आपका परिवार भरा-पूरा था। आपके पितृव्य महाराज अजयगढ़ के दीवान थे। उक्त बाबू साहब ने बचपन में जितना जीवन का आनन्द लिया, उतना शायद ही किसी व्यक्ति को प्राप्त हो सके। सोने के कटोरे में दूध पीते थे, चाँदी के बर्तनों में भोजन करते थे तथा अनेक नौकर-दाइयाँ आपकी सेवा के लिये प्रस्तुत थीं। आपके आदेश का उल्लंघन करने की क्षमता किसी में नहीं थी।

बाबूजी की शादी इतनी धूम-धाम से हुई थी कि आज ७८ वर्ष बाद भी उसकी चर्चा सुनने में आती है। उस समय यात्रा की अनेक असुविधाओं और कठिनाइयों के रहने पर भी उक्त बाबूजी के विवाह में महाराज अजयगढ़ स्वयं सम्मिलित हुए थे।

शादी में उस सस्ते युग में लगभग ६०-७० हजार रुपये खर्च किये गये, महीनों दावतें होती रहीं, जल्से होते रहे और दोनों हाथों में धन खर्च किया गया। विवाह के कुछ ही दिनों के बाद आपकी कोठी का काम गड़बड़ हो गया। 'निशि दिवासी घूमती सर्वत्र विपदा सम्पदा' सूक्ति के अनुसार आपके परिवार का समय भी पलटा और आप अपनी ननशाल में चले आये। यह भी एक सम्पन्न घराना था। आरा में ऐसा कौन है जो मुन्सीखाने को नहीं जानता? गदर के पहले सरकारी खजाना यहीं था और आपके नाना के पूर्वज थे सरकारी खजांची। बाबू साहब की नानीजी ने ही आरा के श्री शान्तिनाथ मन्दिर का निर्माण कराया है, जो अद्भुत दर्शनीय माना जाता है। इस मन्दिर की व्यवस्था श्री बाबू बच्चूलालजी भी आजन्म बड़े ही सुव्यवस्थित ढंग से करते रहे।

ननिहाल से आपको जमीन्दारी, मकान और पर्याप्त सम्पत्ति प्राप्त हुई, परन्तु आप अपने पुरुषार्थ पर विश्वास करने वाले थे, अपने परिश्रम से उपार्जित आजीका को ही आप महत्व देते थे, अतः आपने खजाने में सरकारी नौकरी करली और बड़ी ईमानदारी और सचाई के साथ अपना कार्य करते रहे। ब्रटिश शासन ने आपकी ईमानदारी की कई बार प्रशंसा की। कलक्टर ने आपकी तरक्की के लिए भी सरकार से सिफारिश की। आपका प्रभाव सभी अफसरों पर था, तथा आपके कार्य से लोग इतने प्रसन्न थे कि एकाध दिन की अनुपस्थिति भी यों ही माफ हो जाती थी। नौकरी का समय पूरा हो जाने पर आपको पेंशन बराबर मिलती रही।

श्री बाबू देवकुमारजी ने, जिनके यह मामा होते थे, मृत्यु समय इन्हें अपना ट्रष्टी बनाया और अपने परिवार तथा सारी सम्पत्ति का भार इन्हीं के ऊपर सौंपा। साथ ही इनसे प्रार्थना कि आप सरकारी नौकरी छोड़ दें और स्टेट से अपने खर्च के लिये आवश्यकतानुसार जितना चाहें लें। परन्तु इन्होंने न तो स्टेट से पारिश्रमिक लेना ही स्वीकार किया और न सरकारी नौकरी ही छोड़ी। पर साथ ही साथ पूरी लगन और परिश्रम पूर्वक १२ वर्षों तक, जब तक श्री बाबू निर्मलकुमार जी बालिग न हो गये, तब तक सारी स्टेट और उनकी पारमार्थिक संस्थाओं की देख-रेख करते रहे। आपके सुप्रबन्ध में स्टेट की पर्याप्त उन्नति हुई तथा श्री जैन-सिद्धात-भवन और जैन कन्या पाठशाला ने भी उन्नति की। इन संस्थाओं की आपको अधिक चिन्ता रहती थी, और सभी प्रकार से उन्नति के लिये प्रयत्न भी करते। दिन भर आप सरकारी कार्य करते और प्रातः एवं सन्ध्या समय आप बड़े उत्साह एवं तत्परता के साथ घण्टों एकाग्र बैठकर स्टेट के सभी कागजातों को देखते, बिल पास करते तथा कर्मचारियों

को उचित परामर्श देते। आपके सुप्रबन्ध के कारण सभी कर्मचारी बड़ी मुस्तैदी से कार्य करते थे। छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा कार्य आपकी जानकारी में ही सम्पन्न होता।

आप कुछ दिनों तक श्री सम्मेदशिखर बीस पन्थी कोठी के कार्यों के निर्देशक भी रहे। असल बात यह है कि श्री बाबू देवकुमार जी के असामयिक स्वर्गवास के पश्चात् उनके धार्मिक और सामाजिक कार्यों का अवलोकन आप ही करते रहे। आपके सत्परामर्श और निर्देश से स्थानीय जैन समाज में तो जागृति आयी ही; पर इतर स्थानों के सामाजिक और धार्मिक कार्यों में आप सहयोग देते रहे।

बाबूजी का जीवन बड़ा संयमित और धार्मिक था। वह अपने कार्य क्रमानुसार प्रातः चार बजे उठ जाते थे। सामायिक, स्तोत्र पाठ के अनन्तर श्री शान्तिनाथ मन्दिर में आकर भक्तिभाव पूर्वक देवदर्शन करते थे। देवदर्शन में उन्हें लगभग पौन घण्टा समय लगता था। अनन्तर दुग्ध पान कर तैल मालिश कराते; तत्पश्चात् स्नान कर लगभग दो घण्टे पूजा-पाठ, स्वाध्याय आदि में व्यतीत करते थे। दोपहर के १२ बजे भोजन करते थे और सन्ध्या समय केवल दुग्ध पान। रात्रि के समय पुनः तीन घंटे श्री शान्तिनाथ मन्दिर पर रहते थे; सामायिक, स्तोत्र पाठ एवं अन्य धार्मिक कृत्यों को विधिवत् पूरा करते थे। प्रतिदिन धूप देकर कर्मदहन पाठ और पञ्चस्तोत्र पाठ करना आपका प्रमुख दैवसिक कृत्य था।

अपने उत्तरदायित्व को सम्यक्रीत्या निभाना और कठिन से कठिन कार्य से घबड़ाना नहीं, आपके जीवन की प्रमुख विशेषताएँ थीं। वृद्धावस्था में भी आपकी कार्य क्षमता विचित्र थी। स्वभाव कुछ रूखा था, पर थे हृदय के साफ। किसी को बुरा लगे या भला सत्य को प्रकट करने में आप तनिक भी नहीं हिचकिचाते थे। लल्लो-चप्पो करना या चापलूसी करना आपको नहीं आता था, निर्भय और कर्त्तव्य परायण अत्यधिक थे। इधर वृद्धावस्था के कारण कुछ स्वभाव चिड़चिड़ा हो गया था, परन्तु आपकी स्मृति और प्रतिभा अन्त समय तक बिल्कुल ठीक रहीं। स्वाभावतः कुछ कंजूस थे, संकीर्णता भी थी, परन्तु अवसर आने पर पूरी उदारता दिखलाते थे। नौकरों के साथ कड़ाई से पेश आते थे, परन्तु उनकी सभी सुख-सुविधाओं का पूरा खयाल रखते थे। शर्दी के दिनों में सभी नौकरों को गर्म कपड़े देते थे। उनकी बात-चीत का ढंग बड़ा ओजस्वी था, बात करनेवाला उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता।

बाबूजी का घरेलू जीवन सुखी था, यद्यपि आपको कोई सन्तान नहीं थी, पर आपकी सेवा का समुचित प्रबन्ध श्री बाबू निर्मल कुमार जी के ओर से पूरा था। जीवन के अन्तिम क्षणों तक आप उक्त बाबू साहब के सत्परामर्शदाता रहे तथा आपके

ही परामर्श से उनके समस्त कार्य सम्पन्न होते रहे। बाबू जी को अपने जीवन में सम्मान भी पूरा मिला, सभी छोटे-बड़े उनकी इज्जत करते थे। जब कभी वे श्री बाबू निर्मल कुमार जी की कोठी में पहुंचते तो 'दादा जी प्रणाम' की एक ध्वनि गूँज जाती, छोटे-बड़े सभी अपने आसन से उठकर आपका स्वागत करते, उनकी आज्ञा को अहो-भाग्य समझते।

बाबूजी बड़े दूरदर्शी थे। आपने अपनी मृत्यु के कई वर्ष पूर्व ही अपनी समस्त सम्पत्ति का धार्मिक विल कर दिया था; जिसमें अपनी जमीन्दारी और खानदानी पुराना मकान श्री शान्तिनाथ मन्दिर को तथा कटरा और बैठक श्री जैन-सिद्धान्त-भवन और श्री जैन-बाला-विश्राम आरा को आधा आध दान कर दिया। आपने चल, अचल अपनी सभी जायदाद धार्मिक विल में लिख दी थी। आपकी मृत्यु के पश्चात् आपकी धर्मपत्नी ने अपने सारे आभूषणों को भी दान कर दिया था। बाबूजी की दान की गयी जायदाद की कीमत आज एक लाख रुपये से कम नहीं। उनकी विशेषता इस बात में है कि जो कुछ उनके पास था गहने, कपड़े आदि सब दान कर दिया।

मृत्यु के दस-पन्द्रह दिन पहले उन्होंने मुझे बुलाया और कहने लगे—पंडितजी! अब मेरा अन्तिम समय है, आप क्षमा करें। साथ ही मेरा निवेदन यह भी है कि मेरा समाधिमरण करायें। मैंने उन्हें सान्त्वना देते हुए कहा—घबड़ायें नहीं; आप अच्छे हो जायँगे। वह बोले—'मैं मृत्यु से नहीं घबड़ाता। जैनधर्म ने मुझे वीरता पूर्वक मरना सिखलाया है। अब मुझे कोई सांसारिक आकांक्षा भी नहीं है, केवल मरते समय परिणाम शान्त रहें, राग-द्वेष का अभाव हो सके, यही इच्छा है। आप इस कार्य में मेरी सहायता करें।

उनकी उपर्युक्त इच्छा के अनुसार मैं प्रतिदिन उनके पास जाने लगा। वह बड़ी शान्तिपूर्वक मंगलराय की मेरी भावना सुनते और कहते—'राग-द्वेष ने ही इस संसार का निर्माण किया है। आत्मा की अनन्तशक्ति इसीने आच्छादित की है। अब मैं अनन्त पुरुषार्थ की ओर बढ़ूँगा। इतना कहकर प्रतिदिन किसी न किसी वस्तु का त्याग कर देते। औषधि का त्याग मृत्यु के ११ दिन पहले ही कर दिया था। मृत्यु के दो दिन पहले से सर्वारम्भ और कुछ वस्त्रों को छोड़ समस्त परिग्रह का त्याग कर सल्लेखना ग्रहण कर ली थी। अन्तिम समय में णमोकार मन्त्र का श्रवण करते-करते प्राणों का त्याग किया। बाबूजी ने ८५ वर्ष की अवस्था पायी थी और जीवन भर मूकरूप से जैनधर्म और जैन समाज की यथाशक्ति सेवा करते रहे।

बंगाल में जैनधर्म के चिन्ह

[लेखक—श्री अद्रीस बनर्जी क्यूरेटर सारनाथ म्यूजियम]

पूर्वी भारत जो पौराणिक युग का प्राच्य देश कहलाता है, एक अपना अलग ही रंग-ढंग और निरालापन लिये हुए है। ऋग्वेद के आर्य इनसे बिलकुल अपरिचित थे। इसमें एक स्थल पर 'किकट' देश का नाम आता है, जो कुछ विशेष अधिकारियों द्वारा मगध साम्राज्य का द्योतक ही माना जाता है। इस बात का वर्णन हेमचन्द्र सूरि ने बहुत विस्तार पूर्वक किया है, जो मध्यकालीन युग में पैदा हुए थे। अतः किकट देश की समता का सिद्धान्त एक विवादास्पद प्रश्न हो जाता है, तो भी यह समझा जाता है कि आधुनिक बिहार, बंगाल, पूर्वी पाकिस्तान में लोग बसते थे, यद्यपि गंगा की निचली तराई की समतल भूमि बाद में चलकर नदियों की लायी हुई मिट्टी से बनी। डा० भण्डारकर[1] का मत है कि प्राच्य देश के लोग जैनियों द्वारा ही आर्य बनाये गये थे। इस प्रकार हमलोग अपने निबन्ध के विषय पर आ जाते हैं, जिसकी चर्चा हम करना चाहते हैं। यह दिखलाना हमारा अभीष्ट है कि पूर्वी जनसमूह पर जैनधर्म का प्रभाव किस प्रकार पड़ा। यह विषय सदा से लेखकों की आँखों से ओझल रहा है।

विश्व के धार्मिक इतिहास में भी पूर्वी भारत को उचित स्थान नहीं मिला है। विश्व में ऐसा कोई स्थान नहीं जो ऐसे जगत् प्रसिद्ध पुत्र रत्नों को पैदा किया हो, जिन्होंने धार्मिक विश्वास की अमिट रेखा खींची हो। विश्व में एक महान् धर्म के संस्थापक गौतम का जन्म इसी पूर्वी भारत के हिमालय की गोद में हुआ था, न कि कमायूं या गढ़वाल में। ऐतिहासिक पुरुष जैनधर्म के महान् प्रवर्तक भगवान् महावीर का जन्म मगध के क्षत्रिय कुल में पूर्वी भारत में ही हुआ था।

फिर भी अपने विषय पर आने के पहले ही कुछ भौगोलिक उलझनों को सुलझा देना परमावश्यक है।

उन दिनों बिहार तीन भागों में विभाजित था। अंग, मगध और कोशल। इसमें मुंगेर, भागलपुर, पटना, गया, शाहाबाद, मुजफ्फरपुर, चम्पारन, सारन, दरभंगा, छपरा, गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, देवरिया और बलिया के जिले सम्मिलित थे। कुछ भाग गाजीपुर का भी है। कूच बिहार और टिपरा पहाड़ी के अतिरिक्त पश्चिमी बंगाल, पूर्वी पाकिस्तान बंगाल में ही सम्मिलित हैं। प्राचीन काल में पुन्द्र, राधा, सुम्ह और बंग कहलाते थे। आधुनिक आसाम, चटगाँव, कूच बिहार, खिरा पहाड़ी सम्भवतः किरात देश में सम्मिलित थे। जो पौराणिक

1 Anuals of the Bhandarkas Oreental Research Institute Vol. XII. Page 110

भूगोलवेत्ताओं द्वारा भारतवर्ष की पूर्वी सीमा समझी जाती थी[1]। टिपरा और कोमिल्ला के जिले जो आज पाकिस्तान में हैं, समताता (Samtata) कहलाते थे। क्योंकि महिपाल प्रथम के समय की कोमिल्ला की खुदाई से यह बात प्रमाणित हो जाती है। जो आज उड़ीसा राज्य कहलाता है, उन दिनों तीन देशों में विभक्त था—उद्र, उत्कल और कलिंग[2]।

पूर्वी भारत के विभिन्न प्रान्तों में जितने जैनधर्म से सम्बन्धित प्रमाण मिलते हैं, उनको सुविधापूर्वक दो भागों में विभक्त किया जा सकता है।

(क) साहित्यिक (ख) शिल्पात्मक

प्रथम श्रेणी में इसी तथ्य को ले सकते हैं कि चौबीस तीर्थङ्करों में बीस तीर्थङ्करों ने विहार के हजारीबाग जिले के शिखरजी—पारसनाथ पहाड़ से निर्वाण प्राप्त किया। पश्चिमी बंगाल का वर्द्धवान जिला, जो उत्तर राधा में सम्मिलित था, सम्भवतः वर्द्धमान महावीर का ही द्योतक है। क्योंकि प्राचीन काल में यही वर्द्धमान भुक्ति कहलाता था। जैन कल्पसूत्र से पता चलता है कि जैन स्थविर के गोदासगण की तृतीय शाखा में पौण्ड्र धनिया का नाम पुण्ड्रवर्द्धन के नाम पर रखा गया था। यह उस समय प्रान्त की राजधानी थी। आज भी पूर्वी पाकिस्तान के बोगरा जिले के खण्डहरों द्वारा इसका प्रमाण पर्याप्त मात्रा में मिलता है। प्रथम शाखा कोटिवर्ष और द्वितीय शाखा ताम्र लिपि के नाम से प्रसिद्ध थी। कोटिवर्ष गुप्तकाल में एक विषय (जिला) का नाम था, तथा दामोदर पत्र में इसकी चर्चा भी है। यह अधिकरण की राजधानी था। आजकल यही पूर्वी पाकिस्तान के फरीदपुर जिले का एक भाग है। ताम्रलिप्त सुम्ह का एक बहुत बड़ा बन्दरगाह भी था जो तमल लितिस कहलाता था। यह समझा जाता है कि वर्तमान नगर तमलुक उसी प्राचीन बन्दरगाह का दूसरा रूप है। आचारंग सुत्त से पता चलता है कि भगवान् महावीर वज्जभूमि और सुम्हभूमि के साथ राधा नामक देश में भी धर्म प्रचार के लिये निकले थे—जहाँ, वहाँ के निवासियों से बहुत बड़ी मुठभेड़ हुई तथा इनको नाना प्रकार के कष्टों को सहना पड़ा।

सुमगधा अनाथपिण्डिका की बेटी थी। उसकी कहानी जो बोधि सत्तावदान कल्पलता के सुमगधावदान में मिलती है, इस बात को प्रमाणित करती है कि ईसा मसीह के जन्म के बहुत पहले पुण्ड्रनगर में जैधनर्म का प्रचार हो रहा था। दिव्यावदान में भी यह बात दी गयी है कि अशोक ने बहुत से निर्ग्रन्थ साधुओं को मरवा डाला, जिन्होंने बुद्ध भगवान् की मूर्त्ति का निरादर किया था। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने पुण्ड्रनगर तथा उसकी स्थिति पर भी प्रकाश डाला है।

सबसे प्रमुख चिन्ह जो वहाँ के जैनधर्म को प्रमाणित करता है वह है १५६ (G E) का ताम्रपत्र। जिस पर यह अंकित है कि जैन मन्दिरों में अरहतों की पूजा के लिये खर्च वगैरह दिया जाता था। बनारस के पंचस्तूप के गुरु गुहनदीन के अनुयायियों द्वारा वहाँ पूजा होती

1. Vayu Puran Chapter 45 Verse 72 ff.

2. R. D. Banerjee History of Orissa. Vol. i pp. 1-15

थी। मथुरा में एक ६२ (A. D) के स्तूप पर यह अंकित है कि राशा या राधा के एक साधु की प्रार्थना पर वहाँ एक जैनमूर्त्ति की स्थापना की गयी। सबसे मनोरंजन की बात यह है कि ४७८-६ (A D) में सोमपुरा के आसपास एक जैन मन्दिर था, जिसकी देखभाल पंचस्तूप शाखा के संन्यासियों द्वारा की जाती थी। परन्तु जिस समय धर्मपाल ने एक बहुत विशाल मन्दिर की स्थापना की तो इसका भी चिन्ह शेष न रहा। यद्यपि बाद के बौद्धमत की मूर्त्तियों और नालन्दा के मन्दिर नं० ११ की हिन्दू मूर्त्तियों से इसका प्रमाण नहीं मिलता तथा पहाड़पुर में भी जैन मूर्त्तियों का पता नहीं है। ताम्रपत्र के अभाव में सम्भवतः हमलोग बिल्कुल विचार ही नहीं कर सकते कि आरम्भिक धर्म की स्थापना किस प्रकार हुई। परन्तु इन लिखित ताम्रपत्रों से अधिक महत्त्वपूर्ण उन मूर्त्तियों के अवशेष है, जिनसे बंगाल निवासियों के धार्मिक विश्वासों का पता चलता है। इसके अतिरिक्त वर्त्तनों पर बनी मूर्त्तियों के आधार पर भी बहुत कुछ निश्चित किया जा सकता है, पर दुःख है कि वर्तनों के अवशेष भी नहीं मिलते। अतः परीक्षकों को उत्साहित करने के लिये केवल मूर्त्तियाँ ही पर्याप्त है। फिर भी बहुत सी मूर्त्तियाँ मूर्त्ति-विनाशक आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट भ्रष्ट कर डाली गयीं। अनुमान किया जाता है कि प्रत्येक घर में अपने अपने खास सिद्धान्तों को लेकर पूजा की जाती थी। इन बातों का ठीक ठीक पता न लगने का एक और भी विचारणीय तथ्य है। म्यूजियम के अधिकारियों (Curator) और परीक्षकों ने तो इस दिशा में बहुत बड़ी हानि पहुँचायी। उन लोगों ने अपने म्यूजियम की शोभा बढ़ावें तथा उसके लिये संग्रह के फेर में पड़कर वस्तुकला विशारदों को इन मूर्त्तियों की सूचना तक भी न दी। यदि वे लोग ऐसा न करते तो खुदाई और जाँच पड़ताल द्वारा बहुत गहन बातों का सहज पता लगाया जा सकता था।

स्वर्गीय आर० डी० बनर्जी लिखते हैं कि जैनधर्म का काफी प्रचार और प्रसार गंगा के दक्षिणी भाग में था, जहाँ गोंड रहा करते थे। जो आज गोंडवाना प्रान्त कहा जाता है। इनमें बाँकुड़ा जिले का बुहुतरा नामक स्थान सर्वोपरि है। बाँकुड़ा जिले को मुझे स्वयं देखने का अवसर मिला है, जिसका सम्बन्ध पहले छोटानागपुर और बंगाल से भी था। बहुतरा गोन्डाल स्टेशन से तीन मील की दूरी पर वर्द्धवान और आसनसोल के मध्य में स्थित है। यहाँ एक ईंट का बना सबसे सुन्दर मन्दिर वर्त्तमान है। मन्दिर में एक भगवान् शिव की और एक जैन तीर्थङ्कर भगवान् पार्श्वनाथ की मूर्त्ति है। मन्दिर के चारों तरफ एक चहारदिवारी भी है। १६२२-२३ की खुदाई से वह स्थान और स्पष्ट दिखायी पड़ने लगा, जिस पर मन्दिर का निर्माण हुआ है। यह वृत्ताकार और आयताकार स्तूपों पर खड़ा है। मथुरा के कंकाली टिला से स्पष्ट मालूम हो जाता है कि वह जैनधर्म का केन्द्र स्थान था, क्योंकि जैन तीर्थङ्कर की मूर्त्ति भी इस बात को सिद्ध करती है। अतः यह मानना भ्रमपूर्ण नहीं होगा कि शिव मन्दिर का जैनिर्माण न स्तूपों पर ही हुआ है।

बाँकुड़ा जिले के बिल्कुल दक्षिणी भाग में कुछ मनोरंजक अवशेषों का मि० जे० सी० (फ्रान्सीसी) ने, जब वे बाँकुड़ा जिले के कलक्टर थे, अन्वेषण किया था। स्वर्गीय आर० डी० बनर्जी भी इस बात से सहमत हैं कि ये प्राचीन-युग के ही जैनधर्म के चिन्ह हैं। वहाँ भी जैनधर्म के चिन्ह दसवीं शताब्दी के ही मिलते हैं। पत्थर का बना हुआ मन्दिर बहुत ही ध्वंस हो चुका था, पर वहाँ किनारे पर एक २३ फीट ऊँची पार्श्वनाथ की मूर्त्ति बनी हुई है। हमलोग फ्रांसीसी कलक्टर की इस बात के भी ऋणी हैं कि उन्होंने पार्श्वनाथ की मूर्त्ति का अन्वेषण किया है। धौलमीरा भी बाँकुड़ा जिले में स्थित है, जहाँ प्राचीन मूर्त्तियाँ अभी अज्ञात दशा में पड़ी हुई हैं।

१८७२-७३ में वेगलर ने, जो बंगाल प्रान्त का भ्रमण कर रहा था, कुछ ऐसी सड़कों का पता लगाया है, जो प्राचीनकाल में वर्त्तमान थीं और धर्म-प्रचार के लिये सुविधाजनक भी। इसीके बल छोटानागपुर की पिछड़ी हुई जातियों में धर्म का प्रचार किया गया था। बहुत सी मूर्त्तिय जो इन्हें मिलीं, जैन-धर्म की ही थीं। "दुलमिया दयापुर दुलमी" में जो पुर्यिला से ५० मील की दूरी पर है, वेगलर को बहुत-सी मूर्त्तियों के अवशेष, मन्दिर एवं किले भी मिले थे। देवली एक अन्य ग्राम है। यह दुलमी से १२ मील की दूरी पर है। यहाँ भी जैन मूर्त्तियाँ पायी जाती हैं।

मन्दिर के भीतरी भाग में एक मूर्त्ति वर्त्तमान है, जिसे वहाँ के निवासी "औरनाथ" के नाम से पूजते हैं और वहाँ दो हिरण अगल-बगल में खड़े हैं, जिनसे स्पष्टतः विदित होता है कि वह जैन-तीर्थङ्कर भगवान "शान्तिनाथ" की मूर्त्ति है।

देवली के १½ मील उत्तर पश्चिम के कोने पर सुइसा नामक एक ग्राम है। इस गाँव में वेगलर ने एक दिगम्बर पार्श्वनाथ की मूर्त्ति भी देखी थी। 'पकबीरा' एक दूसरा ग्राम है जो पुरुलिया के २३ मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। यहाँ भी जैन मूर्त्तियों के बहुत खंडित भाग मिले हैं। सबसे बड़ी मूर्त्ति दिगम्बर पद्मप्रभु की है जो वहाँ के निवासियों द्वारा पूजी जाती हैं और वे लोग इसे भी राम कहते हैं।

वहाँ सिंह के साथ भगवान महावीर की मूर्त्ति, हिरण के साथ शान्तिनाथ की, वृषभ के साथ ऋषभनाथ और बकरे के साथ कुन्थुनाथ की मूर्त्तियाँ थीं। इनके आस-पास वेगलर ने कुछ ऐसी मूर्त्तियों का भी पता लगाया है जो बौद्ध-मत की थीं। इनमें एक स्त्री-पुरुष की भी मूर्त्ति है जो भगवान महावीर के माता-पिता की मूर्त्ति मालूम होती है। दूसरी मूर्त्ति अम्बिका या अम्रिल या धर्मदेवी यक्षिणी की है, जो बाइसवें तीर्थङ्कर नेमिनाथ से सम्बन्धित है। ये सारे चिन्ह इस बात को प्रमाणित करते हैं कि बंगाल का प्रधान धर्म जैनधर्म था।

साहित्य-समीक्षा

१ तत्त्वसमुच्चय [जैन तत्त्वज्ञान और आचार सम्बन्धी प्राकृत गाथाओं का संकलन]— सम्पादकः डा० हीरालाल जैन एम० ए०, एल-एल० बी०, डी० लिट्; प्रकाशकः भारत जैन महामण्डल वर्धा; मूल्यः तीन रुपये और पृष्ठ संख्याः डिमाई १८८।

इस ग्रन्थ में प्राचीन जैन गाथाओं का संकलन और उनका हिन्दी अनुवाद लिखा गया है। लोकस्वरूप, गृहस्थधर्म, मुनिधर्म, धर्मांग, भावना, परीषह, छः द्रव्य, सात तत्त्व, नव पदार्थ, कर्म प्रकृति, गुणस्थान, मार्गणा, ध्यान, स्याद्वाद, नयवाद और निक्षेप विषयक प्राचीन प्राकृत गाथाएँ दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों की संग्रहीत की गयी हैं। आरम्भ में श्रीमान् डा० हीरालाल जी की जैनधर्म, साहित्य और सिद्धान्त विषयक महत्वपूर्ण प्रस्तावना है, जिसमें जैन साहित्य और जैन धर्म का संक्षेप में स्पष्ट वर्णन किया गया है। गाथाओं का अनुवाद सरल, स्पष्ट और सरस है। ग्रन्थ के अन्त में शब्दकोष दिया गया है, जो जिज्ञासुओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है। सबसे अन्त में दिया गया ग्रन्थ और ग्रन्थकारों का ऐतिहासिक विवेचन सर्व-साधारण के लिए भी उपयोगी है। संक्षेप में यह संकलन सर्वांङ्ग सुन्दर और उपयोगी है, डा० साहब और प्रकाशक दोनों ही इस सुन्दर प्रकाशन के लिए साधुवादार्ह हैं। छपाई-सफाई भी अच्छी है।

भारतीय ज्ञानपीठ काशी के नयनाभिराम प्रकाशन—

२ आकाश के तारे : धरती के फूल—ले० श्री कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर', मूल्य दो रुपये।

इसमें धरती के फूलों का दर्द अधिक है, आकाश के तारों की वेदना कम। फूलों पर छांह अधिक है, धूप कम; तारों में हार अधिक है जीत कम। आकाश की अनन्त नीलिमा में विकीर्ण अगणित तारिकाएँ अपनी झिलमिलाती आभा को वृन्तों पर संलग्न कलिकाओं पर व्याप्त कर देती हैं; ऊषाकाल में पटपरिवर्तन होते ही ये कलिकाएँ पुष्प बन जाती हैं। इस तथ्य के रूप परिवर्तन में लेखक की एक मान्यता चिपकी पड़ी है, जो इन लघु आख्यानों की जान है। लेखक का इन कहानियों के पीछे कोई गूढ़ उद्देश्य नहीं है, बल्कि भाषा की लचक और ललक की झोली से मुरमुरे बांटना है।

जो हो, प्रस्तुत कहानी-संग्रह वर्तमान कहानी कला का विकास सूत्र ग्रहण करता है; इन छोटी कहानियों में भी जान है। लगता है कि लेखक के पलकों में सपने झूल रहे हैं, उसकी उन्नींदी आँखों में झोंपड़ी में बसने वाली हमारी कंकाल-गरीबी का छाया चित्र ही नहीं, बल्कि झोंपड़ी के मान, दम्भ, पाखण्ड और बौद्धिकता की चरम सीमा का

भवन[2] में लकड़ियों के अतिरिक्त पकी ईंटों (कनित्त लोहमय इष्टक) की आवश्यकता पड़ती थी। पकी ईंट (पक्व इष्टक) और घास, फूस (तनवर) भी लगता था। प्राचीन जैन सूत्रों में भिन्न भिन्न प्रकार के नगरों का वर्णन मिलता है और उसीसे पता चलता है कि प्रत्येक नगर जन संख्या, रोजगार धन्धों के हिसाब से कई भागों में विभाजित रहता था।

ग्राम[3], नगर, खेट, करवट, मटम्ब, पट्टन, आकर, द्रोणमुख, निगम, राजधानी, आश्रम, निवास, समवाह, घोष, अमसिका और पुत्तभेदन।

इन छोटे छोटे भागों की भाष्यों द्वारा परिभाषायें भी बतलायी गयीं हैं। परन्तु यह कहना कुछ कठिन प्रतीत होता है कि किस हद तक प्राचीन परिभाषाओं की व्याख्या भाष्यों में दी गयी। पर यह तो सुनिश्चित कहा जा सकता है कि भाष्यकारों ने प्राचीन ढंग पर ही परिभाषाओं को निश्चित किया है। उनकी सचाई की परीक्षा बौद्ध और ब्राह्मण ग्रन्थों से की जा सकती है।

प्राचीन भारत में ग्राम एक छोटी सी बस्ती हुआ करता था। बृहत्कल्पसूत्र भाष्य में बहुत मनोरंजक ढंग से इसका वर्णन मिलता है। यह कहा जाता है कि गांव की सीमा वहीं तक समझी जाती थी, जहां तक उस गांव की गायें चरने जाया करती थीं। पर गाय दूसरे गांव में भी जा सकती थी, अतः यह परिभाषा भ्रममूलक है[4]। दूसरे स्थान पर कहा गया है कि एक लकड़हारा या घासगाढ़ा जहां तक जाकर फिर काम करके सूर्यास्त तक लौट आता था, वह गांव की सीमा समझी जाती थी। पर यह परिभाषा भी विवादास्पद है, क्योंकि लकड़हारा या घासकट्टा दूसरे गांवों में भी जा सकते थे। ग्राम[5] की शुद्ध परिभाषा यही समझी जाती थी कि वह प्रत्येक गांव में अपने अपने सीमा चिन्हों द्वारा निर्धारित की जाती थी। यह सीमा किसी बगीचे, कुवाँ, या बच्चे जहां तक खेलने जाते थे या जहाँ दो प्रेमी मिलने का स्थान निश्चित कर देते थे, वही निर्धारित कर दी जाती थी।

गांव का चौक (मध्य स्थान) वहां बनाया जाता था जहां एक मन्दिर, विश्राम भवन (देवकुल) सभाभवन (मध्य गोस्थ) और पनशाला (पंपा) रहती थी।

1 Lb. 584, bb 826

2 B. K. S. B., 3502

3 BKSB. P. 34, Bhagawati 1-16 L B 1097 Acārānga 1.7, 6, 4

4 Ib, 1098

5 Ib 0011

गांव[1] भी भिन्न प्रकार के होते थे (क) उत्तान मल्लकाकार (Open boul) (ख) अवांमुख (Unverted) (ग) खण्ड (Broken boul) (घ) सम्पुटक (Box or hemispherical) खण्ड भी कई भागों में विभाजित रहता था। इसके भाग निम्नलिखित हैं। उत्तान आखण्ड मल्ल समस्थित (Open broken boul) भीत्ति समस्थित, अवांमुख, सम्पुटक, पदालिका (Avenue) वल्लभी (Turret) अक्खात (Wrestling ground) तथा रुचक और काश्यप यह एक भिन्न प्रकार का मकान था जिसके चारों तरफ चबूतरा है और उत्तर तरफ से बन्द रहता है।

उत्तान[2] मल्लकाकार (Open boul) गांव गोलाकार बसा होता था, जिसके केन्द्र में एक कुवां रहता था। अवांमुख (Inverted) के मध्य में एक मन्दिर या वट वृक्ष होता था। सम्पुटक गांव के मध्य में मन्दिर के अतिरिक्त एक कुवां भी रहता था और खण्ड गांव के अगल बगल कुवां और बहुत से वृक्ष होते थे। भीत्ति समस्थित गांव में एक समानान्तर में पूर्व दिशा में पेड़ लगे रहते थे। पदालिका (Avenue) गांव में सभी पेड़ सुन्दर ढंग और एक सिलसिले से लगाये जाते थे। वल्लभी (Turret) गांव में गांव के चारों तरफ चारों कोनों पर बहुत लम्बे लम्बे पेड़ लगाये रहते थे। इसी प्रकार से शेष गांवों में किसी न किसी प्रकार के विशेष चिन्ह पाये जाते थे।

बृहत्कल्पसूत्र भाष्य में भी कुछ दूसरे सरे प्रकार के गांव का वर्णन मिलता है। 'खेत' ग्राम चारों ओर से मिट्टी की दीवाल से घिरा होता था। धूलिप्राकार भी इसी प्रकार[3] का होता था। मटम्ब ऐसा गांव होता था जिसके ३½ गव्यूतिज या ७ कोस (१४ मील) में कोई दूसरा गांव नहीं होता था। इस चौदह मील के अन्दर दूसरे गांव का चारागाह भी नहीं रहता था। आकर गांव में खनिज द्रव्य पाये जाते थे। 'घोष'[4] गाँव चरवाहों या गड़ेरियों के गाँव को कहा जाता था। अमसिका गाँव के आधे या तृतीय भाग को कहा जाता था।

जैन साहित्य से भी भारतीय गाँवों का बहुत कुछ ज्ञान प्राप्त होता है। उदाहरणार्थ गाँव के प्रधान ऑफिस को ग्राम समस्थान कहा जाता था। वहाँ नीमा, निस्सा और थुमीत्रा की स्थापना एक सिलसिला से रहती थी। इसके अतिरिक्त ग्राम की रक्षा के लिये बड़े बड़े द्वार, फाटक बने रहते थे। बगद भी बना रहता था। बगद का पूरा वर्णन नहीं मिलता, पर मालूम होता है कि ये भी बड़े बड़े फाटक ही होते थे[5]। गाँव बड़े-बड़े तालावों और खाइयों से घिरे हुए होते थे, जिनमें सदा कमल के फूल खिले रहते थे। बहुत घरों के सामने सुन्दर सुन्दर

1 Ib 1103
2 Ib 1104, 1105, 1106
3 BKSB 1089
4 BKSB 1174
5 BKSB 3446

फुलवारी लगी रहती थी। गाँव के चारों ओर घने बाँस भी लगाये रहते थे, जो प्राकृतिक शोभा और रक्षा दोनों के लिये लाभप्रद होते थे[1]। गाँवों में पानीशाला, भण्डशाला जहाँ कुम्हार घड़े आदि बेचते थे, अलग बने रहते थे। कुम्भशाला में वे वर्त्तन बनाते थे और पचनशाला में वर्त्तन पकाये जाते थे। अतिथिशाला (guest house) आगमनगृह जहाँ यात्री ठहरते थे। आचारांग से पता चलता है कि सभा और प्रपा नामके दो स्थान भी गाँव में बने रहते थे। जहाँ गाँव के लोग आराम और मनोरंजन के लिए इकट्ठे होते थे। इसको मनोरंजन गृह भी कहा जाता था।

गाँवों[2] में अन्न जमा करने के लिये भी स्थान बने रहते थे। सबसे सुन्दर और सहज तरीका था कि एक ऊँचे चबूतरे पर पुआल और बाँस की सहायता से एक गोल घेरा बना दिया जाता था और फिर मिट्टी और गोबर से लीप-पोत दिया जाता था। इसमें अन्न सुरक्षित रहता था। इसके अतिरिक्त अन्न रखने के लिये कटुहशालाएँ, अवपूरक तथा कोषथक जिसको हिन्दी में कोठिला और कोथरा कहते हैं, ईंट और मिट्टी की सहायता से बने रहते थे। वर्षाऋतु में बाँस से बने हुए 'मानका' जो ऊँचे ऊँचे खम्भों के सहारे कुछ ऊँचाई पर बने होते थे, उसीमें अन्न रखा जाता था। अन्न बड़े बड़े घड़ों में भी, जिसे कुम्भी कहा जाता था, रखा जाता था। इस प्रकार से ग्राम की बहुत सी वस्तुओं का वर्णन हमें प्राचीन ग्रन्थों में मिलता है। इनके अतिरिक्त भिन्न-भिन्न प्रकार के मनुष्यों के वासस्थानों, शहरों, नगरों का भी वर्णन बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। नगर अठारह प्रकार के करों से वंचित रहता था। 'करबन' एक शहर का छोटा रूप समझा जाता था। 'निगम' नामक स्थान में केवल व्यापारी रहते थे। 'जलपट्टन' जहाँ बोटों या नावों द्वारा सामान लाकर रखा जाता था। 'स्थलपट्टन' जहाँ बैलगाड़ियों द्वारा सामान लाकर इकट्ठा किया जाता था। 'द्रोणमुख' जहाँ स्थल और जल दोनों से सामान लाकर रखा जाता था। इसी प्रकार एक 'पत्रभेदन' नामक स्थान रहता था, जहाँ सभी ओर से सामान मंगाकर रखा जाता था और फिर वहाँ से छोटे-छोटे व्यापारियों में सामान का वितरण किया जाता था। 'राजधानी' में राजा रहता था।

उपर्युक्त 'निगम' के भी दो भाग होते थे। एक 'सांग्राहिक' जहां बैंक और Whole sale वाले रहते थे और दूसरा 'असांग्राहिक' यहां बैंक के अतिरिक्त दूसरे दूसरे भी कारोबार होते थे।

पहली खाई में पानी, उसके बाद की खाई में कीचड़ और तीसरी खाई सूखी रह जाती थी। नगर की दीवार एक ऊँचे चबूतरे से आरम्भ की जाती थी। दीवाल ईंट की बनी होती थी, पर कहीं कहीं लकड़ी भी व्यवहार में लायी जाती थी। प्रधान फाटक पर दो बड़े बड़े गुम्बज

1 BKSB III P. 611.
2 BKSB IV 3298, 3299, 1089

बने रहते थे। प्रत्येक फाटक पर ही अन्दर जाने के लिये प्रवेश द्वार पर पुल बना रहता था। यों तो गुम्बज दीवाल पर एक सिलसिले मे बने ही रहते थे, पर प्रधान फाटक के गुम्बजों में सीढ़ियाँ लगी रहती थीं, जिनसे होकर गुम्बज या दीवाल पर कोई जा सकता था। गुम्बज आगे निकले हुए भाग को मुख कहते थे। चहारदिवारी में छोटे छोटे छिद्र होते थे। ये छिद्र प्रधानतः दो काम में आते थे, एक तो रोशनी करने के लिये और दूसरे शत्रुओं पर गोलियों की बौछार करने के लिये। छिद्रों के ऊपरी भाग में जगह जगह पर कोठरियाँ बनी रहती थीं, जिनको एटिक या उनमागार कहते थे। उनके सिरे पर घट या कलश रखे रहते थे। फाटक मजबूत लकड़ी का बना रहता था। जिसे कपाट कहा जाता था। कपाट को मजबूती से लोहे द्वारा बाँधा जाता था। कपाट का ऊपरी भाग धनुषाकार बना रहता था और नीचे चौखूंटा होता था।

जैनागम में भी ठीक इसी प्रकार से गृह निर्माण या पुर निर्माण का वर्णन मिलता है। बौद्ध ग्रन्थों की अपेक्षा जैन ग्रन्थों में किसी किसी का वर्णन बहुत विस्ताररूप में मिलता है। नगर और ग्रामों का वर्णन औपपादिकसूत्र में हर स्थान पर मिलता है। आचारांग, बृहत्कल्पसूत्र राजप्रश्नीय और णायधम्म में भी स्थापत्यकला का बड़ा ही सुन्दर चित्रण हुआ है।

औपपादिक सूत्र द्वारा पता चलता है कि शहर या नगर के चारों ओर की खाइयाँ ऊपर चौड़ी और नीचे पतली होती थीं। इनकी गहराई बहुत हुआ करती थी। इसके अतिरिक्त इसमें भी नगर में प्रवेश करने के लिये पथ बने रहते थे।

जैन[1] साहित्य में आये हुए भवन निर्माण कला सम्बन्धी उद्धरणों के साथ साथ बौद्ध ग्रन्थों में भी आये हुए भारतीय नगरों का वर्णन भी किया जाय तो यह विषय बहुत अच्छी तरह समझ में आ सकता है और दोनों की तुलना करने में भी सहायता मिलेगी।

नगर या पुर सबसे बड़े निर्माण कर्त्ता द्वारा बनाये जाते थे (Master Architect) जिसको नगर वद्दिकी कहा जाता था। वह अनेक बढ़इयो, थवइयों (राज) द्वारा सहायता लेता था। नगर में परिखा, चहारदिवारी (प्रकार) फाटक, द्वार, कोठा और रक्षा के लिये ऊँचे स्थान (द्वार अटालक) बने रहते थे। रक्षा की दीवाल के अतिरिक्त ऐसे ऐसे स्थानों का भी निर्माण होता था जिनसे किसी प्रकार का अभाव न हो। इसके बाद राजभवन बना रहता था, फिर इसके अतिरिक्त मन्दिर, अन्न रखने की जगह (कोठक), बड़े बड़े हाल, खेलने की रंगभूमि (किलशाला या किल मण्डल), विश्राम गृह, पनशाला, दानशाला, हाथीशाला, दुकान (आपान) बाजार (अन्तरापन) तथा पानागार (सैलून), ओरनीय, बुचड़खाना (slaughter house) बने रहते थे। फाटक या प्रधान द्वार पर बाग-बगीचे, फुलवारी, कमल से भरे हुए तालाब, स्नान करने के तालाब और उत्तम उत्तम पेड़ पौधे लगे रहते थे। नगर में एक प्रधान सड़क

1 Dr. Coomar Swami, Early Indian Architecture 209 F.F, Eastern Art 1930 PP.

बनी रहती थी, जिसको राजमार्ग, महापथ या तारण मग कहा जाता था। इसके अतिरिक्त साधारण सड़कें और गलियाँ भी बनी रहती थीं। चौक, सन्धि (crossing) और निघमनमग (drains) भी बने होते थे।

नगर कई भागों में बटा रहता था। सभी नगरों के निर्माण के लिये प्रधानतः एक ही नियम लागू किया जाता था। नियम था कि नगर वर्गाकार बसाया जाय, नगर के चारों ओर चाहरदिवारी और फाटक बने। फाटक रात में या लड़ाई के अवसर पर बन्द रखे जायँ आदि।

नगर के चारों ओर खाइयाँ बनी रहती थीं जो सदा पानी से भरी रहती थीं। कहीं कहीं खाई तिहरा अर्थात् नगर निर्माण के विषय में बौद्धग्रन्थों का अवलोकन करना भी हमारे लिये उत्तम होगा। क्योंकि जैन साहित्य से मिलान करने में सुगमता होगी।

हमारा अनुसन्धान डा० कुमार स्वामी के ही आधार पर अवलम्बित है। जातक में राजभवन के निवेश, प्रासाद, राजभवन, राजगेव, रान्नोवास, और विमान आदि कहा गया है।

राजभवन नगर के केन्द्र में स्थित रहता था, जिसका प्रधान फाटक नगर के प्रधान फाटक के सामने रहता था। अन्तःपुर से राजभवन के उस गुप्त भवन से मतलब था, जहाँ भद्र महिलाओं द्वारा पहरा रहता था। इसमें एक रक्षक घर (आरकथान) होता था, जहाँ अन्तःपुर पालक रक्षाहित रहते थे। एक संकीर्ण और गुप्त मार्ग बना रहता था, जो प्रधान फाटक से संबंधित रहता था, उसको अन्तर विधि कहा जाता था। राजभवन भी चारों ओर चहारदिवारियों से घिरा हुआ रहता था। जिसमें एक से लेकर चार फाटक बने रहते थे। बाहर का फाटक (बाहिर द्वार) राजभवन से कुछ दूरी पर बना रहता था। बाहिर द्वार से चलकर कोई राजभवन के प्रधान आँगन में पहुँचता था। यहाँ तक तो साधारण जनता का भी प्रवेश था, जहाँ न्याय भवन, फुलवारी, तालाब तथा राजा के टहलने घूमने के लिये सुन्दर सुन्दर पथ और मकान सजाये रहते थे।

राजभवन की नींव बहुत मजबूत बनी होती थी। जिसमें थम्भ (Pillars), तुला आदि लगे रहते थे। थम्भ अधिकतर आठ पहला होते थे[1]। इनाई में आज भी इस प्रकार के राजभवन खड़े पाये जाते हैं। राजभवन में कई द्वार होते थे जैसे प्रासाद द्वार, राजनिवास द्वार आदि। राजभवन कई तल्लों का होता था और भिन्न भिन्न तल्लों के नाम भिन्न भिन्न होते थे। (१) भूमिक (२) भूमक (३) तल (४) नियूह। राजभवन प्रधानतः दो भागों में बँटा रहता था। हेठ पासाद अर्थात् नीचे का तल्ला और उपरि पासाद अर्थात् ऊपर का तल्ला। नीचे के तल्ले पर भोजनशाला आदि होता था जिसको महानस या पचनागार कहा जाता था।

राजभवन में अलग अलग भिन्न भिन्न नामों से कोठरियाँ होती थीं। कोठरियों को गब्भ

(1) Ib P. 185

कहा जाता था। राज गब्ब (Kings chamber) कुटाघार, सिंह पंजर, चन्द्रशाला आदि नाम थे। प्रत्येक गब्ब में जाने के लिये सोपान बने होते थे, उनके भी नाम भिन्न भिन्न होते थे। धुरा सोपान, सोपान सीसा, सोपान कलिगर आदि। नीचे की छतों में सुन्दर सुन्दर कपड़े लगे रहते थे, जिन्हें चेल वितान कहा जाता था। प्रधान राजभवन सुगन्धित रखा जाता था। जगह जगह पर सुन्दर सुन्दर पुष्प मालाएँ लटकायी रहती थीं। राजभवन के भी अगल बगल मे भिन्न भिन्न नामों से अनेक कोठरियाँ बनी रहती थीं। कुमार स्वामी सभी भागों की परिभाषा सहित नाम देते हुए इस सारांश पर पहुँचते हैं कि कुटागार और उतमागार जिन पर गुम्बज बने रहते थे, सर्वोत्तम समझे जाते थे। चन्द्रशाला तो एक साधारण भवन समझा जाता था। कनिका की छत लम्बाई चौड़ाई लिए हुए और कुटागार का गोल होता था। अलिन्द और कुटागार कनिका के बाहर बने रहते थे, जिनमें बड़े-बड़े खम्मे लगे रहते थे और वहाँतक साधारण जनता का भी प्रवेश था। खिड़कियाँ भी भिन्न भिन्न प्रकार की भिन्न भिन्न नामों से पुकारी जाती थी। गवाक्ष, तामील, केकुदु और मथुरा तथा आगरा के गोल के समान होता था। सिंहपंजर भी एक प्रकार की खिड़की ही होती थी, जो फ्रान्स की खिड़कियों से मिलती जुलती है।

हमलोग ऊपर देख चुके हैं कि बौद्ध ग्रन्थों में भिन्न भिन्न प्रकार के भवनों के निर्माण तथा नामों के वर्णन आये हैं। जैनागम में भी इसी प्रकार के पूर्ण विवरण हमें मिलते हैं। इसके अतिरिक्त जैन ग्रन्थों में बहुत नवीन नवीन नाम भी दिये गये हैं। राजभवन[1] के मकानों को जिन्हें जैन ग्रन्थों में पासाए कहा गया है, क्षत्रिय राजकुमारों के लिये भिन्न भिन्न नामों से बने रहते थे। जिनमें वद्धमान, गिहानी, बल्लग, परियायों, गुम्बज, भव्य भवन आदि नाम मुख्य माने गये हैं; प्रासाद[2] केवल राजभवनों को ही कहा जाता था। कहीं कहीं समीक्षक इसको दो तल्लेवाले मकान के ऊपरी भाग को भी कहते हैं।

हमें[1] स्पष्ट और सुन्दर ढंग से राजभवनों का वर्णन नायधम्म कहाओ में मिलता है। पर नाम भिन्न भिन्न मिलते हैं। चकथा (बाहर का चबूतरा) बड़े ही सुन्दर पत्थरों से बना रहता था। लस्त (अत्यन्त सुन्दर) मसर्न (सुन्दरता से पालिश किया हुआ और साहित्व (उत्तम स्थान पर बने हुए) चबूतरों का अलग नाम दिया गया है। इन राजभवनों की खिड़कियों (गवाक्षों) के नाम भी भिन्न भिन्न हैं। (Pigeon hole) कपोत पाली भी बने रहते थे। नालियाँ (निरपुहकन्तर) आदि सबके अलग अलग नाम थे।

---

(१) उत्तराध्ययन IX 28 (२) आचारांगसूत्र II 2, 9

(१) नायधम्म कहा, १, ९, १, २३

(2) Raya, PP, 76 f, f.

इसके अतिरिक्त इससे यह भी पता चलता है कि सभी राजभवन भिन्न भिन्न रंगों में रंगे रहते थे। अन्दर का भाग बहुत सुन्दर ढंग से रंगा रहता था और उस पर चित्रकारी भी रहा करती थी, जिसको (पसत्त-सुविलिहिय-सित्त-कम्म) कहते थे। अवस्थानगृह (Drawing room) एक उस समय के प्रधान और सब से सुन्दर गृह-निर्माण-कला में उत्तम समझा जाता था। हीरा, लाल और जवाहरात के भी काम किये रहते थे। विद्याधरों के चित्र भी उस पर नाचते हुए दिखाये गये हैं। मान विमान एक खास तरह का भवन होता था। इसकी भी दीवालों पर तरह तरह के चित्र बने रहते थे।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन ग्रन्थों और बौद्ध ग्रन्थों में वर्णित वस्तु निर्माण कला में बहुत कुछ समानता है। पर जैन ग्रन्थों में विशेषता यह है कि उसमें बहुत ही विस्तृत वर्णन दिया गया है। मथुरा के वास्तुकला और स्तूपों से बहुत प्रमाण मिलते हैं।

कर्मों का रासायनिक सम्मिश्रण

[लेखक-श्रीयुत प्रो० अनन्त प्रसाद जैन B. Sc (Engineering)]

भगवान महावीर ने मानवता को कौनसी नयी बात बतलायी। जिसके बिना सारा ज्ञान अधूरा था-इस पर प्रायः लोगों का ध्यान कम जाता है। जैन धर्म के प्रशंसक भी केवल उन्हीं विशेषताओं का वर्णन करते रह जाते हैं जो प्रायः भारत के सभी अच्छे तर्क-न्याय-संयुक्त धर्मों या धर्म सिद्धान्तों में हीनाधिक सन्निहित हैं। अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह इत्यादि तो सभी धर्मों के व्यावहारिक आदर्श हैं। यदि जैन गुरुओं ने इन्हें थोड़ा और अधिक या विशेष महत्व दे दिया तो मैं तो इसे नयापन नहीं समझता। "अनेकान्त" या "स्याद्वाद" जैन दर्शन (Jain philosophy) की एक सबसे बड़ी विशेषता अवश्य है और कई हजार वर्षों के बाद भी इसमें अब भी वही नयापन है जो उस समय था। जब भगवान महावीर ने इस पर प्रकाश डाला था और उनके बाद में परंपरागत गुरुओं एवं विद्वानों ने इसकी विशिष्ट-रूप से विशद विवेचना की। परन्तु "स्याद्वाद" या अनेकान्तवाद" तो ज्ञानरूपी महासागर को मथने के लिए एक साधन, यन्त्र या मथानी मात्र ही है। जैसे महाभारत की कथाओं में "देवताओं" ने और "राक्षसों" ने मिलकर महासागर को मथने के बाद चौदह रत्न पाए, उसी तरह ज्ञान-महासागर को "स्याद्वाद" रूपी इस महान् मथानी से मथने से कितने अपूर्व रत्न निकले ? जिनपर पूर्ण व्यावहारिक प्रकाश या जिनकी अनन्य उपादेयता का मान वर्तमान समय में बहुत कम रह गया है। अजैन विद्वानों को कौन कहे जैन सिद्धान्त के बड़े बड़े पंडित और विद्वान् भी जो जैन सिद्धान्त के सुविज्ञ अधिकारी समझे जाते हैं और जिन्होंने बड़े बड़े गूढ़ शास्त्रों की टीकाएँ की हैं; वे भी या तो इससे अनभिज्ञ रहे हैं या उन्होंने भी इधर ध्यान कम दिया है। सच पूछिए तो "स्याद्वाद" या "अनेकान्त" है क्या चीज और इसका मूल लाभ या आवश्यकता या काम क्या है यही अभी बहुत कम लोग ग्रहण कर पाते हैं। स्वभाववश विद्वत्ता के बल पर लोग टीकाएं बना देते और विवेचनात्मक टिप्पणियां या आलोचना प्रत्यालोचना वगैरह लिख देते और पांडित्य पूर्ण व्याख्यान भी दे डालते हैं; पर विषय के मूल तक विरले ही पहुँच पाते हैं। इसके अतिरिक्त भी 'स्याद्वाद" साधारण जन की वस्तु न होकर विद्वानों की निधि बनकर ही रह गया, जिसने समझा उसने लाभ उठाया; जिसने नहीं समझा वह वंचित रह गया। जैन धर्म का उत्थान इसकी जानकारी के बढ़ने से हुआ और पतन इसकी समझदारी का अभाव होने से होता गया। आज भी ज्ञान का इतना विकास हो जाने पर भी हालत आन्तरिक रूप से कुछ सुधरी नहीं है। बहुत कम लोग मिलेंगे जो इसकी व्यावहारिक महत्ता का सच्चा ज्ञान या मान रखते हों। स्याद्वाद को जैनियों ने शास्त्रचर्चा या उच्च दर्शन सिद्धान्तों तक ही सीमित कर

दिया और यह केवल पुस्तकों का विषय होकर रह गया और सर्व साधारण के नित्य नैमित्तिक सांसारिक एवं सामाजिक उपयोग से दूर होते होते एक विचित्रता या विशेषता (Speciality) बनकर केवल विशेष अवसरों पर ही व्यवहृत होने वाली वार्ता या चीज में परिणत हो गया है; जिससे लोक कल्याण का मूल स्रोत न होकर केवल वाद-विवाद का शृंगार मात्र रह गया।

स्याद्वाद की महत्ता का गुणगान तो सभी जगह सभी शास्त्र या पंडित करते हैं पर वे गुणगान करके ही संतुष्ट हो जाते हैं; संसार के सामने आधुनिक रूप में कुछ ऐसा सुझाव नहीं रखते कि दूसरे भी इसकी व्यावहारिक उपयोगिता और नित्य नैमित्तिक कार्यों (Every day life & living) में सक्रिय रूप से लाभ लेना जान जायें। इतना ही नहीं इस "मथानी" द्वारा ज्ञान सागर से जो रत्न निकले वे शास्त्रों में तो विशद रूप से वर्णित हैं पर उनका प्रतिपादन प्राचीन पद्धति से किया गया है। उन्हें वर्तमान संसार में पूर्ण रूप से प्रकाशित करने के लिए आधुनिक तम तरीकों और वर्तमान भौतिक विज्ञान के आधार पर व्याख्या, समन्वय एवं प्ररूपण या प्रतिपादन करने की परम आवश्यकता है। स्याद्वाद या अनेकान्तवाद किसी भी प्रश्न या वस्तु को अनेक रूप से, हर दृष्टि कोण से, हर पहलू से देखते हुए एवं संबन्धित सभी बातों का ऊहापोह, सभी शंकाओं का समाधान और द्वन्दों का निराकरण करते हुए; गुत्थियों को सुलझाते हुए एक ऐसे अंतिम समन्वयात्मक निर्णय पर पहुँचाता है जो पुनः दूसरे प्रश्नों या विषयों या वस्तुओं के विवेचनात्मक विश्लेषण, विवक्षा या समीकरण में सर्वदा युक्तियुक्त, ठीक और विभेद रहित पाया जाता है। किसी वस्तु की "अनेकान्तात्मक" या स्याद्वाद की प्रणाली से जांच करने से ही उसके सच्चे मूल रूप को जानना या असल तत्व तक पहुँचना संभव हो सकता है। जैसे किसी ने एक मिट्टी का घड़ा देखा और जानना चाहा कि वह क्या वस्तु है—इधर उधर पूछ ताछ की और तर्क करना आरम्भ किया। यों तो सांसारिक या व्यावहारिक जानकारी के लिए केवल इतना मात्र जानना ही काफी है कि यह एक मिट्टी का पकाया घड़ा है, जिसमें जल रखा जाता है। पर विशिष्ट जानकारी के लिए और अधिक ऊहापोह करने के लिए स्याद्वाद पद्धति में प्रश्नों की सात शृंखला बना दी गई हैं, उन्हीं के अन्तर्गत सारे प्रश्न सन्निहित हो जाते हैं। इसीसे इसको "सप्तभंगी" भी कहते हैं; आत्मा का शुद्ध विस्तृत पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिए तो केवल मात्र स्याद्वाद की प्रणाली, पद्धति या मार्ग ही ऐसा है जिससे सच्ची और पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जैन दर्शन ने इसी मार्ग को अपनाया और इस कारण आत्मा और दूसरे द्रव्यों या तत्वों का मूल रूप सही सही, विभेद रहित, यथार्थ पाने और प्रतिपादन करने में समर्थ हुआ।

स्याद्वाद क्या है और किसी प्रश्न का समाधान इसकी सहायता से कैसे किया जाता है, इसका वर्णन मुझे यहाँ नहीं करना है। यहाँ तो मुझे यह बतलाना है कि इस

स्याद्वाद की मथानी द्वारा ज्ञान सागर को मथने से जो रत्न निकले वे रत्न कौन हैं और उनका आधुनिक वैज्ञानिक निरूपण कैसे किया जाय—भगवान महावीर ने या जैन दर्शन ने संसार को जो सबसे बड़ी निधि दी; वे यही रत्न हैं—पर धर्मान्धता, धर्मद्वेष, कट्टरता और ज्ञान या शिक्षा की कमी तथा स्वार्थादि के वशीभूत लोगों ने इनकी कद्र कम की या इनकी महत्ता को पूरा समझ या जान नहीं सके अथवा जानबूझ कर पर्दा डालते रहे। इन रत्नों के बिना संसार का सारा बाकी ज्ञान अधूरा ही रह जाता है। मनुष्य संसार की बहुत सी बातों और विषयों की जानकारी तो रखे पर स्वयं अपने बारे में या अपने चारों तरफ जो कुछ है और उनसे उसका क्या सम्बन्ध है—यदि इन विषयों की जानकारी न रखे तो उसका सारा ज्ञान अधूरा, ऊपरी और खोखला रह जाता है। आज संसार में यही बात हो रही है। भौतिक विज्ञान का विकास इतना अधिक हो गया कि लोग इनके करिश्मे देखदेख कर चकित रह जाते हैं और आगे आगे इनका विकास और जोरों में होता जा रहा है, पर चूंकि आत्मज्ञान की भारी कमी अभी भी सभी जगह है, इसलिए यह भौतिक ज्ञान जहाँ एक तरफ निर्माण करता है वहीं दूसरी तरफ विनाश का भयानक भय या कारण भी उपस्थित करता और बढ़ाता जाता है। यह भय केवल भगवान महावीर द्वारा निरूपित एवं निर्दिष्ट उन रत्नों की जानकारी द्वारा ही निर्मूल हो सकता है जो स्याद्वाद रूपी मथानी द्वारा ज्ञानमहासागर को मथने से मिले और जिनका प्रकाश आजकल बहुत कम रह गया है। संसार का सारा रगड़ा झगड़ा, रक्तपात, आपसी मनोमालिन्य, घृणा एवं वैमनस्य का मूल कारण सच्चे या विशुद्ध ज्ञान का अभाव ही है। विभिन्न धर्मों और दर्शनों ने अपनी अपनी अलग अलग एक दूसरे की विरोधी पद्धतियाँ निकाल निकाल कर बड़ा गड़बड़ झाला मचा रखा है। ऐसे गड़बड़झाले में बड़े बड़े विद्वान् चक्कर खा जाते हैं तो साधारण मानव का कहना ही क्या। जबतक शुद्ध ज्ञान का विकास संसार में व्यापक रूप से नहीं होगा, स्थायी शान्ति का होना कठिन ही नहीं असंभव है। इस शुद्ध ज्ञान की प्राप्ति के लिए जैन दर्शन में वर्णित कर्मसिद्धान्त का मनन और अनुशीलन करना आवश्यक है। इसी सिद्धान्त में इन रत्नों के विशुद्ध रूप का दर्शन प्राप्त होगा जिनके बिना सारा ज्ञान अधूरा रह जाता है। वे रत्न हैं जैन दर्शन में वर्णित षट् द्रव्य (छः द्रव्य,) और सप्त तत्त्व। षट् द्रव्य हैं :—

जीव (आत्मा, Soul), अजीव (पुद्गल, Matter), धर्म (ether), अधर्म (counter ether), आकाश (Space) और काल (time); सप्त तत्त्व हैं जीव, अजीव, आश्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष। पहले षट् द्रव्य तो यह बतलाते हैं कि विश्व में मूल द्रव्य वस्तु कौन कौन हैं जिनसे इस विश्व की रचना हुई है और पिछले सप्त तत्त्व यह बतलाते हैं कि आत्मा या मनुष्य का उसके चारों तरफ की वस्तुओं से क्या सम्बन्ध है एवं आत्मा (Soul)

और पुद्गल (Matter) मिलकर मानव कैसे बनता है या कैसे बना है और उसके कार्य व्यवहार क्यों और कैसे संचालित होते रहते हैं तथा इन सबका अंतिम ध्येय क्या है।

मानव क्या है ? कैसे बना है ? कैसे क्या करता है ? मानव जन्म का ध्येय क्या है ? ये या ऐसे सभी प्रश्नों का शुद्ध समाधानात्मक उत्तर इन द्रव्यों और तत्त्वों के यथार्थ—शंकारहित ज्ञान (जानकारी) द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। संसार के अधिकांश लोग इन बातों को नहीं जानते इसलिए वे जो कुछ इस विषय में कहते हैं वह अधूरा, अपूर्ण, अशुद्ध या गलत या आधा सच्चा होता है। अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह की महत्ता मूलतः क्यों और कैसे है यह तो केवल इन द्रव्यों और तत्त्वों की जानकारी द्वारा ही मालूम हो सकती है। यों अहिंसा और सत्य इत्यादि का केवल गुणगान करने से लोग भले ही व्यक्तित्व के प्रभाव में आकर या युगों से इन बातों के कहे जाते रहने के कारण या दूसरे कटु अनुभवों के डर से या कानून और सामाजिक नियमों एवं पाबन्दियों के बन्धन में भले ही इन्हें स्वीकार किये रहें और आचरण में भी लाते रहें पर वह न स्थायी है न सुदृढ़रूप से स्थापित ही। वह तो अहिंसा और सत्य का पालन अवश्य क्यों करना चाहिए इसके वैज्ञानिक मूल कारणों के विश्लेषणात्मक (analytical) रूप से स्पष्टीकरण द्वारा ही संभव है। पहले का मानव चुपचाप कोई बात या सिद्धान्त बिना पूछताछ किए, बिना शंका उठाए मान लेता था पर अब तो आधुनिक भौतिक विज्ञान के विकास ने और शिक्षा की वृद्धि ने एक तर्क-बुद्धि-सत्य का युग बना दिया है, जिसमें सब कुछ जाँच पड़ताल कर ही स्वीकृत की जाने की रीति बढ़ती जाती है। यही ठीक भी है। आँख मूँदकर धर्मांधतापूर्वक कुछ मानकर बर्तते रहना हानिकारक है। आज धार्मिक द्वेष विद्वेष भेदभाव और विभिन्नताएँ, व्यक्तियों एवं देशों में द्वेष विद्वेष, रगड़े झगड़े, विरोध और एक दूसरे के विरुद्ध प्रचार तथा युद्ध इत्यादि केवल इसी कारण रह गये हैं या होते हैं क्योंकि लोगों ने धर्म का अर्थ ठीक नहीं समझा और उसका भी मूल कारण है "वस्तुओं" अथवा "तत्त्वों" या "द्रव्यों" के शुद्ध रूप की जानकारी या ज्ञान का अभाव। अनादि काल से अबतक जो भयंकर युद्ध, रक्तपात और लूटपाट इत्यादि होते रहे हैं उनका मूल कारण इन "तत्वों" या 'पदार्थों'' के विज्ञान की भारी कमी ही रही है और है। भगवान् महावीर ने इस ज्ञान के प्रकाश की वृद्धि की थी तो उनके बाद कई सौ वर्षों तक इस देश में एकता और शान्ति का बहुत बड़ा विस्तार रहा।

मनुष्य कर्म क्यों करता है, कैसे करता है और उनके फल उसे कैसे मिलते हैं ? इन प्रश्नों का पूर्ण समाधानात्मक उत्तर केवल सप्ततत्वों जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष की जानकारी (सैद्धान्तिक ग्रन्थों से) ही मिल सकता है, अन्यथा नहीं[१]।

---

१ कर्मों के सम्बन्ध तथा विश्व के परिवर्तनों को अवगत करने के लिए देखें—(१) "जीवन और

जैन दर्शन में जीव (आत्मा Soul) और अजीव (पुद्गल, Matter) ये ही दो मुख्य तत्त्व माने गए हैं। जीव "चेतना" युक्त है और पुद्गल "जड़"। जीव और पुद्गल अनादि काल से साथ साथ चले आते हैं। किसी जीव धारी में चेतना आत्मा के कारण है और कार्य क्षमता या कार्य शीलता पुद्गल निर्मित रूपी शरीर के कारण। जीव अकेला कर्म नहीं कर सकता है। पौद्गलिक शरीर भी जीव की चेतना बिना चेतना युक्त कोई कार्य नहीं कर सकता। संसार या विश्व में हम जो कुछ भी देखते हैं इन्हीं दोनों (जीव और पुद्गल) की रचनाएं हैं। जीव (आत्मा) शुद्ध, अशरीरी, अरूपी है जबकि पुद्गल रूपी, शरीरी वस्तु है। जीव को हम देख नहीं सकते पर पुद्गल के रूप हम देखते हैं। मनुष्य का शरीर भी पुद्गल निर्मित ही है।

जैन दर्शन का "पुद्गल" ठीक वही चीज है जिसे हम परमाणु कहते हैं और आधुनिक विज्ञान जिसे इलेक्ट्रन, प्रोटन, न्यूट्रन, पोजीट्रन इत्यादि (Electric particles) कहता है। इन पुद्गलों (पुद्गल-परमाणुओं) के मिलने से "एटम" अथवा अणु बनते हैं और पुनः अणुओं के मिलने से "मौली क्यूल" या "वर्गणा" का निर्माण होता है। मानव या किसी भी जीवधारी का शरीर या किसी भी जड़ वस्तु का रूप आकार या शरीर इन पुद्गल वर्गणाओं की ही रचना है। ये वर्गणाएं अनन्त प्रकार की भिन्न गुण और प्रकृति वाले अणुओं और परमाणुओं के मिश्रण और बन्ध की विभिन्नतानुसार होती हैं। मौली क्यूलों या वर्गणाओं और एटमों या अणुओं के अंदर पुद्गलों या परमाणुओं का सतत प्रवाह या एक दूसरे में अदला बदली होती रहती है। यह पुद्गल-परमाणुओं का प्रवाह धारा या किरणों (Rays & Waves) के रूप में किसी भी तरह इन पुद्गलनिर्मित रूपी शरीरों या वस्तुओं से बगैर किसी व्यवधान के सर्वदा बाहर भी निकलती ही रहती हैं, ये धाराएँ या किरणें वस्तु के हर तरफ तेजी से प्रवाहित होती और फैलती हैं और अपने मार्ग में आने वाली हर दूसरी वस्तु या शरीर पर भी अपनी हीनाधिक प्रभावकारी शक्ति के अनुसार कार्य करती रहती हैं किसी जीवधारी के शरीर या किसी वस्तुके हिलने डुलने और चलने फिरने से भी परमाणुओं का प्रवाह विभिन्न रूपों और संगठनों में निकलता रहता है। मानव के शारीरिक क्रियाकलाप के अलावे मानसिक हलचलों द्वारा भी इस तरह की धाराएँ मानव शरीर से निकलती हैं और बाहर से आनेवाली धाराएँ भी शरीर के आन्तरिक पौद्गलिक अथवा वर्गणात्मक निर्माण में अपना असर और प्रभाव करके तबदीलियां या परिवर्तन (Changes) पैदा करती हैं। ग्रह, उपग्रह, नक्षत्र, पृथ्वी, सूर्यादि भी विभिन्न गतियों और कंपन-प्रकंपनों के कारण इस तरह की पुद्गल निर्मित धारा और किरणें प्रसारित करते हैं जिनका असर हर ग्रह उपग्रह इत्यादि पर

विश्व के परिवर्तनों का रहस्य" सम्पादक "अनेकान्त", अहिंसा मंदिर, १, दरियागंज, देहली; (२) "विश्व एकता और शान्ति" (३) शरीर का रूप और कर्म, (४) 'Soul, Consciousness, Life' (५) The Three Jewels'

और उनपर अवस्थित किसी वस्तु या जीवधारी पर अक्षुण्ण रूप से पड़ता है। इस तरह सभी जगह सभी समय सभी वस्तुओं में सतत निराबाध परिवर्तन होता रहता है।

मनुष्य जो कुछ भोजन पान करता है अथवा श्वास निश्वास लेता छोड़ता है। अथवा जो कुछ देखता सुनता है वह सब कुछ पुद्गल निर्मित ही होता है। हवा और प्रकाश (रोशनी-Light) भी पुद्गल की ही रचनाएं हैं। तस्वीर, फोटो या रूप आकृतियों का बनना या भान होना भी पुद्गल की धाराओं के कारण ही है। हमारे शरीर में और हमारे हर तरफ पुद्गल भरा हुआ है। हम जो कुछ भी शारीरिक या मानसिक कर्म करते हैं उसके द्वारा बाहरी वायुमंडल या ईथर (Ether अथवा धर्म द्रव्य) से भरे हुए आकाश (Space) में हलचल पैदा होती है और हर मानव से पैदा हुई पौद्गलिक धारा या हलचल हर दूसरे मानव के ऊपर अपना प्रभाव या असर हीनाधिक डालती है। इस तरह हमारे अपने भोजन पान, कर्म, गति और मनोविचारों का असर या प्रभाव हमारे शरीर का निर्माण करने वाली पुद्गल वर्गणाओं की रचना में परिवर्तन तो लाता ही है दूसरे व्यक्तियों के कर्मों और विचारों का भी असर इन परिवर्तनों को परिवर्तित करने में पड़ता रहता है।

जैन दर्शन में मानव शरीर को निर्माण करने वाली वर्गणाओं को प्रधानतः तीन भागों में विभक्त किया गया है—१ औदारिक वर्गणा–यह रक्त मांस मय वह बाहरी शरीर है जिसे हम देखते हैं इसीमें मन, हृदय और मस्तिष्क भी होते हैं। २—तैजस वर्गणा–यह शरीर है जो पारदर्शक और शुद्ध हीरे के समान प्रकाश युक्त है इसे हम नहीं देख सकते। ३—कार्माण वर्गणा–यह सूक्ष्मातिसूक्ष्म पुद्गल परमाणुओं द्वारा निर्मित सुदृढ़ बंधमय (Compounded) वह अदृश्य (Invisible) शरीर है जो हमारे अपने कर्मानुसार हमारी आत्मा के साथ बराबर लगा रहता है और एक जन्म से दूसरे जन्म या योनि में आत्मा को ले जाने का कारण भी यही है और हर योनि में सर्वदा साथ रहता है जब तक मुक्ति या मोक्ष न मिल जाय। हां इन तीन वर्गणात्मक शरीरों में भी सर्वदा, सतत निर्बाध परिवर्तन होता ही रहता है। परिवर्तन कभी भी एक क्षण या क्षण के शतांश, सहस्रांश या लक्षांश में भी नहीं रुकता, न बंद होता है। विश्व की सारी वस्तुओं की गतियां और हलन चलन तथा कम्पन प्रकम्पन होते ही रहते हैं और इनके कारण उनसे पौद्गलिक धाराएँ निकलती ही रहती हैं जो इन गतियों को भी गतिशील रखती हैं और हर शरीर या वस्तु से निकलने वाले पौद्गलिक प्रवाह को भी सतत जारी रखती हैं, जिनका असर या प्रभाव एक दूसरे पर पड़कर क्रिया प्रक्रिया द्वारा परिवर्तन होते ही रहते हैं और होते ही रहेंगे। इस तरह विश्व में जो कुछ भी उत्पादन, सृष्टि, विनाश, या परिवर्तन होता हुआ हम पाते हैं वह सब कुछ स्वयं इन पुद्गलों के आदान प्रदान द्वारा वर्गणात्मक निर्माण में हेर फेर लाकर अपने आप ही स्वभाववश होता रहता है। न कोई बाहरी शक्ति सृष्टि करती है न विनाश;

विनाश और सृष्टि का अर्थ है किसी वस्तु का बाह्याकार बदलकर उसको निर्माण करनेवाली वर्गणाओं में रासायनिक परिवर्तन होकर एक नई वस्तु या रूप का बन जाना; विश्व में जितनी संख्या पुद्गलों की है उतनी ही बराबर से है और वही रहेगी; न नये का निर्माण हो सकता है न पुराने का विनाश –केवल उनके संगठनों में परिवर्तन होते रहते हैं। इन पुद्गलों की संख्या अनंतानंत अथवा अगणित, असीम और अनंत है। इसी तरह आत्माओं की संख्या भी अगणित, असीम और अनंत है और इनकी भी जो संख्या पहले थी या अब है वही सर्वदा, बराबर से थी और सतत रहेगी–न घटेगी न बढ़ेगी–न नये का निर्माण होगा, और न जो है उसका विनाश।

आत्मा और पुद्गल दोनों के मिलने से ही मनुष्य या किसी भी जीवधारी का निर्माण हुआ है। आत्मा का स्वभाव है "चेतन" और सर्वदा विकाश करना (उद्ध्व गति evolution) पुद्गल अचेतन या जड़ है। बगैर पुद्गल के रूपी शरीर के आधार के आत्मा स्वयं कुछ नहीं कर सकता है और पुद्गल के रूपी शरीर में मानव या किसी भी जीवधारी के कर्मों का प्रभाव हर समय परिवर्तन लाता रहता है। यह परिवर्तन औदारिक, तैजस और कार्माण—तीनों शरीरों में ही होता रहता है और सब एक दूसरे के अनुरूप कारण और फल (Cause and effect) की तरह एक दूसरे से अभिन्नरूप से संबन्धित एवं गुण गुणी की तरह एक दूसरे में सन्निहित और मिले हुए तथा एक दूसरे के बराबर ही आकार प्रकार में हैं।

मनुष्य जो भी कर्म करता है वह कर्माण-शरीर का निर्माण करनेवाली वर्गणाओं के सक्रिय प्रभाव से प्रचालित होकर ही करता है। परिस्थितियों और चहुँ ओर के वातावरण का भी असर पड़ता है पर यह बाहरी असर भी आन्तरिक वर्गणाओं में रासायनिक सम्मिश्रण और क्रिया प्रतिक्रिया द्वारा परिवर्तन होने से ही होता है। न जाने किस अनादि काल से अबतक इकट्ठी हुई कितनी वर्गणा विशेष का पुंजीभूत रूप समन्वयात्मक आन्तरिक प्रभाव या प्रेरणा जो बाहर से आने और शरीर के अन्दर घुसकर आन्तरिक वर्गणाओं के साथ मिल बिछुड़ कर क्रिया प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न होती है, इनके द्वारा मानसिक और शारीरिक हलन चलन परिचालित कराकर मानव से कोई विचार या कर्म कराता है! अनादि काल से इस क्षण तक "कर्मों"[१] (कर्माण शरीर को निर्माण करनेवाली पुद्गल वर्गणाओं) का आदान प्रदान—परिवर्तन होता चला आता है। अब से एक क्षण पहले किया हुआ शारीरिक कर्म या मानसिक कर्म (भाव या विचार) भी अपना प्रभाव अगले होनेवाले कर्म के निर्माण में कमवेश छोड़ते जाते हैं। जैसे बिजली, प्रकाश

१ यहाँ कर्म शब्द का अर्थ है कार्माण शरीर का निर्माण करने वाली पुद्गल वर्गणाएं। साधारणतः कर्म का मतलब है शारीरिक या मानसिक कार्य अथवा प्रसंगानुसार जहां कोई दूसरा अर्थ हो जैसे—भाग्य।

(light) अथवा शब्द (Sound) में रेजोनेन्स (सहसमानवृद्धि) होती है वैसे ही "कर्मों" के भी रेजोनेन्स (resonance) एवं तारतम्यताएँ होती हैं। ऐसे विभिन्न "कर्म" (पुद्गल वर्गणाएँ) जो रासायनिक क्रिया प्रक्रिया द्वारा मिलकर एक हो सकते हैं वे बाहर से आनेवाली वर्गणाओं और अन्दर की वर्गणाओं में शारीरिक या मानसिक हलचल द्वारा उथल पुथल होते रहने के कारण (उनके) पारस्परिक सम्मिलन अथवा क्रिया-प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न प्रभाव से जो नये कर्म कराते हैं, उनकी तीव्रता या मंदता उनके रासायनिक मिश्रण की तेजी और मंदी पर ही निर्भर करती है। अथवा दो समान "कर्म" एक दूसरे की काल परिवर्तन (frequency) की समानता के कारण एक दूसरे से संयुक्त होकर अपना प्रभाव या असर कई गुना बढ़ा देते हैं। मानव में यह रेजोनेन्स उस समय पैदा हो सकता है जब उसके मानसिक और शारीरिक कार्य समान हों अथवा किसी समय जैसा वह मानसिक विचार करता हो या शारीरिक कार्य करता हो उसी समय बाहर से आनेवाली वर्गणाओं की रचना भी समानता लिए हुए हो तो विचार या कार्य में अधिक तीव्रता आ जायगी। "कर्मों" की स्थिति अथवा उनके फलीभूत होने का समय एवं परिमाण भी उनके आपसी रासायनिक सम्मिश्रण की कमीवेशी और दूसरे ब्योरों (details) पर ही निर्भर करते हैं। बाहर से आनेवाले "कर्म" [कर्म पुद्गल, या कर्माणु या कर्म वर्गणाएँ—या कार्माण शरीर का निर्माण करनेवाली वर्गणाएँ—अथवा वे पुद्गल वर्गणाएँ जो मनुष्य के कर्मों या कामों को कराने में प्रेरक रूप या शरीर रूपी यन्त्र के संचालन में किसी बैटरी (Cell or Battery) में रासायनिक प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न विद्युत की तरह किसी बिजली के यन्त्रों को चलाने में शक्ति रूप या कारण रूप हैं भीतर के "कर्मों" से मिलकर "एकमेक" न हो जायँ इसके लिए अपनी भावनाओं और शारीरिक कर्मों में परिवर्तन न लाकर या चेष्टापूर्वक एक ही तरह के भाव या कर्म करते हुए हम अपने आन्तरिक "कर्मों" के निर्माण पर शासन (control) रखकर बाहर से आनेवाले "कर्मों" का भीतर के 'कर्मों" से मिलकर एकमेक हो जाने से रोक सकते हैं। "योग" या "तपस्या" में भी यही बात होती है। मानव का मन जब किसी एक विषय या कर्म या कार्य में एकाग्र हो तो उस समय दूसरा बाहरी कोई दृश्य या कार्य या कुछ भी उस पर पूरा असर नहीं करता। यदि मनुष्य अपने आत्मा के शुद्ध स्वरूप में एकाग्र ध्यान लगा ले तो उस समय बाहरी "कर्म" भी असर नहीं करते और आन्तरिक कर्म भी उदय तो होते हैं (उनकी रासायनिक क्रिया प्रक्रिया तो चलती ही रहती है); पर उनका असर या फल स्थायी नहीं होता या अनुभूत नहीं होता इसके अतिरिक्त भी आत्मा का शुभ्र, शुद्ध, निर्मल स्फटिक या हीरे के समान सारे अंग में व्याप्तरूप में ध्यान लगाने से अंतर् में "कर्मों" में रासायनिक मिश्रण होते समय उनमें परिवर्तन होकर भी शुभ्र वर्गणाएँ ही बनती जाती हैं। इत्यादि।

जैन दर्शन में "कर्मों" की विवेचना के प्रकरण में आश्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष का विशद वर्णन किया है। आश्रव का अर्थ है बाहर से आनेवाली पुद्गल वर्गणाएँ, जो हमारे शरीर में सर्वदा आती ही रहती हैं जब हम कुछ देखते हैं, सुनते हैं, पढ़ते हैं, हवा द्वारा श्वासोच्छ्वास द्वारा अथवा प्रकाश किरणों द्वारा या रेडियो और कौसमिक किरणों और धाराओं द्वारा अथवा दूसरे व्यक्तियों के शरीरों से निकलनेवाली पुद्गल वर्गणाओं द्वारा जो उन व्यक्तियों के भावों और कर्मों के अनुसार उनके शरीरों से निकलती ही रहती हैं अथवा ग्रहों इत्यादि से आनेवाली धाराओं द्वारा अथवा और किसी भी तरह; बंध का अर्थ है जब ये बाहर से आनेवाली पुद्गल वर्गणाओं की धाराएँ किसी मानव के मन और शरीर के भाव अथवा कार्य द्वारा उत्पन्न होनेवाली अन्तर् की वर्गणाओं से मिलकर रासायनिक सम्मिश्रण (chemical compound) बनकर स्थायित्व प्राप्त कर लेना।

संवर—का अर्थ है अपनी प्रवृत्तियों पर शासन (control) रखकर या किसी खास विषय या काम में एकाग्रता लाकर योग निरोध और तप द्वारा बाहर से आनेवाली वर्गणाओं का आन्तरिक वर्गणाओं से सम्मिश्रण न होने देना।

निर्जरा—का अर्थ है जो कुछ "बंध" तुरन्त का या बहुत समय पहले का या अनादि काल से अबतक का—हो चुका है उसका शुक्ल ध्यान द्वारा विनाश करते जाना।

मोक्ष—का अर्थ है सभी "कर्म बन्धों" से पूर्ण छुटकारा पाकर आत्मा पुद्गल से सर्वदा के लिए छुटकारा पा जाय और अपने शुद्ध रूप को पाकर परम विशुद्ध आत्मा या परमात्मा हो जाय—तब उसमें केवल चेतना या ज्ञानमात्र ही रहेगा विकार नहीं रहेंगे। विकार तो पुद्गल के संबन्ध से ही होते हैं।

इन विषयों पर जैन शास्त्रों में बहुत विस्तार के साथ विशद विवेचना की गई मिलेगी। मुझे यहाँ उन्हें पुनः दुहराना नहीं है—वे तो शास्त्रों में हैं ही; कोई भी जिज्ञासु उन्हें पढ़ और मनन-अनुशीलन कर सकता है। मेरा ध्येय तो अपने संसार के विद्वानों, जिज्ञासुओं और दर्शन के पंडितों (Philosophers) के सम्मुख इस विषय को आधुनिक रूप में मनन अनुशीलन करने के लिये नये दृष्टिकोण से उपस्थित करना है। इसी कमी के कारण विश्व के भौतिक विज्ञान की वृद्धि होने से एक वैज्ञानिक बहुत कुछ जानते हुए भी स्वयं अपने बारे में ठीकठीक जानकारी नहीं रखता कि वह क्या है—मनुष्य क्या है—मनुष्य कैसे बना है—मनुष्य कैसे कर्म करता है—इत्यादि ? यह जानकारी या ज्ञान केवल जैन दर्शन में वर्णित कर्म सिद्धान्त (Karma Philosophy) की जानकारी द्वारा ही प्राप्त हो सकती है। अन्यत्र कहीं भी किसी भी दूसरे दर्शन या सिद्धान्त में इस विषय का प्रतिपादन वैज्ञानिक ढंग से या सच्चे रूप में जैसा होना चाहिए, वैसा है ही नहीं। लोगों ने अपनी विद्याबुद्धि या पांडित्य के बलपर न जाने कितनी नयी नयी थियरी या विचारधाराएँ

या सिद्धान्त गढ़ लिए और जोरदार तर्कों द्वारा उन्हें ही ठीक साबित करके दूसरों से मनवा लिया। धर्मों की विभिन्नताओं और आपसी मतभेदों या विरोधों का प्रधान कारण यही है। दूसरों ने स्याद्वाद या अनेकान्त का व्यवहार नहीं किया जबकि जैन धर्म संस्थापकों ने इस अद्वितीय, अपूर्व और विलक्षण "मथनी" का प्रयोग करके ज्ञान महासागर का मंथन करके इस सत्य दृष्टि या रत्न को प्राप्त किया और लोगों के सामने रखा। परन्तु धार्मिक द्वेष, प्रमाद, अहंकार इत्यादि ने लोगों को इस सत्य दृष्टि सुज्ञान, और महान रत्न से वंचित रखा। नतीजा यह हुआ कि सारा संसार (कुछ इने गिने लोगों को छोड़कर) इस परम आवश्यक ज्ञान या जानकारी से परिचित नहीं होने के कारण अधूरे ज्ञान अथवा गलत ज्ञान को लिए हुए भटकता रहा और सारी अव्यवस्थाएँ और गड़बड़ियाँ हर तरह ही हर जगह हर समय होती रहीं। अब तो विज्ञान या तर्क सम्मत सत्य के प्रचार का युग है—और इस ज्ञान बिना सारा बाकी ज्ञान अधूरा होने से मनुष्य का पूरा या स्थायी कल्याण नहीं हो पाता। आवश्यकता यह है कि इस सच्चे ज्ञान का या भगवान् महावीर द्वारा दिए गए इस महान रत्न का परिचय और विस्तार उपयुक्त प्रचार द्वारा संसार और मानवता के कल्याण के लिए ही व्यापकरूप में किया जाय। इसके लिए पुरानी पद्धति में नये विचारों का और तरीकों का उपर्युक्तरूप से समावेश करके उन्हें आजकल के प्रबुद्ध वैज्ञानिक समाज और काल के योग्य बनाया जाय, ताकि सब कोई उसे ठीक, सत्य, तर्कयुक्त, बुद्धिगम्य, यथातथ्य, और वैज्ञानिक समझ एवं पाकर स्वीकार कर सकें; जिससे उन प्रश्नों का हल निकल सकें जिन्हें संसार के वैज्ञानिक अबतक नहीं निकाल पाये हैं और इसीलिए रगड़े झगड़े, युद्ध, रक्तपात इत्यादि होते ही रहते हैं।

जो लोग आत्मा की अवस्थिति में विश्वास नहीं करते उनके लिए भी 'कर्मों' का इस तरह रासायनिक सम्मिश्रण होकर किसी जीवधारी से या मानव से कर्म कराने और फल देने का वैज्ञानिक विचार पूर्णरूप से स्वीकार करना आसान है और उनकी तथा संसार की भलाई और कल्याण का जनक है।

मनुष्य का सब कुछ इन पुद्गल वर्गणाओं द्वारा ही बनता, बिगड़ता या परिवर्तन होता और संचालित होता रहता है। मनुष्य एक योनि से दूसरे योनि में अथवा शरीर छोड़कर मृत्यु होने पर दूसरा शरीर किस जगह, किस तरह, किस रूप का ग्रहण करता है और क्यों इसका मूल कारण कर्माणशरीर का निर्माण ही है, जो सर्वदा बदलता रहता है और मृत्यु समय जैसी उनकी प्रवृत्ति रहती है वैसा ही उनका रूप होकर वह वैसी ही योनि आदि में जन्म लेता है। मनुष्य का उत्थान पतन भी इन पुद्गल वर्गणाओं की रचना या संगठन के ऊपर ही निर्भर करता है। मानव का भाग्य भी इन संचित कर्म पुद्गलों द्वारा ही बनता है, इसीलिए भाग्य को कर्म भी कहते हैं। मानव के पहले किए हुए कर्म उसके अगले भाग्य का निर्माण करते हैं। अनादि काल से लेकर

अबतक एक क्षण पहले किया हुआ कौन सा मानसिक और शारीरिक कर्म कब कैसा भाग्यफल उत्पन्न करेगा, कहना कठिन है। व्यक्ति से समाज, समाज से देश और देशों से संसार बन हुआ है। जैसे व्यक्तियों का पूर्व संचित कर्म ही उसका भाग्य है उसी तरह सारे व्यक्तियों के सम्मिलित भाग्यों या कर्मों का सामूहिक परिणाम (result) जो होता है वही देश के भाग्य की सृष्टि करता है और देशों के संचित कर्म या भाग्य संसार के भाग्य का निर्माण करते हैं। कोई व्यक्ति या कोई देश अकेला नहीं है। सबके कर्मों का अन्तिम परिणाम सबको भोगना पड़ता है। संसार में सुख शान्ति की वृद्धि करने के लिए सारे संसार को एक इकाई या एक बड़ा कुटुम्ब समझ कर सबकी भलाई और प्रेम एवं व्यवस्था द्वारा ही सामूहिक उद्योग करने से कुछ सफलता प्राप्त होने की संभावना हो सकती है। अमेरिका और रूस अथवा दूसरे देश एवं वहाँ के देशवासी व्यक्तिगत स्वार्थ आदि अपना अपना एकदम दूसरे से अलग अलग समझते रहेंगे तो संसार में अशान्ति और दुःख बने ही रहेंगे। सबका स्वार्थ सब दूसरे के स्वार्थ में सन्निहित हैं सम्बन्धित हैं। अपनी उन्नति करने के लिए संसार की उन्नति आवश्यक है। जबतक अपने चारों तरफ का वातावरण शुद्ध नहीं होता; बाहर से आनेवाली वर्गणाओं में शुद्धता नहीं हो सकती और वे आन्तरिक वर्गणाओं से मिलकर सचमुच अशुद्धता उत्पन्न करती ही रहेंगी। इसलिए मनुष्य का अपना कर्म और भाग्य उत्तम हो इसलिए संसार का कर्म और भाग्य उत्तम होना भी परम आवश्यक है। अमेरिका और रूस को भी इन बातों की महत्ता समझकर सारे संसार में युद्ध की विभीषिका बनाये रखने के बजाय शान्ति और प्रेम का वातावरण बना कर अपने देशवासियों का और बाकी सभी लोगों के कल्याण का भी उद्योग इस प्रकार करना चाहिए। दूसरा कोई भी मार्ग स्थायी सुख शान्ति का जनक व्यक्ति, देश या संसार किसी के लिए भी नहीं हो सकता है। केवल भगवान महावीर का बतलाया मार्ग ही स्थायी सुख शान्ति और सच्चे कल्याण का जनक एवं शुद्ध पूर्ण ज्ञान का दाता है। आशा है कि देश, विदेश और संसार के विद्वान् इधर अवश्य ध्यान देंगे।

नोट:—*जैनागम में पुद्गल के २३ भेद बताये हैं—अणुवर्गणा, संख्याताणुवर्गणा, असंख्याताणुवर्गणा, अनन्ताणुवर्गणा, आहारवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, तैजसवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, भाषावर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, मनोवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, कार्माणवर्गणा, ध्रुववर्गणा, सान्तरनिरन्तरवर्गणा, शून्यवर्गणा, प्रत्येक शरीरवर्गणा, ध्रुवशून्यवर्गणा, बादरनिगोदवर्गणा, शून्यवर्गणा, सूक्ष्मनिगोदवर्गणा, नभोवर्गणा और महास्कन्धवर्गणा।*

इन तेईस प्रकार के पुद्गलों में से आहारवर्गणा, तैजसवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा और कार्माणवर्गणा ये पांच प्रकार के पुद्गल ग्राह्य माने गये हैं अर्थात् ये जीव के उपयोग में आते हैं। आहारवर्गणा से शरीर, तैजसवर्गणा से ओज, भाषावर्गणा से वचन प्रवृत्ति, मनोवर्गणा से मन और कार्माणवर्गणा से कर्म का निर्माण होता है।

—संपादक

कुंदाद्रि या कुंदपर्वत

[ले०—श्रीयुत् पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण, मूडबिद्री]

आगुम्बा-शिवमोग्ग रास्ते में आगुम्बा से पाँच मील पर गुड्डेकेरे गाँव है। इस गाँव से साढ़े तीन मील पर कुंदाद्रि की तलहटी है। हाँ, गुड्डेकेरे से तीन ही मील पर कुंदपुर नामक एक स्टेट है। इसके मालिक श्री शंकरप्प गौड एन० जी० हैं। आप बड़े ही मिलनसार, निगर्वी, धर्मश्रद्धालु, सहृदय व्यक्ति हैं। कुंदाद्रि जानेवाले यात्रियों को हर समय हर प्रकार का सौकर्य प्रदान करने के लिये आप कटिबद्ध रहते हैं। वस्तुतः आपकी धर्मश्रद्धा प्रशंसनीय ही नहीं, प्रत्युत अनुकरणीय भी है। तलहटी से पर्वत के मस्तक पर पहुँचने का रास्ता डेढ़ मील का है। पर्वत भूतल से १२०० और समुद्र से ३२०७ फुट ऊँचा है। पर्वत के ऊपर पापविच्छेदन नामक एक छोटा सरोवर है, जिसका पानी आरोग्यप्रद माना जाता है। सुना है कि सरोवर का पानी गंधक-मिश्रित है और इसके पान से अनेक कष्टसाध्य चर्मरोग आसानी से दूर हो जाते हैं।

यहाँ का सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य बड़ा सुन्दर है। यहाँ पर की एक विशेषता यह है कि सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य एक ही स्थान से सुलभता पूर्वक देखा जा सकता है। वह सर्वत्र साध्य नहीं है। प्रातः काल सूर्योदय के पूर्व पहाड़ के ऊपर से देखने से उसके चारों ओर विशाल क्षीरसागर की तरह दीखता है। जनश्रुति है कि आचार्य कुंदकुंद की तपोभूमि होने के कारण ही इस पर्वत का नाम कुंदाद्रि पड़ा है। बल्कि पर्वत के ऊपर जो चरणचिन्ह अंकित है, वह कुंदकुन्द का ही कहा जाता है। इस पर्वत पर एक गुफा भी है जिसमें पूर्व में जैन मुनिगण तपस्या किया करते थे। कुन्दाद्रि के ऊपर एक शिलामय दिगम्बर जैन मंदिर भी है। शालिवाहनशक १०२४ (ई० सन ११०३) सुभानु संवत्सर, चैत्र शु० पूर्णिमा बुधवार के दिन महाराजा तैलपने इसे निर्माण कराया था। मंदिर में तीन खण्ड हैं—गर्भगृह, सुखनासि और मुखमण्टपवा जिनालय सुदृढ़ एवं सुन्दर है। यह मन्दिर होयसलेश्वर मन्दिर हलेबीडु और चैत्रकेशव मंदिर बेलूरु का समकालीन है। हिन्दू-पुराणों के कथनानुसार मुचुकुन्द मुनि को भगवान् श्री कृष्ण ने यहीं पर मोक्ष प्रदान किया था। मंदिर निर्माता महाराजा तैलप सांतरवंशी है। इस वंश के शासकों की राजधानी पोंबुर्च्च थी। यह राजवंश शुद्ध जैन धर्मानुयायी रहा। तैलप का विशेष परिचय यत्र तत्र उपलब्ध यहाँ के अन्यान्य शिलालेखों में पाया जाता है। मालूम होता है कि महाराज तैलप इस कुन्दाद्रि पर भी रहा करता था। बहुत कुछ संभव है कि गुरुतर राज्यकार्यों से थका हुआ महाराज अपनी थकावट को दूर करने के लिए कभी कभी यहाँ पर आया करता था। पहाड़ को

घिरे हुए दुर्गों के कई ध्वंशावशेष आज भी यहाँ पर मौजूद हैं। इसमें कुछ भी संदेह नहीं है कि एक जमाने में यह पर्वत जैन मुनियों की पवित्र तपोभूमि रहा है। स्थान बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक है। यों तो श्रद्धा सुभक्त इस पर्वत के सम्बन्ध में बहुत कुछ कहा करते हैं। परन्तु श्रद्धागम्य उनकी इन सब बातों पर जनता सहसा विश्वास नहीं करेगी।

१६ वीं शताब्दी के कन्नड कवि बाहुबली ने अपने 'नागकुमार चरित' में इस कुन्दाद्रि की बड़ी प्रशंसा की है। बाहुबली का कहना है कि कर्णाटक के भूषणतुल्य इस कुन्दाद्रि ने मानो ज्योतिर्लोक को ही अपने मस्तक पर धारण कर लिया है। कवि यह भी कहता है कि यह पर्वत मुनिगण, भूतवृन्द, क्रूर सर्प, नाना जाति के वन्य मृग एवं वृक्षसमूह से भले प्रकार सुशोभित है। बाहुबली ने खासकर पापविच्छेदन सरोवर की बड़ी तारीफ की है। कवि कहता है कि इसका दर्पणतुल्य निर्मल जल वर्षाकाल में न बढ़ता है और ग्रीष्मकाल में न घटता है। साथ ही साथ इसमें किसी प्रकार के जलचर पैदा नहीं होते। बाहुबली सरोवर के दक्षिण में विराजमान श्री पार्श्वनाथ जिनालय एवं उसके सामने वर्तमान मानस्तम्भ तथा तत्रस्थ ब्रह्मयक्ष की मूर्ति का भी उल्लेख करता है। फिर भी कवि यह नहीं कहता है कि आचार्यप्रवर कुन्दकुन्द की तपस्या के कारण ही इस पर्वत का नाम कुन्दाद्रि पड़ा है। बल्कि कतिपय विद्वानों की स्पष्ट राय है कि कुन्दकुन्द की तपोभूमि तामिल प्रान्त में होनी चाहिये। ऐसी दशा में पुष्ट प्रमाणों के अभाव में कुन्दाद्रि का नाम आचार्य कुन्दकुन्द की तपस्या के कारण ही पड़ा है यों नहीं माना जा सकता। हाँ, इसका कारण खोजना परमावश्यक है।

कुन्दाद्रि की चारों ओर गौड उपनामवाले वैष्णव क्षत्रियों के बहुत से घराने हैं। वे सब पूर्व में शुद्ध जैन धर्मानुयायी थे। इनमें शंकरप्प गौड, नागप्प होडे, तम्मण्ण हेग्डे और श्रीमती काडम्म आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन्हें जैन धर्म में बड़ी श्रद्धा है। हाल ही में पोंबुच्च या हुंबुज के सुयोग्य मठाधीश श्री देवेन्द्रकीर्ति जी ने इस कुन्दाद्रि के जिनालय का जीर्णोद्धार कराया है। इस जीर्णोद्धार कार्य में भी उपर्युक्त शंकरप्प गौड आदि धर्मश्रद्धालु आसपास के भक्तों ने विशेष सहयोग प्रदान किया है। इस मार्ग से जानेवाले प्रकृति प्रेमी यात्रियों को एकबार इस पर्वत का दर्शन अवश्य कर लेना चाहिये। यहाँ का प्राकृतिक दृश्य वस्तुतः दर्शनीय है। पर्वत तो पवित्र है ही। मार्च माह में सम्पन्न इसके प्रतिष्ठा कार्य में मैं भी सम्मिलित रहा। उत्सव धूमधाम से बहुत सुन्दर सम्पन्न हुआ था।

क्या श्रीस्तम्भ केवल श्वेताम्बर तीर्थ है ?

[लेखक—श्रीयुत बा० रामचन्द्र जैन]

पं० नाथूराम जी प्रेमी तथा प्रो० हीरालाल जी ने अपने लेख "हमारे तीर्थ क्षेत्र" की भूमिका लिखते हुए लिखा है कि "फलोधी" "आबू" तथा "स्तम्भ" आदि तीर्थ हैं, जिन्हें दिगम्बर सम्प्रदाय नहीं मानता और न दि० साहित्य में इनका कोई उल्लेख मिलता है।

परन्तु खोज बीन करने पर पता चलता है कि ये बातें ठीक नहीं, क्योंकि इन तीनों ही तीर्थों को श्वे० सम्प्रदाय की तरह ही दिगम्बर सम्प्रदाय बराबर से ही पूजता चला आ रहा है। इसमें फलोधी तथा आबू तो राजस्थान प्रांत के ऐसे हिस्से में स्थित हैं जहाँ श्वे० सम्प्रदाय का जोर ज्यादा है तथा श्री स्तम्भ तो सौराष्ट्र देश में स्थित है जो श्वे० सम्प्रदाय का गढ़ ही है।

जहाँ जैनियों का जोर कम रहा है वहाँ के अनेक तीर्थ वैष्णवों के कब्जे में चले गये हैं। इसके एक नहीं अनेक उदाहरण मिल सकते हैं। तब इसमें आश्चर्य ही क्या; एक ही जाति के दो फिरके एक दूसरे के मन्दिरों पर कब्जा न जमा लेवें। इस काम में हमारे श्वे० भाई बहुत होशियार होते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण धुलेव के दिगम्बर जैन क्षेत्र केशरिया नाथ से भी मिल सकता है। अब हम श्री स्तम्भ क्षेत्र के ऊपर विचार करते हैं तथा आबू और फलोधी के बारे में अगले अङ्क में विचार प्रकट किये जायँगे।

श्री स्तम्भ तीर्थ को श्वे० सम्प्रदाय वाले भगवान पार्श्वनाथ से सम्बद्ध एक अतिशय क्षेत्र मानते हैं। और दि० समाज इस तीर्थ को बिलकुल भूल चुका है। वहाँ के दिगम्बर सम्प्रदाय के मन्दिर या तो श्वे० सम्प्रदाय वालों ने अपनी आम्नाय में परिणत कर दिये हैं अथवा धराशायी हो गये हैं। लेकिन यह बात सिद्ध है कि वहाँ पर भगवान् आदिनाथ का दिगम्बर जैन मन्दिर १८ वीं शदी तक था। तथा १६ वीं शदी में ईडर तथा सूरत गद्दी के भट्टारकों द्वारा वहाँ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा भी हुई थी।

सूरत में खापटिया चकला मुहल्ले के श्री बड़े दि० जैन मन्दिर में पद्मावती की पाषाण की खड्गासन प्रतिमा है, जिस पर इस आशय का एक शिला लेख है:—

सं० १५४४ वर्षे वैशाख सुदी ३ सोमे ॥ श्री मूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कार-गणे भट्टारक श्री विद्यानंदी देवः तत्पट्टे भट्टारकमल्लिभूषणः ॥ श्री स्तम्भ तीर्थे ॥ हुँबड़ ज्ञातीय श्रेष्ठी चांपा भार्या रूपिणी तत्पुत्री आर्जिका रत्न सिरी क्षुल्लिका जिनमती श्री विद्यानंदी दीक्षिता आर्जिका कल्याण सिरी ॥ अग्रोत का हि ज्ञाती साह देवा भार्या नारिगंदे पुत्री जिनमती करापिता प्रणमति श्रीपार्श्वम् ।

इस लेख से साफ साफ मालूम पड़ता है कि श्रीस्तम्भ तीर्थ पर सं० १५४४ में सूरत गद्दी के मूलसंघीय भट्टारक मल्लिभूषण तथा आर्जिका जिनमती तथा कल्याणश्री के उपदेश से अग्रवाल वंशी साह देवा ने इस पद्मावती की प्रतिमा की प्रतिष्ठा कराई थी।

सूरत के उसी मन्दिर में एक चौबीस पट्ट भी है, जिसकी भी प्रतिष्ठा संवत् १५४४ के वैसाख सुदी ३ सोमवार को ईडर के मूलसंघीय भट्टारक श्री भुवन कीर्त्ति के शिष्य भट्टारक ज्ञान भूषण जी द्वारा हुँवड़ वंशी साह रामा ने कराई थी। लेख इस मुताबिक हैः—

सम्वत् १५४४ वर्षे वैसाख सुदी ३ सोमे ॥ श्री मूलसंघे भट्टारक श्री भुवनकीर्त्ति तत्पट्टे भट्टारक श्री ज्ञानभूषण गुरु उपदेशात् हुँवड़ साह रामा भार्या कर्मी सुत कर्णा-भार्या हासी सुत माना एते नित्यं प्रणम्य श्री महावीर जिनम् ॥

यद्यपि इन दोनों प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा भिन्न २ भट्टारकों ने कराई है, परन्तु पहले बहुधा ऐसा होता था। किसी भी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के अवसर पर कई विद्वान् मुनियों तथा भट्टारकों का समागम हो जाता था तथा वे अपने २ भक्त श्रावक को उपदेश तथा उत्साहित करके नयी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा करा देते थे।

करमसद के भट्टारकीय मन्दिर में एक गुटका है, जिसमें सिद्ध आदि १८ भक्तियाँ तथा विविध प्रतिष्ठा विधि आदि हैं। यह गुटका २७९ पत्रों का है। इसे सं० १७४३ चैत्र सुदी १४ रविवार के दिन गोपीपुरा सूरत के भट्टारक सुरेन्द्रकीर्त्ति जी ने अपने खास पढ़ने के लिये श्रीस्तम्भपुर के श्री आदिनाथ भगवान के मन्दिर में लिखवाया था। सूरत से यह गुटका करमसद कैसे गया, इसका कारण यह था कि सं० १७९० में भट्टारक सुरेन्द्र कीर्त्ति जी की मृत्यु के पश्चात् सूरत गद्दी पर बैठने के लिये भट्टारक जी के दो चेलों में झगड़ा हुआ। पीछे बड़े चेले भट्टारक विजयकीर्त्ति जी तो सूरत गद्दी पर बैठे तथा छोटे चेले भट्टारक सकलकीर्त्ति जी करमसद की गद्दी पर बैठे। और शायद उसी समय वह गुटका सूरत से करमसद चला गया। भट्टारक सकलकीर्त्ति जी बड़े विद्वान् तथा मंत्र शास्त्र के ज्ञाता थे। सूरत का नवाब इनका बड़ा भक्त था। इन्हीं भट्टारक जी ने सूरत के श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथ का मन्दिर बनवा कर प्रतिष्ठा करायी थी।

इन सब बातों से पता चलता है कि १८ वीं शदी तक दिगम्बर सम्प्रदाय वाले तथा इनके भट्टारक श्रीस्तम्भतीर्थ की यात्रा के लिये जाया करते थे तथा वहाँ रह कर शास्त्र रचना वगैरह किया करते थे। लेकिन पीछे किस कारण से दिगम्बरियों ने इस क्षेत्र

की वन्दना छोड़ दी, सो अन्धकार में है। लेकिन यह बात अवश्य हुई कि पिछले भट्टारक लोग बड़े शिथिलाचारी हो गये थे तथा अपना समय धार्मिक कार्यों में न व्यतीत करके आमोद प्रमोद में बिताया करते थे। जब गुरुओं का यह हाल रहा तो उनके भक्त श्रावकों का तो पूछना ही क्या? और इस तीर्थ को भूल जाने का एक सबसे बड़ा कारण यही था। मौका पाकर श्वे० सम्प्रदाय वालों ने हमारे मन्दिर आदि पर कब्जा कर लिया।

आशा है कि विद्वान् लोग इस सम्बन्ध में विशेष प्रकाश डालने का प्रयत्न करेंगे। खास कर सौराष्ट्र प्रान्त में रहने वाले विद्वानों को इस क्षेत्र पर जाकर पूरी पूरी खोज बीन करनी चाहिये, जिससे कि इस भूले हुए क्षेत्र का उद्धार हो सके।

प्रमेयरत्नमाला की टीकाएँ

[ले०—श्रीयुत पं० नेमिचन्द्र शास्त्री, ज्योतिषाचार्य आरा

जैन न्यायशास्त्र में प्रमेयरत्नमाला का महत्वपूर्ण स्थान है। आचार्य माणिक्यनन्दी ने 'परीक्षामुखम्' में गागर में सागर भर देने की कहावत चरितार्थ की है। इस सूत्र ग्रन्थ पर अद्यावधि अनेक टीकाएँ लिखी गयी हैं। यशस्वी तार्किक अनन्तवीर्य ने प्रमेयकमलमार्त्तण्ड आदि ग्रन्थों का सार लेकर 'परीक्षामुखम' पर प्रमेयरत्नमाला नामक टीका लिखी है; इस टीका पर श्रवणबेलगोला गद्दी के पट्टाधीशों ने कई टीकाएँ लिखी हैं, जो स्वतन्त्र ग्रन्थ बन गयी हैं। इन समस्त टीकाओं का रचनाकाल १६ वीं शती से १८ वीं शती तक माना गया है।

प्रमेयरत्नमाला में प्रमाण, प्रमेय का विस्तृत विवेचन है। प्रमेयकमलमार्त्तण्ड जैसे गम्भीर ग्रन्थों के अध्ययन के लिए जिनके पास समय और शक्ति नहीं है, वे इस लघुग्रन्थ के अध्ययन से जैन न्याय के तथ्यों को अवगत कर सकते हैं। इस ग्रन्थ में छः उद्देश्य हैं। प्रथम उद्देश्य में प्रमाण का स्वरूप, उसकी निर्दोषता, उत्पत्ति, ज्ञप्ति एवं प्रमाणता प्रभृति का निरूपण अन्यमतों के निराकरणपूर्वक किया गया है। इस रचना की शैली तार्किक है, मीमांसात्मक विवेचनपद्धति द्वारा पूर्वाचार्यों के सिद्धान्तों का समर्थन किया है। जैन न्याय के व्यवस्थापक आचार्य अकलंकदेव द्वारा प्रतिपादित स्वार्थव्यवसायात्मक ज्ञान को ही प्रमाण सिद्ध किया है। यह ज्ञान प्रदीप की तरह स्वपर प्रकाशक है, अपने आप प्रत्यक्षरूप से भासित होता है और अन्य घटपटादि पदार्थों को प्रतिभासित करता है।

दूसरे परिच्छेद में प्रमाणों का वर्गीकरण किया गया है। मूलतः प्रमाण के दो भेद हैं—प्रत्यक्ष और परोक्ष। प्रत्यक्षज्ञान इन्द्रिय निरपेक्ष विशिष्ट आत्म शक्ति से उत्पन्न होता है और परोक्षज्ञान ज्ञानावरणीयकर्म के क्षयोपशम होने पर विषयेन्द्रिय सन्निपात से। यों तो आत्मशक्ति दोनों ही प्रकार के ज्ञानों की उत्पत्ति में सहायक है, पर परोक्ष में इन्द्रियों की सहायता अपेक्षित है और प्रत्यक्ष में नहीं। आचार्य अनन्तवीर्य ने इस द्वितीय परिच्छेद में "प्रत्यक्षेतरभेदात्" सूत्र की व्याख्या में प्रत्यक्षैक प्रमाणवादी चार्वाक के प्रति अनुमान की सिद्धि प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणवादी बौद्ध के प्रति प्रत्यभिज्ञान की सिद्धि; तीन प्रमाणवादी सांख्य के प्रति तर्क की सिद्धि एवं दो प्रमाणवादी वैशेषिक, चार प्रमाणवादी नैयायिक और छः प्रमाणवादी मीमांसक के प्रति स्मृति तथा प्रत्यभिज्ञान की सिद्धि कर प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाणों की स्थापना की है।

विशदज्ञान को प्रत्यक्ष कहा है। प्रत्यक्ष के सांव्यवहारिक और पारमार्थिक ये दो भेद हैं। इन्द्रिय और मन के निमित्त से जो एक देश विशदज्ञान होता है, उसे सांव्यवहारिक[1] और

---

[1] समीचीनः प्रवृत्तिनिवृत्ति रूपो व्यवहारः तत्र भवं सांव्यावहारिकम्। भूयः किंभूतमिन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तम्। इन्द्रियं चक्षुरादिः, अनिन्द्रियं मनः ते निमित्तं कारणं यस्य।

इन्द्रियों के साहाय्य बिना केवल आत्मा से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसे पारमार्थिक या मुख्य प्रत्यक्ष माना है। सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष के अन्तर्गत मतिज्ञान के अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार भेद हैं। अवग्रह के दो भेद हैं—व्यञ्जनावग्रह और अर्थावग्रह। व्यञ्जनावग्रह चक्षु और मन से नहीं होता; अतः व्यञ्जनावग्रह की उत्पत्ति स्पर्शन, रसना, घ्राण और श्रोत्र इन चार इन्द्रियों से होती है। व्यञ्जनावग्रह जहाँ होता है, वहाँ ईहादि अन्य तीन ज्ञान उत्पन्न नहीं होते। प्रत्येक इन्द्रियज्ञान बहु, अबहु, बहुविध, एकविध, क्षिप्र, अक्षिप्र, अनिसृत, निसृत, उक्त, अनुक्त, ध्रुव और अध्रुव इन बारह प्रकार के विषयों को ग्रहण करता है, अतः व्यञ्जनावग्रह के कुल ४८ भेद हुए। अर्थावग्रह के साथ ईहादि ज्ञान होते हैं, अतः इनके ४ × ६ × १२ = २८८ भेद हुए। समस्त मतिज्ञान के २८८ + ४८ = ३३६ भेद हुए। इस परिच्छेद में ज्ञान मीमांसा के साथ तादात्म्य, तदुत्पत्ति और तदध्यवसाय का निराकरण कर योग्यता—क्षयोपशम शक्ति को ही ज्ञान व्यवस्था में कारण माना है।

इस परिच्छेद के अन्तिमसूत्र में सर्वज्ञसिद्धि, ईश्वरसृष्टिकर्तृत्वनिराकरण तथा ब्रह्माद्वैत का निराकरण पुष्ट प्रमाण और तर्कों के आधार पर किया गया है।

तृतीय परिच्छेद में परोक्षज्ञान के भेद—स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम की परिभाषाएँ परमत निराकरण पूर्वक दी गयी हैं। हेतु की व्यवस्था बतलाते हुए त्रैरूप्य—पक्षधर्मत्व, सपक्षसत्व और विपक्ष से व्यावृत्तित्व तथा नैयायिकाभिमत पञ्चरूप्य का खण्डन किया गया है। स्वार्थानुमान, परार्थानुमान के लक्षणों के पश्चात् उपलब्धि और अनुपलब्धिरूप हेतुओं के भेद प्रभेदों का सविस्तार वर्णन है। अन्त में आगम का लक्षण निर्धारित करते हुए वेद के अपौरुषेयत्व और शब्द के नित्यत्व की सुन्दर विवेचना की है। यह प्रकरण दार्शनिकों के लिए मनोरञ्जक और ज्ञानवर्द्धक है। इसी प्रकरण में बौद्धाभिमत अन्यापोह का भी खण्डन किया है।

चतुर्थपरिच्छेद के आरम्भ में सामान्यविशेषात्मक पदार्थ को सिद्ध करते हुए बौद्धाभिमत निरपेक्षविशेष, और सांख्याभिमत निरपेक्ष सामान्य का अनेक तर्क और युक्तियों द्वारा खण्डन किया है। इस प्रकरण में सांख्याभिमत सृष्टि के आरम्भ और प्रलय की प्रक्रिया का दिग्दर्शन भी कराया गया है। इसी सूत्र की व्याख्या में समस्त वस्तुओं को अनेकान्तात्मक सिद्ध करते हुए अनेकान्तात्मक वस्तुव्यवस्था में पर प्रदत्त विरोध, वैयधिकरण्य, अनवस्था, संकर, व्यतिकर, संशय, अप्रतिपत्ति और अभाव इन आठ दोषों का परिहार कर वास्तविक वस्तु व्यवस्था सिद्ध की है। सामान्य के तिर्यक् और ऊर्ध्व एवं विशेष के पर्याय और व्यतिरेक भेदों का लक्षण

व्यस्तं च कारणमभ्युपगन्तव्यम्। इन्द्रियप्राधान्यादनिन्द्रियबलाधानादुपजातमिन्द्रियप्रत्यक्षम्, अनिन्द्रियादेव विशुद्धिसव्यपेक्षादुपजायमानमनिन्द्रियप्रत्यक्षम्— प्रमेयरत्नमाला पृ० ४४

सहित विवेचन किया है। इस अनेकान्त दृष्टि द्वारा एकान्तों की पारस्परिक वादलीला का अन्त आचार्य ने बड़े सुन्दर ढंग से किया है। समस्त विरोधों का समाधान एवं पूरे सत्य का दर्शन अनेकान्तवाद की भूमिका पर ही संभव है। यद्यपि यह विचारसरणी अनन्तवीर्य की नयी नहीं है, आचार्य अकलंक, समन्तभद्र और प्रभाचन्द्र जैसे तार्किकों का अनुकरणमात्र है, तो भी थोड़े में तथ्यांश का दर्शन करा देना ही इनकी मौलिकता है।

पाँचवें परिच्छेद में प्रमाण का फल और उसके भिन्नाभिन्नत्व का विश्लेषण किया है। छटवें परिच्छेद में प्रमाणाभास, हेत्वाभास, नय, नयाभास आदि का विवेचन है। हेत्वाभास संख्याविषयक जो अनेक परम्पराएँ प्रचलित हैं, उन सबकी मीमान्सा इस प्रकरण में मुख्यरूप से की गयी है। इसी परिच्छेद में आत्मा का व्यापकत्व और अणुपरिमाणाधिकरणत्व का भी खण्डन कर शरीर प्रमाण आत्मा को सिद्ध किया है।

टीकाएँ:—प्रमेयरत्नमाला की अबतक छः-सात टीकाएँ उपलब्ध हैं। इनमें निम्न टीकाएँ विशेष महत्वपूर्ण हैं। इनमें विषयनिरूपण स्वतन्त्ररूप से किया है तथा दार्शनिक तथ्यों की मीमान्सा प्रमेयरत्नमाला के क्षेत्र में रहकर भी सुस्पष्ट और विस्तृतरूप से की है। (१) अर्थ-प्रकाशिका (२) न्यायमणिदीपिका (३) प्रमेयकण्ठिका (४) प्रमेयरत्नमालालंकार (५) प्रमेयविवृत्ति और (६) प्रमेयरत्नमालालघुवृत्ति।

अर्थप्रकाशिका:—इस टीका के रचयिता पंडिताचार्य चारुकीर्ति हैं। यह श्रवणबेलगोला के पट्टाधीशों का उपाधि नाम रहा है। अतः निश्चित प्रमाण के अभाव में इस टीका का समय निर्धारण करना कठिन है। परन्तु इस टीका में सम्बन्धादित्रय का विवेचन करते हुए स्वयं ग्रन्थकर्ता ने लिखा है—

"लभ्यते एव विषयत्वं नाम शास्त्रजन्यबोधविषयत्वमिति। अत्र वक्तव्यांशः न्यायमणिदीपिकाप्रकाशे एतत्सूत्रव्याख्यायां च विस्तरेणास्माभिरभिहितो वेदितव्यः"[१]। इससे स्पष्ट है कि न्यायमणिदीपिका टीका भी इन्हीं पण्डिताचार्य की है। A Descriptive Catalogue of the Sanskrit Manuscripts in the Government Oriental Manuscripts Library, Madras में न्यायमणिदीपिका की प्रशस्ति देते हुए संपादक ने लिखा है—

"The transcription of this manuscript is said to have been completed by Janardan-Vijaya of Vasistha gotra and pupil of Carukirti Panditacarya on monday the 1st of the bright half of the month Ā rani in the year Plave in the Salivahana year 1763"[२]

१ अर्थप्रकाशिका ९ वें पृष्ठ का पूर्वार्ध

२ DCSM पृष्ठ ३९७६

अर्थात् इस टीका को शक संवत् १७६३ में वैशाख शुक्ला प्रतिपदा सोमवार को प्लव नामक संवत् में पंडिताचार्य चारुकीर्त्ति के शिष्य वशिष्ठगोत्रीय जनार्दन विजय ने पूर्ण किया। इससे स्पष्ट है कि न्यायमणिदीपिका का आरम्भ भी पंडिताचार्य चारुकीर्त्ति ने ही किया था, पर वे किसी कारण से इसकी समाप्ति नहीं कर सके, अतः इसे उनके शिष्य जनार्दन विजय ने समाप्त किया। अर्थप्रकाशिका में भी स्वयं ग्रन्थकर्त्ता ने न्यायमणिदीपिका की बात ऊपर कही है, अतएव उक्त टीका का रचनाकाल शक संवत् की १८ वीं शती है। मालूम होता है कि न्यायमणिदीपिका अर्थप्रकाशिका से पहले लिखी गयी थी, पर समाप्ति उसकी पीछे हुई।

शैली और भाषा—अर्थप्रकाशिका टीका की शैली में जहाँ-तहाँ नव्यन्याय पद्धत्ति का आश्रय लिया गया है। यथा—"अनुवादो नाम अत्र न निष्ठप्रकारताशालिबोधजनकशब्दप्रयोगः"[1]। "प्रतिज्ञा हि स्वकर्त्तव्यत्वप्रकारकबोधजनकशब्दप्रयोगरूपा। यथा मया इदं क्रियते इति प्रतिज्ञायां निरुक्तलक्षणं वर्तते। एवं वक्तृपुरुषः तत्कर्त्तव्यत्वं कर्तृविषयत्वं तत्प्रकारको यो बोधः मया क्रियते इति वाक्यजन्यमन्निष्ठकृतिविषयाभिन्नमिदमित्याकारको बोधः। तादृशबोधे हि स्वकर्त्तव्यत्वं हि प्रकारः"[2]। विषय का स्पष्टीकरण इतने अच्छे ढंग से किया है, जिससे मूल विषय को समझने में बड़ी सरलता होती है। बीच-बीच में पूर्वपक्षों को स्पष्ट करने के लिए मीमान्साश्लोकवार्त्तिक, सांख्यकारिका, न्यायसूत्र, छान्दोग्योपनिषद्, प्रमाणसंग्रह प्रभृति ग्रन्थों के उद्धरण भी दिये हैं। निरूपण शैली एक अध्यापक के पाठन के तुल्य है। विषय का प्रवेश हृदय में सीधे और तीक्ष्णरूप से होता है। उदाहरणार्थ—'प्रदीपवत्' सूत्र की व्याख्या उद्धृत की जाती है। पाठक देखेंगे कि टीकाकार ने अपने शब्दों में एक सुयोग्य व्युत्पन्न अध्यापक के समान विषय का स्पष्टीकरण किया है। पाठकों की सारी कठिनाइयाँ, जो प्रमेयरत्नमाला के अध्ययन में उत्पन्न होती थीं, दूर हो जाती हैं।

"यथा प्रदीपस्य प्रत्यक्षतां विना तत्प्रतिभासितस्यार्थस्य प्रत्यक्षता न घटते, तद्वत् ज्ञानस्य प्रत्यक्षतां विज्ञानविषयीभूतार्थस्य प्रत्यक्षता न घटत इति भावः। अत्र स्वव्यवसायात्मकत्वसमर्थकप्रकरणोपसंहारे प्रदीपदृष्टान्तं वदतो आचार्यस्यायमाशयो लभ्यते। ज्ञानं स्वतः प्रकाशकत्वाभाववत् प्रमेयत्वात्, घटादिवदिति नैयायिकाः। तदसत् तदीयपक्षस्य प्रत्यक्षानुमानबाधितत्त्वात्। तथा च प्रयोगः ज्ञानं स्वविषयीकरणे स्वभिन्नस्वसजातीयपदार्थान्तरानपेक्षं प्रत्यक्षविषयीभूतपदार्थसमवेतगुणत्वे सति अदृष्टरूपसहकारिविशिष्टकारणत्वात्। प्रदीपनिष्ठभासुराकारवत्, यथा प्रदीपनिष्ठभासुराकारः प्रत्यक्षविषयीभूतो योऽर्थः प्रदीपादिरूपः तद्गुणोऽपि भवति। अदृष्टरूपसहकारिविशिष्टकरणमपि भवतीति कृत्वा स्वावभासने स्वसजातीयपदार्थान्तरं स्वभिन्नदीपादिकं नापेक्षते। तद्वत्

१ पृ० १३

२ ह० पु० पृ० ३ उ. ४ पं०

ज्ञानमपि प्रत्यक्षविषयीभूतो योऽर्थः तद्गुणोऽपि भवति, अदृष्टानुयायिकरणं च भवति। स्वावभासने स्वातिरिक्त स्वसजातीयार्थान्तरंनापेक्षते इति"[1]।

इस उद्धरण से स्पष्ट है कि शैली आशुबोधगम्य है। जिज्ञासु थोड़े श्रम से ही प्रमेयरत्नमाला के हृदय को अवगत कर सकता है। इसके अतिरिक्त व्याख्या में अलंकारों और ध्वन्यर्थों का भी प्रयोग किया है, जिससे शैली में सरसता आ गयी है। आरम्भ में मंगलाचरण के श्लोकों की व्याख्या करते हुए "नतामरेति अस्मिन् श्लोके वृत्यनुप्रासशब्दालंकारः। रेफादिवर्णानामावृत्तेः। एकद्वयादिवर्णानामावृत्तौ वृत्यनुप्रासस्य अभिहितत्वात्[2]। तदुक्तं—एकद्विप्रमुखा वर्णाः व्यवधानेन यत्र वै आवर्तन्ते तदा तत्र वृत्यनुप्रास इष्यते "इतिपदार्थ हेतुकं काव्यलिंगमर्थालंकारः। हेतोवाक्यपदार्थत्वेकाव्यलिङ्गमुदाहृतम् इति लक्षणात्। अकलंकेति—अत्र रूपकालंकारः। वचसि अम्भोधित्वस्य-रूपणात्, उपमानोपमेययोरभेदकथनं हि रूपकम्"[3]।

भाषा सरल और प्रवाह युक्त है। न्याय जैसे कठिन विषय को सरल संस्कृत में समझाने का आयास प्रशंसनीय है। समस्यन्त प्रयोगों का प्रायः अभाव है। टीकाकार ने विषय को बलपूर्वक लादने का प्रयास नहीं किया है, बल्कि सुगमरीति से पाठकों के अन्तःकरण में प्रविष्ट कराने की चेष्टा की है। जैसा प्रायः देखा जाता है कि कतिपय टीकाकार विषय को इतना उलझा देते हैं कि मूल ग्रन्थ समझ में आजाय, पर टीका नहीं आती। परन्तु इस अपवाद से यह टीका रहित है। प्रत्येक कठिन विषय को स्पष्ट किया गया है। प्रसादगुण युक्त भाषा शैली पाठकों का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है।

विषय विवेचन—यों तो प्रमेयरत्नमाला में निरूपित विषयों की विवेचना ही इसमें की गयी है तथा उन्हीं विषयों का स्पष्टीकरण है, परन्तु तो भी इसमें कतिपय नवीन बातों का समावेश टीकाकार ने किया है। इस टीका में स्वतन्त्ररूप से उपन्यस्त विषयों में शून्याद्वैत, तत्त्वोपप्लव, प्रमाणसम्प्लव, हेत्वाभासों का विस्तृत विवेचन प्रभृति हैं। जिन सूत्रों की व्याख्या प्रमेयरत्नमालाकार ने संक्षेप और अस्पष्टरूप से की है, उन सूत्रों की व्याख्या इस टीका में स्पष्ट और विस्तृत है। प्रमेयरत्नमाला में अन्यापोह का विषय कुछ क्लिष्ट है जिससे सर्वसाधारण उसे हृदयंगम नहीं कर पाते; परन्तु इस टीका में इस विषय को इतने सरल और सीधे ढंग से रखा है, जिससे एक साधारण न्याय का विद्यार्थी भी इसे समझ सकता है। यद्यपि विषय निरूपण में जहाँ तहाँ नव्यन्याय पद्धत्ति को अपनाया है, तो भी विषय को दुरूह नहीं होने दिया है। अनेकान्तात्मक वस्तु की सिद्धि में नवीन अनुमानों का भी प्रयोग किया है तथा विस्तारपूर्वक उदाहरण देकर इस

१ ड० पु० पृ० १८, २९
२ ड० पु० पृ० १
३ ड० पु० पृ० २

विषय को समझाया है। अन्यमतावलम्बियों ने जो अनेकान्त में आठ दूषण दिये हैं, उनका निराकरण भी बड़ी दृढ़ता और प्रौढ़ता के साथ किया है। उत्पाद-विनाश-ध्रौव्यात्मक वस्तु की साधना कर ईश्वर के नित्यज्ञान का निराकरण किया है तथा सिद्ध किया है कि समस्त वस्तुओं की वास्तविक स्थिति त्रयात्मक दृष्टि से देखने पर ही अवगत हो सकती है। संसार में प्रतिक्षण जो परिवर्तन हो रहे हैं, उनका मूल कारण वस्तु स्वभाव है। द्रव्यदृष्टि से वस्तु नित्य है और पर्यायदृष्टि से अनित्य।

ग्रन्थ परिमाण—इस टीका में कुल २४६ पृष्ठ हैं, प्रतिपृष्ठ ११ पंक्तियाँ और प्रतिपंक्ति १८ अक्षर हैं। पृष्ठ की लम्बाई ८॥ इंच और चौड़ाई ६॥। इंच है। इस टीका की अन्तिम प्रशस्ति निम्न प्रकार है।

"स्वस्तिश्रीमत्सुरासुरवृन्दवन्दितपादपाथोजश्रीमन्नेमीश्वरसमुत्पत्तिपवित्रीकृतगौतमगोत्रसमुद्भूतार्हतद्विजश्रीब्रह्मसूरिशास्त्रितनुजश्रीमद्दोर्बलिजिनदासशास्त्रिणामन्तेवासिना मेरुगिरिगोत्रोत्पन्न वि० विजयचन्द्राभिधेन जैनक्षत्रियेण लेखीति। भद्रं भूयात्। श्री श्री० श्री० श्री०"

न्याय मणिदीपिका—इस टीका के रचयिता पंडिताचार्य चारुकीर्तिजी ही हैं; इसका उल्लेख अर्थप्रकाशिका में स्वयं ही आचार्य ने किया है। यद्यपि प्रशस्तिसंग्रह में श्री पं० के० भुजबली शास्त्री ने इसके रचयिता का नाम अजितसेनाचार्य ने लिखा[1] है, और अपने इस कथन का समर्थन Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts in the Central Provinces and Berar by R. B. Hiralal B. B. (Appendices) से किया है। पर इस कथन में कोई सबल युक्ति नहीं है; अतः पूर्वोक्त प्रमाणों के आधार पर इसके आरम्भ करनेवाले पंडिताचार्य चारुकीर्ति और समाप्ति करनेवाले उनके शिष्य जनार्दन विजय हैं। इस टीका की समाप्ति शक संवत् १७६३ में हुई है।

शैली और भाषा—इस टीका की शैली समस्यन्त है तथा प्रौढ़ गद्यात्मक है। रचयिता ने भाषा सम्बन्धी पाण्डित्य का प्रदर्शन सर्वत्र किया है। विषय निरूपण की अपेक्षा श्रेष्ठ गद्यशैली में उलझाने का आयास अधिक है। आरम्भ में ही संस्कृत की छटा दिखलाते हुए कहा है—

"इह हि खलु सकलकलङ्कविकलकेवलावलोकनविमललोचनलोकितलोकपरमगुरुवीरजिनेश्वररुचिरमुखसरसीरुहसमुत्पन्नसरस्वतीसरसानवरतस्मरणावलोकनसल्लापदत्तचित्तवृत्तिः सकलराजाधिराज परमेश्वरस्य हिमशीतलस्य महाराजस्य महास्थानमध्ये निष्ठुरकष्टवादसौष्ठवदुष्टसौगतान् चटुलघटवादिपटिष्ठतयातारादेवताधिष्ठितदुर्घटघटवादविजयेन विघट्य तेन राज्ञा सभ्यैस्सभासदैश्च परिप्राप्तजयप्रशस्तिः सकलतार्किकचूडामणिमरीचिमेचकितरुचिररुचिचकचकायमानचरणनखरो

१ प्रशस्ति संग्रह—जैन-सिद्धान्त-भवन आरा, पृ० १—२

भगवान् महाकलङ्कदेवो विश्वविद्वन्मण्डलहृदयाह्लादियुक्तिशास्त्रेण जगत्सद्धर्मप्रभावमबबूत्तमाम् ।"

इस उद्धरण से स्पष्ट है कि इस टीका में पूर्णतया पाण्डित्य प्रदर्शित किया है। विवेचन करते हुए बीच-बीच में प्रश्नोत्तर शैली का भी आलम्बन लिया गया है। परिभाषाओं का स्पष्टीकरण भी उलझे हुए ढंग से किया है। शब्दजाल इतना अधिक है, जिससे वास्तविक विषय छिप-सा गया है। अर्थप्रकाशिका की शैली से इसकी शैली बिलकुल भिन्न है। यद्यपि अलंकार ध्वन्यर्थों का प्रयोग दोनों में समानरूप से हुआ है। आलंकारिक पाण्डित्य दिखलाते हुए लिखा है—"परीक्षामुखमादर्शमितिरूपकालंकारेणालंकृतत्वात्तमलङ्कारं तदेवं रूपयतीत्येननाभिव्यज्य उपमैव तिरोभूतभेदारूपकमिष्यत इति रूपकालङ्कारलक्षणसद्भावस्तदलङ्कारतिरोहितामुपमां दर्शयति"[१] ।

भाषा प्रौढ़ और परिमार्जित है। न्यायशास्त्र में भी काव्यशास्त्र का आनन्द प्राप्त होता है। कई स्थानों पर तो गद्य में उत्प्रेक्षा, उपमा, रूपक और काव्यलिंग अलंकारों की झड़ी लगा दी है। ऐसा मालूम होता है कि टीकाकार यह भूल ही गया है कि उसे प्रमेयरत्नमाला का स्पष्टीकरण करना है, अतः अनेक स्थानों पर व्यर्थ के पाण्डित्य प्रदर्शन में समय लगाया है।

विषय विवेचन—विषय विवेचन की दृष्टि से दो चार स्थलों पर विशेषता पायी जाती है। इस पीनकाय पुस्तक में प्रमाण और प्रामाण्य, उत्पत्ति और ज्ञप्ति, अर्थापत्ति और अनुमान, उपमान और प्रत्यभिज्ञान, आदि के अन्तरों का अच्छा स्पष्टीकरण किया है। विषयों के विश्लेषण के लिए जैनागम के प्रमाण स्थान-स्थान पर उद्धृत किये गये हैं। बन्ध व्यवस्था का निरूपण करते हुए बताया है—"जहण वज्जे इत्युक्तत्वात् तेनैकगुणस्य स्निग्धस्यरूक्षस्य वाणोः परेण स्निग्धरूक्षेण वैकगुणेन द्वित्रिसंखेयासंखेयानन्तगुणेन वाणुना बन्धो नास्ति । तथा द्वयादिभिरपि परमाणुभिर्द्वयादि गुणैरेकगुणैश्च न बन्धः । ततो जघन्यवर्जानामिवमेवद्विगुणादिकानामेवतुल्यजातीयानां चेति बन्धः । तद्यथा द्विगुणस्निग्धस्यपरमाणोरेकगुणस्निग्धेन द्वित्रिगुणस्निग्धेन वा नास्ति सम्बन्धः । चतुर्गुणस्निग्धेनत्वस्ति सम्बन्धः । तस्यैव पुनर्द्विगुणस्निग्धस्य पंचगुणस्निग्धेन षट्सप्ताष्टसंखेयासंखेयानन्तगुणस्निग्धेन च बन्धो नास्ति । एवं त्रिगुणस्निग्धस्य पञ्चगुणस्निग्धेन बन्धोऽस्ति शेषैः पूर्वोत्तरैर्न भवति"[२] । आदि—

इससे स्पष्ट है कि प्रत्येक विषय को पर्याप्त विस्तार दिया गया है। परमतों का निराकरण भी दृढ़ता और पुष्ट तर्कों से किया है।

परिमाण—इस ग्रन्थ में ३३० पत्र हैं, प्रतिपत्र एक ओर १० पंक्तियाँ हैं और प्रतिपंक्ति २८ अक्षर हैं।

---

१ न्यायमणिदीपिका पत्र ११९—२३०

२ न्यायमणिदीपिका पत्र २११

प्रमेयरत्नमालालंकार—इस टीका के रचयिता पण्डिताचार्य चारुकीर्त्ति हैं। यह रचना अर्थप्रकाशिका टीका की पूर्ववर्त्ती मालूम होती है। अनुमानतः शक संवत् १७ वीं शती में इसका प्रणयन हुआ है।

इस टीका की शैली नव्यन्याय पद्धति पर है। अवच्छेदक, अवच्छिन्न, तन्निष्ठता आदि शब्दों का प्रयोग स्थल-स्थल पर हुआ है। शैली स्वच्छ, प्रौढ़ और परिमार्जित है। नव्यन्याय पद्धत्ति पर ब्रह्माद्वैतवादी का पूर्वपक्ष स्थापित करते हुए लिखा है—"ब्रह्माद्वैतवादिनस्तु—सत्तारूपं ब्रह्मैव सर्वसाक्षात्कारि सर्वावच्छिन्न चैतन्याभिन्नत्वात्। चैतन्यस्य घटादिसाक्षात्कारित्वं हि घटावच्छिन्न चैतन्याभेद एव घटसाक्षात्कारकाले इन्द्रियद्वारा अन्तःकरणवृत्तेर्घटादिविषयदेशतमनेन घटावच्छिन्न चैतन्यस्य रूपान्तःकरणावच्छिन्नचैतन्येनाभेदोत्पत्तेः एकदेशस्थयोपाध्योः भेदकत्वायोगात् गृहावच्छिन्नाकाशे घटावच्छिन्नाकाशे घटावच्छिन्नाकाशभेदवत्। मायावच्छिन्नचैतन्ये घटावच्छिन्न-चैतन्याभिरूपं सर्वसाक्षात्कारित्वं च घटस्सन् पटस्सन् इत्यादि प्रत्यक्षेण गृह्यते"[1]।

इससे स्पष्ट है कि इस टीका में नव्यन्याय की शैली पर विषय विवेचन किया गया है। विषय का स्पष्टीकरण जितना भी संभव हुआ है, किया है।

विषय प्रमेयरत्नमाला का ही है, उसीमें थोड़ा विस्तार किया गया है।

परिमाण—इस पुस्तक में कुल ३७६ पत्र हैं, प्रतिपत्र एक ओर ११ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति १७-१८ अक्षर हैं।

प्रमेयकण्ठिका—इस टीका के रचयिता शान्तिवर्णी हैं। इसका रचनाकाल १६-१७ वीं शती के मध्य का है। ग्रन्थ की रचनाशैली से प्रतीत होता है कि यह प्रमेयरत्नमाला पर आरम्भिक टीका है। यद्यपि विषय का स्पष्टीकरण पूर्णरूप से नहीं हो पाया है, तो भी प्रकरणों के स्पष्टीकरण का आयास प्रशंसनीय है। रचयिता के सम्बन्ध में इस टीका से कुछ भी पता नहीं चलता है।

शैली और भाषा—इस टीका की भाषा सरल है। शैली परिष्कृत और स्वच्छ है। विषय को समझाने का प्रयास भी किया गया है। रचयिता ने स्वयं ही अपनी टीका की प्रशंसा करते हुए लिखा है—

> प्रमेयकण्ठिका जीयात्प्रसिद्धानेकसद्गुणा।
> लसन्मार्त्तण्डसाम्राज्ययौवराज्यस्यकण्ठिका ॥
> सनिष्कलङ्कां जनयन्तु तर्कं वा बाधितर्को मम तर्करत्ने।
> केनानिशं ब्रह्मकृतः कलङ्कारचन्द्रस्य किं भूषणकारणं न ॥

इससे स्पष्ट है कि इनकी टीका में तर्क, युक्तियाँ और प्रमाणों की बहुलता है। शैली में प्रवाह और प्रसाद दोनों गुण है।

---

1 प्रमेयरत्नमालालंकार पत्र १३९

प्रमेयरत्नमाला में आगत विषयों का स्पष्टीकरण ही इस टीका में किया गया है। टीकाकार ने अपनी ओर से नवीन विषयों को उठाने का प्रयास नहीं किया है।

परिमाण—इसमें कुल ३८ पत्र हैं, प्रत्येक पत्र ८॥"×७" है।

प्रमेयरत्नमाला लघुवृत्ति[1] —इस टीका के रचयिता के सम्बन्ध में कुछ भी ज्ञात नहीं है। पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इस टीका का रचनाकाल १७ वीं शती है।

शैली, भाषा और विषय निरूपण की दृष्टि से भी इस टीका में नवीनता बहुत कम अंशों में दिखलायी पड़ती है। प्रमेयरत्नमाला में आये हुए कठिन पदों का विश्लेषण भर कर दिया है। शैली स्वतन्त्र भाष्य या विवेचन की नहीं हैं, किन्तु टिप्पणात्मक है। पाठक जिन कठिन पदों को यथार्थरूप से हृदयंगम नहीं कर पाते हैं, उन पदों का स्पष्टीकरण किया है। नयी बातें इस टीका में नहीं मिलेगीं।

ग्रन्थ समाप्त करते हुए परीक्षामुखसूत्र और प्रमेयरत्नमाला के रचना के कारणों पर प्रकाश डाला गया है।

श्रीमान् वैजयनामाभूदग्रणीगुणशालिनाम्।
बदरीबालवंशालीव्योम्निद्युमणिरूर्जित ॥
तदीयपत्नी भुवि विश्रुतासीन्नाणाम्बनामा गुणशीलधामा।
यां रेवतीति प्रथिताम्बिकेति प्रभावतीति प्रवदन्ति सन्तः ॥
तस्मादभूद्विश्वजनीनवृत्तिर्दानाम्बुवाहो भुवि हीरपाख्यः।
स्वगोत्रविस्तारनभोंऽशुमाली सम्यक्त्वरत्नाभरणार्चिताङ्गः ॥
तस्योपरोधवशतो विशदोरुकीर्तेर्माणिक्यनन्दिकृतशास्त्रमगाधबोधम्।
स्पष्टीकृतं कतिपयैर्वचनैरुदारैर्बालप्रबोधकरमेतदनन्तवीर्यैः ॥

टीकाकार ने स्वयं अपने सम्बन्ध में इतना ही लिखा है कि आचार्य अकलंक देव के वचनों का सारांश लेकर मैं विवृत्ति लिखता हूँ। ग्रन्थ में सूत्रों का व्याख्यान भी प्रमेयरत्नमाला के समान ही किया है। यद्यपि भाषा शैली में अन्तर है तथा टीकाकार ने सूत्रार्थ को कुछ विस्तृत कर देने की चेष्टा की है। जिन सूत्रों का विशेषार्थ प्रमेयरत्नमालाकार ने नहीं लिखा है, उन सूत्रों का अर्थ इसमें भी छोड़ दिया गया है।

इन समस्त टीकाओं में अर्थ प्रकाशिका, न्यायमणिदीपिका और प्रमेयरत्नमालालंकार तो शीघ्र प्रकाशित करने योग्य हैं। इन तीनों टीकाओं से जैन न्याय शास्त्र के जिज्ञासुओं को विशेष लाभ होगा। अच्छा हो कि तुलनात्मक टिप्पण देते हुए प्रमेयरत्नमाला का एक सुन्दर संस्करण निकाला जाय। प्रकाशक संस्थाओं को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

---

[1] देखें—A Descriptive Catalogue of the Sanskrit Manuscripts in the Government Oriental Manuscripts Library, Madras, PP. 3975

गायत्री मन्त्र का जैन व्याख्यान

वैदिक दर्शन एवं धर्म में गायत्री मन्त्र को अत्यधिक प्रधानता दी गयी है। जो द्विज तीनों सन्ध्याओं में इस मन्त्र का जप नहीं करता है, वह पतित माना जाता है। ऋक् ३।६२।१०, साम २।६।३।१०।१ और वाजसेनय ३, ३५।२२।९ में यह मन्त्र आया है। छान्दोग्योपनिषद् ३।१२।१ में गायत्री की उपासना को सर्वश्रेष्ठ बतलाया गया है। ऋक् ३।६२।१० तथा साम ६।१०।१ के भाष्यानुसार इस मन्त्र का अर्थ निम्न प्रकार है—

"जो सविता हमारी धी शक्ति को प्रेरणा करते हैं, हमें उन्हीं सविता देव के प्रसाद से प्रशंसनीय अन्नादिरूप फल मिलते हैं।" वाजसनेय संहिता ३।३५ महीधरभाष्य के अनुसार इस मन्त्र का अर्थ निम्न है—

द्योतमानप्रेरक, अन्तर्यामी, विज्ञानानन्दस्वभाव, हिरण्यगर्भ या आदित्यरूप उपाधिधारी ब्रह्म के प्रार्थनीय; पाप तथा संसारबन्धननाशक तेज की चिन्ता करते हैं। वह सविता हमारी बुद्धि—सत्कर्मानुष्ठान को प्रेरणा करते हैं।

जो सवितृदेव हमें कर्म—कर्मेन्द्रिय अथवा धर्मादि विषयक बुद्धि की प्रेरणा करते हैं, हम उन्हीं सर्वान्तर्यामी, जगत्स्रष्टा, परमेश्वर, सबके सेवनीय, अविद्या तथा तत्कार्य नाशक और परब्रह्मस्वरूप ज्योति की चिन्ता करते हैं।

हम सवितृदेव की अविद्या और तत्कार्यनाशक उस ज्योति की चिन्ता करते हैं, जो हमारी कर्म या धर्मादि विषयक बुद्धि को चलाते रहते हैं।

जो सविता—सूर्यदेव हमलोगों के समस्त कार्यों में प्रेरणा किया करते हैं, उन्हीं जगत्प्रसिद्ध, द्योतमान्, पापनाशक, उपास्य तेजोमण्डल सूर्यदेव की उपासना या ध्यान करते हैं।

गायत्री मन्त्र के सम्बन्ध में काशीखण्ड एवं पद्मपुराण में कथाएँ भी उपलब्ध हैं। गायत्रीतन्त्र में इस मन्त्र की उपासना की विभिन्न मुद्राएँ बतलायी गयी हैं। जप-प्रणालियों का विस्तृत विवेचन भी इसी तन्त्र में किया गया है।

वैदिक ऋषियों के समान जैनाचार्यों और जैन विद्वानों ने भी इस मन्त्र का व्याख्यान किया है। जैन-सिद्धान्त-भवन आरा के एक गुटके में इस मन्त्र की निम्न-प्रकार व्याख्या उपलब्ध हैं। पाठक देखेंगे कि व्याख्याकार ने प्रत्येक शब्द का अर्थ कितने अनूठे ढंग से निकाला है तथा वैदिक देवों के स्थान पर इसे भगवान् आदिनाथ का स्तुतिपरक सिद्ध किया है।

मन्त्र—

ओं भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्
आपो ज्योतीरसोमृतं ब्रह्मः। गायत्री मन्त्रोऽयम्।

ओं भूः भुवः स्वः सवितुः वरेण्यम्, भर्गः, देवस्य, धीमहि, धियः यः नः प्रचोदयात्, आपः ज्योतिः, रसः, अमृतं, ब्रह्मः, इति पदविशेषः।

भर्गः भृज्यति पचति दहति विनाशयति घातिकर्माणीति भर्गः—आदिपरमेश्वर-इत्यर्थः। तदानीं तद्व्यतिरेकेणान्यस्य तथाविधसामर्थ्यासंभवात्।

स किं विशिष्ट इत्याकांक्षायामाह—

आपो ज्योतीरसोमृतमिति—

जगज्जीवनहेतुत्वात् परमशान्तत्वाच्च आप इति विशिष्यते। निखिलकर्मनिर्दहन-दक्षत्वात् लोकालोकप्रकाशकत्वाच्च ज्योतिरिति प्रशस्यते।

लौकिकानां शास्त्रीयाणां च रसानां च प्रवर्तकत्वात् रस इति समाख्यायते। कारणे कार्यस्योपचारात् अथवा लोकोपकारकत्वात्। निष्कलङ्कत्वाच्च रस इति प्रस्तूयते।

जन्मजरामरणान्तकादिनिवारणनिपुणत्वात् जगदानन्दहेतुत्वाच्च अमृतमित्य-भिधीयते। आविष्टलिङ्गवचनाश्चैते शब्दाः तस्मात् सोपात्तलिङ्गवचनेन मुञ्चति। तथाचोक्तम्—शृङ्गारप्रकाशिकायां षष्ठप्रकाशे लिङ्गभेदनिरूपणप्रस्तावे—"विशेषणत्वेपि नियतसंस्कारादिमाविष्टलिङ्गमिति"।

आपो ज्योतीरसोमृतं ब्रह्मेत्येतेषां पञ्चविशिष्टपदानां पाठक्रमः।

तथाहि भगवान् प्रथममपां सृष्टिमकरोत्—"अप एव ससर्जादौ" इति वचनात्। अपां स्नानपानादि उपयोगप्रकारं उपदिष्टवानित्यर्थः।

तदनन्तरमग्निः उपयोगप्रकारं ततो मधुरादिरसोपयोगोपायं तदनु गोदोहादिना क्षीरघृतादिसम्पादनम् तदनुभवप्रकारं च। तदनन्तरं अन्नखाद्याद्युत्पादनं तत्सेवनविधानं चोपदिष्टवान्निति ब्रह्मशब्देनात्र अन्नखाद्यादिकमुच्यते। अन्नं ब्रह्मेति श्रुतिः।

एवं गुणविशेषणविशिष्टो यो भर्गः। अस्माकं युगादौवर्तमानमिति यावत्। धियः बुद्धिविशेषान् संसारिणां मुमुक्षूणां च संसारमोक्षविषयप्रवृत्तिनिवृत्तिनियमरूपान्नित्यर्थः।

प्रचोदयात् उपादिशदित्यर्थः। "छन्दसि व्यत्ययो बहुलम्" इत्याख्यातव्यत्ययः।

अत्र यत्तदोर्नित्यसम्बन्ध इति यच्छब्दस्तच्छब्दमपेक्षते। सचार्थवचनषष्ठ्यन्तः सम्बध्यते। तस्येति तस्य भर्गस्य, किं विशिष्टस्य भूर्भुवस्स्वस्सवितुः अधोमध्योर्ध्व-लोकानां प्र.........। पुनः किं विशिष्टस्य देवस्य दीव्यति प्रकाशते पञ्चभिः कल्याणैः अष्टभिः प्रातिहार्यैश्चतुस्त्रिंशतातिशयैरिति देवः। तीर्थंकरपरमदेव इत्यर्थः। तस्य

देवस्य एतद्विशेषणद्वयेन भगवान् प्रथमं लोकसृष्टिं विधाय पश्चादार्हन्त्यपदं प्राप्तवानिति क्रमः सूचितो भवति। तस्य देवस्य वरेण्यं श्रेष्ठं ओं ओंकारात्मकं ब्रह्मस्वरूपमिति यावत्।

"ओं" इत्येकाक्षरं ब्रह्म इति श्रुतेः। अथवा ओं सद्यो जातः वामदेवः अघोरः ईशानः तत्पुरुषात्मना वा आचार्योपाध्यायसाध्वर्हत्सिद्धात्मना वा पञ्चपरमेष्ठ्यात्मकं स्वरूपम्। उक्तं च परमागमे—

"अरहंता असरीरा इति" पुनः किं विशिष्टं तत्स्वरूपमित्याहुः—ब्रह्मेति वेदमयं—ज्ञानमयं, तत्त्वमयं, तपोमयं चेत्यर्थः।
"वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म" इत्यभिधानात्।

अथवा ब्रह्मेति परमोत्कर्षं गच्छन्त्यनन्तज्ञानादयो गुणा यस्मिन् परमात्मं तद्-ब्रह्मेत्युक्तलक्षणम्। ब्रह्मः परमात्मस्वरूपप्रत्ययः।

अयमभिप्रायः—

यो भर्गः भुक्तिमुक्तिमार्गानभिज्ञानां बुभुक्षादिबाधाभिरत्याभितान्क्रान्तानामस्माकं भुक्तिमुक्तिमार्गानुपदिश्य लोकसृष्टिं विधाय भयं निवार्य नो रक्षितवान्। पश्चादा-र्हन्त्यं प्राप्तस्य तस्य परमेश्वरस्य वेरण्यं ओं तत्सच्चिदानन्दमयं दिव्यं स्वरूपं चिन्तयामः—इति।

कृतज्ञाः—ये कृतयुगादिमानवाः—गणधरदेवादयो भरतेश्वरादयश्च परमेष्ठिमय-प्रणवोद्भूतेन ब्रह्मतत्त्वसंपूजनं शिरोविराजमानेन तीर्थंकरसंख्यानम् सदानाय चतुर्विंशत्यक्षरः वै गायत्री इति श्रुतेः।

उपासकानां परमस्थानप्रदानाय सप्तव्याहृतिधारिणा षड्द्रव्यभरितषट्कक्षिभासुरेण रत्नत्रयैकसाध्यम्। कैवल्यमित्यभिज्ञापयितुं त्रैवर्णिकाभिजनिदाय रत्नत्रयाराधना-योग्यान्विदधता।

मन्त्रस्थचतुर्विंशत्यक्षराणां मध्ये एकमप्यक्षरं सकृदपि जपतो ध्यायतो वा निखिल-कर्मनिवृत्तिरखिलश्रेयः प्राप्तिश्च भवेत्। सर्वमन्त्रमेकाग्रचेतसा अर्थानुसन्धानेन जपतां ध्यायतां च सर्वार्थसिद्धयः सिध्यन्तीति किमाश्चर्यम्।

इत्येवमचिन्त्यप्रभावान्वितेन सर्वसत्कर्माङ्गभूतप्राणायामप्रवर्तकेन तीर्थंकरदेवेन वृषभसेनादिगौतमान्त्यगणेशमहर्षिणा गायत्रीछन्दसा गायत्रीत्समाख्यानेन दिव्यमन्त्रेण तं आदिब्रह्माणं तुष्टुवुरिति। संक्षेपेण मन्त्रार्थः।

इस व्याख्या से निम्न निष्कर्ष निकलते हैं—

१—घातिया—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय कर्मों का नाश करनेवाले इस युग के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान् जो जन्म, मरण, जरा, क्षुधा, तृषा आदि अठारह दोषों से रहित हैं; जिन्होंने इस युग के आदि—कर्म भूमि के आरम्भ में जल, अग्नि, अन्न, खेती आदि के उपयोग करने की विधि बतलायी और कुलकर होने के कारण कर्मभूमि के समस्त कृत्यों का विवेचन करने से जो आदिब्रह्मा कहलाये तथा विरक्त होकर तपस्या कर आठ प्रतिहार्यों एवं ४६ मूलगुणों से युक्त हो तीर्थंकर हुए और जिन्होंने कल्याणमार्ग का उपदेश दिया, अन्त में परमपद निर्वाण स्थान प्राप्त किया; उन परमब्रह्म आदि परमेश्वर—आदिनाथ या ऋषभनाथ की उपासन करते हैं। इन आदिब्रह्म से ही हमें शुभ कर्मों की प्रेरणा प्राप्त होती है तथा इन्हीं के उपदेश से हमारे दुःख—जन्म, जरा, मरण आदि दूर होते हैं।

२—ओम्—अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधु पंचपरमेष्ठी; भूः—सर्वश्रेष्ठ; भुवः—जन्म, जरा, मरण आदि दुःखों से छूटने का रत्नत्रयमार्ग—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र स्वरूप मार्ग के तथा संसार और मोक्ष के प्रवृत्ति, निवृत्ति मार्ग के उपदेष्टा; स्वः—शुद्धोपयोग में स्थित; तत्—उस ओं वाचक पञ्चपरमेष्ठी को; जो सवितुः—हिताहित का मार्ग बतलाने के कारण त्रिलोक के लिए सुखदायक हैं; वह वरेण्यम्—उपासना योग्य हैं। भर्गः—रागादि दोषों से दूषित हमलोगों के लिए प्रतिपादित कल्याणमार्ग को, देवस्य—तीर्थंकर देवके; धीमहि—धारण करते हैं; उन तीर्थंकरदेव-आदिनाथ-ऋषभनाथ के उपदेश से; नः—हमारी; धियः बुद्धि, प्रचोदयात्—सत्कृत्यों में—राग, द्वेष से रहित शुद्धोपयोग के मार्ग में प्रवृत्त—प्रेरित हो अर्थात् पंचपरमेष्ठीस्वरूप आदि ब्रह्म श्री ऋषभनाथ के भक्तिप्रसाद से हमारी बुद्धि राग-द्वेष के मार्ग से दूर हटकर शुद्धोपयोग के मार्ग में लगे।

३—जिन आदिनाथ—ऋषभ भगवान् ने संसार और मोक्षमार्ग से अनभिज्ञ; क्षुधा, तृषा, जन्म, मरण आदि के दुःख से पीड़ित हमलोगों के लिए संसार और मोक्षमार्ग का उपदेश दिया; कर्मभूमि के आदि में उत्पन्न प्राणियों को असि मषि, कृषि, सेवा, शिल्प और वाणिज्यरूप कर्म का मार्ग बतलाया तथा कर्मभूमि के आदि में सूर्य-चन्द्र-ताराओं के देखने से उत्पन्न हुए भय को दूर किया और हमारी रक्षा की। पश्चात् अर्हन्तपद प्राप्तकर सच्चिदानन्दमय दिव्यरूप मोक्षको प्राप्त किया, उनकी हम उपासना करते हैं। इन आदिनाथ परमब्रह्म से ही हमारी बुद्धि को रत्नत्रयमार्ग की ओर जाने की प्रेरणा प्राप्त होती है अथवा इन्हीं परमब्रह्म से हमें कल्याणमार्ग, जो तेजमय विवेक का मार्ग है, शाश्वत है, दिव्य है, राग-द्वेष से रहित है और समस्त दुःख—संकटों से छुड़ानेवाला है, की प्राप्ति होती है।

इस आदिनाथ वाचक गायत्री मन्त्र में २४ अक्षर हैं, इनमें से एक भी अक्षर का जो एक बार जप या ध्यान करता है वह समस्त कर्मों से निवृत्ति प्राप्त कर लेता है और सभी प्रकार के कल्याण उसे प्राप्त होते हैं। समस्त मन्त्र का एकाग्रभाव से अर्थस्मरणपूर्वक जो ध्यान या जप करता है, उसके सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। जैसे णमोकारमन्त्र पञ्चपरमेष्ठीवाचक है, उसी प्रकार यह मन्त्र भगवान् आदिनाथ का वाचक और समस्त विघ्न बाधाओं को दूर करनेवाला है। इस मन्त्र में आदि परमेश्वर के समस्त गुणों का निरूपण किया गया है, यह आदि परमेश्वर इस कर्मभूमि के आदिप्रवर्तक हैं, स्वयम्भू हैं-स्वयं सिद्ध हुए हैं, आत्मा की साधना की है, सच्चिदानन्द रूप ब्रह्म हैं। इनकी भक्ति या उपासना से हमारी प्रवृत्ति सर्वदा शुभ कृत्यों की ओर होती है।

जैनसिद्धान्त भवन, आरा

२-७-५३

षड्दर्शनप्रमाणप्रमेयानुप्रवेशः

कर्त्ता—आचार्य शुभचन्द्रदेव

साद्यनंतं समाख्यातं व्यक्तानन्तचतुष्टयम् ।
त्रैलोक्ये यस्य साम्राज्यं तस्मै तीर्थकृते नमः ॥

सकलतीर्थकृदभिमतप्रमाणप्रमेयानुप्रवेशार्थमिदं । तत्र तावदर्हतोऽप्रतिहतशासनस्य तत्वज्ञानं प्रमाणं । तद्द्विविधं प्रत्यक्षं परोक्षं च । स्पष्टमाद्यमस्पष्टमन्यत् । त्रिधा च सकलेतरप्रत्यक्षपरोक्ष-भेदात् । करणक्रमव्यवधानापोढं सकलप्रत्यक्षं । क्रमान्वितं करणव्यवधानापोढं विकलप्रत्यक्षं । इन्द्रियमनोव्यापाराभिमुखेतरार्थापेक्षं परोक्षं । अथवा मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलभेदात् पञ्चविधं । तत्रेन्द्रियैर्मनसाचार्थग्रहणं मतिज्ञानं । व्यवहारतः प्रत्यक्षं वस्तुतः परोक्षं । शब्दधर्मादेरर्थान्तरप्रवृत्त्य-शेषवस्तुविषयं श्रुतं परोक्षं । मूर्ताशेषार्थाधिगमोऽवधिः विकलप्रत्यक्षं । मनसा परकीयमनोगतार्थ-साक्षात्कारी नरक्षेत्रविषयी मनःपर्ययोपि विकलप्रत्यक्षं । एतत्सर्वंक्रमप्रवृत्तं । द्रव्यगुणपर्यायान्वित-त्रिकालवर्त्यशेषवस्त्वक्रमव्यापिकेवलं सकलप्रत्यक्षं । संशयविपर्ययापन्नं मतिश्रुतमुपचरितं प्रमाणाभासं । प्रमाणगृहीतार्थैकदेशव्यवसायो नयः । स च द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकभेदात् द्विविधः, सप्तधा वा । नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूतभेदात् । नैगमसंग्रहव्यवहाराः द्रव्यार्थिकाः । कुतः द्रव्यप्रतिपादनपरत्वात् । इतरे पर्यायार्थिकाः । कुतः पर्यायप्रधानत्वात् । कः प्रमाणनययोर्भेदश्चेदाह—स्यादनेकान्तार्पणया सकलादेशः प्रमाणं आक्षिप्ताशेषधर्मत्वात् । स्यादनेकान्तार्पणया विकलादेशो नयः विवक्षितैकधर्मत्वात् सर्वथैकान्तादेशो दुर्नयः अर्थक्रियाकर्तृत्वाभावात् । प्रमाणवाक्यादेरु-दाहरणमाह । तद्यथा—स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादस्ति च नास्ति च, स्यादवक्तव्यं, स्यादस्ति चावक्तव्यं च, स्यान्नास्ति चावक्तव्यञ्च, स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यञ्च । प्रमाणवाक्यमेतत् । कथं संशयनिवृत्तिरित्यत्राह । स्वद्रव्यादिस्वरूपेणास्ति, परद्रव्यादिरूपेण नास्ति, स्वपरद्रव्यादि-रूपेणास्ति नास्ति च । सहानुक्तेरवाच्यं । स्वद्रव्यादिसहानुक्तेरस्त्यवाच्यं । परद्रव्यादिसहानुक्तेर्नास्त्य-वाच्यं । स्वपरद्रव्यादिसहानुक्तेरस्तिनास्त्यवाच्यं एवं संशयविरोधवैयधिकरण्यसांकर्योभयानवस्था-भावादिदोषप्रसंगाभावः । तथा स्यादस्त्येव । स्यान्नास्त्येवेत्यादि नयवाक्यं । स्यात्पदालंबनाभावं दुर्नयवाक्यं सर्वथाऽस्त्येव सर्वथा नास्त्येवेति । तत एव प्रमाणैरधिगमो नयैर्व्यवहारो दुर्नयैरुत्पदो-त्थानमिति । एवमस्तित्वनास्तित्वैकत्वानेकत्वपृथक्त्वापृथक्त्वनित्यत्वानित्यत्वपरिणामत्वापरिणा-मत्वप्रमेयत्वाप्रमेयत्वादिसर्ववस्तुधर्माः योज्याः द्रव्यास्तिकायपदार्थाः प्रमेयं ।

तत्रद्रव्यं षड्विधं—जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालाः । कथं लक्ष्यंत इति चेत् उपयोगवर्णा-दिगतिस्थित्यवकाशवर्तनालक्षणैः । लक्ष्यंते । प्रत्येकमाह—अनाद्यनिधनो जीवो ज्ञाता दृष्टा च कारकः । सूक्ष्मोऽमूर्तश्च भोक्ता च कर्मापाये तथोर्ध्वगः । वर्णादिलक्षणोऽणुस्कन्धः पर्यायः ।

अथ वैशेषिके प्रत्यक्षलैंगिके प्रमाणे। तत्रार्थेन्द्रियमनोर्थसन्निकर्षादुत्पन्ना बुद्धिः प्रत्यक्षं। तदुत्पत्ति क्रममाह—आत्मेन्द्रियेर्णेद्रियं मनसा मनोर्थेन यदा प्रसज्यते तदोत्पन्ना स्पष्टप्रतिभासरूपाबुद्धिरेव प्रत्यक्षं। यथा घटघटिस्तंभांशकुशांशाद्याकारविज्ञानं तथा लैंगिकं। अस्त्येदं कार्यकारणसंबंधैकार्य-समवायविरोधीति तथोच्यते—वृष्टेः नदीपूरः कार्यं, मेघोन्नतिः कारणं। सम्बन्धी द्विधा—संयोगे समवाये च। यथाग्नेर्धूमोगोर्विषाणं। द्विधैकार्थसमवायिकार्ये कार्यस्य कारणं कारणस्य च। यथा—स्वदर्शनकार्यस्य रूपदर्शनं लिंगं। पादपुटत्वस्य प्राणिदर्शनं लिंगं। विरोधि चतुर्विधं अभूतं भूतस्य। भूतमभूतस्य। भूतं भूतस्य। अभूतम् अभूतस्य। तत्राभूतंवर्षकर्म भूतस्यवाय्वभ्रसंयोगस्य लिंगं।

भूतं वर्षकर्माभूतस्य वाय्वभ्रसंयोगस्य लिंगं। भूतघटपाको भूताग्निघटसंपर्कस्य लिंगं। अभूत घटपाकोऽभूताग्नि घटसंपर्कस्य लिंगं। किमेतावदेव लिंगानीत्याह—अगस्त्यादयो जलप्रपातस्य लिंगं। समुद्रवृद्धेश्चंद्रोदयः। कुमुदविकासस्य चेत्याद्यप्यूह्यं। अथ प्रमेयं। द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषस-मवायाः पदार्थाः प्रमेयं तत्र द्रव्यं—पृथिव्यप्तेजोवायु—आकाशकालदिगात्मामनश्चेति। अयः-शलाकाकारप्रतिनियतद्रव्यसमवायसंबंधा अनित्याः स्वतो निर्गुणा गुणाः। रूपरसगंधस्पर्शसंख्या-परिमाणपृथक्त्वापृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्वधृतिकंपशब्दयौगपद्यायौगपद्यचिरक्षिप्रबुद्धिसुखदुःखे-च्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मसंस्कारेतोदंशानकमप्रवृत्तयो गुणपदार्थाः। साधारणेतरभावेन पृथिव्यादिषु द्रव्येषु योज्याः। उत्क्षेपणावक्षेपणाकुञ्चनप्रसारणदेशान्तरप्राप्तयः कर्मपदार्थाः। परमपरं च सामान्यं। परं महासत्ता कुतो द्रव्यगुणकर्मसु सदित्यनुप्रवृत्तिकारणत्वात्। अवान्तरसामान्यमपरं कुतो द्रव्यत्वगुणत्वकर्मत्वानां द्रव्यगुणकर्मस्वेव संभवादिति सामान्यपदार्थाः। नित्यद्रव्यारंभकारिणः परस्परात्यन्तव्यवच्छेदकारिणोन्त्याः पर्यायाः विशेषाः। किं तन्नित्यकारणद्रव्यं चेत् पृथिव्यप्ते-जोवायुपरमाणवः तैश्चतुर्भिरारब्धाः घटादयो विशेषपदार्थाः। इहेदमस्यायमित्यभेदप्रत्ययहेतुरयुत-सिद्धानामाधाराधेयकार्यकारणादिसमवायिनां समवायः नित्यनिरवयवामूर्तानिष्क्रियं सर्वगतं इति करणवैशेषिकदर्शनानुप्रवेशः।

मीमांसकप्रवादे प्रमाणानि प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दार्थापत्त्यभावाः प्रमाणानि। तत्सं-प्रयोगे पुरुषस्येन्द्रियाणां या बुद्धि तत्प्रत्यक्षनिमित्तं विद्यमानोपलंभनत्वात्। तत्पूर्वकमनुमानं। सादृश्यनिबन्धनमुपमानं, अन्य विषयो गो गवय सादृश्योपलब्धौ गोवदयं गवय इति। स्वयंभूरनादिनिधनो वेदः शब्द प्रमाणं। दर्शनश्रवणाभ्यां अर्थान्तर विज्ञानं अर्थापत्तिः। यथा भस्तदर्शनादग्नेः दहनशक्तिः। अर्थादापन्ना भवणाद्यथास्थूलपीनांगो देवदत्तो दिवा न भुंक्ते अर्थात् रात्रौ भुंक्ते इति प्रत्यक्षादिः। निवृत्तिरभावप्रमाणं। तत्त्रिविधं प्रमाणपंचक-निवृत्तिरात्मा न ज्ञानरहिता वा तदन्यज्ञानं वा। यथानास्ति सर्वज्ञः प्रमाणपंचकनिवृत्तेः। आत्मा न सर्वज्ञात् ग्राहकज्ञानरहितत्वाद्वा। तद्विविक्तसकलदेशोपलंभात्। क्षित्यां विवक्षितघटाभाववत् खरविषाणवद्वा। किं पुनः प्रमेयं—आत्मशरीरेन्द्रियायार्थदृष्टानुपरतसंसारं

पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशश्वभ्रस्वर्गाः प्रमेयं । अथातो धर्मजिज्ञासा । वेदस्याध्ययनानन्तरं धर्मपरीक्षा कर्त्तव्या । कुतश्चेदतश्चोदनात् एव धर्माः परीक्ष्यंते; नाक्षादिभिस्तदविषयत्वात् । यथाग्निहोत्रं जुहुयात् स्वर्गकामः पशुकामो वा । श्वेतकमंजमालमेत स्वर्गकामः । अश्वमेधेऽश्वं हन्यात् । गोमेधे गां हन्यात् । पुंडरीकिणियागे हस्तिनं हन्यात् । पितृमेधे पितरं हन्यात् । मातृमेधे मातरं हन्यात् । राजसूये राजानं हन्यात् । सर्वमेधे सर्वप्राणिनो हन्यात् । उक्तञ्च —

यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा ।
राज्ञोभूत्यै हि सर्वेषां तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः ॥
ये हूयंतेत्र यज्ञेहि होतारश्च विशेषतः ।
ते सर्वे स्वर्भुवं यान्ति इत्येवं चोदनागतिः ॥

अततश्चोदनालक्षणो धर्म इति जैमिनिमतम् ।

चार्वाकराद्धान्ते प्रत्यक्षमेव प्रमाणं तदपि भूतविकारविशेषानधिगतार्थाधिगमलक्षणं पृथिव्यापस्तेजोवायुरिति प्रमेयं भूतस्समुदयाः शरीरेन्द्रियविषयाः तेभ्यश्चैतन्यं जलबुद्बुद्वत् जीवाः । इति चार्वाकमतानुप्रवेशः । इति······षड्दर्शनप्रमाणप्रमेयसंग्रहः । जयति शुभचन्द्रदेवः कंडूर्गण-पुंडरीकवनमार्त्तण्डश्चंडत्रिदंडगुरोराद्धान्तपयोधिपारगोबुधविनुतः ॥ नमो माणिक्यनाथाय नाकनाथार्चितांघ्रये ॥

विमर्शं प्रापयत्येतत्ततः कृत्वा समाहितम् ।
चेतस्त्वं वत्स बुध्यस्व मार्गान्वद्ये परिस्फुटम् ॥

तत्र नैयायिकैस्तावदेवकल्पितोऽत्र निर्वृतिनगरीमार्गः । यदुत प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्तसिद्धान्तावयवतर्कनिर्णयवादजल्पवितंडाहेत्वाभासछलजातिनिग्रहस्थानानां षोडशपदार्थानां तत्वपरिज्ञानान्निश्श्रेयसाधिगमः । तत्रार्थोपलम्भहेतुः प्रमाणं तच्चतुर्धा । तद्यथा-प्रत्यक्षानुमानोपमान शब्दाः । तत्रेन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यपदेश्यमव्यभिचारिव्यवसायात्मकं प्रत्यक्षं । तत्पूर्वकं त्रिविधमनुमानं । तद्यथा-पूर्ववच्छेषवत्सामान्यतो दृष्टञ्च । तत्र पूर्ववत्कारणात्कार्यानुमानं । यथा–विशिष्ट मेघोन्नतेर्भविष्यति वृष्टिरिति । शेषवत्कार्यात्कारणानुमानं यथा विशिष्टनदीपूरदर्शनादुपरि वृष्टो देवः ।

सामान्यतो दृष्टं नाम यथा देवदत्तादौ गतिपूर्विकां देशान्तरप्राप्तिमुपलभ्य दिनकरेपि सा गति पूर्विकैव समधिगम्यत इति प्रसिद्धः । साधर्म्यात्साध्यसाधनमुपमानं । यथा गौस्तथा गवयः । आप्तोपदेशः शब्दः आगम इत्यर्थ । तथा आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनःप्रवृत्तिदोषप्रत्यभावफलदुःखापवर्गास्तु प्रमेयं । किं स्यादित्यनवधारणात्मकः प्रत्ययः संशयः । किमयं स्थाणुः स्यादुत पुरुष-इति । येन प्रयुक्तः प्रवर्तते तत्प्रयोजनं अविप्रतिपत्तिः विषयापन्नोर्थो दृष्टान्तः । सिद्धान्तश्चतुर्विधः, तद्यथा–सर्वतन्त्रसिद्धान्तः, प्रतितन्त्रसिद्धान्तः, अधिकरणसिद्धान्तः, अभ्युपगमसिद्धान्तश्चेति ।

प्रतिज्ञाहेतूदाहरणमुपनयनिगमनान्यवयवाः। संशयादूर्ध्वं भवितव्यता प्रत्ययस्तर्कः। यथा भवितव्यमत्र स्थाणुना पुरुषेण वेति। संशयतर्काभ्यामूर्ध्वं निश्चितप्रत्ययो निर्णयः। यथा पुरुष एवायं स्थाणुरेवेति। तिस्रः कथाः। वादजल्पवितंडाः। तत्र शिष्याचार्ययोः पक्षप्रतिपक्षनिग्रहेणाभ्यासख्यापनाय वादः। कथाविजिगीषुणा सार्धं छलजातिनिग्रहस्थानसाधनोपालम्भो जल्पः। स एव प्रतिपक्षस्थापनाहीनो वितंडा। अनैकान्तिकादयो हेत्वाभासाः। नवकम्बलो देवदत्तः इत्यादि छलं। दूषणाभासास्तु जातयः। निग्रहस्थानानि पराजयवस्तूनि। तद्यथा प्रतिज्ञाहानिः। प्रतिज्ञान्तरं प्रतिज्ञाविरोधः। प्रतिज्ञासन्यासः। हेत्वन्तरं। अर्थान्तरं। निरर्थकं। अविज्ञातार्थकं। अपार्थकं। अप्राप्तकालं। न्यूनं। अधिकं। पुनरुक्तं। अननुभाषणं। अप्रतिज्ञानं। अप्रतिभा। कथाविक्षेपः। योज्यानुयोगः। अपसिद्धान्तः। हेत्वाभासाश्चेति निग्रहस्थानानि। तदेते प्रमाणादयः षोडशपदार्थाः, इति नैयायिकदर्शनसमासः।

वैशेषिकैः पुनरयं वत्सपरिकलितो निर्वृत्तिनगरीगमनमार्गः। यदुत द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां षण्णां पदार्थानां तत्त्वपरिज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः। सा हि निर्वृतिर्निःश्रेयसरूपा। तत्र पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसि इति नवद्रव्याणि। रूपरसगंधस्पर्शसंख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्वबुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मसंस्कारगुरुत्वद्रवत्वस्नेहवेगजशब्दा इति चतुर्विंशतिर्गुणाः॥ उत्क्षेपणमपक्षेपणमाकुंचनं प्रसारणं गमनमिति पंच कर्माणि। सामान्यं द्विविधं परमपरं च। तत्र परं सत्तालक्षणं। अपरं च द्रव्यत्वादि। नित्यद्रव्यवृत्तयोऽन्त्याः विशेषाः। अयुतसिद्धानामाधाराधेयभूतानां यः संबंधः इहेदं प्रत्ययहेतुः स समवायः। प्रत्यक्षलैङ्गिके द्वे एव प्रमाणमिति वैशेषिकदर्शनसमासः।

सांख्यैस्तुवत्सनिजबुध्या परिकलितोयं निर्वृत्तिनगरीमार्गः यथा। यदुत पंचविंशतितत्त्वपरिज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः। तत्र त्रयो गुणाः सत्त्वंरजस्तमश्च। तत्र प्रसादलाघवप्रसवानभिष्वङ्गाद्वेषप्रीतयः कार्यं सत्त्वस्य। शोकतापस्वेदस्तंभोद्वेगप्रद्वेषाः कार्यं रजसः। मरणसादनबीभत्सदैन्यगौरवाणि तमसः कार्यं। ततः सत्त्वरजस्तमसां सा साम्यावस्था प्रकृतिः। सैव प्रधानमित्युच्यते। प्रकृतेस्तु महानाविर्भवति बुद्धिरित्यर्थः। बुद्धेरहंकारः ततोऽहंकारादेकादशेन्द्रियाणि बुद्धीन्द्रियाणि। स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्ररूपाणि पंच कर्मेन्द्रियाणि। वाक्पाणिपादपायूपस्थलक्षणानि मनश्चाविर्भवति। तथा तत एवाहंकारात्तमो बहुलात्पंचतन्मात्राणि स्पर्शरसरूपगंधशब्दलक्षणान्याविर्भवंति। तेभ्यश्च पृथिव्यादीनि पंचभूतानि। एषा चतुर्विंशतितत्त्वात्मिका प्रकृतिः। तथा परमपुरुषश्चैतन्यस्वरूपः। स चानेको जन्ममरणकारणानां नियमदर्शनात्। धर्मादिषु प्रवृत्तिनानात्वाच्च प्रकृतिपुरुषयोश्चोपभोगार्थः। संयोगः पन्वन्धयोरिव उपभोगश्च शब्दाद्युपलंभः पुरुषान्तरोपभोगश्च प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि। इति साख्यदर्शनसंक्षेपार्थः।

यथा वैशेषिकस्य बौद्धं प्रति सुखादिसमवायिकारणमात्मेति । उष्णोग्निः प्रसिद्धसम्बन्धः पक्षसमर्थनोपायो हेतुः । असिद्धविरुद्धानैकान्तिका हेत्वाभासाः । तत्रोभयान्यतरसंदिग्धाश्रयासिद्धाः । अनित्यः शब्दश्चाक्षुषत्वादुभयासिद्धः । अनित्यः शब्दः कृतकत्वादन्यतरासिद्धः । वाष्पादेः संदिग्धधूमप्रतिभासादग्निरत्रेति संदिग्धासिद्धः । द्रव्यमाकाशं गुणाश्रयत्वादाश्रयासिद्धः । धर्मधर्मिस्वरूपविपरीतसाधना विरुद्धाहेत्वाभासाः । नित्यशब्दकृतकत्वात् धर्मस्वरूपविपरीतसाधनः । न द्रव्यादेर्भावो द्रव्यादिमत्वात् सामान्यविशेषवत् । धर्मिस्वरूपविपरीतसाधनः । अन्यार्थाश्चक्षुरादयः । संघातत्वाच्छयनाशनाद्यंगवत् । धर्मविशेषविपरीतसाधनः न द्रव्यादिभावो द्रव्यादिमत्वादित्ययमेव धर्मिणोऽसत्प्रत्ययकर्तृत्वसाधनताद्धर्मिविशेषविपरीतसाधनः । साधारणासाधारणसपक्षैकदेशवृत्तिविपक्षव्यापि उभयपक्षैकदेशवृत्तिः विरुद्धाव्यभिचारिणोऽनैकान्तिकः । नित्यः शब्दः प्रमेयत्वात् साधारणः । अप्रयत्नानंतरीयकः शब्दः अनित्यत्वात् । विद्युदाकाशादयं सपक्षैकदेशवृत्तिविपक्षव्यापि-प्रयत्नानंतरीयकः शब्दः अनित्यत्वात् घटवदयं विपक्षैकदेशवृत्तिसपक्षव्यापि । नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वात् सुखाकाशादिवदुभयपक्षैकदेशवृत्तिः । अनित्यः शब्दः कृतकत्वात् घटवन्नित्यो वा श्रावणत्वात् शब्दत्ववदिति विरुद्धाव्यभिचारी । पक्षे हेतुसमर्थनोपायो दृष्टान्तः साध्यसाधनोभयान्वयधर्मासिद्धविपरीतान्वयस्साधर्म्यदृष्टान्ताभासाः नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वात् बुद्धिवदिति साध्यधर्मासिद्धः । नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वात् परमाणुवदिति सधनधर्मासिद्धः । नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वात् घटवदिति उभयधर्मासिद्धः । नित्यः शब्दः कृतकत्वात् परमाणुवदित्यन्वयधर्मासिद्धः । कृतकः शब्दः अनित्यत्वात् घटवदिति विपरीतान्वयः । साध्यसाधनोभयाव्यावृत्ता व्यतिरेकविपरीतव्यतिरेकाः वैधर्म्यदृष्टान्ताभासाः; नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वात् परमाणुवत् इति साध्याव्यावृत्तः । नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वात् कर्मवदिति साधनाव्यावृत्तः । नित्यः शब्दः अमूर्त्तत्वादाकाशवदित्युभयव्यावृत्तः । अनित्यः शब्दः मूर्त्तत्वात् शब्दवादिति अव्यतिरेकः । मूर्त्तः शब्दः अनित्यत्वादाकाशव दिति विपरीतव्यतिरेकः । साधनदोषोद्भावनं दूषणं दूषयितुमसमर्थं दूषणाभासं । इन्द्रियतदर्थमनोधर्माः द्वादशायतनानि प्रमेयप्रसिद्धाश्चक्षुरादयः । धर्मा रागादयः । सभागावभागैकसंतानानांतरात्मकाः सर्वपदार्थाः रूपवेदनाविज्ञानसंज्ञासंस्कारस्कंधसमुदयः शरीरं । रूपकृष्णादिवेदना सुखदुःखादिरूपालोकमनस्कारचक्षुभ्यो वर्त्तमानं चित्तविज्ञानं । इन्द्रियमनांसिसंज्ञामनोवाक्कायवृत्तिः संस्कारः। स त्रिविधः । उक्तञ्च—

संस्कारस्त्रिविधः प्रोक्तः मनोवाक्कायभेदतः ।
कुशलेतरतोदृष्टः क्रमेण त्रिचतुस्त्रयः ?

मिथ्यादर्शनतृष्णाप्रद्वेषा मनःसंस्काराः । अनृतपैशून्यनिष्ठुरविप्रलापा वाक्संस्काराः । हिंसास्तेयाब्रह्माणि कायसंस्काराः अशुभाः । ततोऽन्ये शुभाः । एवं विंशतिः संस्काराः । सर्वस्कंधानां निर्मूलः क्षयो मोक्षः । प्रदीपनिर्वाणवत् । स च सम्यक्त्वसंज्ञासंकल्पवाककायकर्मान्तध्येयस्मृ-

तिसमाधिशुभाष्टांगभावनातो लभ्यते । वैभाषिकः । सौत्रान्तिकः । योगाचारः । माध्यमिकाश्चत्वारो बौद्धाः । तेषु त्रयाणां मोक्षकल्पना । माध्यमिकस्य नास्ति सर्वशून्यत्वात् । नास्तीति विनष्टत्वान्नाप्युत्पन्नोऽप्यसंभवात् । उभयाभावो मध्ये मिथ्यैव कल्पना ॥

इति सौगतमतानुप्रवेशः कपिलस्य प्रत्यक्षानुमानशब्दाः प्रमाणं तत्रेन्द्रियमनोवृत्तिः प्रत्यक्षं । वृत्तिरर्थाकारपरिणतः । चक्षुरादीनां वर्णाद्यर्थपरिच्छेदबुद्धिपूर्वकाप्रवृत्तिः प्रत्यक्षमिति यावत् । संबंधाविनाभाविप्रत्यक्षादर्थान्तरविज्ञानमनुमानं । यथा धूमादिदर्शनादग्न्यादिविज्ञानं; आप्तः कपिलमुनिः तेनोपदिष्टः आगमः शब्दः प्रमाणं । यथावस्थितार्थात्संशयविपर्ययानध्यवसायप्रतीतिः प्रमाणाभासं । अथ प्रमेयं । प्रकृतिपुरुष तत्संयोगाः पदार्थाः प्रमेयं । प्रकृतिरचेतनाचेतनावनो दासीवनेनात्मानं प्रयोजयेत् । तत्संगतिः सृष्टिः । तदाप्रकृतेर्महदादयः । पुरुषस्य साक्षित्वादयो धर्मा उत्पद्यन्ते । तद्यथा प्रकृतेर्महदादयः । पुरुषस्य साक्षित्वादयो धर्मा उत्पद्यन्ते । तद्यथा प्रकृतेर्महान् स चाष्टधाबुद्धिः । धर्माधर्मज्ञानाज्ञानवैराग्यावैराग्यैश्वर्यानैश्वर्यात्मिका । अतोहंकारः । स च सत्वरजस्तमोमयः । तस्मात्षोडशको गणः हस्तपादगुदावाकुउपस्थकर्मेन्द्रियाणि । चक्षुश्रोत्रघ्राणत्वग् जिह्वाबुद्धीन्द्रियाणि । मनः एतानिकादशेन्द्रियाणि । शब्दस्पर्शरूपरसगंधास्तन्मात्राणि । इमे षोडशगणा अहंकारादुत्पद्यन्ते । तत्र तन्मात्रेभ्यो यथाक्रममाकाशवाय्वग्न्युदकभूमयो महाभूतानि जायन्ते । इति प्रमेयो विंशतिः प्रकृतिविकाराः । का प्रकृतिश्चेत् सत्वरजस्तमसां साम्यावस्थाप्रकृतिः । तथा साक्षित्वकैवल्यमाध्यस्थ्यद्रष्टत्वकर्तृत्वभोक्तृत्वभावाश्च पुरुषाज्जायन्ते । सृष्टिरुत्पत्तिक्रमः क्षेत्रक्षेत्रज्ञविवेकबुद्धिमन्तरेणप्रकृत्युपसंहारः प्रलयः तत्पूर्वकोपुद्गलः । जीवपुद्गलयोर्देशान्तरप्राप्तिलक्षणो धर्मः । तयोरवस्थानं प्रतिस्थितिलक्षणोऽधर्मः । सकलद्रव्यावगाहनलक्षणमाकाशं । परिणामिद्रव्यं प्रतिवर्तनालक्षणः कालः । कालद्रव्यरहिता निसर्गप्रचयबन्धविशेषविशिष्टा जीवादयोऽस्तिकायाः । जीवाजीवपुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबन्धमोक्षाः पदार्थाः । ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणो जीवः । तद्व्यतिरिक्तः पुद्गलादिरजीवः । शुभाशुभपरिणामोपात्तपुद्गलस्कन्धविशेषः पुण्यपापं । मनोवाक्काययोगप्रवृत्तिरास्रवः । तन्निरोधः संवरः । उदयोदीरणापायात्कर्मणां विकीरणं निर्जरा । अकर्मरूपस्थितपुद्गलविशेषस्य प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशतिर्बंधः । सकलकर्मापायादनन्तज्ञानादिगुणप्रादुर्भावावस्थानं मोक्षः । प्राक्प्रध्वंसेतरेतरात्यन्तात्मका जीवादयः पदार्थाः । परस्परतः सामान्यविशेषव्यावृत्ताव्यावृतविरुद्धाविरुद्धत्वमापेक्षित्वाद्विश्वस्य । तत्र नाना कालैकद्रव्यव्यक्तिगतान्वयसद्भावः सामान्यं । नानाद्रव्यैककालव्यक्तिगतान्वयस्सादृश्यसामान्यं । स्थूलपर्यायाद्यविभागपरिच्छेदपर्यन्तानेकदोत्पादकविनश्वराः । प्रतिनियतद्रव्यजा व्यक्तयो विशेषाः । परद्रव्यादेर्व्यावृत्तं स्वद्रव्यादेरव्यावृत्तं । सहानवस्थानपरस्परपरिहारलक्षणविरोधात् विरुद्धं । ततः साधारणेतरसामान्यादि धर्मापेक्षयाऽभावचतुष्टयात्मकं वस्तु । यथा कुमारस्यबालत्वेऽभावः प्रागभावः । वृद्धत्वेऽभावः प्रध्वंसाभावः । बालकुमारवृद्धत्वानां युगपदभावः इतरेतराभावः । त्रिष्वपिकालेषु चेतनत्वेनाभावोऽस्य

न्ताभावः । द्रव्यपर्यायापेक्षया स्यादुत्पादव्ययध्रौव्यात्मकमपि सिद्धं । इति स्याद्वादानुप्रवेशः शाक्यमुनेः प्रत्यक्षानुमाने प्रमाणे तद्द्वितयं सम्यग्ज्ञानं । तत्राद्यं कल्पना..
....

बौद्धैः पुनर्भद्रगारिकल्पितेयं निर्वृत्तिनगरी वर्तते । यदुतद्वादश एतानि प्रमेयानि । तद्यथा पञ्चेन्द्रियाणि पंचशब्दादयो मनोधर्मायतनं च धर्मसुखादयो विज्ञेयाः । प्रत्यक्षानुमाने द्वे एव प्रमाणे । इति बौद्धदर्शनसमासार्थः ।

अथ वैभाषिक-सौत्रान्तिक-योगाचार-माध्यमिकभेदात् चतुर्विधा बौद्धाः भवन्ति । तत्र वैभाषिकमतमिदं । यदेतत् क्षणिकं वस्तु । तद्यथा—जातिर्जनयति । स्थितिः स्थापयति । विनाशो नाशयति । तथात्मापि तथाविध एव । पुद्गलाश्चासावभिधीयते । सौत्रान्तिकमतमिदं । रूपवेदनाविज्ञानसंज्ञासंस्कारास्सर्वशरीरिणामेते पंचस्कन्धा विद्यन्ते । न पुनरात्मनि । त एव हि परलोकगामिनः । तथा क्षणिकाः सर्वसंस्काराः स्वलक्षणं परमार्थः अन्यारोहः शब्दार्थः । सन्तानोच्छेदो मोक्ष इति । योगाचारमतं त्रिविधं विज्ञानमात्रमिदं भुवनं न विद्यते । बाह्यार्थवासना परिपाकतो नीलपीतादिप्रतिभासः विज्ञानं सर्ववासनाधारभूतं प्रलयविज्ञानं विशुद्धश्चापवर्गः । इति । माध्यमिकदर्शने तु सर्वमिदं शून्यं स्वप्नप्रतिभासः प्रमाणप्रमेयविभागः । मुक्तिस्तु शून्य दृष्टेस्तदर्थाः शेषभावना इति बौद्धविशेषाणां संक्षेपार्थः । लौकान्तिकैः पुनर्वत्सला निर्वृतिनगरी नास्तीति प्रज्ञापितं । यतोऽमी ब्रुवते नास्ति निर्वृत्तिः, नास्तिजीवो, नास्ति परलोको नास्ति पुण्यपापमित्यादि । किं तर्हि पृथिव्यास्तेजोवायुरिति चत्वारि । तत्समुदयात् शरीरेन्द्रियविषय संज्ञा । तेभ्यश्चैतन्यं । मद्यांगेभ्यो मदशक्तिवत् । जलबुद्‌बुदवज्जीवाः प्रवृत्तिनिवृत्ति-साध्याः प्रीतिः पुरुषार्थः । स च काम एव । नान्यो मोक्षादिः । तस्मान्नान्यत्पृथिव्यादिस्तत्वमस्ति । दृष्टहान्यदृष्टकल्पना संभवादिति प्रत्यक्षमेवैकं प्रमाणं । इति लोकायतमतसमासः । मीमांसकानां पुनरेष मार्गो यदुत वेदपाठानन्तरं धर्मजिज्ञासा कर्त्तव्या । यतश्चैवं ततस्तस्य निमित्तपरीक्षा । निमित्तं च चोदना यदुक्तं । चोदना लक्षणो धर्मः । चोदना च क्रियायां प्रवर्त्तकं वचनं । यथा अग्निहोत्रं जुहुयात् स्वर्गकामः । इति । तेन धर्मोलक्ष्यते । नान्येन प्रमाणेन प्रत्यक्षादीनां विद्यमानोपलंभत्वादिति । प्रत्यक्षानुमानशब्दोपमानार्थापत्यभावाः षड् प्रमाणानीति मीमांसकरताकार्याकारणानुषंगात् । निर्वृत्तादिदैविकादिभौतिकाऽध्यात्मिकतात्रयदोषस्य पंचविंशतिः तत्वज्ञस्य चैतन्यमात्रेणावस्थानं मुक्ति इति सांख्यमतानुप्रवेशः ।

अक्षपादाभिमतमाह । अर्थोपलब्धि हेतुः प्रमाणं हेयोपादेयोपेक्षणीया अर्थाः । तदाकारा बुद्धिरुपलब्धिः । बुध्यर्थसंसर्गो हेतुः प्रमाणं । तच्चतुर्विधं । प्रत्यक्षानुमानोपमानशाब्दभेदात् । तत्रेन्द्रियार्थ संबंधोत्पन्नमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं अव्यपदेश्यं ज्ञानं प्रत्यक्षप्रमाणं । इन्द्रियाणि चक्षुरादीन्यर्थास्तद्विषयाः उभय सन्निकर्षादुत्पन्नं तत्प्रत्यक्षं । क्वचिद्व्यभिचारदर्शनादव्यभिचारीति

